Dictionary Series No. 2

T—H—E
TWENTIETH CENTURY ENGLISH-HINDI
DICTIONARY

Containing Terms relating to War, Psychology, Philosophy, Law, History, Geography, Insurance, Banking, Labour, Stock & Shares, International Politics, and Agriculture with their Hindi equivalents and explanations.

BY

Sukhsampattirai Bhandari M. R. A. S.

DICTIONARY PUBLISHING HOUSE

BRAHMPURI, AJMER.

Price Complete Set Rs. 50/-
Price Second Volume Rs. 15/-

विषय-सूची

(प्रत्येक विषय की पृष्ठ संख्या जुदी जुदी)

THE

TWENTIETH CENTURY ENGLISH-HINDI

DICTIONARY

OF

War Terms.

THE

TWENTIETH CENTURY ENGLISH-HINDI

DICTIONARY

OF

WAR TERMS.

A

A B C D Powers.—ए-बी-सी-डी राष्ट्र। नात्सीवाद (देखो) और फ़ासिज्म (देखो) के विरुद्ध अमेरिका, ब्रिटेन, चीन और डच ईस्ट इंडीज़ (हॉलैंड का पूर्वी द्वीप-समूह) के संयुक्त मोर्चे को सहूलियत के लिए इस छोटे-से नाम से पुकारा जाता है। रूस पर जर्मनी के आक्रमण के बाद अब इस मोर्चे को ए-बी-सी-डी + आर (A B C D + R) भी कहते हैं। इन पाँचों संघटित राष्ट्रों का मुख्य उद्देश्य नात्सीवाद का उन्मूलन करना है। राजनैतिक विचार धारा के लिहाज़ से तो इनमें काफी मतभेद है।

Acoustic Mine ध्वनि-सुरंग। शब्द-भेदी सुरंग। चुम्बकीय सुरंग (देखो Magnetic Mine) का नाम तो पहले बहुत सुनने में आ चुका है, पर अब सुना जाता है कि जर्मनी ने एक ध्वनि-सुरंग का भी आविष्कार किया है। यह सुरंग समुद्र में पड़ी रहती है और और जब कोई जहाज़ इसके पास से एक निश्चित फ़ासले पर होकर निकलता है तो उसके इंजनों की आवाज़ से सुरंग फट जाती है और जहाज़ को चुटैल कर देती है। इसकी बनावट में यह सिद्धान्त रक्खा गया है कि जहाज़ के चलने की ख़ास आवाज़ से इसमें बिजली का एक आला चालू हो जाता है जो सुरंग को विस्फोट कर देता है। यह चुम्बकीय सुरंग से भी ज्यादा ख़तरनाक साबित हुई है।

Adamsite ऐडमसाइट। एक प्रकार की ज़हरीली गैस जो रासायनिक युद्ध में काम आती है। (देखो Chemical Warfare).

Adjutant ऐड्जुटैन्ट। अंग्रेज़ी फौज में कमान्डिंग अफ़सर का सहायक। दफ्तरी काम में सहायता देने के अलावा इसका काम यह भी होता है कि रंगरूटों का इन्तज़ाम करे।

Adjutant General ऐड्जुटैन्ट जनरल। प्रधान एड्जुटैन्ट। (देखो Army Council)

Admiral एडमिरल। नौ-सेना-नायक। जल-सेना का एक बड़ा अफसर। इस पद के चार वर्ग होते हैं: (१) जहाज़ी बेड़े का ऐडमिरल (Admiral of the Fleet); (२) ऐडमिरल; (३) सहकारी ऐडमिरल (Vice Admiral); और (४) गोल का ऐडमिरल (Rear Admiral)।

Admiralty, Board of ऐडमिरैल्टी का बोर्ड। जल सेना समिति। अंग्रेज़ी, जहाज़ी बेड़े या नौ-सेना का संचालन करने वाली समिति। इसका प्रधान फ़र्स्ट लॉर्ड ऑफ ऐडमिरैल्टी होता है जो ब्रिटिश केबिनेट का सदस्य होता है। दूसरे देशों में भी इसी तरह की संचालन समितियाँ होती हैं पर उनके नाम अलग-अलग होते हैं।

Advance Guard हरावल की फौज। मुख्य सेना के आगे चलने वाली टुकड़ी। इसका काम यह होता है कि शत्रु का पता लगा कर पीछे आने वाली सेना को समाचार दे और उसके आने तक शत्रु को उलझाये रहे।

Aerial Warfare हवाई युद्ध। घटोत्कची युद्ध। कहा जाता है वर्तमान युद्ध का परिणाम बहुत कुछ हवाई

ताकत पर निर्भर है। १९१४–१८ के युद्ध में हवाई जहाज़ों का इतना महत्त्व न था पर अब तो जल-युद्ध और स्थल-युद्ध दोनों में हवाई जहाज़ महत्त्वपूर्ण हिस्सा ले रहे हैं। जहाज़ी हवाई अंग (Fleet Air Arm) जल-सेना का एक आवश्यक हिस्सा बन गया है और इसकी मदद के बिना जहाज़ी बेड़ा बहुत ख़तरे में रहता है। लगभग सब बड़े लड़ाकू जहाज़ों पर हवाई जहाज़ रहते हैं और कुछ जहाज़ तो हवाई-जहाज़ों के पूरे अड्डे ही होते हैं। (देखो Aircraft Carrier) हवाई जहाज़ों के कई काम हैं: (१) देख-भाल की उड़ान करना, यानी शत्रु के घर में घुस कर उसकी शक्ति और उसके महत्वपूर्ण स्थानों का पता लगाना और उनकी फोटो खींच कर लाना; (२) लड़ाई के और माल के जहाज़ों की पहरेदारी करना; (३) शत्रु के मर्म स्थानों पर और नगरों पर बम बरसाना, (४) शत्रु के बम बरसाने वाले हवाई जहाज़ों से लड़कर उन्हें भगाना; (५) रसद और कुमक पहुँचाना; (६) जहाज़ों पर टारपीडो (देखो) फेंकना, (७) समुद्र में सुरंगें बिखेरना, (८) अपनी आक्रमण करने वाली फौजों को आगे बढ़ने के लिए रास्ता साफ़ करना। शत्रु के नगरों पर बम गिराने का अभिप्राय यह होता है कि जनता को भयभीत करके घबराहट और भगदड़ फैलादी जाय, इसलिए नागरिकों के बचाव के लिए बहुत से उपाय और साधन काम में लिये जाते हैं। हवाई हमला करने और बम गिराने के लिए हवाई-जहाज़ गोल बना कर भी जाते हैं और इकले-दुकले भी। बम गिराने वाले भारी हवाई जहाज़ों की रक्षा के लिए उनके साथ शिकारी हवाई जहाज़ रहते हैं। झपटानी हवाई-जहाज़ अकेले ही बम गिराकर भाग जाते हैं। हवाई-जहाज़ों के आक्रमण को रोकने के लिए हवा-मार तोपें लगायी जाती हैं और ख़ास ख़ास जगहों के चारों तरफ़ गुब्बारों का जाल लटका दिया जाता है। (देखो, Aircraft; Air Raid; Air Raid Precautions; Air Raid Shelters; Anti Aircraft Gun; Balloon Barrage; Convoy; Military Objective; Reconnaissance).

Aerodrome हवाई पड़ाव। हवाई जहाज़ों के उतरने का स्टेशन। हवाई पड़ाव पर हवाई जहाज़ों के उतरने के लिए चौरस मैदान (Landing Ground) होता है जिस पर निशान बने रहते हैं और रात में रोशनी के लिए एक प्रकाश-स्तम्भ (Beacon Light) होता है। हवाई जहाज़ों के सुरक्षित खड़े रहने के लिए सायबान (Hangar) और छोटी-मोटी मरम्मत के लिए एक कारख़ाना भी रहता है। इसके अलावा मुसाफिरों के ठहरने के लिए वेटिंग रूम और होटल भी होते हैं। तेल का गोदाम और बेतार का स्टेशन भी हवाई-पड़ाव के अंग होते हैं। हवाई-पड़ावों पर सरकार का नियंत्रण होता है।

Aerodynamics वायु-गति-विज्ञान। विज्ञान की वह शाखा जिसमें यह अनुसंधान किया जाता है कि हवा में सुचारु रूप से उड़ने के लिए हवाई-जहाज़ों की बनावट में क्या-क्या सुधार या परिवर्तन किये जायँ।

Aeroplane हवाई-जहाज़। वायुयान। विमान। भिन्न-भिन्न उपयोगों के लिए भिन्न-भिन्न प्रकार के हवाई-जहाज़ बनाये जाते हैं। देखो (Aircraft)

Aeroplane Base हवाई-जहाज़ों का अड्डा। हवाई-अड्डा। वह स्थान जहां से हवाई-जहाज़ हमला करनेके लिए भेजे जाते हैं और जहां वे हमला कर के लौट आते हैं। हवाई-अड्डे में हवाई जहाज़ों के उतरने के लिए जगह और उनके खड़े रहने के लिए सायबान भी होते हैं। वहीं पेट्रोल का गोदाम होता है और मरम्मत के लिए कारख़ाना भी। हवाई-जहाज़ों को संचालन करने वाला अफ़सर भी वहीं रहता है। हवाई-अड्डा बहुत ही महत्त्वपूर्ण फौजी निशाना (देखो Military Objective) समझा जाता है और हर लड़ने वाली शक्ति की यह कोशिश रहती है कि शत्रु के हवाई-अड्डों को बरबाद करदे या उन पर क़ब्ज़ा करले।

Aggression आततायीपन। यदि कोई देश, राज्य या राष्ट्र किसी दूसरे देश, राज्य या राष्ट्र पर बिना कारण ही चढ़ाई करदे तो आजकल ऐसी हरकत को Aggression कहा जाता है। मामूली तौर पर इस शब्द का ठीक प्रयोग बड़ा मुश्किल है क्योंकि हर चढ़ाई करने वाला अपने कार्य को नैतिक, राजनैतिक या आर्थिक कारणों की बुनियाद पर न्यायोचित सिद्ध करने की कोशिश करता है। जर्मनी ने पोलैंड और नारवे पर

जो चढ़ाइयां कीं उन्हें आततायीपन का उदाहरण कहा जा सकता है।

Aggressor आततायी। बिना कारण चढ़ाई या आक्रमण करने वाला।

Air Arm हवाई अंग। सेना का हवाई बेड़ा। पहले सेना के तीन अंग हुआ करते थे, पैदल, घुड़सवार और तोपखाना। लेकिन अब एक हवाईअंग और बढ़ गया है। इस अंग का महत्व कितना है, इसका अन्दाज़ा लगाना कठिन है। देखा जाय तो इस अंग की सहायता के बिना फौज सफलता के साथ लड़ ही नहीं सकती। सेना का हवाई बेड़ा इतने काम करता है, (१) देख-भाल की उड़ान, यानी शत्रु की गति-विधियों का पता लगाना। यह काम पहले गुप्तचर लोग किया करते थे। (२) शत्रु की फौज के तेल, अस्त्र-शस्त्र, रसद, वग़ैरा के गोदामों पर बम गिरा कर उसे नुकसान पहुँचाना। (३) शत्रु की फौज पर बम गिरा कर उसे छिन्न-भिन्न करना। (४) पुलों, सड़कों, रेलों, वगैरा पर बम गिरा कर शत्रु की गति अवरुद्ध करना। (५) अपनी फौज को रसद और कुमक पहुँचाना। (६) समाचार लाना-लेजाना।

जल-सेना के हवाई अंग का सब से बड़ा काम पहरेदारी करना है। हवाई-जहाज उड़-उड़ कर शत्रु के जहाज़ों और पनडुब्बियों की टोह लगाते रहते हैं, और अपने जहाज़ को ख़बर देते रहते हैं। ज़रूरत पड़ने पर ये शत्रु के जहाज़ों पर बम गिरा कर या टारपीडो मारकर उन्हें डुबाने की कोशिश करते हैं।

Air Base (देखो Aeroplane Base).

Air Council हवाई कौंसिल। ब्रिटिश सरकार के हवाई-विभाग का संचालन करने वाली कौंसिल।

Air Craft हवाई जहाज़। वायुयान। सब तरह के हवाई जहाज़ों का व्यापक और सामूहिक नाम। हवाई जहाज़ बनाने वाले मुख्य देश जर्मनी, इंग्लैंड, अमेरिका, फ्रांस, जापान, रूस, इटली, बेल्जियम, कैनाडा, और हालैंड हैं। बाकी छोटे-मोटे देश अपनी जरूरत के लिए या तो इन्हीं देशों से हवाई-जहाज़ खरीदते हैं या इनके हवाई-जहाज़ों की नकलें बनाते हैं। हरएक देश के हवाई-जहाज़ों में अपनी कुछ विशेषता और भिन्नता होती है। उपयोग, बनावट, इंजन, वग़ैरा के लिहाज़ से हवाई-जहाज़ों की सैकड़ों किस्में होती हैं। इनका कुछ वर्णन यहां दिया जाता है।

Civil Aircraft मुल्की हवाई-जहाज़। ये हवाई-जहाज शान्ति के समय में डाक और मुसाफ़िर लाने-लेजाने का काम करते हैं।

Military Aircraft फौजी हवाई जहाज़। लड़ाई के काम में आने वाले हवाई जहाज़। युद्ध काल में मुल्की हवाई-जहाज़ों को भी फौजी बना दिया जाता है। फौजी हवाई-जहाज़ इतनी तरह के होते हैं:— (१) Reconnaissance यानी गश्ती या देख-भाल करने वाले। ये बहुत तेज़ उड़ने वाले होते हैं और इनमें दो आदमियों के बैठने की जगह होती है। इनमें फोटो लेने का कैमरा और ख़बर भेजने के लिए बेतार का यन्त्र होता है। ऊपर एक छतरी होती है जिसमें आगे और पीछे मार करने वाली बन्दूकें होती हैं। इसमें कुछ बम भी रहते हैं ताकि अगर मौका मिल जाय तो उन्हें शत्रु के किसी फौजी मुकाम पर गिरा कर भाग आवें। (२) Fighters यानी शिकारी हवाई जहाज़। इनकी विशेषताएं ये हैं कि इनकी गति बहुत तेज़ होती है; ये जल्दी से गिरहबाज़ कबूतर की तरह ऊंचे उठ जाते हैं या ज़मीन के नज़दीक आ जाते हैं; ये आसमान में बहुत ऊंचाई तक उड़ सकते हैं; ये बड़ी जल्दी अपनी गति या गति की दिशा बदल सकते हैं। ये एक बैठक वाले (Single seater) भी होते हैं और दो बैठक वाले (Two seater) भी। ये हवाई-जहाज बम-मार हवाई-जहाज़ों के साथ जाते हैं और इधर तो ये बचाव करने वाले हवाई-जहाज़ों से टक्कर लेते हैं, उधर बम-मार अपना काम करते हैं। (३) Bombers यानी बम-मार हवाई जहाज़। चूंकि इन्हें बमों का बोझा ढोकर ले जाना पड़ता है इसलिए ये बहुत ताकतवर होते हैं और इनमें एक या ज्यादा इंजिन लगे रहते हैं। दिन में बम गिराने वाले बम-मार हलके होते हैं और रात के बम-मार भारी होते हैं। अगर दूर की मार करनी हो तो इनमें बमों का वज़न कम रक्खा जाता है क्योंकि पेट्रोल ज्यादा रखना पड़ता है। इनके ऊपर भी छतरी होती है जिसमें मशीन-गन लगी रहती हैं। इनमें समाचार भेजने और प्राप्त करने का बेतार-यन्त्र भी होता है। इनमें कैमरा भी होता है जिससे

दिन में बम-गिरने की तसवीरें उतरती रहती हैं और पता लग जाता है कि बमों से कितना नुकसान हुआ। (४) Dive-bombers यानी झपटानी हवाई-जहाज़। ये हवाई जहाज़ बाज़ की तरह ऊपर से झपट्टा मार-कर एकदम नीचे आते हैं और बम गिराकर फिर एकदम ऊपर चढ़ जाते हैं। ये इतनी तेज़ी से झपटते हैं कि इनसे बचाव करना बड़ा कठिन हो जाता है। (देखो Dive-bombing)। (५) Torpedo-Carriers यानी टारपीडो-ग्राहक हवाई-जहाज़। ये जल-सेना का अंग होते हैं और शत्रु के जहाज़ों पर ऊपर से टारपीडो मारते हैं। (६) Mine Sowers यानी सुरंग-बिखेरू हवाई-जहाज़। ये भी जल-सेना का अंग होते हैं और समुद्र में सुरंगें फेंक देते हैं जिससे शत्रु के जहाज़ टकरा कर डूब जायं। बम-मार हवाई जहाज़ों से ही टारपीडो फेंकने और सुरंगें बिछाने का काम लिया जाता है (६) Troop Transports यानी सेना वाहक हवाई जहाज़। ये भी बम-मारों की तरह के होते हैं, पर इनके पेट में सिपाहियों के बैठने और सामान लादने की जगह होती है। छतरी-बाज़ सिपाही (देखो Para-troops) इन्हीं में भर कर भेजे जाते हैं।

Land Plane थलचर हवाई-जहाज़। इसमें नीचे पहिये लगे होते हैं और यह सिर्फ़ ज़मीन पर ही उतर सकता है।

Sea Plane जलचर हवाई-जहाज़। यह दो तरह का होता है: (१) Floating Sea Plane यानी उतरावल जलचर जो पानी पर उतर कर सिर्फ़ उतराता रहता है, आगे नहीं चल सकता और (२) Flying Boat यानी उड़न नौका जो पानी पर उतर कर मोटर-बोट की तरह दौड़ती है।

Amphibian Plane उभयचर हवाई जहाज़। यह ज़मीन पर भी उतर सकता है और पानी पर भी।

Monoplane इक-छत्ता हवाई-जहाज़। हवाई-जहाज़ के पेट के दोनों तरफ़ जो पंख फैले रहते हैं उन्हें छत (Plane) कहते हैं। इक-छत्ते हवाई-जहाज़ तीन तरह के होते हैं : (१) Low-wing यानी निचला, जिसकी छत पेट के नीचे लगी रहती है, (२) Mid-wing यानी बिचला जिसकी छत पेट के बीच में रहती है और (३) High-wing यानी ऊपरला जिसकी छत ऊपर लगी होती है।

Biplane दु-छत्ता हवाई-जहाज़। इसमें दो छतें होती हैं, एक पेट के नीचे और एक ऊपर।

Single Engine Plane एक-इंजनी हवाई-जहाज़। इसमें एक पंखा (Propeller) होता है।

Twin Engine Plane दो-इंजनी हवाई जहाज़। इसमें पेट के दोनों तरफ़ दो पंखे रहते हैं जिनसे इसकी उड़न-शक्ति बहुत बढ़ जाती है।

Multi Engine Plane बहु-इंजनी हवाई जहाज़। इसमें दो से ज्यादा पंखे होते है और यह बहुत ताक़तवर और तेज़ होता है।

जर्मनी, इंग्लैंड और अमेरिका के खास-खास जंगी हवाई-जहाज़ों के नाम और विवरण नीचे दिये जाते हैं —

जर्मनी

Blohm & Voss 138 ब्लोहम एन्ड फॉस १३८। उड़न नौका; ऊपरला इक-छत्ता, तीन-इंजनी; गश्ती; उच्चतम गति १७१ मील फी घंटा; उड़ान १५०० मील।

Blohm & Voss 139 ब्लोहम एन्ड फॉस १३९। उतरावल जलचर; निचला इक-छत्ता; चौ-इन्जनी; सेना-वाहक; उच्चतम गति २०० मील फी घण्टा; उड़ान ३००० मील।

Dornier 215 डोर्नियर २१५। दूर उड़ान वाला थलचर; ऊपरला इक-छत्ता; दो-इन्जनी; भारी बम-मार, उच्चतम गति ३१२ मील प्रति घन्टा, उड़ान १००० मील।

Dornier 26 डोर्नियर २६। उड़ाकू नौका; ऊपरला इक-छत्ता; चौ-इन्जनी; गश्ती; उच्चतम गति २०८ मील प्रति घन्टा, उड़ान ५६०० मील।

Fockwulf फॉकवुल्फ। दूर उड़ान वाली उड़न नौका, बम-मार।

यह हवाई जहाज़ अटलान्टिक सागर में अंग्रेज़ी जहाज़ों पर बम गिराने के काम में लिया जा रहा है।

Heinkel 113 हाइनकैल ११३। एक बैठक

वाला थलचर; निचला इक-छत्ता; एक-इन्जनी; शिकारी; उच्चतम गति ४०० मील प्रति घन्टा।

Heinkel 115 हाइन्कैल ११५। उतरावल जलचर; बिचला इक-छत्ता; दो-इन्जनी; टारपीडो-वाहक बम-मार; गश्ती; उच्चतम गति १२० मील फी घन्टा; उड़ान १६०० मील; लदाव २ टन।

Junker 52 यंकर५२। थलचर; निचला इक-छत्ता; तीन-इन्जनी; छतरी-बाज़ सेना वाहक; उच्चतम गति १८९ मील प्रति घन्टा; उड़ान १००० मील; लदाव २ टन या १४ छतरी बाज़ सिपाही। इसे उड़ने वाली पैंसिल (Flying Pencil) भी कहते हैं।

Junker 87 यंकर ८७। इसका दूसरा नाम स्ट्यूका (Stuka) भी है और यह बहुत ही ख़तरनाक है। दो बैठक वाला थलचर; निचला इक-छत्ता; एक-इन्जनी; झपटानी; उच्चतम गति २४२ मील प्रति घन्टा; लदाव११०० पौंड का एक भारी बम और ११० पौंड के चार हलके बम।

Messerschmitt 110 मैसरश्मिट ११०। दूर उड़ान वाला और दो या तीन बैठक वाला थलचर; निचला इक-छत्ता; दो-इन्जनी; शिकारी; उच्चतम गति ३६५ मील प्रति घंटा।

इंग्लैंड

Albacore ऐल्बाकोर। थलचर; दुछत्ता; एक-इन्जनी; टारपीडो-खोजी व गश्ती। इसकी छतें सिमट जाती हैं जिसकी वजह से यह कम जगह घेरता है। यह वायुयान वाहक जहाज़ों में रक्खा जाता है।

Blenheim IV ब्लैनहीम ४। थलचर; बिचला इक-छत्ता; दो-इन्जनी; शिकारी और बम-मार; उच्चतम गति २९५ मील प्रति घण्टा; उड़ान २००० मील।

Bombay बम्बई। थलचर; ऊपरला इक-छत्ता; दो-इंजनी; सेनावाहक; उच्चतम गति १९२ मील प्र० घं०; उड़ान २००० मील।

Hurricane हरीकेन। थलचर; निचला इक-छत्ता; एक-इंजनी; एक बैठक वाला शिकारी; उच्चतम गति ३३५ मील प्र० घं०।

Seagull V सीगल ५। उभयचर; उड़न नौका; दुछत्ता; एक-इंजनी; गश्ती; उच्चतम गति १३५ मील प्र० घं०; उड़ान ६०० मील।

Spitfire स्पिटफ़ायर। थलचर; निचला इक-छत्ता; एक-इंजनी, शिकारी; उच्चतम गति। ३६७ मील प्र० घं०

Wellesley वैलज़ली। थलचर; बिचला इक-छत्ता; एक-इंजनी; बम-मार; उच्चतम गति २२८ मील प्रति घंटा; उड़ान २५०० मील।

Wellington वैलिंगटन। थलचर; बिचला इक-छत्ता; दो-इंजनी; दूर उड़ान वाला भारी बम-मार; उच्चतम गति २५० मील प्रति घंटा।

अमेरिका

Boston बोस्टन। थलचर; ऊपरला इक-छत्ता; दो इंजनी; बम-मार।

Hudson हडसन। थलचर; बिचला इक-छत्ता; दो-इंजनी; गश्ती बम-मार; उच्चतम गति २५६ मील प्रति घंटा; उड़ान १७०० मील।

अन्य

जापान के एक बम-मार मित्सुबिशी (Mitsubishi) का नाम सुनने में आया है। फ्रांस, इटली, रूस वग़ैरा के हवाई-जहाज़ों के बारे में लोगों को बहुत कम जानकारी है।

Aircraft Carrier वायुयान वाहक जहाज़। यह जहाज़ इंगलैंड का ईजाद किया हुआ है। यह एक तरह का चलता-फिरता समुद्री हवाई-अड्डा होता है। वायुयान-वाहक में ६०-७० हवाई जहाज़ों के रखने की जगह होती है। इसकी छत सपाट होती है जिस पर से हवाई जहाज़ उड़ सकते हैं और जिस पर फिर वापस उतर आते हैं। हवाई जहाज़ों की मरम्मत के लिए इसमें एक कारख़ाना रहता है और तेल का गोदाम भी। बचाव के लिए इसमें हवा-मार तोपें लगी होती हैं। आर्क रायल (Ark Royal) जो भूमध्यसागर में डूब चुका है, इंगलैंड का सबसे नया और सबसे बड़ा वायुयान वाहक था। लड़ाई शुरू होने से पहिले इंगलैंड के पास ८, अमेरिका के पास ६, जापान के पास १०, फ्रांस के पास २ और जर्मनी के पास सिर्फ़ १ वायुयान वाहक था। अमेरिका का सबसे बड़ा वायुयान वाहक सैरैटोगा (Saratoga) है और जापान का अकागी (Akagi)।

Air Defence हवाई बचाव। हवाई हमले से बचाव। हवाई हमले को रोकने के लिये दो तरह के उपाय काम में लिये जाते हैं। (१) सक्रिय (Active) और (२) रक्षात्मक (Passive)। सक्रिय बचाव शिकारी हवाई जहाज़ करते हैं जो शत्रु के बम-मारों को मार भगाने की कोशिश में रहते है। रक्षात्मक बचाव के साधन हवाई हमले से हिफाज़त (देखो Air Raid Precautions) का संगठन, रक्षागार (देखो Air Raid Shelters), गुब्बारों का जाल (देखो Balloon Barrage) और सर्च लाइट (देखो Searchlight) हैं।

Air Force हवाई शक्ति। हवाई फौज या सेना का संगठन। अंग्रेज़ी हवाई फौज की तीन कमान हैं (१) शिकारी कमान, (२) बम-मार कमान और (३) तट कमान (Coastal Command) जिसका काम समुद्र-तट की हिफ़ाजत करना है। हवाई जहाज़ों के दस्ते स्क्वाड्रन (Squadron) कहलाते हैं और स्क्वाड्रन लीडर के मातहत होते हैं। हवाई जहाज़ों को चलाने वाले हवाबाज़ या पाइलट (Pilot) कहलाते हैं और इनके ऊपर हवाई-अफसर (Flight Officers) रहते हैं। चलाने वाले के अलावा बड़े जंगी हवाई जहाज़ों में एक निरीक्षक (Observer) और एक गोलन्दाज़ (Gunner) भी रहता है। हवाई-अड्डे पर हवाई सेना का स्थल-विभाग (Ground Staff) रहता है। इसमें हवाई-इंजीनीयर, रेडियो-इंजीनीयर, बिजली इन्जिनियर, मिस्त्री वग़ैरा होते हैं। इनका काम यह होता है कि पड़ाव पर आने के बाद हवाई जहाज़ की जांच करते हैं और उसमें कोई ख़राबी हो तो उसे ठीक कर देते हैं।

हरएक देश की हवाई सेना के संगठन में कुछ भिन्नता होती है। वर्तमान युद्ध से पूर्व यूरुप के कुछ मुख्य देशों की हवाई शक्ति के आंकड़े नीचे दिये जाते हैं। इस समय किसके पास कितने हवाई जहाज़ हैं और हर महीने कितने तैयार हो जाते हैं यह पता लगाना असम्भव है।

	पहले दर्जे के हवाई जहाज़	रिज़र्व हवाई जहाज़
इंगलैंड	२५००	२०००
जर्मनी	४०००	६०००
फ्रांस	३०००	२०००
रूस	४०००	१५००
इटली	२५००	१५००

Air Port हवाई पड़ाव। (देखो Aerodrome)

Air Raid हवाई हमला। शत्रु के हवाई जहाज़ों द्वारा नागरिक जनता पर, सार्वजनिक उपयोग के साधनों पर और फौजी मुक़ामों पर बमबारी। नागरिक जनता पर बम गिराने का उद्देश्य यह होता है कि लोगों में घबराहट फैल कर भगदड़ मच जाय। सार्वजनिक उपयोग के साधन, जैसे पानी के नल, बिजली के कारख़ानों वग़ैरा पर बम गिरा कर उन्हें बरबाद करने से जनता में और भी जल्दी घबराहट फैलती है। फौजी मुक़ामों (देखो Military Objectives) पर बम गिराने से उद्योग-धन्धे और युद्धसामग्री बनाने के कारख़ाने नष्ट होजाते हैं जिससे युद्ध के संचालन में बाधा पड़ती है। हवाई हमलों से जान और माल का काफ़ी नुक़सान होता है, पर लन्दन निवासियों ने लगातार हवाई हमलों के बावजूद भी बड़ी शांति और दृढ़ता का परिचय दिया है। हवाई हमले में उग्र विस्फोटक बम, आग्नेय बम, गैस बम, वग़ैरा गिराये जाते हैं। हवाई हमले ज्यादातर रात में होते हैं। (देखो Bombing; Chemical Warfare).

Air Raid Alarm हवाई अलार्म। हवाई ख़तरे का भोंपू। यह हवाई हमले से हिफ़ाजत का एक महत्त्व-पूर्ण अंग है। पहरे की चौकियों पर रहने वाले निरीक्षक जब किसी शत्रु के वायुयान को आता हुआ देखते हैं तो आस-पास के मुक़ामों पर तुरन्त इत्तला भेज देते हैं। इत्तला मिलते ही प्रारम्भिक होशियारी (Preliminary Caution) का अलार्म बजाया जाता है जिससे लोग चौकन्ने हो जायं और कारख़ाने वाले बचाव के लिए तैयार हो जायं। हवाई हमला शुरू होते ही हमले का अलार्म (Air Raid Warning) बजना शुरू हो जाता है और जब तक हमला करने वाले हवाई जहाज़ भाग न जावें तब तक बजता रहता है। इसके बाद 'हमला करने वाले चले गये' (Raiders Passed) का भोंपू बजाया जाता है, लेकिन जब तक "ख़तरा हट गया" (All Clear) का भोंपू न बजे, तब तक लोगों को बाहर नहीं निकलना चाहिए।

क्योंकि कई बार हमला करने वाले वायुयान इधर-उधर घूम कर फिर बम गिरा जाते हैं।

Air Raid Precautions or A.R.P. हवाई हमले से हिफ़ाजित या ह० ह० हि०। चूंकि आधुनिक युद्धों में हवाई हमले का ख़तरा बहुत रहता है और उससे जान व माल का भारी नुकसान होता है, इसलिए नागरिकों की रक्षा के साधनों में हवाई हमले से हिफ़ाज़त या ह. ह. हि. का संगठन एक विशेष महत्व की चीज़ बन गया है। ह. ह. हि. का उद्देश्य यह होता है कि जनता को हवाई हमले से आत्म-रक्षा और सामूहिक बचाव के लिए संगठित और शिक्षित करना ताकि जान व माल की कम से कम हानि हो। आत्म-रक्षा का सब से कारगर साधन ज़मींदोज़ रक्षागार हैं। पर यह सम्भव नहीं है कि हरएक आदमी रक्षागारों में जाकर बैठ जाय। अगर ऐसा होने लगे तो सब काम ही बन्द हो जायं और शत्रु का उद्देश्य पूरा हो जाय।

जिस मकान पर या जगह पर विस्फोटक बम गिरे उसे तो बचाने का प्रयत्न करना ही व्यर्थ है। लेकिन बम के फटने पर जो टुकड़े उड़ते हैं और धमाका होता है, उससे आसपास के मकानों और आदमियों को बचाना जरूरी होता है। बालू के बोरे मकान की दीवारों के सहारे और दरवाज़े व खिड़कियों के सामने लगा देने से बहुत हद तक इसका बचाव हो जाता है। आदमियों के बचाव के लिए जगह-जगह खाइयां, सुरंगें वग़ैरा बनी होती हैं। बहुत से मकानों में ही इस तरह के तहख़ाने बना दिये जाते हैं कि उड़ने वाले टुकड़ों से बचाव हो जाय।

आग्नेय बम बड़ी मुश्किल से बुझ पाते हैं और इनसे बहुत नुकसान होता है। ह० ह० हि० के कार्यकर्त्ताओं को इन्हें बुझाने की शिक्षा दी जाती है। इसी तरह हवाई हमले के आहतों की परिचर्या करना भी ह० ह० हि० वालों का काम है।

हालांकि जेनेवा के गैस समझौते (देखो Gas Protocol) के अनुसार युद्ध में विषैली गैसों का प्रयोग निषिद्ध है, मगर फिर भी, सावधानी के तौर पर, गैस के आक्रमण से रक्षा करने के उपाय ह० ह० हि० का एक महत्वपूर्ण अंग हैं।

जिन स्थानों पर बम गिरने की आशंका रहती है वहाँ हुक्मिया या तो रोशनियाँ बिल्कुल बन्द करवादी जाती हैं और या बहुत मद्धिम रक्खी जाती हैं। मकानों के भीतर की रोशनियों पर भी यह प्रतिबन्ध होता है कि वे बाहर से या ऊपर से बिल्कुल न चमकें। इसे ब्लैक-आउट (Black-Out) या रोशनी गुल कहते हैं। हवाई हमले के अलार्म पर भी फौरन ब्लैक-आउट हो जाना चाहिए।

Air Raid Shelters हवाई रक्षागार। हवाई हमले से बचने के स्थान। ये दो तरह के होते है (१) ऊपरी और (२) ज़मींदोज़। ऊपरी रक्षागार सिर्फ़ बम फटने से उड़ते हुए टुकड़ों से बचाव करते हैं। ज़मींदोज़ रक्षागार बिल्कुल बम-निवारक (Bomb-proof) होते हैं। सधारणतया बूढ़े, औरतें और बच्चे इनमें भेज दिये जाते हैं। ये सीमंट के बने हुए होते हैं और इनमें हवा, पानी, सफाई, वग़ैरा का इन्तज़ाम रहता है।

Air Raid Warning हवाई हमले से आगाही (देखो Air Raid Alarm)

Alliance मेल या एका। जब कोई दो या दो से अधिक राष्ट्र किसी ख़ास उद्देश्य के लिए अपने भेद-भावों और शत्रुता को भूल कर एक हो जाते हैं तब यह कहा जाता है कि उनमें मेल या एका हो गया। युद्ध में आपसी सहायता के शर्तनामे को फौजी मेल (Military Alliance) कहते हैं।

Allies मित्र-राष्ट्र। इत्तहादी। एका करने वाले राष्ट्र। १९१४ के युद्ध में इंग्लैंड, फ्रांस, रूस, बेल्जियम, इटली और जापान मित्र-राष्ट्र कहलाते थे। वर्तमान युद्ध में पहले इंग्लैण्ड और फ्रांस मित्र-राष्ट्र थे और अब ए-बी-सी-डी शक्तियां और रूस मित्र-राष्ट्र हैं। इनका समान उद्देश्य यह है कि संसार से नात्सी-वाद का नाश करना। जर्मनी भी अपने साथी इटली, जापान वग़ैरा को अपने मित्र-राष्ट्र कहता है।

All-out Aid चौमुखी सहायता। तन, मन, धन और सामान से पूरी सहायता। अमेरिका इंग्लैंड को इसी प्रकार की चौमुखी सहायता कर रहा है।

Ambassador एलची। राजदूत। सफ़ीर। कोई बड़ा देश किसी दूसरे बड़े देश को अपना प्रतिनिधि भेजता है तो उस प्रतिनिधि को राजदूत कहते हैं। दोनों देश के बीच तमाम राजनैतिक बातचीत और सम्बन्ध

राजदूत के ही मार्फ़त होते हैं और राजदूत की बात उस देश के शासक या सरकार की बात समझी जाती है। राजदूतों पर उस देश का साधारण कानून लागू नहीं होता बल्कि इन्हें कुछ विदेशी अधिकार (देखो Extra-territorial Rights) होते हैं। राजदूतों को वापस बुला लेने का अर्थ यह होता है कि उन देशों में आपसी राजनैतिक विच्छेद हो गया और वे एक दूसरे के मित्र या उदासीन नहीं रहे। लड़ाई का ऐलान होने पर राजदूतों को बन्दी नहीं बनाया जाता बल्कि सकुशल उनके देश भेज दिया जाता है।

Ambulance ऐम्बुलैंस। घायल परिचर्या विभाग। युद्ध में घायलों को उठाने, उनकी परिचर्या करने और उन्हें अस्पताल पहुँचाने का काम मुख्यतः रैड क्रास सोसाइटी और सेंट जान ऐम्बुलैंस असोसियेशन के द्वारा होता है। यह संस्था अन्तर्राष्ट्रीय है और बिना किसी शत्रु-मित्र के भेद-भाव के सब घायलों की शुश्रूषा करती है। ऐम्बुलैंस के कार्यकर्त्ताओं पर और ऐम्बुलैंस के जहाज़ों या गाड़ियों पर अन्तर्राष्ट्रीय समझौते के अनुसार कोई हमला नहीं करता। फौज का अपना भी ऐम्बुलैंस विभाग होता है जो यह काम करता है। ऐम्बुलैंस के काम में आने वाली सब चीज़ों पर लाल रंग की चौकड़ी (Cross) बनी रहती है और इसके कार्यकर्त्ताओं को भी ऐसा बैज पहनना पड़ता है जिससे वे पहचान में आ सकें।

Ambulance Corps ऐम्बुलैंस सेना। घायलों की परिचर्या करने वाली सेना।

Ambulance Ship ऐम्बुलैंस जहाज़। घायलों को ले जाने वाला जहाज़।

Ambulance Train ऐम्बुलैंस गाड़ी। युद्धक्षेत्र से घायलों को ले जाने वाली रेलगाड़ी।

Ammunition गोला-बारूद। बन्दूकों, तोपों वग़ैरा अग्निमुख हथियारों को भरने और चलाने के तमाम विस्फोटक मसाले, जैसे कारतूस, गोलियाँ, गोले, बारूद, डिनेमाइट (Dynamite)।

Ammunition Depot or Dump गोला-बारूद की डिपो। युद्ध क्षेत्र में गोला-बारूद का भंडार या ढेर। यह ढेर चूंकि अक्सर खुले में रहता है, इसलिए इसे हवाई-हमले से बचाने का खास प्रबन्ध रहता है। शत्रु के हवाई जहाज़ों को इसकी बहुत तलाश रहती है।

Annexation हड़पना। एक देश का किसी दूसरे देश पर या उसके कुछ हिस्से पर ज़बरदस्ती अधिकार कर लेना। अन्तर्राष्ट्रीय कानून की दृष्टि से इस तरह का हड़पना तब तक सही नहीं माना जाता जब तक तमाम देश उसे स्वीकार न करलें। इटली ने अबीसीनिया पर ज़बरदस्ती अधिकार कर लिया था, पर सब बड़े राष्ट्रों ने उसे मान लिया था। जर्मनी ने चेकोस्लोवेकिया, बेल्जियम, हालैंड, डेनमार्क, रूमानिया ग्रीस, वग़ैरा पर ज़बरदस्ती अधिकार कर रक्खा है।

Anschluss मिलाना। शामिल कर लेना। यह जर्मन भाषा का शब्द है और जर्मनी ने आस्ट्रिया को जर्मन रीश (Reich) में मिलाने के लिए इसका प्रयोग किया है।

Anti Aircraft Barrage हवाई-हमला निवारक बांध। हवाई हमले को रोकने के लिए हवा-मार तोपों (देखो Anti Aircraft Guns), बंदी गुब्बारों (देखो Balloon Barrage) और सर्च-लाइटों का बांध।

Anti Aircraft Guns हवा-मार तोपें। हवाई जहाज़ों को मार गिराने वाली तोपें। ये दो तरह की होती हैं। एक तो नीचे उड़ने वाले हवाई जहाज़ों की ख़बर लेने वाली और दूसरी १०,००० फुट की ऊंचाई तक मार करने वाली। हवाई हमले के समय ये तोपें लगातार गोलों की बौछार करती रहती हैं और यह बौछार इस तरह की जाती है कि ऊपर जाते हुए हवा-मार गोलों का एक बांध (Barrage) सा बन जाता है। इनसे हवाई जहाज़ों को ज्यादा नुकसान तो नहीं पहुँचता लेकिन उन्हें नज़दीक आने की हिम्मत नहीं पड़ती और बमों के निशाने भी ठीक नहीं पड़ते। हवा-मार तोप को एक बार चला देने के बाद उसमें से दना-दन अपने आप गोलों की झड़ी छूटती चली जाती है। तोपची का काम तो उसे सिर्फ इधर-उधर घुमाने का रह जाता है। ठीक निशाना लगाना तो असम्भव है क्योंकि जितनी देर में निशाना लिया जाय और गोला छोड़ा जाय उतनी देर में हवाई जहाज़ तो कहीं का कहीं पहुँच जाता है।

Anti Aircraft Ship हवा-मार जहाज़। इन जहाज़ों

पर बड़ी शक्तिशाली हवा-मार तोपें लगी रहती हैं और इन्हें चलाने व घुमाने के नये से नये साधन रहते हैं। ये जहाज़ ज़रूरत के मुताबिक उन बन्दरगाहों पर रक्खे जाते हैं जहां हवा-मार तोपों का स्थायी बन्दोबस्त न हो। जहाज़ी बेड़े की हवाई हमलों से रक्षा करना भी इनका काम होता है।

Anti Comintern Pact कॉमिन्टर्न विरोधी अहदनामा। रूस के साम्यवादी संगठन कामिन्टर्न या कम्यूनिस्ट इन्टरनैशनल (देखो Comintern) की प्रगति और हरकतों को रोकने के लिए जर्मनी, जापान और इटली के बीच अहदनामा। पहले सन् १९३६ में यह अहदनामा जापान और जर्मनी में हुआ। सन् १९३७ में इटली भी इसमें शामिल हो गया। इसके बाद मंचूको, हंगरी और स्पेन ने इस अहदनामे पर दस्तख़त कर दिये और अब तो जर्मनी ने अपने अधिकृत सभी यूरोपीय राष्ट्रों को इसका समर्थक बना लिया है।

Anti Gas Measures गैस निवारक उपाय। गैस के आक्रमण से बचने के लिए सिर पर गैस कवच (देखो Gas Mask) पहना जाता है, पर कुछ गैसें ऐसी विषैली होती हैं कि शरीर के किसी भी भाग पर लग जायं तो घोर यन्त्रणा पहुँचाती है। ऐसी गैसों से बचने के लिए शरीर को मोमजामे या चमड़े के लबादे में ढकना पड़ता है। आक्रमण के बाद ऐसी गैसों के प्रभाव को नष्ट करने के लिए उनके सम्पर्क में आने वाली तमाम चीज़ों और तमाम स्थानों की सफ़ाई की जाती है। (देखो Decontamination)

Anti Magnetic Belt अचुम्बकीय पेटी। ग़ैर-मक़नातीसी पेटी। जर्मनी की ईजाद की हुई अद्भुत चुम्बकीय सुरंगें (Magnetic Mine) लोहे के जंगी जहाज़ों की ओर अपने-आप खिंच कर पहुँच जाती हैं और उन्हें नुकसान पहुँचाती हैं। इनसे बचने के लिए आजकल जंगी जहाज़ों के चारों ओर एक अचुम्बकीय पेटी लगायी जाती है जिससे चुम्बकीय सुरंगों के खिंचाव का निराकरण हो जाता है। यह पेटी बिजली के मोटे तार (Cable) की बनी होती है और इसमें बिजली की धारा बहती रहती है।

Anti Tank Gun टैंक मार तोप। ये तोप बहुत हल्की होती है और इसमें से इतनी बड़ी-बड़ी और तेज़ गोलियां छूटती हैं कि उनसे मामूली मोटी चादर के बने हुए टैंकों या फ़ौलादी गाड़ियों में सूराख़ हो जाते हैं। आजकल के भारी टैंकों पर इस तोप की मार का कुछ असर नहीं होता।

Anti Tank Mine टैंक-नाशक सुरंग। ये सुरंगें टैंकों के रास्ते में मिट्टी के नीचे छिपाकर बिछा दी जाती हैं और जब इन पर होकर कोई टैंक गुज़रता है तो ये फट कर उसे नष्ट कर देती हैं। (देखो Mines)

Apron Defence (देखो Balloon Barrage)

Appeasement Policy संतुष्टीकरण नीति। किसी तरह युद्ध रोकने के लिए इंगलैंड और फ्रांस ने हिटलर और मसोलिनी को सन्तुष्ट करने के लिए जो नीति शुरू में बरती थी उसे यह नाम दिया गया था। अबिसीनिया और आस्ट्रिया पर ज़बरदस्ती अधिकार को मान लेना, म्यूनिख़ का समझौता, इत्यादि इसी नीति के परिणाम थे। जब जर्मनी ने चेकोस्लोवेकिया पर आक्रमण कर दिया तब कहीं जाकर इस नीति का अन्त हुआ।

Armaments युद्ध के साधन और उपकरण। लड़ाई का सामान। सामाने-जंग। युद्ध में काम आने वाले तमाम अस्त्र-शस्त्र और सामग्री इस परिभाषा के अन्दर आ जाते हैं। बन्दूकें, तोपें, बम, गैस, सुरंगें, टारपीडो, जंगी जहाज़, फ़ौजी हवाई-जहाज़, टैंक, फ़ौलादी गाड़ियां, वग़ैरा।

Armed Merchantman हथियार-बन्द व्यापारी जहाज़। युद्धकाल में व्यापारी जहाज़ों को हथियारों से लैस कर दिया जाता है ताकि वे शत्रु के आक्रमण से अपनी रक्षा कर सकें। इनके हथियार केवल आत्मरक्षा के ही लिए होते हैं।

Armed Ship हथियार-बन्द जहाज़। लड़ाई के काम के लिए ज़रूरत पड़ने पर सरकार सवारी के या लदवू जहाज़ों को हथियार से लैस करके काम में ले लेती है। इन जहाज़ों पर आक्रमण और आत्म-रक्षा दोनों के साधन रहते हैं।

Armistice विराम सन्धि। अस्थायी सन्धि। आरज़ी सुलह। जब लड़ने वाली शक्तियां स्थायी सन्धि के इरादे से लड़ाई बन्द करने का ऐलान कर देती हैं तो वह विराम सन्धि कहलाती है। विराम-सन्धि तब तक

पक्की नहीं समझी जाती जब तक लड़ने वाली शक्तियों की सरकारें उन पर स्वीकृति की मोहर न लगा दें।

Armour कवच। ज़िरह बख्तर। शरीर की रक्षा के लिए या जहाज़, टैंक, मोटर गाड़ी, वग़ैरा की रक्षा के लिए लोहे, फौलाद या अन्य धातु का आवरण।

Armoured Car बख्तर-बन्द गाड़ी। फौलादी गाड़ी। युद्ध के काम में आने वाली फौलादी चादरों से मढ़ी हुई मोटर गाड़ी। इसके ऊपर एक बुर्जी बनी होती है जिसमें बैठ कर मशीनगन या बन्दूक चलाई जाती है। शत्रु पर आक्रमण करने के लिए इसमें कई हलकी तोपें लगी होती हैं। नई किस्म की फौलादी गाड़ियों में टैंकों की तरह के पेटीदार पहिये होते हैं जिनसे वे सब तरह की ज़मीन को आसानी से पार कर सकती हैं। फौलादी गाड़ियां आधुनिक यन्त्र-सज्जित सेना (देखो Mechanised Army) का अंग होती हैं।

Armoured Cruiser बख्तर-बन्द क्रूज़र। फौलादी चादर से मढ़ा हुआ लड़ाई का गश्ती जहाज़। (देखो Cruiser)

Armoured Division यंत्र-सज्जित डिवीज़न। (देखो Mechanised Division)

Armoured Train बख्तर-बन्द रेलगाड़ी। इस रेलगाड़ी का इंजन और गाड़ियां फौलादी चादरों से मढ़े हुए होते हैं ताकि उन पर गोलियों का असर न हो। गाड़ी के कुछ डिब्बों में मशीन-गनें भी लगी होती हैं। यह गाड़ी युद्ध-क्षेत्र में लड़ाई का सामान और हथियार पहुँचाती है। अगर मैदान चौरस हो तो इससे देख-भाल का काम भी लिया जाता है।

Armoured Turret बख्तर-बन्द बुर्जी। फौलादी गाड़ियों, टैंकों और जहाज़ों पर लगी हुई चारों तरफ घूमने वाली बुर्जी जिसमें तोपें या मशीन-गनें लगी होती हैं।

Arms हथियार। गोला-बारूद के अलावा युद्ध के तमाम दूसरे हथियार।

Arms, Fire आग्नेयास्त्र। तोपें और बन्दूकें।

Arms, Small छोटे हथियार। बन्दूक, राईफल, किर्च, संगीन, छोटी मशीनगन, वग़ैरा हलके हथियार जिन्हें एक आदमी उठा और चला सके।

Army सेना। फौज। आजकल इस शब्द से केवल थल सेना या ख़ुश्की फौज का ही बोध होता है; जल सेना और हवाई सेना इस परिभाषा में नहीं आतीं। थल सेना के मुख्य विभाग ये हैं: (१) पैदल सेना (देखो Infantry) (२) घुड़ सवार सेना या रिसाला (देखो Cavalry); (४) तोपख़ाना (देखो Artillery) (५) इंजीनियर विभाग (देखो Military Engineering); (६) सफरमैना (देखो Sappers and Miners); (८) गुप्तचर और समाचार विभाग (देखो Scout and Signaller); (९) हथियार ख़ाना व रसद विभाग (देखो Ordnance); (१०) ऐम्बुलैंस (देखो Ambulance); (११) अस्पताल टुकड़ी (देखो Medical Corps); और बारबरदारी या ढोने का विभाग (देखो Transport)। हरेक विभाग की कमान एक-एक ख़ास अफ़सर के हाथ में होती है। थल सेना का संगठन इस प्रकार होता है कि सब से ऊपर फौजी कौंसिल (देखो Army Council) होती है जिसके हाथ में सारी लड़ाई की बागडोर रहती है। सहूलियत और आवश्यकता के अनुसार पूरी फौज को कई कमानों में बांट दिया जाता है जिन्हें आरमी कोर (देखो Army Corps) कहते हैं। एक कोर में कई डिवीज़न (देखो Division) होते हैं और इसका संचालन प्रधान सेनानायक या जनरल ऑफिसर कमांडिंग (General Officer Commanding) के हाथ में रहता है और इसके सदर मुकाम को जनरल हैड-क्वार्टर (General Head Quarters) कहते हैं। एक डिवीज़न में कई ब्रिगेड (देखो Brigade) होते हैं; एक ब्रिगेड में कई रेजिमैन्ट (देखो Regiment) होती हैं; एक रेजिमैन्ट में कई बटैलियन (देखो Battallion) होती हैं; एक बटैलियन में कई कम्पनियां (देखो Company) होती हैं और एक कम्पनी में कई पल्टनें (देखो Platoon) होती हैं। सैनिक अफ़सरों के नाम हर देश में अलग-अलग होते हैं।

आजकल थल सेना के पैदल विभाग और रिसाले को यन्त्र-सज्जित कर दिया गया है यानी इन्हें सवारी और सामान ढोने के लिए तथा आक्रमण करने के लिए यान्त्रिक सवारियां और हथियार दे दिये गये हैं। (देखो Mechanised Army)

वर्तमान युद्ध शुरू होने के समय कुछ भिन्न-भिन्न बड़ी शक्तियों की थल-सेना की संख्या इस प्रकार थी :—

	तैयार फ़ौज	सहायक फ़ौज
इङ्गलैंड	१० लाख	४ लाख
फ्रांस	२० लाख	३/½ लाख
जर्मनी	२५ लाख	५ लाख
इटली	१५ लाख	१ लाख
अमेरिका	१ लाख ८० हज़ार (वालंटियर)	
रूस	(लाल सेना) २५ लाख	

Army Corps आरमी कोर। थल सेना का एक बड़ा हिस्सा जिसमें सब विभाग होते हैं और जो हर तरह पूर्ण होता है। एक कोर में कई डिवीज़न होते हैं और लड़ने वालों की संख्या क़रीब २५ हज़ार होती है। कोर का संचालन जनरल ऑफ़िसर कमांडिंग के हाथ में होता है।

Army Council फ़ौजी कौंसिल। इङ्गलैंड की थल सेना का संगठन और संचालन करने वाली कौंसिल। इस कौंसिल में कई मेम्बर होते हैं जिनमें मुख्य ये हैं : (१) युद्ध-सचिव (Secretary of State for War); यह शासक दल का प्रतिनिधि होता है और कौंसिल का प्रधान। (२) युद्ध उप-सचिव (Under Secretary of War); यह स्थायी अफ़सर होता है और दफ़्तरी व इन्तज़ामी काम देखता है। (३) प्रधान सेनापति (Chief of General Staff); यह सेना का सब से बड़ा अफ़सर होता है और उसका संचालन करने की पूरी ज़िम्मेदारी इस पर होती है। इसी कारण यह पद बड़े होशियार और तजुर्बेकार सैनिक अफ़सर को दिया जाता है।

Army Head Quarters फ़ौजी सदर मुक़ाम। सेना का केन्द्रीय कार्यालय। इसे जनरल हैड क्वार्टर्स या जी॰ एच॰ क्यू॰ (General Head Quarters or G. H. Q.) भी कहते हैं। यह फ़ौजी कमान का सदर मुक़ाम होता है और यहां प्रधान सेना नायक (G. O. C.) का दफ़्तर रहता है। जी॰ ओ॰ सी॰ की सहायता के लिए दो अफ़सर और होते हैं: (१) ऐडजुटेण्ट जनरल (Adjutant General); यह फ़ौज के शासन सम्बन्धी कामों को देखता है। (२) क्वार्टर मास्टर जनरल (Quarter Master General '; इसके ज़िम्मे रसद और बारबरदारी का काम होता है।

Army, Mechanised यंत्र-सज्जित सेना। मशीन बाज़ फ़ौज। आक्रमण, बचाव और सिपाहियों व लड़ाई का सामान ढोने के यान्त्रिक साधनों से युक्त सेना। पूरी यन्त्र-सज्जित सेना में फ़ौज के सिपाही पैदल के बजाय लारियों पर चलते हैं; सामान भी घोड़े और खच्चरों की गाड़ियों के बजाय लारियों पर ही लादा जाता है; बड़ी-बड़ी तोपें मोटर से चलती हैं; घुड़सवारों के बजाय टैंकों का दस्ता होता है; आक्रमण के लिए फ़ौलादी गाड़ियां होती हैं, और देखभाल का काम मोटर साइकिल सवार करते हैं। यंत्र-सज्जित सेना का सबसे महत्वपूर्ण अंग टैंक है और वर्तमान युद्ध में इसकी महत्ता अच्छी तरह प्रमाणित हो चुकी है। (देखो Mechanisation)

Army of Occupation अधिकार रक्षक सेना। दख़ली फ़ौज। जिन देशों पर अधिकार कर लिया जाता है या जिन्हें ज़बरदस्ती हड़प लिया जाता है उनमें वहां की जनता की इच्छा के विरुद्ध क़ब्ज़ा क़ायम रखने के लिए और शान्ति बनाये रखने के लिए रक्खी जाने वाली सेना। अधिकृत फ्रांस में जर्मनी की बहुत सी सेना इस काम के लिए पड़ी हुई है।

A. R. P. ह॰ ह॰ हि॰ या हवाई हमले से हिफ़ाज़त। (देखो Air Raid Precautions)

Arsenal शस्त्रागार। सिलहख़ाना। तमाम अस्त्र-शस्त्र, गोला-बारूद, तथा दूसरे फ़ौजी सामानों के बनाने, मरम्मत करने, और भंडार में रखने की डिपो।

Artillery (१) तोपें। (२) तोपख़ाना या तोपख़ाने की सेना। (१) तोपें—विस्फोटक गोला फेंकने वाले तमाम भारी यंत्र तोपों की श्रेणी में गिने जाते हैं। तोपें दो तरह की होती हैं; (अ) बड़ी, और (ब) छोटी।

तोपों की बड़ाई या छोटाई उनकी नाल के भीतरी व्यास के अनुसार मानी जाती है। इसे तोप की मोहरी (Calibre) कहते हैं। बड़ी तोपों की मोहरी ८ इञ्च से लगाकर १८ इञ्च तक की होती है और इनकी मार २ मील से लगा कर २० मील तक होती है। गोलों का वज़न १० पौंड से लगाकर २००० पौंड तक का होता है। छोटी तोपों की मोहरी ३ इञ्च

से लगाकर ६ इञ्च तक की होती है। इनकी मार तो काफ़ी होती है, पर इनके गोले हलके होते हैं और ये बड़ी तेज़ी के साथ फ़ैर करती हैं। तमाम तोपें मोटर गाड़ियों पर लदी होती हैं और इनमें निशाना साधने और चलाने के बड़े विलक्षण और सच्चे यंत्र लगे रहते हैं। पिच्छट यानी गोला छूटने से लगने वाले धक्के को रोकने का भी इन्तज़ाम रहता है। लक्ष्य पर ठीक निशाना बांधने के लिए तोपों में दूरी-मापक यंत्र (देखो Range Finder) लगा रहता है। जो लक्ष्य इतने दूर हों कि दिखाई न पड़ें या जो ओट में आ गये हैं, उन पर शब्द-भेदी यंत्र (देखो Sound Detector) की सहायता से निशाना बांधा जाता है। हवा-मार तोपों में लक्षित हवाई जहाज़ की ऊंचाई का पता लगाने के लिए ऊंचाई-मापक यंत्र (देखो Height Finder) लगा होता है और हवाई जहाज़ की गति-विधि जानने के लिए अग्र-सूचक यंत्र (देखो Predictor) होता है।

तोपों की कुछ ख़ास-ख़ास किस्मों के विवरण यहां दिये जाते हैं:—

Anti Aircraft Gun हवामार तोप। नयी हवामार तोप की मोहरी ४'७ इञ्च होती है और उसके गोले का वज़न ५० पौंड से भी ज्यादा होता है। यह करीब ४०००० फ़ुट की ऊंचाई तक मार करती है। नीचे उड़ने वाले हवाई जहाज़ों को गिराने के लिए पॉम-पॉम (Pom-Pom) नामक हवामार तोप काम में ली जाती है। इसकी मोहरी १'७ इंच होती है और यह दो-दो पौंड के क़रीब २०० गोले एक मिनिट में दागती है। (देखो Anti Aircraft Gun)

Anti Tank Gun टैंक मार तोप। (देखो Anti Tank Gun)

Field Guns जंगी तोपें। ये तोपें फौज के पीछे-पीछे चलती हैं और बराबर छूटती रहती हैं। इनसे शत्रु की फौज पर आक्रमण किया जाता है और उसकी किलेबन्दियों को नष्ट करके आगे बढ़ने का रास्ता साफ़ किया जाता है। शत्रु के टैंकों को बरबाद करने के लिए भी यही तोपें काम में आती हैं। इनके गोले २०-२५ पौंड के होते हैं और इनकी मार १५ हज़ार गज़ से ज्यादा की नहीं होती।

Howitzer हाविट्ज़र। यह ख़ास किस्म की तोप होती है जिसका गोला बहुत ऊंचा जाकर फिर नीचे गिरता है। इससे मजबूत किलों और इमारतों को नष्ट किया जाता है क्योंकि बहुत ऊपर से गिरने के कारण गोला बहुत दूर तक अन्दर घुस जाता है। इसका गोला क़रीब २०० पौंड का होता है और इसकी मार ५ मील तक की होती है। यह तोप जल्दी-जल्दी नहीं दागी जा सकती।

Long Range Guns दूरमार तोपें। ये तोपें बहुत बड़ी और भारी होती हैं तथा इनका गोला ४० मील तक की ख़बर लेता है। इनकी नाल ख़ास तरकीबों से बनायी जाती है। पिछले महायुद्ध में जर्मनी ने बिग-बर्था (Big Bertha) नाम की तोप ईजाद की थी जिसका गोला ७५ मील दूर जाकर गिरता था। वैज्ञानिक दृष्टि से तो यह बड़ी अजीब वस्तु थी, पर व्यवहार में यह ज्यादा उपयोगी साबित नहीं हुई। इस युद्ध में भी जर्मनी ने फ्रांस के तट पर जो दूर मार तोपें लगा रक्खी हैं उनके गोले इङ्गलैंड के तट पर मार करते रहते हैं।

Mortar or Trench Mortar रैंकला या तुपकिया। खाई-तोड़ तुपकिया। इसकी नाल चौड़ी ज्यादा होती है और लम्बी कम। मोहरी ३ इन्च से लगाकर ६ इन्च तक की होती है। नाल छोटी होने से इसकी मार भी कम होती है, यानी क़रीब १००० गज़। इसके गोलों से खाइयों में छिपे हुए शत्रु के सिपाहियों पर वार किया जाता है। छोटी-मोटी अड़चनों को नष्ट करना भी इसका काम है।

Naval Guns जहाज़ी तोपें। जंगी जहाज़ों पर लगी हुई तोपें। (देखो Naval Guns)

(२) तोपख़ाना या तोपख़ाने की सेना का पूरा संगठन—तोपख़ाने की सेना का काम हुकुम के मुताबिक शत्रु पर गोलाबारी करने का होता है। आधुनिक युद्ध में इसका बहुत महत्व है। आधुनिक तोपों में इतनी पेचीदगियां और बारीकियां होती हैं कि निशाना बांधने और चलाने के लिए विशेष जानकारी और कुशलता की आवश्यकता होती है। उन पर लगे हुए यंत्रों से काम लेने के लिए तोपची में फौरन हिसाब लगाने की योग्यता होनी चाहिए। इसलिए

एक-एक तोप पर कई-कई तोपची काम करते हैं। तोपख़ाने के सब सैनिक तोपची या गोलन्दाज़ (Gunners) कहलाते हैं। तोपें चलाने के अलावा उनकी सफ़ाई और मरम्मत करना, तथा ख़राब हो जाने पर भागों को बदलने का काम भी तोपख़ाने की सेना के ज़िम्मे होता है।

Artillery Barrage गोलों का बांध। तोपख़ाना पैदल फौज के पीछे रहता है। तोपों से गोलों की बौछार इस ख़ूबी के साथ की जाती है कि अपनी फौज के सामने गिरते हुए गोलों का एक परदा सा बन जाता है जिसके कारण शत्रु की फौज आगे बढ़कर हमला नहीं कर सकती। फौज के आगे बढ़ने के साथ-साथ गोलों का यह बांध भी आगे सरकता जाता है। इसे सरकना बांध (Creeping Barrage) कहते हैं। कभी-कभी नज़दीक और दूर मार तोपों के गोलों से एक के बाद एक कई बांध बन जाते हैं।

Atlantic, Battle of अटलान्टिक का युद्ध। वर्तमान महायुद्ध में अटलांटिक का युद्ध बहुत ही महत्वपूर्ण है। यहां तक कि इङ्गलैंड की विजय का बहुत कुछ दार-मदार अटलांटिक युद्ध की विजय पर ही समझा जाता है। बात यह है कि जर्मनी के हवाई हमलों के कारण इङ्गलैंड में लड़ाई का सामान उतनी तेज़ी से नहीं बन पाता जितनी कि ज़रूरत है। दूसरे, इङ्गलैंड की खाद्य सामग्री की उपज भी इतनी नहीं कि वहां के निवासियों की और फ़ौजों की आवश्यकता को पूरी कर सके। इसलिए इंगलैंड को लड़ाई का और खाने-पीने का बहुत-सा सामान बाहर से मंगाना पड़ता है। इधर जर्मनी ने अपने डाकू जहाज़, डुबकनी किश्तियां और हवाई जहाज़ इसलिए तैनात कर दिये हैं कि वे अमेरिका से आने वाले सामान से लदे जहाज़ों को डुबा दें। शुरू-शुरू में तो जर्मनी ने इंगलैंड के बहुत से जहाज़ डुबा दिये और हालत बहुत गम्भीर होगयी थी। पर धीरे-धीरे इङ्गलैंड ने पहरे का ऐसा कड़ा इन्तज़ाम कर लिया है कि अब जर्मनी की डुबकनी किश्तियां बहुत कम नुकसान पहुँचा सकती हैं। जर्मनी का उद्देश्य यह है कि अमेरिका से आने वाली रसद को बन्द करके इंगलैंड की कमर तोड़ दे। बस यही अटलांटिक की लड़ाई है। देखो (Attrition; Blockade; Convoy)

Atlantic Charter अटलांटिक चार्टर। अटलांटिक का घोषणा-पत्र। अगस्त १९४१ में इंगलैंड के प्रधान मन्त्री मि० चर्चिल और संयुक्तराज्य अमेरिका के प्रधान मि० रूज़वेल्ट ने अटलांटिक सागर में प्रिंस ऑफ वेल्स नाम के अंग्रेज़ी जंगी जहाज़ पर मिलकर एक संयुक्त घोषणा निकाली जिसमें यह स्पष्ट किया गया कि मित्र-राष्ट्र किस उद्देश्य के लिए लड़ रहे हैं और भविष्य में शांति स्थापित करने के लिए उनकी क्या योजना है। इस घोषणा की आठ धारायें हैं: (१) अमेरिका और इंगलैंड की यह इच्छा नहीं है कि वे दूसरे देशों को जीत कर या और किसी तरह से अपना प्रभुत्व स्थापित करें; (२) वे देशों के बटवारे में ऐसा कोई परिवर्तन नहीं चाहते जो वहां के निवासियों की स्वतन्त्र इच्छा के विरुद्ध हो; (३) वे मानते हैं कि सब जातियों को यह अधिकार है कि वे अपने लिये जैसी सरकार चाहती हों वैसी पसन्द करें; (४) वे सब छोटे बड़े राष्ट्रों को व्यापार की समान सुविधायें और संसार के कच्चे माल में ज़रूरी हिस्सा देने की कोशिश करेंगे; (५) उनकी इच्छा है कि सब राष्ट्रों में आर्थिक सहयोग हो जिससे मज़दूरों की हालत अच्छी हो और समाज का संगठन दृढ़ हो; (६) नात्सी आतंकवाद का नाश होजाने पर वे ऐसी शान्ति की स्थापना की आशा करते हैं जिसमें तमाम देशों के निवासी अपने-अपने देशों की सीमा में सुरक्षित और सुदृढ़ रह सकें; (७) सब लोग शान्ति-पूर्वक समुद्री मार्गों का बिना किसी रुकावट के उपयोग कर सकें; (८) उनका विश्वास है कि व्यावहारिक और आध्यात्मिक दोनों कारणों से विश्व-शांति के लिए सब राष्ट्र हिंसा का प्रयोग त्याग दें और सब तरह के अस्त्र-शस्त्रों का बनना बन्द होकर निरस्त्रीकरण हो जाय जिससे निकट भविष्य में किसी युद्ध की आशंका न रहे।

जब यह प्रश्न उठाया गया कि यह घोषणा भारत पर भी लागू की जाय तो मि० चर्चिल ने स्पष्टीकरण किया कि इसका सम्बन्ध ब्रिटिश साम्राज्य के अन्तर्गत देशों से नहीं है बल्कि यह चार्टर तो उन राष्ट्रों को ध्यान में रखकर बनाया गया है जिनकी स्वतन्त्रता नात्सियों ने छीन ली है।

Attache (अताशे) राजदूत के दफ़तर का एक मातहती अफसर। (देखो Ambassador)

Attache, Military राजदूत का फ़ौजी सलाहकार। वह फ़ौज़ी अफ़सर होता है और फ़ौज़ी बातों के विषय में राजदूत को सूचनाएं, रिपोर्ट और सलाह देता रहता है।

Attache, Naval राजदूत का नाविक सलाहकार। यह नाविक अफ़सर होता है और नौ-सेना सम्बन्धी बातों को रिपोर्ट देता है।

Attrition Strategy विलम्बित नीति। थकाऊ युद्ध नीति। युद्ध की वह नीति जिसमें कोई एक पक्ष या दोनों पक्ष इस कोशिश में रहते हैं कि मारकाट तो न हो पर युद्ध की स्थिति बहुतदिनों तक क़ायम रहे। इस विलम्ब नीति का उद्देश्य यह होता है कि थक कर या रसद की कमी से या आर्थिक कारणों से शत्रु की कमर टूट जाय। नाकाबन्दी और आर्थिक घेरा (देखो Blockade) इसी नीति के अंग हैं। मित्र-राष्ट्रों की यही नीति है कि जर्मनी की रसद बन्द करके उसे पस्त कर दिया जाय।

Autarchy आत्म-निर्भरता। यह शब्द आजकल आर्थिक आत्म-निर्भरता के अर्थ में प्रयुक्त होता है। युद्धकाल में नाकेबन्दी के प्रभाव से बचने के लिए जर्मनी ने इसी तरह की आर्थिक आत्म-निर्भरता पर खूब ज़ोर दिया है। उसकी कोशिश यह रही है कि जहां तक होसके तमाम ज़रूरत की चीजें बाहर से न मंगा कर अपने ही देश में पैदा करले और बनाले। जिन चीज़ों को तैयार करने का कच्चा माल दूसरे देशों से आता है उन्हें जर्मनी ने विज्ञान की सहायता से नक़ली रूप में बना लिया है। (देखो Ersatz).

Authoritarianism एकाधिपत्यवाद। ऐसी राज्य-व्यवस्था जिसमें शासन और प्रबन्ध की सारी बागडोर एक व्यक्ति या 'डिक्टेटर' के हाथ में हो। जर्मनी और इटली में, और कुछ हद तक रूस में, इसी तरह का एकाधिपत्य है, क्योंकि वहां डिक्टेटर ही सर्वेसर्वा है और उसी की इच्छा के अनुसार काम होता है। (देखो Fascism; Nazism).

Authoritarian Powers एकाधिपत्यवादी शक्तियां। आजकल इस शब्द से केवल जर्मनी और इटली का बोध होता है।

Autogyro चक्करघिन्नीदार हवाई जहाज़। मामूली तौर पर हवाई जहाज़ को ज़मीन से उड़ाने के लिए और फिर नीचे उतारने के लिए काफ़ी बड़े मैदान की ज़रूरत होती है। पर इस हवाई जहाज़ के ऊपर एक चक्कर घिन्नी लगी होती है जिसके सहारे वह बहुत थोड़ी जगह में मंडराता हुआ ऊपर चढ़ जाता है और नीचे उतर आता है। वर्तमान युद्ध में इस किस्म के हवाई जहाज़ बहुत उपयोगी साबित हो रहे हैं। इसे Gyroplane भी कहते हैं।

Automatic Gun झड़ीबाज या लड़ीबाज़ बन्दूक और छोटी तोप। ऐसी बन्दूक या तोप जिसे अगर एक बार चला दिया जाय तो फिर उसमें से अपने आप गोलियों या गोलों की झड़ी छूटती रहती है मशीन-गन, लीविस-गन (देखो Lewis Gun), ब्रेनगन (देखो Bren Gun), हवा-मार तोप, और दूसरी तमाम जल्दी फ़ैर करने वाली बन्दूकों और तोपों में इस तरह का इन्तज़ाम होता है। इनमें ऐसी कल लगी रहती है कि एक फ़ैर होने के बाद बन्दूक को जो पीछे धक्का (पिच्छड़) लगता है उसकी ताक़त से दूसरा फ़ैर अपने-आप हो जाता है और जब तक मसाला ख़तम न हो जाय तब तक एक-के-बाद एक फ़ैर इसी तरह होते रहते हैं।

Aviation हवाबाजी। उड़न विद्या। उड़न विज्ञान।

Axis, Rome-Berlin रोम-बर्लिन धुरी। अबिसीनिया की लड़ाई के बाद से इटली और जर्मनी के बीच जो राजनैतिक और सैनिक एकता स्थापित हुई उसे यह नाम दिया गया था। यह एकता १९३७ के रूस-विरोधी समझौते से और भी दृढ़ हो गयी और १९३९ की जर्मन-इटली सन्धि ने इस पर पक्की मुहर लगा दी। इस सन्धि में यह मंजूर किया गया है कि दोनों राष्ट्र शान्ति और युद्ध में एक दूसरे की मदद करेंगे और एक दूसरे का साथ देंगे तथा अपने मित्र-राष्ट्रों के प्रति एकसी नीति बरतेंगे।

Axis Powers धुरी-राष्ट्र। जर्मनी और इटली। (देखो Axis, Rome-Berlin).

B

Bacterial Bomb रोगाणु बम। कहा जाता है कि हिटलर ने ऐसे बम तैयार करवाये हैं जिनमें घातक रोगों के ज़हरीले कीटाणु भरे गये हैं। अगर ऐसा एक बम किसी नगर पर छोड़ दिया जाय तो सारी जनता रोगाणुओं के असर से नष्ट हो जाय। लेकिन वैज्ञानिकों को इस प्रकार के बम की व्यावहारिकता में सन्देह है।

Balkan States बाल्कन राष्ट्र। मध्य यूरुप के देश यूगोस्लाविका, रूमानिया, ग्रीस (यूनान), बल्गेरिया, अल्बेनिया और तुर्की बाल्कन राष्ट्र कहलाते हैं। इन्हें 'यूरुप का अखाड़ा' (Cock-pit of Europe) भी कहते हैं क्योंकि इन देशों में इतना नाज, तेल तथा धातुएँ पैदा होती हैं कि यूरुप के तमाम बड़े बड़े राष्ट्रों की ललचायी निगाहें इन पर रहती हैं और यूरुप की राजनीति पर इसका बड़ा भारी असर पड़ता है। इस समय तुर्की को छोड़ कर बाक़ी सब बाल्कन राष्ट्रों पर जर्मनी ने अधिकार कर रक्खा है। १९३४ में ग्रीस, तुर्की रूमानिया और यूगोस्लाविका ने मिल कर एक बाल्कन समझौता (Balkan Entente) किया था, पर जर्मनी के हमले ने उसका अन्त कर दिया।

Balloon Barrage गुब्बारों का बांध। गुब्बारों का जाल। इसका पुराना नाम गुब्बारों का परदा (Balloon Apron) भी है। गुब्बारों का जाल हवाई हमले से बचाव का एक कारगर तरीक़ा है। यह बांध इस तरह बनाया जाता है कि बड़े-बड़े मज़बूत गुब्बारों को फौलादी तार बांध कर उड़ा दिया जाता है। तार की लम्बाई १५ हज़ार फुट से २० हज़ार फुट तक होती है और उसका नीचे का सिरा ज़मीन से मज़बूती के साथ बांध देते हैं। जिस जगह का बचाव करना हो उसके चारों ओर इस तरह के बहुत से गुब्बारे पास-पास उड़ाये जाते हैं। नतीजा यह होता है कि शत्रु के हवाई जहाज़ों को इन गुब्बारों के ऊपर होकर आना पड़ता है क्योंकि नीचे आने से तो लटके हुए तार उन्हें उलझा कर तुरन्त ख़तम कर डालते हैं। ऊँचा उड़ने से एक तो बमों का निशाना ठीक नहीं बैठता, दूसरे बचाव करने वाले हवाई जहाज़ों का काम आसान होजाता है। शत्रु के हवाई जहाज़ यह कोशिश करते हैं कि गोली मार कर पहले गुब्बारों को नीचे गिरा दें।

Baltic States बाल्टिक राष्ट्र। बाल्टिक समुद्र से लगे हुए देश फिनलैंड, ऐस्टोनिया, लैटविया और लिथूनिया। आजकल इन सब पर जर्मनी का अधिकार है।

Bangalore Torpedo बँगलौरी टारपीडो। शत्रु ने रास्ता रोकने के लिए काँटेदार तारों का जाल लगा दिया हो तो उसे तोड़ने के लिए बँगलौरी टारपीडो का प्रयोग किया जाता है। करीब २½ इंच मोटे एक नल में तेज़ विस्फोटक भर कर और दोनों सिरों पर डाट लगा कर तार के जाल पर रख देते हैं और मौक़े पर उसे दाग देते हैं।

Barbed Wire Defence काँटेदार तारों की बाढ़। आधुनिक युद्ध में काँटेदार तार का बहुत उपयोग है। इस पर मामूली तोपों का कुछ असर नहीं होता और पैदल फौज तो काँटेदार तार की बाढ़ को पार कर ही नहीं सकती। टैंकों को रोकने के लिए काँटेदार तारों का जाल (Barbed Wire Entanglement) बिछा दिया जाता है जिसमें उलझ कर वे बेकार हो जाते हैं। यह जाल दो तरह का होता है (१) नीचा, जिसमें एक-डेढ़ फुट की मेख़ें ज़मीन में गाड़ कर उन पर तार का जाल बिछा दिया जाता है और (२) ऊँचा, जिसमें मेख़ों की ऊँचाई ४ फुट तक होती है। मेख़ों की ऊँचाई एक सी नहीं रक्खी जाती और वे गाड़ी भी बेक़ायदा जाती हैं जिससे शत्रु की अड़चन बढ़ जाय।

Barrack बारक। छावनी में फौजी सिपाहियों के रहने के इक-मंज़िले मकान।

Barge बजरा। चपटे तले की नाव जो छिछले पानी में फौजें उतारने के काम में आती हैं। जर्मनी ने ऐसे बजरे बनाये हैं जिन्हें तह करके थोड़ी-सी जगह में रक्खा जा सकता है और वक्त आने पर फैलाकर नाव बनायी जा सकती है। इन्हें जेबी बजरे (Collapsible Barges) कहते हैं।

Barrage बांध। रोक। शत्रु की प्रगति को रोकने के लिए जो उपाय काम में लिए जाते हैं उन्हें बांध कहते हैं। (देखो Artillery Barrage; Balloon Barrage; Mine Barrage; Search-light Barrage; Smoke Barrage.)

Barrel तोप या बन्दूक की नाल।

Base अड्डा। फौजी अड्डा। वह मुक़ाम जहां से फौजी कार्रवाई की जाती है।

Base, Air हवाई अड्डा। (देखो Air Base).

Base, Military फौजी अड्डा। वह मुक़ाम जहां फौजें और उनका सामान पड़ा हो।

Base, Naval नाविक अड्डा। सुरक्षित बन्दरगाह जहां जंगी जहाज़ रहते हैं।

Bastion गढ़ का कंगूरा।

Battalion बटैलियन। यह अंग्रेज़ी पैदल फौज़ की इकाई है। एक बटैलियन में चार कम्पनियां होती हैं और लगभग १००० सैनिक होते हैं। इनमें पैदल फौज के सब विभाग शामिल होते हैं। (देखो Army; Infantry)

Battery बैटरी। (१) तोपखाने की इकाई जिसमें दो-दो तोपों की दो या तीन टुकड़ियां होती हैं और उनके साथ ज़रूरी सामान और मददगार होते हैं। (२) कतार में सजी हुई तोपें जो एक साथ छोड़ी जाती हैं।

Battle Cruiser जंगी गश्ती जहाज़। यह बहुत तेज़ चलने वाला जंगी जहाज़ होता है और इसीलिए हलका बनाया जाता है। बड़े जंगी जहाज़ का बख्तर बहुत मोटी फौलादी चादर का होता है, लेकिन इसमें यह मोटाई बहुत कम करदी जाती है। आजकल नये-नये आविष्कारों के कारण जंगी जहाज़ (देखो Battle Ship) और जंगी गश्ती जहाज़ की बनावट में ज्यादा फ़र्क नहीं रह गया है। दुनिया का सबसे बड़ा जंगी गश्ती जहाज़ 'हुड' (Hood) था जिसे जर्मनी ने डुबा दिया। (देखो Cruiser; Warships).

Battle Ship जंगी जहाज़। लड़ाई का बड़ा जहाज़। लड़ाई के तमाम जहाज़ों में जंगी जहाज़ सबसे बड़ा और सबसे मज़बूत और सबसे शक्तिशाली होता है। संसार के सब राष्ट्रों के पास मिला कर ४०-४५ से ज्यादा जंगी जहाज़ नहीं हैं। इंग्लैंड का सबसे बड़ा और सबसे नया जंगी जहाज़ 'प्रिंस ऑफ वेल्स' सिंगापुर के पास जापानियों के हमले से डूब चुका है।

वर्साई की सन्धि की शर्तों के अनुसार जर्मनी १०,००० टन (देखो Tonnage) से ज्यादा के जंगी जहाज़ नहीं बना सकता था, इसलिए उसने अकल लड़ा कर उसी हद में बड़े अद्भुत जंगी जहाज बना कर दिखा दिये। इन्हें जेबी जंगी जहाज़ कहा जाता है। इस किस्म का एक मशहूर जहाज़ 'ग्राफ़ स्पी' (Graf Spee) तो क़ैद होने के बजाय खुद ही डुबा दिया गया।

जंगी जहाज़ों में १४ इंच से लगा कर १६ इंच दहाने तक की भारी तोपें चढ़ी रहती हैं। इनके अलावा ६ इंच दहाने की सहायक हल्की तोपें भी होती हैं। इन जहाज़ों पर १४ इंच मोटी फौलादी चादर मढ़ी रहती है जिससे हवाई जहाज़ से गिराये हुए बम इन्हें नुकसान न पहुँचा सकें। टारपीडो और सुरंगों से बचाव के भी साधन इनमें रहते हैं। इनमें हवामार तोपें, टारपीडो और हवाई-जहाज़ भी रहते हैं। एक जंगी जहाज़ बनाने में कई साल लग जाते हैं और लगभग १० करोड़ रुपया खर्च पड़ता है।

लंदन की नाविक संधि (Naval Treaty) में जंगी जहाज़ों का वज़न ३५ हज़ार टन मर्यादित कर दिया गया था, पर जापान ने इसे मानने से इन्कार कर दिया। इसलिए यह मर्यादा बढ़ा कर ४५ हज़ार टन कर दी गयी। (देखो War Ships).

B. B. C.(British Broadcasting Corporation) ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन। यह इंग्लैंड से सारे संसार को रेडियो के ज़रिये खबरें वग़ैरा सुनाती है। इंग्लैंड में इसके बहुत से स्टूडियो हैं, पर बृटिश साम्राज्य के देशों के लिए डैवेन्ट्री (Daventry) से प्रोग्राम निकलते हैं।

B. E. F. (British Expeditionary Force) अंग्रेज़ी सफ़री फौज। वह फौज जो शत्रु से लड़ने के लिए इंग्लैंड से बाहर किसी दूसरे देश को भेजी जाय। इस तरह की फौजें पहले फ्रांस और बेल्जियम को भेजी गयी थीं और अब अफ्रिका में लड़ रही हैं।

Belligerency युद्ध-स्थिति। समरावस्था। अन्तर्राष्ट्रीय नियमों के अनुसार युद्ध में प्रवृत्त होने की स्थिति।

हेग समझौते में वर्णित युद्ध के नियमों और रिवाजों में समराधिकारी (Belligerents) नामक शीर्षक के अंतर्गत तीन अध्याय हैं : (१) समराधिकारी के लक्षण; (२) युद्ध के कैदी; (३) मरीज़ और घायल।

अन्तर्राष्ट्रीय कानून की दृष्टि से समराधिकारी

उसी को माना जाता है जिसकी फौजों के तमाम कार्यों की ज़िम्मेदारी उसके कमान्डरों पर हो; जो युद्ध में अपने ख़ास चिन्ह या झंडे (जो दूर से पहचाने जा सकें) इस्तैमाल करे; और जो सभ्य मनुष्यों में प्रचलित कायदों के अनुसार युद्ध करे ।

Belligerent Rights समराधिकार । यह अधिकार उन्हीं को प्राप्त हो सकता है जो हेग समझौते की शर्तों के अनुसार युद्ध करें । तटस्थ देश किसी देश के विद्रोहियों को भी समराधिकारी मान सकते हैं । समराधिकारी देश तटस्थ देशों से लड़ाई का सामान ख़रीद सकते हैं और शत्रु की नाकेबन्दी भी कर सकते हैं ।

Belligerents समराधिकारी देश । अन्तर्राष्ट्रीय नियमों और रिवाजों को मानकर युद्ध करने वाले देश ।

Big Bertha बिग बर्था । जर्मनी की उस बड़ी तोप का नाम जो जर्मनी ने पिछले महायुद्ध में बनायी थी और जिसका गोला ७६ मील तक मार करता था । (देखो Artillery).

Bilateral दो-पक्षीय । जब कोई दो देश ऐसा समझौता या ऐसी कार्रवाई करते हैं जो उन दोनों के बीच पारस्परिक हो तो उसे दो-पक्षीय कहते हैं ।

Billetting फौज़ के सिपाहियों को लोगों के घरों में ठहराना । जब फौज के सिपाही या युद्ध कार्य में लगे हुए नागरिक किसी के घर में कानूनन ठहराये जाते हैं तो ठहराने वाले को उनके रहने और खाने-पीने का ख़र्चा दे दिया जाता है ।

Black Out ब्लैक-आउट । रोशनी गुल । (देखो Air Raid Precautions).

Blast धड़ाका । धमाका । ऊपर से गिरा हुआ बम जब ज़मीन के भीतर जाकर फटता है तो जितनी ज़मीन को वह उखाड़ देता है उस पर बनी हुई इमारतें वग़ैरा नष्ट होजाती हैं; पर उसके धमाके से दूर-दूर की इमारतें भी हिल जाती हैं और गिर पड़ती हैं ।

Blasting तोड़फोड़ी लगाना । सुरंग लगा कर उड़ाना । युद्ध में शत्रु का रास्ता रोकने के लिए मकानों, सड़कों, पुलों, वग़ैरा को उड़ा दिया जाता है । जिस जगह को उड़ाना होता है वहां छोटे-छोटे गड्ढे (जिनका मुंह छोटा और भीतर से पेट बड़ा रक्खा जाता है) खोद कर उनमें डिनेमाइट (Dynamite) या अन्य विस्फोटक पदार्थ भर देते हैं । रास्ता बनाने के लिए चट्टानें भी इसी तरह उड़ाई जाती हैं । आजकल इन कामों के लिए कई तरह की नयी-नयी सुरंगें बन गयी हैं ।

Blasting Gelatine ब्लास्टिंग जिलेटिन । सुरंग लगा कर उड़ाने का एक बारूद की तरह गाढ़ा मसाला । (देखो Explosives).

Blitzkrieg त्वरित युद्ध । तुर्त-फुर्त या जल्दी की लड़ाई । यह जर्मन भाषा का शब्द है, जिसका अर्थ है 'बिजली की तरह तेज़ी से लड़ाई' । जर्मनी इसी ढंग से लड़ कर युद्ध को जल्दी ख़तम करना चाहता है पर उसका इरादा पूरा नहीं होरहा है । फ्रांस में उसका यह ढंग ज़रूर कामयाब होगया । इस ढंग में शत्रु पर इतनी तेज़ी से धावा बोला जाता है कि उसे सँभलने का मौक़ा नहीं मिलता ।

Blister Gas व्रणकारक गैस । शरीर पर छाले डालने वाली सांघातिक गैस । देखो (Chemical Warfare).

Bloc गुट्ट । राजनैतिक गुट्ट । राष्ट्रों की किसी विशेष उद्देश्य के लिए राजनैतिक एकता ।

Blockade नाकाबन्दी । समुद्री घेरा । शत्रु के जहाज़ों को और समुद्री रास्ते से पहुँचने वाली रसद को रोकना । आधुनिक युद्ध-कला में नाकाबन्दी का बहुत महत्व है क्योंकि लगभग सभी देशों को अपनी ज़रूरत की बहुत-सी चीज़ें बाहर से मँगवानी पड़ती हैं । आजकल अन्तर्राष्ट्रीय कानून में नाकेबन्दी तभी स्वीकार की जाती है जब उसे कारगर बनाने के लिए नाकाबन्दी करने वाले के पास काफ़ी समुद्री ताक़त हो। नाकेबन्दी सिर्फ़ शत्रु के समुद्री किनारों पर ही की जा सकती है, तटस्थ देशों के किनारों पर नहीं । इसलिए शत्रु तटस्थ (देखो Neutrality) देशों के मार्फ़त सामान मंगवा सकता है । इसे रोकने के लिए आजकल निषिद्ध माल-नियंत्रण (देखो Contraband Control) का सहारा लिया जाता है । नाकेबन्दी को कारगर बनाने के लिए शत्रु के समुद्री किनारों के पास जल-सुरंगें भी डाल दी जाती हैं । वर्तमान महायुद्ध में इंग्लैंड ने जर्मनी की नाकेबन्दी कर रक्खी है और जर्मनी ने इंग्लैंड की ।

Blockade Running नाकाबन्दी बचाना । शत्रु की

नाकेबन्दी के बावजूद भी पहरेदार जहाज़ों की निगाह बचा कर चुपचाप निकल जाना।

Bofors Gun बोफ़र्स तोप। एक प्रकार की हलकी हवा-मार तोप जिसमें से २-२ पौंड के गोले छूटते हैं। यह तोप चलती-फिरती क़िस्म की होती है, यानी इसे एक जगह से दूसरी जगह ले जा सकते हैं।

Bomb बम। बम में और गोले में यह फ़र्क़ होता है कि गोला तोप के द्वारा धक्के से फेंका जाता है और बम वैसे ही गिराया जाता है। इसलिए गोले का खोल मज़बूत बनाया जाता है और उसकी गति भी बम से तेज़ होती है। बम इतनी प्रकार के होते हैं:—

Fragmetary Bombs फटने वाले बम। ये बम ज़मीन पर गिरते-गिरते बड़े ज़ोर से फट जाते हैं और इनमें से गोलियां, कारतूस, वग़ैरा निकल कर चारों तरफ़ बिखर जाते हैं। ये बम फौजों पर फेंके जाते हैं और एक साथ बहुत से सैनिकों को घायल कर देते हैं।

Gas Bombs गैस बम। गैस के बम जिनके फूटने से ज़हरीली गैसें फैल जाती हैं। इनका व्यावहारिक प्रयोग अभी बहुत कम हुआ है। (देखो Chemical Warfare).

Grenades अनार या अनारी बम। ये बम हाथ से फेंके जाते हैं और राइफल से भी छोड़े जाते हैं। दस्ती अनार (Hand Grenades) एक छोटा-सा गोला होता है जिसमें पलीता (Fuse) लगा रहता है। यह पलीता या तो रगड़ से जल उठता है या मुक़र्रर वक्त पर (देखो Time Fuse) अपने आप जल उठता है। रगड़ से जलने वाले अनार फेंकने वाले के लिए ख़तरनाक होते हैं, इसलिए वक्त पर फूटने वाले अनार ही ज्यादातर काम में आते हैं। सबसे कारगर अनार 'मिल्स दस्ती अनार' (Mills Hand Grenade) कहलाता है। इसमें एक कील लगी रहती है जो फेंकते वक्त निकाल ली जाती है और यह फिर ठीक ५ सैकंड बाद फट जाता है। इतनी देर में फेंकने वाले को छिपने का मौक़ा मिल जाता है। अनारों को फटने वाला बनाने के बजाय इनमें विस्फोटक और गैस भी भरे जा सकते हैं।

High Explosive Bombs तेज़ विस्फोटक बम। ये बहुत भारी और दीर्घकाय होते हैं और इनमें बड़ा तेज़ विस्फोटक मसाला भरा रहता है। ये इमारतें, क़िलेबन्दी, वग़ैरा तोड़ने के काम में आते हैं इसलिए इन्हें ढाने वाले बम (Demolition Bombs) भी कहते हैं। इनमें ऐसा पलीता लगाया जाता है कि बम ज़मीन के अन्दर कुछ गहराई तक घुस जाने के बाद फूटे। फूटने पर यह अपने चारों तरफ़ क़रीब १०० फुट के दायरे में इमारतों को उड़ा देता है और इसके धमाके से तो दूर-दूर तक की इमारतें ढह जाती हैं। अगर यह बम हवाई जहाज़ से खूब ऊंचाई से गिराया जाय तो ज़मीन तक आते-आते इसका वेग क़रीब ६०० फुट प्रति सैकंड हो जाता है। ऐसे बमों का वज़न ३००० पौंड तक होता है।

Incendiary Bombs आग्नेय बम। आग-लगाऊ बम। वर्तमान युद्ध में नागरिक जनता को नुकसान पहुँचाने के लिए इस बम का खूब उपयोग हो रहा है। इसमें थर्मिट (Thermit) नाम का भयंकर जलने वाला पदार्थ भरा रहता है जिसकी आग बुझाये नहीं बुझती। पानी और रेत का इस पर कुछ असर नहीं होता। इसकी आग इतनी तेज़ होती है कि यह लोहे की चादरों को पिघलाता हुआ पार निकल जाता है, लकड़ी का तो ठिकाना ही क्या। एक आग्नेय बम में २ पौंड थर्मिट रहता है।

Radio Bombs रेडियो बम। इन्हें पहले किसी जगह गिरा दिया जाता है और ठीक मौक़ा आने पर रेडियो या बेतार के ज़रिये इनका पलीता सुलगा दिया जाता है।

Screeching Bombs चीख़ने वाले बम। इनमें ऐसा बाजा लगा रहता है जो बम गिरते वक्त बड़ी कर्कश और घोर आवाज़ करता है। जर्मनी ने इस तरह के बहुत से बम लंदन पर गिराये हैं।

Time Bombs नियत-कालिक बम। काल-बम। गिराये जाने के बाद एक निश्चित समय में फटने या फूटने वाले बम। इनमें काल-पलीता (देखो Time Fuse) लगा रहता है।

ऊपर से गिराये जाने वाले बम नोकदार कारतूस के आकार के होते हैं। नोक को नाक (Nose) कहते हैं और दूसरे सिरे को दुम (Tail)। पलीता

नाक में भी होता है और दुम में भी। दुम की तरफ एक पंखा लगा रहता है जिसके घूमने से गिरते वक्त नाक नीचे की तरफ़ रहती है। यह पंखा चाभी का भी काम करता है, यानी उसके कुछ निश्चित चक्कर हो जाने से पहले बम नहीं फूट सकता। हवाई जहाज़ से गिराये जाने वाले बमों को हवाई बम (Aerial Bombs) कहते हैं।

Bomber बम-मार हवाई जहाज़। (देखो Aircraft)

Bombing बम-बारी। हवाई जहाज़ों से बम गिराना।

बम गिराने के लिए शत्रु के हवाई जहाज़ अकसर दल बांध कर या व्यूह बनाकर आते हैं। बीच में बम-मार हवाई जहाज़ रहते हैं और उनके चारों तरफ़ शिकारी हवाईजहाज़। शिकारी हवाईजहाज़ तो बचाव करने वाले हवाई जहाज़ों से उलझते रहते हैं और उधर बम-मार अपना काम करके भाग जाते हैं। रात में दल के बजाय इक्के-दुक्के हवाई जहाज़ थोड़ी-थोड़ी देर के बाद आते रहते हैं और बम गिरा कर चले जाते हैं। कोशिश यह रहती है कि बम गिरा कर फौजी मुकामों (देखो Military Targets) को नष्ट कर दिया जाय।

ठीक निशाने पर बम गिराना कोई सहल काम नहीं है। उस पर इतनी बातों का असर पड़ता है: (१) हवाई जहाज़ का वेग; (२) हवाई जहाज़ की ऊंचाई; (३) हवा का रुख़; (४) अगर किसी जहाज़ या चलती हुई चीज़ पर बम गिराना हो तो उसकी चाल। इन बातों के लिहाज़ से बम-बाज़ की मदद के लिए हवाई जहाज़ में कई तरह के पेचीदा यंत्र लगे रहते हैं।

हवाई जहाज़ में बम आड़े बिछे रहते हैं और क्लिपों के ज़रिये अटके हुए होते हैं। इन क्लिपों को खोलने के लिए बम-बाज़ के सामने कल लगी रहती है जिससे वह ज़रूरत के मुताबिक बम गिराता हुआ चला जाता है।

Bombing, Dive झपटानी बम-बारी। चील की तरह झपट्टा मार कर बम गिराना। यह बड़ी जीवट और होशियारी का काम है और अगर कामयाब हो जाय तो इससे नुकसान भी बहुत होता है। छोटी-छोटी और चलती हुई चीज़ों को भी इस तरीक़े से बम का निशाना बनाया जा सकता है। झपटानी बम-बारी की तरकीब यह है कि हवाई जहाज़ बहुत ऊँचाई से एक दम निशाने की तरफ़ झपटता है और पास आते ही एक दम बम गिराकर फिर ऊँचा चढ़ जाता है। इस तरह बम बिल्कुल सीधा गिरता है और हवाई जहाज़ का वेग भी इतना अधिक होता है कि उसे मार गिराना मुश्किल हो जाता है।

Bren Gun ब्रेन गन। एक तरह की हलकी कल-दार (Automatic) तोप। यह ६०० गज़ तक की मार करती है और एक मिनिट में क़रीब १५० फ़ैर करती है। शत्रु पर गोलियों की बौछार करने के अलावा इस से नीचे उड़ने वाले हवाई जहाज़ों की भी ख़बर ली जाती है।

Brigade ब्रिगेड। अंग्रेज़ी फौज की एक इकाई। एक ब्रिगेड में पैदल फौज की चार बटैलियन (देखो Battalion) या रिसाले की दो या अधिक बटैलियन होती हैं। इनके साथ सेना के रसद वग़ैरा के भी विभाग रहते हैं। तोपखाने की ब्रिगेड में दो या तीन बैटरियां (देखो Battery) होती हैं।

Bridge Company पुल कम्पनी। पुल बनाने का सामान लेकर सेना के साथ चलने वाला फौजी दस्ता। (देखो Field Engineering).

Bridge-head पुल का सिरा। जब बढ़ती हुई फौज के मार्ग में नदी पड़ जाती है जिसके दूसरी ओर शत्रु की फौजें पड़ी हों, तो पहले एक हमला करने वाली टुकड़ी को भेजा जाता है जो नदी के परले किनारे पर पहुँच कर कुछ ज़मीन पर क़ब्ज़ा कर लेती है। फिर यह टुकड़ी कुछ आगे बढ़ जाती है और पुल बनाने वालों को शत्रु के आक्रमण से बचाने का प्रयत्न करती है। इस सारी क्रिया को 'पुल का सिरा क़ायम करना' कहते हैं।

British Army अंग्रेज़ी फौज। (देखो Army).

British Expeditionary Force अंग्रेज़ी सफ़री फौज। (देखो B. E. F.)

British Imperialism ब्रिटिश साम्राज्यवाद। दूसरे देशों पर अपना प्रभुत्व स्थापित करके साम्राज्य बनाये रखने की इंग्लैंड की नीति। भारतवर्ष इसी साम्राज्य-वाद का शिकार हो रहा है।

Buffer State बिचला देश। मध्यवर्ती देश। दो शत्रु

देशों के बीच का देश। इस तरह के देश की स्थिति बड़ी नाज़ुक होती है क्योंकि उसके दोनों ओर के राष्ट्र उसे अपनी-अपनी तरफ़ खींचने की कोशिश में रहते हैं। इस समय जर्मन और अंग्रेज़ी शक्तियों के बीच टर्की बिचला देश बना हुआ है।

Bullet गोली या छर्रा।

C

Cable मोटा तार। (१) मोटा और सुरक्षित तार जिस में होकर बिजली की धारा बहती है। (२) धातु के तारों की गुथी हुई मोटी रस्सी। (३) तार से भेजा हुआ समाचार।

Cable Layer (१) समुद्र में तार बिछाने वाला जहाज़। (२) युद्ध क्षेत्र में तार से समाचार भेजने के इन्तज़ाम के लिए तार बिछाने की ख़ास गाड़ी।

Calibre मुहाना। दहाना। मोहरी। तोप या बन्दूक की नाल का भीतरी व्यास। यह शब्द विशिष्ट रूप से इसी अर्थ में प्रयुक्त होता है। अगर किसी तोप की मोहरी १६ इंच है, तो उसका अर्थ यह है कि उसकी नाल का भीतरी व्यास १६ इंच है। यूरुप में मोहरी का नाप मिलीमीटरों में दिया जाता है।

Camouflage आवरण। आच्छादन। नकली रूप। सैनिक महत्व के स्थानों और वस्तुओं का ऐसा नकली रूप बना देना कि वे शत्रु की नज़र न पड़ें। इस प्रकार छिपाने या ढकने की कला।

हवाई युद्ध के साथ-साथ अब आच्छादन कला का महत्व बहुत बढ़ गया है। यहां तक कि इसका एक अलग विभाग ही बन गया जिसमें वैज्ञानिक और चित्रकार नित्य नये-नये अनुसंधान करते रहते हैं कि फौजी मुकामों और चीज़ों को सफलतापूर्वक किस प्रकार ढका जाय जिससे शत्रु धोखा खा जाय।

आच्छादन कला में सब से पहला क़दम तो सिपाहियों की ख़ाकी वर्दी है जो ज़मीन के रंग में मिल जाती है।

छोटी-छोटी चौकियों को इस तरह बनाया जाता है कि वे दूर से पेड़ों के ठूंठ नज़र आवें। इनमें बैठ कर सिपाही आराम से इधर-उधर चौकसी रखते हैं।

युद्ध-क्षेत्र में तोपों को ढकने के लिए उन पर एक जाल फैला दिया है। इस जाल को बीच में या तो घास, पत्तियों वग़ैरा से ढक दिया जाता है या उस पर एक कपड़ा डाल दिया जाता है जिस पर घास-फूस के चित्र बने होते हैं।

बड़ी-बड़ी इमारतों को इस तरह रंग दिया जाता है कि बहुत ऊँचे उड़ते हुए हवाई जहाज़ में से वे बहुत छोटी और नाचीज़ नज़र आती हैं। कभी-कभी कारख़ानों की छतों पर ऐसी चित्रकारी कर दी जाती है कि वे आसपास के जंगल में मिली हुई नज़र आवें।

हवाई जहाज़ों को इस तरह रंगा जाता है कि वे बादलों के रंग में मिल जावें। जहाज़ों को छिपाना तो असम्भव है, पर उन पर इस तरक़ीब से रंग किया जाता है कि वे देखने वाले को चौंधिया दें और उन पर ठीक निशाना न मारा जा सके।

Comonflet सुरंगी सूराख़। सड़कों को नष्ट करने के लिए उनके बीच में सूराख़ करके उड़ाने का मसाला भर दिया जाता है। (देखो Blasting).

Cannon तोप। तोप का पुराना नाम।

Cannon Fodder तोप का निवाला। अगर किसी को मरने के लिए तोप के सामने खड़ा कर दिया जाय तो उसे तोप का निवाला कहते हैं। युद्ध में विश्वास नहीं करने वाले लोग फौजों को इसी नाम से पुकारते हैं।

C. A. P. सी. ए. पी.। हलकी अश्रु गैस। (देखो Chemical Warfare).

Capital Ship मुख्य या प्रधान जहाज़। नये क़िस्म के जंगी जहाज़ को मुख्य जहाज़ कहा जाता है क्योंकि यह नौ-सेना की एक मुख्य चीज़ होता है। (देखो Battleship)

Capitulation अधीनता स्वीकार करना। युद्ध में हारने के बाद जो अधीनता स्वीकार की जाती है उसके लिए यह शब्द प्रयुक्त होता है।

Captive Balloon बँधा हुआ गुब्बारा। गुब्बारों का बाँध बनाने वाले गुब्बारे। (देखो Balloon Barrage)

Carriers गाड़ियाँ। तोपों की गाड़ियाँ।

Cartrige कारतूस।

Cash and Carry नक़द दो और माल ले जाओ। वर्तमान युद्ध शुरू होने पर अमेरिका के संयुक्त राज्य ने एक कानून बनाया था जिसके अनुसार कोई भी समराधिकारी देश उससे लड़ाई का सामान इस शर्त पर ख़रीद सकता था कि वह नक़द कीमत देकर माल को अपने आप ले जाय।

Casualty आहत और मृत। युद्ध में घायल होने वाला या मरने वाला।

Casualty List आहत-पत्र। युद्ध में घायल होने वालों और मरने वालों की सूची जो समय-समय पर फौज़ी विभाग की ओर से प्रकाशित की जाती है।

Casus Belli युद्ध-कारण। बिना-ए-मुख़ासमत।

Caterpillar Tracks पेटीदार पहिये। ये टैंकों में लगे रहते हैं और इन के ज़रिये टैंक सब तरह की ऊबड़-खाबड़ ज़मीन को पार कर जाता है। (देखो Tanks)

Cavalry रिसाला। घुड़सवार फौज़। आजकल घुड़सवार फौज का अधिक महत्व नहीं रह गया है। घोड़ों के बजाय अब फौजें मोटर-साइकिलों पर या लारियों पर चलती हैं।

Cease-Fire Order युद्ध-रोको आज्ञापत्र। जब युद्ध करने वाले देशों में संधि होजाती है तो फौजों को युद्ध-रोको की आज्ञा दी जाती है।

Ceiling ऊँचाई की हद। जितनी ऊँचाई तक कोई हवाई जहाज़ पहुँच सकता है वह उसकी ऊँचाई की हद कहलाती है।

Censor सेंसर। समाचार निरीक्षक। युद्धकाल में हरदेश में सेंसर नियुक्त कर दिये जाते हैं जिनका काम यह होता है कि देश से जाने वाले और देश में आने वाले समाचारों और पत्रों की कड़ी जांच करें, ताकि कोई आपत्तिजनक मसाला शत्रु के हाथ में न पड़ जाय। सेंसर को बहुत अधिकार होते हैं। वह हर चिट्ठी को खोल सकता है और उसमें से आपत्तिजनक भाग को निकाल सकता है। अख़बारों में छपने वाली ख़बरों का नियन्त्रण भी सेंसर का ही काम है।

Charge d'Affaires उप-राजदूत। राजनैतिक विभाग में चौथे दर्जे का अफ़सर।

Chaser Plane मारभगाऊ हवाई जहाज़। शत्रु के शिकारी हवाई जहाज़ों का पीछा करने वाला हवाई जहाज़। इसकी गति बहुत तेज़ होती है।

Chemical Warfare रासायनिक युद्ध। रासायनिक पदार्थों के द्वारा लड़ा जाने वाला युद्ध। वैसे तो आधुनिक युद्धों में तमाम लड़ाई का सामान रासायनिक होता है, पर साधारण तौर पर रासायनिक युद्ध उसी को कहा जाता है जिसमें ज़हरीली गैसों का प्रयोग किया जाय। रासायनिक पदार्थों के सामरिक उपयोग में गैसों के अलावा तीन चीज़ें और शामिल की जाती हैं:- (१) अग्नि-विक्षेपक या शोले फेंकने वाले (देखो Flawe Throwers); (२) धूम्र-अवगुण्ठन या धुएँ का पर्दा (देखो Smoke screen); और (३) रॉकेट (देखो Rocket)।

युद्धोपयोगी ज़हरीली गैसों को चार श्रेणियों में बाँटा जा सकता है: —

Lachrymators अश्रुकारक। इन से आँखों में आंसू भर आते हैं और मनुष्य कुछ समय के लिए अन्धा होजाता है। आजकल भीड़ों को तितर-बितर करने के लिए इसी श्रेणी की अश्रु-गैस (Tear Gas) का उपयोग किया जाता है। ज़ाइलाइल ब्रोमाइड (Xylyl Bromide) और इथाइल आयडैसिटेट (Ethye Iodacetate) ज़्यादातर काम में आते हैं। ये तरल पदार्थ होते हैं और फुहार के रूप में छोड़े जाते हैं।

Pulmonary Irritants फुफ्फुस प्रदाहक। फेंफड़ों पर असर करने वाली। फ़ॉस्जीन (Phosgene) और क्लोरोपिक्रिन (Chloropicrin) इस श्रेणी के पदार्थ हैं। ये भी तरल होते हैं। इनकी गैस फेंफड़ों में घुस कर भयंकर प्रदाह उत्पन्न कर देती है।

Sternutators छींक-कारक। ये आंख, नाक और फेंफड़ों पर असर करती हैं जिससे बड़े ज़ोर की छींकें आने लगती हैं। ये गैस-कवच (देखो Gas Mask) के भीतर प्रवेश कर जाती हैं और पहनने वाला छींकों से घबरा कर उसे उतारने पर मजबूर हो जाता है। इस श्रेणी की सब गैसों में संखिया होता है और इस कारण ये सांघातिक होती हैं।

Vesicants व्रण-कारक। शरीर पर छाले डालने वाली। इनमें मुख्य मस्टर्ड गैस (Mustard Gas) है। यह शरीर से लग जाय तो फौरन छाले पैदा कर देती है जो बड़े यंत्रणादायक होते हैं, और अगर थोड़ी भी मात्रा में फेंफड़ों में घुस जाय तो सांघातिक हो जाती है। इससे बचने के लिए गैस-कवच के अलावा खास तौर के कपड़े भी पहनने पड़ते हैं। मस्टर्ड गैस के आक्रमण के बाद उस जगह को धोकर खूब साफ करना पड़ता है (देखो Decontamination), ताकि दीवारों वग़ैरा से चिपकी हुई इसकी बूंदें लोगों को नुकसान न पहुँचावें। यह गैस भी तरल रूप में होती हैं और फुहारों से छोड़ी जाती है।

वर्तमान युद्ध में अभी तक गैसों का प्रयोग नहीं किया गया है। एक तो इसलिए कि यह दुधारी तलवार है और दूसरे इसलिए कि गैसों के प्रभाव को जितना कारगर समझा जाता है उतना वास्तव में होता नहीं है। गैसें हवाई जहाजों से फुहारों के द्वारा या गैस-बमों में भर कर छोड़ी जाती हैं।

Chlorarsine क्लोरार्सीन। एक छींक-कारक गैस। (देखो Chemical Warfare.)

Chloropicrin क्लोरोपिक्रिन। फुप्फुस प्रदाहक गैस। (देखो Chemical Warfare).

Cipher संकेताक्षर। गुप्त समाचार भेजने के लिए काम में लाये जाने वाले संकेताक्षर। युद्धकाल में हरेक देश अपने अलग संकेताक्षर रखते हैं और फौजी आज्ञापत्र तथा समाचार इन्हीं में भेजते हैं ताकि शत्रु को पता न लगने पावे।

Civil Defence नागरिक रक्षा। नागरिकों को हवाई हमले से बचाने के उपाय। (देखो A. R. P.)

Civil War अन्तरिक कलह। गृह-युद्ध। किसी देश के आन्तरिक राजनैतिक दलों में आपसी युद्ध। स्पेन का गृह-युद्ध इसका एक ताजा उदाहरण है।

Clinometer क्लिनोमीटर। बहुत दूर की चीज़ों पर तोप का निशाना बांधने और उसे ठीक कोण पर दागने का यन्त्र।

Coastal Defence तट-रक्षा। समुद्रवर्ती देशों को शत्रु के आक्रमण से सुरक्षित रहने के लिए अपने तटों पर पहरेदारी और रक्षा का बड़ा भारी इन्तजाम करना पड़ता है। तट-रक्षा के लिए सेना का एक विभाग ही अलग होता है जिसे तट-कमान (Coastal Command) कहते हैं तट रक्षा के साधन शिकारी हवाई जहाज़, हवामार तोपें, गश्ती जहाज़, सुरंग बटोरने वाले जहाज़, सुरंगें, पहरे की किश्तियां, वग़ैरा हैं।

Cock-pit of Europe युरप का अखाड़ा। (देखो Balkan States).

Code सांकेतिक भाषा। सरकारी या फ़ौजी गुप्त समाचार भेजने की सांकेतिक भाषा। हरेक देश ने अपनी-अपनी अलग सांकेतिक भाषा बना रखी है जिससे उसकी गुप्त बातें दूसरों पर प्रकट न हो सकें।

Collective Security सम्मिलित रक्षा। शामिल हिफ़ाज़त। १९३५ में रूस के विदेशी मन्त्री मि० लिट विनॉफ ने यह सुझाव रक्खा था कि सब राष्ट्र मिलकर एक दूसरे की हिफ़ाज़त की गारंटी करने का अहदनामा करलें। अबीसीनिया के युद्ध के बाद नात्सी-विरोधी राष्ट्रों के बीच इस तरह के अहदनामे की चर्चा चली थी, पर नतीजा कुछ नहीं निकला।

Column फौजी दस्ता। पीछे की तरफ़ लम्बा फ़ौज़ी दस्ता।

Column, Mobile चलता-फिरता फ़ौज़ी दस्ता।

Combatant युद्ध-कर्मी। युद्ध में भाग लेने वाला। अन्तर्राष्ट्रीय कानून में सैनिकों के अलावा युद्ध के कार्य में क्रियात्मक सहायता देने वाले सब लोग Combatants कहलाते हैं। युद्ध में भाग लेने वालों पर आक्रमण किया जासकता है और उन्हें कैदी बनाया जासकता है। राजदूत और उनके अधीनस्थ कर्मचारी तथा रेड-क्रास के कार्यकर्त्ता इस दायरे में नहीं आते। ये निरायुध (Non-Combatants) कहलाते हैं। हवाई युद्ध के ज़ारी होने से अब युद्ध-कर्मियों और निरायुधों में कोई भेद नहीं रहा। बल्कि बमों से युद्ध-कर्मी उतने नहीं आहत होते जितने निरस्त्र नागरिक।

Combatant, Non- निरायुध (देखो Combatant)।

Comintern कॉमिन्टर्न। रूस के केन्द्रीय साम्यवादी संगठन कम्यूनिस्ट इन्टरनेशनल (Communist International) का छोटा नाम।

Command कमान।

Commandant कमांडेन्ट। किसी क़िले या फौज़ी अड्डे का अफ़सर। सरदार।

Commandeer फ़ौजी काम के लिए किसी चीज़ या इमारत को तलब करना। युद्धकाल में सरकारी हुक्म से किसी भी चीज़ या इमारत को फ़ौजी काम के लिये कब्ज़े में किया जा सकता है। पर यह कोई ज़रूरी बात नहीं है।

Commander कमांडर। सिपहसालार। फौज़ का बड़ा अफ़सर।

Commander-in-Chief सालार-जंग। युद्धकाल में फौज का सबसे बड़ा अफ़सर; प्रधान सेनापति।

Commanding Officer कमांडिंग अफ़सर। सेना की किसी पल्टन का अफ़सर। हरेक पल्टन का अपना अलग कमांडिंग अफ़सर होता है।

Commissariat कमसरियट। फौज़ का वह विभाग जो खाने पीने की रसद का इन्तज़ाम करता है अंग्रेज़ी फ़ौज में यह काम सर्विस कोर के ज़िम्मे होता है।

Commodore कमोडोर। अंग्रेज़ी नौ-सेना और हवाई सेना में अफ़सर का एक ऊंचा दर्जा।

Communique विज्ञप्ति। सूचनापत्र। सरकारी तौर पर, जनता की सूचनार्थ, प्रकाशित की जाने वाली विज्ञप्ति।

Communist International अन्तर्राष्ट्रीय साम्यवादी संगठन। ट्राटस्की (Trotsky) के रूस से निकाले जाने के बाद यह संगठन ठेठ रूसी होगया और दूसरे देशों के साम्यवादियों की नीति निर्धारित करने की स्वतन्त्रता इसे नहीं रही।

Company कम्पनी। फ़ौज की एक छोटी इकाई। एक कम्पनी में कई प्लाटून (Platoon) होते हैं (देखो Army).

Concentration Camp कंसन्ट्रेशन कैम्प। नात्सीवाद के विरोधियों को बन्द रखने के लिए जर्मनी में बनाये गये केन्द्र। इन केन्द्रों में कैदियों के साथ बड़ी निर्दयता का व्यवहार किया जाता है। न तो इन पर कोई मुकदमा चलाया जाता है और न इनकी कोई मियाद होती है। बहुत से लोग तो बरसों सड़ा करते हैं। नात्सीवाद के विरोध का ज़रा भी संदेह होने पर लोगों को इन केन्द्रों में यातनायें भुगतने के लिए डाल दिया जाता है।

Conning Tower निरीक्षण मीनार। जंगी जहाज़ पर बनी हुई फौलादी मीनार जिस पर बैठने वाला चारों तरफ़ निगाह रखता है और जहाज़ का मार्ग-निर्देश करता है।

Conscientious Objector नैतिक युद्ध-विरोधी। वह मनुष्य जो धार्मिक या नैतिक कारणों से सब प्रकार के युद्धों का विरोध करता है। पूर्ण विरोधी (Absolutist) वे होते हैं जो युद्ध के किसी भी कार्य में सहायता देने से इन्कार करते हैं। परन्तु हितैषी (Sincere) विरोधी केवल शस्त्र लेकर युद्ध नहीं करना चाहते, बाकी कामों में निरायुधों (Non-combatants) की तरह मदद करने को तैयार रहते हैं। जब देश में लामबन्दी (देखो Conscription) जारी हो जाती है तो युद्ध-विरोधियों को सैनिक सेवा से बचने के लिए एक ख़ास अदालत के सामने दरख़्वास्तें देनी पड़ती हैं। गांधीजी और उनके अनुयायी एक प्रकार से नैतिक युद्ध-विरोधी माने जा सकते हैं क्योंकि वे अहिंसा की दृष्टि से सब युद्धों को बुरा समझते हैं।

Conscription लामबन्दी। अनिवार्य सैनिक सेवा। जब युद्ध के कारण किसी देश में लामबन्दी का क़ानून जारी हो जाता है तो तमाम स्वस्थ नवयुवकों को फ़ौज में भर्ती होकर सैनिक-शिक्षा लेना अनिवार्य हो जाता है। लामबन्दी की घोषणा में जिस-जिस उम्र के लोगों को शामिल किया जाता है, उन सब को भी सैनिक शिक्षा लेनी पड़ती है। यह क़ानून आजकल यूरूप के सब देशों में लागू कर दिया गया है।

Conscript लामबन्दी का सैनिक।

Consul कौन्सल। राज्य-प्रतिनिधि। एक देश से दूसरे देश को भेजा जाने वाला एक राजनैतिक अफ़सर जिसका काम यह होता है कि उस देश में अपने देशवासियों के हितों पर निगाह रक्खे। यह अपने देश के व्यापारियों की और अपने देश से आने वाले या वहां जाने वाले यात्रियों की सहायता करता है।

Contact Elements अगाऊ जत्था। सब से आगे चलने वाला फ़ौजी दस्ता जो शत्रु से सम्पर्क होते ही पीछे आने वाली अपनी फ़ौज को इत्तला देता है।

Contraband निषिद्ध सामान। समर निषिद्ध पदार्थ। अन्तर्राष्ट्रीय नियम के अनुसार वह सामान जो तटस्थ देश (Neutral Country) किसी समराधिकारी देश (देखो Belligerent) को दे या बेच नहीं सकते।

प्रचलित प्रथा के अनुसार निषिद्ध सामान दो तरह का माना जाता है :—

(१) Absolute Contraband पूर्ण निषिद्ध सामान। इस श्रेणी में वह सामान लिया जाता है जो सीधा युद्ध-सामग्री तैयार करने के कामों में आता है। इसकी कुछ चीज़ें ये हैं: सब तरह के हथियार; गोला-बारूद; विस्फोटक पदार्थ; तोपें और उनकी गाड़ियां, फौजी गाड़ियां; सिपाहियों के कपड़े और अन्य आवश्यक वस्तुएं; फौलादी चादरें; जंगी जहाज़ और जंगी किश्तियां; हथियार और गोला-बारूद तैयार करने की और अस्त्र-शस्त्रों की मरम्मत करने की मशीनें; पेट्रोल; कोयला; रबड़; अल्युमिनियम्। इनके अलावा समय-समय पर ऐसी तमाम वस्तुएं इस सूची में शामिल की जा सकती हैं जो युद्ध सामग्री के लिए ज़रूरी समझी जावें।

(२) Conditional Contraband मर्यादित निषिद्ध सामान। इस श्रेणी का सामान समराधिकारी देश को तभी बेचा जा सकता है जब यह विश्वास दिलाया जाय कि वह युद्धोपयोगी सामग्री बनाने में उपयोग नहीं किया जायगा। इस की कुछ चीजें ये हैं: खाने-पीने की चीजें; मामूली कपड़े-लत्ते; जूते; जानवरों का चारा; सोना चांदी, सवारियां।

निषेध इन चीज़ों का नहीं किया सकता: रूई; ऊन; सन; रेशम; तेलहन पदार्थ; चमड़ा; खाद; कच्ची धातुएं; कपड़ा बुनने की मशीनें; घड़ियां; कागज़; कांच की चीज़ें; चीनी की चीज़ें; खेती-बाड़ी के औज़ार; जवाहरात; फैन्सी चीज़ें; साबुन; रंग और वार्निश; दवाइयां; घायलों की चिकित्सा का सामान।

Contraband Control निषिद्ध नियंत्रण। निषिद्ध सामान की रोक-थाम। इसके कुछ नियम ये हैं:—

(१) अगर किसी तटस्थ देश का जहाज़ शत्रु देश को सामान ले जा रहा हो तो उसकी तलाशी ली जा सकती है।

(२) अगर इस जहाज़ में पूर्ण निषिद्ध सामान हो तो उसे ज़ब्त कर लिया जाता है।

(३) अगर जहाज़ में मर्यादित निषिद्ध सामान हो तो यह सिद्ध करना पड़ता है कि वह युद्ध के काम के लिये नहीं भेजा जा रहा है। ऐसी हालत में जहाज़ को एक प्रमाणपत्र (Navicert) दिया जाता है, जिससे आगे उसे कोई न रोके।

(४) अगर यह पता लगे कि किसी जहाज़ का सामान तटस्थ देश के बंदरगाह पर उतारा जाकर शत्रु देश को भेजा जायगा तो उसे भी ज़ब्त किया जा सकता है।

हालांकि ये नियम अन्तर्राष्ट्रीय समझौते के अनुसार बनाये गये हैं, पर युद्ध में इन पर व्यावहारिक रूप से बहुत कम अमल होता है और 'जिसकी लाठी उसकी भैंस" होती है।

Convoy रक्षक सेना या जहाज़। रक्षित रसद। रसद के साथ उसकी रक्षा के लिए चलने वाली सेना, और माल के जहाज़ों की रक्षा के लिए उनको घेर कर चलने वाले जंगी जहाज़। अमेरिका से इंग्लैंड को जो रसद आरही है वह इसी तरह रक्षक जहाज़ों के पहरे में आ रही है। कभी कभी तो १०-४० माल के जहाज़ एक साथ पहरे में रवाना होते हैं। (देखो Battle of Atlantic).

Cordite कॉर्डाइट। एक विस्फोटक पदार्थ। (देखो Explosives).

Counter-attack जवाबी हमला। शत्रु के हमले से पीछे हटी हुई फ़ौज का उलट कर हमला करना।

Coup d'etat (कू दे ताह) राजनैतिक चोट। राजनैतिक धड़ाका। राजनैतिक या सैनिक अधिकारियों के द्वारा आकस्मिक और ज़बरजोरी राज्य-परिवर्त्तन। विद्रोह और राजनैतिक धड़ाके में भेद यह है कि विद्रोह नीचे जनता में से उठता है और राजनैतिक धड़ाका उच्च अधिकारियों के हाथों से होता है। अभी सीरिया में और मैक्सिको में इस प्रकार की घटनाएं हो चुकी हैं।

Court Martial फ़ौजी अदालत। वह अदालत जिसमें सब तरह की फ़ौजों के सिपाहियों और अफ़सरों के अपराधों की सुनवाई होती है। इस अदालत में न्यायाधीश फ़ौजी अफ़सर होते हैं और इसकी कार्रवाई मामूली अदालतों जैसी पेचीदा और देर लगाने वाली नहीं होती। फौजी अदालत में जूरी नहीं बैठती और इसके फ़ैसलों की अपील भी नहीं हो सकती। अपराधी को वकील करने का अधिकार होता है। अंग्रेज़ी थल सेना में फ़ौजी अदालतों का नियन्त्रण जज ऐडवोकेट-जनरल के हाथ में होता है और नौ-सेना तथा हवाई-सेना की अदालतों का जज ऐडवोकेट ऑफ़ दी फ्लीट (Judge Advocate of the Fleet) के हाथ

में। जब किसी स्थान पर फ़ौजी क़ानून (Martial Law) जारी कर दिया जाता है, तो वहां भी फ़ौजी अदालत न्याय करती है।

Cradle तोप का पालना। बड़ी तोप की कुर्सी इस तरह की बनायी जाती है कि गोला छूटने से धक्के से वह पीछे हट कर फिर पालने की तरह झूल कर अपने स्थान पर वापिस आजाती है और दुबारा निशाना बांधने की इल्लत बच जाती है।

Creeping Barrage सरकवां बांध। (देखो Artillery Barrage).

Cruiser क्रूज़र। गश्ती जहाज़। इसकी विशेषता यह होती है कि यह बहुत तेज़ चलता है। क्रूज़र फौलादी चादरों से मढ़े रहते हैं और इन पर तोपें चढ़ी रहती हैं। ये दो तरह के होते हैं: (१) जंगी (देखो Battle Cruiser) और (२) हल्के। इनका वज़न १० हज़ार टन तक होता है। एक क्रूज़र की लागत २ करोड़ से ५ करोड़ रुपये तक होती है। (देखो War-ships).

Curfew Order अँधेरे का हुक्म। विशेष परिस्थिति में सरकार ऐसी आज्ञा निकालती है कि अमुक समय से अमुक समय तक कोई रोशनी न जलायी जाय।

D

DA डी-ए। डाइफ़िनाइल क्लोरार्सीन नाम की छींक-कारक गैस। यह गैस आंख, नाक और फेंफड़े में जलन पैदा करती है लेकिन छाले नहीं डालती। (देखो Chemical Warfare).

Dannert Wire डैनर्ट जाल। इलके टैंकों की गति रोकने के लिए कांटेदार तारों का जाल। (देखो Barbed Wire Entanglement).

Dardanelles दर्रा दानियाल। भूमध्य सागर और काले सागर को मिलाने वाला जल-डमरू मध्य। इसका सामरिक और राजनैतिक महत्त्व बहुत है। आजकल यह तुर्की के अधिकार में है। अन्तर्राष्ट्रीय समझौते के अनुसार शान्ति के समय इसमें से सब राष्ट्रों के व्यापारी जहाज़ आ-जा सकते हैं। जंगी जहाज़ सिर्फ़ दिन में निकल सकते हैं, पर १०,००० टन से ज्यादा वज़न के नहीं। युद्धकाल में अगर तुर्की तटस्थ रहे तो किसी समराधिकारी राष्ट्र के जहाज़ इसमें होकर नहीं निकल सकते। अगर तुर्की भी लड़ाई में शामिल होजाय तो जंगी जहाज़ों को निकलने देना या न निकलने देना उसकी मर्ज़ी पर है।

Davis Apparatus डेविस यंत्र। पनडुब्बी के नाविकों के लिए बचने का यंत्र। (देखो Submarine).

Death Ray मृत्यु-किरण। कहा जाता है कि वैज्ञानिकों ने एक ऐसी विद्युत् किरण का आविष्कार किया है जिस से मनुष्य की तुरन्त मृत्यु हो जाती है।

Decontamination गैस-निवारण। गैस-प्रतिकार। गैस के प्रभाव को धुलाई-सफ़ाई के द्वारा दूर करना। मस्टर्ड गैस कपड़ों के भीतर आसानी से प्रवेश कर जाती है और इसका असर बहुत दिनों तक रहता है। इसलिए इसके आक्रमण के प्रभाव को दूर करना हवाई-रक्षा का एक महत्वपूर्ण अंग बन गया है। सब से अच्छा उपाय तो यह है कि इसके सम्पर्क में आने वाली सब चीज़ों को जला दिया जाय। पर यह सम्भव नहीं हो सकता। दूसरे, जलाने में एक ख़तरा यह है कि इसका धुआं भी ज़हरीला होता है। ज़मीन, दीवारों और इसी प्रकार की चीज़ों को ब्लीचिंग पाउडर के घोल से धोना चाहिए। कपड़े उबलते हुए पानी में डालने से साफ़ हो जाते हैं पर पानी में सोडा मिला लेना चाहिए। चमड़े पर से इस गैस का असर दूर करना असम्भव है।

Defence Act देश-रक्षा कानून। युद्ध काल में बहुत से देशों में देश-रक्षा कानून जारी कर दिया जाता है जिससे सरकार को सब तरह के पूरे अधिकार प्राप्त हो जाते हैं। इस कानून के मातहत सरकार देश-रक्षा के हित में कोई भी कार्रवाई कर सकती है। नागरिक जनता की स्वतन्त्रता बहुत कम कर देना; आपत्तिजनक बातों को रोकना; खाने-पीने की चीज़ों का नियंत्रण करना; फ़ौजी काम के लिए किसी की चल या अचल सम्पत्ति पर क़ब्ज़ा कर लेना; वग़ैरा बहुत-सी असाधारण बातें इस क़ानून में होती हैं।

Defence of India Act (D.I.A.) भारत-रक्षा कानून। भारत की रक्षा के विचार से जारी किया गया कानून। यह बड़ा व्यापक है और इसके द्वारा भारत सरकार को सब तरह के अधिकार मिल गये हैं।

Defence of Realm Act (D. R. A.) इंग्लैंड रक्षा कानून। यह कानून इंग्लैंड में लागू है।

Demobilisation सेना-भंग। संगठित सेना को भंग करके सैनिकों को बरख़ास्त कर देना। देखो (Mobilisation).

Demolition Bomb भंजक बम। विध्वंसक बम। मकानों, पुलों, इत्यादि को तोड़ने के लिए काम में आने वाला बम। यह बहुत भारी होता है और इसमें तेज़ विस्फोटक पदार्थ भरा रहता है। (देखो Bomb).

Depth Charge जल बम। पनडुब्बी-नाशक बम। यह फौलाद का बना हुआ ढोल के आकार का होता है और इसके दोनों ओर उठाने के लिए कुंडे लगे होते हैं। इसमें करीब ३०० पौंड कोई तेज़ विस्फोटक पदार्थ भरा रहता है और बीच में ऐसी कल लगी होती है कि समुद्र में गिराने के बाद यह किसी निश्चित गहराई पर जाकर ही फूटता है। इसके फूटने से पानी में ज़बरदस्त धक्का लगता है जिसके प्रभाव से पनडुब्बी नष्ट हो जाती है। यह सीधा पनडुब्बी पर आघात नहीं पहुँचाता, बल्कि पानी में लहरें उत्पन्न करके पनडुब्बी को बेकार कर देता है। इसे या तो एक तोप के ज़रिये पानी में फेंकते हैं या वैसे ही खिसका देते हैं। जब डुबकनी किश्ती का पता लग जाता है तो उसके चारों ओर कई जल बम फेंके जाते हैं जिससे वह बच कर न भाग सके।

Depot डिपो। (१) रँगरूटों की भर्ती और उन्हें शिक्षा देने का केन्द्र। (२) युद्ध-सामग्री का भंडार।

Depot Ship रसद का जहाज़। जहाज़ी बेड़े के लिए रसद ले जाने वाला जहाज़।

Destroyer विनाशक जहाज़। विध्वंसक जहाज़। बरबादी जहाज़। १९१४-१८ के महायुद्ध में टारपीडो-किश्तियों का विनाश करने के इरादे से छोटे-छोटे व तर बन्द और हथियार-बन्द जहाज़ बनाये गये थे जिनको टारपीडो-किश्ती विध्वंसक (Torpedo Boat Destroyer) कहा जाता था। वही बाद में ख़ाली विध्वंसक कहलाने लगे। ये इतने उपयोगी प्रमाणित हुए कि इनकी बनावट में उन्नति होती चली गयी और आजकल के विध्वंसकों और हल्के क्रूज़रों में बहुत कम फ़र्क रह गया है।

विध्वंसक जहाज़ों का वज़न २००० टन से ज़्यादा नहीं होता। इन पर ४'७ इंची तोपों से लगाकर ५'९ इंची तोपें तक चढ़ी रहती हैं और ये फौलादी चादरों से मढ़े रहते हैं। इनकी गति बहुत तेज़ होती है, ३० से ३२ नॉट (देखो Knot) तक। इनसे इतने काम निकलते हैं कि ये जंगी जहाज़ी बेड़े का एक बहुत ज़रूरी अंग बन गये हैं। टारपीडो-किश्तियों का नाश करना; डुबकनी किश्तियों का नाश करना; व्यापारी जहाज़ों के साथ पहरेदारी करते हुए चलना; जंगी जहाज़ों के सहायक रूप में काम करना; निषिद्ध नियंत्रण मे सहायता देना; वग़ैरा इनके बहुत से उपयोग हैं। एक विध्वंसक जहाज़ की लागत ५० लाखसे १ करोड़ रुपये तक होती है। विध्वंसकों में हवा-मार तोपें तो होती ही हैं, इनके अलावा बड़े विध्वंसकों में टारपीडो भी रहते है। बड़ी जाति के विध्वंसक फ्लोटिला लीडर (देखो Flotilla Leader) कहलाते हैं। जंगी जहाज़ी बेड़े में सबसे ज़्यादा संख्या विध्वंसकों की ही होती है।

Detector सूचक। गैस-सूचक। गैस की मौजूदगी बतलाने वाला रंग। गैस-रक्षा सेना के पास रासायनिक नीले रंग में रँगे हुए काग़ज़ के टुकड़े होते हैं जिनका रंग लाल हो जाने से यह सूचित हो जाता है कि उस जगह गैस का अंश मौजूद हैं।

Detonation दाग़ने की क्रिया। चोट से दाग़ना। कुछ विस्फोटक पदार्थ तो पलीता लगा कर जलाने से भड़कते हैं और कुछ चोट लगने से ही भड़क उठते हैं। चोट लगाने से दगने वाले विस्फोटकों को बड़ी सावधानी से रखना पड़ता है और ज़रूरत के वक्त इन्हें दाग़ने की भी कई तरकीबें ईजाद करली गयी हैं। (देखो Explosives)

Detonator दाग़ने का यन्त्र या मसाला।

Deutschland ड्यूटशलैंड। जर्मन देश का राष्ट्रीय नाम।

D. I. A. भारत रक्षा क़ानून। (देखो Defence of India Act).

Dictator डिक्टेटर। एक-सत्ताधारी। सर्वेसर्वा। किसी राज्य या राजनैतिक संगठन का सर्वेसर्वा। डिक्टेटर बिना जनता की सलाह-सूद के जो मन में आवे सो करता है। डिक्टेटर का प्रभाव या तो जनता के उत्कट प्रेम और विश्वास के आधार पर होता है या आतंक पर। आधार टूट जाने पर डिक्टेटर का भी पतन होजाता है।

Dictatorship डिक्टेटरी। एक-सत्तावाद। डिक्टेटरी एक व्यक्ति की भी हो सकती है (जैसे जर्मनी और इटली में) और एक दल की भी (जैसे रूस में); पर दल की डिक्टेटरी में भी वास्तविक सत्ता एक ही आदमी के हाथ में रहती है। युद्ध की विषम परिस्थिति में तो हर देश के शासक अपने हाथ में एक सत्तात्मक अधिकार ले लेते हैं।

Diplomacy (१) राजनैतिक चालबाज़ी। कूट नीति। (२) राष्ट्रों के बीच आपसी राजनैतिक सम्बन्ध बनाये रखने या राजनैतिक बातचीत करने की कला। इस काम के लिए हर देश का राजनैतिक विभाग होता है जिसके कर्मचारी विदेशों से बातचीत (negotiations) करते रहते हैं। राजदूत, राज्य-प्रतिनिधि, वग़ैरा इसी विभाग में काम करते हैं।

Diplomatic Correspondent राजनैतिक संवाद-दाता। राजनैतिक महत्व की खबरें देने वाला सरकारी संवाददाता।

Diplomatic Protest राजनैतिक विरोध। जब कोई देश किसी दूसरे देश के राजनैतिक हितों या अधिकारों को आघात पहुँचाता है तो राजनैतिक विभाग की मार्फ़त उसका विरोध किया जाता है।

Diplomatic Relations राजनैतिक सम्बन्ध। देशों या राष्ट्रों के बीच राजनैतिक मित्रता। परस्पर राजदूतों का भेजा जाना इस सम्बन्ध का द्योतक चिह्न समझा जाता है।

Diplomatic Rupture राजनैतिक विच्छेद। राज-नैतिक सम्बन्ध का तोड़ दिया जाना। युद्ध या अन्य कारणों से राजनैतिक विच्छेद होने पर राजदूत वापस बुला लिये जाते हैं।

Diplomatic Service राजनैतिक विभाग और उसके कर्मचारीगण।

Diplomatist (१) कूट नीतिज्ञ। (२) राजनैतिक विभाग का कर्मचारी।

Disarm निरस्त्र करना। किसी देश को जीत कर उसकी फ़ौजों के हथियार छीन लेना।

Disarmament निरस्त्रीकरण। गत महायुद्ध के बाद वर्साई की सन्धि में यह मान लिया गया था कि भविष्य में शान्ति के लिए सब राष्ट्र निरस्त्रीकरण करें और केवल उतनी सेना और अस्त्र-शस्त्र रक्खें जितने आत्म-रक्षा के लिए अनिवार्य हों। इस पर अमल करने के लिए १९३२ में जेनेवा में एक निरस्त्रीकरण कान्फ्रेंस बुलायी गयी पर निरस्त्रीकरण की मर्यादा पर मतैक्य न होने के कारण वह भंग होगयी। इसकी ज़िम्मेदारी जर्मनी पर डाली जाती है क्योंकि उसने इंग्लैंड, अमेरिका वग़ैरा के साथ समानता का दावा किया था। इसके विपरीत रूस के प्रतिनिधियों ने यह प्रस्ताव रक्खा था कि सब देश पूर्ण निरस्त्रीकरण कर डालें, पर यह प्रस्ताव किसी को मंजूर न हुआ। इसके बाद तो अस्त्रीकरण की ऐसी दौड़ शुरू हुई कि उसका परिणाम इस महायुद्ध में प्रगट होरहा है।

Distinguished Service Order एक क्रॉस या तमग़ा जो युद्धक्षेत्र में कोई असाधारण कार्य करने पर नौ-सेना और थल सेना के अफ़सरों को दिया जाता है। जिनको यह तमग़ा मिलता है वे D. S. O. कहलाते हैं।

Division डिवीज़न। थलसेना का स्वतन्त्र टुकड़ा जिसमें सेना के सब अंग होते हैं, यानी जो युद्ध के लिये पूर्ण रूप से सज्जित होता है। हर डिवीज़न में लड़ाई के लिए ज़रूरी तमाम चीज़ों का पूरा इन्तज़ाम रहता है और इसकी कमान साधारणतया मेजर-जनरल का पद वाले अफ़सर के हाथ में होती है। एक डिवीज़न में कुल मिलाकर १० हज़ार से १२ हज़ार तक सैनिक होते हैं और उनके इतने विभाग होते हैं: (१) पैदल फौज; (२) रिसाला; (३) तोपख़ाना; (४) टैंकों का दस्ता जिसमें फौलादी गाड़ियाँ भी शामिल होती हैं; (५) इंजीनियरी विभाग और सपर सेना; (६) रसद और बारबरदारी का विभाग; (७) हथियारख़ाना; (८) डाक और तार विभाग; (९) ऐम्बुलैंस और घायल-चिकित्सा विभाग; (१०) फौजी पुलिस; (११) पशु-चिकित्सा

विभाग।(देखो; Ambulance; Armoured Car; Artillery; Cavalry; Infantry; Military Engineering; Ordnance; Sappers and Miners; Tank; Scouts and Signallers).

Division, Mechanised यन्त्र सज्जित डिवीज़न। ऐसा डिवीज़न जिसमें सवारी, सामान ढोने, आक्रमण करने, बचाव करने, वग़ैरा के सब काम यन्त्रों की सहायता से होते हैं। मोटर लारियां, फौलादी गाड़ियां, टैंक, मशीनगनें, तरह-तरह की तोपें, मोटर साइकिलें, वग़ैरा यन्त्र-सज्जित डिवीज़न के अंग होते हैं। इनका क्रम इस तरह रक्खा जाता है: (१) मोटर साइकिल वाले सैनिक; (२) फौलादी गाड़ियों पर भारी मशीन-गनें; (३) टैंक-मार तोपें; (४) टैंकों का दस्ता; (५) पैदल सिपाहियों से लदी लारियां; (६) तोपख़ाना; (७) इंजीनियरी और सपर सैना; ८) हथियारख़ाना। रसद और बारबरदारी की फ़ौज तथा एम्बुलैंस और चिकित्सा विभाग पीछे बहुत दूरी पर रहते हैं। शत्रु की किलेबन्दियों को बमों से तोड़ने के लिए और शत्रु की फौजों को नष्ट करके रास्ता साफ़ करने के लिए बम-मार हवाई जहाज़ों का दस्ता ऊपर उड़ता रहता है। यन्त्र-सज्जित डिवीज़न बड़ी संगठित और वैज्ञानिक इकाई होती है और इसका संचालन करने के लिए असाधारण सैनिक योग्यता की ज़रूरत होती है।

Division, Panzer पैंज़र डिवीज़न। यह जर्मनी की सेना का प्रसिद्ध यन्त्र-सज्जित डिवीज़न है जो बिजली की तरह आगे बढ़ता चला जाता है। इसमें विभिन्न अंगों का क्रम ऊपर लिखे अनुसार होता है और हरेक संख्या इस प्रकार होती हैं: बख्तरबन्द मोटर साइकिलें २५८; झपटानी हवाई जहाज़ २७; भारी तोपें ९१; सैनिकों की लारियां ३३०; हल्के टैंक २५२; मध्यम टैंक ८४; भारी टैंक ४८; दूसरी छोटी-मोटी गाड़ियां लगभग १०००। इसमें मोटर-सवार फौज की ४ बटैलियन होती हैं।

Dive Bomber झपटानी हवाई जहाज़। निशाने पर झपट्टा मार कर बम गिराने वाला हवाई जहाज़। (देखो Bombing).

Dive Bombing झपटानी बमबारी। (देखो Bombing).

D. M. डी एम। क्लोरार्सीन नामक छींक-कारक गैस का छोटा नाम। (देखो Chemical Warfare).

D. R. A. (देखो Defence of Realm Act)

Duce ड्यूचे। इटली के सर्वाधिकारी नेता मसोलिनी का उपनाम। इटालवी भाषा में इस शब्द का अर्थ 'नेता' है।

Dug Out खंदक। हवाई हमले के रक्षा के लिए खोदी हुई खंदक। इसमें आश्रय लेने से बम के उड़ते हुए टुकड़ों से बचाव हो जाता है।

Dum-Dum Bullet डम-डम गोली। बंगाल में डम-डम नगर के नाम से प्रसिद्ध गोली जो चपटी नाक की और बहुत मुलायम बनायी जाती है। यह शरीर के पार होकर दूसरी तरफ़ के हिस्से को फाड़ देती है जिससे घोर यन्त्रणा देने वाला घाव हो जाता है।

Dump ढेर। युद्ध क्षेत्र में अस्त्र-शस्त्र और गोला बारूद का ढेर (देखो Ammunition Dump)।

Dynamite डिनैमाइट। तेज़ विस्फोटक पदार्थ जो उड़ाने के काम में आता है। यह चोट से ही भड़क उठता है। (देखो Explosives).

E

East पूर्व। पूर्व के देश। यूरुप के लोग एशिया के सब देशों को पूर्वी देश कहते हैं।

East, Far दूर-पूर्व। चीन, जापान और पूर्वी द्वीप समूह।

East, Middle मध्य-पूर्व। भारतवर्ष,बर्मा,अफ़गानिस्तान, ईरान, मिश्र, आदि देश।

East, Near निकट-पूर्व। शाम (सीरिया), फिलस्तीन, इराक़, आदि देश जो यूरुप के निकट हैं।

East Indies भारतवर्ष और उसके पूर्व के देश मलाया, इंडो-चीन, बोर्नियो, जावा, न्यूगिनी इत्यादि।

East Indies, Dutch डच ईस्ट इंडीज़। हॉलैंड का पूर्वी द्वीप समूह। सुमात्रा, जावा, बोर्नियो, सीलीबीज़, इत्यादि टापू। हालांकि हालैंड पर जर्मनी ने अधिकार

कर लिया है पर उसके पूर्वी द्वीप-समूह की सरकार मित्र राष्ट्रों के साथ जर्मनी के विरुद्ध लड़ रही है। (देखो A B C D Powers).

Eastern Front पूर्वी मोर्चा। जर्मनी के पूर्व में रूसी युद्ध का मोर्चा।

E-Boat ई-नौका। ई-किश्ती। छोटी मोटर टारपीडो किश्ती। मच्छर जहाज़ों (देखो Mosquito Craft) की श्रेणी की एक छोटी-सी किश्ती जो तेज़ भागने वाली होती है। इसका काम यह होता है कि भारी जंगी जहाज़ों पर डंक मार कर, यानी टारपीडो मार कर, फ़ौरन भाग जाय। जर्मनी के पास इस तरह की बहुत-सी किश्तियां हैं।

Economic Warfare आर्थिक युद्ध। शत्रु को आर्थिक बंधन में जकड़ कर उसका आन्तरिक पतन करने की कोशिश। शत्रु का समुद्री व्यापार रोक देना, नाकेबन्दी और निषिद्ध नियन्त्रण से उसकी रसद बन्द करना, अपने देश में लगी हुई शत्रु की पूँजी को ज़ब्त कर लेना, अपनी बन्दरगाहों में पड़े हुए शत्रु के जहाज़ों पर कब्ज़ा कर लेना, ये सब आर्थिक युद्ध के अंग हैं। (देखो Blockade; Contraband; Freezing)

Economic Warfare, Ministry of आर्थिक युद्ध का मन्त्रि-मंडल। ब्रिटिश सरकार का वह विभाग जो शत्रु के विरुद्ध आर्थिक युद्ध का संचालन और संगठन करता है।

Embargo प्रतिबन्ध। रुकावट। शत्रु के जहाज़ों को अपनी बन्दरगाहों से बाहर निकलने से रोक देना। माल के यातायात पर प्रतिबन्ध लगाना।

Embassy राजदूतावास। राजदूत का दफ़्तर। (देखो Ambassador).

Embody सम्मिलित करना। रिज़र्व और टैरिटोरियल फ़ौजों को नियमित सेना में शामिल करना।

Emergency Powers विशिष्ट अधिकार। युद्ध इत्यादि की विषम परिस्थिति में सरकार को दिये जाने वाले विशेष अधिकार।

Emplacement तोप की चौकी या कुर्सी। तोप को जमाने के लिए सीमंट की बनी हुई छोटी चबूतरी।

Encirclement घिराव। इङ्गलैंड, फ्रांस और पूर्वी यूरुप के देशों की मित्रता के विरुद्ध जर्मनी की पुकार। जर्मनी का बहुत वर्षों से यह विचार रहा है कि इङ्गलैंड फ्रांस और यूरुप के पूर्वी देशों से मित्रता करके जर्मनी को घेरना चाहता है और उसके विस्तार को रोकना चाहता है। घिराव का यह बहाना लेकर जर्मनी ने 'आत्म-रक्षा' के लिये खूब हथियार बनाना शुरू कर दिया, जिसका परिणाम वर्तमान युद्ध है।

Enlist फौज में भर्ती होना।

Ensign जहाज़ी झंडा। हर जहाज़ पर एक झंडा लगा रहता है, जिस पर लगे हुए चिन्ह से यह पता लग जाता है कि वह किस राष्ट्र का है। नौ-सेना और व्यापारी जहाज़ों के झंडे अलग-अलग तरह के होते हैं। अगर झंडा उल्टा फहरा रहा हो, तो यह समझा जाता है कि जहाज़ मुसीबत में है।

Envoy विशेष राजदूत। किसी विशेष काम के लिए कुछ समय के लिये भेजा जाने वाला राजदूत।

Ersatz कृत्रिम पदार्थ। बनावटी चीज़ें। यह जर्मन भाषा का शब्द है और उन वस्तुओं के लिये प्रयोग किया जाता है जो जर्मनी में उत्पन्न नहीं होती पर जिन्हें उसने रसायन की सहायता से तैयार कर लिया है। जर्मनी ने इस दिशा में इतनी उन्नति की है कि बहुत तरह का कच्चा माल और बहुतसी खाने-पीनेकी चीज़ें, जिनके लिए उसे दूसरों का मुँह देखना पड़ता था, अब उसने बनावटी तैयार कर ली है जो असली के बराबर काम देती हैं। इन चीज़ों में शक्कर, आटा, रबड़, मोटरों के लिये तेल, रेशम, रंग, वग़ैरा मुख्य हैं।

Escort रक्षक। (१) हथियार, रसद वग़ैरा को सुरक्षित ले जाने के लिये उनके साथ चलने वाला सशस्त्र दस्ता। (२) व्यापारी जहाज़ों की रक्षा के लिये उनको चारों तरफ घेर कर चलने वाले हथियारबन्द जहाज़ और उनके साथ-साथ चलने वाले हवाई जहाज़।

Espionage जासूसी। सामरिक जासूसी। युद्ध के समय में हर देश अपने शत्रु के गुप्त भेदों का पता लगाने की कोशिश में रहता है। इस काम के लिये शत्रु के देश में और शत्रु की सेना में भेदिये छोड़ दिये जाते हैं। ये भेदिये मित्र बन कर लोगों से मिलते-जुलते हैं और समाचार इकट्ठा करते रहते हैं। इनको पकड़ने के लिए हर देश में अलग विभाग होता है। अन्तर्राष्ट्रीय

क़ानून के अनुसार भेदियों को गोली से उड़ा दिया जाता है।

Evacuee घर से निकला हुआ। युद्धकाल में अपने निवास-स्थान को ख़ाली करके जाने वाला। जिन स्थानों पर शत्रु के आक्रमण का भय होता है वहां की नागरिक जनता, विशेषकर बच्चे, स्त्रियां और बूढ़े, वहां से हटाकर दूर भेज दिये जाते हैं।

Expeditionary Force सफ़री फ़ौज। युद्ध के लिए अपने देश से दूसरे देश को भेजी जाने वाली फ़ौज। (देखो British Expeditionary Force)

Explosives विस्फोटक पदार्थ। बड़े वेग से फटने वाले पदार्थ। विस्फोटक पदार्थ साधारण तौर पर दो तरह के होते हैं: (१) गर्मी या चिनगारी से भड़कने वाले और (२) धक्के या चोट से भड़कने वाले। (देखो Detonation).

उपयोग की दृष्टि से विस्फोटकों को चार श्रेणियों में बांटा जा सकता है:

(१) High Explosive उग्र विस्फोटक। ये पदार्थ बहुत शक्तिशाली होते हैं, यानी इनका थोड़ा-सा वज़न भी बड़ा ज़बरदस्त धड़ाका कर सकता है। ये मकान वग़ैरा तोड़ने के बमों में भरे जाते हैं। टी.एन.टी (T. N. T.) एक उग्र विस्फोटक है।

(२) Propellants गतिदायक या विक्षेपक। तोपों और बन्दूकों के गोलों और गोलियों को बड़े वेग से बाहर फैंकने वाले। डिनैमाइट (Dynamite) इसी श्रेणी का विस्फोटक है।

(३) Detonators प्रेषक या उत्तेजक। विस्फोटक पदार्थ को भड़काने वाले। इनसे बत्तियां और फ़लीते (Fuse) बनाये जाते हैं।

(४) Incendiary Explosives आग्नेय विस्फोटक। आग लगाने वाले। ये आग्नेय बमों में भरे जाते हैं। इस श्रेणी का एक विस्फोटक थर्मिट है। (देखो Bomb, Incendiary).

ये श्रेणियां सहूलियत के लिये बनायी गयी हैं और यह बतलाती हैं कि कौनसा विस्फोटक विशेषतया या अधिकतर किस उपयोग में लिया जाता है। वैसे सब विस्फोटकों का वैज्ञानिक सिद्धान्त तो एक ही होता है और पहली तीन श्रेणियों का कोई भी विस्फोटक तीनों काम दे सकता है।

आधुनिक युद्ध में काम करने वाले कुछ ख़ास-ख़ास विस्फोटक ये है:—

Amatol अमैटोल। अमोनियम नाइट्रेट (देखो) और टी. एन. टी. (देखो) का मिश्रण। यह बड़ा उग्र विस्फोटक है। उग्र विस्फोटक बमों में भरा जाता है।

Ammonal अमोनल। अमोनियम नाइट्रेट (देखो), टी० एन० टी० (देखो) और अल्यूमिनियम के बुरादे का मिश्रण। उग्र विस्फोटक। ज़मीनी सुरंगों में भरा जाता है।

Ammonium Nitrate अमोनियम नाइ-ट्रेट। यह अमोनिया नामक गैस का यौगिक है। तोप के गोलों में भरा जाता है। चोट से भड़क उठता है।

Blasting Gelatine विस्फोटक लेही। लेही की तरह गाढ़ा विस्फोटक जो नाइट्रोग्लिसरीन (देखो) से बनता है।

Cordite कॉर्डाइट। गन-कॉटन (देखो), नाईट्रोग्लिसरीन और वैसलीन का मिश्रण। गतिदायक विस्फोटक।

Dynamite डिनैमाइट। यह सबसे महत्व-पूर्ण उग्र विस्फोटक है और बहुत काम आता है। यह नाइट्रोग्लिसरीन में कीसलगुर नाम की एक मिट्टी मिलाने से बनता है।

F I D ऐफ-आई-डी। एक विशेष प्रकार का फ़लीता जो सीसे की नली में ट्रोटाइल (Trotyl) नामक विस्फोटक भर कर तैयार किया जाता है।

Fulminate of Mercury पारे का फलिम-नेट। चोट से भड़कने वाले फ़लीते के काम का विस्फोटक। बन्दूक की टोपियों में यही पदार्थ भरा होता है।

Gun Cotton गन कॉटन। विस्फोटक रूई। यह रूई को शोरे के तेज़ाब में हल करके बनाई जाती है। यह ईंटों की शकल में बना कर रक्खी जाती है और दोबड़ी लगाने के काम आती है।

Gun Powder बारूद। शोरा, गंधक और कोयले का मिश्रण। आजकल इसका उपयोग छोटे-मोटे कामों के लिए किया जाता है, ख़ासकर फ़लीतों में।

Gun Powder, Smokeless धुंआ रहित बारूद। इसका बारूद से कोई सम्बन्ध नहीं होता, बल्कि यह तो गन-कॉटन को किसी द्रव में हल करके

और सांचे में ढाल कर तैयार किया जाता है। यह दोबड़ी लगाने के काम आता है।

Lyddite लिडाइट। पिक्रिक एसिड नामक उग्र विस्फोटक। यह आजकल ज़्यादा काम नहीं आता। इसी को फ्रांस में मेलिनाइट (Melinite) कहते हैं।

Nitro-cellulose नाइट्रो-सैल्युलोज़। गन कॉटन का दूसरा नाम।

Nitro-Glycerine नाइट्रो-ग्लिसरीन। उग्र विस्फोटक। ग्लिसरीन पर शोरे और गंधक के तेज़ाबों की क्रिया से बनता है। यह बड़ा ख़तरनाक होता है, इसलिए इसका शमन करने को इसमें लकड़ी का बुरादा या मिट्टी मिला देते हैं। इसी मिश्रण को डिनेमाइट (देखो) कहते हैं।

Picric Acid पिक्रिक ऐसिड। (देखो Lyddite).

T.N.T. टी एन. टी.। इसका पूरा नाम ट्राइ-नाइट्रोटोल्युइन Tri Nitro Toluene है। यह बड़ा उग्र विस्फोटक है और उग्र विस्फोटक बमों में भरा जाता है।

विस्फोटक पदार्थ इन अस्त्रों के बनाने और चलाने में काम आते हैं: तोपों के गोले, बम, आग्नेय बम, अनार, जल-बम, फटने वाले बम, फलीते, टारपीडो। (देखो Blasting Bomb; Depth Charge; Fuse; Grenade; Incendiary Bomb; Mines; Shells; Shrapnel; Torpedoes)

Explosive,High उग्र विस्फोटक। (देखो Explosives)

Externee निर्वासित। देश से निकाला हुआ। जब किसी देश पर शत्रु का अधिकार हो जाता है तो विरोधी देशवासियों को निर्वासित कर दिया जाता है।

Externment निर्वासन। देश-निकाला।

Extra-territoriality इतर देशीय अधिकार। देशान्तर अधिकार। यह शब्द अन्तर्राष्ट्रीय क़ानून का है। कुछ लोगों पर, या स्थानों पर, या माल पर, उस देश के क़ानून लागू नहीं हो सकते जिस देश में वे हों। ऐसी हालत में इनको देशान्तर अधिकार प्राप्त होते हैं। किसी दूसरे देश को गये हुए राजा, राजदूत और राज्यप्रतिनिधि उस देश के क़ानून के मातहत नहीं समझे जाते। इसी तरह राजदूतावास भी देशान्तर अधिकार का उपभोग करते हैं। दूसरे देश के बन्दरगाहों में पड़े हुए सरकारी जहाज़ों और उनके कर्मचारियों को भी देशान्तर अधिकार होते हैं। अगर देशान्तर अधिकार को उपभोग करने वाला कोई व्यक्ति कुछ अपराध करे तो उसे उसी देश का न्यायाधीश सज़ा दे सकता है।

F

Fait Accompli 'पहले मारे सो मीर' की नीति। पहले कोई राजनैतिक कार्रवाई कर डालना और फिर दूसरों से उसे मनवाना। जैसे जर्मनी ने पहले आस्ट्रिया पर कब्ज़ा कर लिया और फिर अपनी कार्रवाई को इंग्लैंड और फ्रांस से मनवा लिया।

Fascism फ़ासिज़्म। Dictionary of Political Terms में यह शब्द देखो।

Far East सुदूर पूर्व। (देखो East, Far).

Field Glasses जंगी दूरबीन। युद्ध के काम में आने वाली दूरबीन जिसके द्वारा शत्रु के मुक़ामों को देखकर उन पर निशाना बांधा जाता है।

Field Guns जंगी तोपें। युद्ध क्षेत्र में काम आने वाली भारी तोपें। (देखो Artillery).

Fifth Column आस्तीन का सांप। भीतरी शत्रु। मार-आस्तीन। यह नाम उन लोगों को दिया जाता है जो भीतर ही भीतर अपने देश के शत्रु की सहायता करें। स्पेन के गृहयुद्ध में वहां की राजधानी मेड्रिड को विद्रोहियों की चार फौजों (Columns) ने चारों ओर से घेर लिया था, परन्तु उन्हें सफलता तभी मिली जब मैड्रिड के अन्दर रहने वाले लोगों ने भीतर गड़बड़ मचा दी। इन भीतरी गड़बड़ मचाने वालों को 'पांचवां कालम' कहा गया। तब से यह शब्द व्यापक रूप से इस अर्थ में प्रयोग किया जाता है। जर्मनी ने रूमानिया वग़ैरा देशों पर इसी तरह के पांचवें कालम की सहायता से आसानी से अधिकार कर लिया। आज-कल हर देश में इस प्रकार के मार-आस्तीन लोगों पर

कड़ी निगाह रक्खी जाती है और जनता को उनकी कार्रवाइयों से सावधान किया जाता है।

Fighter Plane शिकारी हवाई जहाज़ (देखो Aircraft).

File क़तार। सैनिकों की क़तार। तोपों, टैंकों, वग़ैरा की क़तार।

Fire फ़ैर करना। दागना। बन्दूक, तोप, वग़ैरा के दागने के लिये यह शब्द प्रयुक्त होता है।

Fire Arms आग्नेयास्त्र। आतिशी हथियार। बन्दूकें और तोपें।

Fire Brigade आग बुझाऊ टुकड़ी। हवाई हमले से हिफ़ाज़त करने वाले संगठन का एक अंग जिसका काम आग्नेय बमों से लगी हुई आग को बुझाना है।

Fire Control बाढ़ नियंत्रण। जहाज़ी तोपों की बाढ़ का ठीक नियंत्रण करना जिससे गोले निशाने पर पड़ें।

Flame Thrower शोले बरसाने वाला बम।

Flank Guard पार्श्व रक्षक सेना। मुख्य सेना के दोनों बाज़ुओं को शत्रु के आक्रमण से बचाने वाली सेना।

Flotilla विध्वंसक बेड़ा। मामूली तौर पर विध्वंसक जहाज़ २०-२० का बेड़ा बना कर समुद्र में गश्त करते रहते हैं। इस बेड़े को फ्लोटिला कहते हैं।

Flotilla Leader प्रधान विध्वंसक। विध्वंसक जहाज़ों के बेड़े का नायक। यह जहाज़ मामूली विध्वंसकों से बड़ा होता है और इस पर बड़ी तोपें चढ़ी रहती हैं।

Flying Boat उड़न नौका। उड़न किश्ती। नौका के आकार का बड़ा हवाई जहाज़ जो पानी पर भी चलता है। (देखो Aircraft).

Flying Squad उड़ाकू दस्ता। हवाई जहाज़ों का दस्ता जो एक ही अफ़सर की कमान में हो। यह अफ़सर स्क्वेड्रन लीडर (Squadron Leader) कहलाता है।

Folding Boat जेबी नौका। ऐसी नौका जो तह करके रक्खी जा सके। इस तरह की नौकाएँ किरमिच की या रबड़ की बनी होती हैं।

Food Rationing खाद्य पदार्थों का नियन्त्रण। युद्ध काल में खाने-पीने के सामान पर नियन्त्रण कर दिया जाता है। इसके दो उद्देश्य होते हैं: एक तो यह कि जनता को खाने पीने को सामग्री मिलने में कोई दिक्कत न हो; और दूसरा यह कि अगर शत्रु रसद रोक दे तो खाद्य-पदार्थों की कमी न पड़ जाय। यह प्रतिबन्ध ख़ास तौर पर उन वस्तुओं पर लगाया जाता है जो बाहर से आती हैं। हर नागरिक को राशन के टिकट (Ration Cards) दे दिये जाते हैं जिनके द्वारा वह अपने लिए नियत परिमाण में वस्तु प्राप्त कर सकता है। (देखो Rationing).

Forced Landing मजबूरी उतरान। हवाई जहाज़ का मजबूर होकर नीचे उतरना। इसके इतने कारण हो सकते हैं: तेल ख़तम हो जाना; इंजन में या किसी और हिस्से में ख़राबी पैदा हो जाना; बादलों या कोहरे की वजह से रास्ता भूल जाना; आँधी और तूफ़ान।

Forces सेनाएँ। फ़ौजें। यह शब्द सब तरह की सेनाओं के लिए व्यापक रूप में प्रयुक्त होता है।

Forces, Fighting लड़ने वाली फ़ौजें।

Forces, Flying हवाई सेना।

Forces, Land स्थल सेना।

Forces, Naval जल सेना। नौ-सेना।

Forces, Reserve सहायक सेना। इमदादी फ़ौज।

Formation व्यूह। व्यूह रचना। सेना, जहाज़ों या हवाई जहाज़ों का युद्ध के लिए किसी ख़ास तरतीब में चलना।

Fortification क़िले-बन्दी। मामूली तौर पर क़िले बन्दी देश की सीमा पर की जाती है और इसका उद्देश्य यह होता है कि युद्धकाल में शत्रु के आक्रमण को आसानी से रोका जा सके। आजकल टैंकों, बड़ी-बड़ी तोपों और फ़ौलादी गाड़ियों ने क़िले-बन्दी की तमाम पुरानी तरकीबों को बेकार साबित कर दिया है और इस दिशा में नये-नये प्रयत्न हो रहे हैं। इसका एक उदाहरण फ्रांस की मैजिनो लाइन थी। आजकल की क़िले-बन्दी बीसियों मील की गहराई तक फैली रहती है। कहीं तो ज़मीन के ऊबड़-खाबड़पन से मदद ली जाती है, कहीं मेख़ें गाड़ दी जाती हैं, कहीं काँटेदार तार के जाल बिछा दिये जाते हैं, कहीं खाइयां होती हैं, कहीं सीमेंट की डिबियानुमा गुमटियां (Pill Boxes) होती हैं जिनमें तोपें लगी रहती हैं, कहीं छिपायी हुई तोपें रक्खी रहती हैं। (देखो Maginot Line; Siegfried Line).

Feuhrer (फ्यूरर) यह जर्मन भाषा का शब्द है जिसका अर्थ है 'नेता'। यह शब्द हिटलर के लिए प्रयुक्त होता है।

Freezing पूंजी को अटका देना या बन्द कर देना। जर्मनी और जापान की जितनी पूँजी अमेरिका के बैंकों में या कम्पनियों में लगी हुई थी उस सब को अमेरिका ने इन देशों से युद्ध हो जाने के कारण अटका दिया है।

Fuse पलीता। फ़लीता। बन्दूकों, तोपों, गोलों, बमों, सुरंगों इत्यादि को सुलगाने या भड़काने का साधन। विस्फोटक पदार्थों को भड़काने के लिए या तो आग की या चोट की ज़रूरत होती है। इस काम के लिए फ़लीतों का प्रयोग किया जाता है। फ़लीते चार प्रकार के होते हैं :—

(१) आग से या बिजली से सुलगने वाले।

(२) चोट से सुलगने वाले। इनका उपयोग कारतूसों में और गोलों में होता है। (देखो Detonator).

(३) यान्त्रिक। ये उन गोलों और बमों में लगाये जाते हैं जिनको किसी निश्चित समय के बाद भड़काना लाज़िमी हो। तोप से छूटने के बाद ही गोले में और गिराये जाने के साथ ही बम में एक यन्त्र चालू हो जाता है और मौक़ा आते ही गोले या बम को भड़का देता है।

Fuse, Time काल-पलीता। निश्चित समय के बाद विस्फोटक को भड़काने वाला फ़लीता। ये दो तरह का होता है। एक में तो बारूद के परत इस तरह जमाये हुए रहते हैं कि सुलगना शुरू होने से भड़कने तक एक नियत समय लग जाता है। दूसरा यांत्रिक होता है जिसमें घड़ी की तरह का यंत्र लगा रहता है।

Fuselage फ्यूसिलेज। हवाई जहाज़ का शरीर या पेट जिसमें बैठने और सामान रखने की जगह होती है।

G

Garrison गैरिज़न। रक्षक सेना। गढ़, किले या नगर की रक्षा के लिए तैनात की गयी हथियार-बन्द फ़ौज।

Gas, Blister छाले पैदा करने वाली मस्टर्ड गैस। (देखो Chemical Warfare).

Gas, Mustard मस्टर्ड गैस। (देखो Chemical Warfare).

Gas, Poison विषैली गैस। (देखो Chemical Warfare).

Gas Mask गैस कवच। गैस टोपी। गैस के आक्रमण से रक्षा के लिए या गैस के प्रभाव से बचने के लिए एक विशेष प्रकार की टोपी। गैस कवच पहनने का उद्देश्य यह होता है कि हवा में फैली हुई विषैली गैस आंख, नाक और मुँह में प्रवेश करके कष्ट न पहुँचा सके। गैस कवच साधारणतया चार तरह के होते हैं। छोटे गैस कवच सिर्फ़ नाक और मुँह को ढकते हैं। इनमें ऐसा इन्तज़ाम रहता है कि नाक में पहुँचने से पहले हवा को छन कर जाना पड़ता है जिससे उसमें मिली हुई विषैली गैसों को कोयला, ब्लीचिंग पाउडर, वग़ैरा सोख लेते हैं। दूसरी तरह के गैस कवच पूरे चेहरे को ढक लेते हैं और इनसे आंखों का भी बचाव हो जाता है। तीसरी तरह के गैस कवच बाहर की हवा को अन्दर बिल्कुल नहीं जाने देते। इनके साथ हवा से भरा हुआ एक पात्र जुड़ा रहता है, जिसमें से सांस लेने के लिए हवा मिलती रहती है। इसके द्वारा ज़हरीली गैसों से पूरा बचाव हो जाता है। चौथी तरह के गैस कवच में ऐसा आला लगा रहता है कि सांस की दूषित वायु उसमें अपने आप शुद्ध होती रहती है। आधुनिक युद्ध में हर सैनिक के सरंजाम में गैस-कवच भी एक ज़रूरी चीज़ है। मस्टर्ड गैस का बचाव किसी भी गैस कवच से नहीं हो सकता क्योंकि यह सारे शरीर पर असर करती है। (देखो Chemical warfare).

Gas Protocol गैस समझौता। अन्तर्राष्ट्रीय समझौता जिसके अनुसार युद्ध में ज़हरीली गैसों का प्रयोग निषिद्ध माना गया है। यह समझौता जेनेवा में सन् १९२५ में हुआ था। अमेरिका के संयुक्त राष्ट्र और जापान ने इस पर दस्तखत नहीं किये थे।

Gas Warfare गैसीय युद्ध । युद्ध में विषैली गैसों का प्रयोग । हालांकि नैतिक दृष्टि से गैसीय युद्ध को सब राष्ट्रों ने निषिद्ध मान लिया है, पर दूसरी तरफ़ सब राष्ट्र इस प्रकार के युद्ध के लिए पूरी तैयारी भी कर रहे हैं । गैसीय युद्ध दूसरी तरह के युद्धों से कम या ज्यादा अमानुषिक नहीं है । बल्कि देखा जाय तो गैस से आदमी मरते भी कम हैं और मस्टर्ड गैस के सिवा दूसरी गैसों का प्रभाव भी यन्त्रणादायक नहीं होता । लेकिन पता नहीं बमों और गोलों से क्षत-विक्षत होना गैस के आक्रमण से क्यों अच्छा समझा गया है ।

१९१४-१८ के युद्ध में जर्मनी ने कुछ गैसों का उपयोग किया था और उसके जवाब में मित्र-राष्ट्रों ने भी गैस प्रयोग किया था । इसी से गैसीय-युद्ध का कुछ अनुमान लगाया जा सकता है ।

गैसों को या तो बड़े-बड़े ढोलों में भर कर फेंका जाता है या बमों में भर कर । मस्टर्ड गैस हवाई-जहाज़ों में से बम गिरा कर या फ़ुहारों के ज़रिये भी फैलाई जा सकती है ।

गैस से बचने के लिए फ़ौजों को दो तरह के साधन दिए जाते हैं :—

(१) हर सैनिक के लिए एक गैस कवच, एक गैस-रोक चश्मा (Anti-gas Goggles) एक गैस-रोक लबादा और गैस प्रतिकारक मरहम ।

(२) हर फ़ौज के लिए गैस का अलार्म, गैस का पता लगाने वाली वस्तुएँ, गैस-रोक कपड़े और जूते । (देखो Air Raid Precautions; Chemical Warfare).

Gelatine, Blasting विस्फोटक लेही । (देखो Explosives).

General जनरल । सेना का एक बड़ा अफ़सर ।

General Head Quarters (G. H. Q.) जनरल हेड क्वार्टर । सेना का केन्द्रीय दफ़्तर जहां से सब आज्ञायें जारी होती हैं ।

General Officer Commanding जनरल आफ़िसर कमान्डिंग । (देखो Army).

Geneva Gas Protocol जेनेवा का गैस समझौता । (देखो Gas Protocol).

Gestapo गैस्टापो । जर्मनी की ख़ुफ़िया राजनैतिक पुलिस का छोटा नाम । इसका पूरा नाम Geheime Staatspolizei है और सन् १९३३ में इसका संगठन नात्सीवाद के विरोधियों की ख़बर लेने के लिए किया गया था । यह संगठन बड़ा ज़बरदस्त है और नात्सी राज्य-व्यवस्था का मुख्य आधार है । सारे जर्मनी में ही नहीं बल्कि जर्मनी के आस-पास के देशों में भी इसका बड़ा भारी आतंक है । यह पुलिस तमाम नात्सी-विरोधी लोगों और हलचलों पर नज़र रखती है और विरोधियों को तुरन्त गिरफ्तार कर लेती है । गैस्टापो का नाम आज सारे संसार में निर्दयता का पर्यायवाची समझा जाता है । इसका प्रधान हिटलर का दाहिना हाथ हॅर हिमलर (Her Himmler) है ।

G. H. Q. (देखो General Head Quarters) ।

Gibraltar जिब्राल्टर । यह बन्दरगाह अटलांटिक सागर और भूमध्यसागर को मिलाने वाले जलडमरूमध्य पर स्थित है और संसार में सबसे मज़बूत किलेबन्दी की जगह है । इंगलैंड के लिए इसका बड़ा ज़बरदस्त सामरिक महत्त्व है क्योंकि यह भूमध्यसागर की कुंजी समझा जाता है । यहां इंग्लैंड का जहाज़ी अड्डा है और एक रक्षक सेना भी रहती है ।

G. O. C. (देखो General Officer Commanding).

G. P. U. जीपयू । गैस्टापो की तरह रूसी ख़ुफ़िया राजनैतिक पुलिस का छोटा नाम । इसका पूरा नाम है Gossudarstvennoye Polititcheskoye Upravlyeniye । यह सन् १९१७ की राज्यक्रांति के बाद साम्यवाद के विरोधियों का नाश करने के लिए संगठित की गयी थी । साम्यवादी दल में मतभेद होने के बाद से यह पुलिस स्टैलिन के विरोधियों का पता लगाने का काम करती है । इसके एजेण्ट विदेशों तक में फैले हुए हैं और विरोधियों का पीछा करके उन्हें मौत के घाट उतार देते हैं ।

Green Star Gas ग्रीन स्टार गैस । एक ज़हरीली गैस जो गत महायुद्ध में काम में लायी गयी थी ।

Grenade अनारी बम । अनार । यह बम छोटी तोपों या बन्दूकों से छोड़ा जाता है और लक्ष पर पहुँच कर अनार की तरह खिल जाता है । (देखो Bomb).

Grenade, Hand दस्ती अनार। हाथ से फेंका जाने वाला अनारी बम। (देखो Bomb).

Guerrilla Warfare बेढंगा युद्ध । छापामार युद्ध । युद्ध का वह ढंग जिसमें शत्रु की सेना से डटकर नहीं लड़ा जाता बल्कि आकस्मिक छापे मार-मार कर उसे कमज़ोर कर दिया जाता है। इस प्रकार का ढंग उस समय इख्तियार किया जाता है जब शत्रु की सेना बड़ी और संगठित हो और उसका मुक़ाबला करने के पूरे साधन उपलब्ध न हों। जब शत्रु के आक्रमण से फ़ौज तितर-बितर हो जाती है तो उसके सिपाही भी छोटी-छोटी टोलियां बनाकर शत्रु को तंग करने के लिए छापे मारते रहते हैं। चीन, अरब, वग़ैरा के लोग इस तरह के युद्ध में काफ़ी होशियार हैं।

Gun तोप या बन्दूक। छोटी बंदूक से लगाकर बड़ी से बड़ी जंगी तोप तक इस परिभाषा में आ जाती हैं। (देखो Artillery).

Gun, Anti Aircraft हवामार तोप ।(देखो Anti Aircraft Gun).

Gun, Anti Tank टैंक-मार तोप। (देखो Anti Tank Gun).

Gun, Automatic झड़ीदार बन्दूक। (देखो Automatic Gun).

Gun, Breech-loading तोड़ेदार बन्दूक।

Gun, Bren ब्रेन गन (देखो Bren Gun).

Gun, Field जंगी तोप। यह मंझोले दर्जे की तोप होती है। (देखो Gun, Medium).

Gun, Heavy भारी तोप। ९.२ इंच से लगाकर १६ इंच मोहरी तक की तोपों की गणना भारी तोपों में की जाती है। इन तोपों की मार बहुत लम्बी होती है और ये ज्यादातर जंगी जहाज़ों पर लगायी जाती हैं। (देखो Artillery).

Gun, Lewis लीविसगन। (देखो Automatic Gun).

Gun, Light हलकी तोप। ४.७ इंच से कम मोहरी वाली तोप जिसे एक आदमी उठा और चला सकता है। (देखो Artillery).

Gun, Long-range दूरमार तोप। (देखो Artillery).

Gun, Machine मशीन गन। छोटी झड़ीदार तोप। (देखो Automatic Gun).

Gun, Medium मंझोली तोप। ४.७ इंच से लगा कर ९ इंच मोहरी तक की तोपें मंझोली कहलाती हैं। ये सेना के साथ रहती हैं और क़िले वग़ैरा तोड़ने के काम में आती हैं। (देखो Artillery).

Gun, Naval जहाज़ी तोप। जंगी जहाज़ों पर चढ़ी हुई तोपें। ये अक्सर भारी और मंझोली तोपों की श्रेणी की होती हैं।

Gun Boat गन-बोट। तोप-वाहिनी नौका। छोटा-सा जहाज़ जिस पर भारी तोपें चढ़ी रहती हैं। इस तरह के छोटे जहाज़ छिछले पानी में और नदियों में काम आते हैं जहाँ बड़े जंगी जहाज़ नहीं पहुँच सकते।

Gun Carriage तोप की गाड़ी। वह गाड़ी जिस पर भारी और मंझोली तोप रक्खी रहती हैं। आजकल ये गाड़ियां भी बड़ी कल-पुर्ज़ेदार होती हैं। इनमें तोप का धक्का बचाने, निशाना बांधने वग़ैरा के यंत्र लगे रहते हैं।

Gun Cotton गन कॉटन। बारूदी रूई। विस्फोटक रूई। (देखो Explosives).

Gunner तोपची। गोलन्दाज़। तोप चलाने वाला।

Gun-powder बारूद। (देखो Explosives).

Gyroplane घिर्रीदार हवाई जहाज़। इसमें छत नहीं होती बल्कि उसके बजाय शरीर के ऊपर की ओर बहुत लम्बे बाजुओं वाला एक पंखा लगा रहता है। इस पंखे को घुमाने से यह हवाई जहाज़ बिना मंडलाये सीधा ऊपर उठ जाता है और नीचे उतर आता है। (देखो Autogyro).

H

Hangar हैंगर। हवाई जहाज़ों के सुरक्षित खड़े रहने का सायबान। (देखो Acrodrome).

Hague Convention हेग का समझौता। यह समझौता सन् १८९९ में संसार के बिभिन्न राष्ट्रों के बीच हुआ था। इसमें युद्ध के नियमों और रिवाजों का उल्लेख है। समराधिकार और निषिद्ध नियंत्रण के नियम भी इसी के अंतर्गत हैं। (देखो Belligerency; Contraband Control).

Height Finder ऊँचाई-मापक यंत्र। यह एक प्रकार की दूरबीन होती है जो हवामार तोपों के साथ रहती है। इसके द्वारा हवाई जहाज़ों की ऊँचाई का ठीक अंदाज़ लगाया जा सकता है। (देखो Range Finder).

Heliograph हीलिओग्राफ़। रोशनी के इशारों से समाचार भेजने का यंत्र। रात को लालटेन से और दिन में काच पर सूरज की रोशनी डाल कर इशारे किये जाते हैं।

High Command हाई कमांड। उच्च अधिकारी वर्ग। फ़ौज के सबसे ऊँचे अफ़सरों का समष्टिवाचक नाम।

High Explosive उग्र विस्फोटक। ज़बरदस्त धड़ाके से फटने वाला रासायनिक पदार्थ। (देखो Explosives)

H. M. S. (His Majesty's Ship) शाही जहाज़। अंग्रेज़ी जहाज़ी बेड़े के जंगी जहाज़ों के नाम के पहले ये अक्षर लिखे जाते हैं। जैसे, H. M. S. Duke of York।

Hostage बन्धक। किसी शर्त को पूरा कराने के लिए बन्धन में रक्खा हुआ मनुष्य। अक्सर ऐसा होता है कि विजेता देश विजित देश से अपनी शर्तें पूरी कराने के लिए उसके कुछ नागरिकों को बन्धक बना कर रख लेता है। शर्तें पूरी होने पर इन्हें छोड़ दिया जाता है, लेकिन अगर शर्तों को तोड़ने का प्रयत्न किया जाय तो बंधक रक्खे हुए लोगों को प्राणदण्ड देकर बदला चुकाया जाता है।

Hostility युद्ध-स्थिति।

Howitzer हॉविट्ज़र। चौड़ी मोहरी की तोप जो भारी गोले फेंकती है। इसकी मार तो लम्बी नहीं होती पर गोला बहुत ऊँचा जाकर नीचे गिरता है। यह तोप क़िले तोड़ने के काम में आती है। (देखो Artillery).

Hydrophone हाइड्रोफ़ोन। समुद्र की सतह के नीचे होने वाली ध्वनि को पहचानने का यंत्र। इसके द्वारा डुबकनी किश्तियों का पता लगाया जाता है। इस यंत्र का रिसीवर पानी के अन्दर लटका दिया जाता है और जहाज़ पर बैठा हुआ मनुष्य कानों में आला लगा कर आवाज़ सुनता रहता है।

Hydroplane जलचर हवाई-जहाज़। (देखो Aircraft).

I

Imperial Defence साम्राज्य-रक्षा। युद्ध काल में बृटिश साम्राज्य की रक्षा। इसके लिए एक साम्राज्य रक्षा कमेटी बनी हुई है जिसमें कैनैडा, आस्ट्रेलिया दक्षिण-अफ्रिका, इत्यादि उपनिवेशों के प्रतिनिधि शामिल हैं। हिन्दुस्तान को इसमें शामिल नहीं किया गया है।

I. M. S. (Indian Medical Service) इंडियन मैडिकल सर्विस। भारतीय सेना का डाक्टरी विभाग।

Incendiary Bomb आग्नेय बम। आग-लगाऊ बम। इस बम को बुझाने के लिए एक विशेष उपकरण बना लिया गया है। (देखो Bomb, Incendiary; Red-hill Outfit).

Incident युद्ध-घटना। बिना बाज़ाब्ता घोषणा किये या अन्तिम नोटिस दिये जो लड़ाई शुरू कर दी गयी हो उसे अन्तर्राष्ट्रीय कानून में युद्ध नहीं समझा जाता।

Infantry पैदल फ़ौज। पदाति सेना। (देखो Army).

Infantry, Lorry-borne मोटर-सवार पैदल फ़ौज। मोटर लॉरियों में भर-भर कर युद्ध-क्षेत्र को भेजी जाने वाली पैदल फ़ौज।

Infantry, Mechanised यन्त्र-सज्जित पैदल सैना।

युद्ध के आधुनिक अस्त्र-शस्त्रों से सुसज्जित सेना। (देखो Army, Mechanised).

Infantry, Motorised मोटर-सवार पैदल फ़ौज । सवारी और सामान ढोने के लिए मोटर गाड़ियों से युक्त पैदल सेना।

Intelligence Department समाचार विभाग। स्थल, जल, और हवाई सेना का वह विभाग जो युद्धोपयोगी समाचार एकत्रित करता है। शत्रु की गति-विधि का पता लगाना भी इसी विभाग के ज़िम्मे होता है और इस काम के लिए गुप्तचर छोड़ दिए जाते हैं।

International Law अन्तर्राष्ट्रीय क़ानून। राष्ट्रों के पारस्परिक सम्बन्ध को, विशेषकर युद्धकाल में, निर्धारित करने वाला क़ानून। यह क़ानून हेग और जेनेवा अन्तर्राष्ट्रीय कॉन्फ़्रेन्सों में तय हुआ है, पर इसे मनवाने के लिए कोई शक्ति नहीं है, इसलिए इसका पालन राष्ट्रों की सदिच्छा पर निर्भर है। अन्तर्राष्ट्रीय क़ानून के अन्तर्गत कुछ बातें ये हैं: युद्ध के कैदियों और आहतों के साथ व्यवहार; समराधिकार; निषिद्ध नियंत्रण; तटस्थ देशों के अधिकार; जल-युद्ध और हवाई-युद्ध की शर्तें, गैस के प्रयोग का निषेध। (देखो Belligerency; Blockade; Contraband Control; Geneva Convention; Hague Convention; Neutrality).

Internee विदेशी नज़रबन्द। शत्रु देश या तटस्थ देश के सिपाहियों और नागरियों को युद्धकाल में नज़रबन्द कर दिया जाता है। अन्तर्राष्ट्रीय क़ानून के अनुसार किसी तटस्थ देश में घुसने वाली फ़ौजों के सिपाही नज़रबन्द कर लिए जाते हैं और शान्ति स्थापित होने पर ही छोड़े जाते हैं। इसी तरह समराधिकारी देशों के जो जहाज़ किसी तटस्थ देश की बन्दरगाह में निश्चित समय से अधिक ठहरें उन्हें भी क़ब्ज़े में कर लिया जाता है। नज़रबन्द सिपाहियों और नाविकों को नज़रबन्दों के कैम्प (Internment Camp) में रक्खा जाता है। अमेरिका के देशों ने कई जर्मन जहाज़ों को इसी तरह बन्द कर दिया है।

Internment नज़रबन्दी। (देखो Internee).

Internment Camp नज़रबन्दों का क़ैदख़ाना। (देखो Internee).

Invasion धावा। चढ़ाई।

Investment घेरा। मुहासरा। शत्रु की फ़ौज को चारों ओर से घेर लेना।

Iron Clad बख़्तर-बन्द जहाज़। फ़ौलादी चादरों से मढ़ा हुआ जंगी जहाज़। (देखो Warships).

Iron Cross लोहे का स्वस्तिक। यह जर्मनी का एक तमग़ा है जो युद्ध में अद्‌भुत वीरता का परिचय देने वाले सैनिक को दिया जाता है।

Isolationism पृथक नीति। संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के कुछ लोगों का यह मत है कि उनके देश को यूरोप के झगड़े-टन्टों से अलग रहना चाहिए और यूरोप की राजनीति में नहीं पड़ना चाहिए। ये लोग इसके भी विरुद्ध हैं कि उनका देश यूरोपीय राष्ट्रों की पारस्परिक युद्ध-कलह में किसी की तरफ़दारी करे।

Isolationist पृथकनीति का समर्थक। (देखो Isolationism).

J

Jamming बाधा डालना। शत्रु द्वारा प्रेषित रेडियो की ख़बरों में बाधा डालना जिससे वे साफ़ सुनाई न पड़ सकें।

Jewish Pogrom यहूदियों का नाश। हिटलर का कहना है कि जर्मनी के सारे संकटों की ज़िम्मेदारी यहूदियों पर है। इसलिए उसने जर्मनी से तमाम यहूदियों को निकाल दिया है। यहाँ तक कि जिन लोगों का यहूदी पिता और जर्मन माता से जन्म है उन्हें भी निकाल दिया गया है। यहूदियों की सब सम्पत्ति ज़ब्त करली गयी है। जिन देशों पर जर्मनी ने अधिकार कर लिया है वहां से भी यहूदियों को निकाला जा रहा है।

Joint Declaration संयुक्त घोषणा। १ जनवरी १९४२ को वाशिंगटन में २६ देशों के प्रतिनिधियों ने

एक संयुक्त घोषणा-पत्र पर हस्ताक्षर किये। इस घोषणा-पत्र में दो बातें मुख्य हैं:—

(१) इस घोषणा-पत्र पर दस्तख़त करने वाला हर राष्ट्र प्रतिज्ञा करता है कि अपने तमाम सैनिक और आर्थिक साधनों को जर्मनी, इटली और जापान तथा इनके समर्थकों के विरुद्ध उपयोग करेगा।

(२) हर राष्ट्र यह प्रतिज्ञा करता है कि वह सब हस्ताक्षर करने वालों से इस बात में सहयोग करे कि कोई भी शत्रु से अलग सन्धि न करे।

इस घोषणा-पत्र पर इन देशों के प्रतिनिधियों ने हस्ताक्षर किये हैं: इंगलैंड, अमेरिका का संयुक्तराष्ट्र, सोवियट रूस, चीन, आस्ट्रेलिया, बेल्जियम, कैनेडा, कोस्टारिका, क्यूबा, चेकोस्लोवेकिया, डोमिनिकन प्रजातन्त्र, सैलवेडोर, यूनान, ग्वाटेमेला, हाइटी, हॉन्ड्युरास, हिन्दुस्तान, लग्ज़मबर्ग, निदरलैंड्स, न्यू-ज़ीलैंड, निकारागुआ, नॉरवे, पैनामा, पौलैंड, दक्षिण अफ्रीका और यूगोस्लाविया।

Junker यंकर। जर्मनी का एक प्रसिद्ध जंगी हवाईजहाज़। (देखो Aircraft).

K

Kapok Bridge कापोक पुल। बना-बनाया हलका पुल जो पैदल फ़ौज के साथ रहता है और नदी-नालों पर बिछा दिया जाता है। कापोक कॉर्क की तरह की एक हल्की चीज़ होती है। कापोक पुल १०० फुट से ज्यादा चौड़ी नदी में नहीं डाला जा सकता और तेज़ बहते हुए पानी में भी काम नहीं दे सकता।

Kite Balloon लटका हुआ गुब्बारा। गुब्बारों का बांध बनाने के लिए तार बांध कर लटकाया हुआ गुब्बारा। (देखो Balloon Barrage).

Knot नॉट। जहाज़ों की चाल का माप। यदि कहा जाता है कि अमुक जहाज़ की गति इतने नॉट है, तो उसका अर्थ यह होता है कि वह एक घंटे में कुछ निश्चित दूरी तय करता है। एक समुद्री मील ६०८० फुट का होता है, इसलिए अगर कोई जहाज़ एक घंटे में ६०८० फुट चले तो उसकी गति एक नॉट कही जायगी।

K. S. K. के-एस-के। एक प्रकार की अश्रु-गैस जिसका प्रभाव बहुत देर तक रहता है।

L

Lachrymator अश्रुकारक गैस। (देखो Chemical Warfare).

Lease and Land Act उधार पट्टा क़ानून। पहले तो संयुक्तराष्ट्र अमेरिका ने इंग्लैंड को जितना लड़ाई का सामान दिया उसकी नक़द कीमत वसूल की। लेकिन जब इंग्लैंड का सोने का भंडार ख़ाली होने लगा तो उसने अमेरिका से उधार सामान देने की प्रार्थना की। इस पर अमेरिका की कॉंग्रेस ने उधार-पट्टा क़ानून पास किया जिसके मातहत इंग्लैंड को अब तमाम सामान बिना नक़द कीमत चुकाये दिया जा रहा है; लेकिन इसके एवज़ में इंग्लैंड ने अमेरिका के नाम कई द्वीपों के पट्टे लिख दिये हैं। इस तरह इस क़ानून का उद्देश्य यह है कि अमेरिका तो इंग्लैंड को सामान उधार दे और इंग्लैंड उसके नाम ज़मीनों के पट्टे लिख दे।

Lebensraum लैबनज़ाम। यह जर्मन भाषा का शब्द है जिसका अर्थ है "रहने की जगह"। जर्मनी, जापान और इटली का यह नारा है कि वे अपनी बढ़ती हुई आबादी के लिए रहने की जगह चाहते हैं। यही "रहने की जगह" प्राप्त करने के लिए जर्मनी ने युद्ध शुरू किया है।

Lewis Gun लीविस गन। (देखो Artillery).

Lewisite लीविसाइट। एक व्रणकारक गैस जो संखिया का यौगिक होती है। (देखो Chemical warfare).

Lieutenant लैफ्टिनेन्ट। अंग्रेज़ी फ़ौज का एक अफ़सर जिसका ओहदा कप्तान से नीचे होता है।

Lieutenant Colonel लैफ्टिनेन्ट कर्नल। अंग्रेज़ी फ़ौज का एक अफ़सर जिसके हाथ में पैदल फ़ौज की बटेलियन (देखो) या रिसाले की रैजिमेन्ट (देखो) या तोपख़ाने के ब्रिग्रेड (देखो) की कमान होती है।

Lieutenant Commander लेफ्टिनेन्ट कमान्डर। अंग्रेज़ी फ़ौज का एक बड़ा अफसर।

Lieutenant General लैफ्टिनेन्ट जनरल। अंग्रेज़ी फ़ौज का बड़ा अफसर जो जनरल के नीचे होता है और जिसके हाथ में आर्मी कोर (देखो) की कमान रहती है।

Life Boat जीवन-रक्षक नौका। समुद्र में डूबते हुओं की जान बचाने के लिए बनायी गयी ख़ास तरह की किश्ती। इस तरह की किश्तियां सब जहाज़ों पर रहती हैं और संकट के समय लोगों की जान बचाने के काम में आती हैं।

Lightning War त्वरित् युद्ध। (देखो Blitzkrieg)

Liquid Fire तरलाग्नि। जलता हुआ रासायनिक तरल पदार्थ जो शत्रु की सेना पर एक नलुए के द्वारा बरसाया जाता है। गत महायुद्ध में जर्मनी ने इसका प्रयोग किया था।

List एक ओर झुकना। यह शब्द जहाज़ की उस अवस्था के लिए प्रयुक्त होता है जब वह घुटैल होकर एक ओर से पानी में झुक जाय, यानी उसका एक छोर पानी में डूबने लगे।

Low Countries नीचे देश। हालैंड और बैल्जियम को Low Countries कहा जाता है क्योंकि इनका बहुत सा भाग समुद्र की सतह से भी नीचा है।

Luftwaffe (लुफ़्तवफ़े) जर्मन हवाई फ़ौज। यह जर्मन भाषा का शब्द है जिसका अर्थ है "हवाई युद्ध"।

M

Machine Gun मशीन गन। (देखो Automatic Gun)

Magazine मेगज़ीन। अस्त्रागार। लड़ाई के सामान का गोदाम।

Magazine Rifle मेगज़ीन राइफल। वह बन्दूक जिस में कई कारतूस एक साथ भर दिये जाते हैं।

Maginot Line मैजिनो लाइन। मैजिनो क़िलेबन्दी। फ्रांस की जर्मनी से मिली हुई सरहद पर बनायी गयी मज़बूत क़िलेबन्दी। यह क़िलेबन्दी फ्रांस के युद्ध सचिव (१९२९) आन्द्रे मैजिनो (Andre-Maginot) की सूझ का नतीजा है। फ्रांस को सदा से जर्मनी के हमले का डर रहा है, उसी को रोकने के लिए यह किलेबन्दी तैयार की गई थी, पर जर्मनी ने बेल्जियम के रास्ते से घुस कर इसके उद्देश्य को निष्फल कर दिया। यह क़िलेबन्दी अपने ढंग की अजीब है और इसकी गहराई लगभग २० मील है। तारीफ़ की बात यह है कि यह क़िलेबन्दी इस तरह छिपायी हुई है कि हवाई जहाजों पर से या दूर से दिखायी नहीं पड़ती। इसमें सब से आगे (जर्मनी की तरफ़) तो सीमेंट की डिबियानुमा गुमटियां हैं जिनमें तोपें और दूरबीनें लगी हुई हैं। इसके बाद टैंकों को रोकने के लिए फ़ौलाद की ऊँची-नीची मेख़ें और कांटेदार तारों का जाल है। इस के पीछे ऐसी मेख़ें गड़ी हैं जिनके सिरों पर विस्फोटक गोले लगे हुए हैं। आगे चल कर तोपों की क़िलेबन्दी है। ये तोपें इस तरह लगायी गयी हैं कि गोलन्दाज़ लोग बिल्कुल सुरक्षित रहते हैं। तोपों के पीछे ज़मीदोज़ बारकें बनी हुई हैं जिनमें फ़ौजें रहती हैं। ये बारकें विज्ञान का चमत्कार हैं। इनमें फ़ौजों के रहने-सहने, खाने-पीने, वग़ैरा की पूरी सहूलियतें हैं। गरम पानी के हौज़, बिजली का पावर हाउस, अस्पताल, टेलीफोन, भोजन के कमरे, सोने के कमरे, रेलें, वग़ैरा सब ज़रूरी चीज़ें इनमें मौजूद हैं। ज़मीन के भीतर १५० फुट नीचे युद्ध-सामग्री का भंडार है। इसे ऊपर लाने के लिए बिजली के लिफ्ट लगे हैं। बारकों के अन्दर हवा का कुछ दबाव रक्खा जाता है ताकि बाहर से विषैली गैसें इनमें प्रवेश न कर सकें। गोलों और हवाई जहाज़ों के बमों का तो इन पर कुछ असर ही नहीं हो सकता। इनमें भारी-भारी जंगी तोपें भी लगी हुई हैं। ज़मींदोज़

क़िलों के पीछे फिर छिपी हुई भारी तोपें लगी हैं। मैजिनो लाइन के तैयार करने में अरबों रुपया ख़र्च हुआ है।

Magnetic Mine चुम्बकीय सुरंग। मक़नातीसी सुरंग। इस सुरंग में ख़ास बात यह होती है कि यह समुद्र में पानी की सतह के नीचे तैरती रहती है और जब कोई जहाज़ इसके दायरे में होकर निकलता है तो यह लोहे के आकर्षण से खिंच कर उसके पास पहुँच जाती है। इसमें सींग लगे रहते हैं जिनसे जहाज़ का सम्पर्क होते ही यह फट जाती है। चुम्बकीय सुरंग को निष्फल करने के लिए जहाज़ों में अब अचुम्बकीय पेटी लगा दी जाती है। इसमें बिजली की धारा बहती रहती है जिसके प्रभाव से सुरंग का खिंचाव नष्ट हो जाता है और वह बहुत दूर पर ही फट जाती है। (देखो Antimagnetic Belt)

Main Guard मुख्य फ़ौज।

Major मेजर। अंग्रेजी फ़ौज का अफ़सर जिसके हाथ में एक कम्पनी की कमान होती है। यह कप्तान से ऊपर होता है।

Major General मेजर जनरल। अंग्रेजी फ़ौज का अफ़सर जिसके हाथ में डिवीज़न की कमान होती है।

Mandated Territory सौंपा हुआ प्रदेश। गत महायुद्ध के बाद अन्तर्राष्ट्रीय परिषद् (League of Nations) ने कुछ प्रदेशों और टापुओं का शासनाधिकार इंगलैंड, जापान, फ्रांस आदि देशों को दे दिया था। इन प्रदेशों को सौंपे हुए प्रदेश कहा जाता है और शासन करने वाले देशों को अन्तर्राष्ट्रीय परिषद् आदेशानुसार काम करना पड़ता है।

Mannerheim Line मैनरहाइम क़िलेबन्दी। फ़िनलैंड की सीमा पर की गयी मैजिनो लाइन की तरह की क़िलेबन्दी। इसका नाम फिनलैंड के जनरल मैनरहाइम के ऊपर है जिसने इसका नक़शा बनाया था।

Manoevres फ़ौजी पैंतरेबाज़ी।

Marine जल सेना का सिपाही।

Marshal मार्शल। फ़ौजी अफ़सरों का एक ऊंचा पद।

Marshal, Field फ़ील्ड मार्शल। अंग्रेज़ी थल सेना का सबसे बड़ा अफ़सर।

Marshal of the Air हवाई मार्शल। हवाई सेना का सबसे बड़ा अफ़सर।

Martial, Court फ़ौजी अदालत। (देखो Court Martial)

Martial Law फ़ौजी क़ानून। ख़तरे के समय में या युद्ध के समय में फ़ौजी अधिकारियों द्वारा न्याय व्यवस्था। जब किसी इलाक़े में फ़ौजी क़ानून जारी कर दिया जाता है तो वहां की न्याय-व्यवस्था फ़ौज के हाथ में आजाती है और गिरफ्तारी व दण्ड देने के सारे अधिकार सैनिकों को होते हैं। इसमें सुभीता यह रहता है कि तमाम कारंवाई तुर्त-फुर्त हो जाती है।

Mask, Gas गैस टोपी। (देखो Gas Mask)।

Mechanisation यन्त्रीकरण। सेना को यंत्र-सज्जित करना। वैज्ञानिक यन्त्रों के आविष्कार ने सेनाओं के पुराने अस्त्र-शस्त्रों, सामान-संरजामों और लड़ाई के ढंग में क्रान्तिकारी परिवर्तन कर दिया है। सबसे बड़ा परिवर्तन तो यह है कि यंत्रों की सहायता से अब सेनाएँ बड़ी तेज़ी के साथ आगे बढ़ सकती हैं और १५-२० मील के बजाय अब एक-एक दिन में १५०-२०० मील आगे बढ़ना मामूली बात है। यन्त्रीकरण के मार्ग में शुरूआत टैंक के आविष्कार से हुई और यंत्र-सज्जित सेना का सबसे कारगर और शक्तिशाली अंग भी टैंक ही है। इसी की मदद के लिए बख्तरबन्द गाड़ियां, मोटर वाली तोपें, फौजों को लादने की मोटर लारियां, वग़ैरा, तैयार होती हैं। इनकी सहायता और इनके लिए रास्ते, पुल वग़ैरा तैयार करने के वास्ते फ़ौजी इंजीनयरी विभाग का काम भी बढ़ गया है। उधर टैंकों के नाश के लिए टैंक-मार तोपें और टैंक नाशक सुरंगे बनी हैं। आक्रमण के तरीक़ों के साथ-साथ रक्षा और बचाव के तरीक़ों में भी नये नये साधनों और प्रयोगों का उपयोग होने लगा है। सवारी के लिए घोड़ों का स्थान मोटरों और मोटर साइकिलों ने ले लिया है और माल ढोने का काम ख़च्चरों और आदमियों के बजाय मोटर-लारियां करने लगीं है। लेकिन यंत्रीकरण से लड़ने वाले सैनिक की महत्ता कम नहीं हुई है। बल्कि फौजी अफ़सरों की जिम्मेदारी तो और भी ज्यादा बढ़ गई है और अब उन्हें चालें और युक्तिऐं सोचने का बहुत कम वक्त मिलता है। इसलिए युद्ध का पूरा नक़शा पहले से ही सोच कर बनाना पड़ता है और हर हालत के लिए पहले से ही प्रबन्ध कर लिया जाता है। (देखो

Armoured Car; Army, Mechanised Division, Machanised; Military Engineering; Mine; Tank.)

Mechanised Army यंत्र-सज्जित सेना। (देखो Army, Mechanised)

Mechanised Cavalry यंत्र-सज्जित रिसाला। घोड़ों के बजाय सवारी के लिए बख्तर बन्द गाड़ियों, मोटरों और मोटर साइकिलों से सज्जित सेना।

Mechanised Division यंत्र-सज्जित डिवीज़न (देखो Division, Mechanised)

Mechanised Infantry यंत्र-सज्जित पैदल सेना। टैंकों, मोटर वाली तोपों वगैरा के साथ मोटर-लारियों में सवार होकर चलने वाली पैदल फ़ौज।

Mechanised Unit सेना का कोई भी यंत्र-सज्जित अंग।

Mechanised Warfare यांत्रिक युद्ध। यंत्रों की सहायता से युद्ध। (देखो Mechanisation)

Medical Corps फौजी चिकित्सा विभाग। अंग्रेज़ी सेना का चिकित्सा विभाग। शान्ति के समय सैनिकों के स्वास्थ्य का खयाल रखना और युद्ध काल में बीमारों और घायलों की परिचर्या करना इसका काम है। इसी के अन्तर्गत ऐम्बुलेन्स विभाग भी होता है। (देखो Ambulance)

Melinite मेलिनाइट। ट्राइ-नाइट्रो-टोल्युइन और पिक्रिक ऐसिड को मिला कर बनाया हुआ एक विस्फोटक। (देखो Explosives; T. N. T.)

Mercenary वैतनिक सैनिक। तनख्वाहदार सिपाही। सैनिक दो तरह के होते हैं, एक तो स्वेच्छा से युद्ध में शामिल होने वाले वालंटियर और दूसरे तनख्वाह पर फ़ौज में नौकरी करने वाले सिपाही। तनख्वाहदार सिपाहियों को पहले mercenary कहा जाता था। पर अब इस शब्द का प्रयोग 'भाड़े के टट्टू' के अपमान-सूचक अर्थ में होता है।

Merchantman व्यापारी जहाज़। समुद्री व्यापार के लिए माल लाने-ले जाने वाला जहाज़।

Merchantman, Armed हथियार-बन्द व्यापारी जहाज़। (देखो Armed Merchantman)

Middle East मध्यपूर्व। (देखो East, Middle)

Military फौजी। फ़ौज से सम्बन्ध रखने वाला।

Military Alliance फ़ौजी मेल। (देखो Alliance, Military)

Military Attache राजदूत का फौजी सलाहकार। (देखो Attache)

Military Base फ़ौजी अड्डा। (देखो Base, Military)

Military Cross फ़ौजी क्रास। एक अंग्रेज़ी तमगा जो कप्तान से नीचे पद वाले अफ़सरों को बहादुरी के लिए दिया जाता है। यह तमगा प्राप्त करने वाले के नाम के आगे M. C. अक्षर लिखे जाते हैं।

Military Engineering फ़ौजी इंजीनियरी। हर फ़ौज के साथ इंजीनियरी का विभाग होता है जिसे सपरमैना (देखो Sappers and Miners) की पलटन कहते हैं। यन्त्रीकरण के साथ इस विभाग का महत्व और भी ज्यादा बढ़ गया है। फौजी इंजीनियरी का उद्देश यह होता है कि अपनी फ़ौज के लिए सहूलियतें करना और शत्रु की फौज की कठिनाइयों को बढ़ाना। हरएक डिवीज़न के साथ फौजी इंजीनियरों का एक दस्ता होता है जो उसके पीछे-पीछे पूरे सामान और औज़ारों के साथ मोटर-लॉरियों में चलता है। इस विभाग के काम ये हैं।

छिपाव—फ़ौजों को छिपने के लिए खाइयां खोदना और तोपों, सामान वग़ैरा को नकली रूप देकर छिपाना। (देखो Camouflage)

पुल बनाना—नदियों और नालों पर पुल बांधना जिससे टैंक, मोटरें, वग़ैरा आसानी से पार हो सकें। पुल तीन तरह के होते हैं:—(१) कापोक पुल। इस तरहके पुल में कापोक से भरे हुए तैरने वाले गद्दे होते हैं जिन पर तख्ते जड़े रहते हैं। ये पुल सिर्फ़ पैदल फ़ौज के काम आ सकते हैं। कापोक पुल के बने-बनाये हिस्से फौज के साथ रहते हैं। (२) गर्डर पुल। ये पुल लोहे के गर्डरों से बनते हैं और काफी मज़बूत होते हैं। इनके तैयार टुकड़े भी फौज के साथ रहते हैं। (३) नावों के पुल (Pontoon Bridges)। इस के लिए खास तरह की नावें होती हैं जिन्हें आपस में बांध कर पानी पर तैरा दिया जाता है। फिर इनके ऊपर लोहे की सलाखें कस कर उन पर तख्ते बिछा दिये जाते हैं। अगर पास ही जंगल में

काफ़ी लकड़ी मिल जाय तो इन तीन तरह के पुलों के बजाय लकड़ी के ही पुल बांध दिये जाते हैं।

पानी का प्रबन्ध—फौजों के लिए पीने के पानी का प्रबन्ध भी करना पड़ता है। इस काम के लिए कुआ खोदने के औज़ार और पानी खींचने के पम्प फौज के साथ रहते हैं।

मशीनों के लिए शक्ति-चट्टानों में सूराख़ करने वाले बर्मों, पम्पों, वग़ैरा को चलाने के लिए बिजली या दबी हुई हवा (Compressed Air) का भी प्रबन्ध रहता है।

गोलों से बचाव—सिपाहियों को गोलों या बमों से बचाने के लिए ख़न्दकें, तहख़ाने, वग़ैरा तैयार करना।

तोड़-फोड़ का काम—शत्रु की फ़ौजों की प्रगति रोकने के लिए पुलों, सड़कों, वग़ैरा को सुरंगें लगा कर विध्वंस करना। (देखो Demolition)

Military Honours फ़ौजी सम्मान। युद्ध-क्षेत्र में मरने पर फ़ौजी अफ़सरों की अंत्येष्टि पूरे फ़ौजी सम्मान के साथ की जाती है। अगर शत्रु की फ़ौज के किसी अफ़सर की लाश मिल जाय तो उसे भी फ़ौजी सम्मान दिया जाता है।

Military Law फौज का कानून। फ़ौज के सिपाहियों पर लागू होने वाला कानून।

Military Objective फ़ौजी निशाना। ऐसी चीज़ें या स्थान जिनका फौजी महत्व हो और जिन्हें बरबाद करने से शत्रु की ताक़त कम हो। युद्ध के अन्तर्राष्ट्रीय नियमों में शत्रु के फौजी निशानों पर गोले या बम गिराना जायज़ माना गया है। कुछ फौजी निशान ये हैं:—फौजी अड्डे; जहाज़ी-अड्डे; हवाई-अड्डे; छावनियां; रसद और हथियार के भंडार और ढेर; युद्ध का सामान तैयार करने वाले कारख़ाने; उद्योग-धन्धों के कारख़ाने; सड़कें व पुल; पेट्रोल की टंकियां, क़िलेबन्दियां; बिजली के कारख़ाने; पानी के नल।

अस्पतालों, स्कूलों, धार्मिक स्थानों, ऐम्बुलेंस जहाज़ों और गाड़ियों वग़ैरा पर बम या गोले गिराना अनुचित समझा जाता है। (देखो Base, Air; Base, Military; Base, Naval.)

Military Occupation फ़ौजी अधिकार। किसी देश पर कब्ज़ा कर के उसमें अधिकार-रक्षा और शान्ति के लिए फ़ौजें तैनात करना।

Mine सुरंग। उग्र विस्फोटक पदार्थ से भरा हुआ पात्र-विशेष जो समुद्र में या ज़मीन पर डाल दिया जाता है और किसी भारी चीज़ की टक्कर से फट जाता है। इस लिहाज़ से सुरंगें दो तरह की होती हैं:—

Land Mines स्थल सुरंगें। ज़मीनी सुरंगें। ये ज्यादातर चपटे आकार की होती हैं और शत्रु के मार्ग में मिट्टी के नीचे दबाकर रखदी जाती हैं। जब इनके ऊपर होकर टैंक या गाड़ियां निकलती हैं तो ये फट जाती हैं और बहुत नुकसान पहुँचाती हैं। पुलों और सड़कों को नष्ट करने के लिए भी इनका प्रयोग किया जाता है। अब ऐसी सुरंगें भी बनने लगी हैं जो बिजली से या बेतार से नियन्त्रित की जाती हैं।

Submarine Mines समुद्री सुरंगें। समुद्री सुरंगें कई प्रकार की होती हैं। अन्तर्राष्ट्रीय युद्ध नियमों के अनुसार तटों की या बन्दरगाहों की रक्षा के लिए अपने तटवर्ती समुद्र में सुरंगें डाली जा सकती हैं। पर आजकल तो खुले समुद्र में और शत्रु के किनारों पर भी सुरंगें बिछा दी जाती हैं। जल सुरंगें विशाल गोलाकार होती हैं और इनमें ऐसा यंत्र लगा रहता है कि ये पानी के नीचे निश्चित गहराई पर तैरती रहती हैं। इनमें सींग लगे रहते हैं जिनसे जहाज़ के टकराने पर ये फट जाती हैं। नई किस्म की सुरंगों में सींगों के बजाय तार की मूंछें (Antennae) होती हैं जो दूर तक फैली रहती हैं। जहाज़ का इन मूंछों से सम्पर्क होते ही सुरंग में बिजली का आला चलने लगता है और वह फट जाती है। बिजली या बेतार के ज़रिये फटने वाली सुरंगें भी बन गई हैं। इनका नियन्त्रण तट पर एक चालक (Operator) के हाथ में रहता है। इस तरह की सुरंगें नियन्त्रित सुरंगें (Controlled Mines) कहलाती हैं। टक्कर से अपने-आप फटने वाली सुरंगें अनियन्त्रित (Non-controlled or Uncontrolled) कहलाती हैं। अगर समुद्र में ज़ोर की लहरें हों या ज्वार आ रहा हो तो अनियन्त्रित सुरंगें अपने लंगर से अलग होकर बहने लगती हैं और बेकार हो जाती हैं। अन्तर्राष्ट्रीय युद्ध-नियम के अनुसार इनकी बनावट इसी तरह

की रक्खी जाती है ताकि ये इधर-उधर बह कर तटस्थ या मित्र देशों के जहाज़ों को नुकसान न पहुँचा सकें। सुरंगों को समेटने के लिए विशेष प्रबन्ध किया जाता है और जहाज़ों को इनसे बचाने के लिए आजकल उनमें एक विशेष उपकरण रहता है। (देखो Mine-sweeping; Paravane)

Mine, Accoustic शब्दभेदी सुरंग । (देखो Accoustic Mine)

Mine, Contact सम्पर्क सुरंग । किसी चीज़ का सम्पर्क होने से फटने वाली सुरंग।

Mine, Controlled नियंत्रित सुरंग । (देखो Mine)

Mine, Land स्थल-सुरंग । (देखो Mine)

Mine, Magnetic चुम्बकीय सुरंग। (देखो Magnetic Mine)

Mine, Non-controlled अनियंत्रित सुरंग । (देखो Mine)

Mine, Sub-marine समुद्री सुरंग । (देखो Mine)

Mine Barrage सुरंगों की बाड़ । समुद्र तट पर शत्रु के जहाज़ों को रोकने के लिए बिछायी हुई सुरंगों की बाड़। ये सुरंगें नियंत्रित होती हैं और अपने या मित्रों के जहाज़ तो इन पर निकलने दिये जाते हैं, पर शत्रु के जहाज़ आते ही इन्हें बिजली से विस्फोट कर दिया जाता है।

Mine Field सुरंगी क्षेत्र । समुद्र का वह भाग जिसमें सुरंगें बिछा दी गयी हों। जिस भाग में सुरंगें बिछायी गयी हों उसे अन्तर्राष्ट्रीय नियमों के अनुसार सुरंगी क्षेत्र घोषित कर दिया जाता है।

Mine Laying सुरंगें बिछाना । ज़मीन पर या समुद्र में सुरंगें बिछाना या डालना। इस काम के लिए विशेष प्रकार के जहाज होते हैं जिन्हें सुरंग-बिछाऊ जहाज़ (Mine Layer) कहते हैं । आजकल हवाई जहाज़ों के द्वारा भी सुरंगें बिखेर दी जाती हैं।

Mine Listening सुरंग श्रवण । ध्वनि के द्वारा यह पता लगाना कि शत्रु ने किस तरफ़ और कितनी दूरी पर ज़मीनी सुरंगें बिछा रक्खी हैं। इसके लिये बड़े पेचीदे यन्त्र बनाये गये हैं। जीओफोन (Geophone) नामक यन्त्र इसके लिए विशेष उपयोगी सिद्ध हुआ है।

Mine Sowing सुरंगें बिखेरना । हवाई जहाज़ों के द्वारा समुद्र में सुरंगें डालना।

Mine Sweeping सुरंगें समेटना । शत्रु की बिछायी हुई सुरंगों को समेट कर बेकार कर देना। इस काम के लिए ट्रालर जहाज़ों का उपयोग किया जाता है। दो ट्रालर जहाज़ बीच में जाल बांध कर सुरंगी क्षेत्र के दोनों ओर चलते हैं। बिछी हुई सुरंगें तार के जाल में सिमट कर आजाती हैं और उन्हें इकट्ठा करके नष्ट कर दिया जाता है।

Mining सुरंग से उड़ाना ।

Mobile Column चलता-फिरता फ़ौजी दस्ता । पड़ाव डाल कर पड़ी हुई फ़ौज का वह दस्ता जो चलता फिरता रहता है।

Mobilisation सेना सजाना। फ़ौजों को लड़ाई के लिए तैयार करना। युद्ध घोषणा होने पर फ़ौजों को लड़ाई के लिए तैयार करने के लिए सरकार की तरफ़ से Mobilisation की आज्ञा जारी की जाती है।

Molotov Basket मोलोटोव पिटारी । एक प्रकार का बम जो हवाई जहाज़ से गिराया जाता है। ज़मीन पर गिरने से पहले इस बम में से बहुत से छोटे-छोटे बम निकल कर चारों तरफ बिखर जाते हैं।

Monoplane इकहत्ता वायुयान । (देखो Aircraft)

Monroe Doctrine मनरो सिद्धान्त । अमेरिका के प्रेसिडेण्ट मनरो का सन् १९२३ में प्रतिपादित सिद्धांत जिसके अनुसार अमेरिका के दोनों महाद्वीपों के मामलों में यूरोप का हस्तक्षेप अनुचित क़रार दिया गया है। दक्षिणी अमेरिका के राष्ट्र इससे पूर्णतया सहमत नहीं हैं क्योंकि वे इसे अमेरिका के संयुक्त-राष्ट्र की एक चाल समझते हैं जिसके द्वारा वह उन पर आर्थिक प्रभुत्व जमाना चाहता है।

Moral Rearmament नैतिक हथियारबन्दी। यह ऑक्सफोर्ड आन्दोलन (Oxford Movement) का एक अंग है जिसका उद्देश्य यह है कि जनता को युद्ध से विमुख करके शान्तिमय वातावरण स्थापित करना।

Mortar मॉरटर । तुपकिया या रेंकला । चौड़े मुंह की छोटी तोप जिसका गोला ऊंचा जाकर थोड़ी दूर की मार करता है। (देखो Artillery)

Mortar, Trench खाई की तुपकिया । शत्रु की खाइयों में गोला फेंकने वाली छोटी तोप।

Mosquito Craft मच्छर किश्तियां छोटे-छोटे हथियारबन्द जहाज़ जो छिछले पानी में काम आते हैं। मच्छर किश्तियों की एक उपयोगिता यह भी है कि ये बड़े-बड़े जंगी जहाज़ों के पास पहुँच कर और उन पर टारपीडो फेंक कर फौरन भाग जाती हैं।

Motorised Column मोटर-सवार दस्ता।

Motorised Infantry मोटर-सवार पैदल सेना। (देखो Infantry, Motorised)

Multilateral Agreement बहुपक्षी समझौता। दो से अधिक राष्ट्रों का पारस्परिक समझौता।

Munich Agreement म्यूनिख का समझौता। जर्मनी इंगलैंड, फ्रान्स और इटली का पारस्परिक समझौता जिस पर २९ सितम्बर १९३८ को आस्ट्रिया के म्यूनिख नगर में हस्ताक्षर किये गये। इसके अनुसार चेकोस्लोवेकिया के सूडेटन प्रदेश पर जर्मनी का अधिकार स्वीकार कर लिया गया। इस समझौते के कारण उस समय युद्ध की संभावना कम हो गयी थी। (देखो Appeasement Policy)

Munitions युद्ध-सामग्री। (देखो Ammunitions)

Mustard Gas मस्टर्ड गैस। (देखो Chemical Warfare)

Muzzle Velocity नाल-गति। तोप या बन्दूक की नाल से निकलते समय गोले या गोली की गति। हर तरह की तोप और बन्दूक की नाल-गति मालूम कर ली जाती है।

N

Naval नौ-सेना सम्बन्धी।

Naval Action नौ-सेना सम्बन्धी कार्रवाई।

Naval Base जहाज़ी अड्डा। (देखो Base, Naval)

Naval Craft जलयान। सब तरह के जहाज़ों, किश्तियों इत्यादि का सामूहिक नाम। आज कल अलग-अलग उपयोग के लिए सैंकड़ों तरह के जहाज़ और नौकायें बनती हैं। साधारण तौर पर जहाज़ों को तीन श्रेणियों में बांट सकते हैं: मुसाफिरी जहाज़, व्यापारी जहाज़, और जंगी जहाज़। युद्धकाल में यह भिन्नता बहुत कम रह जाती है और व्यापार के बहुत से जहाज़ युद्ध के काम में लिये जाते हैं। मुसाफिरी जहाज़ Liner कहलाते हैं और ये इतने बड़े होते हैं कि इन्हें एक चलता-फिरता नगर कह सकते हैं। व्यापारी जहाज़ों की कई किस्में होती हैं: जैसे माल ढोने वाले या बारबरदारी के जहाज़ (Cargo Ships) और तेल के जहाज़ (Oil Tankers)। व्यापारी जहाज़ों के संगठन को Mercantile Marine कहते हैं और जंगी जहाज़ों के संगठन को जहाज़ी-बेड़ा (Fleet)। (देखो Navy)

Naval Engagement जहाज़ी मुठभेड़। युद्ध में विरोधी देशों के जहाज़ों के बीच छोटी लड़ाई।

Naval Force जल सेना। इस परिभाषा के अन्दर जल सेना का पूरा संगठन आ जाता है। जल सेना में तीन तरह के लोग काम करते हैं:—(१) जहाज़ों को चलाने वाले नाविक और उनकी मरम्मत वग़ैरा करने वाले मिस्त्री। (२) जहाजी सेना के गोलन्दाज़ और सिपाही। (३) डुबकनी किश्तियों के नाविक। किसी जहाज़ के सब अफ़सर, नाविक और सिपाही उस जहाज़ का क्रू (Crew) कहलाते हैं। (देखो Navy)

यह शब्द किसी देश की जल-सेना शक्ति के लिए भी काम में आता है।

Naval Guns जहाज़ी तोपें। जंगी जहाज़ों पर चढ़ी हुई तोपें। जंगी जहाज़ों पर ज़्यादातर भारी तोपें लगी रहती हैं। इनके अलावा मंझोली तोपें और हलकी हवामार तोपें भी रहती हैं। छोटे जहाज़ों, गश्ती जहाज़ों और विध्वंसकों में भी कुछ-कुछ मंझोली और हलकी तोपें रहती हैं, पर मुख्य तोपें सब में भारी ही होती हैं। इन भारी तोपों के छूटने से जहाज़ को बड़ा ज़बरदस्त धक्का लगता है और सारा जहाज़ थरथरा उठता है। इसे बचाने के लिए तोपों को एक पालने की तरह के ढांचे पर जड़ दिया जाता है। यह पालना धक्के को सह लेता है और धक्के से पीछे हटी हुई तोप को फिर पहले की जगह पर ले आता है। (देखो Gun, Heavy; Cradle)

Naval Officer जहाज़ी अफ़सर। जल-सेना का अफ़सर।

Naval Treaty of London लंदन की नौ-सेना संधि। २५ मार्च १९३६ को इंगलैंड, संयुक्त-राष्ट्र अमेरिका और फ्रांस के बीच स्थापित हुई संधि जिसका उद्देश्य यह था कि जल-युद्ध के साधनों का नियन्त्रण किया जाय। बाद में इटली भी इसमें शामिल होगया पर जापान ने इसे मानने से इंकार कर दिया। इसका नतीजा यह हुआ कि संधि में ३५,००० टन की सीमा को बढ़ा कर ४५,००० टन कर दिया गया। (देखो Tonnage)

Naval Warfare जल युद्ध। समुन्दरी लड़ाई। जंगी जहाज़ों की लड़ाई। जल-युद्ध आधुनिक युद्धों का एक बहुत महत्वपूर्ण अंग है। एक ओर तो ज़मीन पर सेनाएं लड़ती हैं और दूसरी ओर जंगी जहाज़ समुद्र में शत्रु को नुकसान पहुँचाने की कोशिश करते रहते हैं। जल-युद्ध में डुबकनी किश्तियों का काम बड़ा महत्वपूर्ण होता है। जल-युद्ध का उद्देश्य यह होता है कि शत्रु की नाकेबन्दी करके उसकी रसद रोक दी जाय, उसके जहाज़ों को डुबो दिया जाय या कब्ज़े में कर लिया जाय और अपने जहाज़ों की आमद-रफ्त में सहूलियतें पैदा की जायें। जल-युद्ध में जहाज़ी बेड़े की जान तो बड़ा जंगी जहाज़ होता है जो क़िले का काम करता है। इसी की छत्र-छाया में इसकी मदद के लिए दूसरे और जंगी जहाज़ रहते हैं। प्रधान जंगी जहाज़ के बिना बेड़ा ऐसा रहता है जैसे बिना सरदार के फ़ौज। (देखो Navy)

Navicert प्रमाणित जहाज़। तटस्थ देश का कोई जहाज़ जिसे युद्ध की नाकेबन्दी में से निकलने का प्रमाण पत्र दे दिया गया हो। (देखो Blockade; Contraband Control)

Navy जल सेना। जल सेना का पूरा संगठन जिसमें सब तरह के जंगी जहाज़ और उन पर काम करने वाले नाविक, सैनिक और अफ़सर शामिल होते हैं। अपने देश का समुद्री व्यापार क़ायम रखना; शत्रु के समुद्री व्यापार को रोकना; नाकेबन्दी करना और शत्रु की नौ-शक्ति को नष्ट करना; ये सब जल सेना के कार्य हैं।

जलसेना के तीन अंग होते हैं। (१) सतह पर चलने वाले जहाज (Surface Craft); (२) डुबकनी किश्तियां (Submarine Craft); और (३) हवाई अंग (Fleet Air Arm)।

युद्ध में काम आने वाले जहाज़ इतनी तरह के होते हैं:—

Aircraft Carrier वायुयान वाहक।
Armed Merchantman हथियारबन्द व्यापारी जहाज़।
Battle Cruiser जंगी गश्ती जहाज़।
Battle-ship जंगी जहाज़।
Capital Ship मुख्य जंगी जहाज़।
Coast Guard Monitor तटरक्षक मानीटर।
Cruiser गश्ती जहाज़। ये बड़े भी होते हैं और छोटे भी।
Depot Ship गोदामी जहाज़।
Destroyer विध्वंसक जहाज़।
E-Boat ई-बोट। तेज़ टारपीडो किश्ती।
Flotilla Leader विध्वंसक नायक।
Gun Boat गन बोट। तोप वाली किश्ती।
Mine Layer सुरंग-बिखेरू जहाज़।
Mine Sweeper सुरंग-समेटू जहाज़।
Oil Tanker तेल का जहाज़।
Repair Ship मरम्मती जहाज़।
Submarine डुबकनी किश्ती। पनडुब्बी।
Supply Ship रसदी जहाज़।
Torpedo Boat टारपीडो किश्ती।
Trawler ट्रालर।

(इन तमाम जहाज़ों के वर्णन के लिए इन्हीं शीर्षकों को अलग-अलग देखिए और Warships देखिए)

वायुयान वाहक जहाज़ और जंगी जहाज़ों पर रहने वाले हवाई जहाज़ जल-सेना का हवाई अंग कहलाते हैं। (देखो Air Arm)

जल-सेना का सबसे बड़ा अफ़सर बेड़े का एडमिरल (Admiral of the Fleet) होता है। इसकी सहायता के लिए एक ऐडमिरल, एक वाइस ऐडमिरल और एक रीअर ऐडमिरल (Rear Admiral) होता है। हर जहाज़ की कमान उसके कप्तान के हाथ में होती है। (देखो Naval Force)

Nazism नात्सीवाद। हिटलर के नेतृत्व में जर्मनी का राष्ट्रीय समाजवादी आन्दोलन (National Social-

ism) इसकी पुकार यह है कि 'जर्मन देश आर्यन लहूवाले जर्मनों के लिये है'। नात्सी शासन व्यवस्था में नागरिकों के अधिकार और उनकी सम्पत्ति राष्ट्र के हित के लिए मर्यादित हैं और राष्ट्र का प्रतीक फ्यूरर हिटलर है। इसलिए जर्मनी में हिटलर ही सर्वेसर्वा है। नागरिकों को निजी सम्पत्ति रखने की और मुनाफे कमाने की छूट तो है पर राष्ट्र उनसे ज़बरदस्त टैक्सों के रूप में सम्पत्ति का अधिकांश हिस्सा ले लेता है। उद्योग धंधों का नियंत्रण भी सरकार के हाथ में है।

Near East निकट-पूर्व (देखो East,Near)

Neutral तटस्थ। युद्ध से विलग रहने वाला। (देखो Neutrality)

Neutrality तटस्थता; उदासीनता; निष्पक्षता। किसी राष्ट्र या देश की तटस्थ स्थिति। अन्तर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार तटस्थ स्थिति उन्हीं देशों की मानी जाती है जो दूसरे देशों के पारस्परिक युद्ध में समराधिकारी देशों के प्रति उदासीन वृत्ति रक्खे। शर्त यह है कि इस तटस्थता के लिए समराधिकारी देशों की स्वीकृति आवश्यक होती है। तटस्थ देश सब समराधिकारी और विग्रही देशों से मैत्री-सम्बन्ध रख सकता है और उनसे व्यापार भी कर सकता है; पर उन्हें युद्ध-सामग्री नहीं बेच सकता। नाकाबन्दी करने वाला देश तटस्थ जहाज़ों की तलाशी भी ले सकता है और अगर उनमें कोई निषिद्ध सामान हो तो वह ज़ब्त कर लिया जाता है। (देखो Belligerent; Blockade; Contraband Control.)

Neutral Port तटस्थ बन्दरगाह। तटस्थ देश की बन्दरगाह।

Neutral Shipping तटस्थ जहाज़। तटस्थ देशों के जहाज़।

Neutrality Act तटस्थता क़ानून। वर्तमान युद्ध प्रारम्भ होने पर अमेरिका के संयुक्त-राष्ट्र ने यह क़ानून बनाया था जिसके अनुसार वह समराधिकारी देशों को युद्ध सामग्री बेच सकता था लेकिन शर्त यह थी कि 'दाम दो और अपने आप ले जाओ'। (देखो Cash and Carry)

Nitro-cellulose नाइट्रो-सैल्युलोज़। (देखो Explosives)

Nitro-glycerine नाइट्रो ग्लिसरीन। देखो (Explosives)।

Non-aggression Pact निर्विग्रह समझौता। दो या अधिक देशों के बीच में ऐसा शर्तनामा जिसके अनुसार वे एक दूसरे पर आक्रमण न करने के लिये बँध जायं। रूस और जापान ने तथा रूस और तुर्की ने आपस में निर्विग्रह समझौते कर रक्खे हैं। जर्मनी और रूस के बीच भी इस तरह का शर्तनामा था पर जर्मनी ने उसे भंग करके रूस पर चढ़ाई कर दी।

Non-combatant निरायुध। युद्ध-लिप्त देश का वह नागरिक जो युद्ध का सिपाही न हो। (देखो Combatant)

Non-intervention अ-हस्तक्षेप नीति। दूसरे देशों के झगड़ों और युद्धों में हस्तक्षेप नहीं करने की नीति। इटली और अबिसीनिया के युद्ध में फ्राँस और इङ्गलैंड की यही नीति थी।

O

Objective निशाना। लक्ष्य। (देखो Military Objective)

Observation Post निरीक्षण चौकी।

Observer निरीक्षक। हवाई जहाज़ में चालक (Pilot) के साथ बैठने वाला सैनिक जिसका काम देख-भाल करना होता है।

Offensive आक्रमण। हमला।

Oil Pipe Line तेल के नल। ज़मीन में से जो तेल निकलता है उसमें मिट्टी का तेल, पेट्रोल, वैसलीन, मोम, वग़ैरा कितनी ही चीज़ें मिली रहती हैं। तेल के कुओं से नलों के द्वारा सब तेल एक जगह इकट्ठा कर लिया जाता है जहां उसे साफ़ कर के सब चीज़ें अलग अलग निकालते हैं और उन्हें बिक्री के लिए रवाना करते हैं। अमेरिका, ईराक़,बर्मा और रूस में तो तेल के

तक कई-कई सौ मील लंबे हैं और इनकी रक्षा का ख़ास प्रबन्ध रहता है।

Open City खुला शहर। ऐसा शहर जिसमें न तो कोई फ़ौज हो न युद्ध सामग्री हो और न युद्ध-सामग्री तैयार करने का आयोजन हो। जब किसी नगर को खुला शहर घोषित कर दिया जाता है तो अन्तर्राष्ट्रीय युद्ध-नियम के अनुसार उस पर गोलाबारी और बमबारी नहीं की जाती।

Ordnance आर्डनेंस। सब तरह की तोपों और उनके गोलों का समष्टिवाचक नाम।

Ordnance Department आर्डनेंस विभाग। स्थल सेना का वह विभाग जो सेना के लिए सब अस्त्रों-शस्त्रों और सामान का प्रबन्ध करता है। टूटे-फूटे यंत्रों, तोपों, गाड़ियों, इत्यादि की मरम्मत का काम भी इसी विभाग के ज़िम्मे होता है। इस विभाग के दस्ते ज़रूरी औज़ारों के साथ हर फ़ौज के साथ रहते हैं।

P

Pacific Islands प्रशान्त द्वीप समूह। प्रशांत महासागर में द्वीपों की संख्या सबसे अधिक है। इनमें मुख्य ये हैं: सुमात्रा, जावा, बोर्नियो, सीलीबीज़, मौल्युका, सिंगापुर, बाली, न्यू-गिनी, फ़िलिप्पीन, हवाई, ग्वाम, फ़िजी।

Pacifism शांतिवाद। युद्धों को रोकने का आन्दोलन। यह प्रगति २० वीं शताब्दी के प्रारम्भ से शुरू हुई है और यद्यपि शांतिवादियों को युद्धों को रोकने के प्रयत्न में सफलता नहीं मिली है, पर लोगों के विचारों पर काफ़ी प्रभाव पड़ा है। १९१४ के महायुद्ध से पहले के अन्तर्राष्ट्रीय शांति सम्मेलन और बाद में अन्तर्राष्ट्रीय परिषद, किलॉग शर्तनामा, निरस्त्रीकरण परिषद् इत्यादि इसी विचार-धारा के फल हैं। शांतिवाद के कई रूप हैं। इसके उग्र समर्थक युद्ध-विरोधी कहलाते हैं और इन लोगों ने एक युद्ध-विरोधी अन्तर्राष्ट्रीय संगठन भी बनाया था। अमेरिका और इंग्लैंड में शांतिवादियों की संख्या और प्रभाव सबसे अधिक है और यहां नैतिक युद्ध-विरोधियों को सैनिक सेवा से छूट देने के लिए कानून भी बन गये हैं। (देखो Conscientious Objector)

Pact समझौता। शर्तनामा। कौल-करार।

P. A. D. (Passive Air Defence) हवाई बचाव। हवाई हमले के प्रभाव से बचने के रक्षात्मक उपाय। इसमें हवाई रक्षागारों का आयोजन, आग-बुझाऊ दल का संगठन, गैस से बचने के उपाय, इत्यादि शामिल हैं। (देखो Air-raid Precautions)

Panama Canal पैनामा नहर। यह नहर उत्तर और दक्षिणी अमेरिकाओं को जोड़ने वाले सकड़े स्थल डमरू-मध्य को काट कर बनायी गयी है और प्रशान्त तथा अन्ध महासागरों को मिलाती है। इस नहर का बड़ा राजनैतिक और सामरिक महत्त्व है क्योंकि इसके द्वारा जहाज़ों का हफ़्तों का चक्कर बच जाता है। १९०१ की पॉन्सिफोट (Pauncifote) की सन्धि के अनुसार यह नहर सब राष्ट्रों के लिये खुली रहती है, बशर्ते कि कोई राष्ट्र अमेरिका के किसी देश से युद्ध-प्रवृत्त न हो।

Panzer Division पैंज़र डिवीज़न। (देखो Division, Panzer)

Parachute पैराशूट। हवाई छतरी। हवाई जहाज़ में से कूदने की छतरी। यह छतरी मज़बूत रेशम के गोल टुकड़े की बनाई जाती है। इसका व्यास २४ फुट होता है और इसमें एक-एक फुट के फासले पर २४ रेशमी रस्सियां बंधी होती हैं जिनके नीचे के सिरे एक ज़ीन से जुड़े रहते हैं। यह ज़ीन कूदने वाले की कमर और कन्धों पर इस तरह पहन ली जाती है कि गिरते वक्त वह आराम से "बैठा हुआ" रहता है। हवाई छतरी को इस्तैमाल करने के दो तरीके हैं। एक तो यह कि कूदने वाला हवाई जहाज़ की छत पर या पेट पर चढ़ जाता है और छतरी के बन्द खोल देता है। छतरी में हवा भर जाती है और वह हवा में तैरता हुआ नीचे उतर आता है। दूसरा तरीक़ा यह है कि कूदने वाला पीठ पर तह की हुई छतरी बांध कर कूद पड़ता है और कम-से-कम तीन सेकण्ड

बाद खोलने की रस्सी खींच लेता है। बहुत से हिम्मतवर कूदने वाले छतरी उस समय खोलते हैं जब ज़मीन से हज़ार फुट की ऊंचाई पर रह जायें। छतरी में ऊपर एक सूराख़ होता है जिसमें होकर हवा निकलती रहती है। छतरी की रस्सियों को खींचने से उसमें हवा कम हो जाती है और वह नीचे उतरने लगती है।

हवाई छतरी का वास्तविक उपयोग तो यह था कि हवाई जहाज़ में कोई दुर्घटना होने पर चालक या मुसाफ़िर छतरियां ले-ले कर कूद पड़ें। पर अब इस हवाई छतरी का उपयोग शत्रु के पीछे फ़ौजें उतारने में किया जा रहा है। पूरे साज़-सामान से लैस छतरीबाज़ सिपाही हवाई जहाज़ों में से गिरा दिये जाते हैं और उनके साथ-साथ हवाई छतरियों में बंधी हुई मशीनगनें और हल्की तोपें तक गिरा दी जाती हैं। कहा जाता है कि छोटे-छोटे टैंक तक हवाई छतरियों के ज़रिये उतारे जा सकते हैं। जर्मनी ने क्रीट के हमले में हज़ारों छतरीबाज़ सिपाही और तोपें उतार दी थीं।

Para-troops छतरीबाज़ फ़ौज। हवाई-छतरियों की मदद से हवाई-जहाज़ों में से गिराये हुए सिपाही। (देखो Parachute)

Paravane पैरावेन। सुरंग विनाशक उपकरण। पैरावेन हवाई जहाज़ की शक्ल का एक उपकरण होता है, जो जल सुरंगों का नाश करके जहाज़ की रक्षा करता है। जहाज़ के दोनों ओर दो पैरावेन पानी में डाल दिए जाते हैं और इनमें तार का जाल बांध दिया जाता है जिससे जहाज़ के आगे V आकार का परदा बन जाता है। सुरंग इस जाल के सहारे पैरावेन तक आ जाती है और उससे टकरा कर नष्ट हो जाती है।

Patrol गश्त। शत्रु की गति-विधि का पता लगाने के लिए समुद्र में गश्ती जहाज़ और ज़मीन पर गश्ती दस्ते चक्कर लगाते रहते हैं।

Periscope पैरिस्कोप। यह एक प्रकार की दूरबीन होती है जो डुबकनी किश्तियों में लगी रहती है। इसका सिरा पानी के ऊपर निकला रहता है और समुद्र की सतह पर चलने वाले जहाज़ों का प्रतिबिम्ब इसमें होकर नीचे पहुँच जाता है जिससे उन पर टारपीडो मारने में मदद मिलती है। यह दूरबीन खाइयों में भी काम देती है।

Phony War फ़र्ज़ी लड़ाई। बातों की लड़ाई। ऐसी लड़ाई जिसमें उभय पक्ष एक दूसरे के विरुद्ध बयान निकालते हैं और एक दूसरे को दोषी ठहराने का प्रयत्न करते हैं।

Phosgene एक युद्धोपयोगी गैस। वास्तव में यह तरल पदार्थ होता है। इसके असर से फेफड़ों में पानी भर जाता है और आदमी पानी में डूबने वाले की तरह दम घुट कर मर जाता है। यह क्लोरीन के साथ मिलाकर भी काम में ली जाती है।
(देखो Chemical Warfare)

Picric Acid पिक्रिक एसिड। (देखो Explosives)

Pill Box डिबियानुमा गुमटी। सीमेंट की छोटी-छोटी डिबियानुमा गुमटियां शत्रु का मुकाबला करने में बड़ी सहायक होती हैं। इनमें निगरानी रखने वाले निरीक्षक रहते हैं और तोपें भी लगी रहती हैं। ये इतनी मज़बूत होती हैं कि गोलों और बमों का इन पर कुछ असर नहीं होता है।

Pilot चालक। हवाई जहाज़ को चलाने वाला। पाइलट बनने के लिए शारीरिक और मानसिक दृढ़ता आवश्यक होती है। झपटानी बम-बारी तो बहुत ही जीवट का काम है। पाइलट को हवाई जहाज़ के सब कल पुर्ज़ों का ज्ञान होता है और नक़्शों का भी पूरा परिचय होता है।

Pincer Movement संडासी युक्ति। यह युद्ध का एक पैंतरा और युक्ति है जिसके अनुसार संडासी के दो फलों की तरह शत्रु की सेना का दो जगह से भेदन करके उसका मुख्य हिस्सा तो घेरे में ले लिया जाता है और बाज़ू के दो टुकड़ों को वैसे नष्ट कर दिया जाता है। अगर गति ठीक बैठ जाय और "संडासी" के दोनों सिरे मिल जायं तो यह पैंतरा बड़ा सफल रहता है। इसका ठीक संगठन करने के लिए बड़ी होशियारी और दूरदर्शिता की आवश्यकता होती है।

Pioneers अगाऊ दस्ता। मार्ग निदर्शक दस्ता। फौज का वह भाग जो आगे रास्ता तैयार करता हुआ चलता है।

Pistol पिस्तौल। छोटी-सी जेबी बन्दूक।

Pistol, Automatic कलीदार पिस्तौल। इस पिस्तौल में विशेषता यह होती है कि इसे बार-बार नहीं भरना पड़ता।

Platoon पलटन। एक पलटन में करीब ६० सिपाही होते

हैं और इसकी कमान लेफ्टिनेन्ट के हाथ में होती है। (देखो Army)

Pocket Battle-ship जेबी जंगी जहाज़। जर्मनी के छोटे जंगी जहाज़ जो शक्ति और मार में बड़े-बड़े जंगी जहाज़ों का मुक़ाबला करते हैं। वर्साई की संधि के अनुसार जर्मनी १०,००० टन से ज्यादा के जंगी जहाज़ नहीं बना सकता था। इसलिए उसने वैज्ञानिक सूझ से इसी मर्यादा में बड़े शक्तिशाली जहाज़ तैयार कर लिए। इनमें फौलादी चादरें रिपिटों (मेखों) से नहीं बल्कि बिजली से जोड़ी जाती हैं। इनकी तोपें भी ख़ास तरह की होती हैं। ये जहाज़ एक बार में ७-८ हज़ार मील तक चक्कर लगा सकते हैं।

Poison Gas ज़हरीली गैस। युद्ध में काम आने वाली विषैली गैस। (देखो Chemical warfare)

Pom Pom पॉम-पॉम। एक प्रकार की हवा-मार तोपें। (देखो Anti Aircraft gun)

Pontoon पुल बनाने की नाव। (देखो Military Engineering)

Predictor प्रिडिक्टर। वायुयान गति सूचक यंत्र। इस यंत्र के द्वारा यह पता लगता रहता है कि उड़ता हुआ हवाई जहाज़ किस गति से कितनी ऊंचाई पर किस तरफ़ को और किस कोण पर उड़ रहा है और बहती हुई हवा का उसकी गति पर क्या प्रभाव पड़ रहा है। साथ ही इस यंत्र से बिजली के द्वारा हवामार तोपों का निशाना उड़ते हुए हवाई जहाज़ की तरफ़ अपने-आप बंधता चला जाता है। यह यंत्र इतना अद्भुत होता है कि हवाई जहाज़ की गति और उड़ान के पेचीदा हिसाब, जिन्हें हल करने में गणितज्ञों को घंटों लग जायं, तुरन्त निकाल कर सामने रख देता है। इसकी सहायता से हवामार तोपों की उपयोगिता बहुत बढ़ गई है।

Price Control भाव नियंत्रण। युद्ध काल में साधारण जनता को मंहगाई के प्रभाव से बचाने के लिए आवश्यक चीज़ों की दरें सरकारी तौर पर निश्चित करदी जाती हैं।

Prize Court इनामी अदालत। लड़ाई की लूट के सामान का बटवारा करने वाली अदालत। यह अदालत उस माल का निपटारा करती है जो युद्ध में हाथ लगे या जो किसी जहाज़ में पकड़ा गया हो। निषिद्ध माल के जहाज़ का फैसला भी यही अदालत करती है। इस तरह की अदालतें हर देश में युद्ध शुरू होने पर स्थापित करदी जाती हैं।

Profiteering अनुचित लाभ उठाना। युद्ध काल में याता-यात कम होने के कारण खाने-पीने तथा दैनिक उपयोग की चीज़ों की कमी पड़ जाती है और व्यापारी लोग हर चीज़ के मनमाने दाम वसूल करके अनुचित लाभ उठाने की कोशिश करते हैं। इसे रोकने के लिये सरकार भाव नियंत्रण करती है। (देखो Price Control)

Projectile बन्दूक, तोप, पिस्तौल, आदि से छूटने वाला गोला, गोली या कारतूस।

Propellant विक्षेपक विस्फोटक। (देखो Explosives)

Propeller पंखा। चक्का। जहाज़ों और हवाई जहाज़ों को चलाने वाला चक्का या पंखा।

Pulmonary Irritant फुफ्फुस प्रदाहक। (देखो Chemical Warfare)

Q

Q-Boat क्यू-बोट। डुबकनी किश्तियों को धोखा देकर नष्ट करने वाला छोटा जहाज़। ये जहाज़ ऊपर से व्यापारी जहाज़ से दिखाई पड़ते हैं पर इनमें तोपें छिपी रहती हैं। डुबकनी किश्तियां धोखे से इनके नज़दीक आ जाती हैं और नुकसान उठाती हैं।

Quarter Master क्वार्टर मास्टर। गोदामी अफ़सर। अंग्रेज़ी फौज में इस अफसर का काम फौज के सामान और रसद की निगरानी करना होता है।

Quarter Master General क्वार्टर मास्टर जनरल। यह अफ़सर अंग्रेजी फौज का संचालन करने वाली

फौजी कौंसिल (देखो Army Council) का मेम्बर होता है। इसके ज़िम्मे रसद, सवारी, माल ढोने, पड़ाव व छावनी का प्रबन्ध करने इत्यादि का काम होता है।

Quick-firing Gun तेज़ी से गोले या गोलियां दागने वाली तोप या बन्दूक। हवा मार तोपें और मशीन-गनें इसी श्रेणी की होती हैं।

Quisling देश-द्रोही। वह व्यक्ति जो अपने देश के शत्रु से मिल जाय और उसकी सहायता करे। यह शब्द नॉरवे के सेनापति मेजर विडकून क्विस्लिंग (Major Vidkun Quisling) के नाम से निकला है। जब जर्मनी ने नारवे पर चढ़ाई की तो यह अपनी फौजों के साथ जर्मनी से जा मिला। तब से इसका नाम जयचन्द की तरह देश-द्रोहियों का पर्यायवाची बन गया है।

R

R. A. F. (Royal Air Force) आर० ए० ऐफ़। शाही हवाई सेना। इंग्लैंड की हवाई सेना का छोटा नाम। (देखो Air Force)

Rail Head रेल-सीमा। रेल पहुँचने का अन्तिम स्थान जहां युद्ध-सामग्री रेलगाड़ी से उतार कर सड़क के रास्ते से ले जाने वाली गाड़ियों में लादी जाती है।

Range-finder दूरी-मापक यंत्र। यह एक दूरबीन की तरह का यंत्र होता है जिसके द्वारा किसी निशाने की दूरी का ठीक अंदाज़ लग जाता है और उस पर तोप का निशाना बांधने में सहूलियत होजाती है।

Rationing राशन करना। युद्ध काल में खाद्य-पदार्थों तथा दैनिक उपयोग की अन्य आवश्यक वस्तुओं का नियंत्रण कर इस प्रकार बटवारा करना कि हर सैनिक या नागरिक को उसकी आवश्यकता के अनुसार सामग्री मिल जाय। यह इसलिए किया जाता है कि एक तो जन साधारण को सामान मिलने में दिक्कत न हो और दूसरे संकट के समय के लिए सामान बचा कर रक्खा जा सके। जब सरकार की ओर से किसी वस्तु को राशन कर दिया जाता है तो हर व्यक्ति को एक कार्ड मिल जाता है जिसे दिखा कर वह अपने मोदी से उस वस्तु की एक निश्चित मिक़दार प्राप्त कर सकता है।

Rear Guard गोल की फ़ौज। फ़ौज का दस्ता जो मुख्य दस्ते के पीछे चलता है। इसका काम यह होता है कि घायलों की देख भाल करे और पीछे से आक्रमण करने वाले शत्रु को रोके।

Recoil पिच्छट। धक्का। तोप या बंदूक को दागने से पीछे की ओर लगने वाला धक्का।

Reconnaissance प्रारम्भिक निरीक्षण। देख-भाल। आक्रमण करने से पहले शत्रु की गति-विधि और किले बन्दियों का पता लगाना। पहले यह काम गुप्त-चर (Scouts) किया करते थे, पर आजकल हवाई जहाज़ करते हैं।

Reconnoitring जांच पड़ताल। सामरिक दृष्टि से किसी स्थान की जांच-पड़ताल। यह काम भी आजकल हवाई जहाज़ों की मदद से किया जाता है।

Red Army लाल सेना। सोवियट रूस की सेना। यह सेना सन् १९१७ की राज्य-क्रान्ति के समय संगठित हुई थी और क्रान्ति के लाल झंडे के कारण इसका नाम लाल-सेना पड़ा। बाद में रूस की सारी सेना का सरकारी नाम 'मज़दूरों और किसानों की लाल-सेना' रख दिया गया।

Red Cross रेडक्रॉस। एक अन्तर्राष्ट्रीय संगठन जिसका काम शान्ति काल में रोगियों की परिचर्या, चोटों की प्राथमिक चिकित्सा और स्वास्थ्य-विज्ञान का प्रचार है, ताकि युद्ध काल में घायलों की चिकित्सा और सेवा-सुश्रुषा है। इसका निशान लाल रंग का स्वस्तिक है और जिस मनुष्य, गाड़ी, जहाज़, इत्यादि पर यह निशान हो उसे नुकसान नहीं पहुँचाया जाता। रेड-क्रॉस संस्था बिना शत्रु-मित्र के भेद भाव के सब घायलों की समान रूप से सेवा करती है। (देखो Ambulance)

Redhill Outfit रैडहिल सरंजाम। आग-लगाऊ बम को बुझाने का साधन। इसमें इतनी चीज़ें होती हैं: एक लम्बी डंडी का सब्बल (बेलचा), एक बालूरेत से भरी बालटी और एक ढकना। पहले बम पर बालूरेत डाल कर उसे ढकने से ढक देते हैं और जब वह अन्दर ही-अन्दर जल कर ख़तम हो जाता है तो बालटी में समेट कर फेंक देते हैं। यह तरकीब उसी समय काम में लायी जा सकती है जब आग-लगाऊ बम किसी खुली जगह में गिरा हो।

Reduce फ़तह करना। युद्ध में जीत कर अधिकार करना।

Refuge आश्रय का स्थान। हिफ़ाज़त की जगह।

Refugee आश्रयार्थी। शरणार्थी। पनाहगीर। अपने देश से भाग कर दूसरे देश में शरण लेने वाला व्यक्ति। राजनैतिक अत्याचार या शत्रु के आतंक से पीड़ित होकर लोग अपना देश छोड़ने पर मजबूर हो जाते हैं और किसी दूसरे देश में जाकर आश्रय ढूंढते हैं। आश्रयार्थियों की संख्या दिन-ब-दिन इतनी बढ़ती जाती है कि इनकी समस्या बड़ी विकट हो गयी है। ज्यादातर आश्रयार्थी जर्मनी की यहूदी-नाशक वृत्ति के फलस्वरूप मध्य यूरुप से भागे हुए यहूदी लोग हैं।

Regiment रैजिमैन्ट। सेना का एक भाग। हर देश की सेनाओं में रैजिमैन्ट होते हैं, पर उनकी रचना अलग-अलग तरह की होती है। अंग्रेज़ी सेना में रैजिमैन्ट युद्ध करने वाली फ़ौज नहीं होती बल्कि कई बटैलियनों का सामूहिक संगठन होता है जिसका अफसर कर्नल होता है। हर रैजिमैंन्ट को अलग डिपो होती है।

Reichstag रीख़स्टाग। जर्मनी की पार्लियामैन्ट का नाम।

Reinforcement कुमुक। लड़ने वाली फ़ौज की सहायता के लिए भेजी जाने वाली अतिरिक्त फ़ौज।

Regular Army तैयार फ़ौज। हर समय तैयार रहने वाली फौज।

Reprisal प्रतिशोध। बदला। शत्रु के किसी अनुचित कार्य का बदला लेने के लिए उसकी किसी वस्तु पर अधिकार कर लेना या उसके सैनिकों या बंधकों को त्रास देना। (देखो Hostage)

Reserve Force इमदादी फ़ौज। सहायक सेना। तैयार फौज के अलावा हर देश में एक ऐसी इमदादी फौज भी संगठित की जाती है जिसके सिपाहियों को शान्ति काल में तो छुट्टी दे दी जाती है, पर युद्ध काल में ज़रूरत पड़ने पर बुला लिया जाता है।

Respirator श्वास यंत्र। एक प्रकार की गैस-टोपी जो सिर्फ़ नाक और मुंह को ढकती है। (देखो Gas Mask)

Retreat पीछे हटना। मैदान छोड़ना। युद्ध क्षेत्र से पीछे हट कर भागना।

Retreating Army भग्गुल सेना; भगोड़ी फौज।

Rifle राइफल। एक प्रकार की बन्दूक जिसकी नाल के भीतर धारियां कटी रहती हैं। इन धारियों के कारण गोली बड़े ज़ोर के साथ चक्कर खाती हुई निकलती है।

Rifling नाल में धारियां काटना। आजकल तोपों की नाली में भीतर गोल धारियां काट दी जाती हैं, जिससे गोला चक्कर खाता हुआ निकलता है और रास्ते में कलाबाज़ियां नहीं खाता बल्कि सीधा लक्ष्य की ओर चला जाता है।

Rio Charter रायो घोषणा पत्र। २२ जनवरी १९४२ को दक्षिणी अमेरिका के ब्रेज़िल प्रजातन्त्र की राजधानी रायो-डि-जनीरो (Rio de Janeiro) में अखिल-अमेरिकन सम्मेलन की बैठक में स्वीकृत घोषणा। इसकी चार धाराएं हैं:—

(१) यदि कोई ग़ैर-अमेरिकन राज्य अमेरिका के किसी देश पर आक्रमण करे तो अमेरिका के सब प्रजातन्त्र उसे अपने ऊपर आक्रमण समझेंगे क्योंकि इस प्रकार का कार्य अमेरिका स्थित देशों की स्वतंत्रता पर कुठाराघात होगा।

(२) अमेरिका के सब प्रजातन्त्र राष्ट्र अपनी पूरी एकता की घोषणा करते हैं और वादा करते हैं कि पारस्परिक रक्षा के काम में एक दूसरे से सहयोग करेंगे।

(३) अमेरिका के प्रजातंत्र राष्ट्र ऐलान करते हैं कि अपने राज्याधिकारों के फलस्वरूप वे जापान, जर्मनी और इटली से राजनैतिक सम्बन्ध नहीं रख सकते क्योंकि जापान ने इस महाद्वीप के एक देश पर आक्रमण किया है और दूसरों ने उसके विरुद्ध युद्ध की घोषणा की है।

(४) अमेरिका के प्रजातन्त्र यह ऐलान करते हैं कि भविष्य में वे सबकी शामिल सलाह से ही धुरी-राष्ट्रों के साथ राजनैतिक सम्बन्ध दुबारा स्थापित करेंगे।

Rocket रॉकेट पटाखा। पटाखे के सिद्धान्त पर बना हुआ गोला। जिस तरह पटाखा अपने आप गति करता है उसी तरह रॉकेट भी अपने आप बढ़ता चला जाता है। इसमें ऐसा मसाला भरा रहता है जिसके छूटने से रॉकेट को बराबर गति मिलती रहती है। कहते हैं कि रॉकेट में बड़ी सामरिक संभावनाएँ हैं और इसका विकास करके बड़ा कारगर अस्त्र बनाया जा सकता है।

Rome-Berlin Axis रोम बर्लिन धुरी।

(देखो Axis, Rome-Berlin)

S

SA ऐस-ए। तूफानी सेना। नात्सीदल की सेना Sturm Aleteilung (Storm Troop) का छोटा नाम। इसका संगठन सन १९२२ में हुआ था, पर इसे सरकारी मान्यता हिटलर के अधिकार ग्रहण पर सन् १९३३ में मिली। इस सेना के लाखों जर्मन युवकों को फ़ौजी शिक्षा दी है।

Sabotage आन्तरिक चोट। भीतरी मार; अन्तर्घात। इस शब्द का मूल अर्थ तो यह है कि मज़दूर लोगों की मालिकों से असन्तुष्ट होकर मशीनों को या कच्चे माल को खराब करने या नष्ट करने की कोशिश। पर युद्ध काल में यह शब्द शत्रु के एजेन्टों के इसी प्रकार के कार्यों के लिए भी प्रयुक्त होता है। यह भीतरी मार बड़ी विकट होती है और इसे रोकने के लिए बड़ा कड़ा बन्दोबस्त किया जाता है।

Saboteur आन्तरिक चोट पहुँचाने वाला।

Salient बाहर निकला हुआ। फ़ौजी खाइयों, क़िले बन्दियों, मोर्चों इत्यादि का कोई आगे निकला हुआ भाग जिसकी रक्षा के लिए विशेष प्रबन्ध करना पड़ता है।

Salvo तोपों की बाढ़। बहुतसी तोपों का एक साथ दागा जाना।

Sampan सम्पन। छोटी नाव जो चीनी लोग और पूर्वी द्वीप समूह के निवासी काम में लाते हैं।

Sand Bags बालू के बोरे। ये हवाई बचाव का एक महत्वपूर्ण साधन है। दरवाज़ों खिड़कियों, वग़ैरा के सामने बालू के बोरे जमा देने से बमों के उड़ते हुए टुकड़ों से बचाव हो जाता है।

Sappers and Miners सपरमैना की फौज। यह फौजी इंजीनियरी विभाग का अंग होता है। इसके ये काम होते हैं:—(१) सेना के आगे बढ़ने के लिए रास्ता साफ करना; (२) अगर मार्ग में शत्रु ने ज़मीनी सुरंगें बिछा दी हों या और कोई रुकावटें डाल दी हों तो उन्हें नष्ट करना; (३) सड़कें और पुल बनाना और इनकी मरम्मत करना; (४) खाइयाँ वगैरा खोदना; (५) शत्रु के मार्ग में कांटेदार तार सुरंगे, वग़ैरा बिछाना; (६) शत्रु की गति को रोकने के लिए पुलों सड़कों, वग़ैरा को सुरंगे लगाकर नष्ट करना; (७) किले-बन्दियाँ और बाड़ें तैयार करना।

सपरमैना की फौज का दस्ता पूरे सामान और औज़ारों के साथ हर डिवीज़न के साथ रहता है।

(देखो Military Engineering)

Scout स्काउट। गुप्तचर। शत्रु की गति-विधि का पता लगाने वाला और देख-भाल करने वाला। यह काम इक्के-दुक्के गुप्तचर भी करते हैं और गुप्तचरों की टुकड़ियाँ भी। आजकल देख-भाल का काम हवाई जहाज़ों के द्वारा होता है।

(देखो Reconnaissance)

Scorched Earth Policy घर-फूंक नीति। अपना सामान खुद नष्ट करने की नीति। यह नीति उस समय बरती जाती है जब यह अन्देशा हो कि अपने देश पर शत्रु का अधिकार होने वाला है। ऐसी तमाम चीज़ें, मसलन. नाज के भण्डार, कारखाने, तेल के गोदाम, पुल, रेलें वग़ैरा बरबाद करदी जाती हैं ताकि वे शत्रु के काम न आ सकें।

Screeching Bomb चीख़नेवाला बम। (देखो Bomb)

Scuttle पेंदे में सूराख़ करके डुबा देना। अगर कोई जहाज़ बेकार हो जाय तो उसे इस तरह डुबा दिया जाता है। युद्ध काल में बहुत से जहाज़ शत्रु के हाथ में पड़ने की अपेक्षा पेंदे में छेद करके डुबा दिये जाते हैं। जर्मनी का मशहूर जंगी जहाज़ ग्राफ़ स्पी (Graf Spee) इसी तरह डुबा दिया गया था।

Sea Plane जलचर हवाई जहाज़। (देखो Air-craft)

Search-light सर्च-लाइट। खोजी प्रकाश। प्रकाश शिखा। बिजली का बहुत तेज़ और बहुत दूर तक पहुँचने वाला प्रकाश। इस प्रकार के प्रकाश जहाज़ों में लगे रहते हैं ताकि दूर तक का दृश्य नजर आता रहे। युद्ध काल में नगर रक्षा और तट रक्षा के लिए बहुतसी सर्चलाइटें चारों ओर लगादी जाती है जिनसे आने वाले शत्रु का पता लग जाय।

Search-light Barrage खोजी प्रकाशों की बाढ़। हवाई हमले से चेतावनी देने के लिए तट पर लगायी हुई सर्च लाइटों की पंक्ति। इनका प्रकाश हजारों फीट ऊँचाई तक पहुँचता है जिससे शत्रु का हवाई जहाज़ फौरन दिखायी पड़ जाता है। इशारों से समाचार भेजने के लिए भी सर्चलाइट का उपयोग होता है।

Secret Service गुप्तचर विभाग। राज्य का वह विभाग जो सैनिक अथवा राजनैतिक महत्व की गुप्त बातों का पता लगाता है। इस काम के लिए गुप्तचर नियुक्त होते हैं जो देश-विदेश में तरह-तरह की युक्तियों से काम करते हैं। युद्ध काल में तो इस विभाग का काम बहुत ही महत्वपूर्ण हो जाता है।
(देखो Espionage)

Section सैक्शन। टुकड़ी। सेना के किसी विभाग की टुकड़ी पैदल सेना की टुकड़ी में लगभग १६ सिपाही होते हैं; रिसाले की टुकड़ी में चार से आठ तक सवार होते हैं; और तोपखाने की टुकड़ी दो तोपों की होती है।

Service Corps सर्विस कोर। फौज का वह विभाग जो मोर्चे पर युद्ध सामग्री और रसद पहुँचाने का इन्तजाम करता है। इस विभाग के पास बहुतसी हर तरह की गाड़ियाँ होती हैं जिनसे जल्दी सामान पहुँचाने में मदद की जाती है।

Shell गोला। गोले में और बम में यह फर्क है कि गोले तो तोपों से छोड़े जाते हैं और बम वैसे ही फेंके जाते हैं। गोले बहुत बढ़िया फौलाद के बनते हैं और इनका आकार कारतूस की तरह नोकदार होता है। ये भीतर से पोले होते हैं और इनमें कोई विस्फोटक पदार्थ भरा रहता है। गोले के दोनों सिरों पर फलीते लगे रहते हैं जिनकी सहायता से वह फटता है।

Shell, Armour-piercing कवच भेदी गोला। यह गोला बहुत मजबूत फौलाद का बनता है और जहाजों पर मढ़ी हुई मोटी फौलादी चादरों के बक्तर को भेदता हुआ चला जाता है।

Shell, Gas गैस गोला। ज़हरीली गैस से भरा हुआ गोला।

Shell, High Explosive उग्रविस्फोटक गोला। इस गोले में उग्र विस्फोटक पदार्थ भरा जाता है और यह बड़ी-बड़ी इमारतों, किलेबन्दियों वगैरा को तोड़ने के काम आता है।

Shell, Smoke धूम्र गोला। धुएँ का बादल पैदा करने वाला गोला। इसके छोड़ने से धुएँ का एक परदा-सा बन जाता है और जिससे शत्रु को निशाना बांधने में बहुत कठिनाई होती है।
(देखो Smoke Screen)

Shell, Star फुलझड़ी गोला। इस गोले में से बड़ी प्रकाशमान फुलझड़ियाँ छूटती हैं जिनसे उजाला हो जाता है और आस-पास की चीजें साफ़ नजर आने लगती हैं।

Shell-proof Shelter गोलों की मार से रक्षा करने वाला आश्रय या रक्षागार। इस तरह के रक्षागार जमीन के भीतर कम से कम २० फुट नीचे बनाये जाते हैं या ४-५ फुट मोटी सीमंट की दीवारों के बनते हैं।

Shock Troops बिजली सिपाही। इन सिपाहियों का दस्ता शत्रु सेना पर बिजली की तरह टूट कर पड़ता है। ये सिपाही चुने हुए होते हैं और ख़ास मौकों पर ही लड़ने के लिए भेजे जाते हैं।

Shore Batteries तट की तोपें। तट रक्षा के लिए लगायी हुई तोपों की श्रेणी।

Shrapnel बौछारी गोला। इस तरह के गोले के भीतर

बहुत-सी गोलियाँ भरी रहती हैं। जब वह फटता है तो चारों तरफ बौछार की तरह गोलियाँ छूटती हैं।

Siege घेरा। मुहासरा। शत्रु के द्वारा किसी स्थान, नगर या फौज का घेरा लिया जाना।

Siege, State of घेरे की स्थिति। जब यह घोषित कर दिया जाता है कि कोई स्थान घेरे की स्थिति में है तो न तो वहाँ से कोई बाहर जा सकता है और न बाहर से कोई भीतर आने दिया जाता है।

Siegfried Line सिगफ्रीड लाइन। मेजिनो लाइन के जवाब में जर्मनी की सीमा पर बनाई गयी किलेबन्दी। यह किलेबन्दी मैजिनो लाइन जितनी सुदृढ़ और सम्पूर्ण नहीं है और वर्तमान युद्ध प्रारम्भ होने से कुछ ही दिन पहले थोड़े अर्से में तैयार की गयी थी। (देखो Maginot Line)

Sight शस्त। बन्दूकों और तोपों में लगा हुआ वह साधन या यंत्र जिसकी सहायता से निशाना बाँधा जाता है।

Singalling समाचार भेजना। युद्ध में समाचारों का ठीक तरह और ठीक समय पर पहुँचते रहना परमावश्यक है क्योंकि इसके बिना युद्ध का संचालन ठीक तरह हो ही नहीं सकता। आजकल यंत्रीकरण के युग में जबकि सेनाएँ तेज़ी के साथ आगे बढ़ती चली जाती हैं, समाचार भेजने का प्रबन्ध करना बहुत ही जिम्मेदारी का और कठिन काम हो गया है। सेना के प्रधान कार्यालय से विविध छावनियों और पड़ावों को आज्ञाएँ तथा आदेश भेजना; पड़ावों और छावनियों से लड़ने वाली सेनाओं को आदेश भेजना; लड़ने वाली सेना के विभिन्न विभागों और टुकड़ों में पारस्परिक संयोजन और सम्पर्क स्थापित करना; इत्यादि सब कार्यों के लिए बड़े सुचारु समाचार-विभाग और यंत्रों की आवश्यकता होती है। इस काम के लिए देश, काल और परिस्थिति के अनुसार नीचे लिखे साधन उपयोग में लिये जाते हैं:—

(१) झंडियाँ, (२) हॉलिओग्राफ; (३) कबूतर; (४) कुत्ते; (५) रॉकेट; (६) तार और टेलीफोन; (७) बेतार; (८) समाचार-वाहक सैनिक।

पहले और दूसरे साधनों का उपयोग बहुत सीमित है। ये तभी काम में आ सकते हैं जब समाचार भेजने के लिए युद्ध-क्षेत्र में ऊँचे-ऊँचे टीले या पहाड़ियाँ हों। इनमें झंडियों के इशारों से या रोशनी के इशारों से समाचार भेजते हैं।

कबूतरों और कुत्तों का उपयोग भी विशेष अवस्थाओं में किया जाता है। इसके लिए इन जानवरों को काफी सधाना पड़ता है।

रॉकेट या पटाखे के साथ पत्र भेजना उसी अवस्था में सम्भव हो सकता है जब यह निश्चय हो कि पटाखा ठीक स्थान पर जाकर गिरेगा।

तार और टेलीफोन युद्ध में समाचार भेजने के मुख्य साधन हैं। इनके लिए समाचार-विभाग को युद्ध-क्षेत्र में जगह-जगह बिजली के तार फैलाने पड़ते हैं और तरह-तरह के यंत्रों का प्रबन्ध करना पड़ता है। गोलों से बचाने के लिए तारों को ज़मीन में गहरा गाड़ना पड़ता है। तार और टेलीफोन के समाचार जहाँ तक हो संकेताक्षरों और सांकेतिक भाषा में भेजे जाते हैं जिससे शत्रु उन्हें न पकड़ सके।

यंत्र-सज्जित डिवीजनों से सम्पर्क रखने के लिए और डिवीज़न में भी हर हिस्से के पारस्परिक संयोजन के लिए बेतार का सहारा लिया जाता है। टैंकों में बेतार के यंत्र लगे रहते हैं। ये यंत्र इतने छोटे होते हैं कि थोड़ी दूर तक ही काम में आ सकते हैं। इसलिए इनके समाचारों को शत्रु नहीं पकड़ सकता। पर सेना के साथ बड़े काम के लिए बेतार के बड़े-बड़े यंत्र भी रहते हैं। इनके द्वारा संकेताक्षरों और सांकेतिक भाषा में समाचार भेजे जाते हैं।

हर सेना में इस काम के लिए पूर्ण संगठित समाचार विभाग होता है जिसे Signalling Service कहते हैं। इस विभाग के कई अंग होते हैं—(१) हैडक्वार्टर से छावनी या पड़ाव तक समाचार पहुँचाने वाला; (२) लारियों में बेतार के यंत्र लेकर चलने वाला; (३) तार बिछाने वाला; (४) बेतार के बड़े यंत्रों का संचालन करने वाला; (५) समाचार भेजने वाला; (६) मरम्मत करने वाला।

Singapore सिंगापुर। मलाया प्राय-द्वीप के सिरे पर एक अत्यन्त राजनैतिक तथा सामरिक महत्व का टापू। यह टापू दूर-पूर्व की कुंजी समझा जाता है क्योंकि यह हिंद महासागर और चीन-सागर को मिलाने वाले जल-

डमरू-मध्य पर स्थित है। इस द्वीप का क्षेत्रफल २२५ वर्ग मील है। यहाँ रांगा (Tin) तैयार करने का दुनिया भर में सबसे बड़ा कारख़ाना है।

Siren भोंपू। हवाई ख़तरे से सावधान करने के लिए इसी प्रकार के भोंपू बजाये जाते हैं। यह भोंपू बिजली से काम करता है।

Slit Trench कटी हुई खाई। एक विशेष प्रकार की खाई जो बम के टुकड़ों से बचाव के लिए खोदी जाती है। यह W के आकार में खोदी जाती है और इसके माप इस प्रकार होते हैं: चौड़ाई—मुंह पर २॥ फुट और नीचे १॥। फुट; गहराई—३ फुट; W के हर बाजू की लम्बाई ८ फुट; बाजुओं के बीच का कोण १००°। खाई के दोनों ओर ६ इंच के फासले पर १। फुट ऊंची बांस की टट्टियां लगायी जाती हैं। इन टट्टियों से ४ फुट के फासले पर फिर इसी तरह की टट्टियां लगायी जाती हैं और दोनों टट्टियों के बीच की जगह में मिट्टी भर दी जाती है।

Sloop स्लूप। एक प्रकार का छोटा जहाज़ जो नौ-सेना में विशेष कामों के लिए होता है। पैमायश का काम इसी तरह के जहाज़ से किया जाता है।

Small Arms छोटे हथियार। देखो (Arms, Small)

Smoke Barrage धुँएं की बाढ़। फौजी मुकाम के ऊपर और चारों ओर अक्सर धुएं का गहरा आवरण बनाये रक्खा जाता है जिससे शत्रु उस पर बम का या गोले का ठीक निशाना न लगा सके।

Smoke Bomb धूम्रोत्पादक बम। ऐसा बम जिसके छोड़ने से धुएं का बादल पैदा हो जाय। इस प्रकार के बम धुएं की बाढ़ या धुएं का परदा बनाने के काम में आते हैं। धूम्रोत्पादक बमों में टिटैनियम टेट्राक्लोराइड (Tetanium Tetrachloride) और फास्फोरस (Phosphorus) का मिश्रण रहता है जिसके जलने से बड़ा गहरा सफेद रंग का धुआं पैदा होजाता है।

Smokeless Powder धूम्र-रहित बारूद। ऐसी बारूद जिसके जलने से धुआं पैदा न हो। बारूदी रुई तथा अन्य विस्फोटक इस श्रेणी के पदार्थ हैं। (देखो Explosives).

Smoke Screen धूम्रावरण। धुएं का परदा। जब कोई जहाज़ शत्रु से बचकर निकल भागना चाहता हो तो

वह धुएं के गोले छोड़ता चला जाता है, जिसके परदे में उसकी गति का ठीक अन्दाज़ा नहीं लगाया जा सकता।

Smoke Shell धूम्रोत्पादक गोला। ऐसा गोला जो फट कर धुएं का बादल पैदा कर दे।

Sniper छिप कर गोली चलाने वाला। (देखो Sniping)

Sniping लुक-छिप कर गोली चलाना। शत्रु को तंग करने के लिए उसके रास्ते में सिपाही इधर-उधर छिपे बैठे रहते हैं और गोलियाँ चलाते रहते हैं। यह युक्ति कारगर तभी होती है जब जमीन ऊबड़-खाबड़ हो और छिपने के लिए उपयुक्त मौके हों।

S. O. S. ऐस-ओ-ऐस। ख़तरे का इशारा। संकट-संकेत। जब समुद्र में कोई जहाज़ संकट में होता है तो वह बेतार के ज़रिये इन संकेताक्षरों को बार-बार दुहराता है। इस इशारे के प्राप्त होते ही उस जहाज़ को सहायता पहुँचाने का प्रयत्न किया जाता है। अगर नज़दीक में कोई दूसरा जहाज़ जा रहा हो तो वह भी सुनकर मदद के लिए दौड़ पड़ता है। ये संकेताक्षर सन् १९१२ की अंतर्राष्ट्रीय रेडियो टैलिग्राफ कान्फ्रेंस में निश्चित किये गये थे, और इन्हें विशेष रूप से इस लिये चुना गया था कि इन्हें खट-खटाना बहुत आसान है।

Sound Location ध्वनि-अन्वेषण। यह पता लगाना कि कोई ध्वनि विशेष किस ओर से और कितनी दूर से आ रही है। युद्ध में ध्वनि अन्वेषण पांच उद्देश्यों से किया जाता है।

(१) शत्रु ज़मीन में सुरंगें गाड़ रहा हो तो उसकी दूरी और दिशा का पता लगाना, (२) ज़मीन में सुरंगें खोदी जा रही हों तो उनको खोज निकालना; (३) शत्रु की तोपों की ध्वनि से उनकी दूरी और दिशा मालूम करना; (४) हवाई जहाजों की ध्वनि से उनकी दूरी, ऊँचाई और दिशा जानना; (५) डुबकनी किश्तियों का पता लगाना।

इन सब कामों के लिए अलग-अलग तरह के यंत्र काम में आते हैं पर सबका सिद्धान्त एक ही होने से इन्हें ध्वनि-अन्वेषक (Sound Locator) कहा जाता है। जमीनी सुरंगों की आवाज़ को पकड़ने वाला यंत्र जीओ-फोन (Geophone) होता है। ये यंत्र बहुत ही पेचीदा बनावट के होते हैं।

Sound Locator ध्वनि-अन्वेषक। (देखो Sound Location)

Sound Ranging ध्वनि-दिशा-अन्वेषण। यह पता लगाना कि ध्वनि किस दिशा से आ रही है। ध्वनि-अन्वेषण उस अवस्था में हो सकता है जब कोई ध्वनि लगातार आ रही हो। पर ध्वनि दिशा अन्वेषण ऐसी ध्वनि को पकड़ने का तरीका है जो कभी-कभी आती हो। जैसे तोपों के छूटने की ध्वनि। इस तरकीब से तोपों की दूरी और दिशा का पता लगाया जाता है ताकि उन पर निशाना बांधा जा सके। इसके लिए विशेष प्रकार के यंत्र दो-तीन जगह निश्चित दूरियों पर लगाये हुए रहते हैं।

Spearhead आक्रमण की नोक। हमला करने वाली फौज का वह भाग जिसमें आक्रमण की सारी शक्ति केन्द्रीभूत हो और जो शत्रु की मोर्चेबन्दियों में भाले की तरह घुसना चाहता हो।

Spy जासूस। भेदिया। शत्रु देश का या दूसरे देश का गुप्तचर जो अपने देश की बातों का भेद लेता हो। (देखो Espionage)

Spray बौछार। फुहार। फव्वारेदार पिचकारियों द्वारा जहरीले द्रवों की (मस्टर्ड गैस, इत्यादि) फुहार।

Squadron स्क्वाड्रन। स्थल, जल या हवाई सेना की एक इकाई। अंग्रेजी फौज के रिसाले में स्क्वाड्रन चार जंगी जहाज़ों का होता है और हवाई सेना में एक अफसर के मातहत कम से कम हवाई जहाजों की संख्या का एक स्क्वाड्रन होता है।

Squadron Leader स्क्वाड्रन लीडर। हवाई जहाज़ों के एक स्क्वाड्रन का अफसर।

SS ऐस-ऐस। जर्मन नात्सीदल की सेना का एक अंग। इसका पूरा नाम Schutz-Staffel है, जिसका अर्थ है "रक्षक टुकड़ी"। ऐस-ऐस का संगठन ऐस-ए (देखो S. A.) के साथ ही १९२८ में किया गया था। पर इसमें ऊँचे दर्जे के नात्सी लोग भर्ती किये गये। ऐस-ऐस के सिपाही काली वर्दी पहनते हैं और इन्हें बड़े कड़े नियमों की पाबन्दी करनी पड़ती है, यहाँ तक कि इनके विवाह सम्बन्धों पर भी नियंत्रण रहता है। ऐस-ऐस के कुछ डिवीज़न तो स्थायी हैं, बाकी फालतू समय में काम करते हैं। जहाँ बहुत बड़ी जिम्मेदारी और हिम्मत का काम हो वहाँ ऐस-ऐस डिवीजन का उपयोग किया जाता है।

Star Shell फुलझड़ीदार गोला। (देखो Shell)

Sternutator Gas छींक-कारक गैस। (देखो Chemical warfare)

Storm ज़ोर का हमला करना। हल्ला बोलना।

Strategic Position मोर्चा। सामरिक महत्व का स्थान।

Strategy युद्ध कला। स्थल, जल और हवाई सेनाओं के संचालन की कला। अपना कम से कम नुकसान करके शत्रु को अधिक से अधिक नुकसान पहुँचाने की युद्ध-कला। उदाहरण के लिए वर्तमान युद्ध में इंग्लैंड की नीति यह है कि नाकेबन्दी के द्वारा जर्मनी को कमज़ोर करदे। उधर जर्मनी त्वरित् युद्ध की नीति काम में लाना चाहता है।
(देखो Attrition; Blitzkrieg)

Submarine डुबकनी किश्ती। पनडुब्बी। गोताख़ोर किश्ती। ऐसा जहाज़ जो पानी की सतह पर चलने के अलावा गोता लगाकर पानी के अन्दर भी आसानी के साथ चले।

आकार, वज़न, बनावट, सामान, हथियार, वग़ैरा के लिहाज़ से पनडुब्बियों की कितनी ही क़िस्में होती हैं। पनडुब्बियां २००० टन से लगा कर २५० टन वज़न तक की होती हैं (देखो Tonnage)। हर पनडुब्बी के दो वज़न लिखे जाते हैं; एक तो ऊपरी, यानी जब वह सतह पर तैरती हो, और दूसरा भीतरी, यानी जब वह पूरी पानी में डूबी हो। हालां कि इनका मुख्य काम तो टारपीडो मारना (देखो Torpedo) होता है, पर बड़ी-बड़ी पनडुब्बियों में मझोली तोपें, हवामार तोपें और मशीन-गनें भी रहती हैं। किसी-किसी पनडुब्बी में तो हवाई-जहाज़ भी रक्खा रहता है। टारपीडो मारने के अलावा इनसे सुरंगें बिखेरने का काम भी लिया जाता है। कुछ पनडुब्बियां तो गश्ती जहाज़ (देखो Cruiser) के मुक़ाबले की होती हैं और कुछ विध्वंसक जहाज़ (देखो Destroyer) की बराबरी की। टारपीडो फेंकने के लिए इनमें बड़े-बड़े नल बने होते हैं। हर पनडुब्बी में दो से लगा कर दस तक टारपीडो रहते हैं।

जब पनडुब्बी पानी में गोता लगाना चाहती है तो पहले तो इसकी टंकियों में पानी भरा जाता है जिससे यह पूरी डूब जाती है। फिर एक पंखे के ज़रिये इसका आगे का हिस्सा झुक जाता है जिससे यह पानी के अन्दर गोता लगा जाती है। आवश्यक गहराई पर पहुँचते ही यह फिर सीधी कर दी जाती है। हर पनडुब्बी की ज्यादा से ज्यादा डूबने की गहराई निश्चित होती है। अगर उससे ज्यादा गहराई में चली जाय तो ऊपर पानी के वज़न से लोहे की चादरें टेढ़ी हो जाती हैं और जोड़ खुल जाते हैं। गोता लगाने में तीन-चार मिनिट से ज्यादा नहीं लगते। अगर यह देखना हो कि समुद्र की सतह पर क्या हो रहा है तो पनडुब्बी ३० फुट से ज्यादा नीचे नहीं जाती क्योंकि इसमें लगी हुई पेरिस्कोप या ऊर्ध्व-दर्शक यंत्र का नल इतना ही लंबा होता है (देखो Periscope)।

ऊपर आने के लिए हवा के ज़ोर से टंकियां ख़ाली कर दी जाती हैं, जिससे पनडुब्बी हलकी हो जाती है। इस काम के लिए हर पनडुब्बी में दबी हुई हवा से भरे बहुत से बड़े-बड़े बेलन रहते हैं।

पनडुब्बी सतह के ऊपर तो तेल के इंजनों से चलती है, पर पानी के भीतर बिजली से चलती है। इसलिए इसमें दो-तरह के इंजन रहते हैं।

टारपीडो छोड़ने के लिए भी दबी हुई हवा की शक्ति का उपयोग किया जाता है। टारपीडो का व्यास २० इंच तक का होता है। इसकी मार लगभग ५ मील तक भी होती है, यानी पांच मील के घेरे में आने वाला कोई भी जहाज़ टारपीडो का निशाना बनाया जा सकता है। पर ये निशाने अक्सर चूक जाते हैं क्योंकि जहाज़ और पनडुब्बी दोनों ही गति करते रहते हैं, इसलिए दूर से बिल्कुल सही निशाना बांधना बहुत मुश्किल होता है।

जब पनडुब्बी ऊपर होती है तब तो इसके नाविक खुली हवा में सांस लेते रहते हैं, लेकिन गोता लगाने पर वे लोहे के घर में बिल्कुल बन्द हो जाते हैं और बेलनों में भरी हुई आक्सिजन के सहारे जीते हैं। नाविकों की दो टोलियां रहती हैं। जब एक काम करती है तो दूसरी आराम करती है।

बड़ी-बड़ी पनडुब्बियों में इतना तेल और सामान रहता है कि वे हजारों मील की दौड़ लगा सकती हैं और हफ्तों बाद अड्डे पर आती हैं। पनडुब्बी की चाल भी बहुत तेज़ होती है जिससे यह जहाज़ों का पीछा कर सके। ऊपर की चाल भीतर की चाल से तेज़ होती है, मगर अब ऐसी पनडुब्बी ईजाद हुई है जो पानी के भीतर और भी तेज़ी से चल सकती है। मामूली तौर पर पनडुब्बियों की चाल १० से १५ नाट (देखो Knot) तक होती है।

पनडुब्बी में काम करने वाले हर नाविक के पास बचाव का एक यंत्र होता है। इसे Davis Escape Chamber कहते हैं (देखो Davis Apparatus)। जब पनडुब्बी खतरे में होती है तो नाविक लोग इस उपकरण को पहन कर दरवाज़े खोल देते हैं और ऊपर तैर आते हैं।

एक मामूली पनडुब्बी के बनाने में करीब ७५ लाख रुपया ख़र्च हो जाता है। फिर भी यह इतनी नाज़ुक चीज़ होती है कि पानी के अन्दर धक्का लगने से ही बेकार हो जाती है। जब तक कि पनडुब्बी पानी के भीतर बहुत गहराई में न चली जाय तब तक हवाई जहाज़ से दिखलाई पड़ती रहती है और जल बम (देखो Depth Charge) फेंक कर नष्ट कर दी जाती है।

जल युद्ध में पनडुब्बी एक बहुत ही महत्वपूर्ण हथियार है, ख़ास कर व्यापारी जहाज़ों को नष्ट करने के लिए। इसके नाविकों की ट्रेनिंग कई साल में पूरी होती है और ये नाविक बड़ी जीवट वाले तथा बलवान होते हैं।

उदाहरण—फ्रांस ने सन् १९२९ में एक पनडुब्बी बनायी थी जो दुनियां में सबसे बड़ी है। इसका ऊपरी वज़न २८८० टन और भीतरी वज़न ४३०० टन है। इसकी लम्बाई ३६१ फुट, चौड़ाई २९½ फुट और ऊंचाई २३½ फुट है। इसकी चाल १० नाट है और यह एक दौड़ में १२००० मील तक का गश्त कर सकती है। यह ७० पुरसा की गहराई तक गोता लगा सकती है। इसमें दो ८-इंची तोपें, दो हवामार तोपें, चार मशीन गनें और दस २१.७ इंची टारपीडो नल हैं और इसमें १२ टारपीडो रहते हैं। इसमें एक जलचर हवाई जहाज़ भी रहता है।

Submarine Mine जल सुरंग। (देखो Mines)

Suez Canal स्वेज़ नहर। भूमध्य सागर और लाल सागर को मिलाने वाली नहर। यह नहर एक फ्रांसीसी इन्जीनियर फर्डिनेंड लैसेप्स ने सन् १८६९ में बना कर पूरी की थी और इसे काटने में करीब पौने दो करोड़ पौंड खर्च हुए थे। इसकी लम्बाई करीब १०० मील है और यह बहुत ही राजनैतिक, सामरिक और व्यापारिक महत्व रखती है। इसकी मालिक तो एक फ्रांसीसी कम्पनी है, पर इग्लैंड ने इसके बहुत से शेयर खरीद लिये हैं। इसमें होकर निकलने वाले हर जहाज़ को वज़न के हिसाब से कुछ किराया देना पड़ता है। कम्पनी का शर्तनामा सन् १९६७ में खतम हो जायगा और तब यह नहर मिश्र देश की सम्पत्ति हो जायगी।

Suicide Squad जाँबाज़ दस्ता। ऐसे सैनिकों का दस्ता जो जान को हथेली पर रख कर लड़ते हैं, जिस प्रकार राजपूत लोग जौहर व्रत लिया करते थे। कहा जाता है कि जर्मनी और जापान ने इस तरह के सैनिक तैयार किये हैं।

Surrender आत्म-समर्पण। हथियार डाल देना।

T

Tactics ढंग। युक्ति। चाल। हथकंडा। युद्ध में सेनाओं, अस्त्र-शस्त्रों और साधनों को होशियारी और चालाकी के साथ उपयोग करने का ढंग।

Tank टैंक। विशेष प्रकार की फौलादी गाड़ी जिसमे पेटीदार पहिये होते हैं और तोपें लगी रहतीं हैं।

टैंक के अविष्कार का श्रेय इंग्लैंड को है। इसका नाम टैंक इसलिए पड़ा कि इसकी बनावट का गुप्त रखने के लिए यह प्रचार किया गया था कि रूस के लिए टंकियां (Tanks) बनायी जा रही हैं। शुरू में इनका आकार भी टंकियों जैसा ही था। स्थल युद्ध में आज टैंक सबसे महत्व पूर्ण चीज़ है और इसने युद्ध की नीति और ढंग दोनों को ही बदल दिया है।

टैंक की विशेषता यह होती है कि यह मोटी फौलादी चादर का बना होता है जिस पर मामूली बंदूकों का कुछ असर नहीं होता। इस पर एक बख्तरी बुर्जी होती है जिसमें तोपें लगी रहती हैं। चलने के लिए इसमें दोनों ओर पेटियां (Caterpillar Tracks) लगी रहती हैं, जिनसे यह बड़ी तेज़ी के साथ हर तरह की ज़मीन पर सरकता हुआ चला जाता है। बढ़िया टैंकों में पहिये भी होते हैं और ऐसा इन्तज़ाम होता है कि जरूरत के अनुसार वह पहियों पर या पेटियों पर चलने लगे। टैंक की शकल भी अजीब तरह की होती है।

टैंक साधारण तौर पर तीन तरह के होते हैं:— हलके (Light); मंझोले (Medium); और भारी (Heavy)।

हलके टैंक ५-६ टन वज़न के होते हैं और इनमें दो तीन हलकी तोपें लगी होती हैं। ये बहुत तेज़ चलते हैं। इनका काम देखभाल करना और शत्रु की भागती हुई फौज का पीछा करना है।

मंझोले टैंक १५-२० टन के होते हैं और इनमें चार-पांच मंझोली तोपें होती हैं। ये यंत्रसज्जित डिवीज़न का मुख्य अंग होते हैं।

भारी टैंक ३०-४० टन से लगाकर ७०-८० टन तक के होते हैं। ये चलते-फिरते किले मालूम पड़ते हैं। इन पर बहुत मोटी फौलादी चादर मढ़ी रहती है। ये सेना के आगे-आगे चलते हैं और हाथियों का-सा काम करते हैं। मामूली किलेबन्दियाँ और मकान वग़ैरा तो इनकी टक्कर से ही नष्ट हो जाते हैं।

हर टैंक में बेतार का यंत्र रहता है जिसके द्वारा सब टैंक एक दूसरे की गति-विधि के सम्पर्क में रहते हैं और सब का संचालन ढंग के अनुसार होता रहता है।

टैंकों को नष्ट करने के लिए ख़ास तरह की तोपें और बन्दूकें बनायी गई हैं और तरह-तरह की किलेबन्दियां की जातीं हैं। (देखो Anti-tank Gun; Barbed Wire Entanglement; Fortification; Mechanisation).

Tanker तेल का जहाज़।

Target निशाना । लक्ष्य ।

Target, Aeroplane हवाई निशाना । बेतार से संचालित, बिना चालक वाले हवाई-जहाज़ को इस नाम से पुकारा जाता था क्योंकि शुरू में इस तरह के हवाई जहाज़ों को उड़ा कर उन पर निशाना मारने का अभ्यास किया जाता था ।

Target, Military फौजी निशाना । (देखो Military Target)

Target Ship चांदमारी का जहाज़ ।

Tear Gas अश्रु गैस । (देखो Chemical Warfare)

Territorial Force देशीय सेना । अंग्रेजी सेना का एक अंग । शान्ति काल में इसके सिपाही साल में एक बार कुछ दिनों के लिए ट्रेनिंग कैम्प में बुलाये जाते हैं । इस सेना का संगठन मुख्यतया देश की रक्षा के लिए किया जाता है ।

Territorial Waters देशीय समुद्र । देश सीमागत समुद्र । समुद्रवर्ती देश के तट का समुद्र जिस पर उस देश का अधिकार होता है । देशीय समुद्र की पेटी में आने वाले जहाज़ों पर भी उस देश के नियम और क़ानून लागू होते हैं । मामूली तौर पर यह पेटी तट से तीन मील चौड़ी मानी जाती है ।

Thermit थर्मिट । (देखो Bomb, Incendiary)

Time Bomb काल-बम । (देखो Bomb)

Time Fuse काल-पलीता । (देखो Fuse)

T. N. T. टी-ऐन-टी । (देखो Explosives)

Tonnage जहाज़ी वज़न । व्यापारी जहाज़ों का मिश्र वज़न (Gross Tonnage) तो यह बतलाता है कि उसका कुल भार कितना है और शुद्ध वज़न (Net Tonnage) से यह ज़ाहिर होता है कि उसमें कितना माल लादा जा सकता है । अंग्रेज़ी जहाज़ों में ४० घन फुट जगह का वज़न १ टन मान लिया जाता है ।

जंगी जहाज़ों का जहाज़ी वज़न उनका पूरा भार बतलाता है ।

Torpedo टारपीडो । जहाज़ों में छेद करके उन्हें डुबाने का यंत्र । टारपीडो की शक्ल सिगार जैसी होती है और इसमें उग्रविस्फोटक पदार्थ भरा रहता है । इसके अलावा गति देने के लिये इसमें छोटा सा इंजन रहता है । इसमें पंखे भी होते हैं और गति की दिशा को सीधी रखने के लिए एक घिरनी (Gyroscope) लगी रहती है । टारपीडो १० इंच से लगाकर २० इंच तक व्यास के होते हैं । ये पनडुब्बी या विध्वंसक जहाज़ या टारपीडो किश्ती या टारपीडो-वाहक हवाई जहाज़ से छोड़े जाते हैं और अगर निशाना ठीक बैठ जाय तो पानी के भीतर जहाज़ के पेंदे को फोड़ डालते हैं । इनको छोड़ने के लिए पनडुब्बियों, विध्वंसकों और टारपीडो किश्तियों में नल बने होते हैं । इन्हें दबाई हुई हवा की शक्ति से छोड़ा जाता है । टारपीडो लगभग १०,००० गज़ की दूरी तक के जहाज़ की ख़बर ले सकता है और इसे एक मील पहुँचने में डेढ़-दो मिनिट से ज्यादा नहीं लगते । इसकी बनावट बड़ी पेचीदा होती है । एक टारपीडो की लागत २५ हज़ार रुपये तक होती है । टारपीडो से बचाव के लिए बड़े जंगी जहाज़ों के पेंदे में दोहरी फौलादी दीवारें बना दी जाती हैं जिससे अगर बाहर की दीवार में छेद भी हो जाय तो अन्दर की दीवार साबत रहने से जहाज़ में पानी न भर सके ।

Torpedo Boat टारपीडो-किश्ती । (देखो E-Boat)

Torpedo Tube टारपीडो की तोप । (देखो Torpedo)

Totalitarian Powers एक-सत्तात्मक राष्ट्र । यह नाम इटली और जर्मनी के लिये प्रयुक्त होता है । (देखो Dictatorship)

Tracer Bullet चमकदार गोली । इस तरह की गोली पर फ़ास्फ़ोरस वग़ैरा इस तरह के रासायनिक पदार्थ लगे रहते हैं, जो हवा की रगड़ से सुलग कर चमक उठते हैं । इस चमक से यह मालूम हो जाता है कि गोली किधर जारही है । जब गोलों या गोलियों की झड़ी की झड़ी छोड़ी जाती है तो बीच-बीच में चमकदार गोलियां लगादी जाती हैं जिससे बन्दूक चलाने वाले को पता लगता रहे कि छूटी हुई गोलियां ठीक दिशा में जा रही हैं या नहीं ।

Transport Corps बारबरदारी की फौज । सेना का वह विभाग जो युद्ध क्षेत्र में सामान ढो-ढो कर पहुँचाने

का काम करता है। इस काम के लिए तरह-तरह की गाड़ियां होती हैं।

Trawler ट्रालर। एक प्रकार का छोटा जहाज़ जो सुरंगें समेटने के काम में आता है। (देखो Warships)

Treaty संधि। सुलहनामा। दो या अधिक राष्ट्रों के बीच आपसी समझौता या प्रतिज्ञापत्र। संधिपत्र पर राष्ट्रों के राजनैतिक प्रतिनिधियों के दस्तखत होते हैं पर ये सही तभी माने जाते हैं जब उन राष्ट्रों की सरकारें बाज़ाब्ता इन्हें स्वीकार करलें। आम तौर पर संधियां युद्ध की समाप्ति पर की जाती हैं और इनके द्वारा इनपर हस्ताक्षर करने वाले राष्ट्र इनकी शर्तों का पालन करने की प्रतिज्ञा करते हैं। युद्ध के अलावा किसी खास उद्देश्य के लिए भी संधि की जाती है। आजकल तो देशों के बीच व्यापारिक संधियां भी होती हैं।

Trench खाई। युद्ध क्षेत्र में सिपाहियों को गोले गोलियों की बौछार से बचाने के लिए खोदी हुई खाई। सन् १९१४ के युद्ध में तो खाइयों में छिप कर लड़ने की एक कला ही बन गयी।

Trench Mortar खाई की तुपकिया। खाइयों मे गोला फेंकने वाली छोटी तोप। (देखो Mortar)

Trench Warfare खाइयों का युद्ध। इस युद्ध में दोनों पक्ष की फौजें दोनों ओर खाइयां खोद कर उनमें छिपी रहती हैं। सामने कांटेदार तार के घने जाल लगा दिये जाते हैं। इन खाइयों की रचना भी बड़ी घूम घुमावदार होती है और इनमें सिपाहियों की मामूली ज़रूरतों का पूरा इन्तज़ाम रहता है। विपक्षी खाइयों के बीच की भूमि उदासीन भूमि (No-man's Land) कहलाती है। दोनों ओर से तोपें और बन्दूकें चलती रहती हैं और अगर मौका लग जाय तो एक तरफ़ की फौज बाहर निकल कर शत्रु की खाइयों पर अधिकार करने की कोशिश करती है।

Trigger लबलबी। बन्दूक का वह स्प्रिंग जिसे दबाने या खींचने से घोड़ा गिरता है और बन्दूक दगती है।

Trinitro-toluene ट्राइनाइट्रोटोल्युइना (देखो Explosives)

Tripartite Pact त्रिपक्षीय समझौता। इटली, जर्मनी और जापान के बीच एक दूसरे की सहायता करने का समझौता।

Troop दल। अंग्रेजी रिसाले के एक ट्रूप में ४० सवार होते हैं।

Troop Carrier सेना-वाहक हवाई जहाज़। (देखो Aircraft)

Troop Concentration सिपाहियों का जमघट।

Troops सिपाही। जैसे Indian Troops, हिन्दुस्तानी सिपाही।

Truce विराम संधि। अस्थायी संधि। आरज़ी सुलह। जब युद्ध में एक पक्ष हथियार डाल दे या दोनों पक्ष लड़ाई बन्द करना चाहें तो विराम संधि की घोषणा करदी जाती है और युद्ध बन्द हो जाता है। अगर इसके बाद स्थायी संधि (देखो Treaty) हो जाय तो ठीक, वरना युद्ध फिर शुरू हो जाता है।

Tunnelling सुरंग खोदना। ज़मीन के भीतर विस्फोटक सुरंगें बिछाने के लिए या छिपने के लिए सुरंग खोदना।

Turret बुर्जी। टैंकों, हवाई जहाज़ों और जंगी जहाज़ों पर बनी हुई बुर्जी जिसमें बन्दूकें और तोपें चढ़ी रहती हैं और जिस पर देखभाल करने वाला (Observer) बैठा रहता है।

Turret, Armoured बख्तरबन्द बुर्जी। फौलादी चादर से मढ़ी हुई बुर्जी।

Turret, Gun तोपदार बुर्जी।

Turret, Revolving घूमने वाली बुर्जी। ऐसी बुर्जी जो चारों ओर घूम जाती है और तोपों या बन्दूकों का निशाना चारों तरफ़ लगाया जा सकता है।

U

U-Boat डुबकनी किश्ती। यह नाम जर्मन शब्द Unter Seeboot (समुद्र के भीतर चलने वाली किश्ती) का संक्षिप्त रूप है। (देखो Submarine)

Ultimatum आखिरी मांग। युद्ध का अंतिम सन्देश। अन्तर्राष्ट्रीय नियम के अनुसार किसी देश के विरुद्ध युद्ध की घोषणा करने से पहले उसे एक अंतिम संदेश भेजा जाता है जिसमें कुछ शर्तें पेश की जाती हैं। इन शर्तों के अस्वीकार होने पर युद्ध छेड़ दिया जाता है।

Unilateral एक-पक्षीय। जब कोई राष्ट्र बिना किसी दूसरे राष्ट्र की मर्ज़ी या सलाह से उसके विरुद्ध कोई कार्रवाई कर ले तो उसे एक-पक्षीय कार्रवाई कहा जाता है।

Unit फ़ौज का कोई छोटा हिस्सा।

U. S. S. R. (Union of Socialist Soviet Republics) सोवियट रूस का संक्षिप्त नाम।

V

Vanguard हरावल की फ़ौज। लड़ने वाली सेना का अग्रभाग।

V-Campaign विजय आन्दोलन। वर्तमान महायुद्ध में जर्मनी के विरुद्ध जनतन्त्र की विजय का नैतिक आन्दोलन। कहते हैं कि अधिकृत फ्रांस में कुछ मन चले लोगों ने जर्मनों को चिढ़ाने के लिए जगह-जगह V का चिन्ह बनाना शुरू किया जिसका अर्थ था कि फ्रांस की विजय की इच्छा रखने वाले चुपचाप नहीं बैठे हैं। जर्मनी ने इस प्रगति को रोकने की चेष्टा की तो यह आन्दोलन बाहर भी फैल गया और सब जनतन्त्र राष्ट्रों ने V को विजय का चिन्ह मान लिया। इन देशों में इस चिन्ह को बहुत महत्व दिया जा रहा है।

Versailles, Treaty of वर्साई की संधि। यह संधि सन् १९१४-१८ के युद्ध की समाप्ति पर फ्रांस के वर्साई नगर में २८ जून सन् १९१९ को हुई थी। इसके १५ भाग थे। पहले भाग में अन्तर्राष्ट्रीय परिषद् का विधान था; दूसरे और तीसरे भागों में जर्मनी के कुछ भागों का बटवारा किया गया था; चौथे भाग में जर्मनी के उपनिवेशों को मित्र राष्ट्रों में बांट दिया गया था; पांचवें भाग में जर्मनी को निरस्त्र करने की योजना थी; आठवें और नवें भाग जर्मनी से लड़ाई का हर्जाना वसूल करने के बारे में थे; चौदहवें भाग में जर्मनी के राइन प्रदेश पर मित्र-राष्ट्रों को अधिकार दिया गया था; इत्यादि। जर्मनी ने इस संधि पर हस्ताक्षर तो कर दिये, पर इसकी शर्तें उसे हमेशा खटकती रहीं और उसके आत्म-सम्मान को ठेस पहुँचाती रहीं, जिसका नतीजा यह हुआ कि उसने मौका पाकर इस संधिपत्र को रद्दी की टोकरी में डाल दिया। कुछ राजनीतिज्ञों का ख़याल है कि अगर वर्साई की संधि में जर्मनी पर इतनी कड़ी शर्तें न लगाई गई होतीं तो शायद वर्त्तमान युद्ध की नौबत न आती।

Vesicants व्रणोत्पादक गैसें। (देखो Chemical Warfare)

Veterinarp Corps सेना का पशु-चिकित्सा विभाग।

Victoria Cross विक्टोरिया क्रॉस। एक अंग्रेज़ी तमग़ा जो युद्ध क्षेत्र में असाधारण वीरता और साहस का काम करने वाले सिपाही को दिया जाता है।

Victory Campaign विजय आन्दोलन। (देखो V-Campaign)

Volley तोपों या बंदूकों की बाढ़। बहुत-सी तोपों या बंदूकों का एक साथ दागा जाना।

W

War Aims युद्ध के उद्देश्य । वे उच्च उद्देश्य जिनकी खातिर कोई देश युद्ध में उतरता है ।

War of Attrition विलम्बित युद्ध । घिसाऊ युद्ध (देखो Attrition Strategy)

War Plane जंगी हवाई जहाज । युद्ध के काम में आने वाला हवाई जहाज । (देखो Aircraft)

War Ships जंगी जहाज़ । जब युद्ध में काम आने वाले सब तरह के जहाज़ इस श्रेणी में आजाते हैं । जंगी जहाज़ों को एक प्रकार से पानी पर चलने वाले फ़ौलादी क़िले समझना चाहिए । हर बड़े देश के जंगी जहाज़ों में अपनी कुछ विशेषता होती हैं, पर उपयोग और उद्देश्य सब का एक ही होता है । जंगी जहाज़ों की कुछ मुख्य क़िस्में नीचे दिये हुए नकशे से मालूम होंगी:—

उपर्युक्त विभिन्न जहाज़ों का कुछ वर्णन नीचे दिया जाता है:—

Battleship जंगी जहाज़। यह जंगी बेड़े का सबसे बड़ा, सबसे कीमती और सबसे भव्य जहाज़ है। इसे जंगी बेड़े की जान समझना चाहिए। आधुनिक जंगी जहाज़ ३५,००० टन वज़न तक के होते हैं और इनमें १५ इंच मोहरी तक की कितनी ही भारी-भारी तोपें फौलादी मीनारों पर चढ़ी रहती हैं। इनकी चाल भी ३० नॉट तक होती है। (देखो Battleship)

Battle Cruiser जंगी गश्ती जहाज़। यह भी जंगी जहाज़ की किस्म का होता है, पर यह उससे कुछ हलका होता है जिससे इसकी गति और दौड़ बढ़ जाती है। आजकल जंगी जहाज़ और जंगी गश्ती जहाज़ का फ़र्क़ बिल्कुल मिटता जा रहा है और इन दोनों की ख़ूबियाँ मुख्य जंगी जहाज़ (Capital Ship) में शामिल कर दी गयी हैं। (देखो Battle Cruiser)

Cruiser क्रूज़र। गश्ती जहाज़। अगर जंगी जहाज़ बेड़े की जान है तो गश्ती जहाज़ों को उसका शरीर समझना चाहिए। गश्ती जहाज़ों का फौलादी बख्तर जंगी जहाज़ों से बहुत हलका होता है और ये वज़न और आकार में भी छोटे होते हैं। इनमें ८ इंच मोहरी तक की तोपें चढ़ी रहती हैं और टारपीडो-तोपें तथा हवा-मार तोपें भी होती हैं। इनका काम समुद्री मार्गों की रक्षा करना होता है। हलके गश्ती जहाज़ में ६ इंच और ६ इंच से कम मोहरी की तोपें होती हैं। गश्ती जहाज़ों की विशेषता यह होती है कि ये एक बार में १०,००० मील तक की दौड़ मार सकते हैं। इनकी गति ३०-३५ नाट होती है। (देखो Cruiser)

Flotilla Leader प्रधान विध्वंसक। यह विध्वंसक जहाज़ों के बेड़े का नायक होता है और मामूली विध्वंसकों से कुछ बड़ा, अधिक शक्तिशाली और मज़बूत होता है। (देखो Flotilla Leader)

Destroyer विध्वंसक जहाज़। बरबादी जहाज़। मारू जहाज़। (देखो Destroyer)

E-Boat ई-बोट। इसका दूसरा नाम मोटर टारपीडो बोट भी है। (देखो E-Boat)

Submarine डुबकनी किश्ती। (देखो Submarine)

Aircraft Carrier वायुयान वाहक जहाज़। (देखो Aircraft Carrier)

Armed Merchantman हथियारबन्द व्यापारी जहाज़। (देखो Armed Merchantman)

Boom and Net Layer जाल बिछाऊ जहाज़। समुद्र में कँटीदार तारों की बाड़ बनाने वाला जहाज़।

Coast Guard Cutter तट रक्षक छोटा जहाज़। इसका काम समुद्र तट पर पहरा देना होता है। ये जहाज़ २००० टन तक के होते हैं और इन पर ३ इंची और ५ इंची तोपें रहती हैं।

Depot Ship रसद का जहाज़। नौ-सेना को रसद और युद्ध-सामग्री पहुँचाने वाला जहाज़।

Gun Boat गन बोट। (देखो Gun Boat)

Hospital Ship अस्पताली जहाज़।

Mine Layer सुरंग बिछाऊ जहाज़। (देखो Mine Layer)

Mine Sweeper सुरंग समेटू जहाज़। (देखो Mine Sweeper)

Monitor मॉनीटर। यह तट रक्षक से बड़ा और मज़बूत होता है और पहरे का काम करता है।

Mother Ship घरौंदा जहाज़। आश्रय दाता जहाज़। इसका यह नाम इसलिए पड़ा कि यह पनडुब्बियों, विध्वंसकों, टारपीडो-किश्तियों और दूसरे छोटे-छोटे जहाज़ों की हिफ़ाज़त माता की तरह करता है। यह काफी बड़ा होता है और इसमें इतने विभाग होते हैं: तेल का गोदाम; ढलाई खाना; मशीनें बनाने का कारखाना; लोहार खाना; टारपीडो बनाने और मरम्मत करने का कारखाना; गोदाम। पनडुब्बियाँ वग़ैरा चुटैल होकर या ख़ाली होकर इस जहाज़ के पास आती हैं और दुरुस्त होकर तथा सामान लेकर फिर अपने काम पर चली जाती हैं।

Oil Tanker तेल का गोदामी जहाज़। इसमें एक बड़ी ज़बरदस्त टंकी होती है।

Repair Ship मरम्मती जहाज़। इसमें जहाज़ों की टूट-फूट की मरम्मत करने का साधन और सामान रहता है।

Survey Ship पैमायशी जहाज़। शान्तिकाल में यह जहाज़ समुद्री नाप-जोख का काम करता है, पर इसे युद्ध में भी उपयोग कर लिया जाता है।

Target Ship चांदमारी का जहाज़। इस जहाज़ पर निशाना लगाने का अभ्यास किया जाता है।

Trawler ट्रालर। यह सुरंगे बिछाने और समेटने के काम में आता है।

इनके अलावा और भी बहुत से छोटे-मोटे जहाज़ युद्ध में काम आते हैं। वर्तमान युद्ध शुरू होने से पहले संसार के प्रधान राष्ट्रों के पास किस किस्म के कितने जहाज़ थे, इसके आंकड़े यहां दिये जाते हैं:—

	इंग्लैंड	अमेरिका	जापान	फ्रांस	जर्मनी	इटली	रूस
जंगी जहाज़	१२	१५	९	५	—	४	४
जंगी गश्ती जहाज़	१	—	—	२	२	—	—
बख्तरबन्द गश्ती जहाज़	—	—	—	—	१	—	—
वायुयान वाहक A	६	६	६	१	१	—	१
वायुयान वाहक B	१	—	४	१	—	—	—
गश्ती जहाज़ (८ इंची तोपें)	१५	१९	१२		२	७	१
गश्ती जहाज़ (६ इंची तोपें)	२६	१७	१४	४६	६	१२	१
विध्वंसक और टारपीडो किश्तियां	११६	५०	८१	४१	४२	८२	१५
पनडुब्बियां (बड़ी)	४९	२१	३६	७२	३३	८०	१
पनडुब्बियां (छोटी)	—	—	—	—	२६	—	—
व्यापारी जहाज़ (कुल वज़न टनों में)	२ करोड़ १० लाख	९० लाख	५५ लाख	३० लाख	४१ लाख	३५ लाख	१२॥ लाख

इसके बाद तो इनमें से कितने ही जहाज़ समुद्र में डूब चुके हैं और बहुत से नये बन गये हैं और बन रहे हैं। इसलिए जंगी जहाज़ों की संख्या का ठीक अन्दाज़ लगाना इस समय असम्भव है।

Western Front पश्चिमी युद्ध क्षेत्र। जर्मनी के पश्चिम में फ्रांस की सीमा का मोर्चा।

Westminster, Statute of वैस्ट मिनिस्टर का विधान। इस विधान में बृटिश साम्राज्य के सदस्य कैनेडा, आस्ट्रेलिया, न्यू-ज़ीलैंड, आयरलैंड और दक्षिणी अफ्रिका का इंग्लैंड के साथ कैसा सम्बन्ध रहे, यह उल्लेख है। इन देशों को डमीनियन की स्थिति प्राप्त है और सब मामलों में ये बिल्कुल स्वतन्त्र हैं। इनकी राज्य शासन व्यवस्था इन्हीं की पार्लियामैन्ट निर्धारित करती हैं।

White House संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के प्रेसीडेन्ट का सरकारी निवास-स्थान। यह वाशिंगटन नगर में है।

Wing पक्ष। पार्श्व। सेना का पार्श्ववर्ती भाग।

Withdraw पीछे हटना। शत्रु के दबाव के कारण फौजों

का अपने-आप पीछे हट कर नया मोर्चा क़ायम करना।

Yellow Cross Gas मस्टर्ड गैस का जर्मन नाम। (देखो Chemical Warfare)

Yellow Peril जापानी ख़तरा। यूरुप के लोग जापानियों को पीली जाति (Yellow Race) का मानते हैं और उन्हें ख़तरा है कि जापान पूर्व में यूरुप के राष्ट्रों का प्रभाव नष्ट करके अपना प्रभुत्व जमाना चाहता है।

Zero Hour शून्य काल। युद्ध शब्दावली में शून्य काल उस निश्चित समय को कहते हैं जब से किसी युद्ध की विभिन्न प्रगतियों की गणना की जाती है। उदाहरण के लिए अगर किसी हमले का शून्यकाल दिन के एक बजे निश्चित कर दिया गया हो तो हमला होने के बाद का समय शून्यकाल से ही गिना जायगा। यानी अगर ३ बजे कोई घटना हुई हो तो कहा जायगा कि वह (शून्यकाल से) दो घंटे बाद हुई। सैनिक आज्ञाओं में किसी शून्यकाल को आधार मान कर आगे के समयों का उल्लेख होता है ताकि शत्रु को ठीक पता न लग सके।

ADDENDA

A

Airborne Troops हवाई जहाज़ों में कूद कर जाने वाली पैदल सेना।

Anti-personnel Bomb जननाशक बम। यह नयी क़िस्म का बम जापान ने निकाला है। यह उक्वां लोहे का बना होता है और इसका वज़न सिर्फ़ दो पौंड होता है। यह बम खतरनाक इसलिए है कि यह पता नहीं लगता कि यह कब फट जाय। इस तरह का बम २४ घंटे बाद तक कारगर होता पाया गया है।

B

Bomb Combined High Explosive and Incendiary उग्र विस्फोटक और आग लगाऊ बम। यह बम जापान ने ईजाद किया है। फटने पर इसमें से छोटी-छोटी रबड़ की टिकियां चारों ओर फैल जाती हैं। इन टिकियों में फ़ास्फ़ोरस लगा रहता है जिससे ये जहां गिरें वहां आग लगा देती हैं। इन्हें हाथ से उठाना भी बड़ा खतरनाक होता है क्योंकि ये शरीर को जला देती हैं। इन्हें एक बार बुझाकर अगर फिर वैसे ही रहने दिया जाय तो सूखने पर ये फिर जल उठती हैं। इसलिए इन्हें इकट्ठा करके अलग पटक देना चाहिए ताकि जलकर अपने-आप नष्ट हो जांय।

D

Draught ड्राफ्ट। किसी जहाज़ को तैरने के लिए कम से कम जितने गहरे पानी की आवश्यकता होती है वह गहराई उस जहाज़ का ड्राफ्ट कहलाती है।

F

Flare जलते हुए पलीते। ये जलते हुए पलीते हवाई जहाज़ों में से गिराये जाते हैं जिनसे नीचे रोशनी हो जाती है और निशाने पर बम गिराने में मदद मिलती है।

G

Generalissimo सर्वोपरि युद्ध-संचालक। जलयुद्ध, स्थलयुद्ध और हवाई युद्ध, तीनों का संचालन करने वाला एकमात्र सेनानायक।

Glider ग्लाइडर। बिना मशीन के हवा में तैरने वाला एक उपकरण। ग्लाइडरों में बैठकर हवा में तैरना एक कला बन गया है। युद्ध में ग्लाइडरों का उपयोग फौजें उतारने के लिए किया जाता है। एक हवाई जहाज़ से कितने ही ग्लाइडर बाँध दिये जाते हैं। मौके पर पहुँच कर इनकी रस्सियाँ काट दी जाती हैं और ये चुपचाप नीचे उतर आते हैं।

L

Land जहाज़ से ज़मीन पर उतरना या उतारना।

M

Mother Ship घरौंदा जहाज। (देखो Warships)

O

Offensive Mining जवाबी सुरंगें बिछाना। अगर शत्रु ने ज़मीन के अन्दर सुरंगें बिछा दी हों तो उन्हें नष्ट करने के लिए उनके नीचे सुरंग खोदकर और उसमें सुरंगें बिछा कर उनका विस्फोट कर देते हैं।

R

Raid छापा। अचानक हमला।

Raider अचानक हमला करने वाला। युद्ध काल में बहुत से हथियार-बन्द व्यापारी जहाज़ या जंगी जहाज़ समुद्र में छोड़ दिये जाते हैं। ये अकेले गश्त लगाते रहते हैं और मौका लगने पर शत्रु के व्यापारी जहाज़ों पर हमला करके भाग जाते हैं।

THE

TWENTIETH CENTURY ENGLISH-HINDI

DICTIONARY

OF

Psychological Terms.

THE

TWENTIETH CENTURY ENGLISH-HINDI DICTIONARY OF PSYCHOLOGICAL TERMS.

A

A posteriori reasoning अनुभवोत्तर ज्ञान-पद्धति ।
'A' test 'अ' परीक्षा ।
Abdomen उदर ।
Abdominal reflex उदर-पेशी-संकोचन ।
Abdominal Aorta औदार्या धमनी ।
Abducens, abducent nerve नेत्रपार्श्विकी नाड़ी; बहिक्षेपक नाड़ी ।
Aberration, mental-मति-भ्रम; चित्त-भ्रम ।
Aberration of light प्रकाश-अपेरण ।
Ability क्षमता; योग्यता; बुद्धि; सामर्थ्य ।
Ability distribution योग्यता-सूचक विभाजन; योग्यता-विभाजन ।
Ability, initial-प्रारम्भिक योग्यता ।
Ability, special-विशेष योग्यता ।
Ability, specific विशिष्ट योग्यता ।
Abiogenesis अजीवजनी; अजीव से जीवोत्पत्ति ।
Abklingen स्वर-भंगता ।
Abnormal विषम; विधि-विरुद्ध; विकृत; असाधारण; अस्वाभाविक ।
Abnormal mental processes असाधारण मानसिक प्रक्रिया; विषम मनोव्यापार ।
Abnormal psychology असाधारण मानस-शास्त्र; विकृत मनोविज्ञान ।
Abortive अकालज; अकालोत्पन्न ।
Aboulia कृति-शक्ति-नाश; निर्णय-शक्ति-नाश ।
Abreaction अननुभूतानुभव; अननुभूत; उर्मिमोक्ष ।
Abridgment of response प्रतिक्रिया-न्यूनिकरण ।
Abscess of the brain मस्तिष्क-विद्रधि ।
Absent-mindedness अनावधानता; विमनस्कता; अन्यमनस्कता, शून्यमनस्कता ।
Absicht हेतु; उद्देश; इरादा ।
Absolute परम; विशुद्ध; केवल ।
Absolute accommodation परमोपयोजन; सम्पूर्ण अभियोजन; परमसंयोजन ।
Absolute Ego परमात्मा, विश्वात्मा; पूर्ण ब्रह्म ।
Absolute impression विशुद्ध संस्कार, शुद्ध छाप ।
Absolute judgement विशुद्ध तुलनात्मक निर्णय ।
Absolute judgment, method of-विशुद्ध निर्णय-पद्धति ।
Absolute Idealism अजातिवाद ।
Absolute negation अत्यन्ताभाव ।
Absolute pitch विशुद्ध ताल ।
Absolute sensitivity विशुद्ध संवेदन-मात्रा ।
Absolute value निरपेक्ष मूल्य, परम मूल्य ।
Absorption निमग्नता; तन्मयता ।
Absorption into the supreme soul परमात्मा में तन्मय होना, ब्रह्मैक्य ।
Abstract contemplation समाधि ।

Abstract idea अमूर्त भावना, अमूर्त कल्पना।
Abstract intelligence भावात्मक बुद्धि।
Abstract knowledge भावना-ज्ञान।
Abstract notion वस्तु-शून्य विकल्प; निरालम्ब विकल्प।
Abstract reasoning भावात्मक तर्क।
Abstract thought, abstract thinking अमूर्त विचार-परम्परा।
Abstraction प्रत्याहार; भावनाधिगम; विमूर्तन।
Abstraction experiment प्रत्याहार-प्रयोग।
Abstruse निगूढ़।
Absurdity असंगतता; अयुक्तता; बेतुकापन।
Absurdities test असंगति-परीक्षा।
Abulia, Aboulia निर्णय-शक्ति की कमी; अनिर्णायकता।
Acatamathesis सदोष भाषा-बोध; भाषा समझने की असमर्थता।
Acataphasia, akataphasia बकई।
Acceleration गतिवर्द्धन; प्रवेग।
Acceleration, Zero–निरन्तर वृद्धि; सातत्य प्रगति।
Accelerator nerve वेगवर्द्धनी नाड़ी।
Accent स्वरोच्चार।
Acceptance स्वीकृति।
Accessory nerve, Spinal–एकादशी-ग्रीवापृष्ठगा-नाड़ी।
Accessory sense-appratus उपकरण; ज्ञानेन्द्रि-योपकरण।
Accidental आकस्मिक; औपाधिक।
Accidentalism अकारणवाद; दैवयोगिता; आगंतुकता।
Accidental error आकस्मिक भूल; अकल्पित भूल।
Accommodation संयोजन; उपयोजन।
Accommodation, absolute–परम संयोजन; परमो-पयोजन।
Accommodation muscle संयोजन-पेशी; उपयो-जन-पेशी।
Accommodation of attention अवधान-संयोजन।
Accommodation, relative–परिवर्तित संयोजन; सापेक्ष संयोजन।
Accommodation sensation संयोजनानुवर्ती संवेदन।
Accommodation time संयोजन-काल।
Accompanying movement सहचारी गतिविधि; अनुवर्ती गतिविधि।
Accomplishment सिद्धि; कृतार्थता।
Accomplishment quotient कार्यसिद्धि-अनुपात; कार्य-सिद्धि-आयु और मानसिक आयु के बीच का अन्तर।
Accord सम-स्वरता, एक-ताल।
Acculturation साहचर्य्यजन्य संस्कृति-ग्रहण।
Accuracy यथार्थता।
Accuracy score यथार्थ संख्या।
Acephalia, acephalism, acephaly कपालहीनता।
Acephalous कपालहीन।
Achievement कार्य्य-कुशलता; कृतकार्य्यता; कार्य-सिद्धि; हेतु-सिद्धि; निष्पत्ति।
Achievement age कार्य-सिद्धि आयु।
Achievement quotient सिद्धि-अनुपात।
Achievement test कृतकार्य्यता-परीक्षण; सिद्धिपरीक्षा।
Achondroplasia, Achondroplasty सूखा रोग।
Achromatic अवर्णात्मक; बेरंगा।
Achromatism, achromasy, achromatic-vision वर्णान्धता; सदोष-वर्ण-दर्शन।
Achromatopsia वर्णान्धता।
Acmesthesia, acmaesthesia चुभना।
Acoasma श्रुति-भ्रम।
Acousma श्रुति-भ्रम।
Acoustic duct कर्णनलिका; कर्ण-प्रणाली।
Acoustic nerve श्रुति-नाड़ी।
Acoustics ध्वनि-विद्या; स्वर-शास्त्र।
Acquired character अर्जित लक्षण या गुण।
Acquired responses अर्जित प्रतिक्रियाएं।
Acquisition प्राप्ति; नवविचार-प्राप्ति; सम्पादन; उपार्जन।
Acquisitiveness संग्रहशीलता।
Acro-anesthesia अवयव-स्पर्श-शून्यता।
Acro-esthesia, acro-aesthesia, acro-a (e) sthesis वृद्धि-प्राप्त संवेदना।
Acromion स्कन्धास्थि प्रवर्द्धन।

Acroparesthesia हस्त-शून्यता।
Acropholia उच्चस्थान का विकृत भय।
Act^{n} मानसिक क्रिया या व्यापार।
Act psychology क्रिया-मनोविज्ञान, मानस-क्रिया-शास्त्र।
Actinic rays क्रियाशील किरण।
Actinotherpy सूर्य-किरण द्वारा चिकित्सा; सूर्य-किरण-चिकित्सा।
Action क्रिया।
Action current उत्तेजना-प्रदायक विद्युत् धारा।
Action, stream of—क्रिया-प्रवाह, क्रिया-स्रोत।
Action system क्रिया-पद्धति।
Active क्रियाशील।
Active powers क्रियाशील शक्तियाँ।
Activity क्रियाशीलता।
Activity, feeling of—क्रियाशीलता की भावना।
Actual वास्तविक।
Actual neurosis वास्तविक मनोविकृति।
Acuity तीक्ष्ण बुद्धि।
Acute तीव्र।
Acute hallucinosis तीव्र विभ्रम।
Adaptability संयोजनशीलता, अनुकूलन-शक्ति; अभियोजनशीलता।
Adaptation (1) अनुकूलनकरण।
Adaptation (2) अनुकूलन; संयोजन; अभियोजन; प्रति-योजन।
Adaptation, social सामाजिक प्रतियोजन; सामाजिक अनुकूलन।
Adaptation time संयोजन-काल; अनुकूलन-काल।
Adaptive अभियोजनशील; अनुकूलनशील; प्रतियोजनशील।
Adaptive response अनुकूलन-प्रतिक्रिया; प्रतियोजन प्रतिक्रिया।
Adaptometer संवेदन-मापक यंत्र।
Addict नशेबाज; व्यसनी।
Addison's disease वृक्क-व्याधि विशेष।
Addition test जोड़-परीक्षा
Adenoids गल-रस-ग्रन्थि।
Addesiveness (मस्तिष्क शास्त्र Phrenology) मैत्रीस्थान।
Adient, Adjustment संयोजन, अभियोजन।
Adjustment, method of—अभियोजन-पद्धति।
Adjustment, neural—स्नायविक अभियोजन।
Adjustment of observations, adjustment of measurements माप-अभियोजन।
Xenophobia अपरिचितातङ्क।

Y

Yellow पीला; पीत ।
Yellow spot पीत बिन्दु ।
Yellow–sighted पीत-दृष्टि ।
Yerkes-Bridges scale यार्क्स-ब्रिज का मान ।
Yoga योग ।
Young-Helmholtz theory यंग-हेल्महोल्ज का सिद्धान्त ।
Youth युवावस्था ।

Z

Zeising's principle ज़िसिंग का सिद्धान्त ।
Zenith उच्चतम पद; शिरोबिन्दु ।
Zero/phychological (or psychological) शून्य तापमान ।
Zielvorstellung ध्येय-कल्पना ।
Zollner illusion ज़ोलनर का भ्रम ।
Zone कटिसूत्र; मेखला; प्रदेश ।
Zones/chromatic (or color) दृष्टि-प्रदेश ।
Zones/erogenous उत्तेजनाशील क्षेत्र ।
Zones/retinal अक्षीय प्रदेश ।
Zoology प्राणी-विज्ञान ।
Zoophilism प्राणी-प्रेम; पशु-प्रेम ।
Zoophobia पशु-आतङ्क ।
Zoopsia विभ्रम-विशेष ।
Zygomatic area कपोल-प्रदेश ।
Zygomatic reflex जबड़े की गतिविधि ।

Virtual image वास्तविक प्रतिरूप; वास्तविक विचार-प्रतिमा।
Visibility दृष्टिगोचरता।
Visible दृष्टिगोचर।
Vision दृष्टि।
Vision / binocular द्विनेत्र दृष्टि।
Vision / field of दृष्टि-क्षेत्र।
Vision / line of दृष्टि-रेखा।
Vision / persistence of दृष्टि-सातत्य।
Vision / theory of दृष्टिवाद।
Visual acuity दृष्टि-तीक्ष्णता।
Visual angle दृष्टि-कोण।
Visual field दृष्टि-क्षेत्र।
Visual line दृष्टि-रेखा।
Visual process दृष्टि-प्रक्रिया।
Visual space दृष्टि-संसार।
Visualization मानस-चित्र कल्पना।
Vital force प्राण।
Vitality जीवन-शक्ति।
Vividness स्पष्टता।
Vocal cords वाक् तन्तु।
Vocal language मौखिक भाषा।
Vocal organs वाकेन्द्रिय।
Vocal (or speech) response (or reaction) time वाक्-प्रतिक्रिया-काल।
Vocal tone recorder वाणी-लेखक यन्त्र।
Vocation व्यवसाय।
Vocational aptitude test उद्योग-प्रवृत्ति-परीक्षण।
Vocational guidance, selection औद्योगिक मार्ग-दर्शन।
Voice आवाज़।
Voice-key वाणी कुंजिका।
Volar हथेली सम्बन्धी।
Volition स्वेच्छा।
Voltmeter विद्युत-शक्तिमापक यन्त्र।
Volume कद; पिण्ड; आयतन।
Voluntarism संकल्प-तत्त्व।
Voluntary ऐच्छिक।
Voluntary reaction स्वेच्छात्मक प्रतिक्रिया।
Vomiting वमन।
Von Baer's law व्हॉन बायर का नियम।
Von Kries theory of vision दृष्टि-सिद्धान्त।
Voodooism जादूगीरी।
Vowel स्वर।
Voyeur वह मनुष्य जिसे किसी की कामोत्तेजना देख कर काम-शान्ति होती हो।

W

W factor, will factor संकल्प तत्त्व; साफल्य निर्णायक तत्त्व।
Wakanda दिव्य शक्ति।
Wake^{n} रात्री-जागा।
Wake^{v} जागना।
Wakefulness जाग्रतावस्था।
Walking चलन क्रिया; चलना।
Wallerian degeneration वालेरियन का क्षय।
Waller's law वालर का नियम।
Wanderlust भ्रमण-प्रियता।
Want आवश्यकता; कमी; न्यूनता।
Warm (or warmth) sensation उष्णता-जन्य संवेदन।
Warm spot, warmth spot उष्णता-बिन्दु।
Warm stimulus उष्ण उत्तेजन।
Warning signal सूचनात्मक संकेत।
Wassermann Test वेशरमेन की परीक्षा।
Waterfall illusion जल-प्रपात विभ्रम।
Watt वाट।
Wave तरंग।
Wave-length तरंग-दैर्घ्य; तरंग-लंब।
Wave of excitation उत्तेजन-तरंग।

Weak निर्बल; कमज़ोर।
Weakness sensation दौर्बल्यताजन्य संवेदन।
Weariness थकावट।
Weber's law वेबर का नियम।
Weight भार; वज़न।
Weight experiment भार-परीक्षण।
Weight holders/Fechner भार-धारक यन्त्र।
Weight sensation भारजन्य संवेदन।
Weight sense भारानुभूति।
Weighting संतोलन।
Weismannism विकास-सिद्धान्त।
Welfare work श्रमिक-उपकारक कार्य।
Well-being भलाई; उपकार।
Wernicke/area of वार्निक का क्षेत्र।
Wetness sensation आर्द्रताजन्य संवेदन।
Wharton's duct व्हारटन की प्रणाली।
Wheel-movement चक्रिक गति; चक्राकार गति।
Whirl sensation, whirling चक्रिक संवेदन।
Whispering कानाफूसी।
Whistle/Galton गॉल्टन की सीटी।
White सफेद; शुभ्र।
White matter शुभ्र द्रव्य।
Whole अखिल; सर्व।
Wild जंगली।
Will संकल्प; इच्छा-शक्ति।
Will/free आज़ाद तबियत; स्वतन्त्र इच्छा।
Windpipe वायुनली।
Winking, wink reflex आंखमिचौनी।
Wisdom बुद्धिमता।
Wish इच्छा।
Wish fulfilment इच्छा-पूर्ति।
Witness साक्षी।
Womb गर्भाशय।
Wonder आश्चर्य।
Word शब्द।
Word-blindness शब्दान्धता।
Word-building Test शब्द-निर्माण परीक्षण।
Word-deafness शब्द-बधिरता।
Word-reaction (or response) timo शब्द प्रतिक्रिया-काल।
Word-span Test शब्द-विस्तार-परीक्षण।
Work काम; कार्य्य।
Work decrement कार्य-अवनति।
Work-limit method कार्य-मर्य्यादा पद्धति।
World/external बाह्य संसार।
World-view विश्व-दृष्टि।
Worry चिन्ता।
Worship पूजा।
Worth मूल्य।
Wrath क्रोध।
Writer's Cramp लेखक का आक्षेप।
Writing लेखन।
Writing angle, anglo of writing लेखन-कोण।
Wundt gravity phonometer वुँट का स्वर-मापक यन्त्र।
Wundt illusion वुँट का भ्रम।
Wundt sound pendulum वुँट का स्वर-लंबक।
Wundt's principles of emotional expression वुँट का भावना-प्रकाशन सिद्धान्त।
Wirzburg school विर्ज़बर्ग का सम्प्रदाय।

X

X-rays क्ष-किरण।
Xanthic पीलापन।
Xanthopsia पीत दृष्टि।
Xenophobia अपरिचितातङ्क।

Y

Yellow पीला; पीत ।
Yellow spot पीत बिन्दु ।
Yellow-sighted पीत-दृष्टि ।
Yerkes-Bridges scale यार्क-ब्रिज का मान ।
Yoga योग ।
Young-Helmholtz theory यंग-हेल्महौज का सिद्धान्त ।
Youth युवावस्था ।

Z

Zeising's principle झिसिंग का सिद्धान्त ।
Zenith उच्चतम पद; शिरोबिन्दु ।
Zero/phychological (or psychological) शून्य तापमान ।
Zielvorstellung ध्येय-कल्पना ।
Zollner illusion झोलनर का भ्रम ।
Zone कटिसूत्र; मेखला; प्रदेश ।
Zones/chromatic (or color) दृष्टि-प्रदेश ।
Zones/erogenous उत्तेजनाशील क्षेत्र ।
Zones/retinal अक्षीय प्रदेश ।
Zoology प्राणी-विज्ञान ।
Zoophilism प्राणी-प्रेम; पशु-प्रेम ।
Zoophobia पशु-आतङ्क ।
Zoopsia विभ्रम-विशेष ।
Zygomatic area कपोल-प्रदेश ।
Zygomatic reflex जबड़े की गतिविधि ।

THE

TWENTIETH CENTURY ENGLISH-HINDI

DICTIONARY

OF

Philosophical Terms.

THE

TWENTIETH CENTURY ENGLISH-HINDI
DICTIONARY
OF
PHILOSOPHICAL TERMS.

A

Abasia गतिभ्रंश ।

Abandon आत्मविसर्जन; त्याग ।

Aberration भ्रम; चित्तभ्रम ।

Abiogenesis अजीवात् जीववाद; अजीव से जीवोत्पत्ति; यह शब्द प्रो० हक्सेल ने प्रयुक्त किया है और इससे यह मतलब निकलता है कि अजीव पदार्थों से जीव पदार्थों की उत्पत्ति हो सकती है।

Ablant स्वरसंक्रम ।

Aboulia इच्छा-शक्ति का नाश; इच्छा-शक्ति की पंगुता; इस रोग में रोगी यह तो जानता है कि क्या करना चाहिये, पर उसके अनुसार कार्य्य करने में वह असमर्थ रहता है। इस रोग के रोगी की मनोवृत्ति में बड़ा औदासीन्य भाव रहता है।

Abreaction अननुभूतानुभव ।

Absent-minded अन्यमनस्क ।

Absent-mindedness अन्यमनस्कता; अनवधानता; अनवधान दशा ।

Absolute निरपेक्ष; निर्विकल्प; मुक्त; ब्रह्म; परब्रह्म । केवलात्मा; परमात्मा; परमतत्व; अनन्त तत्व; गुणातीत तत्व के लिये यह शब्द प्रयुक्त किया जाता है। सब प्रकार के अद्वैतवादी दर्शनों का उद्देश अनन्तात्मा की खोज करना रहा है, जो सत्य और निरालम्ब है। वह सब दृश्य और अदृश्य पदार्थों का मूलाधार है। सान्त तत्व (Finite being) सम्बन्धों (Relation) द्वारा जाना जाता है। अनन्त तत्व इन सबसे परे है, अतएव वह केवलात्मा और परमतत्व (the absolute) कहलाता है। इसी परमतत्व को स्पाईनोज़ा (Spinoza) नामक पाश्चात्य दार्शनिक ने मूलतत्व (substance) और एफ० एच० ब्रेडली ने अनुभव (experience) कहा है।

Absolute ego परमात्मा; केवलात्मा ।

Absolute ethics विशुद्ध नीतिशास्त्र ।

सुप्रख्यात पाश्चात्य दार्शनिक हर्बर्ट स्पेन्सर (१८२०-१९०४) ने इस वाक्यांश को पहले-पहल अपने ग्रन्थों में उपयोग किया। इससे उसका आशय यह था कि विशुद्ध नीति-शास्त्र ही पर मनुष्य-जीवन के आचरण के नियम बनने चाहिये और उक्त आचरण का माप-दण्ड इन्हीं से निर्दिष्ट होना चाहिये। सापेक्ष नीति शास्त्र (Relative ethics) अपनी कई अपूर्णताओं के कारण ऐसे नियमों को जन्म नहीं दे सकता, जो पूर्ण समाज के आचरण के लिये उपयुक्त हो सकें।

Absolute idea अमूर्त भावना ।

Absolute idealism अजातिवाद ।

Absolute negation अत्यन्ताभाव ।

Absolute non-being पूर्णनास्तित्व ।

Absolution विमोक्ष; पाप-विमोक्षण ।

Absolutism समस्त विज्ञान सत्तावाद, निरपेक्षतावाद ।

Absolutist ब्रह्मवादी; परमार्थ सत्तावादी; अद्वैतवादी ।

Abstinence संयम; उपरति ।

Abstract प्रत्याहृत; अमूर्त; अगोचर।
  Abstract idea अमूर्त भावना।
  Abstract knowledge भावना ज्ञान।
  Abstract notion वस्तुशून्य विकल्प।
Abstraction प्रत्याहार।

यह शक्ति केवल मनुष्यों ही में होती है। इस शक्ति के द्वारा सामान्य प्रत्यय बनते हैं जाति-बोध इसी शक्ति से होता है। सब वृक्षों में एक वृक्षत्व की जाति या धर्म है और यही समान धर्म होने के कारण सभी का 'वृक्ष' नाम पड़ा। यह बोध अन्य जन्तुओं को नहीं हो सकता।

Abstruse गूढ़; गुह्य।
Absurd अयुक्त; बेहूदा; असंगत।
Absurdity अयुक्तता, असंगति, बेहूदापन।
Acatalepsy संशयवाद; अनिर्णयवाद।
Accent स्वरोच्चार।
Accident आकस्मिक उपाधि।
  Inseperable Accident नियत उपाधि।
  Seperable Accident अनियत उपाधि।
Accidental औपाधिक; आकस्मिक; आनुषंगिक।
  Accidental definition तटस्थ लक्षण।
Accidentalism अकारणवाद।
Accommodation प्रतियोजन; संयोजन।
Accuity तीव्रता।
Acosniest अद्वैतवादी; जगन्मिथ्यात्ववादी।
Acoustics ध्वनिविद्या; नादविद्या; स्वरशास्त्र।
Acquired अर्जित; सम्पादित; सञ्चित; प्राप्त।
Acquisition संचय; अर्जन।
Active क्रियाशील; चंचल।
  Active vigour क्रियाशील शक्ति।
Activity क्रियाशक्ति; व्यापार।
Actor कर्ता।
Action क्रिया।
  Instinctive Action स्वाभाविक क्रिया।
  Ideo-motor Action विचार-क्रिया।
  Reflex Action सहजक्रिया।
Adaptation संयोजन; अनुकूलन।
Adhesion संलग्नता।

Adhominum तर्काभास; हेत्वाभास।

यह एक प्रकार का तर्काभास है। एक अच्छा नीति-शास्त्री (Moralist) बुरा मनुष्य हो सकता है और यह दलील करना कि चूंकि अमुक मनुष्य चरित्र से ठीक नहीं है इसलिये उसके सिद्धान्त (Doctrines) भी ठीक नहीं है, यह बात तर्क-सम्मत नहीं हो सकती; क्योंकि यह सम्भव है कि कभी-कभी नीति शास्त्र के बड़े बड़े सिद्धान्त प्रकट करने वाला मनुष्य भी आचरण की दृष्टि से गिरा हुआ हो सकता है। इस प्रकार के तर्काभास के लिये उक्त वाक्यांश व्यवहृत होता है।

Aesthesia संवेदना; संज्ञा।
Aesthetic सौन्दर्यसम्बन्धी संवेदन शास्त्र; सौन्दर्यशास्त्र।
Aesthetic faculty सौन्दर्य-बुद्धि; सौन्दर्य-परीक्षण-शक्ति; रसपरीक्षक शक्ति।
Aetiology कारण-विज्ञान; निदान-शास्त्र।
Affect अनुभूति; ऊर्मि।
Affection राग, स्नेह, मनोविकार, भाव-विक्रिया, मोह, ममता।
  Single affection अनन्य भाव।
Affirmative भावमूलक; अस्तित्वदर्शक, विधिरूप भावात्मक, सत्तावाचक, भावदर्शक।
Affirmative proposition विधिवाक्य; विधिनिर्देश।
Affinity मेल; प्रीति।
After-image अनुप्रतिबिम्ब; अनुवेदन।
After-sensation अनुवेदन।
Agamogenesis अयोनिजनि।
Agenda कार्यक्रम; कार्यसूचि; कार्यानुक्रम।
Agent कर्त्ता; साधक; प्रतिनिधि।
Agglulination संसर्ग, संसृष्टि।
Aggregate संचित, एकत्रित, कुल।
Aggregation समूह, राशिकरण।
Agitation विक्षोभ, आंदोलन, उद्वेग।
Agnoiology अज्ञातपरीक्षा; अज्ञातवस्तुमीमांसा; अज्ञात-वस्तु-शास्त्र।
Agnostic अज्ञेयवादी, निरीश्वरवादी।
Agnosticism अज्ञेयवाद।
  Epistainlogical Agnosticism ज्ञानशास्त्र सम्बन्धी अज्ञेयवाद।

Scientific Agnosticism वैज्ञानिक अज्ञेयवाद।

इस शब्द का निर्माण पहले पहल प्रो० हक्सले (१८२५-१८९५ ने किया। उन्होंने यह दिखलाया कि इन्द्रियगोचर ज्ञान के परे जाना असम्भव है। जो बातें प्रत्यक्ष परीक्षण में नहीं आ सकतीं, वे अवास्तविक हैं। इसीलिये इस सिद्धान्त को गोचरविषयक विज्ञानवाद (Phenomenalism) भी कहा गया है। जॉन स्टुअर्ट मिल ने अपने तर्कशास्त्र (Logic) में मन और द्रव्य (mind and matter) को हमारे ज्ञान से अगोचर बतलाये हैं। आधुनिक अज्ञेयवाद का जनक महामति कैन्ट समझा जाता है। उसने अपने "Critique of Pure Reason" नामक ग्रन्थ में यह प्रकट किया है कि दृश्य संसार के अन्तर्गत जो मूल तत्त्व रहा हुआ है; उस तक हमारे ज्ञान की पहुँच नहीं हो सकती। हक्सले का अज्ञेयवाद अभावात्मक (negative) है। जो बातें हमारे ज्ञानगम्य नहीं हैं, उनके विषय में किसी तरह का विचार बनाना, उसके विचारानुसार, व्यर्थ है। हर्बट स्पेन्सर का अज्ञेयवाद भावात्मक (Positive) है। वह अन्तिम सत्य (Ultimate Reality) को स्वीकार करता है पर उसे अज्ञेय मानता है। उसके मतानुसार यह अन्तिम तत्त्व एक प्रकार की शक्ति है,जो विश्व में होने वाले सब प्रकार के विकास तथा नाश की कारणीभूत है। सर विलियम हेमिल्टन के मतानुसार "परम तत्त्व" (Absolute Being) ज्ञानगोचर नहीं है। वह सम्बन्धरहित और परातीत है।

Agony मर्मस्पर्शी पीड़ा।

Agoraphobia खुली जगह का भय (See Dictionary of Psychological Terms)।

Agreeable अनुकूल, रुचिकर।

Aided आश्रित।

Aim उद्देश्य, लक्ष्य।

Alienation चित्तविक्षेप, चित्तभ्रम।

Allegiance भक्ति, बंध, भक्ति-बंधन, ताबेदारी, राजभक्ति।

Allegory दृष्टान्तरूपक;रूपक; रूपकमय दृष्टान्त; रूपक; अन्योक्ति।

All-engrossing सर्वग्राही।

All-pervading सर्वव्यापक; विभु।

Alter (ego) इतर (आत्मा)।

Alternative विकल्प वैकल्पिक, दो में से एक।

Altruism सर्वभाव; परोपकारवाद; परोपकारवृत्ति, परार्थवाद; परार्थिता; शुद्धपरार्थ; लोकोपकारवाद।

Ambiguity dextrous उभयसाची।

Ambiguity संदिग्धार्थता; द्व्यर्थता।

Ambiguous संदिग्ध; द्व्यर्थक।

Ambition महत्त्वाकांक्षा।

Amen तथास्तु; एवमस्तु।

Ambivalence द्विमात्र विरुद्धोर्मिमयता।

Amnesia स्मृतिभ्रंश।

Amoeba जीवाणु।

Amorousness कामुकता।

Amphibolous द्व्यर्थक।

Amphiboly; Amphibology संदिग्धार्थता; द्व्यर्थकता।

Amusement आमोद. मनोरंजन।

Anabolism अनुबन्धन, उत्कर्ष, चय, सृष्टि।

Anaesthesia संवेदनाभाव, स्पर्शशून्यता।

Anachronism काल-व्युत्क्रम, कालदोष, काल-विरोध, कालातिक्रम-दोष; इतिहासविरोध।

Analogy उपमान, सादृश्य, अनुधर्मता।

Analogical सादृश्यात्मक।

Analogous सादृश्य; अनुधर्म।

Analogous (organs) समफलक, अनुधर्मक (अंग)।

Analogism सादृश्यवाद।

Analysis विश्लेषण, विभजन, व्यवच्छेदन, तत्त्वविभाग।

Analytical विभाजक, व्यवच्छेदक, विश्लेषणात्मक।

Analytic-judgement विकल्प निर्देश।

Analytic-proposition शब्द-निर्देश।

Anarchy अराजकता।

Anarchism अराजकतावाद।

Anatomy शरीर-संस्थान-विद्या, देह-संस्थान-विद्या।

Ancient प्राचीन; पुरातन; पुराना।

Anesthesia वेदनाभाव, स्पर्शशून्यता, अनुभवशक्तिहीनता; शरीर के सब अंगों में या उसके किसी विशिष्ट भाग में शून्यता पैदा होना।

Anesthetic वेदनारोधक; असंवेदनात्मक ।
Angel देव, देवता; फ़रिश्ता ।
Anger क्रोध, गुस्सा ।
Animal पशु; जानवर, प्राणी ।
Animal sprits प्राणशक्ति; उत्साह ।
Animalcule कीटाणु ।
Animal-heat जानदारी, गर्मी, ऊष्मा ।
Animal-kingdom पशुवर्ग ।
Animal magnetism प्राणोजस् ।
Animal Soul कामरूप, मनोमयकोष ।
Animamundi विश्वात्मा ।
Animate सचेतन ।
Animation ओजस्; संजीवन ।
Animism जीवदेहपार्थक्यवाद; जीववाद; जड़-चैतन्यवाद; सर्वजीवतत्ववाद; (पाइथागोरस व प्लैटो द्वारा परिवर्तित दार्शनिक मत) ।
Annhilation निरन्वयनाश; निरन्वयध्वंस; अत्यन्त ध्वंस; सत्तानाश ।
Annul व्यर्थ करना; मंसूख करना; उठा देना; रद्द करना ।
Anoetic अकल्प्य ।
Anomalous असंगत; अनमेल ।
Antagonism विरोध; प्रतिपक्षता ।
Antagonist विरोधी; प्रतिपक्षी ।
Antecedent पूर्वगामी; पूर्ववर्ती ।
Antecedent negation, " Nonbeing, " Nonexistence } प्रागभाव ।
Antepredicament प्रथम परिभाषा ।
Anthropology मानवजाति-शास्त्र; नर-विद्या; मनुष्य-विद्या; मनुष्यशास्त्र; मानवज्ञान; नरतत्व ।
Anthropomorphism सगुणवाद; साकारेश्वरवाद; नरत्वारोपण; मानव-गुणारोपण; ईश्वर में मानवी गुणों का आरोपण ।

जब ईश्वर में मानवी गुणों (जैसे प्रेम, दया,क्रोध आदि) का आरोपण किया जाता है,तब उसके लिये यह शब्द व्यवहृत होता है । हिन्दू पुराणों में इसके आपको कई उदाहरण मिलेंगे । पाश्चात्य देशों के पुराण भी इस प्रकार के उदाहरणों से भरे पड़े हैं । महामति प्लेटो ने अपने 'जनतन्त्र' (Republic) नामक ग्रन्थ में इस बात की आगाही की है कि दुष्टता और द्वेषबुद्धि की कहानियाँ बच्चों को पढ़ाना हानिकारक है ।

Anthropomorphist मानवधर्मारोपक सगुणवाद; साकारेश्वरवाद; मानव-गुणारोपण; पुरुष-भावारोपण ।
Anthropometry मानवांग परिमिति ।
Anticipation अग्रज्ञान; आगम जानना; पेशकदमी; अधिवेदन ।
Anticipation आगे से; पहले से ।
Antinomies विरोधाभास ।
Antinomy परस्पर विरोध; वचनद्वयविरोध; न्यायविरोध।
Antipathy विरोध; द्वेष; सहजद्वेष ।
Antiquity पुरातत्व ।
Antitheist अनीश्वरवादी ।
Antithesis भाव-विरोध; प्रतिप्रतिज्ञा; प्रतिपक्ष उत्तर; प्रति-निवेश; पक्ष-विपक्ष-समन्वय ।
Anxiety चिन्ता; फ़िक्र ।
Anxiety neurosis चिन्ताजन्य चित्तभ्रम ।
Aphonia वाग्भ्रंश ।
Aphorism सूत्र ।
Apodeictic स्वयं प्रमाण; स्वतःसिद्ध ।
Apology क्षमा ।
Apophthegm सुभाषित; सूक्ति; नीतिवचन ।
Apostasy स्वधर्मत्याग; स्वमत-त्याग ।
Apagoge विपक्षबाधक वचन ।
Apagogical (or indirect proof) विपक्ष बाधक (प्रमाण) ।
Apathy विराग; उदासीनता; तटस्थता; ढिलाई; औदासीन्य; ताटस्थ्य; वैराग्य; विरक्ति ।

वैराग्यावस्था कई धर्मों में उच्च आदर्श माना गया है । जो मनुष्य सांसारिक विषय वासनाओं से ऊपर रह कर विशुद्ध ईश्वरीय नियमों के अनुसार चलता है; उसके इस गुण को वैराग्य की संज्ञा दी जाती है । युरोप में स्टेइक नामक सम्प्रदाय के ग्रंथ में कहा है-'बुद्धिमान मनुष्य वह है जो राग आदि मनोविकारों से ऊपर रहता है; जो विवेक के संकेतानुसार चलता है और जिसके आचरण का प्रधान उद्देश्य उच्च कर्तव्य का पालन करना है।' महामति केन्ट ने भी इसी प्रकार के विचार प्रकट किये हैं ।

सुप्रसिद्ध पाश्चात्य तत्ववेत्ता स्पाईनोज़ा (Spinoza) ने भी यह प्रकट किया है कि आत्मा की पूर्णावस्था वह है, जब वह बाह्य पदार्थों से अप्रभावित रह कर उस अनन्त प्रभु के चिन्तन में मग्न रहे जिसका कि वह एक अंश है।।

Aposteriori Knowledge अनुभवद्वारा-प्राप्तज्ञान; अनुभवजन्यज्ञान।

Aposteriori Science व्यवहाराधिगम-शास्त्र।

Aposteriori System of philosophy इन्द्रिय-जन्य ज्ञानवाद; अनुभवोत्तर ज्ञानवाद।

Apostle महात्मा; देवदूत।

Apotheosis देवता बनाना; देवत्वारोपण; देवप्रतिष्ठा देवीकरण।

Apparent स्पष्ट।

Apparition भूत, प्रेत, छाया।

Appearance रूप, दृश्य, आभास, प्रतिभासित सत्ता।

सुप्रख्यात पाश्चात्य तत्वविद् एफ०एच० ब्रेडले ने Appearance and Reality नामक एक महत्व-पूर्ण ग्रन्थ लिखा है। उसमें उन्होंने प्रतिभासित सत्ता और वास्तविक सत्ता की विवेचना की है। इस ग्रन्थ का उद्देश्य संशय और जिज्ञासा को उत्तेजित करना है। संशय का अर्थ पहले से माने हुए विश्वासों की परीक्षा करना है और इसके लिए सत्ताशास्त्र और तत्वज्ञान की आवश्यकता है।

तत्वज्ञान की इन्होंने तीन परिभाषायें दी हैं।

(१) आभासिक सत्ता से पृथक् वास्तविक सत्ता के ज्ञान को तत्वज्ञान समझना चाहिये।

(२) मूल तत्वों या सिद्धान्तों या अन्तिम सत्ता का विवेचन।

(३) विश्व को खण्ड-खण्ड में न देखकर उसको पूर्ण-रूप से समझने के प्रयोग को तत्वज्ञान कहते हैं। इस-लिये इनके ग्रन्थ का नाम आभासिक सत्ता और वास्त-विक सत्ता पड़ा।

Appeal संवेदना।

Appearance in / Apparently } देखने में ज़ाहिरा।

Apperception अनुव्यवसाय; अन्तर्बोध; विज्ञबोध।

Apperceptual mass ज्ञान-संस्कार, संस्कार पिण्ड।

Appetance वासना।

Appetite क्षुधा; कामना; एषणा।

Application उपनय; उपयोग।

Applied-Science व्यावहारिक विज्ञान।

Appreciation गुण-ग्रहण; गुण-विवेचन; गुण मानना; गुणोत्कर्ष।

Apprehension धारणा; भीति।

Simple Apprehension साधारण ग्रहण।

Approbation अनुमोदन।

Appropriativeness ग्रसिष्णुता।

Apriori सहजोपलब्ध; स्वतः सिद्ध; सहजात; सहजोप-लब्धिजन्य।

Apriori-Science सहजोपलब्धि प्रधान शास्त्र।

Aptitude योग्यता; लियाक़त।

Archaic प्राचीन; आर्ष।

Archeology प्राचीन वस्तुशोध पुरातत्त्व।

Archeologist पुरातत्ववेत्ता।

Arche आदि कारण; मूल कारण; मूल द्रव्य।

Architectonic बनावट; संस्थापन।

Argument तर्क; नय; न्याय; दलील।

Argument-in-a circle चक्रक तर्क।

Argumentation वितर्क; हेतुपन्यास; दलील करना; तर्कवितर्क।

Argumentum जल्प; न्याय।

Argumentum-baculinun शस्त्र-न्याय; डण्डे का न्याय।

Argumentum ad crumenan प्रलोभन न्याय।

Argumentum afortiori सुतरां; नतरां; न्याय।

Argumentum ad ignorantiam प्रवचन न्याय।

Argumentnm judicium जनता बुद्धि न्याय; सर्व साधारण न्याय।

Argumentum aparticulari ad universali सर्वादेक न्याय।

Argumentum ad honimum व्यक्तिगत दोषदर्शन न्याय।

Argumentum ad populum समाजोत्तेजन न्याय।

Argumentum Verecundiam ad आप्तवचन-न्याय।

Arrangement व्यवस्था ।
Arithmetical-progression व्यस्त श्रेणी ।
Art शिल्प ।
  Fine-Art ललित कला; रसिक कला ।
  Auditory Art श्रव्य कला ।
  Imitative Art अनुकरण-कला ।
  Non-Imitative Art अननुकरण कला ।
  Mechanical-Art यान्त्रिक शिल्प ।
  Visual Art दृश्य कला ।
  Useful Art उपयोगी कला ।
Artery रुधिरापवाहक-धमनी ।
Articular sensation ग्रंथिज वेदन ।
Articulate व्यक्त, स्पष्ट, ग्रंथिज ।
Articulation ग्रन्थ; शब्द; व्यंजन ।
Artificial कृत्रिम, बनावटी, नकली ।
Arupa levels (of mental plane) अरूपखण्ड ।
As above so below यथा अंडे तथा पिण्डे ।
Ascent ऊर्ध्वगमन; आरोहण ।
Ascertainment निर्णय; निर्धारण; निश्चय ।
Ascetic तपस्वी; संन्यासी ।
Asceticism तपस्या; काषाय; वैराग्य; तपस्विता; त्याग परायणता; संन्यास ।
Asexul अयौन, विलिंग, विलिंगी; अमैथुनी ।
Aspect अवस्था, दृष्टि, अंश, रूप; दर्शन; वस्तुदृश्य ।
Aspiration स्पृहा; अभिस्पृहा महत्वाकांक्षा ।
Assemblage झुण्ड; समूह; वृन्द ।
Assent अनुमति ।
Assertion प्रतिपादन; वचन; वाक्य; पूर्वपक्ष ।
Assimilation सरूपीकरण; समीकरण; परिपाक; साधर्म्यग्रह; साधर्म्य परीक्षा; एकीकरण ।
Association सहचार; साहचर्य; संस्कार; ।
Association of Idea विचार-संगति; प्रत्यय-सम्बन्ध ।
Association of contiguity साहचर्य संगति ।
Association by contiguity सामीप्य निबंधन साहचर्य ।
Association of contrast विरोध निबंधन साहचर्य ।
Association of Similarity सादृश्य-संगति ।
  Free Association स्वतंत्र-साहचर्य ।
  Law of Association साहचर्य-नियम; साहचर्य धर्म ।
  Obstructive Association प्रतिरोध साहचर्य ।
Association Psychology साहचर्य मनोविज्ञान ।
Associational अनुषंगी ।
Associationism भाव-साहचर्यवाद; प्रत्यय-सहचारवाद इसके प्रतिपादकों में जेम्स मील, जे एस. मील और प्रो. बेन के नाम उल्लेखनीय है ।
Associationist भाव साहचर्यवादी; प्रत्यय सहचारवादी ।
Associationist Psychology प्रत्यय-सम्बन्ध-मनोविज्ञान ।
Associated अनुषंगी; सहचारी ।
Astasia स्थिति-भ्रंश ।
Assurance निश्चय ।
Assymmetry असममिति; ? वममान; असौष्ठव; अयथासंगति; बेजोड़पन ।
Astral body लिंगदेह ।
Astromental body सूक्ष्म शरीर ।
Astra plane पितृलोक; प्रेतलोक; भुवर्लोक ।
Atavism कुलागतरोग; पूर्व पिण्डानुकृति; व्यवहित पूर्वजानुकरण; अधिसंक्रान्ति; अधिसंचार ।
Atheism निरीश्वरवाद; अनीश्वरवाद; नास्तिकवाद वह सिद्धान्त जो ईश्वर का अस्तित्व अस्वीकार करता है । भारत में भी चार्वाक् आदि इसी पंथ के अनुयायी हुए हैं । पाश्चात्य तत्वज्ञान में प्रकृतिवाद (Naturalism) संवेदनावाद (Sensationalism) और बुद्धिवाद (Positivism) आदि ने ईश्वर के अस्तित्व को स्वीकार नहीं किया है ।
Atheist निरीश्वरवादी ।
Atheistical निरीश्वरवाद विषयक ।
Atom परमाणु ।
Atomic body निर्वाणदेह ।
Atomic matter / Atomic Substance } अणु-द्रव्य; परमाणु-द्रव्य ।
Atomical परमाणु विषयक; परमाणु-निर्मितता ।
Atomic Theory परमाणुवाद ।
Atomicity परमाणुकता;
Atomism परमाणुवाद ।
Atomism of thought चिन्तनाणुवाद ।

Atomist परमाणुवादी ।
Atonement प्रायश्चित; परिमार्जन ।
Atrophy शरीर-शोषण; ह्रास; अपचय ।
Attention मनोयोग; अवधान; ध्यान; समाधि; लक्ष्य ।
  Expectant attention पूर्वसिद्ध अवधान ।
  Passive attention उदासीन लक्ष्य; शून्यवत्-लक्ष्य ।
Attribute गुण; धर्म; वस्तु-धर्म । वस्तु-धर्म उसे कहते हैं जिसके रहने के कारण द्रव्य अपने स्वरूप में रहता है ।
Attentive सावधान; एकाग्र ।
Attitude मनोवृत्ति; भाव ।
Attraction आकर्षण ।
Audible श्रोतव्य; श्रोत्रग्राह्य; श्रवण-योग्य ।
Auditory श्रावण ।
Augment वृद्धि ।
Augmented वृद्धि-प्राप्त ।
Aura तेजस्; ओजस् ।
Auric egg जीवाणुक; जीवांड; तेजःपिंड ।
Authentic प्रामाणिक ।
Authority अधिकार; प्रमाण; आप्तवाक्य; अधिकारी; गुरुमत; शब्द-प्रमाण ।
Authority Complex अंकुश ग्रन्थि; अधिकार ग्रन्थि ।
Auto-biography आत्मकथा ।
Auto-erotism आत्म-रति; स्वकामुकता ।
Automatic स्वतःप्रवृत्त; स्वयंचालक; स्वतःप्रवृत्तिमान; आत्मनियामक ।
Automatism स्वयंचर्या; स्वयंचार ।
Autonomy स्वायत्त शासन ।
Auto-suggestion स्वयं-सूचन; आत्म-सूचन ।
Average मध्यम मान; औसत; पड़ता ।
Aversion द्वेष ।
Axiom स्वयं-सिद्ध साधारण सिद्धान्त; प्रत्यक्ष प्रमाण; स्वतःसिद्ध सत्य; स्वयं-सिद्ध वस्तु ।

B

Balance तुला; समतुलन; तुल्यावस्था; समता; साम्य; साम्यावस्था ।
Balanced समतुलित; समीकरण किया हुआ ।
Base } Basis } आधार; आश्रय ।
Bashfulness लज्जालुता; शर्मीलापन ।
Bathos भावच्युति ।
Beatitude परमानंद; स्वर्गीय सुख; निर्वाण; कैवल्य ।
Beauty सौंदर्य ।
Begging the question साध्याभ्युपगम; प्रतिज्ञाभ्युपगम ।
Beginning आदि; आरम्भ ।
Beginning-less अनादि ।
Begriff यह जर्मन भाषा का शब्द है; जिसका अर्थ "कल्पना" (conception) है ।
Behaviour आचार; व्यवहार ।
Being सत्ता; सत्; अस्तित्व ।
  Non-being असत् ।
Belief विश्वास; प्रत्यय; प्रतीति ।
Benevolence परोपकारशीलता; दयाशीलता; परहित ।
Between the horns of the dilemma उभय संकट; उभयपाश रज्जु; दोतर्फ़ा मुश्किल ।
Binary द्विधात्मक; द्विगुण; द्वैध ।
Biogenesis जीवजनि; जीव से जीव का जन्म; जीवात् जीववाद ।
Bird's eye view विहंग-दृष्टि ।
Bi-sexual द्विजातीय; द्विलिंगीय; स्त्री और पुरुष लिंग का एक व्यक्ति में होना ।
Biology जीव-विद्या ।
Biological heredity बीज-परम्परा ।
Bionomic जीवनियामक; जीववृद्धि-नियामक ।
Birth जनन; जन्म ।
Blindness अंधता ।
Bliss आनन्द; परमसुख; परमानंद; आनंदातिशय ।

Body शरीर; जड़ द्रव्य; जड़ पदार्थ; पिंड ।
Bonafides नेकनीयती ।
Bondage बन्ध; बन्धन ।
Bonum सत्; कल्याण ।
Bonum Summum परमपद; परम कल्याण; निःश्रेयस; परम पुरुषार्थ ।
Botany उद्भिद् विद्या; वनस्पति-शास्त्र ।
Brain मस्तिष्क; मग़ज़ ।
Bravery वीरता ।
Broad-mindedness उदारता; हृदय-विशालता ।
Buddhic body आनन्दमय कोष; महाकारण शरीर; आतिवाहिकदेह; धर्मकाय; निर्वाणकाय ।
Buddhic plane बुद्धिलोक ।
Bye product उपसर्ग ।

C

Cacodemonia प्रेताविष्टमन्यता ।
Call आह्वान ।
Canon विधि; धर्म विधान; धर्म सभा का नियम; सूत्र; धर्म सम्प्रदाय की नियमावली; धर्म-संहिता ।
Capacity धारण-शक्ति; सामर्थ्य; गुंजाइश ।
Cardinal मौलिक; प्रधान; मुख्य; मूलभूत; स्वाभाविक, आधारभूत ।
Cardinal point and value संवेदनांक तथा संवेदन मूल्य ।
Cardinal virtues प्रधान गुण; मुख्य धर्म-चतुष्ट न्याय-निष्ठा; दूरदर्शिता; मिताचार और सहिष्णुता आदि मुख्य गुणः—
ये मुख्य गुण महामति प्लेटो के अनुसार चार हैं-(१) बुद्धिमता (wisdom) (२) धैर्य (३) मिताचार (temperance) और (४) न्याय । सब गुण इनके अन्तर्गत आजाते हैं ।
Carnal वैषयिक; ऐहिक; दैहिक ।
Carnal desire काम; विषयेच्छा ।
Carnal minded विषयासक्त ।
Carnal knowledge सम्भोग; रति-सुख ।
Caricature प्रहास; हँसी करना ।
Cartesianism डेकार्ट (Descartes) का तत्वज्ञान ।
डेकार्ट (१५९६-१६५०) आधुनिक पाश्चात्य तत्वज्ञान के प्रवर्तकों में से एक था । वह द्वैतवाद का बड़ा समर्थक था ।
Case उदाहरण ।
Caste वर्ण; जाति ।
Casual नैमित्तिक; आगन्तुक; दैवी; दैवागत; आकस्मिक; अनियमित ।
Casuist धर्मशास्त्री; धर्म-व्यवस्थापक; तार्किक ।
Casuistry कर्तव्याकर्त्तव्य शास्त्र; धर्माधर्मविचार शास्त्र ।
यह नीति शास्त्र का अंग विशेष है जो विवेक अर्थात् सदसद्विवेकबुद्धि और कर्तव्याकर्तव्य के प्रश्नों की विवेचना करता है । जब एक से अधिक कर्त्तव्यों का संघर्ष होता है तब कौनसा कर्तव्य ग्राह्य है और कौनसा अग्राह्य है, इस बात पर यह शास्त्र प्रकाश डालता है ।
Catachetical (method) प्रश्नोत्तरीय (रीति) ।
Categorematic निरन्वय; स्वाधीन ।
अंग्रेजी तर्क-ग्रंथों में वे शब्द जो पद होने की अर्थात् किसी वाक्य के उद्देश व विधेय होने की क्षमता रखते हैं, वे निरन्वय या स्वाधीन कहलाते हैं ।
Categorematic word स्वतन्त्रार्थ पद; वाचक पद ।
Categorical निरपेक्ष; अनौपाधिक ।
Categorical proposition निरन्वय-निर्देश, निरपेक्ष-वाक्य; शुद्ध विधान ।
Categorical imperative नियत विधि; परम विधि; निरपेक्ष विधि ।
Categorical judgment निरपेक्ष प्रतिज्ञा ।
Category समानाधिकरण; विधेय वर्ग; संज्ञा; श्रेणी; न्यायशास्त्र का नवम व सप्तम पदार्थ विभाग ।
Catharsis रसोद्रेक ।
Cathartic theory परिष्कृतिवाद ।
Catholic सर्वानुसारी; सर्व देशीय ।

Catholicity सर्वग्राहीपन; सार्वलौकिकता ।
Causable हेतुमान; कारणोत्पाद्य; कारणसाध्य ।
Causality कार्यकारणता ।
Causa-sui स्वयंभू; स्वकारण ।
स्कॉलेस्टिक सम्प्रदाय वालों ने ईश्वर को इस नाम से संबोधित किया है। स्पाईनोज़ा ने भी ऐसा ही किया है। महामति हेगल ने भी परमात्मा को विश्व के आविष्करण का सूक्ष्म कारण या मूल माना है।
Causation कार्यकारणभाव; कारणता।
Law of universal causation कार्यकारण की विश्वव्यापकता का नियम ।
Causationism कार्यकारण न्याय; कार्यकारण सिद्धान्त ।
Cause कारण; हेतु; निमित्त; मूल; बीज; प्रयोजन; कर्त्ता ।
Cause and effect कार्यकारण ।
Cause body } Causal body } कारण-शरीर, विज्ञानमय कोष, ज्ञान-देह ।
Material cause उपादान कारण; समवायि कारण ।
Efficient cause उत्पादक कारण; निमित्त कारण ।
Instrumental cause निमित्त कारण ।
Formal cause असमवायि कारण ।
Front cause सृष्टिकर्त्ता भगवान ।
Final cause अन्तिम लक्ष्य ।
Primary cause आदि कारण ।
Cell कोषाणु; कोष; कलल बिन्दु ।
Cellifugal कोष-परांगमुख; कललबिन्दु-पराङ्मुख; कलल कण पराङ्गमुख ।
Cellipetal कललबिन्दुन्मुख; कललकणोन्मुख ।
Cell-theory कोषवाद; कललबिन्दुवाद; कललकणवाद ।
Cenogenesis पुनर्जन्मवाद; पुनर्जित; पूर्वमोन्यावृत्ति; पूर्वजानुकरण ।
Censor प्रतिरोधक ।
Central केन्द्रीय; मुख्य ।
Centrifugal केन्द्रापसारी ।
Centrosome केन्द्रशरीर ।
Cerebralism मस्तिष्कजन्यवाद; सिद्धान्त विशेष जो यह प्रतिपादित करता है कि मस्तिष्क से सब मानसिक व्यापार उत्पन्न होते हैं।

Certainty निश्चय ।
Cessation विरति; विराम; उपशम; निवृत्ति; अवसान ।
Chain शृंखला ।
Chance आकस्मिकता; अवसर ।
Change परिवर्त्तन; रूपान्तर-विकार; विक्रिया ।
Changeless निर्विकार ।
Chaos अस्तव्यस्तता; संप्लव ।
Character चरित्र; लक्षण; मनुष्यलक्षण; शील-प्रकृति ।
Characteristic विशेषगुण; स्वाभाविक; लाक्षणिक; लक्षण-सूचक; वैशेषिक; प्रकृतिनिदर्शक; विशिष्टलक्षण ।
Charm जादू; मन्त्र ।
Charity दान, दानशीलता, परोपकार ।
Chastity सतित्व; जितेन्द्रियता, अव्यभिचार, शुद्धि ।
Chemism रासायनिक संयोग ।
Chief प्रधान; मुख्य ।
Chiromancy कर-सामुद्रिक; हस्तरेखा विज्ञान ।
Chivalry वीरवृत्ति; वीरता; स्त्रीदाक्षिण्य; प्रेमसेवा; स्त्रीपूजा ।
Choice अभिरुचि ।
Chorus वृंदसंगीत, ध्रुवपद; एकतानता ।
Christianity ईसाई धर्म ।
Chromaesthesia वर्णवेदना ।
Chromatics वर्णविद्या ।
Chromosome वर्णशरीर ।
Chronic चिरकालिक; जीर्ण ।
Chronometry कालमिति ।
Church धर्ममंदिर, धर्मसम्प्रदाय ।
Circle वृत्त; चक्र; घेरा ।
Circular चक्राकार ।
Circulation चक्कर; भ्रमण ।
Circulus in definiendo परिभाषा चक्रक ।
Circulus in probando प्रमाणचक्रक ।
Citizen पौर; नागरिक ।
Civilization संस्कृति; जनसंस्कृति; सभ्यता ।
Clairvoyance दिव्यदृष्टि; अन्तर्दृष्टि; दिव्यदर्शन; अप्रत्यक्षविषयदर्शन ।
Clairvoyant सूक्ष्मदर्शी; दिव्यदर्शी ।
Class राशि, जाति, वर्ग ।

Classics आकर ग्रन्थ ।
Classification वर्गविभाग, श्रेणी विभाग ।
Clear स्वच्छ ।
Cleptomania चौर्योन्माद; स्तेयोन्माद; चोरी का ख़ब्त ।
Climax परमोत्कर्ष; पराकाष्ठा ।
Co-adaption समनुकूलन ।
Code संहिता ।
Coenesthesis सामान्य संवेदन ।
Coercion दण्ड-शक्ति; बल-प्रयोग ।
Co-existence सहभाव; सहास्तित्व; सहचार सम्बन्ध ।
Cogency दृढ़ता; सम्बन्धता; बल ।
Cogitation संचिंतन; मनन; अनुचिन्तन; चिन्ता ।
Cogito-ergo sum चेतयेऽतोऽस्मि ।
Cognition उपलब्धि; अनुभव-सिद्ध-ज्ञान; ज्ञान; ज्ञान-शक्ति ।
Cognitive ज्ञानीय; ज्ञान-संबंधी; ज्ञानात्मक; ज्ञानांशक।
Cognitive imagination ज्ञान-कल्पना;स्वरूप-कल्पना।
Cohension of ideas प्रत्यय-सम्बन्ध ।
Coherence संसक्ति; संलग्नता; संश्लेष; समवाय ।
Coherence theory समवाय-सिद्धान्त ।
Coincidence समानुपात ।
Coincident variations समानुपातिक परिवर्त्तन ।
Coinherence समवाय ।
Cold spot शीतानुभव-बिन्दु ।
Collapse अवसाद ।
Collective सामुदायिक; समष्टि रूप ।
Collective term समाहारवाचक पद ।
Collectivism साधारण स्वत्ववाद ।
Colligate बाँधना; मिलाना ।
Colligation बन्धन; सम्मेलन; सम्बन्ध ।
Collision टक्कर; आघात ।
Color रंग; वर्ण ।
Color blindness वर्णांधता ।
Color tone वर्णतुंगता ।
Column स्तम्भ श्रेणी ।
Combination संयोग ।
Combined संयुक्त ।
Comic हास्यकर; हास्यजनक ।
Comity सुमति ।
Commandment आज्ञा; आदेश ।
Commentary टीका; भाष्य ।
Commentator टीकाकार; भाष्यकार ।
Common सामान्य; आम; जातिवाचक ।
Common sensation सामान्य संवेदन ।
Common sense सामान्य बुद्धि; साधारण समझ; लोक-बुद्धि; व्यवहार-बुद्धि ।
Common sense-philosophy सामान्य बुद्धिवाद ।
Communicatio idiomatum विभूति-संक्रांति ।
Communism साधारण स्वत्ववाद ।
Community सामान्य समाज ।
Compact संधि; संकेत; समय; घन ।
Company संग; समुदाय; समाज; जमाअत; कंपनी ।
Comparative तुलनात्मक ।
Comparative तुलनात्मक ।
Comparative sciences तुलनात्मक शास्त्र ।
Comparison तुलना; तारतम्य-परीक्षा ।
Compass बटोरना; घेरना; गोचर; पहुँच; दिग्दर्शकयन्त्र ।
Compassion अनुकम्पा; दया ।
Compatibility अविरुद्धता; संगति ।
Compatible अविरुद्ध; संगत
Compend } संक्षेप; सार।
Compendium }
Compensation क्षतिपूर्ती; पूर्ति ।
Over compensation अधिक पूर्ति ।
Under compensation अल्प पूर्ति ।
Competition स्पर्धा; हरीफाई; अहंअहमिका; वयवय-मिका; प्रतियोगिता ।
Complementary संपूरक; प्रतियोगी; पूरक ।
Complementary color संपूरक वर्ण ।
Complex मिश्रित; सांकर्य; जटिल; ग्रन्थि ।
Complex process संकरीकरण ।
Complication पेचीदगी; संकर; जटिलता ।
Component आरम्भकावयव; घटक ।
Composite मुरक्कब; मिश्रित ।
Composition संकलन; संस्थान; संयोग ।
Composition and division/fallacies of संकलन व्यवकलन दोष ।

Compos mentis होश दुरुस्ती ।
Compound मिश्रित, मुरक्कब ।
Comprehension बोध, अर्थव्याप्ति, धारणा, बुद्धि ।
Comprehensive बहुग्राही, व्यापक ।
Cemprehensiveness व्यापकता ।
Compromise समझौता ।
Computation गणना ।
 Comtism तत्त्वज्ञान विशेष (see Positivism) ।
Conation चिकीर्षा, कृति, व्यवसाय, कामना, स्वयंक्रिया।
Conatus क्रियोन्मुखता, रजस् ।
Concatenation शृंखला, जंजीर ।
Conceit आत्म-प्रशंसा, विशिष्टंमन्यता, आत्मबहुमान ।
Conceivable चिंत्य (तर्क) ।
Concentration एकाग्रता, संकेंद्रण ।
Concentric method-plan केन्द्रानुसारी पद्धति ।
Concept बोध; प्रत्यय; अर्थ; संज्ञा ।
 Pure concept शुद्ध बोध ।
Conception भावना, विभावन, सामान्य कल्पना,बोधना; उपलब्धि; मान्यता, मानस; प्रत्यय; संकल्प; वस्तु-कल्पना ।
Conception बोध; कल्पना; जॉनस्टुअर्ट मिल ने इसे 'कल्पना' के अर्थ में प्रयुक्त किया है ।
Conceptual process विचार-प्रक्रिया ।
Conceptual time चिन्तन-काल ।
Conceptulism सामान्य प्रत्ययसत्त्ववाद, सादृश्यवाद; एक ही सामान्य वस्तु के विषय में अलग-अलग लोगों के चित्तों में समान कल्पना होती है, ऐसा मत ।
Conceptionist कल्पना-मग्न ।
Conceptulist मनोभावनात्मकवादी; सामान्य प्रत्यय-वादी; सादृश्यवादी ।
Conclusion उपसंहार; साध्य; निगमन वाक्य ।
Conclusion of Veda वेदान्त ।
 Weak conclusion न्यूननिगमन ।
Concomitance सहभाव ।
Concomitant सहभावी ।
Concomitant absence व्यतिरेक व्याप्ति ।
Concomitant presence अन्वयव्याप्ति ।
Concomitant sensation or synaesthesia सहभावी संवेदन ।
Concord संवाद, संवादित्व, मेल ।
Concordance समन्वय ।
Concordant अनुरूप, सदृश ।
Concrete मूर्त; पराक्, मूर्तिमंत, प्रत्यक्ष, वास्तविक, वस्तुवाचक ।
Concreteness सगुणता ।
Concrete-particular-knowledge व्यक्तिज्ञान ।
Concrete-whole समस्त, समष्टितत्त्व ।
Concretion integration एकीकरण-संश्लिष्ट ।
 Process of concretion कल्पना व्यापार ।
Cuncurrence ऐकमति; समापात ।
Concurrent सहगामी ।
Concussion धक्का; आघात ।
Condensation घनीकरण ।
Condition अवस्था; दशा; प्रतिबन्ध; शर्त ।
Conditional सप्रतिबन्धक; शर्तसहित; शर्ताऊ ।
Conditional Immortality सप्रतिबन्धामरत्व ।
Conditioned प्रतिबद्ध; नियत; परिछिन्न; अवछिन्न ।
Conditioned reflex सम्बद्ध सहज क्रिया ।
Conduct आचरण; चालचलन ।
Conduction प्रवाहन ।
Conference मंत्रणा; परिषद ।
Confession स्वीकरण; अपराध-स्वीकृति ।
Confidence विश्वास; भरोसा ।
Confinement निरोध; कैद ।
Conflict संघर्ष; झगड़ा ।
Confirmity अनुरूपता ।
Confusion व्यस्तता; गड़बड़; संमोह ।
Confutation निग्रह; निराकरण; खण्डन ।
Congenital सहज; सहजात; पैदायशी ।
Congruity सांगत्य; सामञ्जस्य ।
Conjugation संयोग; विभक्ति-संयोग ।
Conjunct सावयव; संश्लिष्ट ।
Conjunction संयोग; संश्लेष ।
Conjunctive संयोजक ।
Connate सहोत्पन्न; पैदाइशी ।

Connection सम्बन्ध ।
Connotation आत्यर्थ; जातिबोधन; सामान्याभिधान ।
Connotative गुण बोधक; जातिविशिष्ट व्यक्तिबोधक ।
Connote गुणबोधन ।
Conscience अन्तरात्मा; विवेक; पुण्यपाप विवेकिनीबुद्धि; अन्तर्यामी ।

सूक्ष्म मन की वह शक्ति जो भले बुरे की परीक्षा कर मनुष्यों को भलाई की ओर संकेत करती है। इस लिये इसे नैतिक शक्ति भी कहा गया है।

Moral conscience धर्म-बुद्धि ।
Conscious चेतना ।
Conscious activity चेतन-व्यापार ।
Conscious life सचेत जीवन ।
Conscious-perception ज्ञानोपलब्धि ।
Conscious-self—आत्म-संविद् ।
Consciousness आंतर चेतना; प्रज्ञा-बुद्धि; अस्मिता संवेदन; संविद्; विज्ञान; चेतना; आन्तर प्रतीती ।
Consciousness of kind सामान्य प्रतीति;
Consciousness of self अहंकार; अहंभाव ।
Consciousness of time काल-संविद् ।
Field of consciousness संवित्कोटि; प्रज्ञाक्षेत्र ।
Group of consciousness समुदायास्मिता; समूहास्मिता ।
Objective consciousness प्राक्चेतन ।
Seat of consciousness चेतन-स्थान ।
Suffusion of consciousness समुल्लास; संवेदन ।
Self consciousness आत्म-प्रतीति; आत्म-ज्ञान ।
Consecration संस्कार; प्रतिष्ठा; अभिमन्त्रण ।
Consensual actions and movements आकृति पूर्व क्रिया; संवेदमानुविधायिनी कार्य-चेष्टा ।
Consensus gentium सर्वसम्मति; जनवाद ।
Consent सम्मति ।
Consentience संवित्ति ।
Consequence फल; परिणाम; सिलसिला; अनुक्रम ।
Consequent अनुवर्ती; परिणामक ।
conservation संरक्षण; रक्षण ।
Conservation of energy शक्ति-नियतता ।
Conservative अनुदार; स्थितिरक्षक; प्राचीनपन्थी; सनातन; सनातनी; रूढ़ीरक्षक; प्रगति-विरोधी ।
Conservatism रूढ़ि-प्रियता; रक्षण शीलता; अनुदारता ।
Conservative faculty धारणा-शक्ति ।
Consideration गौर, सोच, परामर्श, विचार, मुआविज़ा, कीमत ।
Consideration of charcateristic लिंग परामर्श।
Consilience of inductions सिद्धान्तैक्य, आगमैक्य ।
Consistency पूर्वापर संगति; सामञ्जस्य; संगति ।
Law of consistency संगति नियम ।
Consistent अविरुद्ध, संगत, सुसंगत ।
Consonance अनुरूपता; मेल; सुरका मेल ।
Constallation विचार राशि ।
Constant स्थिर; नित्य ।
Constituent घटक; घटकावयव ।
Constituent principles घटक बीज ।
Constitution रचना: निर्माण; घटना; संगठन ।
Constitutive faculty संस्थापक शक्ति ।
Constraint निरोध; नियमन ।
Constructive प्रकल्पक; मंडनात्मक; निर्माणात्मक; अनुमान सिद्ध; रचनात्मक; संयोजक; अनुमानिक ।
Constructive imagination निर्मित कल्पना; विधायक कल्पना ।
Constructive i. e. positive dilemma विधायक विकल्प ।
Constructiveness निर्माणात्मकता, विधायकत्व ।
Consummation सिद्धी; निष्पत्ति, परिपूर्णता ।
Contact संस्पर्श; संसर्ग, सम्पर्क; संयोग ।
Contact sensation संस्पर्श-संवेदन ।
Contagion स्पर्शसञ्चार; स्पर्शसंक्रमण ।
Contemplation ध्यान; मनन; निदिध्यासन; चिन्ता ।
Contemplative ध्यानस्थ; चिंताशील ।
Contemporary समकालीन; सामयिक; एक काल का ।
Content अन्तरार्थ; विषय; सन्तोष।
Contingent औपाधिक; संदिग्ध; अनिश्चित ।
Continuance सातत्य, निरन्तर; नित्य;अविराम;अविच्छेद ।

Continuity अविच्छिन्नता; सातत्य; निर्वाह ।
Continuity of interest रसनिर्वाह ।
Continuum अखण्डता ।
Contractility संकोचशीलता ।
Contraction आकुञ्चन; संकोचन ।
Contradiction प्रतिवाद; विरोधोक्ति, वचनविरोध ।
Contradiction in terms शब्द-विरोध, अन्तर्विरोध; विरोधोक्ति ।
Contradictory व्याघातक; विरोधी; विसंवादी ।
Contra-distinction विपरीतता; व्यतिरेक; प्रभेद-प्रदर्शक तुलना ।
Contra-position निषेधव्यवस्थापन, विपरीतभाव, विपर्य्यय-विरोध-सिद्धान्त ।
Contrariety प्रतिपक्षता; वैषम्य; विरोध, वैपरित्य, व्यतिक्रम ।
Contrary विपरीत; प्रतिकूल; विरुद्ध ।
Contrary proposition परस्पर विसंवादी प्रतिज्ञाद्वय
Contraries विपरीत प्रतिज्ञा ।
Contrast प्रतिपक्षता; विपरीतता ।
Contrition पश्चात्ताप ।
Control संयम; नियमन; अधिकार ।
Controversial विवादास्पद, विवाद-विषयक; झगड़ेका ।
Controversy जल्प; विवाद ।
Convention रूढ़ी, प्रथा, लोकाचार, संकेत ।
Conventionalरूढ़ीगत, रिवाजन ।
Convergence सन्निपात, समवाय ।
Converse परिवर्तित ।
Conversion परिवर्तन; धर्म-परिवर्तन ।
Conversion by contraposition विपरीत परिवर्तन
Conversion per accidence विशिष्ट परिवर्तन।
Convertible परिवर्तनीय ।
Convert स्वधर्मत्यागी, धर्मान्तरगामी ।
Convertend परिवर्तित प्रतिज्ञा ।
Conviction दृढ़प्रत्यय, निश्चय, विश्वास, प्रतीति ।
Convulsion संक्षोभ, कंप, आक्षेप।
Cooperation सहयोग; सहव्यापार ।
Coordinate समकक्ष; समानाधिकरण, समन्वय ।
Coprolalia अपशब्दवाक्यरोग ।

Copula (उद्देश्य-विधेय) संयोजक ।
Copraphitia मलोत्सर्गप्रियता ।
Copy प्रतिलिपि; अनुलिपि, प्रतिबिंब, नकल ।
Corollary अनुमान, उपलक्ष्य; उपसिद्धान्त, फलित-सिद्धान्त ।
Corporation संघ; श्रेणी ।
Corporeal शारीरिक; दैहिक ।
Corporeal creation दैहिकसर्ग ।
Corpus काया, देह, शरीर ।
Corpuscle अणुदेह ।
Correct शुद्ध, सही; ठीक ।
Correct knowledge यथार्थज्ञान ।
Correction शोधन; शुद्धि ।
Correlation अनुबन्ध, प्रतियोग, अन्योन्य सम्बन्ध, अन्योन्यान्वय ।
Correlative अन्योन्यापेक्ष; परस्परापेक्ष; अनुबन्धी; अनुरूप; प्रतियोगी ।
Correspondence अनुविधायकत्व,अनुरूपता,संवादिता ।
Correspondence theory बिंबप्रतिबिंबवाद ।
Cosmic substance प्रकृतिद्रव्य, जगद्धातु ।
Cosmogonist विश्वतत्वविद्, जगदुत्पत्तिवादी ।
Cosmogony जगदुत्पत्तिवाद; जगत्सृष्टि-मीमांसा ।
Cosmology विश्वतत्व; विश्वविज्ञान ।
Cosmopolitan उदारमतवादी; जगन्मित्र; विश्वमित्र ।
Cosmography विश्व-वर्णन ।
Cosmological विश्वसम्बन्धी ।
Cosmological proof कार्यकारण भावमूलक प्रमाण ।
Cosmothetic idealist विशिष्ट विज्ञानवादी; विज्ञान वैशिष्ट्यवादी ।
Counter balanced reason सत्प्रतिपक्ष ।
Counter-entity प्रतियोगी ।
Counter part प्रतिरूप ।
Courage धैर्य्य, शौर्य्य, साहस ।
Courteous नम्र; शिष्ट; सुशील; सभ्य ।
Courtesy विनय; नम्रता; शिष्टाचार, सभ्यता, सौजन्य ।
Cowardice अपौरुषता; भिरूपन ।
Covetousness लोभ, तृष्णा, लालच ।
Coyness संकोचिता, झक, शर्मीलापन ।

Craniology कपाल-विद्या; मस्तिष्क-शास्त्र ।

Craving अभिलाषा; उत्कण्ठा, इच्छा; लालसा, तृष्णा ।

Crazy सनकी विक्षिप्त; उन्मत्त ।

Creation सृष्टि; उत्पादन, सृजन ।

Creative artist कल्पक; स्रष्टा ।

Creative faculty निर्माणशक्ति ।

Creative evolution सृजनात्मक विकास ।

Creationisin सृष्टीश्वर भेदभाव;
  सृष्टिवाद ।

Creativeness सृजनात्मकता; कृतिभाव ।

Creator कर्ता, स्रष्टा; विधाता ।

Credible विश्वसनीय; प्रामाणिक, श्रद्धेय ।

Credulity श्रद्धालुता; अति विश्वास; सहज श्रद्धा ।

Creed पंथ; मत; सिद्धान्त; सूत्र, जीवनमन्त्र, मत कुल
  रीति; कुलमत; मौलिक मन्तव्य ।

Cremation दाह, दहन ।

Crime जुर्म, अपराध, दोष ।

Criminal अपराधी, दोषी ।

Criminology अपराध-विद्या, अपराध-विज्ञान ।

Crisis संकट; निर्णयावसर; परमावसर; कष्टकाल, नाजूक
  वक्त ।

Criterion निर्णायक; कसौटी; आदर्श; माप; प्रमाण ।

Critical परीक्षात्मक; आलोचनात्मक ।

Critical philosophy परीक्षात्मक दर्शन, परीक्षात्मक
  तत्त्वज्ञान ।

Criticism परीक्षावाद; समालोचना ।

महामति केन्ट (१७२४-१८०४) इस विचार पद्धति का जनक माना जाता है। केन्ट ने देखा कि किसी बात को, बिना सत्यासत्य की परीक्षा किये, केवल अन्ध-विश्वास के आधार पर मान लेना ठीक नहीं है। इसके अतिरिक्त सन्देह में पड़ कर यह मान लेना भी ठीक नहीं कि वास्तविक और सत्यज्ञान की प्राप्ति ही नहीं हो सकती। उसने अपने Critique of Pure Reason नामक ग्रंथ में 'सत्यज्ञान' की नींव को परीक्षात्मक पद्धति से खोजने का प्रयत्न किया और इस बात का भी विचार किया कि किस हद तक ज्ञान की सम्भावना हो सकती है। इस प्रकार की परीक्षा पद्धति ही का नाम Criticism अर्थात् परीक्षावाद है।

Criticism of intepretation निरूपणात्मक विवेचन ।

Critique मीमांसा ।

Cross division संकर-मिश्रण, संकर विभाग ।

Crystal vision स्फटिक दर्शन, काच सामुद्रिक ।

Culpa प्रमाद, आलस्य ।

Culpable अपराधी; निन्दनीय ।

Culpablity दोषिता ।

Culture संस्कृति, संस्कार, संस्कारिता ।

Cultus पूजा, आराधना ।

Cumulative प्रगुणित; विवर्धित ।

Cupidity अभिकांक्षा; अतिलोभ; तृष्णा ।

Curiosity कुतूहल; जिज्ञासा; कौतुक ।

Curse शाप ।

Custom रीति; दस्तूर ।

Cutaneous senastion त्वचा-संवेदन ।

Cynics { जनद्वेषी, मानव-द्वेषी; कठोर तपश्चर्यावादी }

Cynicism मानव-विद्वेष; कठोर तपश्चर्यावाद ।

सम्प्रदाय विशेष जिसका प्रवर्तक एन्टिस थेन्स (ईसवी सन पूर्व ४४४-३७०) था। इसने बड़े ही कठोर नीति-नियमों का प्रचार किया। इस पंथ के अनुयायी धन, दौलत अधिकार, सुख-समृद्धि, घरबार से घृणा करते थे। घोर तपश्चर्या करते थे और रूखे सूखे भोजन पर अपना निर्वाह करते थे।

Cytology कोषाणु-विज्ञान ।

D

Dancing mania नृत्योन्माद ।
Darkness तम; अंधकार ।
Darwinism विकासवाद; डार्विनवाद ।
Data सामग्री; दी हुई बात ।
Data of consciousness चेतन-तत्त्व ।
Day-blindness दिवांधता; दिनौंधी ।
Day-dreaming हवाई किले बनाना; खयाली पुलाव; मनमोदक खाना; दिवास्वप्न ।
Day-mare अनिद्र-दुःस्वप्न ।
Deaf-mutism बधिरमूकता ।
Deanthropomorphism (ईश्वर में) नरत्वापवाद ।
Death मृत्यु; मौत ।
Decadence ह्रास; अवनति ।
Decay अपक्षय ।
Deceit धोका; वंचना; प्रतारणा; धोखा देना ।
Deceptive reasoning छल ।
Decision निर्णय; निश्चय; तजवीज़ ।
Declaration कथन, प्रकाशन, घोषणा ।
Declarative प्रतिज्ञापक; अर्थव्यंजक; वाचक ।
Declension शब्दरूप; अवनति; ह्रास ।
Decorative art विभूषक शिल्प ।
Decretum salutis ईश्वराधीन मुक्ति ।
Deduction परामर्शानुमान; अनुमान; निगमन; परामर्श-जन्य ज्ञान ।
Deductive निगमनात्मक, आनुमानिक, निर्णय-प्रयोजक ।
Deductive logic निगमन-विद्या, निगमन-शास्त्र, परामर्शखंड ।
Deductive method निगमन-पद्धति ।
Deductive science निगमन-विज्ञान ।
Defacto यथार्थतः; वस्तुतः; वाक़ई ।
Defeat पराजय; हार; शिकस्त ।
Defective syllogism दुष्टानुमान वाक्य ।
Defined व्यंजित; परिभाषित ।
Definite व्यक्त; नियत; ठीक-ठोक; निर्णीत; स्पष्ट ।
Definition व्याख्या; परिभाषा; लक्षण; निर्देश ।
Deformity विकृति, वैरूप्य ।
Degenerate पतित ।

Degeneration अपकर्ष, अवनति, पतन, नस्ल बिगड़ना ।
Degrees/By क्रमशः ।
Deification देवत्वारोपण ।
Deism ईश्वरजगद्भेदभाव ।

ईश्वर सम्बन्धी वह सिद्धान्त जो उसे चराचर सब पदार्थों का मूलाधार समझता है पर साथ ही यह मानता है कि वह विश्व के साथ कोई सम्बन्ध—खास तौर से नैतिक सम्बन्ध—नहीं रखता । इस सम्प्रदाय के अनुयायी Revelation पर विश्वास नहीं करते । व्हौल्टेर (Voltaire), कोलिन्स (Collins), टोलेण्ड और शेफ्टसबरी (Saftsbury) इस सम्प्रदाय के खास प्रवर्तकों में थे । इन विचारकों ने प्राकृतिक धर्म (natural religion) स्थापित करने का प्रयत्न किया । प्राकृतिक धर्म से इनका मतलब उस धर्म से था जिसका पाया बुद्धिवाद (reason) पर हो ।

Deist ईश्वरजगद्भेदवादी ।
Deistic / Deistical ईश्वरजगद् भेद विषयक ।
Deity देवता ।
Dejection विषाद ।
Dejure कानूनन, न्यायतः ।
Deliberate बुद्धिपूर्वक; सविवेक; जानबूझकर ।
Deliberation विचार-विमर्श; विचारण ।
Delirium सन्निपात; प्रलापोन्माद ।
Deliverence मुक्ति; छुटकारा ।
Demagogue लोकानुचर ।
Delusion भ्रम; भ्रान्ति ।
Dementia मनोभ्रंश; उन्माद; बुद्धि-वैकल्य ।
Dementia praecox मनोव्यापार संतुष्टि ।
Demerit दोष; दुर्गुण; अवगुण ।
Demi-god उपदेव; उपदेवता ।
Demise मरण; मृत्यु; अन्तकाल ।
Demiurage विश्वकर्मा, स्रष्टा, विधाता, जगत्कर्ता, परमेश्वर की आज्ञा से सृष्टि उत्पन्न करने वाला देव ।
Democracy जनतन्त्र; प्रजातन्त्र; लोकशासन ।
Demography जनता-वर्णन; लोकवर्णन ।

Demon असुर, भूत, प्रेत, दानव, राक्षस ।
Demonolatry असुर-पूजा, भूत-पूजा ।
Demonology असुर-विद्या, भूत-विद्या ।
Demon-o-mania असुरावेश ।
Demonstrated truth प्रज्ञपित-सिद्धान्त, प्रमाणितार्थ, प्रकट सत्य ।
Demonstration उपपादन, प्रदर्शन ।
Demonstrative प्रतिपादक, प्रदर्शनकारी, उपपादक ।
Demoralization नैतिक पतन, आचारभ्रंश, भ्रष्टता, नैतिक भ्रष्टता ।
Demos साधारण लोक ।
Denial of one's self आत्म-संयम, आत्म-निग्रह ।
Denomination संज्ञा, नाम, अभिधान ।
Denominative संज्ञापक, गुणवाचक ।
Denotation वस्तु-वाचकता, व्यक्त्यर्थ, व्यक्तिबोधन; विशेषाभिधान, व्यक्ति-विशिष्टता, धर्म-व्याप्ति ।
Density सान्द्रता, गुरुता, घनता ।
Deomorphic-theomorphic ईश्वर-गुणधारी ।
Deontology कर्तव्यशास्त्र, धर्मशास्त्र ।
Dependent आधीन ।
Depreciation गुणापकर्ष, गुणावमान ।
Depression पतन; अवसाद; विषाद ।
Depth व्याप्ति; गाम्भीर्य ।
Depth-psychology अंतश्चेतना-शास्त्र ।
Derangement बुद्धि-भ्रंश; चित्त-विभ्रम ।
Derivation व्युत्पत्ति; साधित शब्द ।
Derivative धातुज; व्युत्पन्न; साधित ।
Dermal त्वाच, त्वक् सम्बन्धी ।
Desire इच्छा; कामना ।
Despodency विषाद; निराशा ।
Despair निराशा; आशा-भंग ।
Despotism स्वेच्छाचारिता; स्वैरिता ।
Destructiveness विनाशकता ।
दर्शन-शास्त्र में जब इस शब्द का उपयोग होता है, तब इसका अर्थ "क्रिया-शक्ति-संहारेच्छा" होता है ।
Destructive विनाशकारक; विनाशक; संहारक; विघटनात्मक ।
Destructive Dilema निषेधात्मक विकल्प ।
Destructive Hypothetical Syllogism अन्यतर निषेधाधीन ।
Destructive Sorities व्यतिरेकी अनुमान-श्रृंखला; निषेधात्मक न्याय-श्रृंखला ।
Destruction विनाश; प्रध्वंस ।
Destination लक्ष्य-बिन्दु; निर्दिष्ट स्थान ।
Desuetude अनुपलब्धि; अनभ्यास ।
Determinism अवश्यंभाविवाद, नियतिवाद ।
Determinist नियतिवादी ।
Development विकास; उत्क्रान्ति; प्रकटीकरण; उत्तरोत्तर वृद्धि ।
Deviation विपथ-गमन; मार्ग-च्युति; व्यत्यय ।
Devil शैतान, असुर, भूत ।
Devil-world भूत-सृष्टि, आसुरी माया ।
Devil-worship असुर-पूजा ।
Devolution उपक्रान्त ।
Devotion भक्ति ।
Dialectic तर्क ।
Dialogue संवाद; कथोपकथन ।
Dialogue of Plato प्लेटो का संवाद; प्लेटो नामक दार्शनिक का संवाद ।
Dialogic method संवाद-पद्धति ।
Dianology प्रत्यक्ष ज्ञान-शास्त्र ।
Dictates of Conscience अन्तरात्मा की प्रेरणा ।
Dictator तानाशाह, सर्वसत्ताधीश, सर्वाधिकारी, सर-मुख़्त्यार, एकाधिपति ।
Dicto Simpliciter ad dictum Secundum quid साधारण से विशेष पर आना; औपाधिक से निरौपाधिक पर आना ।
Dictomy द्विवर्गाभिन्न ।
Dictum नियम, आप्त वचन ।
Didactic बोधक; उपदेशात्मक ।
Differentiation व्यावृत्ति; भेदावगाही ज्ञान; व्यावर्तक धर्म; भेदीकरण; विभेदन ।
Dilectics तर्क-शास्त्र, न्याय शास्त्र ।
Dilemma पाश मढ़ी व्याघ्र न्याय, उभयतः पाशारज्जु-न्याय, वैकल्पिक संवाद, धर्म संकट; दुविधा ।
Dimorphism द्व्याकारत्व; द्व्याकारोद्भव ।

Din an Sich स्वयंभू वस्तु; इसे महामति केन्ट ने उस अज्ञेय प्रदेश या कारण के लिये व्यवहृत किया है, जो हमारे इन्द्रिय-गोचर नहीं है।

Dipsomania मद्योन्माद।

Direction दिशा, नायकता।

Discipline नियमन, शासन, नियम-वशता, सुनियन्त्रण, अनुशासन, विनय-नियन्त्रण, जीवनाचार, संयमन, सम्यग्शिक्षा।

Disciplinarianism अनुशासनशीलता।

Discord असंवाद।

Discordant विषम, परस्पर-विरोधी।

Discrepancy असंगति, विरोध।

Discretive Proposition विभाजक वाक्य।

Discrimination बुद्धि-तारतम्य, सारासार बुद्धि, विवेक।

Disgust अरुचि; घृणा।

Disintegrating विघटक; विश्लेषक।

Disintegration विघटन, छिन्न-भिन्नता।

Disjunctive वैकल्पिक।

Disjunctive judgment वैकल्पिक निर्णय।

Displacement स्थान-भ्रंश।

Dissociation विभाग, विच्छेद।

Dissolution विच्छेद।

Dissonance स्वर-विरोध।

Distinction विलक्षणता, भेद, वैशिष्ट्य।

Distinctive व्यवच्छेदक।

Distribution अवच्छेद।

Doctrine of ecstacy समाधिवाद;

वह सिद्धान्त जो यह प्रतिपादित करता है कि योग द्वारा मनुष्य संसार से मुक्त होकर ईश्वरमय हो सकता है।

Dogma आम्नाय।

Dogmatic period अन्धविश्वास का युग। पहले-पहल जब मनुष्य को थोड़ा-थोड़ा ज्ञान होने लगता है तब वह संसार, ईश्वर आदि के विषय में अनेक स्वकपोल-कल्पित और प्रमाण-रहित कल्पनाएं करने लगता है। इस काल को Dogmatic period अर्थात् अन्ध विश्वास का युग कहते हैं।

Dogmatic Slumber मोह-निद्रा।

Dogmative पंथ सम्बन्धी; मताग्रही।

Dogmatism मतवाद, युक्ति-निरपेक्षवाद, हठोक्ति, अन्ध-विश्वास।

वह मनोवृत्ति जो किसी मत पर उसका परीक्षण किये बिना विश्वास कर लेती है। यह परीक्षणवाद (criticism) की विरोधी है।

Dominant प्रभावशाली।

Doubt, method of संशय-विधि।

डेकार्ट ने इसका विवेचन किया है। उसने सत्य दिखने वाले पदार्थों पर भी संशय का पर्दा डाला। उसने हर पदार्थ का संशय की भावना से विचार किया। डेकार्ट ने बेकन की भाँति प्राचीन कल्पनाओं को बिना सिद्ध किये मानना ठीक नहीं समझा। उसने इन सब बातों को विवेक की कसौटी पर कसना चाहा। वह स्वयं गणितज्ञ था और उसने दर्शन-शास्त्र पर भी गणित, विशेषकर रेखागणित, की पद्धति लगाई थी। जिस प्रकार रेखागणित में कुछ स्वयं-सिद्ध विचारों के आधार पर उनसे निगमन निकाल कर आगे बढ़ा जाता है वैसे ही उसने दर्शन-शास्त्र में भी स्वयं-सिद्ध बातों को ढूंढ़ना चाहा। वह किसी बात को सहज में स्वयम्-सिद्ध मानने को तैयार नहीं होता था। वह सब बातों की परीक्षा करना चाहता था। संशय को वह हद तक पहुँचाना चाहता था। पर संशय को बहुत दूर तक लेजाने पर भी उसने पीरो आदि दार्शनिकों की तरह वहीं विश्राम लेना उचित नहीं समझा। वह इससे आगे बढ़ा और सोचने लगा कि संशय करना भी एक प्रकार का सोच-विचार है। जो वस्तु है ही नहीं, वह कैसे सोच-विचार कर सकती है। इसलिये यदि मैं विचार कर सकता हूँ तो मैं अवश्य हूँ। इससे यह निसन्देह सिद्ध हुआ कि "मैं हूँ।" (Cogito Ergo Sum) यही सिद्धान्त "मैं सोचता हूँ, इसीलिये मैं हूँ" डेकार्ट के दर्शन की आधार-शिला बना। आगस्टिन ने भी यही प्रतिपादित किया था। पर डेकार्ट के प्रतिपादन की रीति कुछ नवीनता रखती है।

Dualism द्वैतवाद; वह मत जो भौतिक तत्त्व और आत्म-तत्त्व को पृथक् पृथक् मानता है। वह यह प्रतिपादित करता है कि यह संसार दो तत्त्वों (Principles) का आविष्करण (menisfestation) है। डेकार्टिस

(१५९६-१६५०) का सिद्धान्त सामने रखते हुए यह दिखलाया गया है कि विचार (Res-cogitans) और विस्तार (extension) दोनों सत्य हैं। इन दोनों तत्त्वों को एक तत्त्व नहीं माना जा सकता। इसे भारतीय परिभाषा में यों कह लीजिये कि द्वैतवाद वह है जो जीव और प्रकृति का जुदा-जुदा अस्तित्व स्वीकार करता है।

Dulist द्वैतवादी।

Duration कालिक, परिमाण।

E

Earthly पार्थिव; ऐहिक; सांसारिक।

Ecstasy समाधि; तन्मयावस्था; तल्लीन अवस्था।

Efficacy सामर्थ्य, क्षमता, साधकता, फलप्रसव-शक्ति।

Efficient कार्यक्षम, फलोत्पादक।

Efficient Cause निमित्त कारण; घड़ा बनाने में कुम्हार की शक्ति, दण्ड, चाक आदि जो सामग्री लगती है वह निमित्त कारण है।

Effigy प्रतिमूर्ति।

Effort प्रयत्न।

Ego अहम्, आत्मा, अन्तंगत, स्वस्वरूप।

Egó & alter अस्मद्-युष्मद्, अहम् और इतर, मैं और दूसरा।

Ego-instinct अहंवृत्ति।

Egoism अहंभाव, स्वार्थवाद, अहंकार, अहन्ता, स्वार्थवाद; इस सिद्धान्त का आशय अपने निज की भलाई है। दूसरों के सुख की पर्वाह न कर अपने लिये सुख की खोज करना इस सिद्धान्त का प्रधान ध्येय है।

Egotism ममता, अहंकार।

Egoist अहंवादी, स्वार्थवादी।

Eidolon छाया-मूर्ति, प्रतिमा, प्रतिमूर्ति।

Elaborative faculty विस्तार-शक्ति, उपबृंहण शक्ति।

Elasticity स्थिति-स्थापकता।

Elation हर्ष; उमंग; उमंग में आना।

Eleaticism इलियाटिक मत।

Eleatics दार्शनिकों का समुदाय विशेष।

विभिन्न दर्शनों (Philosophies) के तत्वों के अव्यवस्थित संयोजन के लिये यह शब्द व्यवहृत होता है।

Synthesis संयोगीकरण, एकीकरण, समन्वय।
Synthetic-Synthetical प्रत्ययात्मिक, संयोगात्मक।
System व्यूह, पद्धति, परिपाटी, तन्त्र।
System of notions सामान्य विन्यास।
System of Signs लिंगपद्धति।

T

Tabula rasa कोरा कागज़ ।
पाश्चात्य स्टोइक और संवेदनवादी (Sensationalist) शिशु मन की उपमा कोरे कागज़ से करते हैं । लॉक ने भी मन की तुलना कोरे कागज के साथ की है, जिस पर संवेदन अङ्कित होते हैं ।

Talent मेधा; बुद्धि; प्रतिभा ।

Tauto logical पुनरुक्त्यात्मक वाक्य ।

Technique जंत्र; हथोटी ।

Telelogy हेतुवाद; वस्तु-उद्देशवाद; उद्देश्यवाद ।

Telelogical साध्यलक्षी ।

Telepathy दूरसंवहन ।

Tender emotion करुणा, दया ।

Term पद; किसी तार्किक वाक्य के धर्मी या धर्म सूचक शब्द को पद कहते हैं ।

Tension तनाव ।

Theology ईश्वर विद्या, ईश्वरज्ञान, धर्मविद्या; ईश्वर-शास्त्र; ईश्वरवाद ।
Crucial Test निर्णायक परीक्षा ।

Theism आस्तिकवाद; वह मत जो ईश्वर के अस्तित्त्व को स्वीकार करता हुआ उसे जगत्कर्ता और जगत् नियंता मानता है ।

Theodicy ईश्वरास्तित्ववाद—
मत विशेष जो ईश्वर के अस्तित्त्व को स्वीकार करता हुआ उसकी दिव्यता पर विश्वास करता है । प्लेटो और एरिस्टाटल ने यह दिखलाया है कि विश्व का सर्वोच्च तत्त्व सकल गुणसागर परमात्मा है जिसे प्राप्त करने के लिये सब सान्त (Finite) पदार्थ प्रयत्न करते हैं ।

Theological आधिदैविक ।

Theology ईश्वर विद्या ।

Theoritical सैद्धान्तिक ।

Theory सिद्धान्त; वाद, तर्क, कल्प, उपपति ।

Theory of Knowledge ज्ञानवाद ।

Theosophy थियासोफी ।
धार्मिक सम्प्रदाय विशेष जिसका उद्देश ईश्वरीय ज्ञान की प्राप्ति है ।

Thing in itself शुद्ध वस्तु ।

Thinking तर्क-व्यापार, मनन, मनोव्यापार ।

Thought process विचार-प्रक्रिया ।

Totality पूर्णता ।

Transcendence अतित्व ।

Transcendence अतीतवाद ।

Transcendental Aesthetics अनुभवातीत संवेदन शास्त्र ।

Transcendental soul अतीत आत्मा ।

Transcendental logic अनुभवातीत तर्क शास्त्र ।

Transcedentalism अनुभवातीतवाद ।

Transcendentalist अलौकिक वस्तुवादी ।

Transference स्थानान्तर, परिवर्तन ।

Transferred स्थानान्तरित ।

Transferred feeling स्थानान्तरित वृति ।

Transition stage संक्रातिकाल; युगान्तर ।

Transtoriness अल्पस्थायित्व ।

Trauma (Psycho-ana) आघात; विक्षोभ ।

Treatment निरूपण; चिकित्सा ।

Trinity त्रिमूर्ति ।

U

Übermensch यह जर्मन भाषा का शब्द है जिसका अर्थ 'महात्मा' (Superman) है । पहले पहल यह शब्द सुप्रसिद्ध जर्मन दार्शनिक गोएथ के "Faust" नामक ग्रन्थ में प्रयुक्त हुआ । वहां से फ्रेडरिक नित्शे ने उसे लिया । नित्शे उग्र व्यक्तिवाद का समर्थक था । वह आधुनिक जनतन्त्रीय भावनाओं का विरोधी था ।

उसका आदर्श ऐसा महाशक्तिशाली पुरुष था, जो संसार में उथल पुथल मचादे और अपनी शक्ति के सहारे संसार का नेतृत्व करे।

Unconscious अचेतन; अज्ञात।
Unconscious cerebration अज्ञात मनोव्यापार।
Unconscious experience अज्ञातानुभव।
Unconscious-Self अज्ञात चेतना।
Understanding प्रज्ञा।
Uniformity of nature प्रकृति की समरूपता।
Unitation संकोच।
Universal सार्वदेशी; विश्वव्यापी।
Universal proposition सर्वदेशी निर्देश; सर्वतंत्र निर्देश; सर्वदेशीय वाक्य; सर्वग्राही निर्देश।
Universality सर्व व्यापकता।
Fallacy of Universal Conclusion from particular सर्वदेशी निगमन का हेत्वाभास।
Law of Universal Causation कारणताका नियम।
Univocal एकार्थक।
Urge प्रेरणा।
Utilitarian जनसुखवादी; जनहितवादी; उपयोगितावादी; उपयुक्ततावादी।
Utilitarianism परहितवाद; उपयोगितावाद, जनसुखवाद; जनहितवाद; हितवाद; उपयुक्ततावाद।
नीति (Morality) और राजनीति का सिद्धान्त विशेष जिसे बेन्थाम ने पहले पहल सामने रखा। उपयोगितावाद या सुख तथा आनन्द ही उसके मतानुसार मानवजीवन के अन्तिम लक्ष्य हैं। राजनीतिक दृष्टि से इस सिद्धान्त का मन्तव्य यह है कि राजकीय शासन विधान ऐसा होना चाहिये जिससे सर्वाधिक मनुष्यों को सर्वाधिक सुख मिले।
Ideal Utilitarianism आदर्शरूप उपयुक्ततावाद।
Utility उपयोगिता, हितवाद; जनहितवाद।

V

Valid अदुष्ट; सुसंगत।
Validity प्रमाणता।
Vanity मिथ्याभिमान; मिथ्यास्मिता।
Variation विविधता; परिवर्तन;।
Favourable variation अनुकूल परिवर्तन।
Continuous variation क्रमिक परिवर्तन।
Discontinuous variation आकस्मिक परिवर्तन।
Vegetarian शाकाहारी; अन्नफलाहारी; निरामिषाहारी; निरामिषभोजी; अन्नाहारी।
Vegetarianism शाकाहार; अन्नाहार; निरामिषभोजन।
Verbal proposition शब्दनिर्देश।
Vision दर्शन; दृष्टि; आर्षदृष्टि।
Area of perfect vision पूर्णदृष्टि-प्रदेश।
Field of vision दृक्क्षेत्र।
Visionary स्वप्नदृष्टा।
Vitalism प्राणत्मवाद।
Volition इच्छाव्यापार; संकल्प।
Voluntary ऐच्छिक।
Vorsteliung यह जर्मन भाषा का शब्द है जो मानस प्रतिमा (mental image) के अर्थ में प्रयुक्त होता है।
Vulgar ग्राम्य; अश्लील।

W

Weltans-chauung यह जर्मन भाषा का शब्द है जिसका अर्थ "संसारदृष्टि" (world view) है।
Whip सारथी।
Will संकल्प; संकल्पशक्ति।
Will power संकल्प बल; इच्छाशक्ति।
Working faith आचरण सूत्र।
Worldliness व्यवहारनिष्ठता।

THE

TWENTIETH CENTURY ENGLISH-HINDI

DICTIONARY

OF

LEGAL TERMS

THE

TWENTIETH CENTURY ENGLISH-HINDI DICTIONARY OF LEGAL TERMS

A

Abactor जानवर-चोर; पशु-समूह को एक साथ चुराने वाला; जानवरों या मवेशियों के झुण्ड को हाँककर भगा लेजाने वाला; जो लोग मवेशियों के झुण्ड को चुराकर भगा लेजाते हैं, उनके लिये यह शब्द व्यवहृत होता है.

Ab-Alienation जायदाद सौंप देना; अपनी जायदाद व वस्तुओं को या उन पर के अधिकार को कानूनी साधनों द्वारा दूसरों को सौंपना.

Abandon त्यागना, परित्याग करना; छोड़ना; स्वाधिकार त्याग करना; अपने अधिकार या स्वत्व को छोड़ना; दस्तबरदारी करना.

Abandonment परित्याग; स्वाधिकार त्याग; अपने अधिकार या स्वत्व का त्याग; दस्तबरदारी। कानूनी परिभाषा में abandonment का एक विशेष अर्थ है। जब यह शब्द कानून में प्रयुक्त होता है तब उसका मतलब उस अधिकार त्याग से होता है जो स्वेच्छापूर्वक पूरी जानकारी के साथ किया जाता है और जिसमें किसी प्रकार का धोका या अनुचित दबाव नहीं होता है. इस प्रकार के कानूनी अधिकार-त्याग के कुछ उदाहरण ये हैं:—

(१) कोई कर्जदार अपनी सारी सम्पत्ति को इसलिये छोड़दे कि लेनदार (Creditors) उसमें से अपना कर्ज वसूल करलें.

(२) किसी दिवानी मुकद्दमे में मुद्दई (वादी) खर्च देकर या न्यायालय की आज्ञा लेकर अपने दावे में कीगई मांगों में से किसी मांग को त्याग दे या वापस लेले.

(३) फौजदारी दावों में कुछ को छोड़कर अन्य अभियोग केवल न्यायालय की आज्ञा से ही वापिस किये जासकते हैं, जिसे फौजदारी में Compounding the offences कहते हैं (देखो भारतीय दण्ड विधि की धारा ३४५ Criminal Procedure Code Section 345)

(४) इसी प्रकार यदि अभियोक्ता यानी मुस्तगीस अभियोग न चलाना चाहे तो मुकद्दमे का अन्त हो जाता है.

Abandonment of Action or Claim अपने मुकद्दमे या उसकी किसी मांग को छोड़ना। जैसा कि उपरोक्त उदाहरण २ में दिखलाया गया है, जाब्ता दीवानी के ऑर्डर २३ रूल १ के अनुसार यदि न्यायालय की सम्मति में किसी कानूनी दोष या त्रुटि के कारण दावा चलने योग्य न हो अथवा अन्य किसी कारण से दावे का नवीन रूप से पुनः चलाना आवश्यक हो तो न्यायालय खर्च आदि लेकर वादी को अपना दावा त्यागने या वापस लेने के लिये तथा उसके बदले में फिर से नवीन दावा करने की आज्ञा दे सकता है। किन्तु न्यायालय से इस प्रकार की आज्ञा न लीगई हो तो छोड़ी हुई मांग के लिये पुनः दावा करने का अधिकार नहीं रहता.

Abandonment of suit by election by

minor नाबालिग द्वारा दावे का त्याग। अल्पायु या नाबालगी में चलाये गये दावे को कानूनी आयु अर्थात बालिगी (वयस्कता) प्राप्त होने पर त्याग देना या वापिस लेना। इसका खुलासा जाब्ता दीवानी के आर्डर २३, रूल १२ में दिया गया है.

Abandonment of an execution इजराय छोड़ना, कुर्क किये हुए सामान को छोड़ देना.

Abandonment of distress कुर्की न करना.

Abandonment of domicile निवासस्थान त्याग देना (domicile शब्द देखिये)

Abandonment of easement सुखाधिकार का त्याग; भोगाधिकार का त्याग; व्यवहार-स्वत्व का त्याग, हक असाईश को छोड़ देना (Easement शब्द देखिये).

Abandonment of excess दावे की बढ़ती को छोड़ना; अपने दावे को अदालत के निश्चित अधिकार-क्षेत्र या अख्तयार समाअत (Jurisidiction) में लाने के लिये उस दावे की मांग को उस हद तक कम कर देना, जिससे कि दावा उक्त अदालत के अधि-कार-क्षेत्र में आसके.

Abandonment of childern बालकों को त्याग देना या छोड़ देना; बच्चों के पालन पोषण करने के भार से बचने के लिये उन्हें कहीं छोड़ जाना.

भारतीय दण्डविधान की धारा ३१७ के अनुसार जो माता पिता या अभिभावक १२ वर्ष से कम के बच्चों को सदा सर्वदा के लिये त्याग देने की इच्छा से कहीं छोड़दें तो इस अपराध के लिये उन्हें ७ वर्ष का कारावास और जुर्माना या दोनों ही दण्ड हो सकते हैं। यदि इस प्रकार से त्यागा हुआ बालक या बालिका मर जाय तो त्यागने वाले पर हत्या का अभि-योग तक चल सकता है.

Abandonment यह शब्द जब जहाजी बीमे के सम्बन्ध में काम आता है, तब उसका विशेष अर्थ होता है। अर्थात् जब बीमा किये हुए जहाज का मालिक यह देखे कि समुद्र-यात्रा में उसके जहाज को आसानी से न भरने लायक हानि पहुँची है, तो वह उसे (जहाज को) उसी अवस्था में बीमा कम्पनी के सुपुर्द कर देता है। ऐसा करने से बीमा कम्पनी जहाज के मालिक की क्षति पूर्ति करती है अर्थात् वह उसे बीमे की पूरी रकम देदेती है। किन्तु बीमा कम्पनी को इस प्रकार के जहाज के टूटने की खबर यथासमय मिल जानी चाहिये.

Abandonee वह व्यक्ति जिसके पक्ष में कुछ छोड़ा जाय.

Abate कम करना; घटाना.

Abatement कमी, घटाव; अंग्रेजी कानून में इस शब्द का तीन विशेष अर्थों में उपयोग होता है, जिसका खुलासा नीचे लिखे अनुसार है.

Abatement of Legacies वसीयतें कम होना। यदि किसी वसियतदार की सम्पत्ति इतनी न हो जिससे उसकी वसियतें और कर्ज दोनों चुकाये जासकें तो उसका कर्ज चुकाने के लिये उसकी वसियतें कुछ कानूनी नियमों के अनुसार कम होजाती हैं, जैसा कि उत्तरा-धिकार कानून (Indian Succession Act) की धारा ३३० तथा अन्य धाराओं में कहा गया है। इस कानून (Act) की धारा ३२५ के अनुसार वसियतनामों को पूरा करने के पहले वसियत करने वाले का कर्ज चुकाना आवश्यक है। इसीलिये वसियतों के घटने या कम होने का उपरोक्त नियम काम में लाया जाता है, वसियतें किस प्रकार कम की जाती हैं, यह बात निम्नलिखित उदाहरण से स्पष्ट होजायगी. मान लीजिये 'क' ने ५०० रु० कीमत की एक अंगूठी 'ख' के नाम वसियत की और १००० रुपये कीमत का एक घोड़ा 'ग' के नाम वसियत किया। किन्तु 'क' की बाकी बची हुई सम्पत्ति उसका सारा कर्ज चुकाने के लिये पर्य्याप्त न हुई। और इसमें ५००) की कमी पड़ती हो तो कर्जा पूरा करने के लिये यह रकम उप-रोक्त अंगूठी व घोड़े को बेचकर वसूल हुए रुपयों में से ली जावेगी। अतः ऐसा करने पर केवल १०००) शेष रहे। अब यह १०००) रुपये 'ख' और 'ग' में उनकी वसीयतों के अनुपात से बाँट दिये जावेंगे, जिससे 'ख' को ३३३ रु० ५ आने ४ पाई और 'ग' को ६६६ रु० १० आने ८ पाई मिलेंगे। इस प्रकार उनकी प्रारम्भिक वसियतें घट जायँगी (Legacies शब्द देखो).

Abatement of purchase money क्रय मूल्य का न्यून करना; क्रय मूल्य में कमी करना; खरीद-कीमत को घटाना; मूल्य या कीमत कम करना। यदि कोई विक्रेता या बेचने वाला अपनी सम्पत्ति को वास्तविक

से अधिक बतलाकर उसका क्रय-मूल्य निश्चित कराले तो खरीदने वाला मूल्य देते समय विक्रेता को इस बात के लिये विवश कर सकता है कि वह (वक्रेता) अपनी वास्तविक सम्पत्ति के अनुसार मूल्य में कमी करदे.

Abatement of Legal Proceedings कानूनी कार्य्यवाही का बन्द होना; मुकद्दमे का समाप्त होजाना; बिना कुछ निर्णय या फैसला हुवे बीचही में मुकद्दमे का समाप्त होजाना, जब मुकद्दमे का आधार नष्ट होने के कारण मुकद्दमा समाप्त हो जाता है, तब उसके लिये इस शब्द का प्रयोग होता है.

Abatement of litigation by death मृत्यु से मुकद्दमे की समाप्ति; मुद्दई (वादी) या मुद्दालेह (प्रतिवादी) के मरने पर किसी अन्य व्यक्ति को दावा चलाने का अधिकार न रहे तो वह मुकद्दमा वहीं समाप्त हो जाता है। (देखो जाब्ता दीवानी आर्डर, २२).

Abatement of nuisance कष्ट-नाश; उत्पात नष्ट करना. यह उस कानूनी अधिकार का नाम है जिसके बल पर अपने को कष्ट या तकलीफ़ पहुँचाने वाली वस्तुओं को बिना अदालत की शरण लिये नष्ट किया जा सकता है। किन्तु सार्वजनिक कष्टों या उत्पातों को उत्पन्न करने वाली वस्तुओं को नष्ट करने का अधिकार किसी व्यक्ति विशेष को नहीं है.

Abatement of Rent किराया कम लेना; दस्तावेज या हस्त लेख में निश्चित किये हुए किराये से कम लेने के अर्थ में उक्त शब्द व्यवहृत होता है.

Abatement, Plea in, मुकद्दमे की समाप्ति के लिये उज्रदारी; प्रतिवादी द्वारा उठाई गई यह उज्रदारी कि किसी कानूनी दोष के कारण उसके खिलाफ़ चलाया हुआ मुकद्दमा आगे नहीं चल सकता. इसलिये दावे के आधार व वास्तविकता पर विचार किये बिना ही दावा खारिज् या समाप्त हो जाना चाहिये.

Abator or Abater उत्पात विनाशक; तकलीफ़ देह या कष्टदायक वस्तुओं को नष्ट करने वाला.

Abbreviature संक्षिप्त मसौदा.

Abdication राजगद्दी छोड़ना; राज सिंहासन त्यागना; अधिकार त्याग; अपनी इच्छा से राज्याधिकार छोड़ने को Abdication कहते हैं। न्यायाधीश या अन्य अधिकारी अपनी अवधि से पूर्व अधिकार त्याग दें तो उसके लिये भी यह शब्द व्यवहृत होता है.

Abduction अपहरण; बलपूर्वक या धोके से किसी मनुष्य और विशेष कर स्त्री या बच्चे को भगा ले जाना। भारतीय दण्ड विधान धारा ३६२ के अनुसार किसी मनुष्य को बलपूर्वक या फुसला कर एक स्थान से दूसरे स्थान को ले जाने के अर्थ में इस शब्द का प्रयोग होता है। यह एक फौजदारी अपराध है. इस प्रकार के अपराधों का वर्णन भारतीय दण्ड विधान (Indian Penal Code) की धारा ३६४, ३६५, ३६६ तथा ३६७ आदि में किया गया है.

Abere Murder नृशंस हत्या; ऐसी हत्या जो अचानक या क्रोध आदि में न की जाकर निर्दयतापूर्वक इरादतन की गई हो.

Abet दुष्ट-प्रोत्साहन देना; अपराधार्थ प्रोत्साहन देना; गुन्हा करने के लिये उकसाना; अयानत करना; जुर्म या अपराध करने के लिये उत्साहित करना या सहायता देना.

Abetment दुष्ट प्रोत्साहन; अपराधार्थ प्रोत्साहन। भारतीय दण्ड विधान की धारा १०७ के अनुसार निम्न लिखित कार्य Abetment की परिभाषा में सम्मिलित है:—

(१) किसी व्यक्ति को अपराध करने के लिये प्रोत्साहन देना या उकसाना.

(२) अपराध करने के लिये एक या अधिक व्यक्तियों का मिल कर षड्यन्त्र (साजिश) करना बशर्ते कि उस षड्यन्त्र के कारण वह अपराध कार्य्य रूप में परिणत हो जाय.

यहां यह भी स्मरण रखना चाहिये कि गैर कानूनी अवहेलना (Illegal ommission) करने के लिये उकसाना भी Abetment का अपराध हो सकता है। इसी प्रकार इस अपराध के लिए यह आवश्यक नहीं है कि उकसाया हुआ अपराध पूरा किया ही गया हो

(३) जो व्यक्ति उकसाया गया हो, चाहे वह अपराध करने में समर्थ न भी हो और नहीं उसे अपराध की जानकारी हो या वह अपराध करने की इच्छा भी न रखता हो तब भी इस प्रकार के व्यक्ति को उकसाना इस अपराध के अन्तर्गत आ जाता है.

(४) किसी को दुष्ट प्रोत्साहन के लिए (Abetment) अर्थात् अपराध कार्य्य में सहायता देने के लिये उकसाना भी इस अपराध की परिभाषा में आ जाता है।

(५) षड्यन्त्र या साजिश के द्वारा दुष्ट प्रोत्साहन का अपराध (abetment) करने के लिये यह आवश्यक नहीं है कि उकसाने वाला (abettor) उकसाये हुए व्यक्ति के साथ ही मिल कर वह अपराध करे।

भारतीय दण्ड विधान में निम्न लिखित प्रकार के Abetments का वर्णन है.

(१) भारतीय दण्ड विधान की धारा १०८ ए के अनुसार यदि कोई कार्य्य जो ब्रिटिश भारत में अपराध है, उसे ब्रिटिश भारत के बाहर करने के लिये ब्रिटिश भारत में रह कर प्रोत्साहन देना भी अपराध है

(२) यदि उकसाया हुआ अपराध कर लिया गया हो और इस प्रकार के उकसाने या प्रोत्साहन के लिये कोई दण्ड निश्चित न हो तो उस प्रोत्साहन के लिये वही दण्ड दिया जायगा जो उस अपराध के लिये है. (देखो दण्ड विधान की धारा १०९).

(३) यदि कोई व्यक्ति किसी को उकसावे और वह व्यक्ति जो उकसाया गया है, उकसाने वाले से भिन्न नियत से उस अपराध को करे तो भी उकसाने वाले को उसी अपराध की सजा मिलेगी जिस अपराध के करने की नियत व जानकारी से उसने उकसाया था (देखो दंड विधान की धारा ११०).

(४) यदि कोई मनुष्य किसी को कोई एक अपराध करने के लिये उकसावे, पर वह मनुष्य जो उकसाया गया है कोई दूसरा ही अपराध कर बैठे, और वह अपराध उसी उकसाने या प्रोत्साहन के परिणाम स्वरूप सम्भव हो या उसी उकसाने के प्रभाव या साजिश में किया गया हो तो उकसाने वाला इस दूसरे अपराध के उकसाने के लिये भी उत्तरदायी होगा (दण्ड विधान धारा १११).

(५) उपरोक्त अवस्था में यदि किये हुए भिन्न अपराध के अतिरिक्त उकसाया हुआ अपराध भी किया गया हो और यह एक अलग अपराध हो तो उकसाने वाला (abettor) दोनों में से प्रत्येक अपराध के लिये दंड का भागी होगा जैसा कि दण्ड विधान की धारा ११२ में वर्णित है.

(६) धारा ११० के समान धारा ११३ के अनुसार यदि उकसाने वाला किसी विशेष परिणाम की इच्छा से उकसावे किन्तु वह किसी दूसरे परिणाम को उत्पन्न करने वाले अपराध के लिये उत्तरदायी ठहरे और उसे यह ज्ञान हो कि उसके उकसाने से यह परिणाम भी निकल सकता है तो ऐसी स्थिति में उकसाने वाला इस दूसरे निकले हुए परिणाम के लिये भी उसी प्रकार उत्तरदायी होगा मानो उसने उसी परिणाम की इच्छा से उकसाया हो.

(७) यदि उकसाने वाला अपराध करते समय उपस्थित हो तो वह अपराध करने वाला भी समझा जावेगा (धारा ११४).

Abettor उकसानेवाला; अपराध-प्रोत्साहक; दुष्ट कार्य्य-प्रोत्साहक; दुष्ट प्रोत्साहन देने वाला; अपराध-कार्य्य में सहायता देने वाला.

किसी कार्य्य की कानूनी अवहेलना (illegal Ommission) करने का प्रोत्साहक (abettor) होने के लिये यह आवश्यक नहीं है कि उक्त प्रोत्साहक पर भी उस कार्य्य के करने की कानूनी जिम्मेदारी हो। इसी प्रकार दुष्ट प्रोत्साहन (Abetment) का अपराध करने के लिये यह आवश्यक नहीं है कि उकसाया हुआ अपराध किया ही जावे और न यह आवश्यक है कि प्रोत्साहित मनुष्य (वह मनुष्य जो उकसाया गया हो) अपराध करने के योग्य हो अथवा उसकी अपराध करने की नीयत या जानकारी हो.

Abeyance (तहकुबी) मुलतबी, रक्खा हुआ; अनिर्णित स्थिति; विनवारसी स्थिति; मुअतिलहक; वह अवस्था जब कि कानूनी व अन्य अधिकार संदिग्ध या अनिश्चित स्थिति में हो या उनका निर्णय होना बाकी हो। किसी सम्पत्ति का अधिकारी होनेवाला व्यक्ति जब तक निश्चित न हो जाय तब तक वह सम्पत्ति इस अनिर्णित अवस्था (Abeyance) में समझी जाती है। हिन्दू कानून में इस प्रकार की अवस्था को स्वीकार नहीं किया गया है। इस कानून के अनुसार पुत्र के उत्पन्न होते ही और कभी कभी तो गर्भ

में रहते हुए भी पुत्र का अपने पिता की सम्पत्ति पर अधिकार हो जाता है.

Abjudicate कानूनी फैसले द्वारा देना या बदलना.

Abjuration शपथ पूर्वक परित्याग; शपथ या हलफ़ लेकर किसी अधिकार, मत, देश या वस्तु आदि को छोड़ना.

Ablocation किराये पर देना

Abode निवासस्थान; कानूनी परिभाषा में Abode उस स्थान को कहते हैं जहाँ कि एक मनुष्य का या तो चिरस्थायी निवास हो या वह उसके व्यापार अथवा अन्य कार्य्य का स्थान हो फिर चाहे वह कहीं भी रहता हो.

Abortion गर्भपात; गर्भस्राव; भ्रूणहत्या; कृत्रिम उपायों द्वारा समय से पहले गर्भ गिराना। भारतीय दण्ड-विधान धारा ३१२, ३१३ के अनुसार स्त्री की इच्छा या अनिच्छा से इस प्रकार गर्भपात करवाना एक अपराध है; किन्तु यदि माता की तन्दुरुस्ती या जीवन रक्षा के लिये गर्भपात का किया जाना अनिवार्य रूप से आवश्यक हो तो ऐसी स्थिति में गर्भपात अपराध नहीं है। दंडविधान में Abortion के लिये miscarriage शब्द का प्रयोग किया गया है.

Abridgment of damages हर्जाना घटाना; क्षतिपूर्ति की रकम कम करना; अदालत को कुछ विशिष्ट परिस्थिति में हर्जाने की रकम को कम करने का अधिकार है.

Abrogation रद्द कर देना, मंसूख करना; किसी कानून का उचित शासन अधिकार द्वारा रद्द करदेना.

Abrogation of Contract इकरार रद्द करना; जब किसी इकरार को उसके करने वाले दोनों पक्ष अपनी सम्मति से रद्द कर देते हैं, तो उसके लिये यह शब्द व्यवहृत होता है. (देखो Indian Contract Act S. 62 and 63)

Abscond फरार हो जाना; भागजाना; अपराध करके अदालत से बचने के लिये उसके अधिकार क्षेत्र (Jurisidiction) से बाहर चला जाना या छुप जाना.

Absolute निश्चयात्मक; अंतिम; सम्पूर्ण; चिरस्थायी; अदालत का कोई नियम या आज्ञा अंतिम या निश्चयात्मक होकर तत्काल कार्य रूप में लाने योग्य हो तो उसके लिये Absolute शब्द का व्यवहार किया जाता है। जो आज्ञा केवल एक पक्ष के कहने पर, दूसरे पक्ष को बुला कर अन्तिम निर्णय होने तक दी जावे व जो बाद में बदली जासके उसे temporary; Interlocutory, Ad-interim कहते हैं (Injunction आदि के सम्बन्ध में उपरोक्त शब्दों का उपयोग होता है)

Absolute estate सम्पत्ति पर पूर्णाधिकार; जायदाद का संपूर्ण अधिकार; वह जायदाद जिस पर मालिक को देने बेचने आदि का सम्पूर्ण अधिकार हो। उदाहरणके लिये हिन्दू पुरुषकी स्वयं उपार्जित जायदाद। इसके विपरीत मर्य्यादित जायदाद (Limited estate) होती है जिसके रखने वाले को उसे दान देने और बेचने का पूरा अधिकार नहीं होता। जैसे हिन्दु विधवा को अपने पति की सम्पत्ति का उपभोग करने का अधिकार होता है, किन्तु विशेष अवस्थाओं को छोड़कर उसे बेचने या अन्य प्रकार से उसे किसी को देने का अधिकार नहीं होता। इस प्रकार की सम्पत्ति Widow's Estate कहलाती है.

Absolute Acceptance सम्पूर्ण स्वीकृति; किसी प्रस्ताव या शर्त को पूरी तौर से ज्यों की त्यों बिना किसी परिवर्तन के स्वीकार कर लेने के अर्थ में यह शब्द व्यवहृत होता है (Indian Contract Act धारा ७)

Absolve मुक्त करना; निर्दोष पाना; किसी अपराध या जुर्म से निर्दोष होकर छुट जाना.

Abstract सार; सारांश; संक्षिप्त ब्यौरा.

Abstract of Pleas उत्तर का सारांश; बरियत का संक्षिप्त वर्णन; प्रतिवादी द्वारा उठाई गई आपत्तियों का संक्षिप्त ब्यौरा.

Abstract of title अधिकार-प्रमाण; वह अधिकार निर्देशक प्रमाण-पत्र या दस्तावेज जिससे किसी सम्पत्ति पर अपने अधिकार या स्वामित्व का पता लग सके। जिसे देखकर (सम्बन्धित) सम्पत्ति को खरीदने या किराये लेने वालों को उक्त सम्पत्तिके

मालिक या अभिभावक के अधिकारों का पता लग सकता हो.

Abstract, A perfect-अबाधित अधिकार निर्देशक पत्र; सम्पूर्ण अधिकार निर्देशक पत्र; वह दस्तावेज जिससे यह मालूम हो कि सम्पत्ति के स्वामी को उस पर सम्पूर्ण व अबाधित अधिकार है.

Abstract-in-Chief मुख्य अधिकार निर्देशक-पत्र; वह abstract जोकि अन्य दस्तावेजों में वर्णित दस्तावेजों से न बनाकर वास्तविक दस्तावेजों ही से बनाया जावे.

Abuse of distress कुर्की का दुरुपयोग; कुर्क किये हुए सामान, पशु आदि को कानून के खिलाफ़ काम में लाना.

Abuse of process कानूनी कार्यवाही का दुरूपयोग. अपने प्रतिपक्षी के विरुद्ध अनुचित लाभ उठाने के लिए बदनीयती से कोई कानूनी कार्यवाही करना.

Acceleration गति—वृद्ध; कानूनी परिभाषा में इस शब्द का अर्थ शीघ्र अधिकार प्राप्ति होता है। देर से प्राप्त होने वाले अधिकार जब शीघ्र प्राप्त हो जाते हैं, जब तब उसके लिये यह शब्द व्यवहृत होता है एक सम्पत्ति पर एक से अधिक व्यक्तियों का इस प्रकार अधिकार हो कि प्रथम अधिकारी की मृत्यु पर दूसरे अधिकारी का अधिकार हो तो इस प्रकार के दूसरे अधिकारी को Reversioner कहते हैं। पर जब वर्तमान मुख्य अधिकारी के मरने से पूर्व ही उसकी इच्छा या त्याग आदि के कारण दूसरे अधिकारी (Reversioner) को देर से प्राप्त होने वाला अधिकार शीघ्र प्राप्त हो जाय तो इस प्रकार की अधिकार प्राप्ति की गति में जो शीघ्रता होती है उसके लिये Acceleration शब्द का व्यवहार होता है.

Acceptance स्वीकृति; मंजूरी; किसी के प्रस्ताव या शर्त को स्वीकार करना। पहले किये हुए कार्य या प्रतिज्ञा को स्वीकार करना या मानना। इस प्रकार की स्वीकृति करार के रूप में कानूनन मनाइ आ सकती है.

Acceptance, Absolute पूर्ण स्वीकृति.

Acceptance of an Offer इकरार करने के उद्देश्य से दूसरे पक्ष द्वारा स्वीकृत की हुई शर्तें; एक की शर्तें जब दूसरा स्वीकार कर लेता है, तब उसे Agreement कहते हैं.

Acceptance of a bill of exchange हुंडी स्वीकारना; अपने नाम की हुन्डी पर उसे भुगताने की स्वीकृति के अर्थ में दस्तखत करना.

Acceptance of service सूचना स्वीकार करना; अपने मुवक्किल (पक्षकार) के बदले किसी वकील मुख्त्यार या प्रतिनिधि द्वारा अदालती सूचना या नोटिस का लेना या मंजूर करना.

Access प्रवेश, पहुंच, रसाई; बच्चे के 'जायज' या 'नाजायज' होने के प्रश्न पर यह विचार करना कि गर्भाधान के समय बच्चे की माता का अपने पति के पास पहुँच या भेट हो सकती थी या नहीं जिससे कि बच्चे का होना सम्भव हो सके। यह बात कानून की दृष्टि से विचारणीय है (देखो Evidence Act धारा ११२)

Accession राज्याधिकार प्राप्ति; अधिकार प्राप्ति; सम्पत्ति पर अधिकार प्राप्त करने का नियम; सम्पति व वस्तुओं पर अधिकार होने पर उनमें जो वृद्धि या बढ़ती हो जाय उस पर भी अधिकार होना। जैसे नदी का पाट घटनेपर जो जमीन निकल आवे उस पर निकटस्थभूमि के स्वामी का अधिकार इसी नियम से मानाजाता है.

Accessory सहायक; अपराध-सहकारी; शरीक-जुर्म; फ़ौजदारी कानून में Accessrory उसे कहते हैं जो स्वयं अपराध न कर के उसके करने के पूर्व या बाद में सहायता दे; इस प्रकार के 'सहायक' के निम्न लिखित प्रकार हैं.

Accessory before the fact पूर्व सहायक; वह व्यक्ति जो अपराध करते समय उपस्थित न हो, किन्तु जो उसे करने के लिये अन्य व्यक्ति को तैयार करे, सहायता या आज्ञा दे.

Accessory after the fact पश्चात्-सहायक अर्थात् वह व्यक्ति जो अपराध हो जाने पर अपराधी को जान बूझ कर सहायता दे, जैसे कोईमनुष्य यह जानता हुआ किएक व्यक्ति ने कानूनी अपराध किया है उसे सान्त्वना दे, छुपावे, या छुपाने में सहायता दे या उसे न्यायालय द्वारा गिरफ्तार या दण्डित होने से बचाने का यत्न करे, तो उसके लिये उक्त शब्द व्यवहृत होगा.

Accessory to adultery व्यभिचार में सहायक; तलाक या विवाहविच्छेद के मुकद्दमों में यह मुहाविरा उपयोग में आता हैं। इसका तात्पर्य यह है कि यदि पति या पत्नी स्वयं परस्पर किसी अन्य से व्यभिचार करने में सहायता दे, या प्रवृत्त करे तो वे इस व्यभिचार के कारण एक दूसरे को तलाक नहीं दे सकते.

Accessory licenses सहायक अधिकार आज्ञा। यदि किसी अधिकार का उपभोग करने के लिये अन्य साधारण अधिकार अनिवार्य हों तो मुख्य अधिकार के उपभोग करने की आज्ञा प्राप्त करने पर ये अधिकार भी उसी आज्ञा में सम्मिलित समझे जाकर प्राप्त हो जाते हैं (देखो Indian Easement Act s 55)

Accessory rights सहायक उपभोगाधिकार; वे अधिकार जो किसी सुखाधिकार (Easement) का उपभोग करने के लिये आवश्यक हों। इसका स्पष्टिकरण निम्न लिखित उदाहरण से हो जायगा। मान लीजिये 'क' को 'ख' की दीवाल पर सहारे का भोगाधिकार प्राप्त है। अगर किसी कारण से उक्त दीवाल टूट जावे तो उक्त भोगाधिकार के अनुसार 'क' को यह अधिकार होगा कि वह उस दीवाल की मरम्मत करवाने के लिये 'ख' की जमीन पर चला जाय (देखो Indian Easement Act s 24)

Accident आकस्मिक दुर्घटना। ऐसी दुर्घटना जो बिना किसी बदनियती तथा परिणाम की साधारणतः कल्पना न होने के कारण अचानक हो गई हो। अपने कानूनी अधिकार को कानूनी तरीके से व्यवहार में लाते समय यदि इस प्रकार की "आकस्मिक दुर्घटना" से कोई जुर्म या अपराध होजावे तो वह दण्डनीय नहीं समझा जाता (देखो भारतीय दण्डविधान धारा ८०) किन्तु क्षतिपूर्ति आदि दीवानी मामलों में किसी को हानि पहुँची हो तो उसके लिये हर्जाना लिया जा सकता है.

Accommenda जहाजी इकरार। जब कोई व्यक्ति अपना माल जहाज के मालिक को इस शर्त पर सौंप दे कि उसे बेच कर जो लाभ हो वह दोनों बांट लेंगे और यदि कुछ भी मुनाफा न हो तो माल की बिक्री का सारा रुपया माल के स्वामी का होगा इस प्रकार के इकरारनामे को Accommenda कहते हैं।

Accord क्षति पूरक इकरार या समझौता; वह समझौता जो दो ऐसे आदमियों या पक्षों में किया जाता है, जिनमें एक क्षति पहुँचाने वाला हो और दूसरा वह हो जिसे क्षति पहुंचाई गई हो, क्षति पूरक समझौता हो जाने पर अदालत में कार्य्यवाही करने का अधिकार नहीं रहता.

Accomplice अपराध संगी. अपराध में सहकारी. शरीक जुर्म; अपराध करने में साथ देने वाला। Abetor Accessory आदि भी Accomplice हो सकते हैं। अपराधी के साथ उन पर भी मुकद्दमा चलाया जा सकता है. कानून शहादत या कानून साक्षी (Evidence act) की धारा १३३ के अनुसार उक्त अपराध संगी (Accomplice) अपने साथ के अभियुक्त के विरुद्ध साक्षी दे सकता है और उस साक्षी के आधार पर अभियुक्त को दण्ड देना गैर कानूनी नहीं है। पर धारा ११४ उदाहरण 'बी' के अनुसार अपराध संगी या शरीक जुर्म (Accomplice) की साक्षी या गवाही तब तक विश्वास योग्य नहीं समझी जाती, जब तक कि उसके मुख्यांश का समर्थन न हो जाय। अपराध संगी (Accomplice) का मरते समयका बयान भी गवाही में दिया जा सकताहैं.

Accomplice और Informer में भेद है। Accomplice वह है जो जुर्म करने ही के इरादे से अपराध करने में शामिल होता है और Informer वह है जो केवल अपराधी का भण्डा फोड़ करने तथा उस अपराधी की सूचना पुलिस को देने के लिये अपराधी का साथ देता है.

Account हिसाब; लेखा

Accounts, a suit for—हिसाबफैमी का दावा; प्रतिवादी, जो वादी को हिसाब देने के लिये कानूनन बाध्य है, यदि वादी को हिसाब न दे तो उस पर (प्रतिवादी पर) हिसाब देने के लिये किए हुए दावे के अर्थ में उपरोक्त कानूनी मुहाविरा प्रयुक्त होता है.

Accounts, falsification of—हिसाब में जालसाजी करना; हिसाब या उसके किसी इन्दराज में बदनियती से काट छांट करना या घटाना बढाना। भारतीय दण्ड विधान की धारा ४७७ ए के अनुसार यह एक अपराध है.

Accounts, Election निर्वाचन का हिसाब; चुनाव का हिसाब (इसके सम्बन्ध में विस्तृत हाल Dictionary of Political Terms का Election शब्द देखो.)

Accountable receipts उस रुपया या वस्तु की रसीद जिसका हिसाब रसीद देनेवाला बाद में दे.

Accredit अधिकार देना; अन्तर्राष्ट्रीय कानून की परिभाषा में राजदूत या एक राष्ट्र के दूसरे राष्ट्र में रहने वाले प्रतिनिधि को आवश्यक प्रमाण पत्र आदि देकर अपने पद के योग्य पूर्ण सम्मान व अधिकार का अधिकारी बनाना.

Accretion बढाव; वृद्धि, इज़ाफा; नदी या समुद्र के पानी के घट जाने से निकली हुई भूमि के उसके निकटस्थ भूमि में मिलने से जो भूमि में वृद्धि होती है उसके लिये यह शब्द व्यवहृत होता है। यह भूमि-वृद्धि दो प्रकार से होती है। (१) पानी के साथ बह कर आने वाली मिट्टी व रेत के जमने के कारण बनी हुई जमीन के मिलने से। (२) समुद्र आदि के पानी के सिकुड जाने के कारण उसमें से निकली हुई जमीन के मिल जाने से.

Accrimination दोषारोपण, किसी व्यक्ति को जुर्म या अपराध करने वाला बतलाना.

Accroach राज्याधिकार का उपभोग करने का प्रयत्न करना.

Accrue जमाहोना, बढना, उपजना, उत्पन्न होना; जैसे मूल या असल धन में ब्याज का बढना, (२) वादी के लिये दावा करने का अधिकार उत्पन्न होना। जब इस प्रकार की बढती या अधिकार-प्राप्ति बिना किसी विशेष प्रयत्न के केवल कालयापन या पहले के किसी अधिकार के फल स्वरूप प्राप्त हो तो उसके लिये Accrue शब्द का प्रयोग किया जाता है। Accural इसकी संज्ञा है.

Accruing cost वह खर्च जो अदालत के फैसले के बाद होता है; हुक्मनामे के बाद होने वाला खर्च.

Accumulation संचय, संग्रह, स्वतः वृद्धि, जमा करना; एकत्रीकरण। जैसे किसी को उसके जमा किये हुए धन का ब्याज देने के बजाय उस ब्याज को मूल रकम के साथ जमा करते जाना। इस प्रकार जमा करने के निश्चित कानूनी नियम हैं, जिनके द्वारा अनिश्चित समय के लिये Accumulalion नहीं किया जा सकता (देखो स्वत्वार्पण कानून Transfer of Property Act की धारा १७).

Accumulative Judgment वह अदालती फैसला जिस में एक अपराध की सजा खत्म होने पर दूसरे अपराध की सजा प्रारम्भ होने का निर्णय हो। दो अपराधों की सजा एक साथ (Concurrently) न चल कर एक के बाद दूसरी चले.

Accusation अपराधरोपण; इल्ज़ाम; जुर्म लगाना.

Accused अभियुक्त, मुल्ज़िम, आरोपी जिस पर अपराध लगाया गया हो.

Acknowledgement स्वीकृति, रसीद, इकबाल,अवधि-कानून यानी कानूनमियाद (Limitation Act) में Acknowledgement का विशेष अर्थ है जिस के अनुसार दावा करने की निश्चित मियाद या अवधि फिर से प्रारम्भ होकर बढ जाती है। किसी सम्पत्ति या ऋण आदि के लिये दावा करने की जो मियाद या अवधि निश्चित है यदि उसके समाप्त होने से पूर्व वह मनुष्य जिस पर दावा किया जाने वाला है अपने हस्ताक्षर सहित अपने विरुद्ध अधिकार (ऋण आदि को) स्वीकार कर ले तो उसकी स्वीकृति की उक्त तारीख से फिर मियाद प्रारम्भ हो जाती है। जैसे कुछ ब्याज या असल रकम देकर उसे स्वीकार करना (Acknowledgement of Debt) या अपने कर्ज आदि के लिए नया दस्तावेज लिख देना (Indian Limitation Act काल अवधि कानून की धारा १९ देखो).

Acquiescence मौन सम्मति, चुपचाप स्वीकृति, विरोध न करना और इस प्रकार अपनी मौन सम्मति देदेना; यदि कोई व्यक्ति समय पर अपने अधिकार का उपभोग न करे अथवा दूसरों द्वारा अपने अधिकार पर आघात होने पर कानूनी कार्य्यवाही या अन्य उपायों द्वारा अपने अधिकार की रक्षा न करे तो वैसी स्थिति में यह समझ लिया जाता है कि यह कार्य उसकी स्वीकृति या मर्जी से हुआ है और अब उसका विरोध करने का उसे अधिकार नहीं है। अपने अधिकार को जानते हुए और दूसरों द्वारा उसके भंग किये जाने पर

भी जो मनुष्य सोता रहे, वह फिर कानूनी सहायता से भी उसकी रक्षा नहीं कर सकता.

Acquisition लब्ध-वस्तु, अधिकार या सम्पत्ति की प्राप्ति, Land Acquisition Act भूमि प्राप्ति सम्बन्धी एक्ट; एक्ट हुसूल-ए अराजी; वह एक्ट जिससे सरकार किसी सार्वजनिक या सरकारी कार्य के लिये उचित मुआवजा देकर किसी की भूमि ले सके है.

Acquisition of Easement सुखाधिकार की प्राप्ति, भोगाधिकार की प्राप्ति। इस प्रकार का सुखाधिकार केवल अपनी अचल सम्पति के लिये ही प्राप्त किया जा सकता है (देखो Indian Easement Act S 12).

Acquisition by Prescription चिरकाल भोग जनित अधिकार द्वारा प्राप्ति। सुखाधिकार प्राप्त करने का यह एक साधन है; अर्थात् जिस सुखाधिकार को चिरकाल से भोगा जा रहा हो उसे आगे भी भोगने का अधिकार प्राप्त हो जाता है। जैसे अपने घर के लिये प्रकाश, हवा अथवा रास्ते के सुखाधिकार का यदि बराबर २० वर्ष तक बिना किसी बाधा के अधिकार पूर्वक उपभोग किया जाता रहा हो तो आगे भी उसे भोगने का अधिकार प्राप्त हो जाता है। इस प्रकार की अधिकार प्राप्ति को ही Acquisition by Prescription (चिरकाल भोग द्वारा प्राप्त भोगाधिकार) कहते हैं (देखो S 15 Indian Easement Act) और इस प्रकार प्राप्त किये हुए अधिकारों को Prescriptive rights कहते हैं। पर यहां यह ध्यान में रखना चाहिये कि जिनसे सम्पति नष्ट होने का भय हो ऐसे अधिकार तथा खुले मैदान के लिये प्रकाश तथा वायुका अधिकार तथा जमीनके नीचे और ऊपर बहने वाला पानी (जो किसी तालाब आदि में सीमित न हो) चिरकाल भोग से प्राप्त नहीं किये जा सकते (देखो Indian Easement Act s 17) चिरकाल भोग से (Prescription) जो अधिकार प्राप्त किये जा सकते हैं उसे Acquisitive Prescription या Positive Prescription कहते हैं.

Acquittal दोषमुक्ति, अपराध मोचन, रिहाई, छुटकारा अभियोग सिद्ध न होने पर अभियुक्त को निर्दोष करार देकर छोड़ने की आज्ञा। इस प्रकार निर्दोष सिद्ध हुए व्यक्ति पर फिर से उसी आधार पर अभियोग नहीं चलाया जा सकता (देखो Criminal Procedure Code धारा ४०३). इसके विपरीत यदि वरीयत आदि न लेकर तथा अभियोग की प्रारम्भिक अवस्था ही में फ़र्द जुर्म (चार्ज) लगाने से पूर्व अभियुक्त छोड़ दिया जाय तो उस छोड़ने को Discharge कहते हैं, जो Acquittal से भिन्न है। जैसे जाब्ता फौजदारी (Criminal Procedure code) की धारा २०३ के अनुसार छोड़ना Discharge कहलाता है। Discharge किये हुए अभियुक्त पर फिर उन्हीं तथ्यों (facts) पर अभियोग चलाया जा सकता है (देखो Discharge).

Acquittance ऋण मुक्ति, रसीद, फ़ारख़त। वह लेख जिसके द्वारा किसी को ऋण, या अन्य उत्तरदायित्व से छुटकारा देना। साधारणतया 'रसीद' (Receipt) के अर्थों में इसका प्रयोग होता है। यदि उस पर सील या मोहर लगी हो तो अंग्रेजी कानून में उसे Release कहते हैं.

Act कानून, कायदा, आईन, कृति, काम; जब यह शब्द कानून, आईन आदि अर्थों में व्यवहृत होता है, तब इसका मतलब सरकार या व्यवस्थापिका सभा द्वारा (Legislature कानून बनाने वाला विभाग) प्रचलित वह व्यवस्था या विधान है जिस में अपराधों का वर्णन, उनकी परिभाषा तथा न्यायालय या पुलिस द्वारा उन अपराधों के सम्बन्ध में की जाने वाली कार्य-प्रणाली (Procedure) का वर्णन हो; जैसे Indian Penal code; Criminal Procedure Code, Contract Act; Easement Act; Evidence Act आदि आदि व्यवस्थापिका सभा में जो कानून या कायदा विचाराधीन होता है उसे Bill कहते हैं। विचार होकर निश्चय हो जाने के बाद व्यवहार में प्रचलित होने योग्य होने पर उसे Act कहते हैं

यह शब्द कानून में उस कृति, कार्य या फ़ैल के लिये भी काम में लाया जाता है जिस के द्वारा या आधार पर 'जुर्म' या अपराध किया गया हो कानूनी

अवहेलना (Legal Ommission) आदि भी act शब्द में सम्मिलित समझा जाता है.

Act in pais अदालत के बाहर किया हुआ कार्य या कार्यवाही। इस प्रकार का कार्य या कार्यवाही सिद्धकरने के लिये गवाह आदि देने पड़ते हैं। किन्तु इसके विपरीत जो कार्य अदालत में या उसके द्वारा हो उसका सबूत अदालत की मिसलों से दिया जा सकता है। जैसे किसी मकान का किरायानामा रजिष्टर्ड न कराया जा कर मकान मालिक व किरायेदार में ज़बानी तय हो जाय तो उसे Act in pais कह सकते हैं.

Act of Insolvency दिवालियापन का कार्य; वह कार्य जिससे किसी मनुष्य के दिवालिया होने का प्रमाण मिले। जो व्यक्ति अपना कर्ज न दे सके उसे दिवालिया कहते हैं और जब वह कर्ज देने योग्य न हो या कर्ज देना न चाहे वैसी हालत में वह जो कार्य करे उसे Acts of Insolvency कहते हैं। उदाहरण के लिये यदि कोई कर्जदार अपनी सारी सम्पत्ति को इस आशय से तीसरे व्यक्ति के हवाले करदे जिससे कि उसमें से जो वसूल हो वह उसके सब ऋणदाताओं में बट जावे या इस आशय से हवाले करे कि जिस से वह रकम ऋणदाताओं को न मिल सके या देर से मिले तो उसका वह कार्य Act of Insolvency कहलायगा। इसी प्रकार अगर कोई कर्जदार धोका देने के उद्देश से अपनी सम्पति किसी और को देदे और वह स्वयं अपना घर या देश छोड़ कर ऋणसे बचने के लिये भाग जावे या वह स्वयं अदालत में दिवालिया होने की दरख्वास्त पेश करे तो उस के ये सब काम Acts of Insolvency कहलायेंगे (देखो Provincial Insolvency Act S. 56).

(२) दिवालिये का कानून

Act of Indemnity अपराध मोचक कानून; पार्लियामेन्ट द्वारा पास किया हुआ वह कायदा या कानून जिसके द्वारा कुछ खास व्यक्तियों को उनके द्वारा किये हुवे अपराधों के लिये माफी दी जाय। पूर्व अपराधों के लिए माफी देने वाला कानून (अब इस प्रकार के कानून नहीं बनते) (देखो Indemnity).

Act of Parliament पार्लियामेंट का कानून या एक्ट वह कानून जो पार्लियामेंट अर्थात् ब्रिटेन की धारा सभा (जिसमें हाउस आफ कामन्स, हाउस आफ लार्डस तथा अन्तिम स्वीकृति के लिए वहां के राजा भी हैं) बनावे। पार्लियामेन्ट की दोनों सभाओं में से किसी (लार्डस या कामन्स) में जब कानून बनाने के उद्देश्य से कोई योजना पेश की जाती है तो उसे Bill कहते हैं। जब कोई बिल एक हाउस या सभा में पेश होता है तो उस पर वहां तीन बार विचार होता है, जिन्हें three readings कहते हैं। दो बार पढ़ने व विचारने के बाद तथा उस पर नियुक्त की गई कमेटी (select कमेटी) की सिफारिशों पर विचार करने के बाद जब तीसरी बार उस पर विचार किया जाता है, उस समय उस पर मत लिये जाते हैं। बहुमत से स्वीकार होने पर वह बिल दूसरे हाउस या सभा में जाता है और वहां भी पहले हाउस की तरह तीन बार फिर विचार होता है। वहां पर भी स्वीकृत होजाने पर उसे वहां के बादशाह के पास अन्तिम स्वीकृति या हस्ताक्षरों के लिये भेजा जाता है। जब उस पर बादशाह के हस्ताक्षर होजाते हैं, तब वह बिल 'Act' कहलाने लगता है और फिर वह अदालतों या सरकारी महकमों द्वारा काम में लाया जा सकता है। आज-कल बहुधा महत्वपूर्ण कानून House of commons अर्थात् साधारण प्रजा के प्रतिनिधियों की सभा में पहले पहल स्वीकृत होते हैं। देश के आयव्यय सम्बन्धी सब कानूनों का तो कामन्स सभा में प्रारम्भ होना आवश्यक है। कॉमन्स के सदस्य यदि किसी कानून को स्वीकार करने पर अड़ जावें तो House of Lords तथा वहाँ के राजा को उन्हें स्वीकार करना ही पड़ता है, अतः यद्यपि House of Lords तथा बादशाह की स्वीकृति व्यवहार के लिये आवश्यक है तथापि कानून बनाने का वास्तविक अधिकार House of commons को ही है क्योंकि वही जनता की वास्तविक प्रतिनिधि सभा है।

Act of state—राज्याधिकार से किया हुआ कार्य। वह कार्य जो देश के साधारण कानून के अनुसार न किया जाकर केवल राज्य या शासन व्यवस्था के विशेष अधिकार का उपयोग करके किया जाय। वह व्यवहार जो एक राज्य या उसके अधिकारी विदेशियों के साथ करे,

और उसके कारण यदि उन्हें हानि पहुंचे तो उस राज्य के न्यायालयों को उस पर विचार करने का अधिकार न हो। इस प्रकार का व्यवहार राज्य के अधिकारी अपनी प्रजा के साथ नहीं कर सकते। राज्य के सेनाध्यक्ष वा अन्य अधिकारी, आवश्यकता पड़ने पर, इसके बल पर विदेशियों की जान माल सब कुछ हरण कर सकते हैं और उसके लिये यदि उन्हें पहले से आज्ञा न भी दी गई हो तो भी विदेशियों के प्रति उनके इस व्यवहार को Act of state के रूप में स्वीकार किया जा सकता है। भारतवर्ष की अदालतों तथा धारा सभाओं को सरकार के वैदेशिक कार्यों (Foreign affairs) की आलोचना करने या उनपर निर्णय देने का अधिकार नहीं है। इन कार्यों का देश के कानून में समावेश न होने तथा इनका व्यवहार अपनी प्रजा के साथ न होने के कारण, इनके सम्बन्ध में यह प्रश्न ही नहीं उठ सकता कि ये (कार्य) कानून के अनुकूल हैं या प्रतिकूल। उदाहरण के लिये मान लीजिये कि इंग्लैंड व जर्मनी में युद्ध हो रहा हो और उस समय एक अंग्रेज सेनाध्यक्ष जर्मन कैदियों को कत्ल कर डाले तो उसका यह कार्य Act of state कहलायगा और किसी अंग्रेजी न्यायालय को उस सेनाध्यक्ष के कार्य पर विचार करने का अधिकार न होगा। (देखो भा. द. वि धारा ७९)

Act, Arm's—हथियार सम्बन्धी एक्ट.

Act, Amending—एक्ट मुरम्मिम; संशोधन सम्बन्धी एक्ट.

Act, Arbitration—एक्ट सालसी; पंचायती एक्ट.

Act, Civil Court—दीवानी कचहरियों का एक्ट; एक्ट अदालत दीवानी.

Act, Endowments—पुण्यदान सम्बन्धी एक्ट या विधि धर्मार्थ एक्ट; एक्ट औक़ाफ़-ए-मज़हबी.

Act, Company's—कम्पनी एक्ट या विधि.

Act, Cantonment—छावनी एक्ट.

Act, Contract—इकरार एक्ट; एक्ट मुआहिद.

Act, Court fees—एक्ट रसूम-ए-अदालत; अदालती रसूम सम्बन्धी एक्ट. न्यायालय-शुल्क कानून

Act, Defence of India—भारत-रक्षा कानून; तहफ्फुज़-ए-हिन्द.

Act, Excise—एक्ट आबकारी; आबकारी सम्बन्धी कानून

Act, Easement सुखाधिकार सम्बन्धी कानून; एक्ट हक-ए असाइश.

Act, Gambling जुआबाजी सम्बन्धी कानून; जुआ कानून.

Act, Guardian and Wards—एक्ट वली व नाबालिगान। संरक्षकों तथा अवयस्कों सम्बधि कानून।

Act, Inventions and Designs—नये आविष्कार और ढांचा सम्बन्धी कानून.

Act, Indian Evideuce—एक्ट शहादत-ए-हिन्द; भारतीय गवाही एक्ट. कानून शहादत, साक्ष-कानून

Act, Legal Practitioners—कानूनी पेशा एक्ट या विधि; अहालि-ए-कानून.

Act, Land Revenue—भूमि कर सम्बन्धी कानून; मालगुजारी एक्ट.

Act, Limitation ऐक्ट मिआद समाप्त. काल अवधि कानून

Act, Land Acquistion—भूमि-प्राप्ति सम्बन्धी एक्ट; ऐक्ट हुसूल-ए-अराज़ी.

Act, Merchandise Mark—सौदागरी चिन्ह एक्ट; ऐक्ट निशानात माल तिजारत.

Act, Majority—बालगी या बलिग सम्बन्धी एक्ट ऐक्ट सिन-ए बुलूग. वयस्कता कानून

Act, Negotiable Instruments—लेन देन दस्तावेज सम्बन्धी ऐक्ट।

Act, Oaths—कसम या शपथ सम्बन्धी ऐक्ट; ऐक्ट हलफ.

Act, Partition—बटवारा ऐक्ट; ऐक्ट बटवारा. विभाजन-कानून

Act, Post office डाकखाना ऐक्ट; ऐक्ट डाकखाना.

Act, Revenue Recovery—मालगुजारी वसूली या उगाही ऐक्ट; ऐक्ट ईसाल मालगुजारी.

Act, Reformatory—आचार सुधार पाठशाला सम्बन्धी ऐक्ट या विधि; ऐक्ट तादीब खान.

Act, Registration—ऐक्ट रजिस्ट्री; रजिस्ट्री ऐक्ट.

Act, Rent—लगान सम्बन्धी ऐक्ट; ऐक्ट लगान.

Act, Stamp—स्टाम्प ऐक्ट या विधि; ऐक्ट स्टाम्प.

Act, Suits valuation—नालिशी मालियत अंदाजी या कूत सम्बन्धी ऐक्ट या विधि; ऐक्ट तखमीन ए मालियत नालिशात; दावा मूल्य कानून

Act, Specific Relief—खास न्याय प्राप्ति या सहाय प्राप्ति ऐक्ट या विधि; ऐक्ट दादरसी खास.

Act, Small Cause Court—छोटी अदालतों या छोटे दावे की कचहरी का ऐक्ट; ऐक्ट अदालत मवालबात खफ़ीफ़.

Act, Trust—धरोहर या अमानती ऐक्ट या विधि; ऐक्ट अमानत, ट्रस्ट एक्ट.

Act, Transfer of Property जायदाद जुदायगी या अलग करने का ऐक्ट या विधि; ऐक्ट इतिकाल-ए-जायदाद, स्वत्वार्पण कानून.

Act, Tenancy रैयत अधिकार या अराजी का ऐक्ट या विधि; एक्ट कब्ज अराजी.

Act, Widow Marriage विधवा विवाह ऐक्ट या विधि.

Act, Whipping कोड़े या बेतबाजी ऐक्ट या विधि;

Action कानूनी कार्यवाही; मुकद्दमा; अपने अधिकार या स्वत्व की प्राप्ति के लिये की हुई कानूनी कार्यवाही। Action के निम्न लिखित प्रकार हैं.

Action Civil—दीवानी मुकद्दमा; दीवानी कार्यवाही; दीवानी स्वत्व प्राप्ति के लिये की गई कार्यवाही। जैसे कर्ज दी हुई रकम वापस लेने के लिए की गई कार्यवाही या रुपया, सम्पत्ति, ज़मीन, क्षतिपूर्ति आदि के सम्बन्ध में की गई कानूनी कार्यवाही इसके अन्तर्गत आती हैं.

Action, Penal दण्डविषयक कार्यवाही; वह कार्यवाही जिसका उद्देश मुलजिम (अपराधी) को शारीरिक या आर्थिक दण्ड देना हो। दण्ड विधान तथा अन्य फौजदारी कानूनों में वर्णित अपराधों के लिये निश्चित दण्डों को दिलाने के उद्देश से फौजदारी अदालत में की गई कार्यवाही को 'Penal action' कहते हैं। जो आचरण अधिक हानिकारक तथा समाज की सुख शांति को भंग करने वाले हों और जिनसे सार्वजनिक हित को हानि पहुंचने की सम्भावना हो वे "Penal या criminal" के अन्तर्गत आते हैं और वे (offence) अपराध कहलाते हैं। जैसे हत्या, चोरी, बलवा, मारपीट, व्यभिचार, राजद्रोह, जालसाजी, डकैती आदि। इसके विपरीत जो आचरण या व्यवहार केवल व्यक्तियों से सम्बन्ध रखते हैं अर्थात जिनसे समाज का विशेष हानि नहीं पहुँचती उन्हें अंग्रेजी में "wrongs" कहते हैं और दीवानी (civil) विभाग में उनकी गणना होती है; जैसे लेनदेन सम्पति के झगड़े आदि.

Action, Criminal—फौजदारी कार्यवाही; अपराध जन्य कार्यवाही; उपरोक्त दण्ड विषयक (Penal) कार्यवाही (Action) में यह भी सम्मिलित है। किन्तु औरों से अधिक संगीन और आपत्तिजनक होने के कारण उसे एक विशेष नाम दिया गया है। इससे समस्त समाज या राष्ट्र को अधिक हानि की सम्भावना होती है। इसलिये ऐसे मामलों में सरकार या पुलिस हस्तक्षेप करती है और सरकार की ओर से ऐसे अपराधजन्य कामों के लिये मुकद्दमे चलाये जाते हैं। ऐसे अपराधजन्य कामों में डकैती हत्या आदि सम्मिलित हैं.

Action, Personal वैयक्तिक कार्यवाही; वैयक्तिक अधिकार का दावा; जो कानूनी कार्यवाही विशुद्ध वैयक्तिक हानियों की क्षतिपूर्ति के लिये की जावे उसके लिये यह वाक्यांश काम में लाया जाता है। जैसे शारीरिक क्षति अथवा मान हानि के लिए की गई कानूनी कार्यवाही। इस प्रकार का दावा या कार्यवाही स्वयं उसी व्यक्ति को करने का अधिकार है, जिसे व्यक्तिगत क्षति पहुँची हो। पंगु आदि करके कमाखाने के लिये अयोग्य कर देने आदि कुछ अपवादों को छोड़कर उत्तराधिकारी को इस प्रकार का दावा या कार्यवाही करने का अधिकार नहीं होता। व्यक्ति के साथ ही उसके अधिकार भी मरजाते हैं, (Actio personalis moritui persona) यह सिद्धान्त यहाँ लागू होता है.

Action, Real—साम्पत्तिक अधिकार का दावा या मांग; ज़मीन या अन्य अचल सम्पति या तत्सम्बन्धी अधिकारों के लिये की गई कार्यवाही.

Active सक्रिय; क्रियाशील.

Active Trust क्रियाशील न्यास या ट्रस्ट; वह ट्रस्ट जिसके सदस्यों अर्थात् ट्रस्टियों को क्रियाशील रहना

आवश्यक हो। कुछ ट्रस्ट ऐसे भी होते हैं जिनके ट्रस्टियों को कुछ निश्चित कार्यों के सिवा अन्य समय क्रियाशील अर्थात् कुछ करने की आवश्यकता नहीं होती। ऐसे ट्रस्टियों को (Bare trustees) कहते हैं.

Active-debt —(१) वह कर्जा या ऋण जिसके लिये सूद देना पड़े (२) मुद्दत में वसूल होने योग्य कर्ज.

Active-bonds—क्रियाशील ऋण पत्र वह ऋण-पत्र या तमस्सुक जिस पर उसके लिखने के दिन से ही बँधा हुआ सूद निश्चित हो जाय.

Actionable-claim—नालिश करने योग्य दावा; ऐसा अधिकार जिसे कानूनी कार्यवाही करके पूरा किया जा सके। जैसे किसी को दिये हुए कर्जे को वसूल करने का अधिकार। अपने पक्ष में दी गई डिग्री की इजराय (Execuetion) करके उसका रुपया वसूल करने का अधिकार। इस प्रकार का अधिकार अन्य सम्पत्ति के समान दूसरे व्यक्तियों को बेचा भी जा सकता है.

Actor दीवानी वकील. दीवानी मामलों में मुद्दई को भी Actor कहते हैं.

Actuary बीमा के हिसाब में दक्षव्यक्ति। जो बैंक के हिसाब की जांच आदि में विशेष योग्यता रखता हो। सार्वजनिक संस्था के रजिस्टर तथा क्लर्क या लेखक के अर्थों में भी इस शब्द का उपयोग होता है।

Actus Non Facit Reum Nisi Mens Sit Rea—An act does not make a man guilty unless there be guilty intention अर्थात् केवल किसी व्यवहार या कार्य मात्र के करने से कोई व्यक्ति अपराधी नहीं होता जब तक कि उसकी अपराधी-भावना न हो। न्याय-शास्त्र और विशेष कर फौजदारी कानून का यह एक महत्वपूर्ण सिद्धान्त है, यही कारण है कि दंडविधान की धाराओं में जहां उन कार्यों या व्यवहारों का वर्णन है, जो दंडनीय कहे गये हैं, वहां प्रत्येक दंडनीय कार्य की परिभाषा में अपराधी या "हानिप्रद मनोवृत्ति या नीयत", "हानि का ज्ञान" "बदनीयती से" 'जान बूझ कर' आदि शब्दों का प्रयोग किया गया है, जिनका तात्पर्य यह है कि दंड विधान में किसी कार्य के होने मात्र से वह अपराध नहीं समझा जाता यदि उसके करने में दंड विधान में वर्णित अपराधी-भावना का समावेश न हो। उदाहरणार्थ किसी मनुष्य का प्राण हरण करना अपराध है, किन्तु अचानक गोली छूटने से अथवा डाक्टर के आपरेशन करने से कोई व्यक्ति मर जाय तो दंड विधान के अनुसार वह हत्या का अपराध नहीं होगा; क्योंकि जिसके हाथ से गोली लगी या जिस डाक्टर ने आपरेशन किया उसकी हत्या करने की नीयत या उद्देश्य नहीं था (देखो भा. दं. वि. धारा ८१)

Addition पूरा नाम पता,अतिरिक्त वर्णन। भारतीय रजिस्ट्री के कानून (Indian Registration Act) में इस शब्द का प्रयोग किसी व्यक्ति के नाम के अतिरिक्त उसका जो पता या वर्णन दिया जाता है, उसके लिए होता है। जैसे निवास स्थानधन्धा या कार्य, पद, सम्मान आदि। भारतवासियों के नाम के आगे उनकी जाति पिता का नाम आदि (देखो रजिस्ट्री कानून धारा २)

Adduce उपस्थित करना; पेश करना; गवाह उदाहरण या नज़ीर देना; सबूत देना

Ademption मृत्यु-पत्र या वसीयत को परोक्ष रूप से रद्द करना। वसीयत को व्यवहार में रद्द करना। जैसे वसीयत द्वारा किसी को कोई सम्पत्ति देकर फिर उसे बेच देने से उस सम्पत्ति या उसके बेचे हुए भाग की वसीयत रद्द समझी जाती है.

Adherence राज्य-शत्रु सेमैत्री करना। यह अंग्रेजी कानून काएक बड़ा अपराध है जिसके लिए मृत्युदंड तक दियाजा सकता है। जो व्यक्ति युद्ध के समय अपने राज्य के शत्रुओं को गुप्त भेद या अन्य प्रकार सहायता दे वह इस अपराध का अपराधी समझा जाता है। भा. दं. वि. के छटे अध्याय में इस प्रकार के अपराधों का वर्णन है.

Adhivedanika अधिवेदनिका; एक प्रकार का स्त्री-धन; हिन्दू स्त्रियों की निजि सम्पत्ति। पति के दूसरा विवाह करने पर पहली स्त्री को दिया हुआ धन व उपहार.

Adhyagnika अध्याग्निका वह स्त्री धन जो कि विवाह के समय अग्नि के सन्मुख स्त्री को दिया जाय.

Adhyavahanika अध्यवाहनिका; यह भी हिन्दू स्त्री के स्त्री-धन का एक प्रकार है। यह वह धन है जो

पिता के घर से पति के घर जाते समय अर्थात् विदाई के समय स्त्री को दिया जाता है.

Adl item नाबालिग मद्दई की ओर से दावे के लिए जो संरक्षक या वली बनाया जाता है उसे Guardian adl item कहते हैं (देखो जाब्ता दीवानी, C. P. C आ० ३२ रु० ३)

Ad-valorem मूल्य के अनुसार, जो कर या महसूल वस्तुओं के मूल्य के अनुसार उन पर लगाया जावे उसे duty ad valorem कहते हैं.

Adjective Law विधि विधायक कानून; कानून जाब्ता; कानून पद्धति । कानून दो भागों में विभाजित किया गया है;—(१) निर्णायक कानून (Substantive Law) और (२) विधि विधायक कानून (Adjective Law) निर्णायक कानून वह है जिसमें विभिन्न कानूनी अधिकारों या अपराधों की व्याख्या आदि दी गई हो । भारतीय दण्ड विधान जैसे विधि विधायक कानून वह है जिसमें निर्णायक कानून को कार्य्यान्वित करने की विधि का वर्णन होता है । जाब्ता दीवानी, जाब्ता फौजदारी आदि

Adjourn स्थगित करना; मुलतवी करना; दूसरी तारीख के लिए स्थगित करना । मुकद्दमे को दूसरी तारीख के लिए स्थगित करना । बहुधा इस प्रकार मुकद्दमे को स्थगित करना न्यायालय की इच्छा पर निर्भर है (देखो O 17 C. P. C. जाब्तादीवानी.)

Adjudicate निर्णय या फैसला देना; दंड देने का निर्णय करना; डिग्री या फैसला देना; दिवालिया घोषित करना; अदालत के जिस ऑर्डर द्वारा मनुष्य दिवालिया घोषित किया जाता है उसे Adjudication order कहते हैं (देखो प्रान्तीय दिवालिया कानून धारा १६)

Adjudication fee निर्णायक शुल्क या फीस. (Indian stamp Act धारा ११के अनुसार कलक्टर को दी जाने वाली फीस.)

Adjunction संयुक्त करना; जोड़ना; संयुक्त वस्तु । जब एक की वस्तु दूसरे की वस्तु से इस प्रकार संयुक्त हो जावे या मिल जावे कि दोनों को अलग न किया जा सके तो जिसकी वस्तु मुख्य या आधारभूत होगी मिली हुई वस्तु भी उसकी हो जातीहै। जैसे किसी एक के कागज पर दूसरे ने सुन्दर चित्र खींचा हो तो कागज पर प्रथम अधिकार चित्रकार का होगा, जिसे वह कागज का मूल्य देकर ले सकता है.

Adjuration शपथ; हलफ उठाकर कहना; शपथ देकर बाँधना; कसम देना.

Adjustment व्यवस्थापना; तोड़जोड़; जहाज या जलयान के बीमा सेसम्बन्ध रखने वाला विशेष शब्द जल-बीमा के विशेषज्ञों द्वारा जहाज आदि को पहुँची हुई हानि निश्चित कराकर बीमा कराने वाले को दिये जाने वाले हर्जाने का हिसाब लगाना.

Adjustment of decree—डिग्री का तसफिया अर्थात् वह कार्य जिसके द्वारा डिग्री या उसका कुछ भाग चुका दिया जावे और इस प्रकार डिग्री समाप्त करदी जांय ।

Adjustment of Suit—दावे का तसफिया कर देना; दावे या फरियाद का समाधान या तोड़ जोड़ कर देना

Administration व्यवस्था; इंतिज़ाम. इस शब्द का अनेक अर्थों में प्रयोग होता है, जैसे शासन-व्यवस्था न्याय देना (Administration of justice) आदि । किन्तु कानूनी परिभाषा में इसका अर्थ मृत मनुष्य की सम्पत्ति की व्यवस्था करना है अर्थात् मृत व्यक्ति का कर्ज़ लेना, उसका कर्ज़ चुकाना तथा उसकी सम्पत्ति को उसके कानूनी अधिकारियों को सौंपना आदि । यदि उपरोक्त व्यवस्था करने के लिये मृत व्यक्ति वसीयत द्वारा ही किसी व्यक्ति को नियुक्त कर गया हो तो उस व्यक्ति को "Executor" कहते हैं । यदि उसकी नियुक्ति अदालत द्वारा मृत व्यक्ति के पश्चात् की गई हो तो उसे Administrator कहते हैं.

Letter of Administration व्यवस्था-पत्र; शासन-पत्र; व्यवस्था करने की सनद या आज्ञा. यदि मृत व्यक्ति अपनी सम्पत्ति या ज़ायदाद की वसीयत न कर गया हो या व अपनी वसीयत में सम्पत्ति की व्यवस्था करने के लिये किसी व्यवस्थापक (Executor) को नियुक्त न कर गया हो या व्यवस्थापक (Executor) मर गया हो या वह नाबालिग या पागल होने के कारण या किसी अन्य कारण से उक्त सम्पत्ति की ठीक ठीक व्यवस्था करने में असमर्थ या अयोग्य हो तो वैसी स्थिति में उक्त सम्पत्ति या जाय-

दाद की व्यवस्था करने के लिये जो व्यक्ति नियुक्त किया जाता है उसे अंग्रेजी में Administrator कहते हैं। इसे जिस आज्ञापत्र या सनद के द्वारा उपरोक्त अधिकार दिया जाता है उसे Letter of Administration कहते हैं। (देखो Indian Succession Act Part IX, chapter I, Ss. 218 से 236)।

इस प्रकार की सनद या आज्ञापत्र प्राप्त किये बिना मृत व्यक्ति का कर्ज वसूल करने या अन्य प्रकार से उसकी सम्पत्ति की व्यवस्था करने का अधिकार किसी को प्राप्त नहीं होता। बहुधा यह आज्ञा मृत व्यक्ति के निकट सम्बन्धियों को मिल जाती है, किन्तु जो इस प्रकार की आज्ञा प्राप्त करता है उसे सम्पत्ति से लगभग दुगने मूल्य की जमानत देनी पड़ती है, जिससे कि वह उपरोक्त सम्पत्ति की व्यवस्था ईमानदारी के साथ ठीक २ कर सके। इस प्रकार की जमानत को Administration bond कहते हैं। Executor को भी ऐसी जमानत देनी पड़ती है।

Administration Suit or Action व्यवस्थापक दावा। मृत व्यक्ति की सम्पत्ति की ठीक २ व्यवस्था कराने के लिए किया गया दावा। इस प्रकार का दावा मृत व्यक्ति की सम्पत्ति में किसी प्रकार का अधिकार या स्वार्थ (interest) रखने वाला कोई भी व्यक्ति कर सकता है; जैसे ट्रस्टी, Executor, Administrator, वसीयत पानेवाला, उत्तराधिकारी अथवा कर्जदार आदि। साधारणतः जिन लोगों को मृतक की सम्पत्ति में से कुछ मिलने की संभावना या अधिकार हो ऐसे हिताधिकारी (Beneficiary) जब देखते हैं कि Executor या Administrator सम्पत्ति की ठीक २ व्यवस्था नहीं कर रहे हैं और वे अपने अधिकार का दुरुपयोग करके सम्पत्ति को नष्ट कर रहे हैं तो वे इस प्रकार का दावा करके उसकी सुव्यवस्था कराने का प्रयत्न करते हैं। इस प्रकार का दावा दाखिल होने पर जब तक अदालत उस पर अपना निर्णय न दे दे तब तक Executor या Administrator अपने अधिकार का आगे उपयोग नहीं कर सकते।

Administrator व्यवस्थापक; (देखो उपरोक्त Administration तथा Succession Act S.3 व O. 20 R. 13 जाब्ता दीवानी C. P. C.).

Administrator adcitem—दावे के लिए नियुक्त व्यवस्थापक; किसी खास दावे के लिए ही नियुक्त किया गया व्यवस्थापक (administrator).

Administratrix—स्त्री व्यवस्थापिका. (Administrator का स्त्रीलिंग) जब मृतक की सम्पत्ति की व्यवस्था करने की आज्ञा किसी स्त्री को दी जाय तो उस स्त्री को Administratrix कहते हैं.

Admiralty Jurisdiction—सामुद्रिक-न्यायालय का अधिकार-क्षेत्र; नौ विभाग में या समुद्र पर जहाज आदि में किये गये अपराधों पर विचार करने का जिस अदालत को अधिकार हो, उसका अधिकार-क्षेत्र। बहुधा यह अधिकार उस देश के समुद्र तटस्थ हाई-कोर्ट को होता है, जिस देश के जहाज पर अपराध किया गया हो; क्योंकि जहाज तैरता हुआ टापू समझा जाता है और इसलिए जिस देश का जहाज हो उस पर समुद्र या महासागर में भी उसी देश का अधिकार समझा जाता है। भारतवर्ष में इस प्रकार केसामुद्रिक अपराधों पर विचार करने का अधिकार कलकत्ता, बम्बई, मद्रास, रंगून व करांची के हाइकोर्टों को है। उनके सिवाय अन्य न्यायालय भी समुद्र पर किये गये अपराधों पर विचार कर सकते हैं। (देखो भा० दं० वि० धारा ४)

Admissibility ग्राह्यता; दाखिल होने योग्य; शहादत में स्वीकार करने योग्य। कानून शहादत (Indian Evidence Act) की ५ से लेकर ५५ तक की धाराओं में उन बातों तथा तथ्यों (facts) का वर्णन है जो न्यायालय में गवाही या शहादत में दिये जा सकते हैं, और जिन पर विचार करके न्यायालय अपना निर्णय दे सकता है। अन्य प्रकार के तथ्य गवाही में नहीं लिये जा सकते। इन धाराओं के अनुसार दो प्रकार की बातें या तथ्य गवाही के रूप में पेश किये जा सकते हैं, अर्थात् (१) विचाराधीन तथ्य (Facts in issue) यानी वे तथ्य जिनपर अदालत को विचार करना या निर्णय देना है। दूसरे (२) वे तथ्य जो कि प्रथम प्रकार के तथ्यों से सम्बन्ध रखते हैं या उनको प्रमाणित

करने के लिये आवश्यक हैं (Facts relevant to factsin issue) (देखो धारा ५ कानून शहादत)। उदाहरणार्थ यदि 'क' पर हत्या करने की नीयत से 'ख' को डण्डे से मारडालने का अभियोग हो तो निम्नलिखित तथ्य विचाराधीन होंगे (Facts in issue) (1) 'क' का 'ख' को डंडे से पीटना (2) इस प्रकार पीट कर 'क' का 'ख' की हत्या करना (3) 'क' की 'ख' को मार डालने या हत्या करने की नीयत। उपरोक्त तथ्यों को प्रमाणित करने के लिये और 'ख' की उस समय की बातचीत; 'ख' की हत्या के बाद "क" का व्यवहार आदि बातें भी उपरोक्त अभियोग में स्वीकार्य होंगीं; क्योंकि वे सम्बन्धित तथ्य (relevant facts) हैं। किन्तु यदि कोई व्यक्ति यह कहे कि उसने दो महीने बाद यह सुना कि 'ख' की हत्या 'क' ने की है तो उसकी यह बात गवाही में नहीं ली जा सकेगी (देखो कानून शहादत धारा ६०).

इस प्रकार वही सबूत (Evidence) ग्राह्य या स्वीकार्य (admissible) समझा जायगा जिसको कानून शहादत ने अस्वीकार नहीं किया है और जो विचाराधीन तथ्यों पर निर्णय देने में न्यायालय को उपयोगी तथा आवश्यक होता है.

Admission स्वीकारोक्ति; इकबाल; यह भी एक प्रकार की ग्राह्य शहादत है जो स्वीकार करने वाले के विरुद्ध दी जा सकती है। कानूनी परिभाषा में Admission उस वक्तव्य या बयान को कहते हैं, चाहे फिर वह ज़बानी या लेखबद्ध किसी प्रकार का हो, जिसके द्वारा एक व्यक्ति किसी तथ्य को स्वीकार कर ले अथवा जो किसी विचाराधीन तथ्य या सम्बंधित तथ्य (relevant issue) के विषय में किसी परिणाम या अनुमान का संकेत करे। (देखो कानून शहादत धारा १७)। इस प्रकार की स्वीकारोक्ति किन अवस्थाओं में मान्य हो सकती है तथा उसके कौन कौन से प्रकार तथा आवश्यक गुण हैं, उनका वर्णन कानून शहादत की १७ से २३ तक की धाराओं में वर्णित है। इस प्रकार की स्वीकारोक्ति (Admission) का बहुधा दीवानी मामलों में प्रयोग होता है। फौजदारी मामलो में अपना अपराध स्वीकार करने को Confession कहते हैं (देखो Confession).

Admit स्वीकार करना; तसलीम करना; इकबाल करना.

Admit in Evidence गवाही में लेना; शहादत में दाखिल करना; गवाही में लेने योग्य स्वीकार करना या मंजूर करना (देखो Admissibility).

Admittance मान लेना; जब किसी मकान या जमीन आदि का मालिक बदल जाता है तो उस मकान या जमीन के जो पहले के किरायेदार हों उन्हें नवीन मालिक द्वारा अपने किरायेदार स्वीकार कर लेना.

Admonition वाग् दण्ड; उपदेशप्रद झिड़क। जब किसी अपराधी को छोड़ दिया जाय तो छोड़ते समय पुनः ऐसा अपराध न करने का उपदेश देना तथा किये गये अपराध के लिए झिड़क देना। साधारणतः तुच्छ और छोटे छोटे अपराध करने वालों की आयु, चरित्र, पूर्व आचरण, शारीरिक दशा आदि का विचार करके उसे दण्ड देने के बजाय उपरोक्त प्रकार से उपदेशप्रद झिड़क देकर छोड़ दिया जा सकता है। प्रथम अपराधी, बालक, स्त्री आदि अकसर इस प्रकार छोड़ दिये जाते हैं। (देखो दण्ड विधि यानी जाब्ता फौजदारी धारा ५६२ १ ए).

Adoption दत्तक विधान। गोद लेने का कार्य; किसी व्यक्ति को कानूनी तौर से अपना पुत्र स्वीकार करना। हिन्दुओं में अपना वंश चलाने के लिये पुत्र का होना आवश्यक समझा जाता है। पुराने विचार के हिन्दुओं का यह भी विश्वास है कि बिना पुत्र के, मरने पर, मृतात्मा को परलोक में शान्ति नहीं मिलती। इसलिए अपने पितरों का श्राद्ध करने के लिये भी पुत्र का होना आवश्यक है। अतः जिनके पुत्र नहीं होते उनके लिए हिन्दूधर्म-शास्त्रों में अन्य व्यक्ति को नियमानुसार पुत्र बनाने का विधान है। इसे दत्तक लेना या गोद लेना (Adopt) कहते हैं और दत्तक लेने के विधान को Adoption तथा गोद लिए हुए पुत्र को दत्तक पुत्र (Adopted son) कहते हैं। इस प्रकार नियमानुसार गोद या दत्तक लेने पर दत्तक पुत्र के कानून में ठीक वही अधिकार होते हैं जो कि अपने औरस अर्थात् अपनी विवाहित स्त्री के पुत्र के होते हैं.

दत्तक विधान के नियम आदि निश्चित हैं, किन्तु भिन्न भिन्न हिन्दू धर्मशास्त्रों के अनुसार उनमें कुछ भेद हैं। धर्मशास्त्रों के अनुसार ५ प्रकार के दत्तक

पुत्र हो सकते हैं। पर आजकल भारतवर्ष में 'दत्तक' और 'कृत्रिम' ये ही दो प्रकार प्रचलित हैं। इनमें 'दत्तक पद्धति' लगभग भारत के सब प्रान्तों में प्रचलित है। 'कृत्रिम पद्धति' केवल मिथिला प्रदेश में प्रचलित है। अतः साधारणतया दत्तक या गोद लेने से तात्पर्य 'दत्तक पद्धति' से ही गोद लेना समझना चाहिये.

Adoption, Requirements of a Valid: प्रामाणिक अथवा न्यायानुमोदित दत्तक विधान की आवश्यक शर्तें। कानूनी तौर से दत्तक विधान जायज़ होने के लिए निम्न लिखित बातें आवश्यक समझी जाती हैं। (१) गोद लेने वाला कानूनन गोद लेने योग्य होना चाहिये। प्रत्येक हिन्दू-पुरुष (male) जिस का दिमाग़ ठीक हो यानी जो पागल न हो, जिसकी आयु समझने लायक हो गई हो तथा जिसके औरस या दत्तक लिया हुवा बेटा, पोता या पड़पोता न हो वह कानून गोद लेने लायक समझा जाता है। अविवाहित, विधुर और समझने योग्य आयुवाला नाबालिग पुरुष भी गोद ले सकता है। गोद लेने के लिये अपनी स्त्री की स्वीकृति की आवश्यकता नहीं है। हिन्दू स्त्री भी अपने पति के लिए पुत्र गोद ले सकती है। पति के सिवाय अन्य किसी के लिए हिन्दू स्त्री गोद नहीं ले सकती। किन्तु पति के जिन्दा रहते स्त्री भी गोद नहीं ले सकती जब तक कि इसके लिए पति की स्पष्ट आज्ञा या स्वीकृति न हो। बहुधा स्त्री के लिये गोद लेने के अर्थ मरने से पूर्व पति की ऐसी इच्छा या आज्ञा आवश्यक समझी जाती है, किन्तु इस विषय में मतभेद है.

जैसे मद्रास में पति की उपरोक्त आज्ञा के बिना भी विधवा गोद ले सकती है, यदि वह अपने मृत पति के सपिण्डों तथा निकटस्थ सम्बन्धियों की स्वीकृति प्राप्त करले।

इसके विपरीत मिथिला में विधवा को दत्तक लेने का अधिकार ही नहीं है, चाहे उसका पति भी गोद लेने की आज्ञा क्यों न दे गया हो। बंगाल तथा बनारस में पति की स्पष्ट आज्ञा होने पर ही उसके मरने पर उसकी विधवा गोद ले सकती है। नाबालिग विधवा समझने योग्य हो तो गोद ले सकती है। दुश्चरित्र विधवा, जिसने दूसरा विवाह कर लिया हो, अपने पूर्व पति के लिये गोद नहीं ले सकती। गोद सदा पति के लिये ही लिया जाता है क्योंकि उसी का वंश चलाने के लिये पुत्र गोद लिया जाता है। अपने पुरुष के समान विधवा स्त्री भी पति के पुत्र विहीन मरने पर या पति के बाद पुत्र के अविवाहित मरने पर अर्थात् पुत्र प्रपौत्र आदि के न होने पर ही गोद ले सकती है। यदि पुत्र विवाहित होने की हालत में अपनी स्त्री को छोड़ कर मरे तो गोद लेने का अधिकार पुत्र की स्त्री को होता है, उसकी माता को नहीं। क्योंकि गोद हमेशा पति के लिये तथा सम्पत्ति की निकटस्थ उत्तराधिकारिणी होने पर ही लिया जा सकता है। पुत्र होने पर पति की सम्पत्ति की उत्तराधिकारी विधवा न होकर उसका पुत्र ही होता है और पुत्र के बाद पुत्र की स्त्री होती है। स्वतः गोद लेने का अधिकार पुत्र की माता को नहीं होता।

जायज़ दत्तक विधान की दूसरी आवश्यक शर्त यह है कि:—

(२) दत्तक देने वाला कानूनन गोद देने योग्य होना चाहिये.

(१) पिता और पिता की मृत्यु होने पर या उसकी ऐसी स्थिति होने पर कि वह गोद देने के लिये अयोग्य हो जाय (२) माता गोद दे सकती है। मतलब यह कि कानूनन ये ही दो व्यक्ति गोद देने का अधिकार रखते हैं। भाई आदि अन्य सम्बन्धी गोद नहीं दे सकते। गोद देने का प्रथम अधिकार पिता व फिर माता को ही है अतः उसके लिए उन्हीं की आज्ञा आवश्यक है। किन्तु गोद देने की शारीरिक क्रिया माता पिता दूसरों द्वारा भी करा सकते हैं। धर्म परिवर्तन करने पर पिता 'दत्त होम' आदि में भाग नहीं ले सकता।

यद्यपि धर्म परिवर्तन के बाद भी पिता को अपने हिन्दू पुत्र को गोद देने का अधिकार बना रहता है, पर वह गोद देने की क्रिया नहीं कर सकता। गोद लेने वाले के समान गोद देने वाला व्यक्ति भी समझ सकने योग्य उम्र का होना चाहिये और पागल आदि न होना चाहिये। साधारण अवस्थाओं में गोद लेने के लिये सरकार की आज्ञा लेने की आवश्यकता नहीं होती। तीसरी शर्त यह है

कि (३) जिसे गोद लिया जावे वह कानूनन गोद लिये जाने योग्य होना चाहिये।

प्रत्येक हिन्दू गोद लिया जा सकता है लेकिन निम्नलिखित अवस्थाओं को ध्यान में रखना अनिवार्य है; अर्थात् (१) गोद लिया जाने वाला व्यक्ति पुरुष (male) होना चाहिये। (२) वह उसी वर्ण का होना चाहिये जिसका कि गोद लेने वाला उसका पिता हो। जैसे ब्राह्मण क्षत्रिय को या वैश्य शुद्र को गोद नहीं ले सकता। किन्तु यह आवश्यक नहीं है कि वह गोद लेने वाले की उप-जाति का ही हो। ब्राह्मण ब्राह्मण मात्र को गोद ले सकता है। (३) वह ऐसा व्यक्ति होना चाहिये कि जिसकी माता से गोद लेने वाला व्यक्ति कानूनन विवाह न कर सकता हो,किन्तु यह नियम अब केवल लड़की के लड़के, बहन के लड़के तथा मौसी के लड़के तक ही सीमित रह गया है और शूद्रों के लिये यह भी प्रतिबन्ध नहीं है। इन तीनों के विषय में भी यह निर्णय हो गया है कि यदि ऐसा रिवाज हो तो उपरोक्त तीनों प्रकार के व्यक्तियों को भी गोद लिया जा सकता है। (४) गोद लिये जाने वाले व्यक्ति की आयु के विषय में मतभेद है। बंगाल बनारस, बिहार तथा उड़ीसा में उपनयन संस्कार से पूर्व ही लड़के को गोद लिया जा सकता है। किन्तु मद्रास में यदि दत्तक पुत्र व दत्तक लेने वाला पिता दोनों एक ही गोत्र के हों तो उपनयन के बाद किन्तु विवाह से पूर्व भी गोद लिया जा सकता है। बम्बई प्रान्त में गोद लिये जाने वाले की चाहे जो आयु हो, चाहे उसका विवाह होकर उसके बच्चे आदि भी हों और यहाँ तक कि गोद लेने वाले से भी वह बड़ा हो तब भी उसका दत्तक विधान जायज़ व नियमानुकूल समझा जाता है। किन्तु मद्रास तथा अलाहाबाद हाईकोर्टों का मत है कि वहाँ विवाहित व्यक्ति गोद नहीं लिया जा सकता। (५) एक व्यक्ति को दो व्यक्ति गोद नहीं ले सकते और न एक ही बार एक व्यक्ति दो को गोद ले सकता है। किसी का एक मात्र पुत्र तथा निकट सम्बन्धियों को छोड़कर अन्य व्यक्ति को भी गोद लेना अनियमित नहीं है.

चौथी शर्त यह है कि (४) प्रकट तौर से अर्थात् अन्य वस्तु के समान शारीरिक रूप में गोद देने तथा लेने की रस्म दत्तक विधान की पूर्णता के लिये ज़रूरी है और पाँचवें (५) 'दत्त होम' अर्थात् यज्ञ द्वारा दत्तक संस्कार। किन्तु इस विषय में अभी सन्देह है कि प्रत्येक दत्त विधान के नियमित तथा जायज़ होने के लिये दत्तहोम अनिवार्य है या नहीं.

साधारणतः गोद लेते समय निम्नलिखित तीन रस्में होती हैं। प्रथम एक खान्दान से दूसरे खान्दान में बदलने की इच्छा से लड़के का वास्तविक रूप से लेना और देना, दूसरे 'दत्त होम' व तीसरे पित्रेष्टि यज्ञ आदि छोटी २ रस्में। किन्तु इनमें से प्रथम रस्म 'गोद' के जायज़ होने के लिए आवश्यक है। शूद्रों तथा जैनियों में तथा पंजाब में 'दत्त होम' आदि धार्मिक संस्कारों की ज़रूरत नहीं होती। किन्तु शारीरिक आदान प्रदान सब के लिए अनिवार्य है। उसके बिना केवल स्वीकृति से और यहाँ तक कि गोदनामे की रजिस्ट्री करने पर भी दत्त विधान नियमित नहीं समझा जाता.

Adoption, Results of Valid प्रामाणिक दत्तक विधान के परिणाम। दत्तक देनेका सब से महत्वपूर्ण परिणाम यह होता है कि दत्तक पुत्र का अपने पहले खान्दान से सम्बन्ध टूट कर दूसरे खान्दान से सम्बन्ध स्थापित हो जाता है। दत्तक पुत्र को दत्तक लेने वाले खान्दान में लगभग वे ही अधिकार प्राप्त होजाते हैं जोकि एक औरस पुत्र को होते हैं। किंतु कुछ बातों में औरस पुत्र व दत्तक में भेद होता है। कानूनी दृष्टि से सम्पत्ति आदि के अधिकार के बारे में दत्तक तथा औरस पुत्र में केवल इतना ही भेद है कि यदि दत्तक पुत्र के गोद लेने के बाद दत्तक पिता के औरस पुत्र उत्पन्न होजाय तो दोनों को बराबर का हिस्सा नहीं मिलता, किन्तु दत्तक पुत्र को औरस पुत्र से कुछ कम मिलता है। किन्तु शूद्रों में दोनों बराबर के अधिकारी होते हैं.

विवाहित व्यक्ति के गोद लिये जाने पर केवल उसकी स्त्री व गोद लिये जाने के पश्चात् उत्पन्न संतान ही दूसरे खान्दान में जाते हैं। उसके पहले के बच्चों का सम्बन्ध उसके पूर्व के खान्दान से जैसा का तैसा ही बना रहता है.

गोद गये हुये व्यक्ति का अपने जन्म के खान्दान में किसी प्रकार का अधिकार नहीं रहता

और न वहां उसे सम्पत्ति आदि में कोई हिस्सा ही मिल सकता है.

Adoption, Effect of Invalid-अनियमित दत्तक विधान का परिणाम । यदि गोद लिया हुआ लड़का कानून से जायज़ न हो तो उसे गोद गये खान्दान में किसी प्रकार का अधिकार प्राप्त नहीं होता और न अपने जन्म के खान्दान में उसके जो अधिकार हैं वे ही नष्ट होते हैं। किंतु कुछ अवस्थाओं में दत्तक विधान नाजायज़ होजाने पर दत्तक पुत्र अपने जन्मके खान्दानके अधिकारों से भी हाथ धो बैठता है और गोद गये खान्दान में भी उसका कोई हक़ नहीं रहता । इस प्रकार की विचित्र स्थिति तब होती है जब अन्य प्रकार से दत्तक विधान प्रामाणिक होने पर भी लड़के का वर्ण गोद के पिता से भिन्न निकल आवे.

उपरोक्त समस्त वर्णन गोद के "दत्तक" प्रकार (Dattak adoption) से सम्बन्ध रखता है। दूसरे प्रकार का दत्तक विधान "कृत्रिम" कहलाता है.

Adoption, Kritrim-'कृत्रिम' दत्तक विधान । इस प्रकार का दत्तक विधान मिथिला तथा उसके निकटस्थ स्थानों में ही प्रचलित है और कानून उसे स्वीकार करता है। स्त्री या पुरुष दोनों में से कोई भी "कृत्रिम" विधान से गोद ले सकता है । 'कृत्रिम' दत्तक विधान की निम्नांकित विशेषताएं हैं, जिनसे उसमें व "दत्तक" विधान में जो भेद है वह स्पष्ट हो जायगा.

(१) 'कृत्रिम' गोद के लिए गोद लिये जाने वाले की स्वीकृति आवश्यक है और इसलिये उसका समझने योग्य होना भी अनिवार्य है। (२) गोद लेने वाले पिता से उसका पहले का, चाहे जो सम्बन्ध हो तथा उसकी उमर चाहे जितनी हो पर वह गोद के पिता की जाति का होना चाहिये (३) 'कृत्रिम' गोद की प्रामाणिकता पर कानून से जायज होने के लिये देने लेने, या दत्तहोम आदि किसी रस्म की आवश्यकता नहीं है.

(४) स्त्री केवल अपने लिये भी 'कृत्रिम' पुत्र गोद ले सकती है चाहे फिर उसके पति ने भी अन्य किसी को गोद ले लिया हो । इसी प्रकार विधवा भी अपने लिये 'कृत्रिम पुत्र' गोद ले सकती है । किंतु स्त्री या विधवा पति की आज्ञा पर भी पति के लिये 'कृत्रिम पुत्र' नहीं ले सकती किन्तु अपने लिये कृत्रिम पुत्र लेने के लिये उन्हें किसी की आज्ञा या स्वीकृति की आवश्यकता नहीं है.

(५) "कृत्रिम" पुत्र का अपने जन्म के कुटुम्ब में अधिकार नष्ट नहीं होता किंतु गोद के खान्दान में वह उसी का उत्तराधिकारी होता है जिसने उसे वास्तव में गोद लिया है.

Adoption, Dwyamushyayana द्वयमुश्शायन दत्तक विधान, अर्थात् दो पिता का पुत्र । जब कोई व्यक्ति अपने लड़के को इस शर्त पर दूसरे को गोद देता है कि वह दोनों का पुत्र समझा जाय तो उसे द्वयमुश्शायन पुत्र कहते हैं और तब वह अपने जन्म तथा गोद दोनों कुटुम्बों के उत्तराधिकार का हक़दार होता है। जब कोई व्यक्ति अपने एक मात्र पुत्र को अपने भाई को गोद देता है तो बहुधा वह दत्तक विधान द्वयमुश्शायन होता है.

दत्तक विधान के सम्बन्ध में "Hindu law by Sir. D. F. Mulla, chapter XXIII" तथा 'दत्तक चन्द्रिका' देखिये.

Adoption in other systems of law अन्य जातियों के कानून में दत्तक विधान । हिंदुओं के समान मुसलमान, पारसी तथा अंग्रेजों में दत्तक विधान नहीं माना जाता और हिंदुओं में भी कई जातियों में गोद लेने का रिवाज नहीं है । मुसलमानी कानून में पुत्र स्वीकार करने का नियम अवश्य है

Adoptive Acts स्वेच्छापरक कानून । पार्लियामेण्ट द्वारा पास किये गये वे कानून जिनको यदि स्थानीय या प्रान्तीय अधिकारी चाहें तो व्यवहार में ला सकते हैं। जैसे वे कानून जिनके द्वारा केन्द्रीय सरकार यानी पार्लियामेण्ट स्थानीय अधिकारियों को सार्वजनिक वाचनालय, पुस्तकालय, अजायबघर आदि स्थापित करने तथा उनके लिए नियम आदि बनाने का अधिकार देती है। इन अधिकारों का उपयोग करना, न करना स्थानीय अधिकारियों की इच्छा पर निर्भर है। पार्लियामेण्ट उनके लिए इन अधिकारियों को मजबूर नहीं करती ।

Adulteration मिलावट; खोट; खाने पीने तथा औषधि

की चीज़ों में दूसरी प्रकार की हलकी तथा कम कीमत की चीज़ें मिलाना। इस प्रकार की मिलावट करके उन्हें असली तथा बिना मिलावट की बतला कर बेचना आदि कानूनी अपराध हैं। दण्ड-विधान की धारा २७२ से २७५ तक में इस प्रकार के अपराधों का वर्णन है।

Adultery व्यभिचार; ज़िना; स्त्री या पति का अन्य व्यक्ति के साथ नाजायज़ या ग़ैर कानूनी तरीके पर मैथुन करना। जब एक पुरुष दूसरे पुरुष की विवाहित स्त्री से बिना उसके पति की मर्जी या मौन स्वीकृति के मैथुन करे तो वह एक अपराध है, (देखो दण्ड-विधान धारा ४९७).

Adultery, accessory to देखो Accessory.

Advance Freight पेशगी किराया; जहाज का पेशगी किराया; जहाज द्वारा माल भेजते समय पेशगी दिया हुआ किराया, जो माल खो जाने पर भी वापिस नहीं मिलता।

Advancement पिता या संरक्षक द्वारा सन्तान को दी गई सम्पत्ति या धन। उत्तराधिकार या सम्पत्ति में अपने हिस्से का बटवारा होने से पहले बेटे को दिया हुआ धन.

Adventure, Bill of—जोखिम-पत्र अर्थात् वह लेख जिसमें जहाज द्वारा माल भेजने वाला व्यापारी यह लिखता है कि भेजा जाने वाला माल दूसरे व्यक्ति का है और वही व्यक्ति उस माल को होने वाली जोखिम या नुकसान का भी जिम्मेदार है। भेजने वाले पर केवल उस माल द्वारा प्राप्त हुई रकम की ही जिम्मेदारी है।

Adverse Claim विरोधी-अधिकार। जब एक ही सम्पत्ति पर दो भिन्न व्यक्ति अपना-अपना अधिकार बतावें तब यह वाक्यांश प्रयुक्त होता है। (देखो Interpleader).

Adverse-Possession विरुद्ध-कब्जा या विरोधी कब्जा। जब किसी सम्पत्ति या वस्तु पर एक आदमी का कब्जा हो और दूसरा आदमी उसका असली मालिक हो तो पहले आदमी का कब्जा दूसरे के विरुद्ध (Adverse) कहलाता है। यदि उपरोक्त सम्पत्ति का असली मालिक कानून द्वारा निर्धारित मियाद (Limitation) के अन्दर उस सम्पत्ति पर अपना कब्जा वापिस लेने का प्रयत्न न करे तो फिर मियाद के बाद मालिक कब्जा नहीं ले सकता और वह सम्पत्ति उसी की हो जाती है जिसका उस पर विरुद्ध-कब्जा (Adverse possession) हो.

Adverse-interest विरोधी-हित; विरोधी-स्वार्थ। जब एक व्यक्ति का हित दूसरे व्यक्ति के विरुद्ध सिद्ध हो तो उसे विरोधी हित या adverse-interest कहते हैं। उदाहरण के लिए 'क' एक नाबालिग़ लड़का है और 'ख' उसका एक विचाराधीन संरक्षक या वलि (Guardian) है। जिस सम्पत्ति का 'क' मालिक है अथवा जिसमें 'क' का हित या हिस्सा है उसमें 'ख' का भी स्वार्थ या हित है। अतः 'ख' का हित 'क' के विरुद्ध (adverse) समझा जायगा और चूँकि 'ख' ऐसी स्थिति में नाबालिग 'क' के हितों की भली प्रकार रक्षा नहीं कर सकता, इसलिए 'ख' 'क' का संरक्षक नहीं बनाया जा सकता।

Advocate वकील; दूसरे व्यक्ति के पक्ष का समर्थन करने वाला। अपने मुवक्किल या पक्षकार की तरफ से अदालत में पैरवी करने वाला। इस प्रकार के व्यक्तियों अर्थात् वकील या एडवोकेटों को न्यायालय से सनद प्राप्त करनी पड़ती है। अपने मुवक्किल के स्थान में लगभग सारी अदालती कार्यवाही करने का उनको अधिकार होता है और उनके द्वारा किया हुआ प्रत्येक कानूनी कार्य उनके मुवक्किल द्वारा किया गया समझा जाकर उसके लिए माननीय होता है। न्यायालय में वकील को अन्य कई अधिकार प्राप्त होते हैं।

Advocate-General सरकारी वकील। सरकार का कानूनी सलाहकार.

Affidavit शपथपत्र। हलफ़नामा। प्रतिज्ञापत्र. शपथ पूर्वक तथा लेखबद्ध किया हुआ बयान जो इस कार्य के लिए नियुक्त सरकारी अधिकारी के सम्मुख शपथ लेकर पेश किया जावे। अदालत में न्यायाधीश के सम्मुख किसी तथ्य (fact) के समर्थन में इस प्रकार शपथ लेकर लिखित बयान अकसर दिये जाते हैं, और यदि इस प्रकार शपथ लेकर दिया गया बयान असत्य निकले तो बयान देने वाले के विरुद्ध अभियोग चलाया जा सकता है। (देखो False evidence तथा perjury)

Affirm (१) समर्थन करना; पुष्टि करना; अपील में नीचे की अदालत के फैसले का समर्थन या पुष्टि।
(२) निश्चयपूर्वक कहना; अदालत में प्रतिज्ञा पूर्वक कहना।

Affirmation निश्चयात्मक कथन; प्रतिज्ञा; सोच विचार कर तथा गंभीरता पूर्वक किया गया बयान। वह बयान जो बिना शपथ लिए किया गया हो किन्तु जो शपथ पूर्वक किये गये बयान के बराबर समझा जावे। जिन लोगों को अपने धार्मिक विश्वासों अथवा मन्तव्यों के कारण शपथ (oath) लेने में एतराज हो, वे शपथ लेने के बदले अदालत आदि में बयान देते समय अन्य प्रकार से अदालत को यह विश्वास दिला सकते हैं कि उनका बयान शपथ लेकर किये गये बयान के समान गंभीर तथा सत्य है और उसके लिए वे उसी प्रकार उत्तरदायी हैं जिस प्रकार शपथ लेने वाला होता है। इसीलिए भा. दं. वि. की धारा ५१ में शपथ (oath) की परिभाषा में affirmation भी सम्मिलित किया गया है।

Affirmative Easement सक्रिय भोगाधिकार। अर्थात् वह भोगाधिकार जो एक भूमि के मालिक को अपनी भूमि (Dominent tenament) के लिए दूसरी भूमि (Servient tenament) पर कुछ करने के रूप में प्राप्त हो; अर्थात् जब एक सम्पत्ति के सुखाधिकार के लिए दूसरी सम्पत्ति पर सक्रिय रूप से कुछ करने का अधिकार प्राप्त हो तो उसे affirmative easement कहते हैं। इसके लिए positive easement शब्द का भी प्रयोग होता है। इससे भिन्न भोगाधिकार के दूसरे प्रकार को Negative easement या निष्क्रिय भोगाधिकार कहते हैं, जिसका अर्थ यह होता है कि एक सम्पत्ति के सुख-पूर्वक उपभोग के लिए दूसरी सम्पत्ति के स्वामी को अपनी भूमि पर कुछ निश्चित् कार्य न करने के लिए बाध्य होना पड़े। निष्क्रिय भोगाधिकार में कुछ करने का अधिकार न होकर दूसरे को "कुछ" न करने देने का अधिकार होता है। जैसे 'वायु' तथा 'प्रकाश' के भोगाधिकार के विषय में एक मकान के स्वामी को यह अधिकार है कि व पड़ोस की भूमि पर इस प्रकार की दीवार आदि न बनने दे या बनने से रोक दे जिससे कि उसके मकान में आने वाला आवश्यक प्रकाश या वायु रुकता हो।

Affray झगड़ा; हंगामा; सार्वजनिक स्थान में दो या अधिक व्यक्तियों द्वारा किया गया झगड़ा; लड़ाई या साधारण मार-पीट। सार्वजनिक स्थान जैसे सड़क, रेलवे प्लेटफार्म या अन्य जगह जहाँ जनता आ-जा सके दो या अधिक आदमियों का मार पीट आदि करके सार्वजनिक शान्ति को भंग करना हंगामा (affray) कहलाता है। यह एक अपराध है (देखो भा. दं. वि. धारा १५९ व १६०) केवल गाली गलौच देना इस अपराध में सम्मिलित नहीं है। affray व riot में भेद है। riot या 'दंगा' बड़ा अपराध है। 'दंगे' या riot का अपराध होने के लिए कम से कम ५ व्यक्तियों का होना आवश्यक है किन्तु affray दो व्यक्तियों में भी हो सकता है। इसी प्रकार affray सार्वजनिक स्थान पर ही होने वाले झगड़े को कहते हैं, riot चाहे जिस जगह हो सकता है। देखो द. वि. धारा १४६ तथा १४१, और Riot व Assembly, unlawful).

Affrethtmeng जहाज के किराये का मोआयदा या इकरार। जहाज द्वारा भेजे जाने वाले माल का किराया तय करना। या माल भेजने के लिए जहाज किराये पर लेना।

Afore thought पूर्व निश्चित। पहले से सोचा हुआ। इरादतन किया हुआ। जान बूझकर किया गया अपराध आदि।

After sight हुंडियों के भुगतान के सम्बन्ध में उपयोग होने वाला एक वाक्यांश जिसका अर्थ यह है कि जिस के नाम हुँडी हो उसके सन्मुख हुँडी पेश करने पर ही हुँडी की मियाद प्रारंभ हो सकती है।

Age आयु; उम्र; कानूनी परिभाषा में इस शब्द (Age) का प्रयोग "कानूनी उ " के अर्थ में होता है, अर्थात् वह उम्र या आयु जिसे प्राप्त करने पर एक व्यक्ति कानूनी कार्यवाही करने में समर्थ या अपराध करने के योग्य समझा जावे। कानूनी उम्र प्राप्त करने के पूर्व किया गया कार्य बहुधा कानूनन जायज् नहीं समझा जाता और न उस समय किया गया अपराध दंडनीय होता है। जैसे भारतीय दंड विधान की धारा ८२ के अनुसार ७ वर्ष से कम आयु के बच्चे द्वारा किया गया

कोई भी कार्य अपराध नहीं है। इसी प्रकार दं. वि. की धारा ८३ के अनुसार ७ से अधिक किन्तु १२ वर्ष से कम उम्र वाला बच्चा, जिसे अपने कार्य का परिणाम समझ सकने लायक ज्ञान न हो, यदि कोई अपराध करे तो वह अपराध नहीं समझा जावगा। इंग्लैंड के कानून के अनुसार १४ वर्ष की आयु तक बच्चा अपराध करने के अयोग्य समझा जाता है और उसका कार्य अपराध नहीं समझा जाता। भारतीय दंड विधान की धारा ९०,३१७, ३६१ व ३७५ आदि में वर्णित अपराधों में भी अपराधी की उम्रका विचार किया जाता है।

Indian Majority Act धारा ३ के अनुसार १८ वर्ष की आयु प्राप्त करने पर एक व्यक्ति बालिग समझा जाता है अतः दीवानी मामलों में भी १८ वर्ष और विशेष अवस्थाओं में २१ वर्ष से पूर्व बालक नाबालिग समझा जाता है और उसे कानूनी कार्यों में स्वतः भाग लेने का अधिकार नहीं होता।

Age of discretion समझ सकने की उम्र; विवेक वय, सिन्नेतमीज़ ७ से १२ तथा १२ से १८ वर्ष तक की उम्र.

Age of Majority प्राप्तवयस्कता; सिन्ने बलुगत अर्थात् वह उम्र जिसे प्राप्त करने पर मनुष्य बालिग समझा जाता है (यानी १८ और विशेष स्थिति में २१ वर्ष की उम्र जैसा कि ऊपर कहा गया है। देखो Major तथा Minor).

Agency मुख्तारी; आढ़त; प्रतिनिधित्व। उन दो व्यक्तियों का कानूनी सम्बन्ध जिसके द्वारा एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति को अपना प्रतिनिधि बनाने या अपनी ओर से कार्यवाही करने का अधिकार दे। (देखो Agent).

Agenda कार्यक्रम, सभा में होने वाले कार्यों का ब्यौरा.

Agent गुमाश्ता; मुख्तार; वकील। वह व्यक्ति जो किसी के बदले में कोई कार्य करने के लिए नियुक्त किया जाय। जब एक व्यक्ति किसी आदमी को अपना प्रतिनिधि या मुख्तार नियुक्त करे और उसे यह अधिकार दे कि वह अन्य व्यक्तियों के साथ होने वाले व्यवहारों में नियुक्त करने वाले व्यक्ति की ओर से सब कार्य करे, जो कि वह स्वयं करता है, तो इस प्रकार के प्रतिनिधि या मुख्तार को agent कहते हैं और जो व्यक्ति agent को नियुक्त करता है उसे Principal कहते हैं (देखो Indian Contract Act अर्थात् भारतीय कानून मोवायदा धारा १८२). प्रतिनिधि या agent के अधिकारः—उत्तरदायित्व तथा agent व Principal का सम्बन्ध आदि के लिए जो निश्चित कानूनी नियम हैं, उनका वर्णन उपरोक्त कानून मोआयदा के अध्याय १० में वर्णित हैं। इस प्रकार के agent को कानूनी कार्यवाहियों में भी अपने नियुक्त करने वाले (Principal) की तरफ से भाग लेने का अधिकार हो सकता है। यह अधिकार यदि केवल किसी खास मुकद्दमे के लिए दिया जावे तो उस व्यक्ति को 'मुख्तार खास' (Special agent) कहते हैं और यदि सब मुकद्दमों तथा Principal की ओर से होने वाली अन्य सब कानूनी कार्यवाहियों के लिए ऐसा अधिकार दिया गया हो तो (जिसे अधिकार दिया जावे) उसे मुख्तारआम (General agent) कहते हैं। मुख्तार द्वारा मुख्तारी सम्बन्धी किये गये सब कामों के लिए मुख्तार नियुक्त करने वाला (Principal) इसी प्रकार जिम्मेदार होता है कि मानो उसने स्वयं ही उन कार्यों को किया हो। Agent मुख्य तीन प्रकार के होते हैं (१) व्यापार सम्बन्धी जैसे दलाल, नीलाम करने वाले, आढ़तिया, साझीदार आदि, (२) मुकद्दमे आदि के लिए बनाये गये मुख्तार या agent जैसे मुख्तारआम, मुख्तारखास, वकील, एटार्नी, सालिसीटर आदि (३) सामाजिक या परस्पर सम्बन्ध रखने वाले agents, जैसे नौकर आदि।

Agent's lien मुख्तार का विशेष अधिकार। मुख्तार को अपनी तनख्वाह, कमीशन या पारिश्रमिक वसूल होने तक मुख्तार बनाने वाले (Principal) की उन वस्तुओं को जो उसके कब्जे में हों रोक रखने का अधिकार प्राप्त है। जब तक अपनी तनख्वाह आदि न मिले तब तक इन चीजों को अपने कब्जे में रखने के इस विशेष अधिकार को agent's lien कहते हैं (देखो कानून मोआयदा, धारा २२१ और Lien शब्द भी देखिये।)

Agent's right of retainer मुख्तार का रोक रखने

का अधिकार। यह भी उपरोक्त अधिकार के समान मुख्तार का एक अधिकार है जिसके आधार पर Principal के लिए मिले हुए रुपयों में से मुख्तार अपनी तनख्वाह या खर्च आदि काट सकता है। (देखो कानून मोआयदा धारा २१७)

Fiduciary Agent देखो Fiduciary.

Aggravate अपराध वृद्धि। दोषाधिक्य करना; संगीन करना; किसी अपराध का और अधिक संगीन होना, या करना.

Aggregate एकत्रित; कुल। जब एक अपराधी को एक से अधिक अपराधों के लिए अलग अलग सजा न देकर सब अपराधों के लिए इकट्ठी सज़ा दी जावे तो उस दंड को Punishment in Aggregate कहते हैं.

Aggressor आक्रमक; पहले आक्रमण करने वाला; जो पहले झगड़ा प्रारंभ करे.

Agnate सगोत्र; गोत्रज; एक व्यक्ति या पुरुष के वंशजों को गोत्रज कहते हैं। एक पुरुष के वंशज होने के कारण गोत्रज आपस में एक दूसरे के रिश्तेदार या भाई समझे जाते हैं और उनमें आपस में विवाह सम्बन्ध नहीं हो सकता। इस शब्द के समान हिन्दू लॉ में इस प्रकार का सम्बन्ध बताने के लिए अन्य शब्दों का भी प्रयोग होता है जैसे पिंड, सकुल्य, समानोदक आदि.

Agreement (1) इकरार, सम्मति, स्वीकृति अहदनामा (2) करारनामा, प्रतिज्ञा-पत्र। दो व्यक्तियों या पक्षों में निश्चित की गई शर्तों का लेख। जब एक व्यक्ति दूसरे के सन्मुख कोई शर्त पेश करता है और वह दूसरा व्यक्ति उसे स्वीकार करता है तो इस प्रकार दोनों में जो समझौता, या इकरार या निश्चय होता है उसे agreement कहते हैं, अर्थात् दो पक्षों द्वारा आपस में एक दूसरे के हित के लिए किया गया निश्चय। इस प्रकार का करार या प्रतिज्ञा-पत्र पालन करने के लिए यदि कानून से एक दूसरे को बाध्य किया जा सके तो उस करार या agreement को मोआयदा यानी Contract कहते हैं। (देखो कानून मोआयदा धारा २)

Agreement, Void निरर्थक निश्चय; अव्यवहार्य अनुमति, अहद-बातिल। जिस निश्चय, या इकरार को पालन करवाने के लिए कानून से विवश न किया जा-सके उसे Void agreement कहते हैं, क्योंकि उसे न्यायालय द्वारा व्यवहार में नहीं लाया जा सकता (का० मो० धारा २ (g))

Agreement, Voidable त्याग सकने योग्य इकरार, जिस निश्चय, इकरार या अनुमति को यदि दोनों पक्षों में से एक पक्ष चाहे तो कानून द्वारा व्यवहार में ला सके तथा जिसे दूसरा पक्ष या व्यक्ति व्यवहार में न ला सके तो इस प्रकार की अनुमति या agreement को Voidable agreement कहते हैं, क्योंकि उसे एक पक्ष वाला चाहे तो व्यवहार में न लाकर रद्द या भंग कर सकता है। (देखो का. मो. धारा २ (१)) उर्दू में Voidable agreement को अहद काबिल-ए.-इबताल कहते हैं।

Void यानी निरर्थक तथा Voidable यानी त्याज्य अर्थात् त्याग सकने योग्य। इन दोनों में जो भेद है वह कानून की दृष्टि से महत्व का है। Void agreement का अर्थ है जो agreement या करार प्रारम्भ से ही निरर्थक हो (Void-ab-initio) अर्थात् कानून की दृष्टि से जो कभी व्यवहार में आने योग्य ही न हो, किन्तु Voidable agreement का तात्पर्य यह है कि जो करार कानूनी दृष्टि से तो व्यवहार में लाने लायक हो किन्तु जो बाद में रद्द किया जा सके। (देखो कानून मोआयदा अध्याय २ तथा Contract शब्द)

Aid सहायता; अपराध करने में सहायता देना दुष्प्रोत्साहन का अपराध है (देखो Abetment.)

Air, Right to—वायु का अधिकार, या वायु का भोगाधिकार (easement)। मकान में आवश्यक वायु या हवा का प्रवेश एक प्रकार का भोगाधिकार या सुखाधिकार है और उसे प्राप्त करने या उसकी रक्षा करने के लिए निश्चित कानून है। (देखो Indian Easement Act)। जहाँ मनुष्य आदि रहते हों उस स्थान की हवा इस प्रकार खराब करना जिससे कि सार्वजनिक स्वास्थ्य को हानि पहुँचे तो भारतीय दंड विधान धारा २७८ के अनुसार वह एक अपराध है।

Aleatory Contract सापेक्ष करार; शरतिया करार; अनिश्चित करार; मोआयदा मशरूत, अर्थात् वह करार

Contract, जो किसी विशिष्ट घटना के होने या न होने पर निर्भर है। भारतीय कानून में इसको Contingent Contract कहते हैं (देखो Indian Contract Act यानी कानून मोआयदा धारा ३१)। उदाहरण के लिए 'क' यह इकरार करे कि यदि 'ख' का मकान जल जाय तो 'क' 'ख' को १००००) रु० देगा। यहाँ 'क' द्वारा 'ख' को १००००) रु० देना 'ख' के मकान के जलने पर निर्भर है, अतः यह इकरार Contingent या Aleatory Contract है। (देखो Contingent).

Alias उर्फ़; उपनाम या दूसरा नाम। जब एक व्यक्ति के एक से अधिक नाम हों तो पहला उसका खास नाम और बाकी के उपनाम (aliases) कहलाते हैं; जैसे रामनारायण उर्फ़ (या alias) बाबूराम.

Alibi अन्यत्र स्थिति, अनुपस्थिति। जब कोई अपराधी अपने बचाव या वरियत में यह कहे या उज्र पेश करे कि अपराध करने का जो समय बताया गया है उस समय वह अपराध-स्थल पर उपस्थित नहीं था, किन्तु अन्यत्र या दूसरी जगह था और इसलिये वह इस अपराध का अपराधी नहीं हो सकता, इस प्रकार के उज्र को Alibi या Plea of alibi कहते हैं।

Alien विदेशी; परदेशी; अन्य देशों के रहने वाले व्यक्ति (इसके लिये Dictionary of Political terms में Alien शब्द देखो)

Alien enemy विदेशी-शत्रु; परदेशी दुश्मन, अर्थात् वह व्यक्ति, जो उस देश की प्रजा हो या उस देश में उत्पन्न हुआ हो जिसके साथ या तो शत्रुता हो या युद्ध हो रहा हो। इस प्रकार के व्यक्ति को बिना गवर्नर-जनरल की विशेष आज्ञा के ब्रिटिश भारत में किसी पर दावा करने का अधिकार नहीं है। (देखो ज़ाब्ता दीवानी धारा ८३)

Alien amy or Alien friend विदेशी मित्र; परदेशी दोस्त अर्थात् वह व्यक्ति जो मित्र-राज्य की प्रजा हो। इस प्रकार के व्यक्तियों का ब्रिटिश भारत के न्यायालयों में दावा आदि करने का वैसा ही अधिकार है जैसा कि ब्रिटिश भारत की प्रजा को है। (देखो धारा ८३ ज़ाब्ता दीवानी।)

Alienated Lands इनामी जमीन; माराज़ी जमीन अर्थात् वह जमीन जिसका पूरा या कुछ लगान माफ हो।

Alienation स्वत्वार्पण, हवालगी, दूसरे को सम्पत्ति देना या सौंपना। जब एक व्यक्ति अपनी सम्पत्ति दूसरे को बेचता है या अन्य किसी प्रकार देता है तो इस प्रकार सम्पत्ति सौंपने के लिए इस शब्द का उपयोग होता है। जिसे सम्पत्ति सौंपी या दी जाती है उसे Alienee (ग्रहीता) कहते हैं और जो सम्पत्ति देता है उसके लिए Alienor (प्रदाता) शब्द का प्रयोग होता है। स्वोपार्जित सम्पत्ति या अन्य सम्पत्ति जिस पर उसके स्वामी का पूरा तथा अबाध्य (unlimited) अधिकार है, उस सम्पत्ति को उसका स्वामी दूसरे को चाहे जिस प्रकार दे सकता है, किन्तु हिन्दू कानून के अनुसार विधवा को अपने पति की सम्पत्ति तथा हिन्दू पुरुष को पैतृक सम्पत्ति को दूसरे को देने (alienation) का अबाध्य अधिकार नहीं है। कुछ विशेष अवस्थाओं ही में ये ऐसी सम्पत्ति दूसरे को दे सकते हैं (देखो मुल्ला का हिन्दू लॉ)।

Alienation after attachment कुर्क सामान या सम्पत्ति अलग करना या दे देना। जो सम्पत्ति अदालत की आज्ञा से कुर्क (attached) हो चुकी है उसे निजी तरीक़े से कोई दूसरे को नहीं दे सकता और यदि इस प्रकार की सम्पत्ति किसी को बेची या दी जावे तो यह बेचना या देना नाजायज़ यानी निरर्थक (Void) समझा जाता है। (देखो ज़ाब्ता दीवानी धारा ६४)

Alieni Juris पराधीन या दूसरे के अधिकार में, अर्थात् जो लोग दूसरों की संरक्षता में हों तथा जिन्हें अपने पर तथा अपनी सम्पत्ति पर सम्पूर्ण अधिकार न हो उनके लिए उपरोक्त वाक्य का प्रयोग होता है। इस प्रकार के व्यक्ति तीन प्रकार के हो सकते हैं (१) नाबालिग़, जो अपने संरक्षकों के आधीन रहते हैं, (२) विवाहित स्त्रियाँ, जिनपर उनके पति का अधिकार होता है, तथा (३) पागल, जिनका दिमाग़ ठीक न होने के कारण, उनकी सम्पत्ति तथा व्यक्तिगत हित दूसरों की देख-भाल में रहता है। इसके विपरीत जो लोग सर्वथा स्वतंत्र होते हैं, उनके लिए Sui Juris शब्द का उपयोग होता है। (देखो Sui Juris)

Aligument कतार बांधना; हद बाँधना; रेखा या कतार द्वारा हद मुकर्रर करना।

Alimony गुज़ारे का खर्च, जीविका। स्त्री यदि तलाक़ आदि के कारण पति से अलग हो जावे तो पति को उसके निर्वाह के लिये जो ख़र्च देना पड़ता है, उसे Alimony कहते हैं। भारतीय दंड विधि-ज़ाब्ता फौज़दारी-धारा ४८८ में इसके लिये maintenance शब्द का प्रयोग किया गया है (देखो maintenance)।

Aliunde दूसरे साधन से; अन्य प्रकार से। जब कोई अभियोग पूर्व सोचे हुये प्रकार या सबूत (Evidence से साबित न हो सके तो उसे दूसरे प्रकार से या दूसरे तरीके के सबूत से सिद्ध करना। इस प्रकार दिये गये दूसरे सबूत को Proof aliunde कहते हैं।

All-fours सब बातों में, सब प्रकार से। जब एक नज़ीर (Ruling या Case) या मुकद्दमा दूसरे मुकद्दमे या नज़ीर से सब बातों में मिलता हो तो यह बात कहने के लिये इस मुहावरे का उपयोग होता है- जैसे This case goes on all-fours with the present case.

Allegans Contraria Non Est Audiendus-- अर्थात् He is not to be heard who alleges things contradictory to each other यह लेटिन भाषा में व्यक्त किया गया न्यायशास्त्र का एक सिद्धान्त है, जिसका अर्थ यह है कि जो व्यक्ति परस्पर विरोधी बातें कहे, उसकी बात पर विश्वास नहीं किया जा सकता।

Allegation अभियोग; दोष; बयान; किसी व्यक्ति के विरुद्ध लगाया गया दोष या अभियोग। दावे या अभियोग में एक पक्ष द्वारा दूसरे पर लगाया हुआ दोष।

Alleged कथित; बयान किया हुआ कोई तथ्य या अभियोग जो लगाया गया या कहा गया या बयान किया गया हो; किन्तु जो उस वक्त तक सिद्ध न हुआ हो; जैसे The alleged libel अर्थात् कथित मानहानि।

Allocature (It is allowed) स्वीकृत खर्च। जब किसी मुकद्दमे में सॉलीसीटर यानी एक प्रकार के वकील का खर्च पेश किया जाता है, तो न्यायालय के अधिकारी द्वारा उसकी जांच होती है, और जब वह अधिकारी उसे प्रमाणित कर देता है, तब उस स्वीकृत खर्च के लिये इस शब्द का प्रयोग होता है।

Allograph दूसरे द्वारा लिखा हुआ। वह दस्तावेज़, जो ऐसे व्यक्ति ने लिखा हो, जिसका उस दस्तावेज़ से कोई सम्बन्ध न हो। अपने हाथ से लिखे हुए दस्तावेज़ को Autograph कहते हैं।

Allonge हुंडी के साथ का कागज़। जब हुंडी या उसकी पीठ पर उसे सकारने या हस्ताक्षर करने (Endorsement) के लिये जगह नहीं बचती तो उसके साथ दूसरा कागज़ लगा दिया जाता है, जिस पर कि दस्तखत आदि किये जा सकते हैं। इस कागज को Allonge कहते हैं।

Allot बाँटना; हिस्सा निश्चित करना; हिस्सा सौंपना।

Allotment. Allot की संज्ञा; बँटवारा; बंटनी; हिस्सा; भाग। कम्पनी लॉ में 'शेयर' आदि की बँटनी के लिये इस शब्द का प्रयोग होता है।

Allottee हिस्सा पाने वाला; वह व्यक्ति जिसके नाम पर शेअर चढाये जाते हैं।

Allotment Note अधिकार-पत्र। यह शब्द जहाजी कारोबार में काम आता है, और इसका मतलब उस दस्तावेज़ से है, जिसके द्वारा जहाज पर काम करनेवाले लोग अपने मालिक को यह अधिकार देते हैं कि वे उनकी तनख्वाह का कुछ भाग या तो सेविंग बेंक में जमा करवा दें या उसे उनके माता, पिता, स्त्री, बेटे, पोते आदि किसी सम्बन्धी को देदें।

Allotment Letter बटवारे का पत्र। किसी कम्पनी के 'शेयरों' या "हिस्सों" को लेने के लिये की गई दरख्वास्त के उत्तर में आया हुवा वह पत्र, जिसके द्वारा यह सूचना दी जाय कि प्रार्थी को कितने 'हिस्से' या 'शेयर' दिये गये हैं। जब तक इस प्रकार के बटवारे का पत्र न मिले, तब तक प्रार्थी उन हिस्सों के लिये जिम्मेदार नहीं समझा जाता। इस प्रकार के पत्र पर टिकिट लगाना आवश्यक है।

Allowance भत्ता; निश्चित वेतन आदि के अलावा दिया गया आवश्यक खर्च (जो सवारी, सफर आदि के लिये दिया जाता है)।

All Rights Reserved सर्वाधिकार सुरक्षित। जब कोई ग्रन्थकार, लेखक या प्रकाशक अपनी किसी कृति, ग्रन्थ या लेख के छापने या प्रकाशित करने का अधिकार कानून द्वारा अपने लिये सुरक्षित कर लेता है, तब उसके लिये यह वाक्यांश प्रयुक्त होता है।

Alluvion शनैः शनैः बढ़ी हुई भूमि; कछार भूमि; वह भूमि जो समुद्र या नदी के पानी के साथ बह कर आई हुई मिट्टी या रेत के जमने से बन जाय। पास की ज़मीन पर धीरे-धीरे पानी के साथ मिट्टी या रेत बह कर जम जाती है और इस प्रकार असली जमीन में जो वृद्धि हो जाती है उसके लिये इस शब्द का उपयोग होता है। इस प्रकार से बढ़ी हुई ज़मीन पर असली भूमि के मालिक का ही अधिकार होता है। (देखो Dereliction)

Alteration परिवर्तन; रद्दोबदल; किसी दस्तावेज़ या अन्य लेख में रद्दोबदल करना। यदि दस्तावेज़ के लिखे जाने के बाद उसमें बड़ा या महत्व का रद्दोबदल किया जाय तो सारा दस्तावेज़ रद्द या निरर्थक हो जाता है। यदि दस्तावेज़ में इस प्रकार का परिवर्तन धोखे से किया जाय तो वह जालसाजी का अपराध हो जाता है।

Alternative वैकल्पिक; विकल्प; दो में से एक; शेष उपाय; दो बातों या चीजों में एक या दूसरी कोई एक। जब कोई व्यक्ति अदालत में दो मांगें पेश कर, उनमें से किसी एक के मिलने की प्रार्थना करे, तो उसे Alternative relief या alternative prayer कहते हैं। इसी प्रकार जब कोई व्यक्ति, दो में से किसी एक अधिकार का हक़दार हो, तो अदालत उसे उनमें से किसी एक को चुनने का अवसर देती है, और एक बार जो एक अधिकार चुन लिया जाय, फिर दूसरे के लिए प्रार्थना करने का उसे अधिकार नहीं रहता। इस प्रकार के दो अधिकारों के लिये भी इस शब्द का उपयोग होता है।

Alternative Charge वैकल्पिक अभियोग। दो में से एक अपराध का अपराधी क़रार देना। जब यह सन्देह हो कि अभियुक्त ने जो काम किया है वह दो या अधिक अपराधों में या दंड विधान की धाराओं में से किसमें दंडनीय है, तो अभियुक्त पर उन सब अपराधों के लिये वैकल्पिक फर्द जुर्म (charge) लगाया जा सकता है, और अन्त में जो अपराध सिद्ध हो उस के लिये उसे दंड दिया जा सकता है। जैसे, यदि किसी आदमी के पास चोरी का माल पकड़ा जाय, और यह निश्चय न हो कि वह माल उसीने चुराया है, तो उस पर दोनों, यानी चोरी या चोरी का माल लेने का फर्द जुर्म लगाया जा सकता है। इस प्रकार के दूसरे फर्द जुर्म को alternative charge कहते हैं (देखो दंडविधि धारा २३६ Criminal procedure code S 236)

Alternative Plea वैकल्पिक उत्तर; या सफ़ाई; आपत्ति या उज्र; किसी बात के उत्तर में, या किसी अभियोग के जवाब में दो बातें इस प्रकार कहना कि या तो यह बात है या वह, अर्थात् दोनों में से किसी एक पर निर्भर रहना। इस प्रकार के उज़र के लिये यह शब्द प्रयोग में आता है।

Amalgamation ऐकीकरण; सम्मेलन; एक होना। कंपनी कानून (Company Law) के अनुसार जब दो या अधिक कंपनियाँ या व्यापारिक मंडल एक में मिल जाते हैं, तब उस एकीकरण के लिये Amalgamation शब्द काम में लाया जाता है।

Ambassador राजदूत; एलची; एक राज्य का दूसरे राज्य में रहनेवाला प्रतिनिधि। इस प्रकार के राजदूत को दीवानी मामलों में कैद नहीं किया जा सकता और न उसे पकड़वाया जा सकता है। उसकी सम्पत्ति भी कुर्क नहीं की जाती।

Ambiguity अस्पष्टता, संदिग्धता; द्विअर्थकत्व; (जैसे "नरो वा कुंजरो वा") जब किसी शब्द या वाक्य का अर्थ स्पष्ट न हो अर्थात् उसके एक से अधिक अर्थ निकलें तो उसके इस दोष के लिये ambiguity शब्द का प्रयोग होता है। कानून की दृष्टि से दस्तावेज़ आदि में दो प्रकार की अस्पष्टता हो सकती हैं, एक Latent या प्रच्छन्न, अथवा गुप्त व दूसरी Patent यानी 'प्रकट'। यदि दस्तावेज़ के किसी शब्द या वाक्य में Latent ambiguity हो तो उसको स्पष्ट करने के लिए जबानी शहादत दी जा सकती है जिससे उसका अर्थ स्पष्ट हो जाय। जैसे, यदि किसी मृत्यु-पत्र यानी वसीयत में वसीयतदार ने यह लिखा हो कि

एक हजार रुपये मेरी पोती शकुन्तला को दिये जावें और अगर उक्त वसीयतदार की शकुन्तला नाम ही की दो पोती हों तो इस बात की जबानी शहादत दी जा सकती है कि दोनों में से किस शकुन्तला के लिये १०००) की वसीयत की गई है। यहां पर यद्यपि वाक्य स्पष्ट है, किन्तु उसका अर्थ अस्पष्ट है। अतः उसे दूर करके दस्तावेज़ का पालन किया जा सकता है।

किन्तु दस्तावेज़ की Patent ambiguity को दूर करने के लिये ज़बानी शहादत देने की क़ानून आज्ञा नहीं देता। जैसे, यदि उपरोक्त दस्तावेज़ में 'शकुन्तला' व 'पोती' दोनों शब्दों की जगह खाली हो, या जिसे १०००) देना हो उसका नाम पता न दिया गया हो, तो ज़बानी शहादत द्वारा यह सिद्ध नहीं किया जा सकता कि वसीयत करने वाला किसे १०००) रु० देना चाहता था। क्योंकि यह अस्पष्टता इतनी साफ़ है कि उसके अर्थों में मतभेद होने का सवाल ही नहीं उठता। ऐसी हालत में दस्तावेज़ यानी वसीयत का वह भाग रद्द समझा जायगा।

(२) दावा या जवाबदावा आदि यदि अस्पष्ट (ambiguous) हो तो उसे स्पष्ट किये बिना मुकद्दमा नहीं चल सकता, अथवा जिसने उसे पेश किया है, उसके विपक्ष में अस्पष्टता का अर्थ करके चलेगा। दस्तावेज़ लिखने वाले ने यदि कोई अस्पष्टता छोड़ दी है तो उसके अर्थों में से वह अर्थ लिया जायगा जो लिखने वाले के पक्ष में न हो।

(३) दस्तावेज़ों की भाषा की अस्पष्टता ambiguity को स्पष्ट करने या उनके अर्थ लगाने के विषय में क़ानून शहादत (Indian Evidence Act धारा ९३, ९७) आदि में कुछ नियम दिये गये हैं। इन नियमों में यह बताया गया है कि क़ानून किस प्रकार की भाषा की अस्पष्टता, व किन अवस्थाओं में उसे स्पष्ट करने की इजाज़त देता है।

Ambit परिधि; सीमा; परिभाषा। किसी कानून या धारा की सीमा। कोई बात एक कानून की परिभाषा या परिधि में आती है या नहीं, यह कहने के लिये इस शब्द का प्रयोग होता है।

Ambulatory परिवर्तनशील; बदलने योग्य; जैसे वसीयत करने वाला जबतक जीवित हो तबतक वह अपनी वसीयत बदल सकता है, और इसलिए वसीयत करने वाले की जिन्दगी तक उसकी वसीयत को Ambulatory Will अर्थात् परिवर्तनशील वसीयत कहते हैं। वसीयत करनेवाले की मृत्यु के पश्चात् उसकी वसीयत नहीं बदल सकती और इस प्रकार उसकी अन्तिम इच्छा निश्चित या न बदलने लायक हो जाती है।

Amenable जवाबदेह; वशवर्ति; किसी कानून के वश में होना अर्थात् वह कानून किसी व्यक्ति पर लागू होना। जैसे He is amenable to law, अर्थात् कानून उस पर भी लागू हो सकता है, या वह भी कानून के प्रति उत्तरदायी है।

Amendment संशोधन; तरमीम; सुधार; किसी कानून में संशोधन करना। अदालतों में इस शब्द का निम्नांकित अर्थों में प्रयोग होता है; जैसेः—

Amendment of Pleadings बयानात की तरमीम अर्थात् दावा, जवाबदावा, तथा अदालत में दिये गये अन्य लिखित बयान या अर्जियों को सुधारना। यदि उपरोक्त दावे, अर्जी, या जवाबदावे आदि में कोई गलती हो, या उसे बदलना हो, तो न्यायालय की आज्ञा लेकर उसे बदला या सुधारा जा सकता है। और इस प्रकार सुधारने को Amendment of pleadings कहते हैं। (देखो ज़ाब्ता दीवानी आर्डर ६ रूल १७)। यदि आज्ञा प्राप्त करने पर निश्चित समय में उपरोक्त सुधार न किया जाय तो जबतक पुनः अदालत अवधि न बढ़ावे, तब तक दावे आदि में सुधार नहीं किया जा सकता (देखो आ० ६ रू० १८ ज़ा० दीवानी) Pleadings शब्द में Plaint (अर्जीदावा), Written statement (जवाबदावा) आदि दोनों अर्थात् वादी और प्रतिवादी यानी मुद्दई और मुद्दाअलेह द्वारा दिये गये लिखित बयान सम्मिलित हैं। अतः अदालत की कार्यवाही में यदि कोई गलती या दोष हो तो अदालत की आज्ञा लेकर उसे सुधारा (amend) जा सकता है। (देखो ज़ाब्ता दीवानी धारा १५३)।

Amendment of Judgments, Decrees or Orders अदालत के फैसले, डिगरी या आज्ञा आदि

में सुधार या तरमीम करना। यदि अदालत के फैसले, या अन्य आज्ञाओं में गणित अर्थात् संख्या सम्बन्धी, अथवा लिखने की भूल या गलती रह गई हो, तो न्यायाधीश को स्वयं उसे सुधारने का अधिकार है (देखो धारा १५२ जाब्ता दीवानी)। साधारण नियम यह है कि एक फैसला या हुक्म सुनाने पर सुनानेवाला न्यायाधीश उसमें परिवर्तन नहीं कर सकता, जब तक कि उन कानूनी नियमों का पालन न किया जाय जो इस विषय में बनाये गये हैं। जैसे नज़रसानी (Review) में बहुधा एक न्यायाधीश का फैसला अपील या निगरानी ही में दूसरा न्यायाधीश बदल सकता है, किन्तु यह नियम उन महत्वपूर्ण परविर्तनों के लिए ही है जो कि फैसले आदि की आधारभूत बातों में किये जायं। किन्तु यदि कलम की भूल से (By slip of pen) या लिखते समय ग़लती से कोई बात उलटी या गलती लिख दी जाय तो उसे लिखने वाला न्यायाधीश स्वयं ही सुधार सकता है। जैसे 'रामचन्द्र का बेटा देवदत्त' के स्थान में यदि 'देवदत्त का बेटा रामचन्द्र' लिखा गया हो; या १० वर्ष की जगह १०० वर्ष लिख गया हो तो इस प्रकार की भूलें सुधारी जा सकती हैं।

Amendment of memorandum of appeal अपील का प्रार्थनापत्र सुधारना। यदि किसी फ़ैसले या हुक्म की अपील (यानी पुनर्विचार) के लिए लिखा गया प्रार्थनापत्र तत्संबंधी निश्चित नियमों के अनुकूल न हो तो उसे सुधारना (देखो आ० ४१ रू० ३ ज़ाब्ता दीवानी)।

Amends क्षति-पूर्ति; हर्जाना; मुआवज़ा; किसी नुक़सान की भरपाई करना।

Amencement or Ameriament आर्थिक दंड; जुर्माना; वह जुर्माना जो न्यायाधीश या जूरी की इच्छा पर निर्भर हो और कानून द्वारा निश्चित न हो। बहुधा इस शब्द का उपयोग जूरी (Jury यानी अदालत के पंच) द्वारा किये गये जुर्माने के लिए होता था। आजकल इस प्रकार का जुर्माना नहीं होता।

Amy—मित्र; Friend (देखो Alien amy.)

Amicus Curic न्यायालय का मित्र, अर्थात् वह व्यक्ति या वकील, जो न्यायाधीश की किसी कानूनी भूल के सुधारने में या उसके किसी सन्देह के निवारण करने में सहायता दे (२) फांसी आदि के संगीन अभियोगों में यदि अभियुक्त की तरफ से कोई वकील न हो और न उसके पास वकील करने की सामर्थ्य हो तो उसकी इच्छा से सरकार उसके लिए वकील नियुक्त कर देती है और उसकी फीस भी सरकार ही देती है। इस प्रकार अपराधी की ओर से सरकार द्वारा नियुक्त वकील को भी Amicus Curic कहते हैं; क्योंकि वह अपराधी का पक्ष न्यायालय के सन्मुख रख कर न्याय करने में न्यायाधीश की सहायता करता है।

Amnesty राज-क्षमा; सरकार के विरुद्ध किये गये अपराध के अपराधियों को क्षमा-दान देना या छोड़ देना। इस प्रकार की क्षमा राज्यारोहण, सन्धि या अन्य किसी विशेष अवसर पर दी जाती है। यह क्षमा किसी निश्चित तिथि तक किये गये अपराधों, या निश्चित प्रकार के अपराधों के अपराधियों को, या राज्य के विरुद्ध अपराध के लिए दंडित समस्त कैदियों को दी जा सकती है। जब यह क्षमा सब के लिए हो तो इसे General amnesty कहते हैं और कुछ निश्चित लोगों के लिए हो तो उसे particular amnesty कहते हैं। एक बार इस प्रकार राज-क्षमा पाकर मुक्त होने पर फिर उसी अपराध के लिए उन्हें दंड नहीं दिया जा सकता।

Amount (१) रकम; संख्या; राशि (२) परिमाण, जैसे Amount of loss या Amount of punishment.

Analogy उपमान; सादृश्य; तुलना। किसी बात को उसी के सदृश बात का उदाहरण देकर सिद्ध करने को Analogy से सिद्ध करना कहते हैं। वकीलों को जब ठीक उसी प्रकार की कोई नज़ीर न मिले, जिस प्रकार की बात या विषय को वे सिद्ध करना चाहते हैं, तो वे दूसरे विषय का उदाहरण, जो समान सिद्धान्त पर ही स्थित हो, देकर अपनी बात को सिद्ध करते हैं। इस प्रकार समान उदाहरण के बल पर तर्क करने को Reasoning by analogy कहते हैं। संस्कृत तर्कशास्त्र में इसे उपमान कहते हैं। न्यायशास्त्र के अनुसार उपमान की परिभाषा यह

है:— "प्रसिद्ध साधर्म्यात्साध्य साधनमुपमानम्" उदाहरण के लिए यह कहना कि जैसी यह गाय है वैसी ही नील गाय होती है तो यह उपमान हुवा ।

Ancestor पूर्वज; पूर्व पुरुष ।

Ancestral Property पैत्रिक सम्पत्ति; वह सम्पत्ति जो हमारे बाप दादों की उपार्जित की हुई हो । बाप-दादों की जायदाद् । इस प्रकार की सम्पत्ति पर हिन्दुओं में पुत्र का जन्म-सिद्ध अधिकार होता है । (देखो Seperate property).

Anchorage बंदरगाह का महसूल; वह महसूल जो जहाज वालों से बंदरगाह में उतरने के बदले लिया जाता है । यह एक प्रकार का बंदरगाह का किराया है ।

Ancient प्राचीन; पुराना ।

Ancient Light वायु का भोगाधिकार । बीस वर्ष से बराबर आने वाला प्रकाश । यदि खिड़की में बराबर २० वर्ष से प्रकाश या वायु आती हो, तो वायु आने के उस मार्ग को बंद नहीं किया जा सकता, क्योंकि वह एक प्रकार का भोगाधिकार समझा जाता है, जिसे Right of access to ancient lights अर्थात् प्राचीन वायु का उपयोग करने का अधिकार कहते हैं (देखो Easement).

Ancient Monument प्राचीन स्मारक । प्राचीन समय की इमारतें; स्तम्भ; खुदाई कला की चीजें तथा पत्थर की मूर्तियां आदि । इस प्रकार की वस्तुओं को, उनके ऐतिहासिक महत्व के कारण सुरक्षित रखा जाता है, और जो उन्हें नष्ट करता है, वह दंडनीय समझा जाता है । प्राचीन स्मारकों की रक्षा के लिए सन् १९०४ में एक कानून बनाया गया है जिसे Ancient Monument Preservation Act कहते हैं ।

Ancient Document प्राचीन दस्तावेज़ । जो दस्तावेज़ ३० वर्ष से ज्यादा पुराना हो उसे प्राचीन दस्तावेज़ कहते हैं । इसके लिए Ancient Writings अर्थात् प्राचीन लेख का भी प्रयोग होता है । क़ानून शहादत की धारा ९० के अनुसार यदि इस प्रकार के प्राचीन दस्तावेज़ उसी स्थान से प्राप्त हों, जहां से कि वे होने चाहियें, तो उनकी वास्तविकता स्वयं सिद्ध समझी जाती है, और उन्हें सच्चा या वास्तविक सिद्ध करने के लिए प्रमाण देने की आवश्यकता नहीं होती ।

Ancilary सहायक या पूरक । Ancilary और Auxilary के समान अर्थ हैं ।

Animal पशु; जानवर । भारतीय दंड विधान धारा ४७ के अनुसार मनुष्य को छोड़कर प्रत्येक जीवधारी इस शब्द के अन्तर्गत समझा जाता है । दंड विधान में जानवरों द्वारा की गई हानियों के लिए उनके मालिक जिम्मेदार समझे जाते हैं और इस जिम्मेदारी को निश्चित करने के लिए जानवरों को निम्न प्रकार से विभाजित किया गया है ।

Animals, domesticated—पालतू जानवर; जैसे गाय, भैंस, बकरी बैल, आदि । इस प्रकार के जानवर यदि किसी को मारें या चोट पहुंचावें तो साधारणतः उनके स्वामी को दंड नहीं दिया जा सकता, क्योंकि ये जानवर स्वभावतः हानि पहुंचाने वाले या हिंसक नहीं होते और बिना छेड़े किसी को नहीं मारते । किन्तु यदि इस प्रकार का कोई जानवर हिंसक प्रवृत्ति का हो या 'मरखना' हो, और उसके स्वामी को उस जानवर की इस प्रवृत्ति का ज्ञान हो ,तो उसके द्वारा पहुंचाई गई चोट या हानि के लिये उसका स्वामी जवाबदेह समझा जाता है ।

Animals, Non-domesticated or Wild जंगली जानवर; जैसे शेर, साँप, सूअर आदि । ये जानवर स्वभावतः ही हिंसक होते हैं । अतः उनको रखने वालों पर यह जिम्मेदारी है कि वे उन्हें इस प्रकार संभाल कर रक्खें कि वे किसी को हानि न पहुंचा सकें । इस प्रकार के जानवरों द्वारा यदि किसी को चोट या हानि हो तो, उसके लिए उनको रखनेवाले जिम्मेदार समझे जाते हैं ।

एक तीसरे प्रकार के जानवरों की भी श्रेणी है जो वैसे तो शान्त होते हैं किन्तु बिगड़ जाने पर हिंसक या हानि पहुँचाने वाले हो जाते हैं; जैसे कुत्ता, घोड़ा, हाथी आदि । अतः इनके पालने वालों पर पालतू जानवरों से अधिक तथा जंगली जानवरों से कम जिम्मेदारी है । इन्हें भी साधारणतः संभाल कर रखना चाहिये और जब यह मालूम हो कि उनमें हिंसक प्रवृति आगई है, तो उनकी विशेष संभाल करनी आवश्यक है; जैसे पागल कुत्ता ।

किन्तु दूसरों की जमीन या मकान आदि में

घुस कर किसी प्रकार का नुकसान करने पर सब प्रकार के जानवरों के स्वामी मदाखलतबेजा अर्थात् अनाधिकार प्रवेश के अपराधी समझे जाते हैं और उन्हें उसके लिए हर्जाना देना पड़ता है। अतः कानून जानवरों के पालनेवालों का यह कर्त्तव्य समझता है कि वे उन्हें संभाल कर रक्खें और दूसरों की भूमि में न घुसने दें। (देखो दं. वि. धारा २८९)

जानवरों पर के अधिकार या उनके स्वामित्व के सम्बन्ध में भी उन जानवरों का उपरोक्त विभाजन महत्व का है। पालतू जानवर उनके स्वामियों की सम्पत्ति होती है और उन्हें चुराने पर चोरी का अपराध होता है। जंगली जानवर जब तक पालतू बनाकर न रक्खे जायं तब तक किसी की सम्पत्ति नहीं समझे जाते।

Animus नीयत; भावना; इच्छा; उद्देश्य; हेतु।

Animus Cancellandi—Animus Revocandi रद्द करने या बदलने की मंशा या इच्छा। मंसूख करने की नीयत।

Animus Furandi चुराने की इच्छा या नीयत। चोरी के अभियोग में अपराधी की चुराने की नीयत थी, यह सिद्ध करना ज़रूरी है।

Animus Manendi रहने की नीयत; बसने की मन्शा; निवास करने की इच्छा। किसी का निवासस्थान (domicile) निश्चित करते समय यह जानना आवश्यक है कि जहां का वह निवासी कहलाना चाहता है वहाँ बसने की उसकी नीयत सिद्ध होती है या नहीं। (देखो domicile)

Animus Revertendi लौटाने की इच्छा या नीयत। जब कोई व्यक्ति किसी की चीज ले जाता है या अमानत रखता है, तो उस पर अमानत में खयानत करने या विश्वासघात का अपराध लगाने पर न्यायालय को यह निर्णय करना आवश्यक है कि अपराधी की नीयत उस वस्तु को लौटाने की थी या नहीं।

Animus testandi नीयत वसीयत करने की।

Annexation दूसरे की भूमि या देश पर अधिकार कर उसे अपने देश में मिला लेना। दूसरे की भूमि या देश को बिना उसके राजा या निवासियों की इच्छा के अपने अधिकृत करना। यह बहुधा बलपूर्वक किया जाता है।

Ani Nubites कन्या की विवाह योग्य अवस्था।

Annoisance—Nuisance उत्पात; कष्ट। (देखो Nuisance)

Announce प्रकट करना; ऐलान करना; प्रसिद्ध करना घोषणा करना।

Announcement of assesment ज़मीन पर जो महसूल लगाया जाय, उसका ऐलान करना।

Annoyance त्रास; क्लेश; आज़ार; मानसिक व्यथा; या शारीरिक कष्ट। भारतीय दंड विधान की धारा ४४८ में अनाधिकार प्रवेश यानी मदाखलत बेजा के अपराध में यदि अपराधी का दूसरे के घर में या स्थान में प्रवेश, उसे क्लेश या दुःख (Annoyance) पहुंचाने की इच्छा से हो तो वह अपराध सिद्ध हो जाता है।

Annual वार्षिक; सालाना।

Annual tenancy वार्षिक किरायेदारी। किसी जमीन या घर में साल भर तक रहने या रखने का इकरार करना, और साल खतम होने पर ही उसे बदलना या बंद करना।

Annuity वर्षासन; सालाना भत्ता; वार्षिक वेतन; साल या वर्ष के अन्त में दी जाने वाली रक़म।

Annuities, Abatement of: सालाना भत्ते का कम होना या घटना। जब इस प्रकार वार्षिक मिलने वाला भत्ता (रक़म) किसी के नाम वसीयत कर दिया जाय और बाक़ी की सम्पत्ति पर्याप्त न हो, तो यह वसीयत किया हुवा भत्ता भी अनुपात से कम हो जायगा। (देखो Abatement of Legacies)

Annul रद्द करना; निःशेष करना; मनसूख करना; जैसे किसी दिवालिया का दिवालियापन रद्द करना या मनसूख करना (Annuling an adjudication in bankruptcy) जैसे अपना सारा क़र्जा पूरा चुका देने पर दिवालिया व्यक्ति पर से दिवालियापन हटाया जा सकता है।

Annul lwetus शोक का वर्ष। जब किसी का पति मर जाय तो उसकी विधवा को अंग्रेजी कानून के अनुसार एक वर्ष तक दुबारा विवाह करने की आज्ञा नहीं मिलती थी। इंगलैंड के सिविल लॉ का यह एक क़ानून

था जो अब प्रचलित नहीं है। किन्तु मुसलमानी क़ानून में अब भी यह नियम है कि एक पति के तलाक़ देने पर उसकी स्त्री कुछ दिन तक, ४ महिने १० दिन तक, दूसरा विवाह नहीं कर सकती इस ४ महीने १० दिन के समय को 'इद्दत' कहते हैं।

Anomaly अनियमितता; विचित्रता; बेतरतीब; या बेकायदे। दो परस्पर विरोधी बातों, या नियमों के लिये इस शब्द का उपयोग होता है। जब कोई बात तर्क या सर्वमान्य सिद्धान्तके विपरीत हो तो उसे Anomaly कहते हैं। कानून में भी इस प्रकारकी विचित्रता या अनियमितता होती है, जैसे यह कानून कि पत्नि के कुछ अपराधों के लिये, यथा मदाखलतबेजा, मानहानि पति को दंड दिये जाने का कानून।

Antelitem motam, Before a suit is put in motion अर्थात् दावा करने से पहले।

Antigraphy प्रतिलिपि; दस्तावेज़ की नकल।

Antinomy नियम-विरोध; दो क़ानूनों का परस्पर विरोध या एक ही क़ानून की दो धाराओं या विभागों का एक दूसरे के विरुद्ध होना; एक क़ानून का दूसरे क़ानून से विरोध होना।

Antiqua (or qetera) Statuta-Ancient statute प्राचीन कानून (Acts); इंगलैण्ड के वे क़ानून जो रिचर्ड प्रथम के राज्यकाल से एडवर्ड तृतीय के राज्यकाल तक बने थे।

Antiquation क़ानून पास करने से इन्कार करना। इस सम्बन्ध में कुछ और शब्द ये हैं (I) Abrogation क़ानूनी या शासन विधान द्वारा नियत साधनों से किसी क़ानून को रद्द करना (देखो Abrogation शब्द जो पहले दिया गया है) (II) Derogation यानी क़ानून के किसी भाग या अंश मात्र को रद्द करना या वापिस लेना (III) Subrogation अर्थात् क़ानून में कोई नवीन धारा या अंश बढाना। (IV) Dispensation अर्थात् किसी विशेष अवस्था या व्यक्ति के लिये क़ानून को स्थगित कर देना या रद्द कर देना।

Antimities प्राचीन काल की वस्तुऐं; वे चल वस्तुऐं जिनका कुछ ऐतिहासिक आदि महत्व हो। प्राचीन काल की अचल वस्तुओं (Anciei monuments) के समान इनकी रक्षा का भी भारत सरकार ने प्रबन्ध किया है (देखो Ancient monument preservation Act)

Anwadheyaka अन्वधेयका। एक प्रकार का स्त्रीधन; वह धन जो विवाह के पश्चात् स्त्री को उसके पीहर या ससुराल से मिला हो (देखो हिन्दू लॉ)

Apography प्रति; नकल; सूची।

Apology क्षमा-याचना; माफी मांगना। मानहानि के दावों में बहुधा क्षमा या माफी मांगने पर अपराधी छूट जाता है अथवा उसे हलका दंड दिया जाता है।

Apparent प्रगट, Appairent easement (देखो Easement)

Apparent Heir उत्तराधिकारी; युवराज; (देखो Heir apparent)

Appeal अपील; बड़ी अदालत में पुनर्विचार करने की प्रार्थना; विवाद; छोटी अदालत के अन्याय के खिलाफ़ बड़ी अदालत में शिकायत या न्याय करने की प्रार्थना करना; छोटी या मातहत अदालत के फैसले को बदलने या रद्द करने की प्रार्थना। जो अपील या उपरोक्त प्रकार की प्रार्थना करता है उसे Appellant यानी अपील करनेवाला अथवा प्रार्थी कहते हैं, और उसके दूसरे पक्ष अर्थात् छोटे कोर्ट में जो अपीलैन्ट के विरुद्ध था, उसे प्रतिवादी कहते हैं। एक प्रकार से वह वह व्यक्ति है जिसके विरुद्ध अपील की गई हो। इस प्रकार Appellant के प्रतिपक्षी को Respondent कहते हैं।

दीवानी और फौज़दारी दोनों मामलों में Appeal की जा सकती है; किन्तु इसके लिए निश्चित नियम हैं, जिनमें यह कहा गया है कि किन-किन अवस्थाओं में, किस-किस कोर्ट में, तथा किस प्रकार Appeal की जा सकती है। दीवानी व फौजदारी के प्रत्येक निर्णय के विरुद्ध Appeal नहीं की जा सकती, किन्तु जिन निर्णयों के विरुद्ध Appeal का अधिकार नहीं है, उन पर भी कुछ अंशों में पुनर्विचार किया जा सकता है। इस प्रकार के आँशिक पुनर्विचार को फौजदारी में Revision यानी निगरानी या संशोधन कहते हैं तथा दीवानी में Revision और Review यानी 'नज़रसानी' या "पुनर्दृष्टि" कहते हैं।

उदाहरणार्थ, फ़ौजदारी मामलों में यदि कोई अपराधी अपना अपराध स्वीकार करले, और उस स्वीकृति पर उसे सेशन कोर्ट या अन्य पहले दर्जे के मजिस्ट्रेट द्वारा दंड दिया गया हो, तो सज़ा या दंड को कम करने के सिवाय अन्य किसी बात पर appeal नहीं हो सकती। (देखो दंडविधि criminal procedure code धारा ४१२)। इसी प्रकार अगली धारा ४१३ के अनुसार छोटे मामलों में अपील नहीं हो सकती। जैसे, जब सेशन कोर्ट द्वारा १ महीने से अधिक की सज़ा न हुई हो, अथवा सेशन कोर्ट, ज़िला मजिस्ट्रेट या पहले दर्जे के मजिस्ट्रेट द्वारा पचास रुपये से अधिक दंड न हुआ हो तो इन सजाओं के विरुद्ध 'अपील' नहीं की जा सकती। किन्तु इनके विरुद्ध भी Revision हो सकती है।

इसी प्रकार ज़ाब्ता दीवानी की धारा ९६ के अनुसार कुछ अपवादों को छोड़कर अन्य डिग्रियों के विरुद्ध अपील की जा सकती है और धारा १०० के अनुसार अपील में हुई डिग्रियों के विरुद्ध हाईकोर्ट में दूसरी अपील भी हो सकती है। किन्तु दूसरी अपील किसी कानूनी विधि के दोष पर ही की जा सकती है। इसी प्रकार 'डिग्रियों' के सिवाय दीवानी अदालत की कुछ आज्ञाओं (orders) के खिलाफ़ भी अपील हो सकती है। (देखो जाब्ता दीवानी धारा १०४)। अदालत खफ़ीफ़े की डिग्री तथा वादी-प्रतिवादी की स्वीकृति से दीगई डिग्रियों की तथा अन्य इसी प्रकार की जिन डिग्रियों की अपील नहीं हो सकती उनकी निगरानी (revision) हो सकती है।

अपील, निगरानी, तथा नजरसानी में अंतर है। अपील (appeal) तथ्य (facts) तथा 'कानून' (law) दोनों के आधार पर की जा सकती है। निगरानी (revision) 'कानून' तथा तत्सम्बन्धी विषयों पर ही हो सकती है। अपील तथा निगरानी सदा दूसरी ऊपर की अदालत में की जाती है। नजरसानी का अर्थ है, जिस अदालत ने निर्णय दिया हो उसी अदालत को उस पर पुनर्विचार करने की प्रार्थना करना (देखो Revision व Review)

Appear अदालत में उपस्थित होना; हाज़िर होना। 'appear' शब्द का कानूनी अर्थ दावे या अभियोग तथा अन्य कानूनी कार्यवाही में उपस्थित होकर उसमें भाग लेना है। केवल न्यायालय की हद में अथवा कमरे में उपस्थित होने मात्र से उपस्थिति नहीं समझी जाती, किन्तु बुलाये जाने पर अपने उपस्थित होने की सूचना देने तथा उत्तर-प्रत्युत्तर अथवा हस्ताक्षर आदि द्वारा मुकद्दमे में भाग लेने पर ही पक्षकार या वकील की उपस्थिति (Appearance) समझी जाती है।

Appearance उपस्थिति; हाज़री। इंगलैण्ड के हाईकोर्ट में प्रतिवादी के लिए यह आवश्यक है कि वह यह लिख कर दे कि उसके विरुद्ध जो मुकद्दमा है, उसमें वह स्वयं अथवा उसका वकील पैरवी करेगा। यदि वकील पैरवी करे तो उसका नाम-पता आदि लिखना आवश्यक है। इसे Appearance या उपस्थिति कहते हैं। भारत में प्रतिवादी (या अन्य पक्षकार) के हस्ताक्षर तथा वकील की स्वीकृति के साथ वकालतनामा या वकील-पत्र दाखिल किया जाता है, जिसके आधार पर वकील को प्रतिवादी के बदले उपस्थित होने, उत्तर देने या अन्य पैरवी आदि कार्य करने का अधिकार होता है। जो वकील नीचे की अदालत में हो वह केवल इस बात की सूचना देकर कि अपील में भी वही पैरवी करेगा, अपील-न्यायालय (Appellate Court) में उपस्थित हो सकता है। ऊपर कहे गये वकील-पत्र को या सूचना दाखिल करने को appearance या appearance दाखिल करना कहते हैं। मुकद्दमे की सूचना मिलने पर यदि सूचित किया गया व्यक्ति बिना कारण स्वयं या उपरोक्त प्रकार से वकील द्वारा उपस्थित न हो तो अनुपस्थित पक्षकार के खिलाफ एक तरफ़ा निर्णय हो सकता है। (देखो आर्डर ज़ाब्ता दीवानी)।

AppellateCourt विवाद न्यायालय; अदालते मुतल्लक अपील; वह अदालत जिसको अन्य अदालतों के निर्णय पर पुनर्विचार करने या अपील सुनने का अधिकार हो। किस न्यायालय को, किस न्यायालय तथा किन विषयों के विरुद्ध अपील सुनने का अधिकार है, तथा अपील सुनने वाली अदालत के इस विषय में क्या क्या अधिकार हैं, इन सब बातों के लिये ज़ाब्ता दीवानी तथा ज़ाब्ता फ़ौजदारी में निश्चित नियम हैं। (देखो ज़ाब्ता दीवानी धारा १०७ तथा आर्डर ४१ से ४५ और

ज़ाब्ता फ़ौजदारी धारा ४०५ से ४९१ तथा ४२३ व ४२५ से ४३०)।

Appellant विवादी; अपील करने वाला (देखो Appeal)।

Appellate-jurisdiction अपील-अधिकार-क्षेत्र; अपील-न्यायालय का अधिकार-क्षेत्र। अपील सुनने वाली अदालत के, इस विषय में जो अधिकार हैं, उनका निर्देष करने अथवा उनकी सीमा बताने के लिये इस वाक्यांश का उपयोग होता है।

Appellee वह व्यक्ति जिसके विरुद्ध किसी अपराध या हानि के लिये दण्ड दिलाये जाने की प्रार्थना की गई हो। यह शब्द इंगलेण्ड में प्रयुक्त होता है।

Appellor वह ख़ानगी व्यक्ति, जो किसी अन्य(Appellee) के विरुद्ध यह प्रार्थना करे कि उसने (appellee) फलाँ अपराध किया है और उसके कारण मुझे फलाँ नुकसान हुआ है, अतः अपराधी को दण्ड दिया जाना चाहिये। (यह शब्द भी appellee के साथ तथा समान इंगलैंड में व्यवहृत होता है)।

Appendant (१) अनुषंगिक पदार्थ; उपांग; किसी मुख्य वस्तु से सम्बन्धित छोटा पदार्थ, (२) किसी बड़े अधिकार के साथ छोटा अधिकार। जैसे, आराज़ी ज़मीन या पुरस्कृत ज़मीन में जो वृक्ष हों, उनका उपयोग करने का अधिकार। इस प्रकार का अधिकार प्रारम्भ से तथा आवश्यक रूप से प्रधान अधिकार के साथ लगा हुवा होना चाहिये। इस प्रकार के उप-अधिकार जब प्रारम्भ से न होकर बाद में प्राप्त किये जायं तो उन्हें appurtenances कहते हैं। उपरोक्त appendant तथा appurtenant दोनों शब्द भोगाधिकार (Easement) के सम्बन्ध में प्रयुक्त होते हैं। देखो Appurtenant।

Appendix (१) परिशिष्ट; किसी मुख्य पुस्तक, प्रार्थना-पत्र या अन्य लेख-बद्ध चीजों के साथ लगा हुआ अंश, भाग या लेख, काग़ज़ आदि।

(२) प्रिवी कौंसिल अथवा हाऊस ऑफ लार्ड्स (House of Lords) में प्रस्तुत अपील या मुकद्मों के साथ लगी हुई या छपी हुवी पुस्तिका। विवादी और प्रतिविवादी, दोनों की ओर से इस प्रकार की छपी हुई पुस्तक अपने-अपने पक्ष-पत्र के साथ लगाई जाती है। इस प्रकार की पुस्तक में निचली अदालत में पेश हुए दस्तावेज़ साक्ष तथा अन्य सबूत होते हैं।

Application (1) अर्ज़ी; प्रार्थना-पत्र; निवेदन; दरख़्वास्त; (2) अदालत में की जाने वाली प्रार्थना, चाहे फिर वह लिखित हो या मौखिक। किसी मुक़द्दमे के दर्म्यान, यानी जब तक उसका अंतिम निर्णय न हो जाय तब तक, समय-समय पर वादी-प्रतिवादी द्वारा जो लिखित प्रार्थना या अर्ज़ी दी जाय, उसके लिये इस शब्द का उपयोग होता है। (3) उपयोग; एक वस्तु का किसी के साथ सम्बन्ध लगाना, अथवा उसका उपयोग करना।

Appointee (1) नियुक्त किया हुवा व्यक्ति; वह व्यक्ति जिसे किसी स्थान या कार्य के लिये नियुक्त किया गया हो।

(2) वह व्यक्ति, जिसके पक्ष में सम्पत्ति आदि के लिये नियुक्ति-पत्र लिखा गया हो, अर्थात वह व्यक्ति, जिसके लिये दस्तावेज़ में सम्पत्ति देने या सौंपने का बन्दोबस्त किया हो।

Appointment (1) बन्दोबस्त; विधान ; नियुक्ति (2) सम्पत्ति का अधिकारी नियुक्त करना। जब एक व्यक्ति को किसी सम्पत्ति की अन्तिम व्यवस्था करने अथवा उसे किसी को देने का अधिकार दिया गया हो, तो उस व्यक्ति द्वारा उपरोक्त अधिकार के अनुसार सम्पत्ति की जो व्यवस्था की जाय अथवा उसके लिए किसी को अधिकारी बनाया जाय, उसे appointment कहते हैं।

Appointor नियुक्त करने वाला; वह व्यक्ति जो उपरोक्त प्रकार से appointment करे।

Apportionment बटवारा; विभाजन; यथायोग्य हिस्सा करना।

इस शब्द का एक विशेष अर्थ में उपयोग होता है, अर्थात् एक सम्पत्ति पर जब एक के बाद दूसरे का अधिकार हो तो उन दोनों व्यक्तियों के अधिकारों को निश्चित करने के अर्थ में यह शब्द व्यवहृत होता है।

उदाहरण के लिए 'क' ने 'ख' को अपना मकान १००) रु० माहवार पर किराये दिया और प्रतिमास की अंतिम तारीख को किराया दिया जाने लगा।

मान लो जून की १५ तारीख को 'क' ने अपना मकान 'ग' को बेच दिया। अब १५ जून तक मकान का अधिकार 'क' को और १५ से आगे 'ग' को हुआ। अतः ३० जून को दोनों में उसके किराये का बटवारा इस प्रकार होगा कि 'ख' १५ जून तक के ५०) रु० 'क' को और १५ से ३० तक के लिए ५० रु०) 'ग' को देगा। इसी प्रकार यदि 'क' पूरा मकान न बेच-कर आधा बेचे तो 'ख' का यह कर्त्तव्य होगा की जिस दिन उसे इस बात की सूचना मिले, उस दिन से वह ५०) रु० माहवारी के हिसाब से 'क' को तथा ५०) रु० माहवारी के हिसाब से 'ग' को किराया दे। इस उपरोक्त व्यवस्था को ही apportionment कहते हैं। देखो स्वत्वार्पण कानून (Transfer of Property Act) धारा ३६ व ३७।

Appraiser मूल्य आंकने वाला; दाम या कीमत कूतने वाला। (देखो appraisement)

Appraisement (1) तख़मीना; मूल्य की जांच।

(2) इंगलैण्ड के कानून में, किराये के लिये कुर्क की-हुई सम्पत्ति को बेचने से पूर्व उसका मूल्य आंकना आवश्यक समझा जाता था, जो कि दो सनदयाफ्ता मूल्य आंकने वालों (appraisers) को शपथ देकर कराया जाता था। अब, जबतक कि किरायेदार न कहे तबतक ऐसा करने की आवश्यकता नहीं समझी जाती। सनदयाफ्ता मूल्य आंकने वालों को appraiser कहते हैं।

Approbate and Reprobate किसी दस्तावेज़ के अनुकूल भाग को स्वीकार करना तथा प्रतिकूल भाग को अस्वीकार करना। कानून बहुधा इस बात की इजाज़त नहीं देता कि कोई व्यक्ति एकही दस्तावेज़ के कुछ भाग को तो मानले क्योंकि उससे उसे लाभ होता है, और बाकी भाग को न माने क्योंकि वह उसके विरुद्ध जाता है अथवा उससे उसे कोई हानि होती है। ऐसी अवस्था में या तो पूरे दस्तावेज़ को मानना पड़ता है या पूरे से इन्कार करना पड़ता है।

Appropriation किसी निश्चित रकम को, किसी निश्चित कर्ज़ में जमा करना। जब किसी कर्ज़दार पर एक ही आदमी के अनेक कर्ज़ हों तो उसे यह अधिकार है कि वह रुपया देते समय यह आदेश दे कि वह रुपया किस कर्ज़ में जमा किया जाय। कर्ज़दार जिस कर्ज़ की अदायगी के लिए रुपया दे लेनदार के लिए उसे उसी कर्ज में जमा करना आवश्यक है। किन्तु यदि कर्ज़दार इस प्रकार का कोई आदेश न दे तो लेनदार उन रुपयों को अपनी इच्छानुसार चाहे जिस कर्ज़ में जमा कर सकता है। किन्तु यदि रुपया जमा करते समय कर्ज़दार व लेनदार किसी के द्वारा यह निश्चित न हो कि रुपया किस कर्ज़ में जमा किया जाय, तो वैसी हालत में अदालत पहले दिये गये रुपयों को पहले कर्ज़ में जमा किया हुवा समझती है। जब कर्ज़दार प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से यह निर्देश न करे कि उसने जो रुपया दिया है वह उसके किस कर्ज़ में जमा किया जाय तो लेनदार उसे चाहे तो उस कर्ज़ में भी जमा कर सकता है जो मियाद के बाहर हो चुका है और जिसके लिए वह कर्ज़दार पर दावा भी नहीं कर सकता हो। इसी प्रकार जब यह स्पष्ट न हो कि दिया गया रुपया कर्ज़दार या लेनदार किस कर्ज़ में जमा करना चाहते हैं तो अदालत भी उसे सर्व प्रथम कर्ज़ में जमा करेगी चाहे फिर वह कर्ज़ मियाद के बाहर हो। जब सारे कर्ज़ एक ही समय के हों तो इनमें रुपया कर्ज़ों के अनुपात से जमा किया जावेगा अर्थात् यदि एक कर्ज़ १००) रुपया का दूसरा २००) रुपये का हो और ७५) रु० दिये गये तो २५) रु० २००) रु० के कर्ज़ में जमा किये जायँगे। क़ानूनी परिभाषा में appropriation उपरोक्त प्रकार से कर्ज़ में रुपया जमा करने को कहते हैं।

Approve (१) स्वीकार करना; पसन्द करना।

(२) उन्नत करना; अधिक उपयोगी बनाना। इस विशेष अर्थ में approve शब्द का भूमि या ज़मीन को अधिक उपयोगी करने अथवा उसकी पैदावार या किराया बढ़ाने के अर्थ में प्रयोग होता है। ज़मीन से अधिक से अधिक जितना फ़ायदा उठाया जा सके उतना उठाने का यत्न करना इस शब्द का भाव है।

Approvement—(१) भूमि का लाभ। उपरोक्त प्रकार से भूमि को उन्नत करके जो मुनाफ़ा या फ़ायदा हो उसे approvement कहते हैं।

(२) Approver या सरकारी या इक़बाली गवाह का काम (देखो approver)।

Approver सरकारी गवाह; मुजरिम इक़रारी; क्षमा प्राप्त गवाह; मुख़बिर अर्थात् वह गवाह, जो अपराध करने में सम्मिलित था, याने अपराध के बारे में जानकारी रखता था, किन्तु जिसे अपना अपराध स्वीकार कर लेने पर सरकार द्वारा इस शर्त पर क्षमा दी गई हो कि वह अपराध के बारे में जो कुछ जानता है उसे अदालत में साफ़ और पूरी तौर पर सच-सच बयान कर दे। (देखो भारतीय दंड विधि धारा ३३७ Criminal Procedure Code S. 337).

Appurtenance (१) अनुषंगिक पदार्थ; उपांग।

(२) किसी भूमि पर के अधिकार के साथ का अधिकार; वह अधिकार जो मुख्य अधिकार के लिए प्राप्त किया जाय। Appendant के समान यह भी भोगाधिकार (Easement) के सम्बन्ध का शब्द है और Appendant शब्द का बहुत कुछ समानार्थि है, किन्तु appendant में व इसमें यह भेद है कि Appurtenance वह अधिकार है जो प्रारंभ से न होकर बाद में चिरकाल भोग या अन्य प्रकार से प्राप्त किया गया हो, जैसे जमीन के साथ चरागाह। appendant प्रारंभ से ही मुख्य अधिकार के साथ सम्बंधित अधिकार को कहते हैं। (देखो Appendant) इसी प्रकार appurtenance मुख्य अधिकार के उपभोग के लिए आवश्यक नहीं होता, किन्तु मुख्य अधिकार के उपभोग में सुभीता देने के लिए होता है, विपरीत इसके appendant वह उप-अधिकार है जो मुख्य अधिकार के उपभोग के लिए आवश्यक होता है।

Appurtenant विशेषण; उपरोक्त appurtenance शब्द का अंगभूत, अनुषंगिक।

Apratibandha अप्रतिबन्ध; हिन्दू लॉ का शब्द, जिसका अर्थ अबाध्य या बिना शर्त का उत्तराधिकार है अर्थात् जो जन्म से प्राप्त हो, जैसे, पिता की सम्पत्ति पर पुत्र का उत्तराधिकार। इसके विपरीत जिस उत्तराधिकार में कोई बाधा हो अर्थात् जो जन्म से प्राप्त न होकर किसी व्यक्ति के मरने पर प्राप्त हो। (देखो (Daya) उसे सप्रतिबन्ध (दाय) कहते हैं)।

Arbitration पंचायत; मध्यस्थता; सालसी।

जब दो या अधिक व्यक्ति अपने आपस के झगड़ों का निर्णय कराने के लिये किसी तीसरे व्यक्ति या व्यक्तियों को पंच या मध्यस्थ बनाते हैं तो इस प्रकार की पंचायत या मध्यस्थता के लिये यह शब्द व्यवहृत होता है। इसे दूसरे शब्दों में यों कह लीजिये कि जब दो पक्षों के झगड़े का निर्णय न्यायालय द्वारा न होकर दोनों पक्षों की सम्मति से नियुक्त किये गये पंचों द्वारा होता है तब उसे Arbitration कहते हैं।

जो मामला अदालत में पेश हो चुका है, तथा जो अभी पेश नहीं हुआ है, उन दोनों के लिये पंचायत नियुक्त की जा सकती है। जो मामला अदालत में पेश हो चुका है, वह, उससे सम्बन्धित व्यक्तियों या पक्षों की लिखित प्रार्थना पर, अदालत के फैसले के पूर्व, चाहे जब, पंचायत के निर्णय के लिये दिया जा सकता है। इस प्रकार सौंपे गये मामले पर पंचों का जो निर्णय होता है उसे अंग्रेजी में Award अर्थात् 'पंच फैसला' या 'पंच निर्णय' कहते हैं। यदि यह फैसला कानूनी नियमों के विरुद्ध न हो तो अदालत उसी फैसले को मान्य कर, उसी के अनुसार अपना फैसला दे देगी और उस मामले से सम्बन्धित व्यक्तियों के लिये वह मान्य होगा। यदि अपना झगड़ा मध्यस्थ को सौंपने का समझौता न्यायालय के बाहर हो, तो भी वह 'समझौता' (Agreement) में प्रस्तुत करके उसी प्रकार पालन कराया जा सकता है, जिस प्रकार न्यायालय के सम्मुख मध्यस्थ बनाने की स्वीकृति पालन कराई जाती है।

यहां यह स्मरण रखना चाहिये कि उपरोक्त प्रकार की पंचायत या मध्यस्थता या उसका निर्णय उन्हीं बातों के सम्बन्ध में होना चाहिये जिन पर दीवानी अदालत में मुकद्दमा चलाया जा सकता हो। उपरोक्त पंचायत या मध्यस्थता के विषय में जो कानूनी नियम हैं, उनका वर्णन मध्यस्थता-कानून या कानून सालसी (Indian Arbitration Act of 1899) तथा ज़ाब्ता दीवानी धारा ८९ और विशेषकर द्वितीय तालिका (Second Schedule) में है।

Arbitrator मध्यस्थ; पंच; सालिस।

Area of Supply पूर्ति प्रदेश; प्रदान-क्षेत्र। "भारतीय बिजली कानून" (Electricity Act of IX of 1910) में इस वाक्यांश का तात्पर्य उस क्षेत्र या स्थान विशेष से है जिसमें बिजली या बिजली की शक्ति (Energy) देने का अधिकार किसी बिजली की कंपनी को दिया गया हो। बिजली देने वाली कंपनी को सरकार से सनद (License) प्राप्त करना पड़ता है, और उस सनद में जिस क्षेत्र का निर्देश हो, कम्पनी को उसी क्षेत्र में बिजली देने का अधिकार रहता है।

Argument बहस; वाद-विवाद; दलील; मुक़द्दमे में वकील द्वारा अपने पक्ष के समर्थन में न्यायधीश के सन्मुख किया हुआ वाद-विवाद। इस प्रकार की बहस में मुक़द्दमे के तथ्यों, क़ानून की धाराओं तथा पूर्व-निर्णीत मुक़द्दमों के उदाहरणों यानी नज़ीरों को पेश करके व उन पर आलोचना आदि करके अपने पक्ष का समर्थन व दूसरे पक्ष का खण्डन किया जाता है।

Argumentative युक्तियुक्त; तर्कयुक्त; दीवानी अदालत का यह नियम है कि दावा, अर्जी दावा, जवाबदावा आदि में केवल तथ्यों (Facts) व क़ानूनों का वर्णन होना चाहिये, उनके समर्थन में शहादत, तर्क अथवा युक्तियों का उनमें समावेश न होना चाहिये। अतः जब उपरोक्त अर्जीदावों आदि (Pleadings) में तथ्यों के साथ अपनी युक्तियाँ व क़ानूनी अनुमान आदि भी हों तो उसे Argumentative Pleadings कहते हैं और यदि उनका संशोधन न किया जाय तो उनको ख़ारिज किया जा सकता है।

Arms शस्त्र; हथियार। भारतीय-शस्त्र क़ानून (Arms-Act) के अनुसार इस शब्द में बन्दूक, पिस्तौल, तलवार, छुरी, तीर-कमान और यहाँ तक कि शस्त्र बनाने की मशीन तक सम्मिलित हैं।

Arraign, Arraignment--दोषारोपण; दोषारोपण करने के लिये अभियुक्त को अदालत के सन्मुख पेश करना; जवाब तलब करना। इंग्लैंड के क़ानून में इस शब्द का विशेष अर्थ है। अपराधी या जिस पर कोई अभियोग हो उसे न्यायाधीश के सन्मुख उपस्थित किया जाता है और उसका नाम लेकर, उस पर जो अभियोग है वह उसे समझाया जाता है और तत्पश्चात् उससे पूछा जाता है कि वह उस अपराध को स्वीकार करता है या नहीं। इस सब कार्यवाही को Arraignment कहते हैं। भारतीय दण्ड-विधि की धारा २४२ में भी समन्स-केसों (Summons Cases) में यही नियम है। अन्य प्रकार के अभियोगों यानी वारण्ट-केसों (Warrant Cases) में इस प्रकार का दोषारोपण व जवाब-तलबी फ़र्द-जुर्म (Charge) लगाने के बाद करने का नियम है। (देखो दण्ड-विधान धारा २५५)

Array (१) रचना; व्यवस्था; पंक्ति या श्रेणी बनाना (२) अदालत में ज्यूरी लोगों (अदालती पंचों) की व्यवस्था करना अर्थात् ज्यूरी लोगों की सूची में से, किसी विशेष मुक़द्दमे के लिये, कुछ ज्यूरी के लोगों को बुला कर, उन्हें यथाक्रम श्रेणी या पंक्ति में बैठाना।

Array, A challenge to, नियुक्त "जूरी" के विरुद्ध आपत्ति करना अर्थात् यह कहना कि "जूरी" निष्पक्ष नहीं है, या अन्य कारणों से उनके स्थान में अन्य लोग नियुक्त किये जाँय। देखो धारा २७७ दण्ड-विधि (Criminal Procedure Code)।

Arrears (१) बाक़ी; शेष; बक़ाया (२) वह धन जो चुकाना हो; चुकाने के लिये निश्चित समय व्यतीत हो जाने पर बाक़ी रही हुई रक़म।

Arrentation बाढ़ लगाने की आज्ञा। यदि किसी की जमीन के चारों ओर जंगल हो तो उसे अपनी जमीन के चारों ओर बाढ़ लगाने तथा खाई खुदवाने के लिए महकमा जंगलात से आज्ञा लेनी पड़ती है और जंगलात की अदालत को इस प्रकार की आज्ञा की सनद (License) देने का अधिकार होता है। (यह अंग्रेज़ी क़ानून का शब्द है)

Arrest गिरफ्तारी; गिरफ्तार करना; पकड़ना; न्यायालय या अन्य सरकारी अधिकारी की आज्ञा से किसी को पकड़ना अर्थात् उस पर ऐसा शारीरिक प्रतिबन्ध लगाना जिससे कि उसकी गतिविधि की स्वतन्त्रता नष्ट होकर, उसे क़ानून की आज्ञा के अनुसार अपनी गति सीमित करनी पड़े। क़ानूनी अपराधों के लिये इस प्रकार की गिरफ्तारी की जाती है, जो बहुधा न्यायाधीश की लिखित आज्ञा से की जाती है। इस प्रकार की लिखित आज्ञा को वारंट (Warrant or Warrant of arrest) कहते हैं। गिरफ्तारी 'कारावास' की प्रारं-

भिक अवस्था है। बहुधा गिरफ्तार किये जाने पर, गिरफ्तार हुए व्यक्ति को या तो ज़मानत पर छोड़ दिया जाता है अथवा हवालात में रक्खा जाता है। उस अवस्था में वह विचारा-धीन क़ैदी (Under-trial prisoner) कहलाता है और उस पर लगाये गये अभियोग का निर्णय हो जाने पर यदि वह निर्दोष सिद्ध हुआ तो छोड़ दिया जाता है, और अपराधी सिद्ध होकर क़ैद की सज़ा हुई तो जेल में भेज दिया जाता है।

भारतीय क़ानून के अनुसार दीवानी तथा फौज़दारी दोनों तरह के मामलों में गिरफ्तार करने का नियम है। दीवानी मामलों में डिग्री की इजराय में क़र्ज़दार को इसलिये गिरफ्तार किया जा सकता है कि या तो वह लेनदार को रुपया दे, या जेल जाय। फौज़दारी मामलों में गिरफ्तारी का नियम अधिक प्रचलित है और कभी-कभी उसमें बिना वारंट के भी गिरफ्तार किया जा सकता है। वारंट-केसों व अन्य संगीन अभियोगों में अदालत की आज्ञा से व कुछ अवस्थाओं में पुलिस और यहांतक कि ख़ानगी लोगों द्वारा भी अपराधियों व संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया जा सकता है। भारतीय दंड-विधि (ज़ाब्ता फौज़दारी) के अध्याय ५ में गिरफ्तारी सम्बन्धी क़ानून में उनका वर्णन किया गया है। दण्ड विधि की धारा ४२ के अनुसार गिरफ्तारी के काम में पुलिस की सहायता करना जनता का कर्त्तव्य बताया गया है। दंडविधानकी धारा २२४ के अनुसार स्वयं अपनी गिरफ्तारी तथा धारा २२५ के अनुसार किसी अन्य व्यक्ति की गिरफ्तारी के विरुद्ध बल-प्रयोग करना अथवा उसमें बाधा डालना भी एक अपराध है।

Arrestment 'स्काच' भाषा (स्काटलेण्ड की भाषा) में Attachment शब्द का पर्यायवाची Arrestment शब्द है। (देखो Attachment)

Arretted वह व्यक्ति जिस पर न्यायाधीश के सन्मुख पेश करके दोष या जुर्म लगाया गया हो। (देखो Arraign)

Arson गृहदाह; आतिशज़नी; आग लगाना; जलाना; मकान या सम्पत्ति जलाना। जान बूझकर तथा दुष्ट भावना से किसी घर, मन्दिर या अन्य प्रकार के मकान को जलाने को Arson कहते हैं। इसके लिए Incendiarism शब्द का भी प्रयोग होता है। भारतीय दंड विधान में इसे Mischief by fire कहते हैं और यह एक संगीन अपराध है। (देखो भा० दं० वि० धारा ४३६)खड़ी खेती, अनाज, जहाज, खान, आदि जलाना भी Arson कहलाता है।

Art and Part इस मुहावरे का उपयोग किसी अपराध के करने में सहायता देने या उकसाने के अर्थों में होता है। उदाहरणार्थ इस प्रकार अपराध करने में सहायता देने वाले व्यक्ति के लिए यह कहा जाता है कि He is art and part guilty. इसी प्रकार To have neither art nor part in this offence कहने का अर्थ यह है कि इस अपराध से (अमुक व्यक्ति का) कोई सम्बन्ध नहीं है यानी न उसने उसके करने में कोई भाग लिया, न किसी तरह की सहायता दी।

Articled Clerk 'सालीसिटरी' का उम्मीदवार; वह व्यक्ति, जो किसी सालीसिटर या अटार्नी (एकप्रकार के वकील) के यहाँ क्लर्की या नौकरी करने के लिये वचनबद्ध हो। इस प्रकार का इक़रार करने का अर्थ यह है कि जो क्लर्क सेवा या नौकरी करता है, उसे सालिसिटर (Solicitor) या अटार्नी (Attorney) अपने पेशे की शिक्षा देगा, जिससे कि वह क्लर्क भी बाद में स्वयं सालीसिटर या अटार्नी बन सके। सालीसिटर या अटार्नी बनने से पूर्व, कुछ समय के लिए, इस प्रकार किसी अनुभवी सालीसिटर या अटार्नी के अन्तर्गत शिक्षा व अनुभव प्राप्त करना आवश्यक होता है, और इस प्रकार शिक्षा प्राप्त करके जो सालीसिटर या अटार्नी बनने का उम्मेदवार हो उसे Articled Clerk कहते हैं।

Articles इस शब्द का उपयोग अनेक अर्थों में होता हैं–

(1) वस्तु; पदार्थ; निबन्ध;

(2) लेख; दफ़ा; शर्त आदि। क़ानूनी परिभाषा में इस शब्द के निम्नलिखित अर्थ होते हैं:—

(i) किसी दस्तावेज़ या क़रारनामे की दफ़ा, (clause) या वाक्यांश, अथवा लेख भाग या खण्ड (paragraph) जैसे Article 3 of the Agreement.

(ii) क़रारनामा; दस्तावेज़; जैसे Marriage articles.

(iii) परस्पर स्वीकृत नियम;

(iv) किसी कम्पनी या संस्था के नियम, जैसे Articles of Company आदि;

(v) किसी इक़रार, मोआयदे या अन्य दस्तावेज़ को क़ानूनी तौर पर अन्तिम रूप देने से पूर्व तय की गई लिखित शर्तों को भी Articles कहते हैं, जैसे Articles of Partnership.

(vi) Articles of Association— किसी व्यापारिक संस्था या कंपनी के नियम। कार्यप्रणाली आदि (देखो भारतीय कम्पनी क़ानून—(Indian Companies Act of 1913) धारा २;

(vii) Articles of Impeachment. House of Lords अर्थात् इंग्लैण्ड की लॉर्ड सभा के न्यायालय में जब किसी पर अभियोग चलाया जाता है, तो अभियुक्त पर जो दोष लगाये जाते हैं, उन्हें Articles of impeachment कहते हैं।

Articles of religion धर्म के नियम या सिद्धान्त; वह नियम, जिनका पालन करना किसी धर्म के अनुयायी होने के लिए आवश्यक हो।

Articles of the peace इंगलैंड में, जब किसी व्यक्ति को, किसी अन्य व्यक्ति द्वारा शारीरिक क्षति पहुँचने की आशंका हो तो अदालत में इसके लिए वह रक्षा की जो प्रार्थना करता है या जो शिकायत करता है उसे Articles of the peace कहते हैं। इस प्रकार न्यायाधीश के सन्मुख शपथ लेकर जो शिकायत पेश की जाती है उसके आधार पर, जिसके ज़रिये शारीरिक क्षति पहुंचने की आशंका हो, उससे यह ज़मानत ली जाती है कि वह किसी निश्चित समय तक मारपीट आदि करके शान्ति-भंग न करेगा। भारतीय दंड विधि (Criminal procedure Code) की धारा १०७ में भी इसी प्रकार का आयोजन है।

Artificial Persons कृत्रिम 'व्यक्ति' या काल्पनिक व्यक्ति। क़ानून में जिस प्रकार व्यक्तियों व मनुष्यों के, अधिकार व कर्तव्य हैं, उसी प्रकार मनुष्य-समूह के यानी मनुष्यों द्वारा बनाई गई संस्थाओं, जैसे Company, Association, Corporation, Istitution आदि के भी अधिकार एवम् कर्तव्य प्राप्त हैं। जिस प्रकार एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति पर अदालत में दावा कर सकता है, तथा जिस प्रकार उस पर भी दावा किया जा सकता है, उसी प्रकार मनुष्यों की संस्थाओं पर तथा उन संस्थाओं द्वारा भी दावा किया जा सकता है और इसलिए क़ानून में यह कल्पना की गई है कि व्यक्तियों के समान अधिकार व कर्तव्य होने के कारण ये संस्थायें भी एक प्रकार के व्यक्ति हैं, क्योंकि संस्थाओं पर भी संस्थायों के नाम से (किंतु उनके अधिकारियों की मार्फत) क़ानूनी कारवाई हो सकती है, इसलिये उन्हें कृत्रिम व्यक्ति Artificial persons माना गया है। यह एक क़ानूनी कल्पना है, जो क़ानूनी कारवाई की सुविधा तथा व्यापार, कला, विद्या आदि की उन्नति के लिये की गई है।

Fictitious person शब्द इसका पर्यायवाची है। व्यक्ति अर्थात् स्वाभाविक मनुष्य को Natural Person कहते हैं।

As of right अधिकार पूर्वक। भोगाधिकार (easement) के सम्बन्ध इस वाक्यांश का अर्थ यह है कि किसी भोगाधिकार को चुपचाप नहीं, किंतु प्रकट रूप से तथा बिना किसीसे आज्ञा लिये काम में लाना। ऐसा लगातार चिरकाल (कम से कम २० वर्ष) तक करते रहने से या लेने से उस बात का अधिकार प्राप्त हो जाता है। (देखो Easment तथा Prescription)

Ascendent पूर्वज, अर्थात् बाप, दादा, पड़ दादा, आदि। इसके विपरीत बेटे, पोते आदि सन्तान या वंशज शब्द के लिये descendent शब्द का उपयोग होता है। (देखो हिन्दू लॉ)

Asporation सामान या सम्पत्ति ले जाना। चोरी के अभियोग में चुराये हुए सामान को उसकी अपनी जगह से हटाना और दूसरी जगह ले जाना आवश्यक है। चाहे स्थान-परिवर्तन कितना ही थोड़ा हो; किंतु होना अवश्य चाहिये। बिना किसी वस्तु को अपने

स्थान से उठाये या हटाये चोरी की परिभाषा में नहीं आता। उपरोक्त शब्द अंग्रेज़ी क़ानून का है, किन्तु भारतीय दंड विधान धारा ३७९ में भी इन्हीं अर्थों में "Move" शब्द का प्रयोग किया गया है।

Assassination गुप्त-हत्या; धोखे या कपट से मार डालना।

Assault आघात, हमला या हल्ला करने अथवा पीटने या मारनेका प्रयत्न। Assault मारनेकी व्यवहार्य धमकी को कहते हैं। सचमुच किसीको मारने या पीटनेके लिये इस शब्द का प्रयोग नहीं होता। उसके लिये अंग्रेजी क़ानून में Battery शब्द का उपयोग होता है। भारतीय दंड विधान की धारा ३५१ के अनुसार, यदि कोई इस प्रकार का इशारा या तय्यारी करे, कि जिस से, उसका, दूसरे को मारने या पीटने का इरादा प्रकट हो, अथवा दूसरे व्यक्ति के हृदय में यह भय उत्पन्न हो कि इशारा आदि करने वाला व्यक्ति मारने या पीटने ही वाला है, तो इस प्रकार के इशारे या पीटने की अन्य धमकी को Assault कहते हैं। केवल धमकी-पूर्ण शब्द अथवा ऐसी धमकी, जो कार्यान्वित न हो सके, Assault नहीं कहलाता। उदाहरण के लिए, यदि कोई व्यक्ति चलती रेलगाड़ी में से, स्टेशन पर खड़े किसी व्यक्तिको घूंसा दिखावे, तो वह Assault नहीं है, क्योंकि दोनों व्यक्ति जानते हैं कि वह घूंसा उसके नहीं लग सकता। इसी प्रकार केवल धमकीपूर्ण शब्द Assault नहीं है, किन्तु यदि इशारे या अन्य व्यवहार के साथ धमकीपूर्ण शब्द मिलकर यह प्रकट करे कि वह इशारा या व्यवहार पीटने के लिये किया जा रहा है, तो वहAssault है, जैसे हाथ की लकड़ी दिखाकर यह कहना कि "मारूंगा" Assault है। Assault भी एक अपराध है (देखो भा० दं० वि० धारा ३५२ आदि)।

Assay परीक्षा; परीक्षण। नापने या तोलने के 'बाँट' तथा सिक्कों की परीक्षा करने के अर्थ में इस शब्द का उपयोग होता है।

Assent अनुमति; सम्मति; स्वीकृति; रजामन्दी। क़ानून में सम्मति का अर्थ यह है कि वह बात को, उसके एक ही या यथार्थ रूप में समझ कर दी गई हो। जैसे किसी ने 'सैंधव' देने की सम्मति दी। लेने वाले ने उसे घोड़ा समझा, और देने वाला समझता रहा कि उसने नमक देने की स्वीकृति दी है, क्योंकि 'सैंधव' का अर्थ घोड़ा और नमक दोनों ही होते हैं। (देखो कानून 'मोआयदा' धारा १३ Indian Contract Act)। इसी प्रकार करार, या मोआयदे में दी गई सम्मति तभी क़ानूनन जायज़ है, जब वह स्वतंत्रतापूर्वक दी गई हो और जो अनुचित दबाव, धमकी, भूल या धोखे से न ली गई हो (देखो कानून मोआयदा धारा १४ Indian Contract Act)।

Assent शब्द किसी क़ानून की अन्तिम स्वीकृति के लिये भी उपयुक्त होता है। जैसे, इंग्लैण्ड में Parliament द्वारा स्वीकृत बिल वहाँ के राजा की स्वीकृति होने पर ही 'Act' या क़ानून बनता है। इसी प्रकार भारतीय धारा सभा (Legislature) द्वारा 'पास' हुए प्रत्येक क़ानून पर गवर्नर जनरल की स्वीकृति आवश्यक है। उसके बिना वह कार्यान्वित नहीं होता।

Assess कर-निर्धारण; कर लगाना; टैक्स, या महसूल में दिये जाने वाले धन का निश्चय करना।

Assessed Taxes निश्चित कर; वह कर जो निश्चित वस्तुओं पर लगाया गया हो, जैसे मकान, गाड़ी आदि पर का टैक्स।

Assessment—Income Tax Act में प्रयोग होने वाला एक शब्द, जिसका अर्थ है इनकमटैक्स यानी आय-कर लगने योग्य आय या सम्पत्ति का निर्णय करके उस पर निश्चित किया हुआ आय-कर या टैक्स।

Assessor (१) टैक्स या कर निश्चित या निर्धारित करनेवाला;(२) न्याय-सहकारी; परामर्शदाता; असेसर। फ़ौजदारी मुकदमों में, सेशन अदालत में बहुधा सेशन जज द्वारा कुछ नागरिक अदालत में बैठाये जाते हैं, जिनका कर्त्तव्य यह होता है कि वे सारा मुक़दमा सुनकर जज को अपनी सम्मति दें कि उनकी राय में अपराधी दोषी है या नहीं। इस प्रकार न्यायाधीश को दोषी-निर्दोषी के निर्णय में सहायता देने वाले उपरोक्त व्यक्तियों को Assessor कहते हैं। Assessor और Jury दोनों का उद्देश्य एक ही होता है, किन्तु Assessors की सम्मति का उतना मूल्य

नहीं होता, जितना कि 'ज्यूरी' की सम्मति का। इसी प्रकार इन दोनों में और भी अंतर है (देखो Jury)

Assets सम्पत्ति; माल-मिलकियत; पूंजी; एक व्यक्ति की वह सारी सम्पत्ति, जो उसके उत्तराधिकारी को मिल सके तथा जिसमें से उसका ऋण तथा वसीयतें पूरी की जा सकें। किसी कंपनी या व्यापारिक तथा अन्य संस्थाओं की सम्पत्ति के लिए भी इस शब्द का व्यवहार होता है।

Assets enter manis, वह व्यक्तिगत सम्पत्ति, जो मरने के बाद व्यवस्थापक (Executor या Adminstrator) (देखो ये दोनों शब्द) के प्रबन्ध या हाथ में जाय।

Assets per descent वह अचल सम्पत्ति, जो मरने के बाद उत्तराधिकारियों के हाथ में जाय।

Assets held by a Court अदालत के अधिकार में आई हुई सम्पत्ति या पूँजी; वह सम्पत्ति या धन, जो कि किसी डिग्री आदि की पूर्ति में मद्यून Judgment debtor से अदालत में आय। इस प्रकार की सम्पत्ति में उससे कर्ज़दार पर जिन जिन की डिग्रियाँ हुई हों, वे सब अपनी डिग्री के अनुपात से हिस्सा ले सकते हैं, जिसे Rateable distribution कहते हैं (देखो ज़ाब्ता दीवानी, धारा ७३)।

Assign (1) देना; निश्चित करना; निर्देष करना; बांटना।

(2) किसी दूसरे व्यक्ति को अधिकार सौंपना (देखो Ab-alienation)

Assignor दूसरे को अधिकार देने या सौंपने वाला व्यक्ति।

Assignee (1) जिसे अधिकार या सम्पत्ति दी जाय वह व्यक्ति।

(2) वह व्यक्ति, जिसे किसी और ने नियुक्त किया हो और यह अधिकार दिया हो कि वह किसी कार्य को अपने (Assignee के) अधिकार से करे, न कि नियुक्त करने वाले के प्रतिनिधि के रूप में। इस प्रकार के व्यक्ति (Assignee) दो तरह से नियुक्त हो सकते हैं—(१) दस्तावेज़ या लेखद्वारा, नियुक्त करने और होने वाले की परस्पर स्वीकृति से, जैसे किरायेदार का किराये पर ली हुई सम्पत्ति को किसी अन्य को किराये पर देना। यहां वह सम्पत्ति पहले किरायेदार द्वारा अपने अधिकार से दूसरे को किराये पर दी गई समझी जायगी, न कि सम्पत्ति के वास्तविक स्वामी की ओर से दी गई। (२) क़ानून द्वारा नियुक्त किया गया Assignee, जैसे Administrator (सम्पत्ति-व्यवस्थापक) जो मृतव्यक्ति की सम्पत्ति की व्यवस्था करने के लिये, स्वयं उस व्यक्ति द्वारा नहीं, बल्कि अदालत द्वारा नियुक्त होता है।

Assignment of Choses in Action दावा करने योग्य अधिकार को सौंपना या दूसरे को देना। जैसे, कोई लेनदार अपने क़र्ज़ को दूसरे व्यक्ति को देदे, तो वह दूसरा व्यक्ति उसे कर्जदार से वसूल कर सकता है। किन्तु, इसके लिए यह आवश्यक है कि इस प्रकार का अधिकार, लिखित दस्तावेज़ द्वारा और कुछ अवस्थाओं में रजिस्ट्री द्वारा दिया गया हो और उसकी सूचना क़र्ज़दार को मिलनी चाहिये। (देखो स्वत्वार्पण क़ानून धारा ३ तथा १३० से १३७ तथा Actionable claim)

Assignment of breach क़रार भंग होने का निर्देश। जब किसी ने परस्पर का क़रार (Contract) तोड़ा या भंग किया हो और उस पर क़रार तोड़ने के लिए दावा या क़ानूनी कार्रवाई की गई हो, तो उस दावे में यह निर्देश कराना यानी स्पष्ट बताना आवश्यक है कि क़रार किस प्रकार और कैसे तोड़ा गया है। इसी को Assignment of breach कहते हैं।

Assignment of Dower मृत व्यक्ति की सम्पत्ति में से उसकी विधवा के लिए सम्पत्ति का कुछ भाग निश्चित करना या बांटना।

Assize or Assise अदालत; अदालती पंच। पहले इंगलैंड में कुछ लोगों को 'ज्यूरी' चुन कर न्याय करने के लिए नियुक्त किया जाता था, जो साथ बैठ कर और स्थान २ पर घूम कर, वहां के मुक़द्दमों का निर्णय करते थे, उन्हें, और बाद में, उनके न्यायालय को, Assize कहा जाने लगा, और उसमें न्यायाधीश तथा उसकी सहायता के लिए बुलाये गये ज्यूरी लोग दोनों ही सम्मिलित समझे जाने लगे। इंगलैण्ड में 'क़ानूनी आज्ञा' (Ordinance) तथा क़ानून (Statute) के

लिए भी Assize शब्द का प्रयोग होता है, जैसे The Assize of Clarendon, Assize of Arms. कभी-कभी यह शब्द किसी चीज़ को निश्चित करके, उसकी संख्या, परिमाण, तोल, नाप आदि निर्धारित करने के अर्थ में भी व्यवहृत होता है।

Assizer क़ीमत, दर, या नाप-तोल निश्चित करने वाला अधिकारी।

Assize, Writ of पहले इंगलैण्ड में प्रचलित अपनी भूमि का क़ब्ज़ा लेने के लिए किया गया दावा। जब किसी की ज़मीन पर, अन्य व्यक्ति क़ब्ज़ा कर लेता था, तो वह व्यक्ति न्यायालय में यह दावा करता था कि उस ज़मीन पर उसके पूर्वजों का अधिकार था, और जिसके क़ब्ज़े में अब वह है, उसने, उसे, गैर क़ानूनी तरीक़े पर दबा रक्खा है, अतः वह ज़मीन दावा करने वाले को वापिस मिलनी चाहिये। आज कल इसका रूपान्तर हो गया है और भारतीय क़ानून Specific Relief Act की धारा ९ के अनुसार छः महीने पूर्व यदि किसी ने, किसी की अचल सम्पत्ति का क़ब्ज़ा ज़बर्दस्ती या ग़ैर क़ानूनी तरीक़े से छीन लिया है, तो न्यायालय उस ज़मीन या मकान का क़ब्ज़ा पुनः उस व्यक्ति को दिला सकती है, जिसके हाथ से क़ब्ज़ा छीना गया था।

Assist सहायता देना। फौजदारी क़ानून में इस शब्द का व्यवहार किसी अपराध के करने में जान-बूझ कर सहायता देने के अर्थ में होता है, जिसे Abetment कहते हैं (देखो Abetment)।

Association (१) जमात; मंडल; सभा; सम्मेलन।

(२) जब कुछ व्यक्ति अपनी सम्पत्ति या रुपया लगा कर, व्यापार करने के लिये कोई एक कम्पनी या मंडल बनाते हैं, तो उसे Association कहते हैं, और इनकम टेक्स कानून के अनुसार, Association में अनेक व्यक्ति सम्मिलित होने पर भी, उस की आय पर, उसे एक व्यापारी समझ कर 'आय-कर' Income-tax लगाया जा सकता है। अर्थात् जैसे किसी एक व्यक्ति की आय पर 'आय-कर' लगाया जा सकता है, वैसे अनेक व्यक्तियों द्वारा स्थापित व्यापार-मंडल (Association) पर भी, उसे एक व्यक्ति समझ कर आय-कर लगाया जा सकता है। (देखो Artificial Person)।

(३) Association का साधारण अर्थ समूह, सभा या मंडल है। अर्थात् जब अनेक व्यक्ति किसी विशेष उद्देश्य (Common Object) से एकत्रित होकर, कोई सभा या मंडल स्थापित करते हैं, तो उसे Association कहते हैं और क़ानून की दृष्टि से प्रत्येक नियमित Association की वही स्थिति है जो एक व्यक्ति की। Association को "कृत्रिम-व्यक्ति" मान कर क़ानून में उसके भी अधिकार और कर्त्तव्य स्वीकार किये गये हैं, (देखो Artificial Person)। इस प्रकार का जो मंडल या Association व्यापार आदि के लिए बनाया जाता है, उसे कंपनी कहते हैं, और इस दृष्टि से Association और Company पर्यायवाची हैं। (देखो Company)।

Association, Articles of: कंपनी के नियम और कार्य प्रणाली आदि, अर्थात् वे नियम, जो कंपनी के आन्तरिक प्रबन्ध तथा उसके उद्देश्य की पूर्ति आदि के लिए बनाये जाते हैं। कम्पनी के उद्देश्य तथा अधिकारों को Memorandum of Association कहते हैं। इस प्रकार Articles of Association तथा Memorandum of Association में यह भेद है कि Memorandum द्वारा कम्पनी की स्थापना होकर, उसके उद्देश्य, अधिकार और क़ानूनी स्थिति निश्चित होती है। Memorandum से, कम्पनी का, बाहर की अन्य संस्थाओं और व्यक्तियों से क्या सम्बन्ध होगा, यह निश्चित होता है, उसमें कम्पनी का नाम, स्थान आदि का भी वर्णन होता है (देखो Memorandum of Association और १९१३ का कंपनी एक्ट धारा ५ से धारा १९)। इसके विपरीत Articles of Association वे नियम हैं, जो Memorandum के आधार और सीमा में, कंपनी का काम चलाने और उसका प्रबन्ध करने के लिए बनाये जाते हैं। 'कंपनी के शेयर', उनकी संख्या, लेने-देने के नियम, कम्पनी की मीटिंग की विधि, अर्थात् उसके कोरम, प्रस्ताव या निश्चय आदि के विषय में बनाये जाने वाले नियम, कम्पनी के अधिकारियों के कर्त्तव्य और अधिकार, कम्पनी का हिसाब आदि, अर्थात् जो जो

भी बातें कम्पनी के मेमोरेण्डम में वर्णित उद्देश्यों को पूरा करने के लिये आवश्यक हों, वे सब Articles में आ जाते हैं। (देखो कम्पनी एक्ट १९१३ धारा १७ से २० तथा Table A in the First Schedule एक्ट के अंत में दी गई सूची)। कंपनी की रजिस्ट्री कराने के लिए उसका Memorandum दाखिल करना अनिवार्य है, और बहुधा उसके साथ Articles भी प्रस्तुत करने पड़ते हैं, और एक बार उनकी रजिस्ट्री हो जाने पर Memorandum कंपनी के प्रस्ताव, न्यायालय की स्वीकृति के बाद, बिना रजिस्टर्ड कराये, नहीं बदले जा सकते। किन्तु Articles में कम्पनी अपने विशेष प्रस्ताव द्वारा उचित सूचना देकर परिवर्तन कर सकती है; किंतु वह परिवर्तन "मेमोरेण्डम" के अन्तर्गत तथा कम्पनी एक्ट के अनुसार होने चाहियें। देखो (Articles तथा Memorandum of Association)

Association, Unlawful ग़ैरक़ानूनी सभा; राजद्रोही सभा या संस्था (देखो Unlawful)।

Assumpsit (१) अपनी इच्छा से दिया हुआ वचन; वह क़रार, जो स्वयं अपनी इच्छा से, किसी प्रतिफल की आशा से किया जाय।

(२) उपरोक्त प्रकार से वचन देकर उसे भंग करने से जो क्षति या हानि हो, उसको पूरा करने के के लिए जो दावा या मुक़द्दमा किया जाय, उसके लिए भी इस शब्द का प्रयोग होता है।

Assurance (१) भरोसा; धैर्य; अभय-वचन।

(२) बीमा; किसी प्रकार के नुक़सान को पूरा करने का वायदा। बीमे के सम्बन्ध में यह Insurance शब्द का पर्यायवाची है। आजकल बीमे के लिए Insurance शब्द का ही अधिक प्रयोग होता है, किंतु जीवन-बीमा के लिए Assurance शब्द अब भी प्रचलित है। (देखो The Indian Life Assurance Companies Act 1912 और Insurance)।

Assured वह व्यक्ति, जिसने बीमा कराया हो, या जिसका बीमा हुआ हो।

Assuree वह कम्पनी या व्यक्ति, जिसने 'बीमा' पूरा करने का क़रार किया हो, अर्थात् नुक़सान या क्षति आदि को पूरा करने वाला।

Asura 'असुर', हिन्दू लॉ में वर्णित आठ प्रकार के विवाहों में से एक प्रकार का विवाह।

Asylum, Lunatic, (१) आश्रय-स्थान; (२) पागलख़ाना, वह आश्रम या स्थान, जिसमें पागल अथवा विक्षिप्त व्यक्तियों को रक्खा जाय (३) भारतीय पागलपन का क़ानून Indian Lunacy Act 1912 की धारा ३ में Asylum शब्द से तात्पर्य उस "मानसिक अस्पताल" या आश्रय-स्थान से है, जो पागलों के लिए या तो सरकार ने स्वयं बनाया हो, अथवा उस की स्वीकृति (License) से स्थापित किया गया हो। इस प्रकार के स्थान को Lunatic Asylum कहते हैं।

Arm's length (१) "हाथभर दूर"; सम्पर्क से बाहर; (२) जब एक व्यक्ति, किसी की संरक्षकता या अधिकार अथवा प्रभाव से दूर हो, अथवा पहिले किसीके प्रभाव या अधिकार में रहकर फिर दूर होगया हो, उसके लिए इस मुहावरे का प्रयोग होता है। जैसे (Trust) ट्रस्ट ख़तम होने पर हिताधिकारी (Beneficiary या Cestui-que-trust) ट्रस्टी के प्रभाव से अलग हो जाता है। उदाहरणार्थ, यह कहना कि The beneficiary is now at arm's length with the trustee.

At Sight (१) तत्काल; देखते ही, (२) दर्शनी हुंडी। हुंडी के भुगतान के विषय में इस वाक्यांश का मतलब उस हुंडी से है, जिसका भुगतान, देखते ही, अर्थात् जिस समय चाहा जाय उसी समय, होना आवश्यक है। जिसके नाम हुंडी हो, उसके सामने उसे प्रस्तुत करके, उसी समय उसको भुगताने को कहने के अर्थ में इस मुहावरे का उपयोग होता है, जैसे Payable at sight अर्थात मांगने पर दिये जाने या भुगताने योग्य। देखो Negotiable Instrument Act 1881 धारा २१। जिस हुंडी को तत्काल या मांगते ही भुगताने की आवश्यकता न हो उसके लिए After sight शब्द का उपयोग होता है। "At sight" और 'On Presentation' दोनों का अर्थ समान है।

Attach ज़ब्त करना; कुर्क करना; किसी सम्पत्ति को

अदालत की आज्ञा से अधिकार में ले लेना। कुर्क करने के लिए यह अनिवार्य नहीं है, कि किसी के क़ब्ज़े में से सम्पत्ति सचमुच हटाकर अपने क़ब्जे में कर ली जाय। किसी सम्पत्ति पर कुर्की की आज्ञा लागू करदेना मात्र उसके कुर्क होने के लिए पर्याप्त है, चाहे फिर वह सम्पत्ति जिसके पास थी उसके पास ही क्यों न रक्खी रहे। कुर्क हो जाने पर उस सम्पत्ति पर अदालत का अधिकार समझा जाता है और उसे अदालत की आज्ञा बिना बेचा या अन्य प्रकार से अलग नहीं किया जा सकता। जैसे जो सम्पत्ति क़र्ज़दार, या जिसके विरुद्ध कुर्की की आज्ञा है उसके क़ब्ज़े में न हो, अथवा वह सम्पत्ति अचल हो, तो उस पर केवल कुर्की की आज्ञा लागू कर देना ही काफ़ी है। (देखो ज़ाब्ता दीवानी आर्डर २१ रूल ४६ तथा ५४)। किन्तु जो चल (Movable) सम्पत्ति, क़र्ज़दार के क़ब्ज़े में है, तथा जो कृषि-उत्पत्ति (Agricultural Produce) नहीं है, उस की कुर्की (Attachment) करने के लिए यह आवश्यक है कि कुर्क करने वाला अदालत का अधिकारी उसे अपने क़ब्ज़े और संरक्षता में लेले। उस सम्पत्ति के लिए फिर कुर्क करने वाला ज़िम्मेदार होता है। (देखो ज़ाब्ता दीवानी आर्डर २१ रूल ४३)

Attachment कुर्की; ज़ब्ती। ऊपर के "Attach" शब्द की संज्ञा। ज़ाब्ता दीवानी आर्डर २१ के अनुसार 'Attachment' डिग्री के भुगताने यानी उसको पूरा करने का एक तरीक़ा है। मान लो 'क' ने 'ख' के विरुद्ध ५०००) की डिग्री अदालत से हासिल करली। अब 'क' को यह अधिकार है कि यदि 'ख' उस डिग्री का ५०००) रु० 'क' को न दे तो वह 'ख' के विरुद्ध उस डिग्री की इजराय (Execution) जारी करा दे, यानी उसके भुगतान अर्थात उसके रुपये की वसूली के लिए अदालत के ज़रिए कार्यवाही करे। यह इजराय या कार्रवाई दो प्रकार से हो सकती है। एक तो 'ख' को पकड़वा कर दीवानी जेल में भिजवाने से और दूसरे उसकी चल-अचल सम्पत्ति अदालत द्वारा अधिकार में करवाकर। इस दूसरे प्रकार की इजराय को Attachment कहते हैं, जिसका अर्थ है सम्पत्ति पर अधिकार करना। यह अधिकार बहुधा चल-सम्पत्ति को अपने क़ब्ज़े में लेकर तथा अचल-सम्पत्ति के बारे में यह आज्ञा लगाकर कि, मालिक, या जिसके क़ब्ज़े में है, वह, उसे न बेचे, न अन्य प्रकार से किसी को उस पर कोई अधिकार दे, और न कोई उसे ख़रीदे या अन्य प्रकार से ले। इस आज्ञा को भंग करके यदि Attach की गई सम्पत्ति (चाहे वह चल हो या अचल) कोई बेचे या ख़रीदे, या अन्य प्रकार से ले, या दे, तो वह बेचना, ख़रीदना अथवा लेना-देना क़ानून से नाजायज़ समझा जायगा।

यदि उपरोक्त प्रकार से सम्पत्ति कुर्क करने पर भी मदयून (Judgment debtor) डिगरी का रुपया अदा न करे, तो फिर वह कुर्क (Attach) की हुई सम्पत्ति नीलाम की जाकर उसमें से डिग्री का रुपया वसूल किया जाता है। (देखो ज़ाब्ता दीवानी आर्डर २१। Attachment के कुछ और भी प्रकार हैं, जिनका वर्णन आगे है)।

Attachment before Judgment कुर्की क़ब्ल फ़ैसला; निर्णय से पूर्व सम्पत्ति की ज़ब्ती। यदि न्यायाधीश को यह विश्वास हो जाय कि प्रतिवादी अपनी सम्पत्ति को बेचने या हटाने का प्रयत्न करके अथवा अन्य प्रकार से अपने विरुद्ध जारी होने वाली डिगरी की पूर्ति में बाधा डालना चाहता है, तो मुक़द्दमे के दौरान में न्यायाधीश किसी भी समय प्रतिवादी की सम्पत्ति कुर्क करने की आज्ञा दे सकता है। (या प्रतिवादी से उस सम्पत्ति को जब अदालत चाहे, तब, पेश करने या उसका मूल्य पेश करने की ज़मानत ले सकता है) (देखो ज़ाब्ता दीवानी आर्डर ३८ रूल ५ व ६)। किन्तु यदि उपरोक्त 'निर्णय से पूर्व कुर्की' की आज्ञा के नियम का दुरुपयोग किया जाय यानी प्रतिवादी का दावा असत्य सिद्ध हो अथवा निर्णय से पहले कुर्की करने की उसकी प्रार्थना अपर्याप्त कारणों के आधार पर हो, तो वादी उसके लिये प्रतिवादी को हर्जाना देने के लिये बाध्य किया जा सकता है (देखो ज़ाब्ता दीवानी धारा ९५)

Attachment after Judgment फ़ैसले के बाद की कुर्की। साधारणतः मुक़द्दमे का फ़ैसला हो कर डिगरी होने पर ही क़र्ज़दार की सम्पत्ति कुर्क की जा सकती है। (देखो Attachment और ज़ाब्ता दीवानी आर्डर २१ रूल ४१, ४२ आदि)

Attachment of debts क़र्ज़ की कुर्की । क़र्ज़ या ऋण भी देने वाले (Creditor) यानी ऋण-दाता अर्थात् जिससे क़र्ज़ दिया हो की सम्पत्ति समझी जाती है । अतः, यदि जिसके विरुद्ध डिग्री हो, उसका किसी पर क़र्ज़ हो तो उस क़र्ज़ को भी डिग्रीदार (Decree-holder) ज़ब्त या कुर्क करा सकता है । अर्थात् यदि मदयून यानी जिस पर डिग्री हो, वह फिर भी डिग्री का रुपया न दे तो वह क़र्ज़ वसूल करके डिग्रीदार को दिया जा सके । (देखो ज़ाब्ता दीवानी आर्डर २१ रूल ४१ व ४६)

Attachment of Agricultural Produce कृषि की उत्पत्ति या पैदायश की कुर्की । खड़ी खेती या उससे खलियान में या अन्यत्र जमा करके रक्खा हुआ अनाज आदि कृषि की उत्पत्ति Agricultural produce कहलाता है और इसे चल-सम्पत्ति समझा जाता है । किन्तु इसको कुर्क करने के लिये अन्य प्रकार की चल (Movable) सम्पत्ति से कुछ भिन्न नियम हैं, जिनका वर्णन ज़ाब्ता दीवानी के आर्डर २१ धारा ४३ व ४४ तथा आर्डर ३८ रूल १२ में है ।

Attachment of Property of Witness गवाह की सम्पत्ति की कुर्की । यदि आज्ञा मिलने पर भी कोई गवाह जान-बूझ कर अदालत में न आय तो निश्चित अवस्थाओं में इस अवज्ञा के लिए उसकी कुछ सम्पत्ति भी कुर्क करली जा सकती है । (देखो ज़ाब्ता दीवानी आर्डर १६ रूल १०, ११, १२ व १३)

Attachment of Share शेयर या 'हिस्से" की कुर्की । क़र्ज़ या ऋण के समान मदयून-डिगरी (Judgment debtor) के किसी कम्पनी आदि में कुछ हिस्से हों तो वे भी कुर्क हो सकते हैं । (देखो ज़ाब्ता दीवानी आर्डर २१ रूल ४६) । इसी प्रकार मदयून-डिगरी के चल या अचल सम्पत्ति में जो अधिकार या हिस्से हैं, जैसे तनख़्वाह आदि, वे भी कुर्क हो सकते हैं । (देखो उपरोक्त आर्डर २१ के रूल ४७, ४८ व ४९) यहाँ तक कि विशेष प्रकार के दस्तावेज़ (Negotiable Instruments) और डिग्रियाँ तक ज़ब्त (Attach) हो सकती हैं । (देखो आर्डर २१ रूल ५१ ज़ाब्ता दीवानी) ।

Attached to the Earth (अचल सम्पत्ति की परिभाषा में प्रयुक्त वाक्यांश) भूमि संलग्न वस्तु; ज़मीन से लगी हुई चीज़ । स्वत्वार्पण क़ानून धारा ३ (Transfer of Property Act S. 3) के अनुसार इस वाक्यांश का अर्थ वे वस्तुयें हैं, जो (१) ज़मीन में जड़ें रखती हों, जैसे पेड़; (२) ज़मीन से लगी हुई चीज़ें, जैसे मकान; (३) वे चीज़ें जो दूसरे (नं० २) प्रकार की चीज़ों से लगी हों, जैसे दर्वाजे, खिड़की । ये सब चीज़ें अचल सम्पत्ति समझी जाती हैं ।

Attainder पहले इंगलेण्ड में जब किसी व्यक्ति को राज-द्रोह या अन्य सङ्गीन अपराध के लिये फाँसी की सज़ा दी जाती थी, तो उस व्यक्ति के लिए इस शब्द का प्रयोग होता था । इस प्रकार के अपराध के अपराधी होने को Attainder और उस व्यक्ति के लिए "He was attained" कहा जाता था । इस प्रकार से दण्डित व्यक्ति की सम्पत्ति ज़ब्त करली जाती थी और कहा जाता था कि उसका रक्त तक दूषित हो गया है ।

Attempt प्रयत्न; कोशिश; किसी अपराध के करने की कोशिश । भारतीय दण्ड विधान में अपराध करने का प्रयत्न करना भी दण्डनीय समझा गया है, जैसा कि दण्ड विधान की धारा ४० व धारा ५११ में वर्णित है । क़ानूनी परिभाषा में इस प्रकार अपराध करने के प्रयत्न (Attempt) का अर्थ उस कार्य से है, जो अपराध करने की नीयत को पूरा करने की मंशा से किया गया हो, अर्थात् उस अपराध के करने की कोशिश में किया गया कार्य । दूसरे शब्दों में, कोई अपराध पूरा होते-होते बच जाय तो उसके करने में जो कार्य किया गया हो उसे Attempt कहते हैं । प्रयत्न (Attempt) का अपराध से अत्यन्त निकट सम्बन्ध होता है और इस प्रकार Attempt में अपराध करने की नीयत तथा उस नीयत को पूरा करने के लिए किया गया वह कार्य सम्मिलित है, जिसमें यदि बाधा न पड़ती तो अपराध पूरा होजाता । फ़ौजदारी-क़ानून के सिद्धान्त के अनुसार प्रत्येक अपराध के करने से पूर्व कम-से-कम तीन बातों की आवश्यकता है—प्रथम, अपराधी-भावना (Guilty-intention); दूसरे, उस अपराध के करने की

तय्यारी (Preparation), और अन्त में अपराध करने का 'प्रयत्न' (Attempt) अर्थात् अपराध पूरा करने के लिए किया गया कार्य। यह 'प्रयत्न' यदि सफल हो जाय तो अपराध पूरा हो जाता है, और यदि असफल रहे तो अपराध नहीं होने पाता। उस अवस्था में 'प्रयत्न' करने वाले को अपराध करने की नहीं, किन्तु उसका प्रयत्न करने की सज़ा मिलेगी, और इसी को Attempt कहते हैं अर्थात् उपरोक्त तीनों अवस्थाओं में की अन्तिम अवस्था जब असफल हो तो वह Attempt है। पहली और दूसरी अवस्था यानी अपराध करने की भावना तथा उसके करने की तय्यारी के लिए क़ानून दण्ड नहीं देता।

उदाहरण के लिए 'क' ने 'ख' को मारने की इच्छा या मंशा से ज़हर खरीदा और उसे 'ख' को दिये जाने वाले भोजन में मिला कर अपने पास रख लिया। इस प्रकार अभी तक 'क' ने 'ख' को मारने की अपराधी-भावना तथा खाने में ज़हर मिला कर उसकी 'तय्यारी' करली; किन्तु इन दोनों के लिए उसे दण्ड नहीं मिलेगा, क्योंकि अभी उसने क़ानूनी अर्थों में 'ख' की हत्या का प्रयत्न नहीं किया। लेकिन अगर 'क' ने वह विष मिला भोजन 'ख' की खाने की मेज़ पर रख दिया, या उसके नौकर को उसके सामने रखने को दे दिया, तो अब वह दण्डनीय 'प्रयत्न' यानी Attempt का अपराधी हो गया। यदि अब 'ख' उस खाने को खाकर मर जाय तो वह हत्या का अपराध हो गया और यदि 'ख' को उस खाने पर सन्देह हो अथवा अन्य किसी कारण से वह उसे न खाय तो हत्या के 'प्रयत्न' (Attempt to murder) का अपराध तो 'क' पर है ही।

Attestation साक्षी; तसदीक़; गवाही; प्रमाण (प्रमाणित करना)। जब कोई गवाह, किसी दस्तावेज़ या अन्य लेख पर, इस बात के हस्ताक्षर करता है कि उसमें वर्णित पक्षों ने उस दस्तावेज़ आदि को उसके सामने तैयार किया और हस्ताक्षर आदि किये तथा वह यथावत है, तो इस प्रकार तसदीक़ या गवाह करने को Attestation कहते हैं। स्वत्वार्पण क़ानून की धारा ३ (Transfer of Property Act S. 3) में Attestation की यह परिभाषा दी गई है। वसीयत, रहननामा आदि कुछ दस्तावेज़ों पर इस प्रकार गवाही (Attestation) होना आवश्यक है, और जिन दस्तावेज़ों का इस प्रकार तसदीक (Attested) होना आवश्यक है, उन्हें साबित करते समय या अदालत में प्रमाणित समझे जाने के लिए बहुधा इस प्रकार तसदीक करने वाले कम-से-कम एक गवाह को पेश करना जरूरी होता है। (देखो साक्षी क़ानून (Evidence Act) धारा ६८ से ७१।

Attesting Witness प्रमाणित करने वाली साक्षी; तसदीक करने वाला गवाह; गवाह-हाशिया, अर्थात् वह गवाह, जो उपरोक्त प्रकार से Attest करे, यानी जिसके सन्मुख दस्तावेज़ बनाया गया हो, तथा उसमें वर्णित पक्षों ने हस्ताक्षर किये हों, और जिस गवाह ने स्वयं भी उपरोक्त बात की गवाही में उस दस्तावेज़ पर अपने हस्ताक्षर किये हों (जैसा साक्षी क़ानून की धारा ६८ के सम्बन्ध में ऊपर बताया गया है)।

Attestation Clause साक्षी का वाक्य; इबारत-तसदीक़ अर्थात किसी दस्तावेज़ का वह वाक्य जिसके द्वारा तसदीक़ करने वाले गवाह (Attesting Witness) ने उसदस्तावेज़को तसदीक़ (Attest) किया हो।

Attested Copy प्रमाणित प्रति-लिपि, या नक़ल; नकल मुसद्दिका।

Attestor या Attester तसदीक करने वाला; प्रमाणित करने वाला।

Attorn (१) किसी भूमि के स्वामी का स्वामित्व स्वीकार करना। (२) किसीको सौंपना; कोई काम किसी को सौंपना या देना। (इस शब्द से ही Attorney शब्द बना है।)

Attorney एटार्नी; प्रतिनिधि; मुख्तार; वकील; गुमाश्ता; मुनीम; वह व्यक्ति, जिसे किसी ने अपनी ओर से या अपने बदले में कुछ करने के लिए नियुक्त किया हो। इस प्रकार के Attorney या प्रतिनिधि अथवा मुख्तार दो प्रकार के होते हैं-(१) Attorney at law अर्थात क़ानूनी प्रतिनिधि, जैसे वकील आदि जो अपने पक्षकार यानी मवक्किल की तरफ़ से न्यायालय में मुक़द्दमे सम्बन्धी कार्य करे। इस प्रकार के

वकील द्वारा किये गये कार्य, उसको नियुक्त करने वाले मवक्किल द्वारा ही किये गये समझे जाते हैं; (२) Attorney in fact अर्थात वह मुख्तार या व्यक्ति जिसे किसी ख़ास कार्य के लिए (Special power of attorney) अथवा सब प्रकार के कार्यों के लिए (General power of attorney) प्रतिनिधित्व का अधिकार (Power of attorney) यानी मुख्तार-पत्र दिया गया हो। जिसे Special Power of Attorney दी गई हो, उसे Special Attorney अर्थात मुख्तार-ख़ास, और जिसे General power of Attorney दी गई हो उसे General Attorney अर्थात मुख्तार-आम कहते हैं। (देखो Power of Attorney और Attorney's lien तथा Agent)।

Attorney-General इंग्लैण्ड में प्रमुख सरकारी वकील या कानूनी अफसर को Attorney-General कहते हैं।

Attornment भूमि के स्वामी के स्वामित्व को स्वीकार करना (देखो Attorn ( ))। जब कोई भूमि किसी को बेची जाती है, तो बेचने वाले द्वारा उस भूमि पर जो किरायेदार रक्खे गये हैं, उन्हें उस भूमि पर ख़रीदने वाले व्यक्ति का स्वामित्व स्वीकार करके अपने को उसके किरायेदार मानना पड़ता है। इस प्रकार की स्वीकारोक्ति Attornment कहलाती है। (देखो Apportionment)

Auction नीलाम; घोष-विक्रय; किसी चीज़ के बिकने की आम-सूचना देकर उसे सार्वजनिक रूप से इस प्रकार बेचना कि जो सबसे अधिक मूल्य लगावे वही उसे पा सके। अदालत द्वारा कराये गये इस प्रकार के नीलाम उसके द्वारा नियुक्त अधिकारी, जैसे नाज़िर आदि की देख-रेख में होते हैं। जो माल या सम्पत्ति कुर्क होकर आता है, (देखो Attachment) वह इसी प्रकार बेचा जाता है। (देखो ज़ाब्ता दीवानी आर्डर २१ रूल ६५)।

Auctioneer नीलाम करने वाला; वह व्यक्ति, जिसे सार्वजनिक रूप से वस्तुएं या सम्पत्ति नीलाम करने की आज्ञा या सनद (License) मिली हो, और जो दलाल (Broker) न हो। दलाल केवल निजी-करार (Private contract) से नीलाम कर सकते हैं, सार्वजनिक रूप से नहीं; जैसा कि Auctioneer के लिये आवश्यक है। इसी प्रकार Broker नीलाम में ख़रीद और बेच दोनों काम कर सकता है; किन्तु Auctioneer केवल बेच ही सकता है। (देखो Broker)

Auction purchaser नीलाम में ख़रीदने वाला व्यक्ति।

Audi Alteram Partem—Hear the other side अर्थात् दूसरे पक्ष की बात भी सुननी आवश्यक है। इस मुहावरे का तात्पर्य यह है कि निर्णय या फ़ैसला देने से पूर्व दोनों पक्षों की बात सुननी चाहिए।

Audit जाँचना; परीक्षा करना; हिसाब जाँचना; आय-व्यय का निरीक्षण करना, जिसे Audit of Accounts कहते हैं।

Auditor हिसाब जाँचने वाला; आय-व्यय निरीक्षक।

Aula Regia इंगलैंड के राजा विजेता विलियम (William the Conquerer) द्वारा स्थापित वह न्यायालय जिसकी बैठक उसके महल में होती थी तथा जिसमें राजा और उसके मुख्य मुख्य सरदार बैठते थे। यह न्यायालय एक प्रकार से अपील-कोर्ट अथवा सबसे ऊँचा न्यायालय था। बाद में प्रजा के लिए कष्टकर होने से वह बन्द कर दिया गया।

Aulnager इंगलैण्ड में पहले एक अधिकारी होता था, जिसका काम यह था कि वह बेचने के लिये बनाये गये कपड़े को नापकर उस पर महसूल लगाये।

Aurum Regina वह सरकारी कर, जिस पर कि इंग्लैंड के राजा की रानी का अधिकार होता था। एक प्रकार का नज़राना, जो रानी को मिलता था।

Authentic Act प्रमाणित कार्य; तसदीक़ किया हुआ काम या दस्तावेज़; फ़ेल मुस्सदका अर्थात् वह काम, जो उसके लिए नियुक्त अधिकारी के सम्मुख किया गया हो, या जिस काम या दस्तावेज़ को इस प्रकार के अधिकारी ने प्रमाणित या तसदीक़ कर दिया हो।

Authentication प्रमाण-पत्र; प्रमाणित करना या तसदीक़ करना। जब इस कार्य के लिए नियुक्त किया गया सरकारी अधिकारी यह प्रमाणित करदे कि जो सरकारी काग़ज़, मिसल या उनकी नक़ल तथा अन्य

काग़ज़ात हैं, वे क़ानून के अनुसार रक्खे गये हैं तथा जो व्यक्ति उनको प्रमाणित (Certify) करता है वह इस कार्य के लिए सरकार द्वारा नियुक्त व्यक्ति है, तो इसे Authentication कहते हैं।

Authority (१) अधिकार; शक्ति; आज्ञा; (२) एक व्यक्ति द्वारा दूसरे को कुछ करने के लिए दिया गया अधिकार; (३) शासक, या सरकारी अधिकारी या सभा; (४) किसी क़ानूनी बात को समर्थन करने वाला आधार या उदाहरण अर्थात् न्यायालय द्वारा किया हुआ पूर्व-निर्णय अथवा उस विषय के विद्वान की सम्मति ।

Autre Droit, in दूसरे के अधिकार से। एक व्यक्ति किसी सम्पत्ति को जब किसी दूसरे के अधिकार से अपने कब्जे में रखता है तो उसे In Autre droit कहते हैं। जैसे ट्रस्टी, जिसके पक्ष में ट्रस्ट में हो (Cestui Jue trust) उसके अधिकार के कारण सम्पत्ति पर अपना कब्ज़ा या अधिकार रखता है।

Autrefois Acquit (Before time acquitted) जब किसी अभियुक्त पर कोई आरोप हो और वह यह कहे कि पहले वह इसी अपराध के लिए निर्दोष सिद्ध होकर मुक्त हो चुका है, अतः अब उसी अपराध के लिए उस पर दुबारा अभियोग नहीं चलना चाहिये और उसे मुक्त कर देना चाहिये, तो उसके लिये यह वाक्यांश प्रयुक्त होता है। भारतीय दंड विधान में भी इंग्लैण्ड में प्रचलित उपरोक्त क़ानून के समान क़ानून है। (देखो दंड विधि Criminal Procedure Code धारा ४०३ तथा Acquittal).

Autrefois Convict पूर्व दंडित होना। जब कोई अभियुक्त यह कहे कि इस अपराध पर उसे पहले सज़ा मिल गई है, अतः अब दुबारा उसी अपराध के लिए उसे दंड नहीं दिया जा सकता, इसलिए उसे छोड़ दिया जाय, तो अभियुक्त के इस उत्तर या कथन के लिए इस मुहावरे का प्रयोग होता है। यह तथा इसके पहले का उत्तर Autrefois Acquit एक ही प्रकार के सिद्धान्त पर स्थित हैं (इसके लिए भी भारतीय दंड-विधि की धारा ४०३ में इसी प्रकार का नियम है)।

Auxilium किसान या किरायेदार द्वारा भूमि के स्वामी को दी जाने वाली सहायता या भेंट।

Avenage भूमि के स्वामी को कर के रूप में या किराये के बदले में दिया जाने वाला अनाज (जई)।

Aventure आकस्मिक दुर्घटना, जिससे किसी की मृत्यु हो जाय, किन्तु जिसमें, जिससे दुर्घटना हुई हो उसकी हत्या करने की नीयत न हो (देखो Misadventure)।

Aver निश्चित कथन; दृढ़ता से कहना; सच या सही होने का दावा करना। दावा, जवाबदावा आदि में जब किसी तथ्य या बात को निश्चयपूर्वक तथा सही समझकर कहा जाय तो उसे Averment कहते हैं।

Average (१) औसत; मध्यमान; साधारण; सामान्य; (२) इंग्लैण्ड में इसका एक अर्थ उस नौकरी या सेवा से है जो एक किसान को भूमि के मालिक के लिए अपने जानवरों द्वारा करनी पड़ती थी।

(३) जहाजी बीमा या जल बीमा (Marine Insurance) में इस शब्द का विशेष अर्थ है। General Average जब जहाज़ पर सब की रक्षा के लिए किसी व्यक्ति की सम्पत्ति नष्ट हो गई हो तो उसे जहाज़ के मालिक, या जहाज़ पर की सम्पत्ति के मालिक पूरा करें, तो उसके लिए General Average शब्द का उपयोग होता है। इस प्रकार जो नुकसान-भरपाई की जाती है वह फिर बीमा कम्पनी से लेली जाती है। जब बीमा की गई उपरोक्त चीज़ सबकी सब नष्ट हो जाय तो उसे Total loss या General Average कहते हैं। और जब बीमा की गई चीज़ सारी नष्ट न होकर थोड़ी हो तो उसे Average or Partial loss कहते हैं और इस अवस्था में उस नष्ट हुई चीज़ की जो क्षति-पूर्ति की जाती है, उसे Particular Average कहते हैं।

(४) Petty average जहाज़ के मालिक द्वारा जहाज़ तथा उस पर के सामान की रक्षार्थ दी गई छोटी-छोटी रक़में, जिन्हें Pilotage, Towage आदि कहते हैं। Average उस छोटी रकम को भी कहते हैं जो व्यापारी दूसरे के जहाज़ में अपना माल भेजते समय उसकी रक्षा आदि के लिये किराये के अलावा उस जहाज़ के स्वामी को देते हैं।

Award पंच निर्णय, फैसला सालिसी; मध्यस्थ निर्णय।

मध्यस्थ (Arbitrator) द्वारा जो निर्णय दिया जाय, उसे Award कहते हैं। इस प्रकार का निर्णय, यदि अदालत ने धोखे या मध्यस्थों की बदनीयती आदि के कारण रद्द न किया हो, तो मध्यस्थ बनाने वाले सब पक्षों को मानना पड़ता है। देखो (Arbitration तथा Schedule II C.P.C.)

B

Back-Bond वह ऋण-पत्र, या दस्तावेज़, अथवा हस्त-लेख, जो किसी सम्पत्ति का मालिक उस पर क़र्ज़ या ऋण लेते समय लिखता है। इस प्रकार के लेख के अनुसार, सम्पत्ति का स्वामी, जब तक क़र्ज़ न चुका दे, तब-तक उस सम्पत्ति का 'ट्रस्टी' मात्र समझा जाता है; अर्थात् एक प्रकार से वह सम्पत्ति रहन के समान हो जाती है यद्यपि उसका क़ब्ज़ा सम्पत्ति के स्वामी के ही पास रहता है।

Backing a Warrant वारंट स्वीकृत करना।

Bad दोषयुक्त। क़ानून में इस शब्द का विशेष अर्थों में प्रयोग होता है। यदि कोई बात क़ानून के अनुसार न हो तो उसे Bad कहते हैं। जैसे यदि दावा, अर्ज़ी-दावा आदि ठीक न लिखा हो तो वह 'Bad' कहाता है। इसी प्रकार 'Bad in law' 'Bad for misjoinder of Charges' आदि में Bad का अर्थ क़ानून के विरुद्ध होता है।

Bad debt वसूल न होने योग्य क़र्ज़।

Badger वह व्यक्ति, जो अनाज या अन्य खाद्य पदार्थों को एक जगह से ख़रीद कर ले जाय और दूसरी जगह उसे मँहगा बेचकर फ़ायदा या लाभ उठाय।

Bail ज़मानत; हाज़िर-ज़मानत। बहुधा फ़ौजदारी मुक़द्दमों में अभियुक्त से यह ज़मानत ली जाती है, कि वह उस मुक़द्दमे की प्रत्येक पेशी पर अदालत में हाज़िर होता रहेगा। इस तरह की ज़मानत अक्सर दूसरे लोगों से ली जाती है, जो अदालत में यह लिखित ज़िम्मेवारी लेते हैं कि वे अभियुक्त को निश्चित तारीख़ों पर अदालत में हाज़िर कर देंगे, नहीं तो दण्ड के रूप में अदालत द्वारा निश्चित रुपया सरकार को देंगे। इस प्रकार के व्यक्तियों को Sureties या ज़ामिन कहते हैं और उनकी लिखित प्रतिज्ञा को Bail-bond अर्थात ज़मानत नामा कहते हैं। ज़ामिन के सिवा कई बार स्वयं अभियुक्त को भी वैसी ही लिखित प्रतिज्ञा करनी पड़ती है, उसे Bond or Recognisance अर्थात् मुचलका कहते हैं। इसके सिवाय शान्ति-रक्षा आदि के लिए भी इस प्रकार ज़मानत या मुचलके लिये जा सकते हैं; जैसा कि दण्ड-विधि (Criminal Procedure Code) के अध्याय ४ की धारा १०६, १०७, १०८, १०९, ११० आदि में वर्णित है। (ज़मानत या ज़मानतनामा आदि के लिए देखो दण्ड-विधि 'Criminal Procedure Code' अध्याय ८ तथा धारा ११२, ४२६, ४१५, और अध्याय ३९ आदि और Recognisance)।

Bailable Offence जुर्म क़ाबिल ज़मानत; वे अपराध जिनके करने वाले अभियुक्त को, यदि वह ज़मानत दे तो उस पर छोड़ा जा सकता है, या छोड़ना लाज़मी होता है। दण्ड-विधि के अन्त में सूची नं० २ (Schedule II) में यह बताया गया है कि कौनसा अपराध ज़मानत लेने योग्य है और कौनसा नहीं। बहुधा कुछ सङ्गीन अपराधों को छोड़ कर, जिनके लिए फाँसी या कालेपानी की सज़ा निश्चित है (जैसे हत्या आदि), अन्य अपराधों में, चाहे वे नाक़ाबिल ज़मानत (Non-bailable) ही क्यों न हों, न्यायाधीश चाहे तो अभियुक्त को ज़मानत पर छोड़ सकता है। जिन अपराधों के लिए ज़मानत लेने का नियम न हो, अथवा जिनमें ज़मानत लेना या न लेना न्यायालय के आधीन हो, उन्हें Non-bailable offence या 'जुर्म नाक़ाबिल ज़मानत' कहते हैं। (देखो दण्ड-विधि अध्याय ३९, धारा ९६, ९७ आदि)

Bailee निक्षेपग्राही; अमानतदार; ज़ामिन। वह व्यक्ति जिसके सुपुर्द माल या अन्य वस्तु, निश्चित उद्देश्य पूरा हो जाने पर, सौंपने वाले की इच्छानुसार वापिस

लौटा देने या अन्य प्रकार व्यवस्था करने के लिए की जाय। (देखो Bailment.)

Bailiff (१) नाज़िर; अमीन; अदालती अधिकारी, जिसका काम समन तामील करवाना, गिरफ्तारी करना, कुर्की करवाना आदि होते हैं।

Bailment निक्षेप; अमानत। जब कोई अमानत रखने वाला व्यक्ति (Bailor) किसी अमानतदार (Bailee) को कोई माल, सम्पत्ति या अन्य चीज़ें किसी निश्चित उद्देश्य से देता है और इसमें उनके बीच यह क़रार होजाता है कि उद्देश्य के पूरा होजाने पर अमानतदार वह माल आदि उसके मालिक या अन्य किसी निश्चित व्यक्ति को दे देगा अथवा उसकी व्यवस्था कर देगा, तो इस प्रकार क़रार करके एक व्यक्ति द्वारा दूसरे को माल आदि सौंपने को Bailment कहते हैं। यदि अमानतदार (Bailee) के क़ब्ज़े में वे चीज़ें पहले ही से हों, तब उसे माल आदि सौंपने की आवश्यकता नहीं रहती, केवल उपरोक्त प्रकार से क़रार होजाने से ही वह Bailment समझा जा सकता है। जैसे रेलवे या अन्य प्रकार से माल भेजना, होटल में ठहरने वाले यात्रियों को मेज़, कुर्सी तथा अन्य जो सामान होटल की तरफ से दिया जाता है वह उपरोक्त प्रकार की अमानत (Bailment) है। (देखो S. 148 Indian Contract Act.) यह अमानत या निक्षेप लिखित, ज़बानी, प्रकट या अप्रकट, किसी भी प्रकार से हो सकता है। Bailment के लिए एक की सम्पत्ति या माल दूसरे को सौंपना मात्र आवश्यक है।)

इस प्रकार की अमानत (Bailment) तीन प्रकार की हो सकती है—(१) प्रथम वह जिसमें अमानत देने वाला (Bailor) अपने ही लाभ के लिए अमानतदार (Bailee) को वस्तु या माल सौंपता है। जैसे, एक आदमी अपनी कोई चीज़ दूसरे को सँभाल कर एवम् सुरक्षित रखने के लिए दे और उसके लिए उसे कोई किराया आदि न दे। (२) दूसरे वह जिसमें निक्षेपदाता और ग्रहीता अर्थात् अमानत देने वाला और अमानतदार दोनों का लाभ हो। जैसे, किसी को किराये पर कोई चीज़ देना अथवा दर्जी आदि को दाम देकर मरम्मत के लिए कपड़ा देना। (३) तीसरे प्रकार की अमानत वह है, जिसमें केवल निक्षेपग्रहीता अर्थात् अमानतदार का ही लाभ हो। जैसे, यदि 'क' बिना कुछ लिये 'ख' को पुस्तक पढ़ने को दे। लेने वालों की जिम्मेदारी निश्चित करने के लिये उपरोक्त तीन प्रकार का विभाजन आवश्यक है।

Bailpiece मुचलकानामा या ज़मानतनामा। जिस काग़ज़ पर ज़मानत या मुचलका लिखा जाय, उसे अँग्रेज़ी क़ानून में Bailpiece कहते हैं।

Balance Order शेष भाग चुकाने की आज्ञा; बक़ाया अदा करने का हुक्म। जब किसी कम्पनी का कोई हिस्सेदार या सदस्य (Contributory) उसके हिस्से का बाक़ी धन माँगे जाने पर निश्चित समय पर न दे, तो उस मियाद के बाद फिर उसे विशेष आज्ञा दी जाती है कि वह ४ दिन में उपरोक्त धन अदा करदे। इस प्रकार की आज्ञा को Balance Order कहते हैं।

Balance of Trade किसी देश के वैदेशिक व्यापार का अनुमान लगाने के लिए काम में आने वाला वाक्यांश। किसी देश के आयात और निर्यात के परिमाणों के अन्तर को Balance of Trade कहते हैं। साधारणतः यदि आयात अर्थात् विदेशों से आने वाले माल से निर्यात यानी अपने देश से दूसरे देशों में जाने वाले माल का परिमाण अधिक हो, तो यह अन्तर (Balance of Trade) देश के लिए लाभ-प्रद होता है, क्योंकि आयात के लिए देश से जितना धन गया, उससे अधिक निर्यात (Export) से देश में आजाता है। अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के नियमों के अनुसार इस बात के अन्य अनेक महत्त्व हैं। (देखो 'International Trade' by Bastable.)

Balance Sheet आय-व्यय विवरण-पत्र; हिसाब का चिट्ठा; पक्का चिट्ठा। किसी निश्चित तारीख़ तक के आय-व्यय, सम्पत्ति और लेन-देन की जो फ़हरिस्त बनाई जाती है, उसे Balance Sheet कहते हैं। जैसे, किसी कम्पनी या अन्य संस्था आदि के हिसाब का चिट्ठा। (देखो Indian Companies Act 1913, S. 74.)।

Ballastage एक प्रकार का जहाज़ी कर। जब जहाज़

खाली होता है, तो उसे डगमगाने से बचाने के लिए उसमें मिट्टी आदि भर कर उसका पैंदा भारी कर दिया जाता है, जिसे Ballast कहते हैं। जिस बन्दरगाह से इस प्रकार की मिट्टी आदि ली जाती है, उसके स्वामी को इसके लिए जो कर या महसूल दिया जाता है उसे Ballastage कहते हैं।

Ballot गुप्त मत-दान-पत्र; वह काग़ज़ या पर्चा, जिस पर निर्वाचन में अपनी सम्मति या राय दी जाय। इस प्रकार का पर्चा या काग़ज़ गुप्त रखा जाता है।

Ballot, Vote by गुप्त मत-दान; पर्चियों अर्थात् काग़ज़ के टुकड़ों यानी चिट्ठियों के ज़रिए मत या राय देने का वह तरीक़ा, जिससे यह पता न लगे कि राय देने वाले ने किस के पक्ष में राय दी है। (देखो Dictionary of Political Terms)

Ban (१) प्रतिबन्ध; रुकावट; निषेध; मनाई। सरकार या पुलिस द्वारा किसी कार्य के करने के निषेध या मनाई को Ban कहते हैं। जैसे, किसी सभा या जलूस पर लगाई गई निषेधात्मक आज्ञा।

(२) इंगलैण्ड में विवाह के क़रार की सूचना के लिये Banns शब्द का उपयोग होता है।

Bandhu बन्धु; हिन्दू क़ानून का एक शब्द जिसका अर्थ भिन्न गोत्रज, सपिण्ड सम्बन्धी या रिश्तेदार है। ये तीन प्रकार के होते हैं, (१) आत्मबन्धु, (२) पितृबन्धु, (३) मातृबन्धु। (देखो डी. एफ. मुल्ला का 'हिन्दू ला' Hindu law।

Bandit डाकू; लुटेरा; वह व्यक्ति जिसे क़ानून की शरण या रक्षा से वंचित कर दिया गया हो (Outlawed)।

Banishment देश निकाला; निर्वासन; पुराने समय का अपराधियों को दंड देने का एक प्रकार। देश निकाले का अर्थ है किसी अपराध के लिए देश से बाहर निकल जाने की आज्ञा। देश निकाले के बाद बहुधा अपराधी की सम्पत्ति आदि भी ज़ब्त करली जाती थी। आजकल इसके समान Transportation का दंड प्रचलित है; किन्तु यह Banishment से भिन्न है। Transportation में अपराधी को किसी निश्चित स्थान में निश्चित समय के लिये क़ैद करके रक्खा जाता है। भारतीय दंड विधान में पचास प्रकार के अपराधों के लिए Transportation का दंड दिया जा सकता है; जैसे ठगी (धारा ३११) आदि (देखो भा. द. वि. धारा ५३)।

Bank of Deposit रुपया जमा कराने का बैंक अर्थात् वह बैंक जो एक निश्चित ब्याज-दर पर रुपया लेकर, उसे निश्चित प्रकार की पूर्व सूचना (Notice) मिलने पर ही रुपया दे। इस प्रकार के बैंकों से चाहे जब रुपया वापिस नहीं लिया जा सकता और इस प्रकार बैंकवाले उस रुपये को व्यापार आदि में अधिक सुविधा से लगा सकते हैं।

Bank of Issue नोट देने वाला बैंक अर्थात् वह बैंक जिसे (जिसमें नक़द रुपया जमा कराने पर) नोट, हुंडी आदि देने का अधिकार हो।

Bank Note बैंक के नोट, अर्थात् वे नोट, जो बैंक ने जारी किये हों। उपरोक्त प्रकार के Bank of Issue आदि बैंकों को नोट जारी करने का भी अधिकार होता है। कुछ देशों में जैसे इंगलैण्ड आदि में नोट सरकार जारी नहीं करती, बल्कि वहां के मुख्य बैंक (जैसे Bank of England) ही जारी करते हैं। यह अवश्य है कि वे बैंक सरकार द्वारा ही नियंत्रित होते हैं।

Bank Postbills यह भी बैंक द्वारा दिया जाने वाला एक प्रकार का नोट या हुंडी है। इसे बहुधा देश में या देश के बाहर रुपया भेजने के काम में लिया जाता है। बजाय रुपया भेजने के इस प्रकार के नोट भेज कर काम चलाया जा सकता है और जिस के पास रुपया भेजना हो वह इस नोट के द्वारा रुपया प्राप्त कर सकता है।

Bank Rate बैंक की दर, अर्थात् वह ब्याज-दर जिस पर कि बैंक रुपया जमा करे या ले। अथवा कमीशन की वह दर जिस पर कि बैंक हुंडी अथवा अन्य इसी प्रकार के काग़ज़ों का भुगतान करे।

Bank Return बैंक की आर्थिक स्थिति का ब्यौरा।

Bank Share बैंक का हिस्सा, अर्थात् वह हिस्सा जो किसी ने बैंक से ख़रीदा हो।

Bank Stock बैंक की सम्पत्ति या पूंजी।

Bank, Savings वह बैंक जिसमें, लोग छोटी-छोटी रक़में ब्याज पर जमा करा सकें और छुट्टी के दिन के सिवा जब चाहें रुपया वापिस ले सकें। जैसे पोस्ट आफिस सेविंग बैंक।

Banker सराफ़; वह व्यक्ति या संस्था जो रुपया जमा करके जमा कराने वाले के चाहने पर उसे देता रहे।

Banker's Clearing house वह स्थान जहां बैंकों का आपस के लेन-देन का हिसाब हो, (देखो Clearing house)।

Banker's lien सराफ़ का रोकने का अधिकार। जब किसी व्यक्ति की तरफ़ सराफ़ का रुपया बाकी हो, तो वह उसकी वसूली के लिए उस व्यक्ति की चीज आदि रोक कर रख सकता है। सराफ़ के इस अधिकार को Banker's lien कहते हैं।

Bankrupt दिवालिया।

Bankruptcy दिवालियापन।

Bankruptcy, Act of: दिवालियेपन का काम। साधारण अवस्थाओं में लेनदार (Creditor) के लिये दावा आदि करके कर्ज़दार (Debtor) से कर्ज़ा वसूल करने आदि के, अथवा लेनदार और कर्ज़दार के परस्पर सम्बन्ध को निश्चित करने वाले जो अन्य कानून हैं, उनमें और Bankruptcy law अर्थात् दिवालिया-क़ानून (जो उपरोक्त अन्य प्रकार के कानूनों ही की श्रेणी का है) में निम्नलिखित तीन अन्तर हैं— (१) दिवालिया क़ानून में बिना विशेष तहकीक़ात किये तथा तत्काल कर्ज़दार की सम्पत्ति अदालत द्वारा अधिकृत करली जाती है। विपरीत इसके साधारण क़ानून के अनुसार इजराय, कुर्की आदि की कार्रवाई करनी पड़ती है। (२) उपरोक्त सारी सम्पत्ति कर्ज़दार के सारे लेनदारों (Creditors) में बांट दी जाती है, जब कि साधारण क़ानून में जिसने दावा करके डिग्री प्राप्त करली है वही कर्ज़दार की सम्पत्ति का कुछ भाग, जिससे उसका कर्ज़ अदा हो जाय, ले सकता है, (३) कर्ज़दार बहुधा बचे हुए कर्ज़े से अर्थात् उस कर्ज़े से जो अदालत द्वारा अधिकृत सम्पत्ति से चूकता न हुआ हो, मुक्त हो जाता है, लेकिन साधारण क़ानून में बाक़ी का कर्ज़ा सदा कर्ज़दार के सर पर बना रहता है।

Bankruptcy Notice अंग्रेज़ी क़ानून में प्रचलित एक नियम। इसका तात्पर्य यह है कि एक लेनदार (Judgment Creditor) जिसने अदालत से कर्ज़दार (Judgment Debtor) के ख़िलाफ़ डिग्री प्राप्त करली है, वह उस कर्ज़दार को यह नोटिस दे सकता है कि या तो एक निश्चित समय में डिग्री का रुपया अदा करदे या इस विषय में कुछ फैसला या समझौता करले। यह नोटिस मिलने पर भी यदि क़र्ज़दार दोनों काम न करे, तो उसकी यह अवहेलना दिवालियेपन का कार्य समझा जाता है।

Bannitus निर्वासित व्यक्ति; वह व्यक्ति, जिसे क़ानून की रक्षा से वंचित कर दिया गया हो (outlaw)।

Banns देखो Ban।

Bar इस शब्द का शब्दार्थ छड़, आड़, रुकावट एवम् बाधा है। किन्तु क़ानूनी परिभाषा में इसके कई विशेष अर्थ हैं—(१) न्यायालयों में न्यायाधीश के बैठने के स्थान तथा अभियुक्त के लिए बने हुए स्थान के बीच में लगी हुई 'छड़' जो दोनों स्थानों को एक-दूसरे से विभाजित करती है। अपराधियों की तरफ़ के वकील आदि इस आड़ या छड़ के निकट खड़े होकर उनकी ओर से पैरवी करते हैं, अतः वकालत या बैरिस्टरी की परीक्षा पास करने या सनद प्राप्त करने पर उस वकील या बैरिस्टर के लिए "Called to the Bar" मुहावरे का प्रयोग होता है, जिसका तात्पर्य यह है कि अमुक व्यक्ति को 'छड़ के पास आने की आज्ञा दी गई या छड़ के पास बुलाया गया' अर्थात् उसे वकालत करने की आज्ञा या सनद दी गई। Bar-at-law तथा "Barrister" शब्दों की उत्पत्ति भी इसी Bar शब्द से हुई है; (२) वकालत का पेशा अथवा वकील या बैरिस्टर, जैसे Bar Association (वकीलों की सभा), Bar and the Bench (वकील तथा न्यायाधीश); (३) निषेध, बाधा; काल अवधि (Limitation) के सम्बन्ध में Bar शब्द का प्रयोग इसी अर्थ में होता है। जैसे Time Barred, In Bar of dower। आगे क़ानूनी कार्रवाई न कर सकने के अर्थों में भी इसका उपयोग होता है, जैसे Bar of Rasjudicata. या Bar to further suit आदि (देखो ज़ाब्ता दीवानी धारा ९, १०, ११, १२,)। (४) न्यायालय; न्याय सभा, जैसे The Bar of Public Opinion.

Bar Council-वकील या बैरिस्टरों की निर्वाचित सभा, या कार्यकारिणी सभा। भारतीय बॉर कौंसिल क़ानून १९२५ (Indian Bar Councils Act 1925)

धारा ३ के अनुसार प्रत्येक हाईकोर्ट के साथ एक "बॉर कौंसिल" की स्थापना की जा सकती है, जो १५ सदस्यों की एक सभा होती है और जिसे सम्पत्ति लेने, बेचने और अन्य कानूनी कार्रवाई करने का संपूर्ण अधिकार होता है। इस सभा के १५ सदस्यों में एक एडवोकेट जनरल, चार हाईकोर्ट के द्वारा नामज़द किये गये व्यक्ति, तथा दस हाईकोर्ट के एडवोकेटों द्वारा अपने में से निर्वाचित सदस्य। इस कौंसिल को यह अधिकार होता है कि वह अपने अधीन कमेटियां आदि बना कर उनकी कार्यप्रणाली आदि निश्चित करे। इसके अन्य अधिकार और कर्तव्य भी उपरोक्त क़ानून द्वारा निश्चित हैं, जिनमें हाईकोर्ट में वकालत करने के लिए "सनद" या आज्ञा देने के नियम बनाना, हाई-कोर्ट में वकालत करने के लिए प्रार्थना करने वाले व्यक्ति की प्रार्थना पर सिफारिश करना, अथवा उसे 'सनद' दिये जाने पर एतराज़ करना, किसी एडवोकेट के विरुद्ध हाईकोर्ट में शिकायत करना, तथा हाईकोर्ट द्वारा भेजी गई एडवोकेट के विरुद्ध आई हुई शिकायत की जांच करना, आदि अधिकार मुख्य हैं। वकालत के पेशे में अनुचित व्यवहार (Professional Mis-conduct) के अपराध की जांच करने के लिए "बॉर कौंसिल" की एक उपसभा होती है जिसे Tribunal of Bar Council कहते हैं।

Bar, Pleas In वह युक्ति या उज़र जो वादी के मुक़द्दमे में बाधक या निषेधात्मक सिद्ध हो, अर्थात् यदि उस उज्र को न्यायालय स्वीकार करले तो वादी का मुक़द्दमा या दावा वहीं समाप्त हो जाता है।

Bar Trustee-निष्क्रिय ट्रस्टी, अर्थात् वह ट्रस्टी जिसका उसे सौंपी गई सम्पत्ति सम्बन्धी कर्त्तव्य लगभग समाप्त हो गया हो, तथा जिसे अब उसके सम्बन्ध में विशेष कुछ करने की आवश्यकता न हो। इस प्रकार का व्यक्ति ट्रस्टी केवल इसलिए कहलाता है कि उस सम्पत्ति के हिताधिकारी (Beneficiary) द्वारा अपने अधिकार में न लेने के कारण वह सम्पत्ति ट्रस्टी के अधिकार ही में पड़ी रहती है।

Bargain and Sale सौदा तथा विक्रय। ज़मीन तथा अन्य सम्पत्ति को बेचने के इक़रार के सम्बन्ध में इस मुहावरे का प्रयोग होता है, जिसका तात्पर्य सौदा करने वाले या बेचने वाले द्वारा अपनी सम्पत्ति, जिससे सौदा हुआ हो, उसे सौंपना या बेचना है। प्रायः ज़मीन तथा अन्य अचल सम्पत्ति के बेचने के इक़रार के बारे में इस वाक्यांश का उपयोग होता है।

Bargainor बेचने वाला। खरीदने वाले के लिए Bar-gainee शब्द का व्यवहार होता है।

Barley Corn (१) एक इंच का तृतीय अंश; ⅓ इंच; (२) नाम मात्र का किराया, अथवा मूल्य।

Barrator or Barretor (१) धोखेबाज़ व्यक्ति; शोहदा; बदमाश। (२) Barratry के अपराध का अपराधी (देखो Barratry)।

Barratry-(१) झूठे अभियोग या मुक़द्दमे चलाना, मुक़द्दमेबाजी करना; लोगों को लड़ने या मुक़द्दमे करने के लिए उकसाना, जिसे Common Barratry कहते हैं। (२) न्यायाधीश का रिश्वत लेकर निर्णय देना। जो न्यायाधीश रिश्वत या घूस लेकर तदनुसार निर्णय दे, उसका यह कार्य Barratry का अपराध कहलाता है। इन अर्थों में इस शब्द का उपयोग विशेषकर स्काटलेन्ड में होता है। (३) समुद्री या जहाज़ी क़ानून (Maritime law) का अपराध, अर्थात जहाजी नौकरों या अधिकारियों द्वारा धोखे या बेईमानी का वह अपराध, जिससे जहाज को या उस पर ढोये जाने वाले सामान को क्षति पहुँचे।

Barren-money वह धन, जो ब्याज पर न लगाया गया हो अर्थात् जिसे ब्याज पर न दिया गया हो।

Barrister एक प्रकार का वकील, जिसे इंग्लैंड की Inns of Court द्वारा वकालत करने की आज्ञा मिल गई हो। भारतवर्ष में जो लोग इंग्लेण्ड की Inns of Court में से किसी से वकालत पास करके आता है उसे Barrister तथा, जो भारतवर्ष ही में वकालत की परीक्षा पास करता है उसे वकील या एड-वोकेट कहते हैं। Barrister को अपनी फ़ीस के लिये मुवक्किल पर दावा करने का अधिकार नहीं होता और इसीलिए उस पर भी अपने काम में बेपरवाही आदि करने के लिए दावा नहीं किया जा सकता। बहुधा Barrister लोग 'एटार्नी' या अन्य वकीलों के मार्फत केस या मुक़द्दमे के बारे में हिदायत (Ins-tructions) लेते हैं; विशेष कर बम्बई तथा अन्य

प्रान्तों में यही नियम है । वकील, एडवोकेट, बैरिस्टर आदि अपने कर्त्तव्य का पालन करते हुए अदालत में जो कुछ कहें उसके लिए उन पर दीवानी या फौजदारी कार्यवाही नहीं की जा सकती । जैसे, यदि कोई वकील जिरह या बहस में किसी व्यक्ति के लिए उस मुक़दमे के सम्बन्ध में कोई अपमानजनक बात कहे तो उस पर मान-हानि का दावा नहीं हो सकता ।

Barred Debt अवधि-बाधित ऋण; वह क़र्ज़ा या ऋण जो मियाद अथवा काल-अवधि (Limitation) से बाहर हो, अर्थात् जिसके वसूल करने के लिए दावा करने की मियाद ख़तम हो चुकी हो ।

Barter अदला-बदला; रुपये-पैसे के अतिरिक्त अन्य वस्तुओं का अदला-बदला करना; एक चीज़ देकर दूसरी चीज़ लेना । पहले जब सिक्कों आदि का चलन नहीं था तो लोग पैसे देकर चीज़ें खरीदने के बजाय अपने पास की चीज़ देकर ,उसके बदले दूसरे से अपनी आवश्यकता की दूसरी चीज़ लेते थे । इसी का नाम Barter है । कुछ पिछड़े देशों में और कुछ सभ्य देशों में भी कहीं कहीं अब भी यह रिवाज है ।

Base Coin खोटा सिक्का; जाली सिक्का ।

Base Court इंग्लेण्ड में छोटी अदालत को Base कोर्ट भी कहते हैं ।

Base Fee वह अचल या स्थावर सम्पत्ति, जिस पर किसी घटना विशेष के कारण अधिकार न रहे, अर्थात् जो चिरस्थाई रूप से मौरूसी न हो । इस प्रकार की सम्पत्ति बेटे, पोते आदि उत्तराधिकारियों को मिलती अवश्य है; किन्तु जिस शर्त पर वह दीगई हो, उसके समाप्त हो जाने पर फिर उस पर ग्रहीता का या उसके उत्तराधिकारियों का हक़ नहीं रहता । जैसे किसी गाँव के पटेल को इस शर्त पर कोई ज़मीन दी जाय कि जब तक वह या उसके बेटे, पोते पटेल बने रहें, तभी तक उस पर उनका अधिकार रहे और जब वे पटेल न रहें तो उस ज़मीन पर भी उनका अधिकार न रहे ।

Bastard जारज संतान; हरामी औलाद; वह सन्तान जो विवाहित पति-पत्नी से न हो । संतान की उत्पत्ति के बाद यदि उसके माता-पिता का आपस में विवाह हो जाय तब भी वह संतान 'जायज़' या औरस नहीं हो सकती । भारतीय साक्षी-क़ानून अर्थात् क़ानून शहादत धारा ११२ के अनुसार जो व्यक्ति अपनी माता का विधिवत विवाहित पुरुष के साथ क़ानूनी विवाह-सम्बन्ध स्थिर रहते हुए अथवा विवाह-विच्छेद होने के बाद २८० दिन के अन्दर उत्पन्न हो, बशर्ते कि उसकी माता ने तब तक दूसरा विवाह न कर लिया हो, तो वह व्यक्ति उस पुरुष का जायज़ या औरस पुत्र समझा जाता है । किन्तु यदि यह सिद्ध कर दिया जाय कि उपरोक्त विवाहित स्त्री पुरुष का आपस में इस प्रकार का सम्बन्ध नहीं था कि वह व्यक्ति उत्पन्न हो सके तो उसका औरस होना सिद्ध नहीं माना जायगा । सम्पत्ति आदि पर उत्तराधिकार प्राप्त करने एवम् अन्य अधिकारों की प्राप्ति के लिए यह प्रश्न अत्यन्त महत्व-पूर्ण होता है कि वह व्यक्ति अपने पिता का असली तथा क़ानूनन जायज़ संतान है या नहीं । (देखो Legitimacy) ।

Bastard eigne यदि किसी पुरुष का एक ऐसी स्त्री से जिससे उसका विवाह न हुआ हो, कोई पुत्र हो और बाद में उसी स्त्री से विवाह करने पर दूसरा औरस पुत्र हो तो पहले नाजायज़ लड़के को Bastard eigne और दूसरे जायज़ लड़के को Mulier Puisne कहते हैं ।

Bastardize नाजायज़ सन्तान क़रार देना; किसी व्यक्ति को नाजायज़ संतान सिद्ध करना ।

Battery बलप्रयोग; साधारण आघात या मार-पीट; किसी व्यक्ति को जान-बूझ कर कुछ शारीरिक आघात या चोट पहुँचाना, जैसे थप्पड़ या घूंसा मारना, धक्का देना, ज़ोर से पकड़ना, खींचना, थूकना आदि । अपने या अपने निकट सम्बन्धियों की रक्षा के लिए यदि इस प्रकार का बलप्रयोग किया जाय तो वह क्षन्तव्य होता है । इसी प्रकार माता-पिता, अभि-भावक तथा शिक्षक को अपने बच्चों और विद्यार्थियों को साधारण दंड देने का अधिकार होता है । Battery शब्द का प्रयोग अंग्रेज़ी क़ानून में होता है; भारतीय दंड विधान में इसकी जगह Criminal Force प्रयुक्त होता है जिसका वर्णन भा. दं. वि. की धारा ३४९ व ३५० में है । (देखो Assault)

Bowdy House वेश्यालय; व्यभिचार का स्थान; चकला; वह स्थान या मकान जहां स्त्री-पुरुष व्यभिचार करने

को जाते हों। इस प्रकार के मकान का रखना दंडनीय है। (देखो Brothels जो Bowdy House का समानार्थक है।)

Beaconage प्रकाश-स्तंभ के लिए दिया गया धन। समुद्र तट पर या बन्दरगाहों में बड़े ऊंचे स्तंभ या मीनारें बनाई जाती हैं, जिनकी चोटी पर प्रखर प्रकाश वाला लैम्प आदि होता है। इन स्तंभों से समुद्र में चलने वाले जहाजों को बड़ी सहायता मिलती है। वे प्रकाश-स्तंभ Beacon कहाते हैं, और उनके व्यय के लिए जहाजों के मालिकों आदि द्वारा जो धन दिया जाता है उसे Beaconage कहते हैं। प्रकाश-स्तंभ सम्बन्धी यह एक प्रकार का कर या महसूल है।

Bear, Stock-exchange कंपनी आदि के हिस्से बेचने और ख़रीदने के सम्बन्ध में इस शब्द का विशेष अर्थ होता है। जो व्यक्ति यह सोच कर अपने हिस्से बेच देता है कि निकट भविष्य में उनकी दर घटने वाली है, उसे Bear कहते हैं। इस प्रकार के लोग अपने हिस्से बेच कर उनकी दर सस्ती होने पर फिर उन्हें ख़रीद लेते हैं और इस प्रकार अधिक दामों में बेचकर कम दामों में ख़रीदने से लाभ उठाते हैं। इसके विपरीत जो व्यक्ति यह सोच कर कि भविष्य में हिस्सों की दर बढ़ने वाली है, उन्हें ख़रीद लेता है उसके लिए Bull शब्द का प्रयोग होता है। वह सस्ते ख़रीद कर महँगे बेचने की आशा में यह करता है। इस प्रकार Stock Exchange में उपरोक्त दो प्रकार के हिस्सों के दलालों के लिए Bears and Bulls of the Stock Exchange मुहावरे का प्रयोग होता है। Bear शब्द का अर्थ रीछ या भालू भी है, जो अपने शिकार को नीचे ज़मीन पर पटकता या दबोचता है। अतः जो व्यक्ति अपने हिस्से बेच कर उसके भाव को नीचे ले जाता है यानी मंदा करता है उसे Bear कहते हैं। इसी प्रकार Bull बैल को कहते हैं। जब बैल किसी पर आक्रमण करता है तो वह उसे सींगों पर उछालता है अतः हिस्से के बाजार में हिस्से ख़रीद कर जो उसका भाव ऊंचा ले जाता है उसे Bull कहते हैं।

Bearer वाहक; लेजाने वाला 'चेक' आदि के सम्बन्ध में इस शब्द का उपयोग उस व्यक्ति के लिए होता है, जो 'चेक' भुनाने ले जाता है और जिसे उसका रुपया दिया जाता है। यह व्यक्ति, 'चेक' देने वाले तथा जिसके लिए 'चेक' दिया गया हो, उनसे भिन्न होता है, और इस प्रकार के 'चेक' पर "Payable to bearer" लिखा होता है, जिसका अर्थ यह है कि जिस व्यक्ति को भी वह चेक दिया जाय वह उसे भुगता कर रुपया ले सकता है और जिसके पक्ष में वह चेक पहले दिया गया था उसे रुपये लेने के लिए स्वयं जाने की आवश्यकता नहीं है।

Bed of Justice न्याय का बिस्तर; न्यायासन। फ्रांस में पार्लियामेंट में राजा के बैठने के सिंहासन के लिए इस वाक्यांश का उपयोग होता था। अतः अब पार्लियामेंट के लिए भी यही वाक्यांश व्यवहृत होता है, क्योंकि वह सर्वश्रेष्ठ न्यायालय है। इसीलिए इंग्लैण्ड की पार्लियामेंट के लिए Bed of Justice तथा Palladium of Liberty आदि का उपयोग होता है।

Bedel अदालत का वह चपरासी या नौकर जो अदालत शुरू होने पर मामले-मुक़द्दमे से सम्बन्धित व्यक्ति को आवाज़ देकर बुलाता है।

Beer House or Beer Shop शराबखाना; शराब का ठेका; वह मकान जहां शराब बेचने के लिए आज्ञा (License) प्राप्त करली गई हो। इस प्रकार की आज्ञा अर्थात् लाइसेन्स में शराब बेचने का स्थान, समय और उसका अधिकारी निश्चित कर दिया जाता है। उसके ख़िलाफ़ शराब बेचना अपराध है। (देखो Ale House)।

Begin, The Right to: दीवानी मामलों में, वादी और प्रतिवादी में से, किसे पहले अपने पक्ष के समर्थन में प्रमाण देने का अधिकार है, इन अर्थों में इस वाक्यांश का प्रयोग होता है, जिसका अर्थ है "प्रारंभ करने का अधिकार" जिस पर अदालत द्वारा निश्चित की गई तनक़ीह (issue) को सिद्ध करने का भार हो, उसका ही यह अधिकार होता है। साधारणतः यह अधिकार वादी (plaintiff) का ही होता है; किन्तु यदि प्रतिवादी 'वादी' के दावे को स्वीकार करले किन्तु यह कहे कि कानून या अन्य तथ्यों के आधार पर 'वादी' अपने द्वारा प्रस्तुत दादरसी या प्रतिकार (Relief) को पाने का अधिकारी नहीं है, तो उस

अवस्था में प्रतिवादी को 'प्रारंभ करने' का अधिकार है। (देखो ज़ाब्ता दीवानी आर्डर १८ रूल १)।

Benami दूसरे के नाम पर। जब कोई क्रय-विक्रय या क़रार आदि उभय पक्षों के लिए न होकर किसी अन्य व्यक्ति की तरफ से या अन्य व्यक्ति के लिये हो, जिसका उसमें वर्णन न हो, तो उसे Benami या Benami Transaction कहते हैं। इस प्रकार की 'बेनामी' कार्यवाही भारतीय क़ानून में ही प्रचलित है। विशेषकर जब किसी चीज़ को ख़रीदने वाला कोई अन्य व्यक्ति हो और रुपया देने वाला कोई दूसरा, तो इस प्रकार के 'क्रय' या ख़रीददारी को बेनामी कहते हैं, क्योंकि ख़रीदी हुई चीज का वास्तविक स्वामी ख़रीदने वाला न होकर उसके लिए रुपया देने वाला होता है। प्रकट रूप में ख़रीदने वाले को Benamidar कहते हैं। क़ानून में साधारणतः माल ख़रीदने वाला ही उसका वास्तविक स्वामी समझा जाता है। किन्तु यदि यह सिद्ध कर दिया जाय कि वह क्रय या ख़रीद बेनामी थी अर्थात् ख़रीदने वाले ने उसे किसी अन्य व्यक्ति के लिये और उसके रुपये से ख़रीदा था तो वह रुपये देने वाला व्यक्ति ही उसका वास्तविक स्वामी माना जाता है।

Bench (१) जजों, मजिस्ट्रेटों तथा न्यायालय अथवा न्यायासन के लिए इस शब्द का प्रयोग होता है।

(२) जब एक से अधिक न्यायाधीश एक साथ बैठ कर न्याय करते हैं तो उनके लिए जुडीशियल बेंच या Bench of Magistrates का उपयोग होता है।

(३) जब किसी बेंच Bench में किसी हाईकोर्ट के सब या अधिकांश न्यायाधीश मिल कर बैठते हैं या निर्णय करते हैं तो उसे फुल बेंच Full Bench कहते हैं। देखो ज़ाब्ता फ़ौजदारी (Criminal Procedure Code) धारा १५)।

Bench Warrant अपराधी को गिरफ़्तार करने के लिए सेशन्स आदि के प्रधान न्यायाधीश द्वारा जारी की गई आज्ञा अर्थात् 'वारंट'। जो 'वारंट' पुलिस-मजिस्ट्रेट आदि द्वारा निकाला गया हो उसे Justice's Warrant कहते हैं।

Benchers इंगलैण्ड की इन्स ऑफ कोर्ट (Inns of Court) के अधिकारी। इंगलैण्ड में जो संस्था बैरिस्टरी की शिक्षा तथा सनद देने का कार्य करती हैं, उन्हें Inns of Court और इनके अधिकारियों को Benchers कहते हैं, और ये लोग इंगलैण्ड के प्रसिद्ध बैरिस्टरों में से चुने जाते हैं।

Beneficial Enjoyment हितकर भोग; सुखपूर्वक उपभोग; लाभदायक उपभोग। भोगाधिकार (Easement) के सम्बन्ध में इस वाक्यांश का उपयोग होता है, तथा भारतीय सुखाधिकार क़ानून (Indian Easements Act) धारा ४ के अनुसार सम्पत्ति आदि सम्बन्धी बाद में होने वाले लाभ या अन्य आराम (Amenity) भी Beneficial Enjoyment में सम्मिलित हैं।

Beneficial Interest हित-सम्बन्ध; हिताधिकार; किसी सम्पत्ति या चीज़ से लाभ उठाने का अधिकार; 'ट्रस्ट' की हुई सम्पत्ति में जिसके लिए वह सम्पत्ति ट्रस्ट की गई हो (Cestuque trust) उसका अधिकार। जैसे 'क' के पास कोई ज़मीन 'ख' के लिए ट्रस्ट रूप में हो, तो यद्यपि 'क' का उस पर क़ानूनी क़ब्ज़ा है, किन्तु 'ख' का उसमें हिताधिकार अर्थात् Beneficial Interest है, क्योंकि उस सम्पत्ति से हित अर्थात् लाभ प्राप्त करने का उसे अधिकार है। (देखो Trust Act)

Beneficiary हिताधिकारी; वह व्यक्ति जिसे किसी वस्तु में लाभ या हित प्राप्त करने का अधिकार हो, जैसा कि उपरोक्त Beneficial Interest में दिये गये उदाहरण में 'ख' है।

Beneficiary Privileges पुस्तकों आदि पर लेखक और प्रकाशक के अधिकार (Copy Right), तथा आविष्कारक का अपनी आविष्कृत वस्तु सम्बन्धी अधिकार (Patent Right) आदि को Beneficiary Privileges कहते हैं, जिसका तात्पर्य यह है कि उन आविष्कृत चीज़ों या पुस्तकों आदि को, जिनके "सर्वाधिकार सुरक्षित" कर लिये गये हैं, कोई दूसरा व्यक्ति बनाने अथवा छापने न पावे।

Benefit Societies हितकारी संस्थाएँ। इस प्रकार की संस्थाएँ अधिकतर इस उद्देश्य से बनाई ... उसके सदस्यों को कुछ निश्चित चन्दा या

अपने अथवा अपने सम्बन्धियों के लिए पहिले से ऐसी व्यवस्था हो जाय, जिससे वृद्धावस्था अथवा बीमार होने आदि की दशा में जीवन-निर्वाह आदि के लिए समय पर रुपया, रसद आदि प्राप्त हो सके।

Benefit Building Society गृह-निर्माण सहायक सभा; वह सभा जिसके सदस्य आपस में चन्दे आदि के रूप में धन एकत्रित करते हैं, और फिर मकान के लिए ज़मीन लेने, मकान बनाने या ख़रीदने के लिए उसमें से सहायता दी जाकर उससे ख़रीदा हुआ मकान आदि सभा के नाम गिरवी रख लिया जाता है।

Benevolence इंग्लैण्ड के राजा को दी जाने वाली भेंट। इंग्लैण्ड में पहले स्टूअर्ट काल तक प्रजा से जो भेंट ली जाती थी, उसे Benevolence कहते थे। प्रकट में यह कहा जाता था कि प्रजा अपनी इच्छा से यह भेंट देती है, किन्तु वास्तव में यह एक ज़बरदस्ती लिया जाने वाला कर था। "Petition of Right" में प्रजा की तरफ से इसका प्रबल विरोध किया गया, और तब से वहाँ यह निश्चय हो गया कि प्रजा की इच्छा अथवा पार्लियामेण्ट की स्वीकृति के बिना राजा को प्रजा से किसी प्रकार का कर, कर्ज़, उपहार आदि लेने का अधिकार नहीं होगा।

Bequeath वसीयत करना; मृत्यु-पत्र या वसीयतनामे द्वारा सम्पत्ति देना। पहले चल-सम्पत्ति को वसीयत करने में Bequeath तथा अचल-सम्पत्ति के वसीयत करने के अर्थ में Devise शब्द प्रयुक्त होता था, किन्तु अब अचल-सम्पत्ति के लिए भी Bequeath शब्द का भी प्रयोग होने लगा है।

Bequest वसीयत; (Legacy) चल-सम्पत्ति या सम्पत्ति की वसीयत। वसीयत चार प्रकार की हो सकती है—(१) Specific अर्थात् 'ख़ास वसीयत,' जैसे "मेरे घर में जो लकड़ी का सामान (Furniture) है, वह मैं 'क' को वसीयत करता हूँ"—इस प्रकार की; (२) General अर्थात् 'आम वसीयत,' जैसे १०००) वसीयत करना; (३) Demonstrative, जैसे यह लिखना कि 'मेरे जो १०००) भारतीय इम्पीरियल बैंक में जमा हैं, उनकी वसीयत करता हूँ'। (४) Residuary अर्थात् शेष या बाक़ी बचे हुए की वसीयत—अन्य प्रकार की वसीयतों के बाद बची हुई या बाक़ी की चल सम्पत्ति की वसीयत। Bequeath की तरह Bequest शब्द रुपये, घोड़े, मेज़, कुर्सी आदि लकड़ी के सामान की वसीयत के लिए व्यवहृत होता है, और ज़मीन आदि अचल सम्पत्ति की वसीयत के लिए Devise शब्द काम में आता है।

Berbiage किसी ज़मीन में भेड़ें चराने के लिए दिया जाने वाला कर या किराया।

Best Evidence सर्वोत्तम प्रमाण या सबूत। किसी तथ्य को प्रमाणित करने के लिए उसका जो सबसे उत्तम प्रमाण या सबूत हो, वही पेश करना चाहिये। जैसे, यदि किसी बात के लिए Primary Evidence अर्थात् प्रधान या मुख्य प्रमाण मिले, तो उसे सिद्ध करने के लिये दिये गये अप्रधान या गौण (Secondary) प्रमाण को अदालत स्वीकार न करेगी। उदाहरणार्थ यदि किसी लेख या दस्तावेज़ को सिद्ध करना हो, तो स्वयं उस दस्तावेज़ का पेश किया जाना ही उसका प्रधान या मुख्य प्रमाण है। उसकी नक़ल अथवा उसके सम्बन्ध की ज़बानी गवाही Secondary अथवा अप्रधान सबूत हैं, और इसलिए दस्तावेज़ का सर्वोत्तम प्रमाण स्वयं उसका ही पेश किया जाना है। (देखो Primary Evidence व Secondary Evidence.)।

Bestiality मनुष्य का पशुओं के साथ व्यभिचार। अप्राकृतिक होने के कारण यह दण्डनीय अपराध है। (देखो भारतीय दण्ड विधान धारा ३७७, तथा Unnatural Offences और Buggery, Sodomy).

Better Equity प्राकृतिक न्याय; Equity की दृष्टि से जब दो व्यक्तियों में से एक का पक्ष अधिक बलवान हो तो इस प्रकार अपेक्षाकृत प्राकृतिक न्याय को Better Equity कहते हैं। जैसे 'क' और 'ख' दोनों प्राकृतिक न्यायालय (Court of Equity) में यदि एक ही ज़मीन के सम्बन्ध में मांग पेश करें और उन दोनों में से 'ख' की मांग अधिक उचित हो, तो यह कहा जायगा कि 'ख' के पक्ष में Better Equity है। दूसरे शब्दों में यदि 'क' ने अपनी ज़मीन पहले 'ख' के पास और फिर उसे ही 'ग' के पास रहन

रक्खी हो, और 'ग' को यह पता न हो कि वह ज़मीन पहले 'ख' के पास रहन रक्खी जा चुकी है, और 'ख' ने भी न तो वह ज़मीन और न उससे सम्बन्धित काग़ज-पत्र ही अपने कब्ज़े में लिए अथवा लेने बाद कभी 'क' को वापिस लौटा दिये, जिससे कि वह उसी ज़मीन को 'ग' के पास रहन रख सका उस अवस्था में यदि 'ख' और 'ग' दोनों ही उस ज़मीन के लिए मांग पेश करें, तो उन दोनों में 'ख' से 'ग' की मांग अधिक न्याय-संगत या उचित समझी जायगी अर्थात् यह माना जायगा कि उसके पक्ष में Better Equity है। इंग्लेण्ड में Equity क़ानून से भिन्न वस्तु है, और उसका न्यायालय भी साधारण क़ानून (Common Law) के न्यायालय से अलग है। Court of Equity में Equity अर्थात् प्राकृतिक अथवा वास्तविक न्याय का पालन किया जाता है, जिसका अर्थ है वह न्याय जो नैतिक दृष्टि से उचित और सब के लिए माननीय हो; अर्थात् यदि कोई क़ानून जनता के लिए कष्टकर है और ऐसा है जैसा कि न होना चाहिये तो Equity के न्याय के अनुसार उस क़ानून को रद्द किये बिना ही इस प्रकार न्याय करने का यत्न किया जायगा, जो कि वास्तव में उचित हो और किसी के साथ अनावश्यक सख़्ती करने वाला न हो। संक्षेप में यों कहा जा सकता है कि Equity का तात्पर्य उस न्याय से है "जो वास्तव में होना चाहिये" और साधारण न्याय का अर्थ है, वह न्याय जो बने हुए क़ानूनों के अनुसार है, चाहे फिर वह क़ानून उचित हो या अनुचित। (इस विषय में Equity शब्द देखो)।

Betting बाज़ी; शर्त; दाव; जुए का एक प्रकार, जो एक अपराध है।

Bhaichara भाईचारा; संयुक्त प्रान्त में प्रचलित एक शब्द जिसका अर्थ वह अधिकार है, जो एक से अधिक व्यक्तियों अथवा सारी बिरादरी को किसी गांव या ज़मीन पर इसलिए प्राप्त है कि वे सब आपस में "भाई-भाई" अथवा सम्बन्धी हैं और वह ज़मीन या गांव उनकी सम्मिलित ज़मीदारी है।

Bhartridhan भर्ता अर्थात पति द्वारा दिया गया स्त्री-धन; वह स्त्री-धन जो स्त्री को उसके पति ने दिया हो।

Bhratridatta भ्रातृ-दत्त; वह स्त्री-धन जो स्त्री को उसके भ्राता अर्थात भाई से मिला हो।

Betting House वह मकान जहां खुले तौर पर दाव लगाना या जुआ होता हो। इंग्लैंड में सार्वजनिक स्थानों में दाव लगाना जुर्म है, हिन्दुस्तान में इसके लिए Gambling House का प्रयोग होता है और इस प्रकार का मकान या स्थान 'रखना' यहां भी अपराध है (देखो Gambling),

Beyond the Seas समुद्र पार; इंग्लैण्ड में प्रचलित एक शब्द, जिसका तात्पर्य किसी व्यक्ति का इंग्लैण्ड आयर्लेण्ड, स्काटलैण्ड, चैनल और मान के टापू अथवा ब्रिटेन की सीमा से बाहर होना है। यदि 'वादी' इस प्रकार "समुद्र पार" हो तो उसे इस कारण से मुक़द्दमा करने के लिए निश्चित समय से अधिक समय नहीं मिलता, किन्तु "प्रतिवादी" के 'समुद्र पार' होने पर तब तक के लिए क़ानून मियाद स्थगित हो जाता है।

Bid बोली; नीलाम में बोली लगाना; नीलाम होने वाली सम्पत्ति या चीज़ के लिए नीलाम के समय वह क़ीमत लगाना जिस पर कि उस चीज़ को ख़रीदने के लिए तैयार हो। जब तक इस क़ीमत को नीलाम करने वाला स्वीकार न करले, तब तक बोली बोलने वाला उसे वापिस ले सकता है, उसके बाद नहीं। यदि डिगरी की इजराय में जिस पर डिग्री हो, उसका सामान या सम्पत्ति नीलाम हो, तो उसे ख़रीदने के लिए साधारणतः डिग्रीदार बोली नहीं बोल सकता; किन्तु न्यायालय से ख़ास तौर पर आज्ञा प्राप्त कर के वह भी बोली बोल सकता है।

Biddings नीलाम में बोली पर बोलियां लगाना, अर्थात् नीलाम की जाने वाली वस्तु की क़ीमत को बोली पर बोली लगा कर बढ़ा देना या ऊंची कर देना।

Bigamy बहुविवाह, अर्थात् एक पत्नि या पति के रहते दूसरे पुरुष या स्त्री से विवाह करना। जब तक विवाहित स्त्री या पुरुष का पति अथवा पत्नि जीवित हो, तथा उनका विवाह-सम्बन्ध विच्छेद न हुआ हो, और उन दोनों में से यदि कोई फिर किसी से विवाह करले तो अंग्रेज़ी क़ानून के अनुसार यह एक अपराध है। भारतीय दंड विधान की धारा ४९४ के अनुसार

जिन लोगों का विवाह सम्बन्ध उनके धर्म या व्यक्तिगत क़ानून (Personal laws) के अनुसार होता है और उनके उस क़ानून में बहु-विवाह की आज्ञा हो, तो उन्हें छोड़ कर, यदि अन्य व्यक्ति एक के होते दूसरा विवाह करले तो वह दंडनीय होता है। भारत में बिना विवाह-विच्छेद के कोई भी स्त्री एक पति के रहते दूसरे पुरुष से विवाह नहीं कर सकती; किन्तु हिन्दू पुरुष एक साथ चाहे जितनी स्त्रियों से विवाह कर सकता है तथा मुसलमान पुरुष भी ४ स्त्रियों से विवाह कर सकता है।

Bilateral Contract पारस्परिक-क़रार, या मुआयदा। वह मुआयदा या इक़रार जिसमें दोनों पक्षों के लिए यह आवश्यक है कि वे मुआयदे में एक दूसरे के प्रति किये गये क़रारों का पालन करें। जैसे बेचने के मुआयदे में बेचने वाले को बेची जाने वाली चीज़ ख़रीददार को देनी चाहिये तथा ख़रीददार को उसकी क़ीमत बेचने वाले को चुकानी चाहिये। इसके विपरीत जिस मुआयदे में केवल एक पक्ष का ही उत्तरदायित्व हो, उसे Unilateral Contract कहते है (देखो Contract)।

Bill बिल। इस शब्द का प्रयोग अनेक प्रकार से तथा अनेक अर्थों में होता है, जैसे:—

Bill धारा सभाओं अर्थात् क़ानून बनाने वाली सभाओं (Legislatures) में Bill शब्द का आशय उस आयोजन (Measure) या क़ानूनी योजना से होता है जो कानून (Act) में परिणित करने के उद्देश्य से वहां पेश की जाती है। जब तक वह योजना विचाराधीन होती है, Bill कहलाती है, और जब वह नियमानुसार स्वीकृत होकर क़ानून बन जाती है, तो उसे Act कहते हैं। (देखो Act).

Bill Obligatory देखो Bill of Debt.

Bill of Acceptance एक प्रकार की हुंडी जो एक व्यापारी दूसरे व्यक्ति के पास, जिसके नाम पर वह लिखी गई है, स्वीकार करने के लिये भेजता है।

Bill of Adventure देखो Adventure Bill of।

Bills, Votualling जहाज पर व्यवहार के लिए भोजन और अन्य सामग्री बिना महसूल लेजाने की आज्ञा।

Bill of Attainder वह बिल या क़ानूनी योजना जो पार्लियामेण्ट में किसी व्यक्ति या व्यक्तियों को 'भीषण अपराधी' घोषित करने के लिए प्रस्तुत किया जाय। (देखो Attainder)।

Bill of Complaint शिकायत पत्र। इंगलैण्ड के Court of Equity or Chancery अर्थात् 'प्राकृतिक न्याय' की अदालत में पहले वादी अपने दावे की आधार-भूत बातों को लिखित रूप में पेश करता था और इस लिखित बयान को Bill of Complaint कहा जाता था। अब वादी के इस प्रकार के लिखित बयान को Bill न कह कर Writ and Statement of claim कहते हैं।

Bill of Conformity जब किसी मृत व्यक्ति की सम्पत्ति सम्बन्धी व्यवस्था गड़-बड़ में हो, तो उसका व्यवस्थापक अदालत में यह जानने के लिए कि उस अव्यवस्थित सम्पत्ति आदि की किस प्रकार व्यवस्था की जाय, जो 'लिखित प्रार्थना' पेश करता था उसे Bill of Conformity कहा जाता था। इस प्रकार का Bill पहले इंगलैंड में प्रचलित था।

Bill of Costs व्यय पत्र; अर्थात् वह लेख-बद्ध हिसाब जिसमें वकील तथा मुक़द्दमे के अन्य ख़र्चे का ब्यौरा हो। यह व्यय पत्रक बहुधा वकील की ओर से मुवक्किल को दिया जाता है जि से उसे पता लगे कि उसके मुक़द्दमे और वकील की फ़ीस में कितना रुपया ख़र्च हुआ है। लेनदार द्वारा क़र्ज़दार को हिसाब का ब्यौरा देना या उस ख़र्च या फ़ीस का हिसाब देना, जो कि क़र्ज़दार को दी गई चीज़ों अथवा उसके लिए किये गये काम के बदले में लेनदार वसूल करने का हक़दार है।

Bill of Credit (१) साख-पत्र; अपनी साख पर उधार देने के लिए दिया गया पत्र।

जब एक व्यक्ति (व्यापारी या सर्राफ़ आदि) दूसरे व्यक्ति के नाम इस प्रकार का पत्र या लेख दे, जिसमें यह प्रार्थना की गई हो कि पत्र-वाहक या अन्य व्यक्ति को लिखने वाले की साख पर रुपया या माल उधार दे दिया जाय, तो इस प्रकार के पत्र को Bill of Credit कहते हैं। यह 'पत्र' दो प्रकार का हो सकता है। पहला, सब व्यापारियों या अन्य व्यक्तियों के नाम जिसे General Bill of Credit, और

दूसरा किसी खास व्यक्ति के नाम जिसे Special Bill of Credit कहते हैं। Letter of Credit भी Bill of Credit का पर्यायवाची है। (२) किसी व्यक्ति या फर्म का जो रुपया विदेशों में रहने वालों की तरफ उधार हो, उसे वसूल करने का अधिकार-पत्र। (३) सरकार द्वारा अपनी साख पर जारी किये हुए नोट (Notes)।

Bill of Debt or Bill Obligatory ऋण-पत्र, अर्थात् वह लेख जिसके द्वारा कोई व्यापारी आदि अपने ऊपर हुए किसी के ऋण परिमाण, उसे देने की तारीख, और स्थान लिख दे।

Bill of Entry चुंगी, जकात, या महसूल-दफ़्तर (Customs House) में माल के आने और जाने का जो ब्यौरा लिखा होता है, उसे Bill of Entry कहते हैं। इस ब्यौरे में व्यापारी का नाम, माल की तादाद, और किस्म आदि लिखी जाती है।

Bill of Exceptions आपत्ति-पत्र, अर्थात् ज्यूरी की सहायता से सेशन कोर्ट द्वारा निर्णीत मुक़द्दमे में न्यायाधीश व ज्यूरी के निर्णय के विरुद्ध जो आपत्तियाँ या उज्र पेश किये जांय, उनकी सूची को Bill of Exceptions कहते हैं।

Bill of Exchange हुंडी; वह लेख-पत्र जिसके द्वारा उसका लिखने या उस पर हस्ताक्षर करने वाला व्यक्ति किसी अन्य ख़ास व्यक्ति के नाम बिना किसी शर्त के यह आज्ञा या आदेश दे, कि वह किसी निश्चित व्यक्ति को या उसके आदेश या आज्ञा पर कुछ निश्चित रुपया दे दे।

यद्यपि साधारणतः Bill of Exchange के लिए 'हुंडी' शब्द का प्रयोग किया जाता है; किन्तु यह हुंडी से अधिक व्यापक शब्द है; क्योंकि हुंडियां पूर्वीय अर्थात् देशी भाषाओं में लिखी जाती हैं तथा स्थानीय रिवाज के अनुसार व्यवहार में आती हैं। हुंडियां कभी Bill of Exchange की तरह होती हैं तो कभी Promisory Note के प्रकार की, तथा उन पर Negotiable Instruments Act लागू नहीं होता। (देखो लेन-देन दस्तावेज़ सम्बन्धी क़ानून (Negotiable Instruments Act धारा ४)

Bill of Health एक प्रकार का जहाज़ी प्रमाण पत्र। जब जहाज़ किसी बन्दरगाह से रवाना होता है तो उसके स्वामी को एक प्रमाण पत्र मिलता है जिसमें उस बन्दरगाह की स्वास्थ्य सम्बन्धी अवस्था का वर्णन होता है। यही प्रमाण पत्र Bill of Health कहाता है। यदि इसमें यह लिखा हो कि जहाज़ की रवानगी के स्थान पर कोई संक्रामक अर्थात् छूत का रोग नहीं है, तो उसे दूसरे बन्दरगाह में उतरने की आज्ञा मिल जाती है।

Bill of Indemnity इंगलैण्ड में पहले अनेक बड़े-बड़े पद के पदाधिकारियों को अपने पद पर स्थित होने से पूर्व एक विशेष प्रकार की शपथ लेनी पड़ती थी, और जो लोग इस प्रकार की शपथ नहीं लेते थे, उन्हें उस पद का कार्य करने का अधिकार नहीं होता था, अतः कुछ विशेष अवस्थाओं में ऐसे लोगों की रक्षार्थ, जिन्होंने शपथ नहीं ली हो, वहां प्रति वर्ष एक क़ानून पास होता था, वही Bill of Indemnity कहाता था जिसके द्वारा ऐसे लोगों की शपथ लेने की शर्त से मुक्ति हो जाती थी। सन् १८६८ से इसका बनना बंद होगया है।

Bill of Indictment अभियोग-पत्र; फ़र्द जुर्म, अभियुक्त के विरुद्ध लगाये गये जुर्म को जब लिख कर उसे सुनाया जाता है तो इस लिखित अभियोग-पत्र को फ़र्द जुर्म कहते हैं।

Bill of Lading नौभार पत्र; जहाज़ पर लादे गये सामान की सूची; एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाये जाने के लिए जहाज़ पर लादे गये सामान या माल का लेखबद्ध ब्यौरा, या वह रसीद जो जहाज़ का स्वामी या कप्तान माल भेजने वाले को देता है। रेल से माल भेजते समय जो 'बिल्टी' मिलती है, यह नौभार-पत्र भी उसी प्रकार की एक बिल्टी है जिसे दिखा कर जहाज़ से वह माल छुड़ाया जा सकता है।

Bill of Mortality मृत्यु संख्या पत्र; वह सूची जिसमें किसी स्थान विशेष में होने वाली मौतों की संख्या दी गई हो।

Bill of Pains and Penalties किसी व्यक्ति को न्यायालय में अभियोग चलाये बिना ही मृत्यु-दंड के सिवाय अन्य दंड देने के लिए पार्लियामेण्ट में क़ानून बनाने के लिए पेश किया जाने वाला व्यवस्था-पत्र।

पहले इंग्लेण्ड में लोगों को राजद्रोह आदि के लिए इस प्रकार दंड दिया जा सकता था।

Bill of Particulars वादी अथवा प्रतिवादी की मांगों का ब्यौरा; वादी अर्थात् मुद्दई अपनने दावे के ज़रिये प्रतिवादी से जो मांगे अथवा लेना चाहे उसकी सूची; प्रतिवादी अर्थात् मुद्दाइला दावे के बदले में जो दावा (Set off) पेश करे उसका ब्यौरा।

Bill of Peace पहले इंग्लेण्ड में कोई व्यक्ति अपने पर एक ही मामले के अनेक दावे होने पर उनसे बचने के लिए प्राकृतिक न्यायालय (Chancery) में जो लेख पेश करता था, वह Bill of Peace कहा जाता था। आजकल इसके स्थान में Consolidation order का प्रयोग होता है। (देखो Consolidation order)

Bill of proof किसी ज़ब्त किये जानेवाले सामान पर किसी दूसरे व्यक्ति द्वारा अपने वास्तविक स्वामी होने का दावा सिद्ध करने के लिए की जानेवाली क़ानूनी कार्रवाई।

Bill of Rights अधिकार पत्र; अधिकार-घोषणा। जैसे सन् १६८८ में इंग्लेण्ड की प्रजा ने अपने राजनैतिक अधिकारों की जो सूची या घोषण-पत्र तय्यार किया था और जो बाद में पार्लियामेण्ट द्वारा एक Act या क़ानून के रूप में स्वीकार किया गया था।

Bill of Sale बेनामा, अर्थात् वह दस्तावेज़ जिसके द्वारा एक व्यक्ति अपनी चीज़ दूसरे को बेच दे। यह बहुधा चल सम्पत्ति के लिए काम में आता है; (२) बेचने का क़रार। कोई व्यक्ति किसी के पास अपनी कोई वस्तु रहन रखकर किसी निश्चित समय पर लौटाने के वादे पर कर्ज़ लेता है और जो क़रार नामा लिखता है वह Bill of Sale कहलाता है। यदि वह व्यक्ति निश्चित समय में कर्ज़ न चुका दे तो कर्ज़ देने वाले को अधिकार होता है कि वह इस क़रारनामे के आधार पर रहन रक्खी गई चीज को बेच दे।

Bill of Sight (१) रोकड़ी हुंडी (२) जब कोई माल मंगाने वाला आदमी चुंगी-दफ़्तर को माल की तादाद और क़िस्म का पूरा-पूरा ब्यौरा देने में असमर्थ हो तो उस समय माल उतारने के लिए उसका जितना ब्यौरा मालूम हो उतना ही लिख लिया जाता है, इसी को Bill of Sight कहते हैं। माल उतर जाने के बाद मालिक को, उसे ले जाने के लिये, ले जाने से पहिले महसूल वसूल करनेवाले अधिकारी को उस का पूरा ब्यौरा जिसे Bill of Entry कहते हैं, देना आवश्यक है।

Bill of Store महसूल माफ़ी का आज्ञा-पत्र; भोजन या अन्य आवश्यक वस्तुओं को बिना महसूल दिये लेजा सकने का परवाना। जहाज द्वारा ले जाने वाले माल के लिए इस वाक्यांश का उपयोग होता है। देखो Bills Victualling.

Bill of Sufferance बिना महसूल दिये किसी अंग्रेज़ी बन्दरगाह पर व्यापार करने की आज्ञा।

Billeting Soldiers सैनिकों की किसी निश्चित संख्या अपने राज्य के भोजनालयों को अथवा भोजन सामग्री बेचने वाले व्यापारियों के ज़िम्मे कर देना, जिससे उनके भोजन आदि का प्रबन्ध करना उनके लिए आवश्यक हो जाय।

Bi-Partite दो पक्षों का जैसे Cipartite Contract (देखो Bilateral Contract)

Birettum न्यायाधीश या धर्मोपदेशक की चौकोर टोपी।

Bishop धर्माध्यक्ष; चर्च का मुख्य अधिकारी; बिशप।

Bisseetile अर्थात् Leap Year अर्थात् वह सन् जिसमें फ़रवरी का महीना २९ दिन का हो।

Black Cap किसी अभियुक्त को मृत्युदंड देते समय न्यायाधीश के अपने सिर पर धारण करने की टोपी या अन्यवस्त्र।

Black Mail डरा-धमाका कर धन वसूल करना।

Blank acceptance कोरा चेक या हुण्डी सिकारना; ऐसी हुण्डी या चैक सिकारना जिस पर वसूल की जाने वाली रक़म न लिखी हो। इस प्रकार का कोरा या खाली 'काग़ज़' जिसे दिया जाता है उसे यह अधिकार होता है कि वह उस पर जितना चाहे उतना रुपया लिखकर वसूल करले, किन्तु यह रुपया उक्त काग़ज़ में जो 'स्टाम्प' हो उसके अनुसार ही होना चाहिये। (देखो लेन-देन दस्तावेज़ सम्बधी क़ानून धारा २०)

Blank bill or Note वह हुंडी या काग़ज़ जिसमें उस का रुपया पाने वाले का नाम न लिखा हो।

Blank-bar, Common bar जब किसी अनधिकार प्रवेश अथवा मदाख़लत बेजा के मुक़द्दमे में प्रतिवादी यह उज़र करे कि वादी को अनधिकार प्रवेश किये गये स्थान का और अधिक स्पष्ट निर्देश करना चाहिये, तो प्रतिवादी द्वारा उठाये गये इस उज़र को Blank-bar कहते हैं।

Blank-transfer दिये जाने वाले व्यक्ति का नाम निर्देश किये बिना शेयर आदि देना। बहुधा सराफ़ों या बेंक से कर्ज़ लेते समय ऐसे शेयर ज़मानत के तौर पर उनके पास रक्खे जाते हैं।

Blanks (१) ख़ाली स्थान; क़ानूनी कागज़ों या लेख-पत्रों में भूल से रह जाने वाले स्थान। यदि इन ख़ाली स्थानों में कोई आवश्यक बात रह गई हो तो इनके कारण वह काग़ज़ या लेख रद्द हो जाता है।

(२) इंग्लेण्ड के राजा हेनरी पंचम द्वारा चलाया गया एक सिक्का।

Blood (१) रक्त या ख़ून। (क़ानूनी परिभाषा में एक ही वंश के अथवा निकट सम्बधियों को Blood relations कहते हैं; और किसी की सम्पत्ति का उत्तराधिकारी कौन है, इसका निर्णय उत्तराधिकारी का सम्पत्ति के स्वामी से रक्त-सम्बन्ध है या नहीं, इस बात से किया जाता है।

Blockade अवरोधन; नाकेबन्दी; घेरा। अन्तर्राष्ट्रीय क़ानून में इस शब्द का अर्थ युद्ध समय में एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष के बन्दरगाह या समुद्रतट को रोकने या इस प्रकार घेरने को कहते हैं, जिससे उस बन्दरगाह में कोई जा-आ न सके। शत्रु के बन्दरगाह या समुद्रतट के मार्ग में अपनी नौ-सेना या ज़हाज़ों की ऐसी क़तार लगादी जाती है कि उसे पार करके कोई आ-जा न सके, और यदि कोई ज़हाज उसे पार करने का यत्न करें तो पकड़ लिया जाय, अथवा उस पर आक्रमण कर दिया जाय। इस प्रकार की नाकेबन्दी का तात्पर्य शत्रु की रसद, युद्ध सामग्री, और अन्य सहायता को बन्द करना होता है। (देखो Dictionary of Political Terms में Blockade)

Board बोर्ड, अर्थात् वह सभा जिसे सरकार द्वारा कुछ अधिकार प्राप्त हों, जैसे, डिस्ट्रिक्ट अथवा ज़िला बोर्ड, ट्रेडबोर्ड आदि।

Body of an Instrument लेख या दस्तावेज़ का मुख्य भाग।

Bona इंग्लेण्ड के दीवानी क़ानून का चल-अचल सब प्रकार की सम्पत्ति के लिये काम में आने वाला शब्द।

Bona-fide सद्भावना पूर्ण, छल-कपट रहित; जिस कार्य के करने में कर्त्ता की कोई बुरी भावना या धोखा देने की नीयत न हो, अथवा स्वयं जिस कार्य में कोई धोखा आदि न हो।

Bona Vacanta लावारिस माल; वह माल या सम्पत्ति जिसके मालिक का पता न हो। इस प्रकार के माल पर उसका अधिकार होता है जिसे वह मिलता या पाता है (देखो Treasure Trore)

Bona Waviata चोर द्वारा त्यक्त या फेंका गया माल। जब चोर पकड़े जाने के भय से चुराया हुआ माल छोड़ भागे या फेंक दे तो उस माल को Bona Waviata कहते हैं।

Bond हस्तलेख; दस्तावेज़; कर्ज़पत्र; ऋण पत्र; रुक्का; वह हस्तलेख या दस्तावेज़, जिसके द्वारा कुछ निश्चित धन देने का अथवा कुछ कार्य करने का क़रार या वायदा किया गया हो, (देखो क़ानून मियाद Limitation Act) धारा २ (३) तथा स्टाम्प एक्ट (Stamp Act) धारा २ (५)।)

Bond-Creditor वह ऋणदाता जिसने क़र्ज़पत्र या दस्तावेज़ (Bond) लिखवा कर क़र्ज़ दिया हो।

Bond Note वह लेख या आज्ञापत्र जिसके आधार पर महसूल न दिये जाने के कारण रोका गया माल हटाने या अन्यत्र भेजने का अधिकार दिया जाय।

Bonded-debt ऋणपत्र अर्थात् रुक्के (Bond) पर दिया या लिया गया क़र्ज़। जब कोई सरकार या अन्य अर्ध-सरकारी संस्था ऋणपत्र (Bonds) देकर क़र्ज़ लेती है तो उसके इस प्रकार के क़र्ज़ को Bonded-debt कहते हैं। इस प्रकार के ऋण-पत्रों में क़र्ज़ को देने का समय और वायदा आदि होता है।

Bonded Goods बाहर से आया हुआ माल या सामान, जो महसूल चुकाये जाने तक सरकारी मालखाने में रक्खा जाता है।

Bondsman (१) ज़ामिन; (२) गुलाम; दास; क्रीत-दास।

Bonitarian Right 'क़ब्ज़े' का अधिकार; किसी वस्तु को अपने क़ब्ज़े में रखने का अधिकार।

Bonus बोनस; लाभांश; मुनाफ़ा ज़ायद; इनाम ; कम्पनी आदि द्वारा बाँटे जाने वाले नियमित लाभ के हिस्से के अलावा दी जाने वाली रक़म।

Book Debts उधार खाता।

Book of Account बहीखाता; व्यापार या लेन-देन करने वाले द्वारा नियमित रूप से लेन-देन अथवा जमा ख़र्च का हिसाब रखने की किताब।

Booty of war युद्ध में सेना द्वारा लूटा हुआ या उसके हाथ लगा हुआ माल। इस वाक्यांश का उपयोग उसी माल या सम्पत्ति के लिए होता है जो स्थल सेना को स्थल पर मिला हो, समुद्र आदि पर नहीं।

Borstal Institution सुधार-संस्था; वह संस्था जहाँ पर छोटी उम्र के अपराधियों को कला-कौशल की शिक्षा देकर तथा नैतिक और अनुशासन सम्बन्धी प्रभाव डालकर सुधारने का यत्न किया जाता है, जिससे कि वे मुक्त होकर फिर अपराध न करें। (देखो Reformatory.)

Bote (१) क्षति पूर्ति या मुआवज़ा, जैसे Man-bote उस मुआवज़े को कहते हैं जो किसी आदमी की हत्या करने पर लिया जाता है।

(२) इस शब्द का अन्य अर्थों में भी प्रयोग होता है, जैसे House-bote उस लकड़ी को कहते हैं जो मकान की मरम्मत या मकान में चलाने के काम आती हो, इसी प्रकार Blough-bote उस लकड़ी को कहते हैं जो खेती सम्बन्धी लकड़ी के औज़ारों के बनाने आदि में काम आती है।

Bottomry जहाज़ या उसके माल पर क़र्ज़ लेने का इक़रार। इस प्रकार जहाज़ या उस पर के सामान की ज़मानत पर जो क़र्ज़ लिया गया हो वह जहाज़ के डूब जाने पर क़र्ज़ लेने वाले से वसूल नहीं किया जा सकता। मार्ग में आगे की यात्रा के लिए आवश्यक धन न रहने पर बहुधा इस प्रकार जहाज़ को गिरवी रख कर क़र्ज़ किया जाता है।

Bottomry bond उपरोक्त प्रकार से ऋण लेने के लिये लिखा गया ऋण-पत्र।

Bought N[illegible] nd Sold Notes क्रय-विक्रय-पत्र; ख़रीद-फ़रोख़्तनामा। जब दलाल किसी के बदले स्टॉक या शेयर या अन्य सम्पत्ति बेचते या ख़रीदते हैं तो इस प्रकार के सौदे की कुछ आवश्यक मदों (Entries) की वे प्रतिलिपि बनाते हैं और जिसकी तरफ़ से वे दलाली करते हैं उन्हें दे देते हैं। इस प्रकार की नक़लों या प्रतिलिपियों के लिये उपरोक्त मुहावरा काम में आता है। जो प्रतिलिपि ख़रीदने वाले को दी जाती है उसे Bought Note और जो बेचने वाले को दी जाती है उसे Sold Note कहते हैं।

Boundary सीमा; हद; दो ज़मीन के टुकड़ों को अलग-अलग करने वाली रेखा आदि।

Bounties व्यापार या शिल्प की उन्नति के लिए सरकार द्वारा दी गई सहायता। (देखो Dictionary of Commercial Terms)।

Brawling चर्च या चर्च के अहाते में गाली-गलौज या लड़ाई आदि करना।

Breach किसी अधिकार के भंग अथवा किसी कर्तव्य की अवहेलना के सम्बन्ध में इस शब्द का प्रयोग होता है, जैसे Breach of duty, Breach of Right

निम्नलिखित विशेष अर्थों में भी इसका प्रयोग होता है:-

(१) Breach of Close अर्थात् ग़ैरक़ानूनी तौर पर किसी दूसरे की ज़मीन में प्रवेश करना अर्थात् अनाधिकार प्रवेश या मदाख़लतबेजा; Breaking a Close का भी यही अर्थ है।

Breach of Contract मुआयदे का भंग या अवहेलना करना अर्थात् उसका पालन न करना। Breach of Covenant इस वाक्यांश का समानार्थक है।

(३) Breach of Peace शान्ति भंग करना, दंगे या लड़ाई-झगड़े द्वारा सार्वजनिक शान्ति भंग करना। यह एक अपराध है। (देखो भा० द० वि० धारा १६० और Affray तथा धारा ५०४ तथा ५०५)

(४) Breach of Prison क़ानूनी क़ैद से भाग जाना।

(५) Breach of Privilege इंगलैण्ड की पार्लियामेन्ट के विशेष अधिकारों को भंग करना अथवा उनकी अवहेलना करना, जैसे, पार्लियामेन्ट की किसी

सभा के सामने झूठी शपथ लेना अथवा उसके किसी अधिकारी के कर्त्तव्य-पालन में बाधा डालना।

(६) Breach of Promise वचन-भंग; जैसे किसी को विवाह करने का वचन देकर विवाह न करना।

(७) Breach of trust विश्वास-घात; अमानत में खयानत; अमीन या ट्रस्टी द्वारा अपने कर्त्तव्य की अवहेलना या भंग।

Brevet D' Invention फ्रांस के क़ानून का वाक्यांश, जिसका अर्थ है किसी अविष्कार को पेटेण्ट कराना।

Breviate कभी-कभी पार्लियामेण्ट में पेश होने वाली किसी योजना या बिल का प्रभाव बताने के लिए उस का जो संक्षिप्त विवरण प्रचारित किया जाता है, उसे Breviate कहते हैं।

Bribery घूंसखोरी; रिश्वतख़ोरी; किसी सरकारी कर्मचारी का किसी काम के करने अथवा न करने के लिए गैरक़ानूनी तौर पर रुपया या अन्य उपहार लेना। इस प्रकार घूँस या रिश्वत देना या लेना दोनों ही अपराध हैं, (देखो भारतीय दंड विधान धारा १६१ से १६९ तथा २१३ से २१५)। धारा १६५ के अनुसार जज या अन्य सरकारी कर्मचारी किसी ऐसे व्यक्ति से जिस का उस के पास कोई काम हो अथवा होने वाला हो, कोई दामवाली चीज़ बिना दाम दिये अथवा कम दाम में ले, तो यह भी रिश्वतख़ोरी का अपराध समझा जाता है।

Bride well दंगई लोगों को सुधारने के लिए नज़रबन्द या कैद रखने की जगह; सुधार-जेल।

Brief वकील या बैरिस्टर को जानकारी या सूचना के लिए पक्षकार या मवक्किल के सालिसिटर द्वारा तैयार किया गया मुक़द्दमे का संक्षिप्त ब्यौरा। दीवानी या फ़ौज़दारी मामलों में वकील या बैरिस्टर को यह बताने के लिए कि उसके मवक्किल का मुक़द्दमा क्या है, उसका एक संक्षिप्त विवरण लिखकर दिया जाता है उसी को Brief कहते हैं।

Brief, to accept, or to take a किसी का पक्ष ग्रहण करना, अथवा किसी की तरफ से वकील होना या वकील होने की स्वीकृति देना।

Broad Arrow तीर का एक चौड़ा निशान जो इंग्लैण्ड में सरकारी गोदामों पर लगा होता है, जो इस बात का सूचक होता है कि वह गोदाम या उसका माल सरकारी है।

Brocage, Brokerage दलाली; दलाल का कमीशन।

Broker दलाल; वह व्यक्ति जो दूसरों की तरफ से खरीदने या बेचने का काम करे और उसकी दलाली या कमीशन ले।

Brothel वेश्यालय; क़सबख़ाना; कुटनीघर (देखो Bawdy house)। जहां कोई वेश्या रहे और उसके पास कई आदमी आते रहें, तो उस स्थान को न तो Brothel कहते हैं, न Bawdy house का ही उसके लिये प्रयोग होता है। जिस मकान या स्थान में बाहर से स्त्री या पुरुष व्यभिचार करने आवें तथा जिसके लिए उसका मालिक उन स्त्री-पुरुषों से कुछ धन वसूल करे, उस मकान या स्थान के लिए Brothel या Bawdy house का प्रयोग होता है।

Buggery मनुष्य या पशु के साथ किया गया अप्राकृतिक व्यभिचार जो दण्डनीय है। (देखो Sodomy, Unnatural Offence तथा Bestiality)

Building lease मकान बनाने के लिए ज़मीन किराये पर देना। इस प्रकार की ज़मीन लम्बे समय के लिए, जो बहुधा ९९ वर्ष होता है, दी जाती है और उसके बदले केवल उस ज़मीन का किराया लिया जाता है।

Bull (१) देखो Bear; (२) पोप अर्थात् रोमन केथोलिक ईसाइयों के जगद्गुरु की आज्ञा अथवा आदेश आदि को Bull of the Pope कहते हैं। इस प्रकार की आज्ञा या आदेश आदि जिस काग़ज़ में लिखो हो, उसे बन्द कर के उस पर मुहर लगा दी जाती है।

Bullion सोना, अथवा वह चीज़ जिससे शुद्ध सोना बनाया जाता है। आजकल इस शब्द का अर्थ वह सोना या चाँदी है, जिसके सिक्के न बनाये गये हों, और जो ढेर, पिंड या ईंट की शकल में हो।

Burden of Proof मुक़द्दमे या उसकी किसी बात को सिद्ध करने का भार। साक्षी-क़ानून या क़ानून शहादत का यह नियम है कि जिस बात को जो कहे अथवा इक़रार करे, उसको सिद्ध करने का भार उसी पर होता है। इसी लिए साधारणतः वादी अथवा अभियोक्ता अर्थात् प्रोसीक्यूटर पर पहले अपना पक्ष सिद्ध करने का भार होता है, किन्तु जब वह अपना

पक्ष प्रकट रूप में (Prima facie) सिद्ध करे, तो यह भार प्रतिवादी या अभियुक्त पर हो जाता है, (देखो साक्षी-कानून धारा १०१ तथा Right to Begin) ।

Burglary रात को मकान तोड़ कर उसमें घुसना और चोरी करना, (देखो भा० द० विधान धारा ४४५ व ४४६) ।

Burking, Burkism सांस घोट कर मार डालना। बर्क नामक प्रसिद्ध हत्यारा आदमियों का गला घोंट कर अथवा अन्य प्रकार सांस बन्द कर उन्हें मार डालता था, और उनकी लाशों को चीरा-फाड़ी (Disection) के लिए डाक्टरों को बेच देता था। अतः उसी के नाम पर इस प्रकार सांस या गला घोट कर हत्या करने को Burking या Burkism कहते हैं।

Bye-laws, By-laws उपनियम । कम्पनी, बोर्ड, म्यूनिसिपैलिटि, कारपोरेशन आदि संस्थाएँ अपने आन्तरिक प्रबन्ध अथवा अन्य बातों के लिए, उपनियम और क़ानून बनाने के सरकार द्वारा प्राप्त अधिकार के आधार पर, जो उपनियम या क़ानून बनाती हैं, उन्हें Bye-laws कहते हैं।

C

Caesarian Operation डाक्टरी गर्भपात । जब गर्भवती की या गर्भस्थ बालक की अथवा दोनों की जीवन रक्षा के लिए डाक्टर आपरेशन करके बच्चे को मां के पेट से निकाले तो इस प्रकार आपरेशन द्वारा बच्चा निकालने के लिए इस वाक्यांश का प्रयोग होता है।

Caeterorum शेष सम्पत्ति की व्यवस्था । किसी सम्पत्ति के भाग की व्यवस्था करने के लिए दिये गये व्यवस्थापक पत्र के समाप्त हो जाने पर बाक़ी बची हुई सम्पत्ति की व्यवस्था के लिए जो आज्ञा दी जाती है, उसे Caeterorum कहते हैं ।

Calendar (१) अभियुक्त सूची; फ़ौजदारी अदालत में रक्खी गई अभियुक्तों के नामों की सूची । इस प्रकार की सूची में अभियोक्ता, अभियुक्त तथा गवाहों के नाम पते आदि तथा अभियुक्त के पकड़े जाने और मुक़दमे के फैसला होने की तारीख़ होती है ।

(२) जंत्री; तिथि-पत्र; केलेन्डर; वह पत्र जिसमें वर्ष के महीने, सप्ताह, तारीख़, दिन आदि दिये गये हों। (देखो Gregorian Calendar) ।

Call (१) मंगनी । किसी कंपनी के हिस्सों की रक़म को किश्तों से वसूल करने को Call कहते हैं । कंपनी के हिस्सेदारों (Shareholders) को, अपने हिस्सों का रुपया, जब कंपनी मांगे तभी देना पड़ता है, अतः कम्पनी की इस मांग का ही नाम 'Call' यानी मंगनी है ।

(२) क़ानून के विद्यार्थी को बेरिस्टर-एट-ला की उपाधि देना जैसे He is called at the Bar ।

Call of the House पार्लियामेंट के सदस्यों की हाज़िरी । इंग्लैण्ड की पार्लियामेंट की दोनों सभाओं में यह नियम है कि कोई भी सभा इस उद्देश्य का प्रस्ताव पास करके अपने सब सदस्यों को उपस्थित रहने की आज्ञा दे सकती है । इस प्रकार के प्रस्ताव के बाद सभा में सदस्यों की हाज़िरी ली जाती है और जो सदस्य ग़ैरहाज़िर हो, उसे जुर्माने या क़ैद तक का दंड दिया जा सकता है । (देखो May's Parliamentary Practice) ।

Calling the Jury 'ज्यूरी' लोगों के नामों की चिट्ठियां एक सन्दूक में डाल कर, उनमें से एक-एक निकाल कर और उनके नाम पुकार कर प्रथम १२ व्यक्तियों को 'ज्यूरी' नियुक्त करना । इन में से किसी व्यक्ति के सम्बन्ध में कोई आपत्ति उठाई गई हो तो उसका निर्णय करने के बाद उसे लिया जाता है । (देखो Challenge) ।

Calling the Plaintiff पहले इंगलेण्ड में वादी के मुक़दमे को ख़ारिज करने का यह एक तरीक़ा था कि वादी को तीन बार पुकारा जाता था और उसके न

आने पर उसका मुक़दमा ख़ारिज कर दिया जाता था। अपने मुक़दमे में कोई तंत न देख कर अथवा अन्य दोष के कारण जब मुक़दमा चलना कठिन प्रतीत होता तो वादी मुक़दमा छोड़ कर चला जाता था और उसके चले जाने पर उसे उपरोक्त प्रकार से प्रकार कर मुक़दमा ख़ारिज कर दिया जाता था। (देखो Non-Suit)।

Calling upon a prisoner अभियुक्त का अपराध सिद्ध होजाने पर उससे यह पूछना को कि उसे दंड क्यों न दिया जाय Calling upon the prisoner कहाता है।

Calls on Contributories किसी साझे की पूंजी वाली कम्पनी (Joint-Stock Company) अथवा उसके ऋण को चुकाने के लिए नियुक्त किये गये प्रबन्धक द्वारा कम्पनी के देनदारों से रुपया तलब करना।

Cabist विनिमय विशेषज्ञ; दलाली में चतुर व्यक्ति; हुंडी आदि का व्यापार अर्थात अदला-बदली का काम करने वाला व्यक्ति।

Camera न्यायालय में न्यायाधीश का आराम करने का कमरा। विवाहोच्छेद अथवा अन्य जिन अभियोगों की कार्यवाही न्यायाधीश जनता से गुप्त रखना चाहता हो उनकी सुनवाई इस कमरे में होती है, अतः इस प्रकार की कार्यवाही को Sittings in Camera कहते हैं (देखो Sitttings in Camera)।

Camera Stellata इंगलेण्ड का एक पुराना न्यायालय जो Star-Chamber कहाता था। (देखो Star-Chamber)।

Cancelling रद्द करना; किसी दस्तावेज़, नोट, चेक, हुंडी आदि को रद्द करना। बहुधा उपरोक्त दस्तावेज़ और कागज़ों पर रेखाएं खींच कर अथवा उन पर "Cancelled" शब्द लिख कर या अन्य प्रकार से उन्हें रद्द किया जाता है और फिर उनका उपयोग नहीं किया जा सकता। कोर्ट में जो कागज़ात 'स्टाम्प' अर्थात् अदालती टिकिट लगा कर पेश किये जाते हैं, उन पर के टिकिटों को उपरोक्त प्रकार से अथवा उनमें सूराख करके रद्द कर दिया जाता है जिससे कि वे दुबारा काम में न लाये जा सकें (देखो स्टाम्प एक्ट धारा १२)। इसी प्रकार यदि कोई दस्तावेज़ किसी व्यक्ति पर लागू न हो अथवा वह उसे रद्द करवाना चाहता हो और वह दूसरे के कब्ज़े में हो तो अदालत द्वारा मंगाई जाकर रद्द की जा सकती है (देखो Specific Relief Act धारा ३९)। फ़ौजदारी अभियोगों में यदि किसी के विरुद्ध 'वारंट' जारी होगया हो तो वह भारतीय दंड-विधि धारा ७५ के अनुसार रद्द हो सकता है और उसके बदले समन जारी हो सकता है।

Candidate उम्मीदवार। निर्वाचन के समय जो व्यक्ति उसके किसी स्थान के लिये उम्मीदवार हो और वह नियमानुसार नामज़द होजाय तो उसे Candidate कहते हैं (देखो भा. दं. विधान धारा १७१ A.)।

Canon (१) धर्म का एक अधिकारी; (२) धर्म की आज्ञा या क़ानून जिसे Canon law कहते हैं (३) दीवानी क़ानून के नियम जिन्हें Canons of law कहते हैं, जैसे Canons of Inheritance अर्थात् वे नियम जिनके अनुसार वसीयत न की गई सम्पत्ति का उत्तराधिकार निश्चय हो।

Capacity क़ानूनी कार्य करने की योग्यता या सामर्थ्य। उदाहरणार्थ पागल को मुआयदा करने अथवा कुछ अधिकारों का उपयोग करने के योग्य नहीं समझा जाता। इसी प्रकार अल्पायु अर्थात् नाबालिग़ को भी पूरे क़ानूनी अधिकार अथवा क़ानूनी कार्य करने की पूरी सामर्थ्य नहीं होती। स्त्रियों तथा विदेशियों को भी क़ानून में कुछ अवस्थाओं में सीमित अधिकार प्राप्त होते हैं। अतः इस प्रकार के सब लोगों की क़ानूनी सामर्थ्य (Capacity) सीमित समझी जाती है।

Capias अंग्रेज़ी क़ानून में अदालत की उस लिखित आज्ञा (Writ) को Capias कहते हैं जिसके द्वारा "शेरिफ़" (Sheriff) नामक अधिकारी को किसी अपराध के अपराधी व्यक्ति को गिरफ़्तार करने का हुक्म दिया जाता है। अंग्रेज़ी क़ानून में भिन्न भिन्न प्रकार के व्यक्तियों को गिरफ़्तार करने के लिए अनेक प्रकार की लिखित आज्ञाओं का उपयोग होता है जिन्हें Writs कहते हैं और उनके भिन्न भिन्न नाम हैं, जैसे Capias Ad Respondendum अर्थात् फ़रार प्रतिवादी को पकड़ने की आज्ञा।

Capita, Distribution Per- जब किसी मृत व्यक्ति की बिना वसीयत की हुई सम्पत्ति पर, कुछ उत्तराधिकारियों का, बराबर का अधिकार हो तो उन में जो सम्पत्ति का बटवारा होता है उसे Distribution Per Capita कहते हैं। जिन लोगों में इस प्रकार विभाजन होता है, वे स्वयं अपने अधिकार के आधार पर उस सम्पत्ति में से बराबर का हिस्सा लेते हैं, किसी अन्य अधिकारी के उत्तराधिकारी के नाते नहीं लेते।

हिन्दू क़ानून का यह एक महत्वपूर्ण नियम है कि, दो एक अपवादों को छोड़ कर, जिन व्यक्तियों का मृतक के साथ समान सम्बन्ध है वे लोग उसकी सम्पत्ति Per Capita लेते हैं अर्थात् उस सम्पत्ति के बराबर हिस्से करके प्रत्येक समान सम्बन्धी को दिये जाते हैं। उदाहरण के लिए यदि एक हिन्दू अपने एक भाई के दो लड़के तथा दूसरे भाई के तीन लड़के छोड़ कर मरे तो उस मृतक हिन्दू की सम्पत्ति के पांच बराबर भाग किये जाकर दोनों भाइयों के प्रत्येक लड़के को एक-एक भाग मिलेगा, क्योंकि उपरोक्त पांचों उत्तराधिकारी मृतक व्यक्ति के भतीजे हैं और उस सम्पत्ति पर उनका अधिकार इसलिए नहीं है कि वे अपने पिता के उत्तराधिकारी हैं, किन्तु इसलिए है कि वे स्वयं मृतक व्यक्ति के भतीजे हैं अर्थात् वे अपने पिता के उत्तराधिकारी के नाते से नहीं, किन्तु भतीजे होने से उस सम्पत्ति के स्वयं अपने अधिकार के कारण हक़दार हैं। इस प्रकार के विभाजन को Distribution Per Capita कहते हैं।

Capital duty लिमिटेड कम्पनी के लिए एकत्रित पूंजी पर लगने वाला टेक्स।

Capital levy जीवित व्यक्तियों की पूंजी पर लगाया गया टेक्स।

Capital offences वे अपराध जिनके लिए मृत्यु दंड की सज़ा दी जा सके, जैसे हत्या आदि।

Capital Punishment मृत्यु दण्ड; प्राण दण्ड; फांसी की सज़ा।

Capite पहले जब इंगलेण्ड में Feudal System अर्थात् सामन्त प्रथा थी तो वहां की भूमि बड़े-बड़े ज़मीदारों (Feudal Lords) में बटी हुई थी और वे ज़मीदार उसे प्रजा को अपने आधीन जोतने-बोने आदि को देते थे। किन्तु कुछ भूमि ऐसी होती थी जो इन ज़मीदारों द्वारा न दी जाकर सीधे इंगलेण्ड के राजा द्वारा दी हुई होती थी और जिन लोगों को यह प्राप्त होती थी, वे Tenants in Capite कहलाते थे।

Capitutary क्रमबद्ध क़ानून (Code of laws)

Capitulation यह अन्तर्राष्ट्रीय क़ानून का शब्द है। इसका अर्थ अपना क़िला, सेना या प्रदेश शत्रु के हवाले करने के लिए शर्तें निश्चित करना होता है। प्रदेश या क़िले के शासक अथवा सेना के सेनापति युद्ध के समय इस प्रकार अपने प्रदेश और सेना आदि सहित शत्रु के आधीन हो जाते हैं। (२) उपरोक्त प्रकार से संधि या शत्रु के आधीन होने के लिए बनाया गया क़रारनामा; क़ौलबन्दी; शर्तनामा; सन्धिपत्र।

Captive क़ैदी; वह व्यक्ति जिसे क़ैद या गिरफ्तार किया गया हो।

Capture पकड़ना; ज़ब्त करना। युद्ध के समय में समुद्र में जहाज़ों अथवा उन पर के माल आदि को शत्रुद्वारा अधिकृत करने, पकड़ने या ज़ब्त करने के अर्थ में इस शब्द का प्रयोग होता है।

Caroome लन्दन के लार्ड मेयर द्वारा गाड़ी रखने के लिये दी गई आज्ञा या लायसेन्स।

Care सावधानी; सतर्कता। क़ानूनी परिभाषा में इसका विशेष अर्थ होता है। भारतीय दंड विधान के कुछ अपराध ऐसे हैं जिनमें अपराधी की किसी कार्य के करने में अवहेलना या लापरवाही या अनुचित शीघ्रता सिद्ध करना आवश्यक है। जैसे; भा० दं० विधान की धारा २७९ के अनुसार सार्वजनिक रास्तों पर मोटर, तांगा या अन्य सवारी को लापरवाही अथवा अत्यन्त और अनुचित तीव्र गति से चलाना, जिससे रस्ते चलने वाले लोगों को चोट पहुँचने अथवा उनके प्राण जाने का ख़तरा हो, एक अपराध है। इसी प्रकार जहाज़ या नावों में इतना बोझा लादना अथवा उनके ख़राब होने पर भी उनमें यात्रियों को किराये पर ले जाना, जिससे कि किसी ख़तरे की सम्भावना हो; विषैले पदार्थों के रखने वालों का उनके सम्बन्ध में ऐसी लापरवाही करना, जिससे किसी की जान को

ख़तरा पहुँचने की सम्भावना हो, तथा मशीनरी को काम में लाने वालों की ख़तरनाक लापरवाही आदि अपराध समझे जाते हैं। (देखो भा० दं० विधान धारा २७९, २८०, २८३ से २८९, ३०४ ए०, ३३६ से ३३८)। अतः जिन अपराधों की लापरवाही आवश्यक अंग है, उनमें यह निर्णय करने के लिए कि वास्तव में वह कार्य लापरवाही से किया गया है या नहीं, यह देखना आवश्यक है कि उस कार्य के करने में उचित मात्रा में सावधानी (Care) की गई थी या नहीं। इस प्रकार यह "Care" अर्थात् 'सावधानी' या 'सतर्कता' ही अपराधी की अवहेलना या लापरवाही की जाँच करने का साधन या कसौटी है। साधारणतः यदि एक व्यक्ति अपने कार्य में उस सावधानी तथा सतर्कता से काम ले जिसकी कि एक औसत दर्जे के बुद्धिमान व्यक्ति से आशा की जा सकती है तो उस कार्य से यदि किसी को कोई हानि हो तो वह लापरवाही से किया गया कार्य नहीं समझा जायगा। किन्तु 'सावधानी' का कोई ख़ास परिमाण निश्चित करना कठिन है, और भिन्न-भिन्न प्रकार के कार्यों में क़ानून भिन्न-भिन्न मात्रा में 'सावधानी' रखने की आशा करता है। अर्थात् जिन कार्यों से जान माल को ख़तरा होने की जितनी अधिक सम्भावना हो उन कार्य्यों के करने में उतनी ही अधिक सावधानी रखना आवश्यक है। जैसे, जो लोग ख़तरनाक जानवर पालते हैं अथवा विषैले पदार्थों, विस्फोटक द्रव्यों अथवा ख़तरनाक मशीनरी का काम करते हैं, उन्हें अधिक सावधानी से काम करना चाहिये। किन्तु जो लोग साधारणतः विशेष हानिकर पदार्थों का उपयोग नहीं करते उनके लिये औसत दर्जे की सावधानी पर्याप्त है। इसी प्रकार जो लोग अपने को किसी विषय का विशेषज्ञ कहते हैं, उन्हें अपने कार्य में विशेष सावधानी रखनी चाहिये, जैसे सर्जन और डाक्टर लोग यदि साधारण अशिक्षित लोगों की तरह, जिन्हें उस विद्या का ज्ञान नहीं है, कार्य करें तो उससे होने वाली हानि के लिए वे 'लापरवाही' के अपराधी होंगे। इसी प्रकार जिस व्यक्ति को एक कार्य के करने का ज्ञान या प्रवीणता प्राप्त न हो और वह उस कार्य को करे तो उस कार्य के लिए वह औसत दर्जे का बुद्धिमान नहीं समझा जायगा और उस कार्य के करने में सावधानी रखने पर भी उससे होने वाले नुक़सान के लिए वह ज़िम्मेवार होगा। जैसे बिना 'ड्राइवरी' सीखे या लाइसेन्स प्राप्त किये मोटर चलाने पर यदि उसकी टक्कर से कोई मर जाय तो उसकी अज्ञानता उसकी लापरवाही तथा असावधानता का सबूत होगी।

अतः इस प्रकार के अपराधों में 'लापरवाही' और असावधानता की जाँच करने के लिए यह जानना आवश्यक है कि जिस व्यक्ति ने वह कार्य किया है, उसने उसके करने में उतनी सावधानता से काम लिया है या नहीं जितनी कि उस कार्य को जानने वाला बुद्धिमान व्यक्ति ले सकता था। यदि इतनी 'सावधानता' से काम लिया गया हो तो वह ख़तरनाक लापरवाही का दोषी नहीं है और यदि इतनी 'सावधानी' नहीं की गई तो अपराधी है। (देखो Negligence)।

Care and attention सावधानी तथा सतर्कता। 'उपरोक्त Care' शब्द के समान यह वाक्यांश भी क़ानूनी महत्व का है। भा० दं० वि० धारा ५२ में "Good Faith" यानी नेकनीयत या शुद्ध-बुद्धि की परिभाषा इसी वाक्यांश के आधार पर की गई है, अर्थात् जो कार्य उचित सावधानी और सतर्कता (due care and attention) से न किया गया हो, वह 'शुद्ध-बुद्धि' या 'नेकनीयती' से किया गया नहीं समझा जाता। भारतीय दंड विधान के अनुसार अनेक कार्य जो इस प्रकार बिना शुद्ध-बुद्धि (Good faith) किये गये हों वे अपराध समझे जाते हैं (देखो भा० दं० वि० धारा ७८, ७९, ९२, ९३ आदि) "Care and attention" का तात्पर्य वही है जो Care शब्द का है।

Carrier (१) लेजाने वाला; ढोने वाला; वाहक। क़ानून में किराये पर यानी मज़दूरी लेकर माल ढोने अथवा एक स्थान से दूसरे स्थान पर लेजाने वाले को Carrier कहते हैं। इस प्रकार के Carriers अथवा वाहक दो प्रकार के होते हैं। एक प्राइवेट अर्थात् व्यक्तिगत या निजी और दूसरे Common यानी सार्वजनिक। प्राइवेट कैरियर या निजी वाहक उन्हें

कहते हैं, जो विशेष व्यक्तियों का माल ढोने का कार्य करें। Common Carrier उसे कहते हैं, जो किराया या मज़दूरी लेकर बिना भेद-भाव के सार्वजनिक रूप से सबका माल आदि एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जावे। रेलवे-कम्पनी, जहाज़ी कम्पनी आदि सार्वजनिक रूप से माल आदि लाने, ले जाने वाले अन्य उपायों का प्रबन्ध करने वाले Common Carrier हैं। क़ानून की दृष्टि में इस प्रकार के सार्वजनिक वाहकों के विशेष कर्त्तव्य तथा अधिकार हैं। ख़तरे के सामान को छोड़कर तथा यदि उसके वाहन (रेल, जहाज़ आदि) में स्थान हो, तो जिस प्रकार के सामान को लाने-लेजाने का सार्वजनिक वाहक काम करता है, उचित किराया देने पर उसका ढोना एक सार्वजनिक वाहक का कर्तव्य है।

इसी प्रकार सामान के खोने तथा उसे कोई हानि पहुँचने पर सार्वजनिक वाहक उसके लिए ज़िम्मेदार होगा। किन्तु यदि इस प्रकार की हानि किसी आकस्मिक, ईश्वरीय घटना, लड़ाई आदि के समय शत्रु के आक्रमण अथवा स्वयं माल भेजने वाले की लापरवाही आदि के कारण हुई हो, तो उसके लिए रेलवे कम्पनी आदि सार्वजनिक वाहक ज़िम्मेदार नहीं होंगे। ढोये जाने वाले सामान की आवश्यक हिफ़ाज़त करना, भेजने वाले के निर्देश के अनुसार उसे ठीक स्थान पर पहुँचा देना आदि भी सार्वजनिक वाहक के क़ानूनी कर्त्तव्यों में है।

यदि सार्वजनिक वाहन का कार्य किसी सरकार द्वारा हो, तो वह उपरोक्त Common Carrier की परिभाषा में नहीं आता। (देखो The Carriers Act सार्वजनिक वाहकों का क़ानून)।

Carrying Costs न्यायालय द्वारा दिये गये फ़ैसले में जिसके पक्ष में वह फ़ैसला हो, उसे यदि क़ानूनन आवश्यक होने के कारण मुक़दमे का ख़र्चा दिया गया हो, तो इस प्रकार के फ़ैसले के सम्बन्ध में Carry Costs का प्रयोग होता है अर्थात् यह कहा जाता है कि "This Verdict Carries Costs."। यह उस मुक़दमे के फ़ैसले के लिये कहा जाता है, जिसमें मुक़दमा हारने वाले से मुक़दमा जीतने वाले को ख़र्चा दिलाना क़ानूनन आवश्यक हो और न्यायाधीश की इच्छा पर निर्भर न हो। भारतवर्ष में भी साधारणतः दीवानी मुक़दमा जीतने वाले को उसका उचित ख़र्च दिलाया जाता है, किन्तु न्यायाधीश लिखित कारणों के आधार पर मुक़दमा जीतने वाले को ख़र्चे से वञ्चित भी रख सकता है। (देखो ज़ाब्ता दीवानी धारा ३५)।

Carrying Over (१) विनिमय (Stock Exchange) के सम्बन्ध में प्रयुक्त होने वाला एक वाक्यांश, जिसका अर्थ हिस्सों या शेयर्स के ख़रीदने-बेचने के लिये किये गये क़रार के पूरा करने को स्थगित या मुल्तवी करना है। (देखो Contango)

(२) हिसाब बेबाक़ करने के दिन या समय को स्थगित करना या आगे बढ़ाना।

Carte Blanche (१) कोरा काग़ज़, (२) पूर्ण अधिकार-सूचक कोरा काग़ज़। अलङ्कारिक भाषा में इस मुहावरे का विशेष अर्थों में प्रयोग होता है। जब एक व्यक्ति दूसरे को केवल अपने हस्ताक्षर करके कोरा काग़ज़ इस उद्देश्य से दे कि पाने वाला उस पर चाहे जो लिख ले, तो इस प्रकार के कोरे काग़ज़ को Carte Blanche कहते हैं। ऐसा 'कोरा काग़ज़' देने का तात्पर्य यह है कि उसे देने वाला, लेने वाले को किसी अधिकार के उपयोग या किन्हीं वस्तुओं या सम्पत्ति आदि के लेने अथवा अन्य कार्यों के करने के लिये पूर्ण अधिकार देता है अर्थात् यह स्वीकार करता है कि उसे उस काग़ज़ के आधार पर चाहे जो करने का अधिकार है। अतः किसी को 'कोरा काग़ज़' (Carte Blanche) देने का अर्थ उसे अनियंत्रित अधिकार देना होता है।

Cartel, Chartel अन्तर्राष्ट्रीय क़ानून में Cartel या Chartel उस दस्तावेज को कहते हैं, जो दो विरोधी पक्षों (Belligerents) या राष्ट्रों में युद्ध में गिरफ़्तार हुए अपने-अपने क़ैदियों को परस्पर बदल लेने अथवा तत्सम्बन्धी अन्य विषयों के निर्धारित करने के लिये लिखी जाती है। (देखो Dictionary of Political Terms)।

(२) किसी क़ानूनी या अन्य मतभेद का

निर्णय करने के लिये द्वन्द्व-युद्ध (Duel) करने का आवाहन (Challenge)।

Cartel-Ship वह जहाज़ जो युद्ध के क़ैदियों की अदला-बदली करने के उद्देश्य से उन्हें लाने-लेजाने का कार्य करे। अन्तर्राष्ट्रीय क़ानून में इस प्रकार के जहाज़ के कुछ विशेष अधिकार और कर्त्तव्य होते हैं।

Cart-Note वह सरकारी आज्ञापत्र जिसके आधार पर महसूल लगने लायक सामान एक गोदाम से दूसरे गोदाम में अथवा बाहर से आये हुए जहाज़ से गोदाम में ले जाया जा सके।

Case (1) दावा; मुक़द्दमा । न्यायालय में की जाने वाली कार्यवाही के सम्बन्ध में प्रारम्भ से अन्त तक के लिये इस शब्द का प्रयोग होता है। जैसे A case is going on before the court.

(2) अँग्रेज़ी क़ानून में इस शब्द का एक और विशेष अर्थ में प्रयोग होता है। जब कोई व्यक्ति तत्काल बल-प्रयोग (Immediate Violence) के सिवाय अन्य प्रकार की हानि की क्षति-पूर्ति के लिए दावा करे, तो इस प्रकार की क्षति-पूर्ति के लिए किये गये दावे को Case कहते हैं। (देखो Tress-pass on the case)

Case of Need हुण्डी आदि के भुगतान के सम्बन्ध में इस मुहावरे का विशेष अर्थों में उपयोग होता है। जब किसी हुण्डी को इस शर्त पर सकारा जाय कि आवश्यकता पड़ने पर उसे अन्य व्यक्ति, फ़र्म या कम्पनी के सन्मुख भी प्रस्तुत किया जा सके, तो इस प्रकार शर्त पर सकारते समय इस वाक्यांश का उपयोग किया जाता है।

Case Reserved (see Reservation of Point of Law.)।

Case,Special: न्यायालय से सम्मति प्राप्त करने के लिए प्रस्तुत किया गया मामला। यदि किसी 'तथ्य' (Fact) अथवा 'क़ानून' (Law) के सम्बन्ध में दो पक्षों में मतभेद हो तथा उसको निर्णय करना आवश्यक हो, तो लेखबद्ध क़रार करके उस 'क़ानून' या 'तथ्य' को मुक़द्दमे की तरह लिख कर उस विषय में न्यायालय की सम्मति लेने के लिए न्यायालय में प्रस्तुत किया जा सकता है। इस प्रकार के मुक़द्दमे या मामले को Special Case कहते हैं। इस प्रकार का Special Case धन, सम्पत्ति अथवा अन्य अधिकार के लेने-देने के निर्णय के लिए किया जा सकता है। सम्पत्ति आदि पर के अधिकार अथवा उसके बटवारे के विषय में अन्य बातों के विषय में एक मत होने पर जब केवल किसी क़ानूनी प्रश्न अथवा किसी तथ्य (Fact) के सम्बन्ध में शंका या मतभेद हो तो उस मतभेद या शंका का न्यायालय द्वारा निर्णय कराकर सम्पत्ति आदि की व्यवस्था करदी जा सकती है। इस प्रकार का मामला या मुक़द्दमा (Case) परस्पर लिखित इक़रार करके न्यायालय में प्रस्तुत करते समय यह भी लिखकर देना पड़ता है कि न्यायालय द्वारा संदिग्ध क़ानून या तथ्य का निर्णय होने पर उभय पक्षों द्वारा अथवा न्यायालय द्वारा निश्चित धन, एक पक्ष (One of the parties) दूसरे पक्ष (to the other of them) को देगा; अथवा इकरारनामे में निर्देशित चल या अचल सम्पत्ति एक पक्ष दूसरे को सौंपेगा; अथवा उभय पक्षों में से एक या अधिक व्यक्ति कोई कार्य करेगा अथवा करने से बाज़ आवेगा (do or refain from doing)।

उपरोक्त प्रकार से प्रस्तुत किये गए मामले का निर्णय उसी प्रकार होता है, जिस प्रकार अन्य दीवानी मामलों का। (देखो ज़ाब्ता दीवानी धारा ९०, आर्डर ३६ तथा सूची २ (Schedule II) पैराग्राफ ११ और Reference)।

Case-stated एक अदालत द्वारा दूसरी अदालत को क़ानूनी सम्मति देने के लिये भेजा गया मामला। पहले इंग्लैण्ड में "कोर्ट ऑफ चान्सरी" के सन्मुख जब कोई पेचीदा क़ानूनी प्रश्न आजाता था, तो उसे "Case stated" के रूप में 'कॉमन लॉ कोर्ट्स' को भेज कर उस पर 'कामन लॉ कोर्ट' की सम्मति ली जाती थी। अब भी नीचे की अदालत ऊपर की अदालत के पास तथा इंग्लैण्ड की कोई अदालत स्काटलेण्ड के क़ानून का प्रश्न आने पर स्काटलेण्ड के कोर्ट के पास सम्मति लेने के लिए मामला भेज सकती है। भारतीय क़ानून में भी जिस क़ानूनी प्रश्न पर किसी न्यायालय को संदेह हो, तो वह न्यायालय उसे हाईकोर्ट के पास सम्मति के लिए भेज कर उस क़ानूनी संदेह पर हाई-

कोर्ट का निर्णय प्राप्त कर सकती है। जाब्ता दीवानी में इसे Reference कहते हैं। (देखो Reference)।

वकील द्वारा ज्यूरी के सन्मुख मुक़द्दमे का खुलासा करने को भी State the case to the Jury कहते हैं।

Cast अदालत में हार जाना; खर्चे अथवा हर्ज़ाने का जिम्मेदार ठहराया जाना।

Castigatory for Scolds–देखो (Scolds)।

Casting an Essoign–देखो (Essiogn)।

Casting Vote निर्णायक मत। जब सभा आदि में किसी विषय पर दोनों पक्षों के बराबर मत हों, तो सभा के प्रधान या सभापति को यह अधिकार होता है कि वह अपने मत को दोनों में से किसी पक्ष में देकर उस विषय का निर्णय कर दे। इस प्रकार सभापति के एक पक्ष में मत देने पर उस पक्ष की एक राय बढ़ जाने से बहुमत (Majority) हो जाना और इस प्रकार उस पक्ष की जीत समझी जाती है। समान संख्या में मत विभाजित होने पर सभापति द्वारा अंतिम-निर्णय करने के लिए दिये गये अपने मत या वोट को Casting Vote कहते हैं।

Casual Ejector नकली किरायेदार, जिसे 'रिचर्ड रो' Richard Roe के नाम से सम्बोधित किया जाता था, और जो बेदखली (Ejectment) के मामलों में प्रतिवादी बनाया जाता था। यह नियम पहले अंग्रेज़ी क़ानून में प्रचलित था। (देखो Ejectment)।

Casual Evidence किसी तथ्य को सिद्ध करने के लिए दिया गया वह सबूत या गवाही जो पहले से निश्चित न हो।

Casus Belli युद्ध का उचित कारण; अर्थात् वह घटना जिस के आधार पर युद्ध प्रारंभ हो अथवा युद्ध का औचित्य सिद्ध हो। इस वाक्यांश का अन्तर्राष्ट्रीय क़ानून में उपयोग होता है।

Casus Omissus वह मामला जिस के बारे में 'क़ानून' (Statute) खामोश हो, अर्थात् जिस के बारे में क़ानून न बना हो।

Catalla, Chattels (देखो Chattels)।

Catching Bargain दूसरे की नासमझी व आवश्यकता का लाभ उठा कर उससे किया गया सौदा। किसी सम्पत्ति या माल को उसके मालिक की नासमझी या मुसीबत के कारण कम दामों में ख़रीदना अथवा डरा कर या फुसला कर पूरा मूल्य न देकर लेना। सम्पत्ति पर अधिकार प्राप्त करने से पहले उस के उत्तराधिकारी से उस सम्पत्ति को कम दाम में ख़रीदना।

Catchpole पहले इंग्लेण्ड में जो सरकारी अधिकारी व्यक्तियों को गिरफ्तार करने का काम करता था, (जैसे 'शेरीफ' (Sheriff) का सहायक अथवा सिपाही आदि) उसे Catchpole कहते थे।

Cattle चरने वाले जानवर, मवेशी, गाय, बैल, आदि पशु। इस में हाथी, ऊंट, भैंस, घोड़े, खच्चर, गधे, सूअर, भेड़, बकरी आदि भी सम्मिलित समझे जाते हैं (देखो Cattle Tresspass Act 1871 धारा ३)।

Cattle Trespass जानवरों का अनाधिकार प्रवेश। किसी के खेत में दूसरे के जानवर घुस जावें व उसका नुकसान करें, अथवा नहर, बाग, आदि में घुस कर नुकसान करें, तो उनका यह प्रवेश Cattle Tresspass कहलाता है। ऐसी अवस्था में उपरोक्त खेत या बाग़, नहर, आदि के मालिक या रक्षक को यह अधिकार है कि उन्हें पकड़ कर पशुओं के बाड़े (Pound) में भेज देते हैं। जिन के वे जानवर हैं उन्हें जानवर छुड़ाते समय जुर्माना देना पड़ता है। (देखो Cattle Tresspass Act धारा १० व ११)।

Cattlegate एक पशु के लिए बना हुवा चरने का स्थान।

Cause (१) दावा, या मुकद्दमा, अथवा अभियोग।

Cause of Action मुकद्दमे का कारण या आधार; बिना-ए-मुखासमत; बिना-ए-दावा; अर्थात् वह बात या कारण जिसके आधार पर अदालत में दावा आदि किया जावे। (देखो जाब्ता दीवानी धारा २०)।

Causes of Action, Joinder of:मुकद्दमे के अनेक कारणों या आधारों अर्थात् बिना-ए-मुखासमतों के लिए एक ही दावा करना। साधारणतः भिन्न-भिन्न प्रकार के कारणों व आधारों के लिए अलग-अलग

दावे किये जाते हैं। लेकिन अगर दो या अधिक दावों के कारण और आधार एकसे हों तो उन दावों को सम्मिलित कर दिया जाता है।

Causes and effects कारण और कार्य।

To cause injury चोट पहुँचाना; आघात पहुँचाना।

First and primary Cause पहला कारण; मुख्य कारण।

Census मर्दुमशुमारी; मनुष्य गणना।

Censure निन्दा; मज़म्मत।

Certificate प्रमाण पत्र; प्रशंसा पत्र; सनद।

Certificate of Service कारगुज़ारी की सनद; नौकरी का प्रशंसा पत्र।

Certity तसदीक करना; प्रमाण पत्र देना।

Chamber मंडल; सभा। सभा-भवन।

Chamber, Court न्यायाधीश का निजी कमरा।

Charge फ़र्द क़रार जुर्म; दोषारोपण।

Charge sheet अपराध-पत्र; फ़र्द जुर्म।

Charter सनद; अधिकार पत्र; सरकारी सनद; फरमान।

Chartered Company सनदयाफ्ता कम्पनी।

Chief Criminal Court सदर फौजदारी अदालत।

Chief Justice प्रधान न्यायाधीश; हाईकोर्ट का सबसे बड़ा जज।

Circle हलका; मंडल, सर्कल।

Circular गश्ती चिट्ठी।

Circulation प्रचार।

Circumstance परिस्थिति; हैसियत।

Circumstantial प्रासंगिक; आकस्मिक; ब्यौरेवार।

Circumstantial Evidence प्रासंगिक प्रमाण।

Cite हवाला देना।

Citizen नागरिक; पौर; शहरी।

Citizenship नागरिकता।

Civil मुल्की; असैनिक; सभ्य; लोक-व्यवहार विषयक। दीवानी।

Civil Administration मुल्की शासन; सिविल शासन।

L 10

Civil Court दीवानी अदालत।

Civil Disobedience सविनय अवज्ञा; सिविल नाफ़रमानी।

Civil Equality नागरिक समानता; वैयक्तिक समानता।

Civil Government मुल्की सरकार; अ-सैनिक सरकार।

Civil Law राजनियम; दीवानी कानून; आईन-ए-दीवानी।

Civil Liberty नागरिक स्वतंत्रता।

Civil List राज्याधिकारियों की सूची; राजघरानों को दी जाने वाली रकम का ब्यौरा।

Civil Marriage क़ानूनी विवाह।

Civil Procedure Code ज़ाब्ता दीवानी; दीवानी नियम संग्रह; मजमूअ-ए-ज़ाब्ता दीवानी।

Civil Rights सिविल अधिकार; मुल्की अधिकार।

Civil Service मुल्की नौकरी, सिविल सर्विस।

Civil Suit दीवानी मामला।

Civil War गृह युद्ध; ख़ाना-जंगी।

Civil Year व्यावहारिक वर्ष; सरकारी वर्ष।

Civilian सिविलियन; मुल्की नौकर।

Claim दावा; हक़; अधिकार।

To dismiss Claim दावा ख़ारिज करना।

Claim for Compensation हर्जाने का दावा।

Cross Claim मुख़ालिफ़ दावा।

Just Claim वाजबी दावा; न्यायोचित दावा।

Claim for Emption हक़ शफ़ा का दावा।

Claim for Possession क़ब्ज़ा मिलने का दावा।

Claim for Proprietary Possession मालिकाना हक़ हासिल करनेवाला दावा।

Priority of Claim दावे की पहल।

Claimant दावेदार; हक़दार; वादी; दावा करने वाला।

Clause धारा; वाक्यांश।

Client आसामी; मुवक्किल।

Client State अनुगामी राज्य; मुवक्किल राज्य।

Closure विवाद का अन्त; बहसबन्दी का प्रस्ताव।

Clue सुराग़; सूत्र ।
Co-accused सह-अभियुक्त; हम-मुजरिम ।
Coalition गुटबन्दी; सहमेल ।
Code नियम संग्रह; विधि संग्रह ।
Co-dependant संयुक्त प्रतिवादी; शिरकती मुद्दायलह ।
Codification अनुवादकरण; संग्रहण ।
Cognizable हस्तक्षेप-योग्य; क़ाबिले-समाअत ।
Cognizable Offence काबिले समाअत जुर्म; वह जुर्म जिसकी तहक़ीकात पुलिस अपने आप करके चालान कर सकती है और बिना वारंट के गिरफ्तारी कर सकती है ।
Coin सिक्का ।
Counterfeit Coin जाली सिक्का ।
Genuine Coin असली सिक्का ।
Collection संग्रह; मजमूअ ।
Collections वसूली ।
Collective मजमुई, इकट्ठी ।
Collector कलक्टर ।
Collectors's Office कलक्टरी कचहरी ।
Collectorate कलक्टरी ।
Column of Remarks कैफियत का खाना ।
Commercial Treaty व्यापारिक संधि ।
Commit a Breach of Peace अमन में खलल डालना; शान्ति भंग करना ।
Common Practice आम दस्तूर; साधारण व्यवहार ।
Communal साम्प्रदायिक; फिरकेवाराना ।
Communal Award साम्प्रदायिक निर्णय ।
Communal Electorate साम्प्रदायिक निर्वाचक संघ ।
Communalism सम्प्रदायवाद । स्थानीय स्वायत्त शासनवाद ।
Communication यातायात; आमदरफ्त; सम्वाद ।
Communique विज्ञप्ति; सूचना; ऐलान ।
Communist समष्टिवादी ।
Commutation तब्दीली ।
Commutation of Punishment दंड कम करना; दण्ड परिवर्तन ।
Compact समझौता; शर्तनामा ।
Company समवाय; मंडल । सैन्यदल । कम्पनी ।
Compensation क्षति-पूर्ति; हर्जाना; मुआविज़ा ।
Competent सुयोग्य; दक्ष; अधिकारी ।
Competent Authority पूर्ण अधिकार युक्त अफसर; हाकिम-ए-ज़ी इख्तियार ।
Complainant अभियोक्ता, फरियादी; मुस्तग़ीस ।
Complainer फरियादी ।
Complaint शिकायत; फरियाद; इस्तग़ासा ।
Compos Mentis होश हवास के साथ; बुद्धिपूर्वक ।
Compound अहाता । राज़ीनामा करना ।
Court Compound अदालत या कचहरी का अहाता ।
Compound Interest सूद दरसूद; चक्र ब्याज ।
Compoundable राज़ीनामा के योग्य ।
Compoundable Offence समाधान योग्य अपराध; राज़ी नामे योग्य जुर्म ।
Compromise समझौता; राज़ीनामा ।
Compromise Decree तस्फ़िया डिगरी; डिगरी जिसे फरीकैन समझौता करके अदालत से करवाते हैं ।
Compulsory अनिवार्य; लाज़िमी ।
Concealment छिपाव ।
Concealment of Crime अपराध छिपाना ।
Conciliation Board समझौता समिति, सुलह कमेटी ।
Conclusive Proofs आखिरी सबूत, सबूत-एकताई ।
Concurrent Judgment एकमत का फैसला, तजवीज़ मुत्तफिका ।
Condemn दोषी ठहराना; दण्ड देना ।
Condemn to Death फाँसी की सज़ा देना ।
Conditional शर्ती ।
Conditional Order शर्तिया हुक्म ।
Conditional Right शर्तिया अधिकार ।
Conduct व्यवहार; आचरण, पैरवी करना ।
To Conduct Prosecution इस्तगासे की पैरवी करना ।
Confess स्वीकार करना, अपराध स्वीकार करना ।
Confession स्वीकृति, इकबाल ।
Confession of a Crime अपराध स्वीकृति, इकबाल ए जुर्म ।
Confession of Judgment इकबाल-ए-दावा, निर्णय स्वीकृति ।

To extort Confession जबरन इकबाल करवाना; जबर्दस्ती से मंजूर करवाना।
Confidential गोपनीय; राजदार; खुफिया।
Confidential Enquiry खुफिया जाँच।
Confirmable to Law जायज; कानून के अनुसार।
Confirmation समर्थन; पुष्टि; मंजूरी।
Confiscate जब्त करना।
Confiscation जब्ती।
Conflicting परस्पर विरोधी।
Confusion गड़बड़।
Conjugal वैवाहिक; विवाह सम्बन्धी।
Conjugal Relations वैवाहिक सम्बन्ध।
Conspiracy षड्यन्त्र; साजिश।
Constitution विधान।
Constitutional वैधानिक; वैध।
Constitutional Agitation वैध आन्दोलन।
Constituency निर्वाचन-क्षेत्र।
Constructive विधायक; रचनात्मक।
Constructive Criticism विधायक टीका।
Convict दोषी ठहराना। सजायाफ्ता कैदी।
Conviction अपराध निर्णय; दोष निर्णय।
Copartnership साझेदारी।
Co-plaintiff संयुक्त-वादी; शिरकती मुद्दई।
Corroboration समर्थन; पुष्टि।
Corrupt Practices भ्रष्टाचरण, रिश्वतखोरी।
Corruption रिश्वतखोरी; घूसखोरी।
Corporal Punishment शारीरिक दण्ड।
Court अदालत।
Civil Court दीवानी अदालत।
Criminal Court फौजदारी अदालत।
Revenue Court माल कचहरी।
Sessions Court दौरा अदालत;सेशन-जज की कोर्ट।
Small Cause Court अदालत खफीफा।
Criminal फौजदारी; अपराध सम्बन्धी।
Criminal Suit फौजदारी नालिश।
Criminal Tribes जरायमपेशा जातियाँ।
Criminal Breach of Trust विश्वासघात; अमानत में ख़यानत।
Cross-examination जिरह; साक्षी; परीक्षण।
Crown सम्राट।
Crown Counsel सरकारी वकील।
Custody हवालात।

D

Dacoit डकैत।
Dacoity डाकाज़नी; डकैती।
To commit Dacoity डाका डालना।
Damages हर्जाना; क्षतिपूर्ति।
Liquidated Damages तयशुदा हर्जाना।
Remote Damages दूरवर्ती हर्जाना।
Special Damages विशिष्ट हर्जाना।
General Damages सामान्य हर्जाना।
Nominal Damages नाममात्र का हर्जाना।
Damashahi दामाशाही।
Damdupat दामदुप्पट; यह हिन्दू लॉ में व्यवहृत शब्द है जिसका आशय यह है कि किसी भी समय ब्याज की रकम मूल रकम की दुगुनी से ज्यादा न दिलाई जाय।
Daya दाय; उत्तराधिकार।
Dayabhag दायभाग; उत्तराधिकार का हिस्सा। यह शब्द भी हिन्दू लॉ में व्यवहृत होता है।
Day Book रोज़नामचा।
Days of Grace रिआयती दिन।
Dangerous ख़तरनाक; भयानक।
Dealing व्यवहार; लेनदेन।
Death मौत; मृत्यु।
Sudden Death अकाल मृत्यु।
Natural Death कुदरती मौत; स्वाभाविक मृत्यु।
Debate बहस।
Debtor देनदार; ऋणि; मदयून; कर्जदार।
Original Debtor असली कर्जदार; मूल कर्जदार।

Judgment Debtor मदयून ए डिग्री; वह क़र्ज़-दार जिस पर डिग्री हो गई हो।

Debt क़र्ज़ा।

Admitted Debt इक़बाली क़र्ज़ा। स्वीकृत कर्जा।

Ancestral Debt मौरूसी क़र्ज़,बापदादों का क़र्ज़।

Out-standing Debt पावना।

Debit नामे बाक़ी।

Deceased मरहूम; स्वर्गवासी।

Decapitation शिरच्छेद।

Deception छल; कपट; धोखा।

Decision फ़ैसला, निर्णय।

Judicial Decision अदालती फैसला।

Final Decision आखिरी फैसला।

Pending the Decision फैसला होने तक।

Decennial Settlement दस साला बन्दोबस्त।

Declaratory Decree हक़क़ारी डिग्री; मंजूरी या अधिकार सूचक डिग्री।

Declaration घोषणा; ऐलान।

Decisive निर्णायक।

Decree डिग्री।

Cross Decree उलटडिग्री; मुख़ालिफ़ डिग्री।

Decree Holder डिग्रीदार।

To execute a Decree डिग्री जारी करना

Deed दस्तावेज़; लेख; ख़त।

Deed of Partnership शिराकतनामा; साझेदारी या हिस्सेदारी का दस्तावेज़।

Deed of Trust धरोहरपत्र, धरोहर का दस्तावेज़।

Dead of Transfer सुपुर्दगीनामा।

Deed of Acceptance दस्तावेज़ क़बूलियत; स्वीकृति पत्र।

Deed of Endowment दान पत्र।

Deputy नायब

Department विभाग; महकमा।

Department of Public Instruction शिक्षा विभाग, महकमा तालीम।

Building Department इमारती विभाग।

Criminal Investigation Department महकमा खुफिया पुलिस; गुप्तचरविभाग; जासूसी विभाग।

Agricultural Department खेती का महकमा; कृषिविभाग।

Mint Department महकमा टकसाल; टकसाल विभाग।

Postal Department महकमा डाकखाना; डाकखाना विभाग।

Commercial Department व्यापारिक विभाग; महकमा तिजारत।

Salt Department नमक का महक़मा; नमक विभाग।

Settlement Department महकमा बन्दोबस्त।

Custom Department महकमा सायरात; चुंगी विभाग।

Railway Department महकमा रेलवे; रेलवे विभाग।

Deposition अदालत के सामने बयान।

Descriptive Roll हुलिया सूचि, फर्द-ए-हुलिया।

Deserving योग्य, क़ाबिल; पात्र।

Details तफसील,

In detail तफसीलवार।

Detective जासूस; गुप्तचर।

Detain रोक रखना;।

Determination of Guilt अपराध निश्चय।

Determination of Point in Issue विचाराधीन मुद्दे का निर्णय।

Devastation तबाही।

Diary रोज़नामचा।

General Diary साधारण रोज़नामचा।

Special Diary ख़ास रोज़नामचा।

Discretionary Power निर्णय का अधिकार।

Discretion निर्णय कानूनी।

Judical Discretion कानूनी निर्णय।

Discharge मौक़ूफ़ी; छुटकारा; बरी करना; अपराध मुक्त करना।

Discount बट्टा; मिलीकाटा।

Discount for Exchange बट्टा भुनाई।

Dishonored Bill फिरी हुई या अस्वीकृत हुण्डी।
Dishonesty बददियानती; अप्रमाणिकता; बेईमानी।
Disgrace अनादर।
Dismissal बरखास्ती; बरतरफ़ी।
Dismissed मौकूफ; खारिज।
Disinherited ब वारिस किया हुआ।
Disqualification अयोग्यता; अदम काबिलियत।
Personal Disqualification व्यक्तिगत अयोग्यता।
Legal Disqualification कानूनी अयोग्यता।
Disorder अव्यवस्था; अंधेर।
Disobedience अवज्ञा; आज्ञा भंग।
Disobedience Of orders उदूल हुकमी, आज्ञा उल्लंघन।
Civil Disobedience सविनय अवज्ञा; सिविल नाफ़रमानी।
Dispossessed बेदखल; अधिकार रहित।
Dispossession बेदखली, बेकब्ज़ा।
Forcible Dispossession ज़बरदस्ती बेदखली।
Dispute झगड़ा; तकरार।
Disperse बिखेरदेना, तितर-बितर करना।
Dissolution भंग; टूट।
Dissolution of a Contract करार भंग।
Dissent मतभेद; इख्तिलाफ राय।
District Officer ज़िलाअधिकारी; जिला अफ़सर; हाकिम-ए-ज़िला।
Distillery शराब की भट्टी।
Disturbance उपद्रव।
Divorce तलाक़।
Deed of Divorce तलाकनामा, विवाह त्यागपत्र।
Document दस्तावेज़।
Forged Document जाली दस्तावेज़।
Registered Document रजिस्ट्रीशुदा दस्तावेज़।
Documentary Evidence कागज़ी सबूत; लिखित प्रमाण।
Dues पावना।
Duty कर; महसूल; कर्तव्य।
Export Duties निकासी माल का महसूल; निर्यातकर।
Dutiable महसूली।
Dutiable Commodities महसूली सामान।
Duplicate दूसरी नकल।
Dying State मरण अवस्था।

E

Earnest बयाना; साई; पेशगी।
Earnest Money बयाने का रुपया।
Earnings कमाई।
Easement भोगाधिकार; सुखाधिकार।
Easement, Apparent प्रत्यक्ष भोगाधिकार।
Easement, Continous सतत भोगाधिकार।
Easement Discontinuous विच्छिन्न भोगाधिकार।
Easement, Customary रूढ़ीगत भोगाधिकार।
Easement, Negative अभावसूचक भोगाधिकार; निषेधात्मक भोगाधिकार।
Easement, Non-apparent अप्रत्यक्ष भोगाधिकार।
Easement, Permanent स्थायी भोगाधिकार।
Extinction of Easement भोगाधिकार की समाप्ति।
Easy Terms सुभीते की शर्तें।
Ebriety नशा; मस्तता; मदहोशी।
Eccentricity सनकीपन; खब्त।
Ecclesiastical धर्म सम्बन्धी।
Edict राजाज्ञा; शाहीहुक्म।
Edition आवृत्ति; संस्करण।
Edition De luxe राजसंस्करण।
Editor सम्पादक।
Education शिक्षा; तालीम।
Educational Department शिक्षा विभाग।

Educational Endowment शिक्षा सम्बन्धी कार्य के लिये दान।
Efface मिटाना; बिगाड़ना; नामोनिशान मिटाना।
Effect असर, प्रभाव; परिणाम; नतीजा।
To give Effect to तामील करना।
Effective असरकारक; कारआमद; परिणामजनक।
Effects मालमता, मालअसबाब।
Efficient कारगुजार, कार्यक्षम; फलदायक, परिणामकारक।
Efficient Cause प्रबल कारण; कार आमद सबब।
Eject बेदखल करना।
Ejection बेदखली।
Ejectment (suit) बेदखली; बेकब्ज़ा।
Notice of Ejectment बेदखली का नोटिस, इत्तलानामा बेदखली।
Ejectment Proceedings बेदखली की कार्य्यवाही।
Ejectment Suit बेदखली की नालिश।
Ejusdem Generis एक ही जाति के।
Elder Branch बड़ी शाखा।
Elect चुनना; निर्वाचित करना।
Elected निर्वाचित, चुना हुआ।
Election चुनाव, निर्वाचन; इन्तखाब।
Election Direct प्रत्यक्ष निर्वाचन।
Election, Indirect अप्रत्यक्ष निर्वाचन।
Election, Invalid अनियमित निर्वाचन।
Election Petition चुनाव के खिलाफ दी हुई दरख्वास्त।
Election, Valid नियमित निर्वाचन।
General Election साधारण चुनाव।
Primary Election प्राथमिक चुनाव।
Special Election विशिष्ट चुनाव या निर्वाचन।
Election Commissioners चुनाव कमिश्नर।
Election Expenses निर्वाचन व्यय; चुनाव में होने वाला खर्च।
Election and Result of Election चुनाव का परिणाम।
Elective Franchise or Electoral Right निर्वाचनाधिकार; चुनाव का अधिकार।
Elector चुनाव करने वाला; निर्वाचनकर्ता; निर्वाचक।
Electoral Constituency निर्वाचक संघ।
Electoral Right निर्वाचनाधिकार।
Electorate निर्वाचक समूह।
Eligible निर्वाचन के योग्य; ग्रहण करने योग्य।
Elope प्रेमी के साथ चुपके से निकल भागना।
Elopement शादीशुदा औरत का ग़ैर मर्द के साथ भाग जाना।
Elude टालना; नज़र बचाना।
Emancipation मुक्ति छुटकारा।
Embankment बांध।
Embankment Officer बांध का अफसर।
Embargo तटावरोध।
Embarrass सताना, रोड़े अटकाना; परेशान करना।
Embezzle ग़बन करना।
Embezzlement ग़बन, खयानत।
Emblem चिन्ह; निशान।
Embracery जूरी को रिश्वत आदि देकर मिलाना।
Emergency संकट।
Emigrant प्रवासी।
Emigrate देश छोड़कर परदेश जाना।
Emigration परदेश गमन।
Emissary राजदूत।
Emolument वेतन; लाभ।
Empiricism अनुभव मूलक पद्धति।
Employ नौकर रखना; काम पर लगाना।
Employee मजदूर; मुलाज़िम।
Employer मालिक; नौकर रखने वाला।
Employers Liability मालिक की कानूनी जिम्मेदारी।
Employment पेशा, रोज़गार; कारोबार; नौकरी।
Employment Agency नौकरी दिलाने वाली एजेन्सी।
Government Employment सरकारी नौकरी।
Enactment कानून; विधान।
Encroach हस्तक्षेप करना; नाजायज़ तौर पर दबा लेना।
Encroachment अन्याययुक्त पराधिकार ग्रहण; मदाखलत बेजा।
Encumbrance भार; बोझ।

Endorse हुण्डी की पुश्त पर दस्तखत करना; हुण्डी का बेचान करना; सहमति या स्वीकृति देना; ताईद करना।
Endorsement बेचान।
Endorsement of a Bill of Exchange हुण्डी का बेचान।
Endorsee वह आदमी जिसके नाम हुण्डी का बेचान किया गया हो।
Endorser बेचान करने वाला।
Endow दान देना।
Endowed Institution धर्मार्थ संस्था।
End wment देन; दान; दान की हुई सम्पत्ति।
Enemy, Adversary, Antagonist, Opponent दुश्मन; शत्रु।
Enemy State शत्रु राज्य।
Enemy Property दुश्मन की सम्पत्ति।
Enforce बाध्य करना; जबरन मनवाना।
Enforcing an Order हुक्म की अमलबजावरी।
Enfranchise मताधिकार देना।
Enfranchisement मताधिकार।
Engage नौकर रखना; काम पर लगाना।
Enhance बढ़ाना।
Enhancemnet of Rent किराये में वृद्धि।
Enjoy भोगना।
Enjoy the Benefit लाभ का उपभोग।
Enlarge बड़ा करना।
Enlist भर्ती करना।
Enlisted Man भर्ती हुवा आदमी।
Enlistment भर्ती।
Enquiry जांच; तहकीकात।
Enquiry, Further आगे की जांच।
Enquiry, Legal कानूनी जांच।
Enquiry, Local स्थानीय जांच।
Enquiry, Preliminary प्रारम्भिक जांच।
Enqury, Secret खुफिया जांच।
Enquiry, Subject of जांच का विषय।
Enrol दाखिल करना।
Enrolment भर्ती; दाखिला।
Enslave गुलाम बनाना।
Ensuing Year आने वाला साल।
Ensure खात्री दिलाना; भरोसा दिलाना।
Entangle उलझा देना।
To become entangled कठिनाई में फंस जाना या उलझ जाना।
Enter दाखिल होना। दर्ज करना।
Entry इन्दिराज।
Entice लुभाना; लुभाकर भगा ले जाना।
Entitle अधिकारित करना।
Automatic Non-forfeiture स्वतः चालक पॉलिसी; जब कोई पॉलिसी समर्पण-मूल्य (Surrender Value) की हकदार हो गई हो तो वह रिआयती मुद्दत के भीतर भी किस्त न देने के कारण बन्द नहीं होती, बशर्ते कि समर्पण-मूल्य चढ़ी हुई किस्तों के बराबर या अधिक हो । खुद कम्पनी किस्तों की रकम को लगभग ६) रुपया सैंकड़ा ब्याज पर बीमादार के नाम लिखकर पॉलिसी को चालू रखती है और बीमादार जब चाहे उन चढ़ी हुई किस्तों को मय ब्याज के देकर बिना किसी डॉक्टरी सार्टिफिकेट के प्रमाण के अपनी पॉलिसी को उसी असली हालत में ला सकता है । यदि बीमादार की मृत्यु उस समय के अन्दर हो जाय तो कंपनी चढ़ी हुई किस्तों को मय ब्याज के काट कर पूरी बीमा की रकम उसके आश्रितों को दे देती है ।
Attestation गवाही; साक्षी; तसदीक ।
Attestation Clause साक्षी का वाक्य, इबारत तस्दीक; अर्थात किसी दस्तावेज का वह वाक्य जिसके द्वारा तस्दीक करने वाले गवाह ने उस दस्तावेज को तस्दीक किया हो ।
Attested Copy प्रमाणिक नकल ।
Ausculation ध्वनि-श्रवण ।
Average clause जहाजी नुकसान की कानूनी धारा ।
Average Stater जहाजी बीमा विशारद ।
Averaging पड़ताल मिलाना ।
Aviation Insurance हवाई जहाज का बीमा ।

B

Bad Debts Insurance डूबत खाते का बीमा; इस प्रकार के बीमे में उस रकम की जोखिम ली जाती है, जो कर्जदार के दिवालिया हो जाने के कारण उलझन में पड़ गई हो। इस प्रकार के बीमे का व्यवहार युरोप आदि देशों में है।

Baggage Insurance असबाब का बीमा; रेल, जहाज या अन्य किसी वाहन पर जाने वाले वैयक्तिक असबाब का बीमा। ट्रेन के पटरी से उतर जाने या आपस में लड़ जाने के कारण, जहाज के डूब जाने के कारण तथा दो वाहनों के टक्कर के कारण असबाब का जो नुकसान होता है, उसके लिये इस प्रकार का बीमा कराया जाता है।

Bankrupt दिवालिया।

Beneficiary लाभ-ग्रहिता; वृत्तिधारी; वह मनुष्य जिसके लाभ के लिये ट्रस्टी सम्पत्ति की सम्भाल करते हैं।

Beri Beri बेरी बेरी नामक रोग; यह रोग अकसर बंगाल में होता है। इसमें पांडु, जलोदर आदि के लक्षण दिखलाई देते हैं।

Bile पित्त।

Bilary calculus पत्थरी।

Biliousness पित्त-विकृति।

Bill of sale बिक्री-पत्र।

Bladder मूत्राशय; मसाना; शरीर का वह हिस्सा जिस में मूत्र जमा होता है।

Blood Pressure खून का दबाव; रक्त वाहीनियों पर खून का जो दबाव पड़ता है उसके लिये यह वाक्यांश व्यवहृत होता है।

Boiler Insurance बॉयलर का बीमा।
इस जाति के बीमे में बॉयलर और उसके आसपास की चीजों को होने वाली हानि की जोखिम ली जाती है। इसके अतिरिक्त बॉयलर के विस्फोट(Explosion) या आग-पेटी (Firebox) के टूट फूट जाने से किसी मनुष्य को जो चोट लग जाती है, वह भी इसी बीमा के अन्तर्गत आती है। बीमा करने वाला (Insurer) समय-समय पर बॉयलरकी देखभाल करवाने की व्यवस्था रखता है।

Bonafide नेक नियत से; ईमानदारी से।

Bonafides नेक नियत।

Bond दस्तावेज।

Bonus बोनस; लाभांश; यह शब्द मूलतया Latin भाषा का है, जिसका अर्थ "अच्छा", है। बीमा की परिभाषा में इसका मतलब बीमा कम्पनी के उस अतिरिक्त लाभ (Surplus profit) से है, जो कि पॉलिसी होल्डरों में बांटा जाता है। इस लाभांश के बांटने के निम्न तरीके हैं—
(१) तत्काल रुपयों द्वारा भुगतान करना।
(२) आगे के प्रीमियम में कमी करना।
(३) बीमे की रकम में इस रकम को मिला देना और जब बीमा पक जावे तब बीमे की रकम के साथ इस रकम को भी ब्याज सहित दे देना।

Brachycardia, Bradycardia नाड़ी की मन्दता; जब किसी कारणवश नाड़ी बड़ी सुस्ती से चलती है तब उसके लिये यह शब्द प्रयुक्त होता है।

Bright's desease गुर्दे की बीमारी विशेष।

Bromism ब्रोमाईड के अति सेवन से होने वाला जहरी असर।

Bronchi वायु नलिकाएं, श्वास नलिका, वे दो श्वास नलियां जो फेफड़ों में हवा पहुँचाती हैं।

Bronchitis श्वास नली शोथ।

Broncho Pneumonia ब्रोंको न्यूमोनिया।

Bubo गांठ; फोड़ा।

Burglary Insurance चोर, लूट और डकैती से जो हानि होती है, उसकी जोखिम पूर्ति का जो बीमा किया जाता है, उसे बर्गलरी बीमा कहते हैं।

C

Cachexia शरीर-क्षय; शरीर की वह विकृत अवस्था जो केन्सर सरीखी क्षयकारी व्याधि से उत्पन्न होती है।

Caesarian Section भ्रूण-निष्कासन-शस्त्रक्रिया; वह शस्त्र क्रिया जो माता के पेट से बच्चे को निकालने के लिये की जाती है।

Calculus पथरी।

Calculus Vesicae मूत्राशय (Bladder) की पथरी।

Cancer केन्सर; जहरीला फोड़ा जो शरीर के विशिष्ट भाग में होता है।

Capital Redemption Policy (देखो Leasehold Policy)।

Carbuncle जहरीला फोड़ा।

Cardia हृदय।

Cardic Disease हृदय की बीमारी।

Carditis हृदय-शोथ।

Caries अस्थिगलन।

Cash Bonus नक़द लाभांश; नक़द बोनस; बोनस निर्धारित होने के पश्चात् ही जो बोनस नकद दिया जाता है उसे केश बोनस या नक़द लाभांश कहते हैं। यह नक़द बोनस अक्सर बीमा की रकम में जोड़ दिया जाता है। अगर बीमादार चाहे तो उसे यह नकद भी मिल सकता है।

Cede देना; समर्पण करना।

Cedent समर्पक।

Ceding Company समर्पक या प्रदायक कम्पनी; जो कंपनी किसी बीमे के प्रस्ताव को पहले स्वयं स्वीकार कर लेती है और पश्चात् उक्त बीमे की सारी रकम या उसके किसी अंश विशेष का पुनर्बीमा दूसरी कम्पनी में कराती है, उसे Ceding Company कहते हैं।

Cephalitis मस्तिष्क-शोथ।

Cerebellum लघु मस्तिष्क।

Cerebral मस्तिष्क-सम्बन्धी।

Cerebration मस्तिष्क क्रिया।

Cerebro-Spinal Fever मस्तिष्क-सुषुम्ना-ज्वर। यह बड़ा ही भयानक और घातक रोग है। इसमें रोगी के मस्तिष्क की झिल्ली और सुषुम्ना में शोथ आ जाता है।

Cerebrum महान् मस्तिष्क।

Cholera Injantum बाल-विषूचिका; बालकों को होने वाला हैजा।

Chronic Disease जीर्ण रोग।

Civil Commotion जन-विद्रोह।

Colitis आन्त्र-शोथ।

Collateral security सहायक जमानत। मुख्य जामिन के अतिरिक्त जो जामिन दी जाती है उसे सहायक जमानत कहते हैं।

Collective Fidelity Guarantee Policy संयुक्त या सामुहिक विश्वासपात्रता का बीमा। सामुहिक नेक चलन का बीमा; इस प्रकार का बीमा नौकरों के समूह के लिये होता है। जिन नौकरों का बीमा किया जाता है, पॉलिसी में उन सबों का नाम लिखा जाता है और प्रत्येक नाम के सम्मुख तत्सम्बन्धी जोखिम की रकम लिखी जाती है।

Colle's Fracture बहिप्रकोष्ठास्थि का भंग।

Colon स्थूलान्त्र।

Colotomy स्थूलान्त्र-शस्त्र-क्रिया।

Coma अचेतन निद्रा; यह दो प्रकार की होती है, एक Lethargic coma और दूसरी carus coma, पहली में आवाज देने से मनुष्य बोल उठता है; दूसरी में आवाज देने से नहीं बोलता, बिलकुल बेहोश पड़ा रहता है।

Company's Articles कम्पनी के नियम। इनको स्पष्ट रूप से Articles of Association कहते हैं। ये नियम सम्मिलित पूंजी के आधार पर चलने वाली किसी व्यापारिक कम्पनी के जन्मदाताओं या व्यवस्थापकों द्वारा उस कम्पनी के प्रबन्ध के लिए निर्धारित किये जाते हैं।

Compound Fracture संयुक्त भग्न।

Compounding a Felony चोर या डकैती के साथ

राजीनामा करना। इस जाति के समझौते या राजीनामे में वह मनुष्य जिसका माल चुराया गया हो या लूटा गया हो, चोरी करने वाले से अपना माल वापस ले कर उस पर मुकद्दमा चलाने की कार्यवाही न करने की हामी भरता है। यह बात गैरकानूनी है और कानून में इस प्रकार का समझौता दण्डनीय है। जिन मनुष्योंका Fidelity Guarantee Policy के साथ सम्बन्ध हो, उन्हें ऐसे समझौते कभी न करने चाहिये।

Concealment छुपाना; गुप्त रखना; अप्रकट रखना; ऐसी बातों को छुपाना जिनका प्रकट करना मनुष्य का कर्तव्य समझा जाता है, बीमा की परिभाषा में Concealment कहा जाता है। बीमा का प्रस्ताव करते समय ऐसी महत्व की बातों को छुपाना, जिनका प्रकट करना बीमा पॉलिसी के लिए आवश्यक हैं, पालिसी कराने वाले के लिए अहितकर है।

Compos Ments स्वमन Sound mind

Concretion पत्थरी; शरीर के किसी अंग विशेष में पत्थरी का जमा होना।

Conditions शर्तें; साधारणतया बीमा पालिसी में वे शर्तें रहती हैं जिनमें उन परिस्थितियों का उल्लेख रहता है जिनसे Liabilties उपस्थित होती है।

Conditions, Precedent पूर्ववर्ति शर्तें; वे शर्तें जो बीमा कंट्राक्ट के पूर्व कायम की जावें और कंट्राक्ट के सही होने के लिए जो आवश्यक हों।

Conditions, subsequent पश्चात्वर्ति शर्तें; पालिसी की वे शर्तें जो कंट्राक्ट स्वीकृत होने के बाद उत्पन्न होने वाली बातों से सम्बन्ध रखती हों।

Conditio sine qua-non आवश्यक शर्तें; जरूरी शर्तें।

Confirmatory Assignment समर्थनकारी समर्पणपत्र; खोये हुए समर्पण पत्र के समर्थन के लिए जो नया समर्पणपत्र जारी किया जाता है उसके लिए यह वाक्यांश व्यवहृत होता है।

Congenitial जन्मतः।

Congestion रक्त-सञ्चय।

Conjunctivitis अभिष्यन्द।

Consanguinean Relations वे भाईबन्द जो एक ही पिता और विभिन्न माता की संतान हों।

Constipation बद्धकोष्ठता; कब्जियत।

Consumption क्षय रोग।

Contagious Disease स्पर्श सञ्चारी रोग।

Contingency Insurance आकस्मिकता का बीमा; विशेष अवसर बीमा; जिस घटना का पहले से अनुमान न हो पर जो अकस्मात् रूप से या किसी अवसर के कारण हुई हो, उसकी क्षति पूर्तिके लिये जो बीमा किया जाता है, उसके लिये उक्त वाक्यांश व्यवहृत होता है।

Continuous Instalment Policy निरन्तर किस्त वाली बीमा पालिसी; यह पालिसी साधारण किस्त वाली पालिसी का संशोधित रूप है। इस पॉलिसी के अनुसार यदि बीमा-प्राप्त व्यक्ति की मृत्यु अवधि (Term) के भीतर हो जाय तो उसके परिवार को नियमित वर्षों तक वार्षिक वृत्ति (Annuity) मिलती रहेगी। यदि अवधि को पूरा करने के बाद उसकी मृत्यु हो तो भी वारिस को नियमित समय तक यह वार्षिक वृति मिलेगी। पर अगर बीमाप्राप्त व्यक्ति अपने बीमा की अवधि पूरी करने के पश्चात् भी जीवित रह गया तो उसे मृत्यु तक वार्षिक वृति मिलती रहेगी।

Contract Guarantee इकरार पूर्ति की गैरंटी; यह एक प्रकार का बीमा है, जो कुछ बीमा कंपनियां लेतीं हैं। इसमें बीमा कंपनी बीमादार को एक इकरारनामा (bond) देती है जिसमें यह वायदा रहता है कि बीमादार द्वारा कराये गये किसी ठेके के काम में ठेकेदार की गफलत या अन्य कारण से यदि नियमित समय में काम पूरा न हो सका या काम में किसी प्रकार की हानि पहुँची तो उसकी क्षतिपूर्ति नियमानुसार बीमा कंपनी करेगी।

Credit Insurance ऋण पूरक बीमा; साहूकारी बीमा, इस बीमा द्वारा बीमा कंपनियां अपना विशिष्ट प्रिमियम लेने पर बीमादार के कर्जदारों के दिवालिया करार दिये जाने पर बाकी ऋण की किसी अंश में पूर्ति करने की जिम्मेदारी लेती है।

Convertible Term Assurance विनिमयशील मियादी बीमा; यह वह बीमा है जो मियादी बीमा

(Term Assurance) के बाद कराया जाता है। मियादी बीमा की अवधि पूरी होने के बाद अगर कोई बीमादार अप प किसी को फिर से चालू करवाना चाहे तो उसे फिर से डॉक्टरी परीक्षा आदि कई झंझटों का सामना करना पड़ता है। इन झंझटों से बचने के लिये विनिमयशील मियादी बीमा की पद्धति निकाली गई है। इसमें बढ़ी हुई उम्र के अनुपात से निश्चित प्रीमियम देने पर बीमे की पॉलिसी फिर से जीवित की जा सकती है। इसमें दुबारा डॉक्टरी परीक्षा की आवश्यकता नहीं होती है।

Cover Note अस्थायी बीमापत्र; बीमादार के प्रथम वर्ष के प्रीमियम भर देने पर बीमा कम्पनी एक प्रकार का अस्थायी बीमा पत्र बीमादार के नाम जारी करती है। जब तक बीमादार का प्रार्थनापत्र कंपनी के विचाराधीन रहता है, तब तक यह अस्थायी बीमा पत्र बीमादार के जीवन की जोखिम उठाता है। अर्थात् बीमा की अन्तिम स्वीकृति के पहले और उक्त प्रकार के अस्थायी बीमा पत्र के जारी होने के बाद यदि बीमादार की मृत्यु हो जाय तो कंपनी को जोखिम भरनी पड़ती है। इस प्रकार के अस्थायी बीमा पत्र को Cover Note कहते हैं।

Coxalgia जंघ-सन्धि पीड़ा।

Coxitis जंघ-सन्धि-शोथ।

Cranium खोपड़ी।

Crassa Negligentia हद दर्जे की लापर्वाही।

Cycle Insurance साइकल का बीमा; किसी आकस्मिक घटना से साइकल की चोरी होजाय या उसका अन्य प्रकार से कोई नुकसान होजाय आदि बातों के लिये साइकल का जो बीमा करवाया जाता है, उसके लिये उक्त वाक्यांश व्यवहृत होता है।

D

Damages क्षतिपूर्ति; हर्जाना।

Damnum Fatale घातक क्षति।

Days of grace रिआयत की अवधि; किस्त चुकाने की नियमित अवधि के बाद भी कम्पनी बीमेदार को कुछ दिन और देती है, जिनके अन्दर वह अपनी किस्त अदा करदे। इस अवधि को Days of grace कहते हैं। साधारणतया बीमा कम्पनियाँ सब प्रकार की किस्तों के लिये ३० दिन की अवधि और मासिक किस्तों के लिये १५ दिन की अवधि देती हैं। इस अवधि के अन्दर किस्त दे देने से पॉलिसी चालू रहती है।

De-anno in annum वर्ष प्रति वर्ष; साल दर साल।

Death Duty Policy मृत्यु-कर-बीमा।

Debenture ऋण-स्वीकार-पत्र; कर्ज पत्र। यह शब्द कई अर्थों में काम में लाया जाता है। जब कोई कम्पनी शेयर होल्डरों के द्वारा प्राप्त अपनी पूँजी के अतिरिक्त किसी आवश्यकता के वश होकर रुपया उधार लेना चाहती है तो वह प्रायः ऋण-पत्र निकालती है जिन पर कम्पनी की मोहर लगी रहती है। इनमें ऋण की स्वीकृति लिखी जाती है। ये निश्चित मियाद के होते हैं और इन पर निश्चित ब्याज दिया जाता है।

Debenture System Assurance ऋणपत्र प्रदायक बीमापद्धति; कभी कभी ऐसा होता है कि बीमादार की मृत्यु के बाद या तो उसकी विधवा की या उसका पुत्र उत्तराधिकारी होता है। बीमे की सारी रकम पा जाने पर वे शायद इसका दुरुपयोग कर उड़ा न दें, इस आशङ्का से बचने के लिये कुछ बीमा कम्पनियों ने उक्त पद्धति निकाली है। इसमें बीमेदार की मृत्यु हो जाने पर बीमे की सारी रकम कंपनी अपने पास जमा रखती है और उसके बदले में बीमादार के वारिसों को ऋणपत्र (Debenture) दे देती है। इससे बीमादार के वारिस को रकम का अच्छा ब्याज एक निश्चित अवधि तक या उसकी मृत्यु तक मिलता रहता है। बीमादार के वारिस के मरजाने पर बीमे की सारी रकम, उस वारिस के उत्तराधिकारी को या किसी ऐसे आदमी को जिसके लिये उसने स्वत्व समर्पण किया हो, मिल जाती है। इस पद्धति में कम्पनी को ज्यादा ब्याज देना पड़ता है। इसलिये इसके प्रीमियम की दर भी कुछ ऊँची रहती है।

Debenture Loan डिबेंचर द्वारा प्राप्त कर्ज़ ।

Declaration of Association कम्पनी में शामिल होने की घोषणा । लिमिटेड कम्पनी की एक धारा विशेष जिसमें कम्पनी के सञ्चालक इस बात की घोषणा करते हैं कि वे नियमानुसार कम्पनी में शामिल होना चाहते हैं और अपने निर्दिष्ट शेअरों की स्वीकृति देते हैं ।

Declaration of Health सुस्वास्थ्य-प्रमाण-पत्र; जब कोई बीमाप्रार्थी अपनी पहली किस्त नियमित समयपर देने में किसी कारणवश असमर्थ हो जाता है, और उस समय के बाद वह अपनी किस्त देकर बीमे को संजीवित करवाना चाहता है, तब बीमा कम्पनी बहुधा उससे एक लिखित बयान इस आशय का लेती है कि डॉक्टरी परीक्षा के अनन्तर उसके स्वास्थ्य में कोई विकार या परिवर्तन नहीं हुआ और न उसे अपने स्वास्थ्य के लिए इस अवधि में डॉक्टर की शरण लेनी पड़ी है । इस प्रकार के सुस्वास्थ्य प्रमाण के लिए अंग्रेजी में उक्त वाक्यांश व्यवहृत होता है ।

Declaration of Identity पहचान का प्रमाण-पत्र या घोषणा पत्र । जब किसी बीमादार की मृत्यु हो जाती है, तब उसके जानपहचान के किसी भी गृहस्थ से, जिसका कि उक्त मृत मनुष्य के बीमा से कोई स्वार्थ न हो और जिसने मृत मनुष्य की अंतिम क्रिया में भाग लिया हो, बीमा कम्पनी इस प्रकार का प्रमाणपत्र लेती है कि अमुक अमुक मृत बीमादार व्यक्ति को वह अच्छी तरह जानता था और वास्तव में उसकी मृत्यु हो गई है । बीमा पॉलिसी को भुगतान करने में इस प्रकार के पहचान के प्रमाणपत्र की आवश्यकता होती है । इसी प्रमाणपत्र के लिये अंग्रेजी में उक्त वाक्यांश व्यवहृत होता है ।

Declared value घोषित मूल्य ।

Decreasing Term Assurance ह्रासमान मियादी बीमा; यह भी मियादी बीमा का एक रूप है । यह बीमा ऐसी रकम का किया जाता है, जो समय के साथ साथ कम होती जाती है । इसलिये इसकी प्रीमियम दर दूसरी जाति के बीमों से कुछ कम होती है । इस प्रकार के बीमे ऋणदाताओं (Lenders) की रक्षा के लिए किये जाते हैं । जैसे कोई ऋणदाता किसी को कुछ रुपया उधार देता है और उक्त रुपया नियमित किस्तों से वसूल करने की शर्त रखता है । वह अपने कर्जदार का बीमा इसलिए करवाना आवश्यक समझता है कि अगर कर्ज चूकने की नियमित अवधि के पहले कर्जदार की मृत्यु हो जाय तो उस पॉलिसी के अनुसार शेष रुपया उसे कम्पनी से मिल जाय । अगर कर्जदार अवधि तक जीवित रह जाता है तो सारा दिया हुआ प्रीमियम कम्पनी को हजम हो जाता है । इसे ह्रासमान मियादी बीमा इस लिये कहते हैं कि इसमें जैसे २ कर्जदार की किस्तें चूकती जाती हैं, वैसे २ जोखिम कम होने से प्रीमियम भी इसी अनुपात से कम होता जाता है । जहाँ सारा कर्ज चूकता हो गया कि प्रीमियम भी बन्द हो जाता है ।

Deed of Arrangement तस्फियानामा ।

Deed of Agreement करारनामा ।

Deed of Compromise राजीनामा ।

Deed of Hypothecation सुपुर्दनामा ।

Deed of lease पट्टा ।

Deed of mortgage गिरवी खत ।

Deed of Assignment अर्पण पत्र,

De facto वास्तव में ।

Deferred Annuity विलम्बित वृत्ति; यह वृत्ति या तो एक मुश्त रकम पर या वार्षिक किस्तों द्वारा नियमित रकम देने पर खरीदी जाती है । वार्षिक किस्तों द्वारा खरीदी जाने पर इसका मिलना तब शुरू होता है, जब वृत्तिप्राप्त मनुष्य सब किस्तें अदा कर देता है अर्थात वृत्ति खरीदी की सारी रकम चूकती कर देता है । वैसे एक मुश्त रकम देने पर वृत्ति एक निर्धारित समय में शुरु होती है । वृत्तिप्राप्ति के निश्चित समय के पहले अगर वृत्तिप्राप्त व्यक्ति की मृत्यु हो जाय तो साधारणतया उक्त व्यक्ति द्वारा दिया हुआ प्रीमियम या क्रय-रकम वापस नहीं लौटाई जाती । इससे विलम्बित वृत्ति का दर कुछ कम रहता है । हां, कुछ अतिरिक्त प्रीमियम देने पर उक्त रकम ब्याज सहित या ब्याज रहित लौटा देने की भी शर्त रखी जा सकती है । इस प्रकार की वृत्ति अकसर मनुष्य अपने बुढ़ापे के प्रबन्ध के लिए लेता है ।

Deferred Longest Life Annuity अति विलम्बित वार्षिक वृत्ति; वह वार्षिक वृत्ति जो भविष्य में किसी निर्दिष्ट मिति को आरम्भ होती है और जिसका आधार दो संयुक्त बीमादारों पर रहता है। यह तब तक दी जाती है, जब तक कि दोनों संयुक्त बीमादार न मर जावें।

Deferred Temporary Annuity विलम्बित अस्थायी वार्षिक वृत्ति; वह वार्षिक वृत्ति जो भविष्य में किसी निर्दिष्ट मिति को आरम्भ होती है और एक विशिष्ट समय तक दी जाती है।

Defunct मृत; दिवंगत।

Defunct Company दिवंगत कम्पनी; वह कम्पनी जिसका अस्तित्व न रहा हो।

Degeneration शारीरिक अवनति।

Delirium सन्निपात।

Delirium Tremens मद्यपान जन्य सन्निपात; वह सन्निपात जो अत्यधिक मद्यपान के कारण होता है।

Delusion भ्रम; चित्तभ्रम।

Dementia उन्माद विशेष; वह उन्माद जिसमें बुद्धि और तर्क शक्ति का नाश हो जाता है।

Dentist's Indemnity दन्त-वैज्ञानिक का जोखिम बीमा; दंतसाज व उसके सहायकों द्वारा अपना पेशा करते हुए अगर उनकी किसी गफलत या भूल से किसी व्यक्ति का कोई नुकसान हो जाय तो उस नुकसान की कानूनी जिम्मेदारी से बचने के लिये जो बीमा करवाया जाता है, उसके लिए उक्त वाक्यांश व्यवहृत होता है।

Destination clause पते की धारा; पालिसी का रुपया किसको दिया जायगा, इस विषय का जिस धारा में वर्णन हो उसे पते की धारा अर्थात् Destination clause कहते हैं।

Deponent हलफिया बयान देने वाला।

Deposition हलफिया बयान।

Diagnosis रोग-निर्णय

Disability Benefits अपंगता के लाभ; यदि कोई बीमादार किसी बीमारी अथवा दुर्घटना के कारण अपंग हो जाय तो कंपनी उससे आगामी किस्तें लेना बंद कर देती है और बीमे की रकम की भुगतान अपने नियमानुसार १० से २० वार्षिक किस्तों में कर देती है।

Doctor's Indemnity चिकित्सक-जोखिम-बीमा; वह बीमा पद्धति, जो डॉक्टरों की बेपर्वाही या गलती से होने वाली क्षति की पूर्ति की जिम्मेदारी लेती है। अगर अपना धन्धा करते हुए, किसी गलती या बेपर्वाही से डॉक्टर द्वारा किसी रोगी को किसी प्रकार की शारीरिक हानि पहुँच जाय तो उसकी क्षतिपूर्ति इस बीमा पद्धति द्वारा होती है। इसमें केवल सनद वाले डाक्टरों ही का बीमा लिया जाता है।

Domestic Servants Insurance घरू नौकरों का बीमा।

Double Endowment Insurance दुहीरा पोषण बीमा; द्विगुण बीमा; यह एक प्रकार का पोषण बीमा (Endowment Assurance) है जिसमें बीमादार अगर बीमा की अवधि तक जीवित रह गया तो उसे बीमा की पूरी रकम मिल जाती है। अगर वह बीमा की अवधि पूरी होने के पहले मर गया तो उसके उत्तराधिकारी को बीमे की दुगुनी रकम मिलती है।

Double Insurance दुहीरा बीमा; अगर कोई बीमादार अपनी किसी सम्पत्ति का दो या दो से अधिक कंपनियों में बीमा करवावे तो उसके लिये यह शब्द व्यवहृत होता है। नुकसान होने पर अपने अपने अनुपात से प्रत्येक बीमा कंपनी क्षतिपूर्ति करती है।

Draft हुंडी जो एक बैंक अपनी शाखा पर या किसी दूसरी बैंक पर देती है।

Driving Accident Insurance गाड़ी दुर्घटना बीमा; घोड़े गाड़ी आदि से होने वाली दुर्घटना की जोखिम का बीमा इसके अन्तर्गत आता है।

Dropsy जलोदर रोग।

Drum कान का पर्दा।

Duct प्रणाली।

Duodenum पक्वाशय।

Dura Mater मस्तिष्क की बाहरी झिल्ली।

Durante absentia अनुपस्थिति में; गैरमौजूदगी में।

Duronte dementia उन्मादावस्था में।

Dysentery रक्तातिसार।

Dysmenorrhea कष्टार्तव; वह रोग जिसमें स्त्रियों को मासिक धर्म के समय तकलीफ होती है।

Dyspepsia अग्निमांद्य; बदहजमी।

Dysphagia निगलन-पीड़ा।

E

Eczema खुजली

Educational Policy शिक्षा-बीमा; शिक्षण-व्यय-बीमा।

Efferent Nerve Fibres संवेदना वाहक ज्ञान-तंतु।

Elephantiasis फीलपाँव।

Emetic वमनकारी।

Encephalitis मस्तिष्क-शोथ।

Encephalitis Lethargica निद्रालुरोग।

Endorsement समर्थन; बेचान।

Endowment Assurance पोषण बीमा; इस प्रकार के बीमे में बीमा कंपनी बीमे की निश्चित अवधि पर बीमेदार को बीमे की रकम का भुगतान कर देती है। अगर बीमेदार की निश्चित अवधि के पहले मृत्यु हो जाय तो उस हालत में भी कंपनी उसके उत्तराधिकारी को बीमे की रकम का भुगतान कर देती है। आजकल इस प्रकार की बीमा पॉलिसी बहुत लोकप्रिय हो रही है।

Endowments (Pure Endowment देखो)।

Endowments and Dowries पोषण और दहेज-बीमा; इस प्रकार का बीमा प्रायः बच्चों का होता है। पॉलिसी में वर्णित बच्चे के निश्चित उम्र पर पहुँचने पर बीमे की रकम मिल जाती है। निश्चित समय के पहले अगर बच्चे की मृत्यु हो जाय तो जैसा पालिसी में इकरार होगा, उसके अनुसार व्यवहार होगा।

Endocarditis हृदयावरण-शोथ।

Endometritis गर्भाशयावरण-शोथ।

Enlargement अस्वाभाविक वृद्धि।

Enteric Fever आन्त्र-ज्वर।

Enteritis आन्त्र-शोथ।

Enterocoliltis बृहदन्त्र-शोथ।

Episgastrium कौड़ी प्रदेश; यह उदर के आधे हिस्से के ऊपर होता है।

Epilepsy मृगी रोग।

Epistaxis नासारक्तस्राव।

Erysipelas विसर्प; अग्निविसर्प।

Evidence of Death मृत्यु का प्रमाण; वह प्रमाण जिससे यह सिद्ध हो कि बीमेदार की मृत्यु हो गई है।

Excreta विष्ठा।

Execution तामिली।

Executor प्रबन्धक; मृत मनुष्य की सम्पत्ति का प्रबन्धक।

Ex-officio पद के लिहाज से।

Ex-parte एकतर्फा।

Extended Term Insurance विस्तरणीय मियादी बीमा।

F

Facial मुख-सम्बन्धी; मौखिक।

Family Insurance पारिवारिक बीमा; यह निश्चित अवधि बीमा का ही संशोधित रूप है। इस प्रकार की बीमा पालिसी में इस बात का कम्पनी की ओर से इकरार किया जाता है कि अगर बीमेदार की, पालिसी पकने के पहले, मृत्यु हो जाय तो कम्पनी उसके कुटुम्ब को बीमा की कुल रकम का एक अंश विशेष (प्रायः दस फी सदी) प्रति साल तब तक देती रहेगी, जब तक

कि बीमे की मियाद पूरी न हो जाय। इसके बाद बीमा की अवधि पूरी होते ही बीमे की कुछ रकम एक मुश्त दे देगी।

Fever ज्वर; बुखार।

Fissure in Ano भगन्दर।

Fistula भगन्दर।

Fixed Term Insurance नियतकालिक बीमा; निश्चित अवधि बीमा, यह पट्टाकारी बीमा (Lease hold Insurance) के सदृश ही है। फर्क केवल इतना ही है कि इसमें बीमा की निश्चित अवधि पूरी होने के पहले बीमादार की मृत्यु हो जाने से आगे की किस्तें नहीं देना पड़ती। एक मुश्त या एक बारगी रुपया देने से इस प्रकार की पालिसी प्राप्त नहीं हो सकती। यह पालिसी लाभ सहित या लाभ रहित दोनों प्रकार की हो सकती है।

Floating Policy प्लवमान बीमा; जुदे जुदे कई स्थानों पर पड़े हुए माल की कीमत का बीमा; चलदू जहाज का बीमा; जब ऐसे माल का बीमा किया जाता है जो जुदे जुदे स्थानों पर पड़ा हुआ है, तब उसके लिये बीमे की Floating Policy का उपयोग किया जाता है।

Foreign Bill विदेशी हुण्डी; वह हुण्डी जो एक देश में लिखी जा कर दूसरे देश में सोकरती है।

Foreign Exchange विदेशी विनिमय; विदेशी विनिमय के अन्दर वे सभी काम आ जाते हैं, जिनका उद्देश एक देश से दूसरे देश में पूँजी भेजना है। दूसरे शब्दों में विदेशी विनिमय का सम्बन्ध एक देश के नाणों का दूसरे देश के नाणों से बदलने की दर से है।

Foreign Investment विदेशी पूँजी।

Forged Transfers जाली ट्रान्सफर।

Friend's Report मित्र की रिपोर्ट; जब कोई व्यक्ति अपने जीवन बीमा का प्रस्ताव बीमा कम्पनी के सामने पेश करता है तब कम्पनी साधारणतया उस व्यक्ति के स्वास्थ्य, मानसिक प्रवृत्तियों व आदतों के सम्बन्ध में उसके दो निजी और सुपरिचित मित्रों की सम्मतियां लेती है। प्रस्ताव पत्र पर इन मित्रों का नाम और पता दिया हुआ रहता है। कम्पनी प्रस्तावक के उन मित्रों को पत्र लिखती है और उस पत्र के साथ छपा हुआ प्रश्नपत्र उत्तर पाने के लिये भेजती है।

Full Age बालिग उम्र; २१ वर्ष की उम्र बालिग उम्र कहलाती है।

Foreign body विजातीय द्रव्य।

Forged Transfer जाली ट्रान्सफर; शेअर, स्टाक और सेक्यूरिटिज आदिका जब असली ट्रान्सफरके बदले जाली ट्रान्सफर के द्वारा परिवर्तन किया जाता है, तब उसके लिये यह शब्द व्यवहार में आता है।

Fracture अस्थिभंग।

Frater Consaguineus अर्द्धबन्धु; वह भाई जिसका पिता एक हो, पर माता दूसरी हो; सौतेला भाई।

Frater Uterinus समयोनिजात बन्धु; वह भाई जिसका जन्म एक माता के उदर से हुआ हो, पर जिसका पिता भिन्न हो।

Fraud फरेब।

Free Policy (देखो Paid up Policy)

Functus Officio अवसर प्राप्त कर्मचारी; वह कर्मचारी जो अपने कार्य्य से उऋण कर दिया गया हो। रिटायर्ड या पेन्शनप्राप्त व्यक्ति।

Funding Loan Policy यह बारबांड पालिसी के सदृश है। दोनों में केवल भेद इतना ही है कि इसमें बीमे की रकम बजाय बारबांड के कम्पनी में जमा के रूप में रहती है।

G

Gall Bladder पित्ताशय ।

Gall Stones पथरी ।

Gastralgia उदर पीड़ा ।

Gastric Carcinoma उदर अर्बुद; पेट का फोड़ा ।

Gastric ulcer उदर-क्षत; पेट का जख्म ।

Gastro-Enteritis उदर-शोथ; आंत्रशोथ ।

General Damages साधारण क्षतिपूर्ति, मामूली हर्जाना ।

General paralysis of the Insane उन्मत्त पक्षाघात ।

Gland ग्रन्थि ।

Glaucoma घोबा; यह आँख की बड़ी खतरनाक बीमारी है।

Gleet सूजाक विशेष; पुराना सूजाक ।

Glossalgia जिह्वा-पीड़ा ।

Glossitis जिह्वा-शोथ ।

Glucose द्राक्ष-शर्करा ।

Glycosuria शर्करायुक्त प्रमेह (इक्षु प्रमेह)

Gonorrhoea सोजाक ।

Good Consideration भलाई के विचार से ।

Gout वातरक्त ।

Government Bond गवर्नमैन्ट बाँड ।

Granulations दाने ।

Group Disability Assurance समुदाय-असामर्थ्य-बीमा; यह समुदाय-जीवन-बीमा (Group Life Assurance) की तरह ही है। केवल उसमें और इसमें भेद इतना ही है कि इसमें बीमा की रकम की भुगतान बीमादार के सदा के लिए बिलकुल असमर्थ व अकर्मण्य होने पर की जाती है, मृत्यु पर नहीं। एक विशेष छोटी सी रकम देने पर यह लाभ भी समुदाय जीवन-बीमा में सम्मिलित किया जा सकता है।

Group Life Assurance समुदाय-जीवन-बीमा। इस पॉलिसी द्वारा बजाय प्रत्येक व्यक्ति के अलग अलग बीमा के कई व्यक्तियों के समुदाय का एक साथ बीमा किया जाता है। इस प्रकार का मजदूरों के जीवन का बीमा अकसर उनका मालिक करवाता है और वही उनकी किस्तें भरता है। जब तक मजदूर अपने मालिक की मजदूरी करते रहते हैं, तब तक उनका वह बीमा चालू रहता है। इस तरह इस बीमे में उक्त समुदाय में से किसी मजदूर की मृत्यु हो जाने से उसके कुटुम्बियों के भरण पोषण का कुछ प्रबंध हो जाता है। इस पालिसी से मज़दूरों को ये लाभ प्राप्त होते हैं।

(१) प्रत्येक मजदूर के लिए एक निश्चित रकम का दिया जाना (२) मजदूर को एक वर्ष की तनख्वाह या वेतन मिलना (३) नौकरी के वर्षों पर निर्धारित की हुई एक रकम का दिया जाना। साधारण नियमानुसार एक वर्ष तक यह पालिसी जारी रहती है और बाद में आवश्यकता हुई तो कुछ निश्चित वर्षों तक इसकी अवधि बढ़ाई जा सकती है। उम्र, शरीर-संगठन और वेतन आदि कई बातों को दृष्टि में रख कर प्रीमियम निश्चित किया जाता है। आगे चल कर बीमा की अवधि बढ़ने के समय (Renewal) अगर परिस्थितियों में परिवर्तन हुआ तो उनके अनुसार प्रीमियम में भी कमी या अधिकता हो सकती है।

Guaranteed Payment Annuity गैरंटी शुदा वृत्ति; कई लोग इस आशंका से वृत्ति खरीदने में हिचकते हैं कि अगर वृत्ति खरीदने के कुछ दिनों बाद ही वृत्तिभोगी की मृत्यु हो गई तो उसकी दी हुई रकम डूब जाती है। इस आशंका के लिए उक्त प्रकार की गैरण्टी शुदा वृत्ति निकाली गई है, जिसमें वृत्तिभोगी की मृत्यु के बाद भी उसके कानूनी वारिस को या तो वृत्ति की कुछ निश्चित किस्तें मिलने की गैरण्टी रहती है या उसकी दी हुई रकम का शेष हिस्सा (balance) उसके वारिस को लौटा दिया जाने का इकरार रहता है।

Guaranteed Bonus Assurance गैरण्टी शुदा लाभांश बीमा; अकसर बीमा कम्पनियां अपने जीवन के आरम्भ में कुछ वर्षों तक अपने पालिसी होल्डरों को बोनस या लाभांश नहीं दे सकतीं। बीमादार लाभांश प्राप्त करने की आशा करते हैं और वे ये चाहते हैं कि

आमदनी के संयोग से उनके बीमे की रकम वर्ष प्रति वर्ष अधिकाधिक बढ़ती जाय। उनकी इस इच्छा को पूरी करने के लिए कुछ बीमा कम्पनियों ने एक पद्धति निकाली है, जिसमें पालिसी के मूल्य पर प्रति सैंकड़ा १) या २) रुपये देने पर कम्पनी एक निश्चित बोनस या आमदनी हर साल पालिसी की रकम में जोड़ती जाती है। यह पद्धति आजीवन बीमा या पोषण बीमा दोनों में लागू हो सकती है।

Guaranteed Income Policy गैरण्टी शुदा आय योजना-पॉलिसी; इसमें कम्पनी बीमादार के मरने पर कुछ निश्चित वर्षों तक बीमे की रकम को बतौर ऋण के अपने खाते में जमा रखती है और प्रति वर्ष ५ प्रतिशत ब्याज उस समय तक उसके परिवार को देती है। उस अवधि के समाप्त होने पर बीमादार के उत्तराधिकारी को बीमे की रकम मिल जाती है।

Guaranteed Option Policy गैरंटीशुदा अभिरुचि प्रमाण बीमा; इस बीमा द्वारा बीमादार को एक निश्चित अवधि के समाप्त होने पर नीचे लिखी हुई अभिरुचियों में से किसी एक का उपभोग करने का अधिकार प्राप्त होता है।

(१) नकद रुपया और एक परिपक्व आजीवन बीमा पालिसी (Paid up whole Life Policy)।

(२) सिर्फ़ अधिकतर नकद रकम।

(३) अधिकतर रकम (Larger amount) की आजीवन बीमा पालिसी।

(४) वार्षिक वृत्ति।

H

Haematemesis रक्त वमन; खून की कै।

Haematuria रक्तमूत्र; रक्तमेह; पेशाब में खून आना।

Haematoma रक्तार्बुद; वह फोड़ा जिसमें खून हो "रक्तार्बुद" कहलाता है

Haemoptysis रक्त निष्ठिवन; मुह से बलगम के साथ खून जाना।

Haemorrhage रक्तस्राव; खून बहना।

Haemorrhoids रक्तार्श; खूनी बवासीर।

Hail Storm Insurance पाला रक्षक बीमा; वह पालिसी जो पाला से होने वाली फसल की क्षति की जोखिम लेती है। यह बीमा किसानों के लिए उपयोगी होता है।

Half-Blood सौतेले भाई।

Half-credit-Policy अर्द्ध-ऋण-पालिसी; इस प्रकार के बीमे में प्रथम पांच या सात वर्षों तक मूल प्रीमियम का आधा दिया जाता है। शेष आधा पालिसी पर ऋण के रूप में लिख लिया जाता है। ऋण की किश्तों का ब्याज पेशगी ले लिया जाता है। बीमे की रकम का दावा उपस्थित होते समय यदि इस ऋण की पूर्ति न की गई तो उस अवस्था में वह रकम बीमे की रकम में से मुजरा ले ली जाती है।

Half Endowment Assurance अर्द्ध-पोषण-बीमा; यह एक प्रकार का पोषण बीमा है। इसमें यदि बीमादार नियमित अवधि तक जीवित रह गया तो उसे बीमे की पूरी रकम मिल जाती है। अगर अवधि के पहले बीमादार की मृत्यु हो गई तो उसे बीमे की रकम का आधा रुपया मिलता है।

Half Premium Assurance न्यून किस्त बीमा; इस प्रकार के बीमे में आरम्भ में कुछ वर्षों तक किश्तों की दर अल्प और सरल होती है। उसके बाद बीमादार को उम्र के अनुसार किस्तें देना पड़ती हैं।

Health Declaration स्वास्थ्य का प्रमाणपत्र।

Hemiplegia अर्द्ध-पक्षाघात।

Hemopia अर्द्ध-दृष्टि रोग।

Hepatitis यकृत-शोथ :

Hernia आँत्र-वृद्धि; आंत उतरना।

Hectic Fever प्रक्षेपक ज्वर; कोई कोई इसे क्षय-ज्वर भी कहते हैं।

Heptic यकृत सम्बन्धी ।
Hereditary वंशानुगत ।
Homicide हत्या; प्राणघात ।
House breaking सेंध; चोरी करने या किसी अन्य अपराध के लिये घर में जो सेंध लगाई जाती है, इसके लिये यह वाक्यांश व्यवहृत होता है ।
Hydrocele मूत्रवृद्धि; अण्डकोष जलातिवृद्धि ।
Hydrocephalous शिरोवृद्ध; मस्तिष्क-शोथ ।
Hypertrophy of the heart हृत्वृद्धि; हृदय की विकृत वृद्धि
Hydrocephalas जल-मस्तिष्क ।
Hydrophobia जल संत्रास; हड़काव; पागल कुत्ते के काटने से यह बीमारी होती है ।
Hysteria हिस्टेरिया; यह रोग अकसर स्त्रियों को होता है ।

I

Immediate Annuity तत्कालिक वृत्ति; कभी कभी यह आवश्यक होता है कि कोई एक व्यक्ति अपने या अपनी संतान या कुटुम्बी के जीवन प्रबन्ध के लिये वार्षिक वृत्ति को तत्काल लेना जरूरी समझता है। इस प्रकार की वृत्ति जीवन-बीमा-कंपनी से खरीदी जा सकती है। इसमें वृत्तिप्राप्त (Annuitant) व्यक्ति को हर साल या हर आधे साल एक निश्चित रकम मिलती रहती है । वृत्तिक्रय की रकम देने पर यह शुरू हो जाती है। "वृत्तिक्रय रकम" का आशय उस रकम से है, जिसके द्वारा वृत्ति खरीदी जाती है। वृत्तिप्राप्त मनुष्य की मृत्यु के बाद वृत्ति का मिलना बन्द हो जाता है ।

यहां यह प्रकट करना आवश्यक है कि वृत्ति की रकम ब्याज की रकम से ज्यादा होती है; क्योंकि ब्याज में मूलधन लौटाया जाता है वृत्ति में नहीं ।

Immediate joint Life Annuity तत्काल संयुक्त जीवन वृत्ति; यह वृत्ति दो या दो से अधिक व्यक्तियों के जीवन पर निर्भर करती है। यह वृत्ति तब ही तक चलती रहती है, जब तक कि सब वृत्तिभोगी जीवित रहते हैं। इन में से एक के मरने पर यह बन्द हो जाती है ।

Immediate Longest Life Annuity तत्कालिक दीर्घतम जीवनवृत्ति। इस प्रकार की वृत्ति दो या दो से अधिक व्यक्तियों के जीवन पर निर्भर रहती है। जब तक एक भी बीमादार वृत्ति अधिकारी जीवित रहता है, तब तक वृत्ति बराबर जारी रहती है ।

Immediate Temporary Life Annuitiy; तत्कालिक अल्पस्थायी जीवन वृत्ति; यह वृत्ति (Immediate Life Annutiy) के सदृश ही है। भेद केवल इतना ही है कि इसमें यह निर्धारित रहता है कि अधिक से अधिक अमुक संख्या तक वृत्तियां दी जावेंगी। वृत्तयों का भुगतान उस नियमित संख्या तक पहुँच जाने पर उनका दिया जाना बन्द हो जाता है। इसके अतिरिक्त यदि वृत्तिभोगी बीमादार की मृत्यु हो जाय तो इनका दिया जाना बंद हो जाता है ।

Indemnity क्षतिपूर्ति; हर्जाना ।

Independent Contractor स्वतन्त्र ठेकेदार; वह मनुष्य जो अन्य के द्वारा नौकर की तरह नहीं पर ठेकेदार की तरह मुकर्रर किया गया हो । वह किसी का अधीनस्थ कर्मचारी नहीं होता ।

Infectious diseasc स्पर्शसञ्चारी रोग; छूत का रोग ।

Influenza इन्फ्लुएन्ज़ा ।

Injura Sine Damno ऐसी चोट जिससे कोई क्षति न पहुँचे ।

Instalment Payment Assurance किस्ती बीमा; इस पद्धति में बीमादार के वारिस को बीमे की कुल रकम एक साथ नहीं दी जाती। कई वर्षों में किस्तों के रूप में दी जाती है। इस कारण इस जाति के बीमे का प्रीमियम कुछ कम रहता है। इसका कुछ स्पष्टीकरण आवश्यक है।

मान लीजिये किसी आदमी ने इस पद्धति के अनुसार १००० का बीमा इस शर्त पर करवाया कि उसकी मृत्यु

के बाद उसके वारिसों को २० वार्षिक किस्तों में बीमे की रकम मिल जाय। कम्पनी उसे पचास रुपया सालियाना के हिसाब से किस्त देकर बीस वर्ष में उसके बीमे की सारी रकम अदा कर देगी। इसमें कम्पनी को ब्याज का फायदा होगा। इससे वह प्रीमियम की दर कुछ कम रखती है।

इस पद्धति में एक दोष है, जिसका विवेचन करना आवश्यक है। अगर बीमेदार का वारिस किस्तों के खत्म होने की निश्चित अवधि के बाद जीन्दा रह गया तो वह अधिक कठिनाइयों में पड़ जायगा। इसके लिये भी कुछ कम्पनियों ने एक पद्धति निकाली है जिससे कुछ निश्चित प्रीमियम देने पर बीमेदार के वारिस को ये किस्तें उसकी मृत्यु तक मिलती रहें। इसके लिये जो प्रीमियम निश्चित किया जाता है उसके लिये न केवल बीमादार ही की आयु वरन् उसके वारिस की आयु आदि का भी विचार किया जाता है।

Instrument दस्तावेज; पट्टा; तमस्सुक; इकरारनामा।

Insurable Interest बीमोचित अनुराग; प्रत्येक बीमेदार का अपने बीमे की पालिसी में वास्तविक अनुराग होना चाहिये, अन्यथा वह बीमा, बीमे के सच्चे अर्थ में, दोषपूर्ण है।

Issue Risk Policy सन्तानोत्पति जोखिम बीमा।

Insurance बीमा (See Assurance)

Insured (The) बीमादार; वह मनुष्य जिसका बीमा करवाया गया हो।

Insurer बीमा करवाने वाला।

Interim बीच की; दर्मियानी।

Inter Partes पार्टियों के बीच।

In toto सम्पूर्णतया।

Intrinsic Evidence भीतरी सबूत।

J

Jaundice पाँडुरोग।

Joint Income policy संयुक्त आय बीमा; यह निरन्तर वृतिक्रम (किश्तबन्दी) पालिसी (Continuous Instalment Policy) के समान ही है। केवल भेद यह है कि इसमें बीमेदार की मृत्यु के पश्चात् भी उसके सहयोगी किसी व्यक्ति को आजीवन पर्यन्त वृति मिलती रहती है।

Joint Life Annuity संयुक्त-जीवन वृति, इस पालिसी में दो या दो से अधिक मनुष्यों की वृत्ति स्थिर होती है और इनमें से एक की भी मृत्यु हो जाने से वह बन्द हो जाती है।

Joint Life Assurance सम्मिलित जीवन बीमा; वह बीमा पद्धति जिसमें या तो कुटुम्ब के दो या दो से अधिक व्यक्तियों का या किसी फर्म के दो या दो से अधिक हिस्सेदारों का सम्मिलित बीमा किया जाता है। इस प्रकार का जीवन-बीमा 'लाभसहित" और "लाभ रहित" दोनों प्रकार का हो सकता है।

इस प्रकार का बीमा ज्यादातर दो व्यक्तियों का होता है। कोई चाहे तो दो से अधिक व्यक्तियों का भी हो सकता है, पर इसमें जितने अधिक व्यक्ति होते हैं उसी अनुपात से नियमानुसार अधिक प्रीमियम देना पड़ता है।

यह बीमा ज्यादातर या तो पति पत्नी का होता है या ऐसे हिस्सेदारों का होता है, जिनका किसी कारोबार में साझा हो। एक की मृत्यु पर दूसरे को बीमे की रकम मिल जाती है।

Joint Life Short period Assurance अल्पकालीन संयुक्त जीवन-बीमा; यह वह बीमा है जिसमें एक निश्चित समय के भीतर दो या अधिक संयुक्त बीमेदार व्यक्तियों में से किसी की मृत्यु हो जाने पर बीमे की रकम दी जाती है। यदि निश्चित अवधि समाप्त होने पर सब ही बीमादार जीवित रह गये तो फिर कोई रकम नहीं दी जाती है।

Joint Life Survivor Annuity; सम्मिलित शेष जीवित वृत्ति; यह सम्मिलित वृत्ति का एक रूप है। इसमें दो या दो से अधिक व्यक्तियों को वृत्ति दी जाती है और ज्योंही उक्त व्यक्तियों में से अखिरी मनुष्य की मृत्यु हुई,

कि उक्त वृत्ति बन्द हो जाती है। फर्ज कर लीजिये कि इस वृत्ति के तीन उपभोगकर्ता हैं। दो की मृत्यु हो गई तो यह तीसरे को मिलेगी। और तीसरे की अर्थात आखिरी मनुष्य की मृत्यु होते ही वह बन्द हो जायगी। पति पत्नी के अगर यह वृत्ति जो है तो इनमें से अन्तिम जीवित व्यक्ति की मृत्यु होते ही वह बन्द हो जाती है। इस जाति की वृत्ति का प्रीमियम कुछ ज्यादा रहता है क्योंकि इसमें एक से अधिक व्यक्तियों की जोखिम उठाना पड़ता है।

Jointure स्त्री-धन; एक मनुष्य के मरने के बाद उसकी बेवा के निर्वाह के लिये पति द्वारा दी हुई सम्पत्ति।

K

Kin निकट सम्बन्धी।

Knock for knock Agreement संघर्षण क्षति बीमा; मोटर और अन्य गाड़ियों के परस्पर टक्कर हो जाने से उनकी जो क्षति हो जाती है, उसकी जोखिम बीमा कम्पनियां लेती हैं। इनमें किसी के शारीरिक हानि व चोट की जोखिम शामिल नहीं रहती। प्रत्येक बीमा कंपनी अपनी बीमा की हुई मोटर या गाड़ी की क्षति पूर्ति का जिम्मा लेती है।

L

Landlord's Indemnity भूस्वामी क्षतिपूर्वक बीमा। इस प्रकार के बीमे में बीमा कम्पनी किसी जमींदार या मालिक मकान की किसी त्रुटि, खराबी या अन्य किसी प्रकार की जोखिम से जो हानि हो सकती है, उसकी क्षतिपूर्ति की जिम्मेवारी लेती है। मकान की नालियों के गंदी रहने के कारण बीमारी की जो आशंका रहती है, उसकी जोखमपूर्ति का बीमा भी, कुछ विशेष किस्त देने पर, किया जा सकता है।

Lapse Notice पालिसी के निष्क्रिय होने की सूचना। नियमित अवधि पर या रिआयत की अवधि निकल जाने पर भी यदि बीमादार अपनी चढ़ी हुई किस्त का रुपया न भर सके तो उसकी पालिसी निष्क्रिय वा बन्द हो जाती है। इसके लिये जिस पत्र के द्वारा बीमादार को सूचना दी जाती है, उसे Lapse Notice कहते हैं।

Lapsus Calami लेखन-त्रुटि; तीव्रगति से लिखने में जो गलती हो सकती है उसे "लेखन-त्रुटि" कहते हैं।

Last Survivor Annuity अन्तिम शेष जीवित वृत्ति (देखो Immediate Longest Life Annuity)

Last Survivor Assurance अन्तिम शेष जीवित बीमा। यह दो प्रकार का होता है—(१) आजीवन—इस पालिसी द्वारा दो या दो से अधिक मनुष्यों का जीवन बीमा किया जाता है और बीमे की रकम सब बीमादारों के मरने पर दी जाती है। (२) भरणपोषण बीमा—यह बीमा नम्बर १ की तरह ही है, भेद केवल इतना ही है कि इसमें निश्चित अवधि के पहले सब बीमादारों की मृत्यु होने से इसका भुगतान होता है। यह सम्मिलित बीमा का एक रूप है। इसमें सम्मिलित बीमादारों में से आखिरी मनुष्य की मृत्यु पर बीमे की रकम मिलती है। इस प्रकार के बीमे का प्रीमियम साधारण बीमे से कुछ कम होता है, क्योंकि एक मनुष्य की मृत्यु की सम्भावना से दो मनुष्यों की मृत्यु की सम्भावना कम रहती है। इस बीमे में दो से अधिक मनुष्यों का सम्मिलित बीमा भी करवाया जा सकता है, पर इसमें मजा यह है कि जितने अधिक मनुष्य होंगे उतने ही अनुपात से प्रीमियम की दर भी कम होगी।

Leasehold Policy पट्टाधारी बीमा पालिसी; इस प्रकार के बीमे में बीमे की रकम निश्चित अवधि समाप्त होने पर दी जाती है। बीमादार के मरने या जीवित रहने से इसका कोई सम्बन्ध नहीं।

Legal Mortgage कानूनी गिरवी।
Legal Personal Representative मृत पुरुष का प्रबन्धाधिकारी प्रतिनिधि।

Letter of Acceptance स्वीकृति-पत्र (See Acceptance letter)।
Letter of Attorney मुख्तारनामा।
Letter of Allotment हिस्सा स्वीकारपत्र; जब किसी बीमा कंपनी के पास उसके शेअर आदि खरीदने के लिये दरख्वास्त आती है और कंपनी उस पर विचार कर प्रार्थी को जितने शेअर देने का स्वीकार पत्र देती है उसे Letter of Allotment कहते हैं।
Letter of Administration प्रबन्धाधिकार पत्र। जब कोई आदमी अपनी सम्पति का बिना वसीयतनामा किये मर जाता है तो उसके सम्बन्धियों के लिये यह आवश्यक हो जाता है कि वे उस सम्पति का प्रबन्ध करने तथा उसे काम में लाने के लिए न्यायालय से अधिकार प्राप्त करें। न्यायालय जिस पत्र द्वारा यह अधिकार देता है, उसके लिये उक्त वाक्यांश व्यवहृत होता है।
Leucorrhoea प्रदर।
Lex Fori देश का कानून।
Lex Loci स्थान विशेष का कानून।
Lex Loci Contractus उस स्थान का कानून जहां ठेका हुआ हो।
Lex Non Scripta अलिखित कानून।
Licence अधिकार पत्र; अनुमति पत्र।
License Insurance प्रदत्ताधिकार जोखिम-बीमा; यह दो प्रकार का होता है—

(१) दूकानदार के नौकरों की असावधानी से मादक द्रव्य बेचने का अधिकार छिन जाने से दूकानदार को जो हानि होना सम्भव है, उसका बीमा।

(२) सरकारी अधिकारियों के, दूकानदार को फिर से शराब आदि मादक द्रव्य बेचने का अधिकार पत्र (License) देने से, इन्कार करने से दुकानदार की जो हानि होती है, उसकी पूर्ति करने का बीमा।

Life Annuity जीवन वृत्ति।
Life Assurance जीवन बीमा।
Life Tenant आजीवन आसामी।
Life Rent आजीवन शुल्क; वह शुल्क जो आजीवन दिया जाय।
Lift Insurance ऊर्ध्ववाहक (Lift) यन्त्र बीमा; इस बीमा द्वारा ऊर्ध्ववाहक यन्त्र के भीतर प्रवेश करते समय या उक्त यन्त्र की किसी खराबी के कारण किसी व्यक्ति को, जो ऊर्ध्ववाहक यन्त्र के मालिक का नौकर न हो, चोट लगने या अन्य किसी प्रकार की हानि पहुँचने से जो हानि होती है उसकी जोखिम ली जाती है।
Limited Payment whole Life Assurance यह एक प्रकार का बीमा है, जिसमें बीमादार को मृत्यु से पूर्व निर्दिष्ट वर्षों तक किस्तें देना पड़ती हैं। मृत्यु हो जाने पर किस्तें देना बंद कर दिया जाता है और मृत्यु के प्रमाण दाखिल करने पर कंपनी बीमे की रकम की देनदार हो जाती है।
Lineal Consanguinity सवंश सम्बन्ध; जैसे पूर्व पुरुष और उनके वंशजों का सम्बन्ध या बाबा दादा नाती पोतों भाई भतीजों का सम्बन्ध।
Liquidated Damages वह हानि टूट-फूट व नुकसान जिसका अन्दाजा रुपयों में लगाया जा चुका हो और उस नुकसान के हर्जाने की रकम स्थिर हो चुकी हो।
Liquidation दिवाला।
Live Stock Insurance पशु-बीमा; ढोरों का बीमा; घोड़ा, गाय, भैंस आदि का बीमा किया जाता है।
Loans in Policies पालिसी पर कर्ज व ऋण। पालिसी के एक मात्र अधिकारी होने का प्रमाण दाखिल करने पर अधिकांश बीमा कंपनियाँ बीमादारों को उनकी पॉलिसियों पर कर्ज देती हैं। यह कर्ज समर्पण पॉलिसी (Surrender Value) की रकम पर ९० प्रतिशत तक दिया जा सकता है। कंपनियों के ब्याज की दर जुदी जुदी होती है।
Lost Documents गुमशुदा दस्तावेज।
Lost Policy गुमशुदा पॉलिसी; विलुप्त पॉलिसी, जीवन बीमा पॉलिसी का गुम हो जाना एक अत्यन्त

चिन्ताजनक बात है। बीमा कंपनियों की यही परिपाटी है कि वे विशेष अवस्थाओं को छोड़ कर पॉलिसी की अनुलिपि (नकल) जारी नहीं करतीं। बीमा कंपनी उसी हालत में किसी पालिसी की नकल जारी कर सकती है जब कि बीमादार इस प्रकार का कानूनन बयान पेश करे कि उसकी प्रमाणिकतापूर्वक यह धारणा है कि कथित पालिसी या तो खो गई या नष्ट हो गई है। उसने अपनी पालिसी न तो किसी को समर्पण की है और न उसे गिरवी रखा है।

M

Macroglossia जिह्वा की विकृति वृद्धि।
Majority वयस्कता; बालगी।
Mala fide बुरी नीयत से।
Mala fides बुरी नियत।
Malaria मलेरिया बुखार।
Malignant घातक।
Mania उन्माद।
Marital Rights वैवाहिक अधिकार।
Medulla मज्जा।
Medulla Oblongata सुषुम्ना शीर्षक।
Melancolia विषादपूर्ण उन्माद।
Membrane झिल्ली।
Meningitis मस्तिष्कावरण शोथ।
Menopause जीवन परिवर्तन।
Menopausis रजोनिवृत्ति।
Menses आर्तव; मासिक धर्म।
Menstrution मासिक धर्म।
Misappropriation खयानत।
Miscarriage गर्भपात।
Misrepresentation गलत बयानी।
Minor नाबालिग।
Mortis causa मृत्यु के कारण।
Motor Cycle Policy मोटर साइकल बीमा; मोटर साईकल का बीमा; बीमा कंपनी मोटर साइकल को होने वाली हर प्रकार की हानि की जोखिम का जो बीमा लेती है, उसके लिये यह वाक्यांश व्यवहृत होता है।

N

Natural Love and Affection प्राकृतिक प्रेम व स्नेह; एक निकट सम्बन्धी के प्रति प्राकृतिक प्रेम व स्नेह प्रकट करने के सम्बन्ध में ये शब्द व्यवहार किये जाते हैं।
Necrosis अस्थि निर्जीवता; अस्थि-मृत्यु।
Negligence बेपरवाही।
Nephritis मूत्राशय शोथ।
Nephro-lithiasis मूत्राशय की पथरी।
Neuralgia नाड़ी पीड़ा; स्नायुपीड़ा।
Nephritic मूत्राशय सम्बन्धी।
Neuritis नाड़ी-शोथ; स्नायु शोथ।
Next of kin नजदीक के रिश्तेदार।
Nihil certius Morte, Nihil Incertius hora mortis; मृत्यु के समान निश्चय और अवश्यम्भावी कोई वस्तु नहीं है, और मृत्यु के समय के समान कोई अनिश्चित वस्तु नहीं है।
No Claim Bonus दावाशून्यता का लाभ; अगर किसी वर्ष सौभाग्य से कंपनी के सन्मुख कोई दावा उपस्थित न हुआ हो तो कुछ कम्पनियां फिर से बीमा करने वाले को कुछ फी सदी कटौतरा (rebate) काट देती है। यह प्रथा सब कंपनियों में नहीं है?
Nominal Damages नाम मात्र का हर्जाना।

Nomination नामज़दगी।

Non-forfeiture Policy बेजप्तशुदा पालिसी; अमिट पालिसी; अविनाशी बीमा योजना; कई बीमा कंपनियों ने ऐसी योजना बना रखी है कि बीमा पालिसी, समर्पण-मूल्य (Surrender Value) प्राप्त करने के बाद निष्क्रिय (Lapse) न हो सके। समर्पण मूल्य से रकम उठा कर प्रीमियम में जमा कर दी जाती है और इस तरह वह कई वर्षों तक चालू रखी जा सकती है। जिस बीमा पालिसी में इस प्रकार की शर्त हो उसके लिये उक्त वाक्यांश व्यवहृत किया जाता है। विभिन्न कम्पनियों की कई प्रकार की अविनाशी बीमा योजनाएं हैं।

O

Old age Benefit Assurance वृद्धावस्था के लिये लाभकारी बीमा; (यह आजीवन बीमा और पोषण बीमा का एक तरह से मिश्रण है) बहुत सी कंपनियों ने इस पद्धति को लाभकारक समझ कर अपनाया है। इसमें बीमादार को एक खास उम्र पर पहुँच जाने से एक निश्चित रकम मिल जाती है। इसके बाद जीवित रहने की अवस्थामें हर पाँचवें या दसवें वर्ष उसे अधिकाधिक रूप से नियमित रकम मिलती रहती है। इस रकम के अतिरिक्त बीमादार की मृत्यु पर उसके वारिसों को उसकी पालिसी की सारी रकम मिल जाती है। इस जाति के बीमे में प्रीमियम की दर कुछ ऊँची रहती है। यह बात बीमादार की इच्छा पर है कि उसकी बीमावृत्ति किस उम्र से शुरू की जाय। इस पद्धति को अधिक स्पष्ट करने के लिये हम एक उदाहरण लेते हैं। मान लीजिये किसी व्यक्ति ने १०००) का बीमा इस पद्धति के अनुसार करवाया। उसने यह शर्त रखी कि उसे ५५ वर्ष की अवस्था से पंचवर्षीय वृत्ति मिले तो उसका क्रम इस प्रकार होगा।

अगर	बीमादार	५५ वर्ष तक जीवित रहा	५०)
,,	,,	६० वर्ष तक जीवित रहा	१००)
,,	,,	६५ वर्ष तक जीवित रहा	२५०)
,,	,,	७० वर्ष तक जीवित रहा	५००)
,,	,,	७५ वर्ष तक जीवित रहा	१०००)
,,	,,	८० वर्ष तक जीवित रहा	५०००)

उक्त रकम के अतिरिक्त निश्चय समय के बाद मृत्यु हो जाने पर, जैसा कि ऊपर कहा गया है, बीमे की पूरी रकम मिल जाती है। जो लोग लम्बे समय तक जिन्दे रहने की आशा रखते हैं, उनके लिये यह बीमा अधिक लाभदायक और आकर्षक है।

Onus of proof सबूत का भार; यह कानूनी शब्द है।

Operative Clause कार्यप्ररूपण या कार्य प्रेरक नियम; यह एक धारा या शर्त है जिसमें इस बात का उल्लेख रहता है कि बीमा कम्पनियों की जिम्मेदारी किस समय पर किन किन अवस्थाओं में उपस्थित हो सकती है।

Operative words कार्य प्रेरक शब्द; किसी दस्तावेज या अन्य इकरारपत्र में कार्य प्रेरक शब्द वे कहे जाते हैं जिनसे दस्तावेज की लिखावट का अभिप्राय पूर्ण होता है। बीमा पत्र के स्वत्व समर्पण पत्र(Assignment)में कार्यप्रेरक शब्द इस प्रकार होंगे, जैसे 'राम अपनी पालिसी का समर्पण (Assignment) कृष्ण के नाम करता है।'

Ophthalmia अभिष्यन्द-शोथ।

Ophthalmic नेत्र सम्बन्धी।

Optic Neuritis दृष्टिनाड़ी शोथ।

Orchitis अण्डकोष शोथ।

Organic Diseases यान्त्रिक रोग; वे रोग जिनसे इन्द्रियाँ आक्रान्त होती हैं।

Osseous अस्थि सदृश।

Ostalgia अस्थि-पीड़ा।

Osteitis अस्थि-शोथ।

Otitis कर्ण-शोथ।

Otorrhoea कर्णस्राव।

Ovary डिम्बाशय; डिम्बकोष।

Over Insurance अत्यधिक बीमा; बेशी बीमा, अत्याधिक बीमा उस अवस्था में कहा जाता है, जब कि

किसी चीज का बीमा उसकी खास कीमत से अधिक हो। इस प्रकार के बीमे से कोई लाभ नहीं, क्योंकि क्षतिपूरक सिद्धान्त (Principle of Indemnity) के अनुसार बीमा की हुई किसी चीज की जितनी हानि होगी, उतनी ही रकम बीमादार को मिलेगी, अधिक नहीं।

P

Paid-up-policy चुकती बीमा पालिसी; वापसी मूल्य पॉलिसी।

Palate तालु।

Palatitis तालुका शोथ।

Palpitation हृदय की धड़कन; हृत्कंपन।

Pancarditis हृदय की सूजन; हृत्शोथ।

Pancreas क्लोमग्रंथि।

Pancreatitis क्लोम-ग्रंथि-शोथ।

Paralysis पक्षाघात; लकवा।

Paralysis Agitans सकंप पक्षाघात।

Paraplegia निम्नांग पक्षाघात।

Paroxysm आक्षेप।

Participating policy सलाभ पालिसी; वह बीमा पालिसी जो बीमा कम्पनी को होने वाले लाभ में भी हिस्सेदार हो।

Partnership Assurance साझीदार बीमा; वह संयुक्त बीमा जो किसी फर्म के हिस्सेदारों का संयुक्त रूप से किया जाता है। इसकी भुगतान उस हिस्सेदार को होती है, जो पीछे जीवित रहता है।

Partnership Guarantee साझीदार जोखिम बीमा; अगर दो या दो से अधिक हिस्सेदारोंमें से कोई हिस्सेदार साझीदारी के पैसे में से गबन कर जाय और उससे जो हानि हो, उसकी जोखिम उक्त पालिसी में ली जाती है।

Part Profits system आंशिक लाभ पद्धति, वह लाभपद्धति जिसमें बीमादार कम्पनी के लाभ का केवल एक विशिष्ट अंश पाने का अधिकारी होता है।

Payment of Premiums प्रीमियम की भुगतान; पालिसी के जारी होने के बाद बीमापत्र (Policy) के इकरार के अनुसार अवधि के अन्तर्गत या अधिक से अधिक रिआयती दिन (Days of grace) के अन्तर्गत बीमा का प्रीमियम या किस्तें कम्पनी के पास पहुँचा देना चाहिये। ऐसा न करने से बीमा पालिसी निष्क्रिय (Lapse) या बेकाम हो जाती है।

Pecuniary Interest आर्थिक स्वार्थ।

Penis लिंग।

Per contra इसके विपरीत।

Pericarditis हृदयावरण-शोथ।

Perjuri झूठी कसम खाना।

Permanent Disablement स्थायी असमर्थता; वैयक्तिक दुर्घटना पालिसी की शर्तों के अनुसार स्थायी असमर्थता में निम्न लिखित बातों का समावेश होता है:—(१) दुर्घटना के तीन मास के भीतर या तो (क) दो पसलियों का टूट जाना या (ख) दोनों आँखों का बेकार हो जाना; या (ग) दोनों हाथ पैरों का बेकार हो जाना या (घ) एक हाथ पैर और एक आँख का बेकार हो जाना। स्थायी आंशिक असमर्थता (Permanent Partial Disablement) उसे कहते हैं जिसमें दुर्घटना के तीन मास के भीतर एक हाथ या पैर या एक आँख बेकार हो जाती है।

Permanent Personal Accident and Sickness Insurance स्थायी वैयेक्तिक दुर्घटना और बीमारी का बीमा; इस प्रकार के बीमे में कम्पनी को किसी समय पालिसी खारिज करने का अधिकार नहीं रहता। बीमादार साधारणतया ६५ वर्ष की आयु तक पालिसी को पुनः चालू व सजीव करा सकता है। फिर चाहे उसका स्वास्थ्य कैसा ही क्यों न हो।

Pernicious Anaemia सांघातिक पांडुरोग; इस प्रकार का पांडुरोग बड़ा ही विघातक होता है।

Personal Accident Sickness Insurance वैयक्तिक दुर्घटना-व्याधि-बीमा; इस जाति का बीमा

केवल शारीरिक आघात, दुर्घटना या निर्दिष्ट बीमारियों के लिये किया जाता है।

Personal Property वैयक्तिक सम्पत्ति।

Personal Representatives मृत पुरुष की सम्पत्ति के प्रबन्धाधिकारी।

Phrenitis मस्तिष्क-शोथ।

Phthisis फुप्फुस-क्षय; फेफड़ों का क्षय।

Physical Hazard बाह्य जोखिम; किसी सम्पत्ति के बीमे में जिस इमारत में वह सम्पत्ति स्थित है उस इमारत की बनावट और उस सम्पति की स्थिति और रूप आदि के लिये उक्त शब्द व्यवहृत होता है।

Plate Glass Insurance कांचभंजन बीमा; कांच या कांच के सामान के टूट फूट जाने का बीमा; इस प्रकार के बीमे में कम्पनी बीमेदार के कांच के सामान आईना, तस्वीर, आदि के टूट फूट जाने की जोखिम का बीमा लेती है।

Pleura फुप्फुसावरण; फेफड़े का आवरण।

Pleurisy फुप्फुसावरण-शोथ।

Pneumonia न्यूमोनिया।

Policy बीमापत्र—यह एक प्रकार का दस्तावेज है जिसमें बीमेदार के बीमे की शर्तें लिखी रहती हैं।

Post Mortem मृत्यु अनन्तर शव-परीक्षा।

Post Nupital विवाह के पश्चात्।

Post Nupital Settlement विवाहान्तर समझौता।

Power of Sale बिक्री का अधिकार।

Preamble संक्षिप्त भूमिका; प्रारम्भिक वक्तव्य; परिचय; किसी दस्तावेज व पालिसी का संक्षेप, जो पालिसी के पृष्ठ पर दिया रहता है; प्रस्तावना।

Preference Shares ब्याज के शेअर।

Primogeniture ज्येष्ठाधिकार; वह उत्तराधिकार जो सब से बड़े लड़के को प्राप्त होता है।

Primo Loco प्रथम स्थान में।

Pro-forma प्रचलित नियम के अनुसार।

Proof of Age आयु-प्रमाण।

Proof of death मृत्यु-प्रमाण।

Proportionate paid-up-Policy, अनुपातिक वापसी मूल्य बीमा; अगर कुछ नियमित अवधि के बाद बीमादार आगे की प्रीमियम देने में असमर्थ हो जाय तो जितने समय तक उसने प्रीमियम दिया है, उसके अनुपात से उसे "वापसी मूल्य" (Paid up policy)" की पालिसी मिल जायगी।

Prostate पौरुष-ग्रन्थि।

Prostatitis पौरुष-ग्रन्थि-शोथ।

Proviso शर्त।

Puberity यौवनावस्था।

Public Liability Insurance सार्वजनिक उत्तरदायित्व बीमा; यह ऐसा बीमा है, जिसका सार्वजनिक रूप है। इस बीमा में कम्पनी अपने बीमादार की उस जोखिम का उत्तरदायित्व लेती है, जो उसके द्वारा किसी ऐसे मनुष्य या मनुष्यों को हानि या शारीरिक आघात पहुँचने से उपस्थित होती है, जो उसका (बीमेदार का) नौकर नहीं है।

Pulse नाड़ी।

Pure Endowment policy शुद्ध पोषण बीमा; इस जाति के बीमे में बीमादार को निश्चित अवधि तक जीवित रहने की अवस्था में बीमे की रकम मिलती है। अगर निश्चित अवधि के पहले बीमादार की मृत्यु हो जाय जो पॉलिसी के इकरार के मुताबिक या तो बीमादार को ब्याज सहित या ब्याज रहित प्रीमियम वापस लौटा दिया जायगा या कम्पनी उसे जप्त कर लेगी। ये सब बातें पालिसी में जैसी शर्त होगी उस पर निर्भर करती हैं। हाँ, अगर प्रीमियम वापस न लौटाने की दूसरी शर्त हुई तो उसमें बीमादार को कुछ कम प्रीमियम देना पड़ेगा। यह मृत्यु का नहीं, पर जीवितावस्था का बीमा कहा जाता है। एक बीमा शास्त्री का कथन है—"शुद्धपोषण बीमा का प्रीमियम इस बात पर निर्धारित कियाजाता है कि अगर प्रीमियम या किस्त न चुकाई गयी हो और उक्त पालिसी का समर्पण मूल्य, कर्ज और ब्याज आदि के चुकने के बाद भी, शेष रह गया हो तो वैसी हालत में उक्त पालिसी निष्क्रिय [Lapse] न हो कर समर्पण मूल्य के अनुपात के अनुसार उस अवधि तक जिन्दा रह सकेगी, जिसकी मियाद एक वर्ष से ज्यादा न होगी। इस बीच में अगर बीमे का दावा होने का अवसर आ जाय तो कंपनी बिना दिए हुए सब प्रीमियम और उनका ब्याज काट कर पालिसी की रकम की देनदार होगी।

Pyorrhoea दन्तपूय।

Q

Quorum कोरम।

R

Reduction of Premium System प्रीमियम कम करने की पद्धति; कुछ बीमा कम्पनियां बीमादारों में बांटे जाने वाले लाभ (Bonus) का उपयोग बीमादारों का प्रीमियम कम करने में करती हैं; अर्थात् वे लाभांश (Bonus) की रकम को जमा कर उसके बदले में प्रीमियम की रकम कम कर देती हैं।

Re guarantee दोहरी गैरंटी; यह एक प्रकार की बीमा पालिसी है, जिसके द्वारा बीमा कम्पनी अपने बीमेदार की विश्वस्तता का उत्तरदायित्व लेती है।

Re-indemnity पुनर्जोखिम बीमा; जब बीमा कंपनी अपने नियम से ज्यादा जोखिम का बीमा कर लेती है तो वह इस जोखिम के कुछ हिस्से का बीमा दूसरी कम्पनी को दे देती है। इसी के लिये उक्त वाक्यांश व्यवहृत होता है।

Re-insurer पुनर्बीमाकार; जो कंपनी पुनर्बीमा स्वीकार करती है, उसे पुनर्बीमाकार कहा जाता है। प्रथम बीमाकार कंपनी के समस्त अधिकार उसे प्राप्त हो जाते हैं।

Renewal Notice बीमा संजीवन सूचना; फिर से बीमा शुरू होने की सूचना।

Request Note प्रार्थना पत्र।

Residual (Shares Wages) अवशिष्ट भाग; एफ. ए. वाकर ने यह सिद्धान्त निकाला है कि किसी उद्योग धंधे के पैदावार में भाड़ा, सूद और नफा घटा कर जो कुछ बचता है,वही वेतन कहाता है। कहने का सार यह है कि मजदूर उद्योग धन्धों के पैदावार के अवशिष्ट के भागी होते हैं।

Residuary Devisee शेष भागीदार; अवशिष्ट भागी; किसी वसीयतनामा के अनुसार हिस्सेदारों के बीच धन के बांटे जाने पर जो बच जाता है, उसके अधिकारी के लिये उक्त वाक्यांश व्यवहृत होता है।

Residuary Legatee शेषभाग अधिकारी; शेषांशग्राही; किसी सम्पति के भागीदारों को उनका प्रत्येक का निर्दिष्ट भाग दिये जाने पर अथवा सब कर्ज चुक जाने पर शेष एक भागीदार का जो भाग रह जाता है, उसके अधिकारी को Residuary Legatee कहते हैं।

Residue अवशिष्ट; अवशेष; अंग्रेजी में इस शब्द का अर्थ है: —'बची हुई चीज'. वसीयतनामे के अनुसार हिस्सेदारों के बीच जायदाद के बट चुकने पर जो सम्पति शेष रह जाती है प्राय: उसी के लिये इस शब्द का व्यवहार होता है।

Resolution प्रस्ताव।

Res Judicata तयशुदा मामला।

Res Perit Domino इसका भाव यह है कि रवानगी (transit) में अगर दैवेच्छा से माल का नुकसान हो जाय, तो उसका भार मालिक ही पर पड़ेगा, वाहक पर नहीं।

Respondent प्रतिवादी।

Renal Calculi वृक्काश्मरी।

Reversionary Interest भावी भोगाधिकार; वह स्वार्थ जो किसी मनुष्य को भूमि या अन्य जायदाद के वापसी अधिकार-प्राप्ति में होता है। जो जायदाद फिलहाल दूसरे के अधिकार में है, उसके भावी भोगाधिकार (A right to the future enjoyment) के लिये उक्त वाक्यांश व्यवहृत होता है।

Reversioner भावी सम्पत्ति-अधिकारी; वह व्यक्ति जिसको किसी सम्पत्ति के भावी उत्तराधिकारी होने का अधिकार प्राप्त है।

Reversionary Annuity यह एक प्रकार की वृत्ति-बीमा है, जिसमें एक व्यक्ति के मरने पर किसी निर्दिष्ट व्यक्ति को पोषण-वृत्ति दी जाती है। यदि

वृत्ति-प्रार्थी बीमादार की पहले मृत्यु हो जाय तो फिर कोई वृत्ति नहीं दी जाती। यह बीमा एक मुश्त रुपया देने पर या सामयिक किस्त देने पर किया जा सकता है।

Revival of Life Policy जीवन बीमा पॉलिसी का पुनर्जीवन; बीमा पॉलिसियों में किस्तें देने की तारीखें मुकर्रर रहती हैं। उन तारीखों के बाद भी बीमा कम्पनियाँ प्रायः ३० दिन रिआयत के देती हैं, जिन्हें (Days of grace) कहते हैं। इस अवधि में बीमादार को अपनी किस्त का रुपया भर देना चाहिये। अगर वह इन रिआयत के दिनों के अन्तर्गत भी अपनी किस्त का रुपया न भर सके तो उस अवस्थामें उसकी पॉलिसी बन्द या निष्क्रिय हो जाती है। हां, इस समय वह पॉलिसी निष्क्रिय नहीं होती जिसमें बेजप्त-शुदा (Non-forfeiture) की शर्त हो। अच्छी तन्दुरुस्ती का डॉक्टरी प्रमाण देने पर और कुछ अवस्थाओं में कुछ जुर्माना देने पर एक निश्चित अवधि के अन्दर निष्क्रिय पॉलिसी फिर से संजीवित हो सकती है।

Rheumatism आमवात; गठिया।

Rhinitis नासिका-शोथ; नाक की सूजन।

Rickets अस्थि-वक्रता।

Ringworm दाद; दद्रु।

Riot दंगा।

Robbery डकैती।

Running Policies चालू पालिसियां; जब एक यात्रा के बजाय समूचे मौसिम भर या किसी निश्चित तिथि तक के लिये जहाज के माल की जोखिम के वास्ते बीमा की पॉलिसियां ली जातीं हैं तो उन्हें Running Policies कहते हैं।

S

Salvage अवशिष्टांश; सम्पत्ति-जोखिम-बीमा (Indemnity covering Property) के अन्तर्गत यदि बीमाकार (Insurer) कं० ने किसी जायदाद की हानि की पूर्ण पूर्ति कर दी, वैसी अवस्था में यदि उस नष्टप्रायः जायदाद का भाग्यवश कुछ अवशिष्टांश बच गया तो उसकी वह बीमाकार कंपनी अधिकारिणी होगी। इसी प्रकार के अवशिष्टांश के लिये अंग्रेजी में (Salvage) शब्द का प्रयोग होता है।

Sapraemia रक्त-विषमयता।

Scarlet fever रक्त ज्वर; लोहित ज्वर।

Sciatica गृध्रसी।

Scrofula कंठमाला।

Scurvy रक्त-पित्त।

Short-period Insurance अल्पकालीन बीमा; (Life Temporary Insurance) देखो; इसमें उस बीमा का समावेश होता है जिसकी अवधि साल भर से कम हो। इसका चार्ज ज्यादा होता है।

Simple Fracture साधारण अस्थि-भंग।

Sine Die अनिश्चित समय।

Sine quo non आवश्यक शर्त।

Single Premium whole-Life Assurance एक किस्ती आजीवन-बीमा; वह बीमा पालिसी विशेष, जिसमें कंपनी सिर्फ एक प्रीमियम देने पर बीमादार की मृत्यु पर बीमा की भुगतान करने की जिम्मेदारी लेती है।

Sinus नाड़ीव्रण।

Small pox माता की बीमारी।

Solicitor's Indemnity वकील-क्षतिपूर्वक-बीमा; इस किस्म के बीमे द्वारा कम्पनी खुद वकीलों या उनके मुकर्रिर मुन्शियों द्वारा गफलत या असावधानी से किसी मनुष्य को अगर किसी प्रकार की कानूनी क्षति पहुँच जावे तो उसकी क्षतिपूर्ति की जोखिम लेती है।

Sinking fund policy देखो Lease hold policy.

Solvency Insurance; (देखो Credit Insurance.)

S. P. यह Sine Prole का संक्षिप्त रूप है और इसका अर्थ है—"निःसन्तान"।

Spasm आक्षेप; तान।

Special Last Survivor Annuity शेष जीवित अवशेष वृत्ति; इस प्रकार के बीमे में तीन या अधिक बीमादारों में से जब तक कोई दो व्यक्ति जीवित रहेंगे, तब तक बीमा कम्पनी वृत्ति देती रहेगी।

Spes recuperandi स्वास्थ्य-लाभ की आशा, बीमारी से अच्छे होकर उठने की उम्मीद।

Sportsman's Indemnity शिकारी क्षतिपूरक बीमा; यह एक जाति का बीमा है, जिसमें कम्पनी उस क्षति की पूर्ति की जोखिम लेती है जो बीमादार द्वारा शिकार खेलते समय किसी व्यक्ति को चोट या आघात पहुँचने से या किसी जायदाद को नुकसान पहुँचने से होती है।

Sputum बलगम।

Statement of claim दावे का विवरण।

Statement of Accounts हिसाब का विवरण।

Statutory Books कानून द्वारा निर्धारित-बहियाँ, जिन्हें कम्पनी एक्ट के अनुसार रजिस्टर्ड कम्पनियों को रखना जरूरी होता है।

Statute पार्लियामेन्ट का एक्ट।

Subjudice विचाराधीन; जेर तजवीज़।

Suicide आत्म-हत्या।

Surety जमानत।

Suo Nomino उसके नाम पर।

Suo Periculo उसकी जोखिम पर।

Suppressio veri सच का छुपाना।

Supra ऊपर।

Surrender value समर्पण-मूल्य; किसी किसी भारतीय कम्पनी ने इसका अर्थ "वापसी मूल्य" भी किया है।

यदि किसी बीमादार की कभी ऐसी हालत हो जाय कि वह किस्त का रुपया न दे सके तो एक निश्चित अवधि के बाद जो कुछ रुपया उसने कम्पनी को दिया हो उसे बचाने के लिए वह अपनी पॉलिसी को समर्पण मूल्य योजना में परिवर्तित करा सकता है। यह काम दो या तीन साल तक पालिसी चालू रहने के बाद हो सकता है।

Survivorship Annuity (See Reversionary Annuity.)

Survivorship Assurance (See contingent Assurance).

T

Tack पट्टा; इजारा।

Take note जब कोई बीमा कंपनी निज सत्तारूप से अपनी जोखिम के किसी भाग का पुनर्बीमा कराना चाहती है तब वह उस बीमाकार कम्पनी के पास एक आवेदन पत्र (Request note) भेजती है, जिसमें उस पालिसी का, जिसका पुनर्बीमा कराना है, पूरा विवरण, पुनर्बीमा की रकम और बीमे की अवधि लिखी रहती है। प्रस्तावित पुनर्बीमा कंपनी पुनर्बीमा स्वीकार करने पर स्वीकृति-पत्र (take note) बीमादार कम्पनी को भेजती है जिसमें प्रस्ताव की स्वीकृति और पुनर्बीमा की रकम अंकित रहती है।

Temporary Assurance अल्पकालीन बीमा; यह वह बीमा पॉलिसी है जिसमें कंपनी बीमादार की निश्चित अवधि में मृत्यु होने पर बीमा की भुगतान करने की जिम्मेदारी लेती है। यह पॉलिसी केवल बे-मुनाफे (Non-profit) की होती है और यह समर्पण मूल्य (Surrender Value) में तब्दील

नहीं होतीं। इसे Short period और Term Assurance भी कहते हैं।

Temporary Disablement अल्पकालीन असमर्थता; वैयक्तिक दुर्घटना (Personal Accident Policy) के अन्तर्गत जब अल्पकालीन असमर्थता (Temporary Disablement) का उल्लेख आता है, तब उसका आशय बीमादार की उस असमर्थता से है, जो किसी आकस्मिक दुर्घटनाजन्य शारीरिक आघात (Injury) से हुई है और जिसके कारण कुछ समय के लिए वह अपना मामूली कामकाज करने में असमर्थ हो गया है। इसी अल्पस्थायी असमर्थता के लिए उक्त वाक्यांश व्यवहृत होता है। इसी प्रकार यदि कोई बीमादार किसी आकस्मिक दुर्घटना के कारण अपने काम के केवल ठोस अंश को करने में असमर्थ हो जाता है तो उसके लिए Temporary partial disablement (अल्पकालीन आंशिक असमर्थता) वाक्यांश का उपयोग होता है।

Tenant for life वह व्यक्ति जिसका किसी सम्पत्ति पर आजीवन अधिकार प्रस्थापित हो गया है।

Tenants in Common सम्मिलित आसामी; जब किसी जायदाद के बहुत से आसामी होते हैं और वे अपने हिस्से को अपनी इच्छानुसार बेच सकते हैं या किसी दूसरे को लिख सकते हैं तो वे आसामी Tenants in common कहलाते हैं। अगर कोई एक आसामी मर जाय तो उसके हिस्से को बाकी आसामी नहीं ले सकते। उस हिस्से के हकदार मृत आसामी के वंशज ही हो सकते हैं।

Term Assurance मियादी बीमा; यह एक प्रकार का अस्थायी रक्षक बीमा है। जब कभी मनुष्य समुद्र यात्रा या युद्ध के लिये जाता है, तब उक्त समय के लिये वह अपना बीमा इसलिये करवाना आवश्यक समझता है कि यदि उक्त अवसर में उसकी मृत्यु हो जाय तो उसके वारिसों को भूखों मरने की नौबत न आवे और उन्हें उसके पीछे कुछ रकम पोषण के लिये मिल जाय। इस प्रकार वह मियादी बीमा से अपने बाल बच्चों के लिये योग्य प्रबन्ध कर लेता है, अगर वे उत्तराधिकार प्राप्त करने के पहले मर गये तो उनके 'बाल बच्चों' को बीमे की रकम मिल जाती है और जिन्दे रह गये तो उन्हें बड़ी संपत्ति का उत्तराधिकार मिल जाता है। निश्चित समय तक जिन्दे रहने और उत्तराधिकार मिल जाने पर यह रकम नहीं मिलती। इसी प्रकार और भी बातों में इस बीमा-पद्धति का उपयोग किया जाता है।

इस प्रकार के बीमे प्रायः "लाभरहित" (Without Profit) होते हैं। इनकी मियाद कुछ मास से लगा कर १५ या २० वर्ष तक हो सकती है। पर इस प्रकार के लंबे अवधिवाले बीमे अव्यवहारिक हैं; क्योंकि ऐसी हालत में इनका प्रीमियम आजीवन बीमे से भी अधिक बढ़ जाता है।

Terminal Annuity मियादी वार्षिक-वृत्ति; वह वार्षिक वृत्ति जो किसी निर्धारित समय के बाद या किसी व्यक्ति की मृत्यु के बाद बंद हो जाय।

Testamentary वसीयत सम्बन्धी।

Testator वसीयत करने वाला।

Third Party Insurance तृतीय-पक्ष-बीमा।

Thoracic छाती सम्बन्धी।

Thorax छाती; वक्ष।

Title deeds अधिकार-पत्र।

Tonsillitis गल-ग्रन्थि-शोथ।

Toxaemia एक विषमयता।

Toxic विषैला।

Transit Risks चालान-जोखिम।

किसी माल को रेल, जहाज आदि में चालान करने पर किसी कारण से जो हानि हो जाती है, उसकी जोखिम के लिये उक्त वाक्यांश व्यवहृत होता है।

Time Policy समय की पॉलिसी; जहाजी बीमा की पॉलिसियाँ निर्धारित समय के लिये और पूरी यात्रा के लिये या दोनों के लिये होती हैं। समय की पालिसी में समय का परिमाण ठीक ठीक लिखा रहता है।

Trustee ट्रस्टी, वह व्यक्ति जो दूसरों की सम्पत्ति को सम्भालने के लिए नियुक्त किया गया है।

Tubercular क्षय सम्बन्धी।

Tuberculosis क्षयरोग।

Tumour फोड़ा।

Typhoid Fever मोतीज्वर।

U

Unlimited non-Forfeiture scheme अपरिमित बेजब्तशुदा बीमा योजना। यह बेज़्ब्त शुदा चालू पॉलिसी ही का एक रूप है। जब उक्त स्वतः चालू पॉलिसी 'समर्पण मूल्य' प्राप्त कर लेती है तब बीमादार की पालिसी उसके बिना कुछ प्रीमियम दिये निर्दिष्ट अवधि तक स्वतः चलती है।

Uterus गर्भाशय।

Uteritis गर्भाशय-शोथ।

V

Vagine स्त्री-योनि।

Vaginibs योनि-शोथ।

Valued money मूल्य निरूपित बीमा; यह जायदाद का जोखम बीमा है, जिसका बीमा होने के पहले ही मूल्य निरूपित कर दिया जाता है। इस बीमे में अगर कोई चीज गुम जावे या नुकसान हो जाय तो बीमा कम्पनी निरूपित मूल्य देने के लिए बाध्य है।

W

War-Bond Policy युद्ध ऋण बीमा पॉलिसी।

इस पॉलिसी द्वारा बीमे की रकम एक निश्चित रकम के वार बांडों (War bonds) के रूप में मिलती है। इन बांडों को पहले बीमा कंपनी खरीद लेती है। बीमाकार की मृत्यु होने पर या बीमे की अवधि पूरी होने पर जब पालिसी खत्म हो जाती है, तब उसके अधिकारी को वार बांड दे दिये जाते हैं। कुछ कंपनियां अपने बीमादारों के लिये यह भी सुभीता करती हैं, जिससे बीमादार चाहे तो वारबांड ले या उनका मूल्य नक़द के रूप में ग्रहण करे। पालिसी के चालू होने की हालत में इन बांडों का मुनाफा कंपनी को मिलेगा।

Warrant वारंट; पालिसी की वह शर्त है जिसका कड़ाई से पालन करना बीमादार का कर्त्तव्य समझा जाता है।

War Stock Policy यह बीमा ठक वार बांड पालिसी की तरह ही है। भेद केवल इतना ही है कि जहां पूर्व पालिसी में बीमा के पकने पर बीमादार को युद्ध ऋण पत्र (War Bonds) दिये जाते हैं वहां इस पालिसी में (War stock) दिये जाते हैं।

Whole Blood समरक्त; समरक्ति व्यक्ति वे कहे जाते हैं, जो एक मां बाप की औलाद हों।

Whole Life Assurance आजीवन बीमा; जैसा कि इसके नाम से प्रकट है, इस प्रकार के बीमे में बीमेदार की मृत्यु के बाद उसके वारिसों को बीमे की रकम मिलती है। इसमें प्रीमियम की दर अन्य जाति के बीमों से कुछ कम रहती है। एक समय इस वक्त का बीमा बहुत ही अधिक लोकप्रिय था। इस वक्त यह इतना लोकप्रिय नहीं है। यद्यपि कई आदमी वर्षों तक प्रीमियम देने के बाद अपनी पालिसी को 'समर्पण मूल्य' (Surrender Value) पालिसी में परिवर्तित करा कर और आराम से भगवान का भजन कर सकते हैं।

Whole Life Assurance by Limited Payments नियमित किश्ती आजीवन बीमा; यह भी आजीवन बीमा का एक रूप है। इस प्रकार के बीमे में यद्यपि बीमे की रकम बीमेदार की मृत्यु के बाद मिलती है,

पर इसमें सुभीता यह है कि इसमें बीमादार को केवल एक नियमित अवधि तक प्रीमियम देना पड़ता है। इसके बाद प्रीमियम देने की आवश्यकता नहीं। बीमा अपने आप चलता रहता है।

Whole Life Assurance by single Premium एक किस्ती आजीवन बीमा; यह नियमित किस्ती बीमा का एक रूप है। इस जाति के बीमे में प्रीमियम की सिर्फ एक किस्त देनी पड़ती है। कम्पनी के नियमानुसार बीमादार को इसमें, अपना पूरा प्रीमियम देने पर उक्त प्रीमियम के ७० या ८० फी सदी मूल्य की "समर्पण मूल्य या वसी" मिल जाती है।

Winding up a company कम्पनी का काम समेटना।

Wireless Policy बेतार या रेडियो का बीमा; इस पालिसी द्वारा कम्पनी अपने बीमाकार द्वारा होने वाले रेडियो मशीन आदि की नुकसानी की जोखम लेती है। जिनकी इच्छा केवल अपने वारिसों के लिये कुछ प्रबन्ध करने मात्र की होती है, अब भी इसी का सहारा लेते हैं।

THE

TWENTIETH CENTURY ENGLISH-HINDI

DICTIONARY

OF

Banking Terms

THE

TWENTIETH CENTURY ENGLISH-HINDI

DICTIONARY

OF

Banking Terms

A

Acceptance सिकराई; स्वीकृति; स्वीकरण; हुँडी का सिकरना।

Accomodation Bill सिफारिशी हुँडी; (देखो Bill of Accomodation)

Account हिसाब; लेखा।

Account Book हिसाब बही।

Account, Capital—पूँजी खाता।

Account, Current—चालू खाता।

Account, Deposit—ब्याजू खाता; जमा खाता।

Account, Fixed—स्थायी खाता।

Account, Goods—माल खाता।

Account, Joint—सम्मिलित खाता।

To balance an Account खाता बाकी निकालना।

To clear an account हिसाब साफ़ करना।

To close an account खाता उठाना; हिसाब बन्द कर देना।

To Write off an account बट्टे खाते लिखना।

Acknowledgment प्राप्ति-स्वीकार।

Agio स्वर्णमुद्रा और चाँदी तथा काग़जी सिक्के के बीच का मूल्य-भेद।

Allonge हुण्डी-पत्री; हुण्डी के साथ का कागज; जब किसी हुण्डी की पीठ भर जाती है तो उस पर और हस्ताक्षरों के लिये एक कागज़ चिपका दिया जाता है, उसे Allonge कहते हैं।

Allotment बंटनी; बेंक के शेयरों की बंटनी।

Allowance भत्ता, दस्तूरी।

Amendment संशोधन; तरमीम, सभा के किसी प्रस्ताव पर जो संशोधन किया जाता है, उसके लिये यह शब्द व्यवहृत होता है।

Amortisation ऋण-परिशोध, राजस्वशास्त्र में इसका अर्थ है किस्तों द्वारा चुकाये जाने पर ऋण का धीरे-धीरे कम होजाना।

Amount रकम; आंकड़ा; कुछ रकमों के जोड़ने से बना हुआ योगफल।

Application प्रार्थना-पत्र, दरख्वास्त।

Arbitrage हुँडावन; मध्यस्थ लाभ, एक बाज़ार में खरीदी कर दूसरे बाजार में बेचना और इस व्यवहार में जो लाभ होता है, उसके लिये यह शब्द व्यवहृत होता है।

Arrears बकाया; बाकी।

Assets माल मिल्कियत, पूँजी, माल, जायदाद, शेषधन, बची पूँजी। किसी व्यक्ति का वह माल जो उसकी देनदारी चुकाने के काम में आसके; किसी रोजगारी का वह माल जिसकी कीमत उठ सके। मृत मनुष्य की सम्पत्ति।

Assets, Fixed—स्थावर जायदाद, अचल सम्पत्ति, (जैसे जमीन, मकान, कारखाना आदि)।

Assets, Floating—फैली हुई पूँजी (जैसे खाते बही का लेन देन, कर्ज दी हुई पूंजी आदि)।

Assets, Intangible—अस्पर्श्य पूँजी या आयदाद, (जैसे व्यापारी साख, नेकनामी, पेटन्ट, ट्रेडमार्क आदि)।

Assets, Liquid—नकद माल, हाजर माल; आसानी से वसूल होने योग्य पूँजी।

Assignment स्वत्व-समर्पण-पत्र, स्वत्व-समर्पण, विक्रय-पत्र।

Assignates फ्रान्स का अविनिमय साध्य कागजी सिक्का विशेष। इसे ईसवी सन् १७८९ में फ्रान्स की क्रांतिकारी सरकार ने जारी किया था।

At Call मंगनी पर।

At Par मूल कीमत पर।

At Premium बढ़ती पर।

At Sight दर्शनी, (जब हुँडी पर At sight शब्द लिखा हों, तब समझ लेना चाहिये कि यह दर्शनी हुँडी है)

Audit हिसाब की जांच।

Audited Account जांच किया हुआ हिसाब।

Authorised Capital अधिकारित पूँजी।

B

Back a Bill हुँडी की पीठ पर सही करना; किसी हुँडी पर दूसरे आदमी की जगह सही कर उसकी स्वीकृति के लिये जिम्मेदार होना।

Bad Coin खोटा सिक्का।

Bad Debt बट्टा खाता; वह कर्ज जिसके वसूल होने की आशा नहीं है।

Balance बाकी, खाते बाकी, सिल्लक।

Balance in Hand रोकड़ बाकी, खाते बाकी,

Balance, Closing—रोकड़ पोते बाकी।

Balance, Credit—जमा बाकी।

Balance, Dead—डूबत बाकी, वह बकाया जो वसूल होने योग्य नहीं है।

Balance, Debtor—नामे बाकी।

Balance, Outstanding—उगाही।

Balance, Payable—बाकी देना।

Balance, Receivable—बाकी लेना।

Balance, Trial—कच्चा चिट्ठा।

Balance Sheet आंकड़ा; किसी कम्पनी या कारखाने के आय-व्यय का जो वार्षिक आंकड़ा निकलता है, उसके लिये उक्त वाक्यांश व्यवहृत होता है।

Balancing the Books बही खाते की बाकी निकालना।

Ballot मत गुटिका।

Bank बेंक; बेंक का काम नियमित व्याज पर लोगों का रुपया जमा करना, हुँडी जारी करना, योग्य साख पर पेशगी देना, हुँडी का मिती काटा करना और प्रथम श्रेणी की अमानत पर रुपया लगाना है। कुछ बेंक नोट भी जारी करते हैं।

Bank Advances बेंक द्वारा दी गई पेशगी रकम।

Bank Bill बेंक की हुँडी, वह हुँडी जो एक बेंक दूसरे पर करता है।

Bank Charter Act बेंक चारटर एक्ट; यह बेंक के अधिकार का कानून है जो इंगलैण्ड में ईस्वी सन् १८४४ में पास हुआ था। इसे Peels Act भी कहते हैं। इसका उद्देश बेंक द्वारा जारी किये जाने वाले नोटों को मर्यादित करना और बेंक के गवर्नर और कम्पनी को नियमित समय के लिये नोट जारी करने का अधिकार देना है।

Bank Cheque बेंक चेक।

Bank Credit बेंक की जमा पूँजी।

Bank Deposit बेंक की जमा।

Bank Discount बेंक का बट्टा।

Bank Draft बेंक की हुँडी (एक बेंक अपनी दूसरी शाखा पर जो चेक देती है, उसके लिये उक्त शब्द व्यवहृत होता है)।

Bank, Exchange विदेशी हुँडी का व्यवहार करने वाली बेंक।

Bank Money बेंक की जमा पूँजी।

Bank Note बैंक नोट; बैंक द्वारा जारी किये हुए नोट जिनका रुपया बैंक से मांगते ही मिल जाय।

Bank of Deposit जमा रखने वाली बैंक; यह बैंक विशेष तौर से लोगों के रुपया जमा रखती है और उन पर नियमित ब्याज देती है।

Bank of Issue नोट जारी करने वाला बैंक; इस प्रकार का बैंक अपने नोट निकालता है, जिनका रुपया उन नोट रखने वालों को नोटों के पेश करने पर तुरन्त मिल जाता है।

Bank Paper बैंक का जारी किया हुआ नोट।

Bank Return बैंक विवरण; बैंक का ब्यौरा; ईसवी सन् १८४४ के चार्टर एक्ट के अनुसार; इंग्लैण्ड के बैंक को अपना साप्ताहिक ब्यौरा प्रकाशित करना पड़ता है। वह प्रति बृहस्पतिवार को डायरेक्टरों की सभा में पेश किया जाता है और शुक्रवार के पत्रों में प्रकाशित होता है।

Bank, Saving—सेविंग बैंक; बचत जमा रखने वाली संचयोत्तेजक पेढी.

Bank Statement बैंक विवरण; बैंक का महावारी चिट्ठा या नक्शा, जिससे उस की उस समय की आर्थिक स्थिति सूचित हो.

Bank Stock बैंक पूंजी

Banker सराफ़, साहूकार; पेढी वाला, बैंकर

Banker's Clearing House हुंडीवालों या सराफ़ों की निकासी कोठी; वह स्थान जहां साहूकार लोग हर रोज मिलकर एक दूसरे के नामे और जमा की रकमों का हिसाब लगाते हैं और बाकी का हिसाब उस सेन्ट्रल बैंक में चेक लिख कर चुका देते हैं, जिससे उन सब का सम्बन्ध है।

Bankers Draft साहूकारी हुंडी; चेक जो एक साहूकार अपनी किसी शाखा-पेढ़ी पर या अन्य साहूकार पर जारी करता है।

Banking बैंक का कारोबार, साहूकारी कारोबार।

Banking Reserve बैंक का रक्षित धन।

Banking Theory बैंकिंग का सिद्धान्त।

Base Coin घटिया सिक्का, हलका सिक्का।

Bill हुंडी, भरतिया।

Bill of Accomodation सिफारिशी हुंडी; हुंडियां अकसर लेन देन को चुकता करने की गरज़ से लिखी अथवा लिखाई जाती हैं। परन्तु कभी-कभी यह भी होता है कि लेन देन न होने पर भी लोग एक दूसरे की मदद के लिये अपना नाम उधार दे देते हैं। उदाहरणार्थ एक व्यापारी को रुपयों की ज़रूरत है। उसका किसी से कुछ पाउना नहीं है, पर उसका एक मित्र उसे यह सहूलियत दे देता है कि वह आवश्यक रुपयों के लिये उस पर हुंडी करदे—और उक्त हुंडी को बाजार में बेच कर रुपया प्राप्त करले। जब हुंडी की मुद्दत पकने आ जाय उसके पहले हुंडी सिकारने के लिये उसे आवश्यक रकम भेज दें। इस प्रकार की हुंडियों को 'सिफारिशी हुंडी' कहते हैं। ऐसी हुंडियाँ, लिखने वाले, ऊपर वाले अथवा दोनों के परस्पर लाभ के लिये की जाती हैं। इनके लिखने वालों की यह जिम्मेवारी रहती है कि वे मुद्दत पर उस व्यक्ति के पास रुपया भेज दें, जिसके नाम पर हुंडी की गई है। अगर वक्त पर रुपया न भेजा जा सके तो उसके लिये नियमानुसार क्षति-पूर्ति करना पड़ती है।

Bill Boook हुंडी-बही; वह बही जिसमें हुंडी की नोंध रहती है।

Bill-Broker हुण्डी का दलाल।

Bill, Clean—खुली हुण्डी; जिन हुण्डियों के साथ माल के कागज लगे हुए नहीं रहते उन्हें Clean Bill या खुली हुण्डी कहते हैं।

Bill of credit साख-पत्र; साख पर जारी की हुई हुंडी।

Bill on Demand दर्शनी हुण्डी।

Bill, Discharged—हुण्डी का खोखा; हुण्डी जब भुगता दी जाती है, तब उसके लिये उक्त वाक्यांश व्यवहृत होता है।

Bill, Dishonoured—अस्वीकृत हुण्डी; फिरी हुई हुण्डी।

Bill, Documentary—जोखमी हुंडी; विदेशी हुंडियाँ दो प्रकार की होती हैं। एक तो वे जिनके साथ माल के कागज लगे हों और एक वे जो इनसे रहित हों। जिन हुण्डियों के साथ माल के कागज़ लगे रहते हैं, उन्हें Documentary Bills कहते हैं और उन्हें हमारे देशी व्यापारी 'जोखमी हुण्डियां' के नाम से पुकारते हैं। व्यापार में और खासकर विदेशी व्यापार में जोखमी

हुण्डियों का अधिक रिवाज है। इसका कारण यह है कि विदेशी हुण्डी का रुपया आने में देर लगती है। तब तक कोई व्यापारी खाली हुण्डी पेटे रुपया नहीं दे सकता। जिस हुण्डी के साथ माल की बिल्टी आदि काग़ज़ लगे हों, उसके पेटे रुपया मिल सकता है; क्योंकि इस प्रकार की हुण्डी लेने वाले व्यक्ति को लिखने वाले की जमानत के अलावा माली अमानत भी मिल जाती है। वह अपना रुपया माल से जमा कर सकता है। यदि फिर भी कोई क्षति हो तो हुण्डी लिखने वाले से वसूल कर सकता है।

ऐसी हुण्डी के साथ माल की बिल्टी, इनवॉइस और बीमा पालिसी नत्थी की हुई रहती है। इन सबकी बेचान हुण्डी लेने वाला व्यक्ति अपने नाम पर करवा लेता है। कभी २ ये हुण्डियाँ इस प्रकार की भी लिखी जाती हैं कि अगर ऊपर वाला धनी उन्हें स्वीकार करदे तो उसे माल की बिल्टी बीजक आदि कागज दे दिये जावें। ऐसी हुण्डियों को D/A अर्थात् Documents Against Acceptance कहते हैं। जिन हुण्डियों के साथ लगे हुए बिल्टी, बीजक आदि भुगतान पर ऊपर वाले को दिये जाते हैं उन्हें D/P अर्थात् Documents Against Payment कहते हैं।

Bill Drawn in Blank सादी हुण्डी।

Bill, Duplicate–पेठ (हुण्डी के खो जाने पर दूसरी बार जो हुंडी लिखी जाती है उसे पेठ कहते हैं।)

Bill of Entry रवन्ना हुण्डी।

Bill of Exchange हुंडी।

Foreign Bill of Exchange विदेशी हुंडी, वह हुण्डी जिसका भुगतान विदेश में होता है।

Inland Bill of Exchange देशी हुण्डी; वह हुण्डी जो देश की देश में ही की जावे।

Bill of Health स्वास्थ्य पत्रक; योग्य अधिकारियों के द्वारा दिया हुआ वह पत्र जिसमें यह लिखा रहता है कि जिस स्थान से वह जहाज रवाना हुआ है, वहाँ किसी तरह की बीमारी नहीं है।

Bill Holder हुण्डी रखने वाला।

Bill honored स्वीकृत-हुण्डी।

Bill of Lading बिल्टी; उस माल की रसीद जो जहाज पर चढ़ा हो।

Bill over drawn जमा से अधिक रकम वाली हुण्डी।

Bill payable भुगतान योग्य हुण्डी।

Bill payable to bearer धनी जोग हुण्डी; वह हुण्डी जिसका रुपया उसके ले जाने वाले को मिल जावे।

Bill payable to Order शाह जोग हुण्डी (वह हुण्डी जिसका रुपया उसी धनी को मिलता है, जिसके नाम पर वह लिखी गई है, या बेचान की गई है।)

Bill, Receivable—सिकारने योग्य हुण्डी।

Bill after Sight मुद्दती हुण्डी।

Bill at Sight दर्शनी हुण्डी।

Bill of Sale बीजक, भरतिया।

Bill of Sight रवन्ना पत्र।

Bill of Store माल का रवन्ना (वह अनुमति-पत्र जिसके द्वारा इंग्लेण्ड से आये हुए ब्रिटिश माल को बिना किसी शायर महसूल के वापिस इंग्लेण्ड में ले जाने का अधिकार प्राप्त होता है।)

Bill holder in due course जिस आदमी के पास हुण्डी हाथ दर हाथ होते हुए आवे उसे Holder in due course कहते हैं।

Bill, Endorsement of the—हुण्डी का बेचान। हुण्डी जब बेची जाती है तो बेचने वाले को उस पर अपने हस्ताक्षरों सहित खरीदने वाले के नाम बेचान करना पड़ता है। इस प्रकार बेचान करने को अंग्रेजी में Endorsement of the Bill कहते हैं। हुण्डी के बेचान करने वाले को Endorser और जिसके लिये बेचान किया जावे उसे Endorsee कहते हैं।

हुण्डी का बेचान जायज़ हो, इसके लिए यह आवश्यक है कि (१) वह लिखने वाले, रखे वाले अथवा जिसके पास हुण्डी बदस्तूर आई हो उसके द्वारा किया जाय (२) बेचान हुण्डी के ऊपर अथवा पुश्त पर अथवा उसके साथ चिपके हुए किसी कागज पर, (Allonge) यदि हुण्डी पर स्थान खाली न हो तो, किया जाना चाहिये; (३) बेचान करने वाले के हस्ताक्षर होने चाहिये, और ये हस्ताक्षर ठीक उसी तरह लिखे होने चाहिए जिस तरह वे हुण्डी में लिखे गए

हों अर्थात् उनके हिज्जे में किसी अक्षर का फेर बदल न होना चाहिए (४) बेचान पूर्ण होना चाहिये।

Blank Endorsement of the Bill हुण्डी का कोरा बेचान। जिस बेचान में बेचान करने वाले के सिर्फ हस्ताक्षर किये गये हों, वह बेचान ('Blank') बेचान कहा जाता है। कोरे बेचान का यह फल होता है कि ऐसे बिल अथवा चैक का रुपया वाहक (Bearer) को मिल सकता है।

Full Endorsement of the Bill हुण्डी का पूर्ण बेचान; हुण्डी का विशेष बेचान। जब हुण्डी के किसी बेचान में उस आदमी का भी नाम लिख दिया जाता है जिसके नाम पर वह बेचान की गई है तो उसे पूर्ण बेचान कहते हैं।

Facultative Endorsement of the Bill हुण्डी का ऐच्छिक बेचान। इस प्रकार के बेचान में बेचान करने वाला जहाँ तक उसका हुण्डी वाले धनी से सम्बन्ध है, उसे नकारी की सूचना आदि से मुक्त कर देता है। इस प्रकार के बेचान का फल यह होता है कि हुण्डी वाला धनी उससे हुण्डी के नकारे आने पर तुरन्त रुपया प्राप्त कर लेता है।

Bimetallism द्विधातुवाद।

Blank Credit शुद्ध साख; खाली साख बिना एवज की साख; बैंक द्वारा किसी आदमी को सिर्फ उसकी व्यक्तिगत साख के भरोसे पर रुपया देने के अर्थ में उक्त शब्द का उपयोग होता है।

Broker दलाल।

Broker, Bill—हुण्डी का दलाल।

Bullion-ब्युलियन; सोने चांदी के पाट।

C

Capital पूञ्जी; मूलधन।

Capital Account पूञ्जी का हिसाब।

Capital, Authorised—अधिकारित पूञ्जी।

Capital, Auxiliary—सहायक पूँजी।

Capital, Circulating—फिरती हुई पूञ्जी; वह पूञ्जी जो एक हाथ से दूसरे हाथ में जाती हो।

Capital, Called up—मांगी हुई पूँजी।

Capital Fixed—स्थायी पूँजी।

Capital, Paid up—प्राप्त हिस्सा पूँजी।

Capital, Subscribed—भरी हुई पूँजी।

Capital, uncalled—बे माँगी हुई पूँजी।

Capital, Working—क्रियाशील पूँजी।

Cash नकद; रोकड़।

Cash Account रोकड़ खाता।

Cash Balance रोकड़ बाकी।

Cash a Bill हुण्डी भुनाना।

Cash Bonus रोकड़ी लाभ।

Cash Book रोकड़ बही।

Cash Discount रोकड़ी बटाव।

Cash Deposit नकद जमा; नकद अमानत।

Cash Entry रोकड़ बही की मद।

Cash Hard—नक्द रुपया।

Cash Order दर्शनी हुण्डी।

Cash Reserve नक्द बचत।

Cash Transaction नकद व्यवहार; रोकड़ी लेनदेन।

Cashier रोकड़िया; वह गुमास्ता जो रोकड़ का काम देखता हो।

Caution money तारण; जमानती रकम।

Chartered Accountant सनदशुदा अकौन्टेण्ट।

Cheap money सस्ता नाण; सस्ता द्रव्य (जब रुपयों के ब्याज की दर उतर जाती है, तब कहा जाता है कि नाणा सस्ता होगया।)

Cheque चेक; हुण्डी।

Cheque Book चेक बुक; चेकनोंध बही।

Cheque Payable to Bearer धनी जोग चेक; वह

चेक जिसके दिखाते ही सम्बन्धित बैंक से रुपया मिल जाय।

Cheque Payable to Order शाह जोग चेक; इस प्रकार के चेक का रुपया या तो उसी धनी को मिलता है, जिसके नाम पर वह चेक लिखा गया हो या उसे मिलता है जिसके नाम पर वह बेचान किया गया हो। इस प्रकार के चेक पर बेचान के दस्तखत होना आवश्यक है।

Cheque Rate चेक का भाव

Clearing House क्लीरिंग हाउस; व्यापारिक स्थान विशेष, जहां व्यापारिक करारों की अमली पूर्ति होती है, जहां लेने और देने के हिसाबों का तस्फ़िया होता है और बकाया चुकाया जाता है।

Coinage सिक्का विज्ञान, सिक्केसाजी, मुद्रांकन।

Collateral Security आनुषंगिक जमानत; किसी कर्ज के लिये साहूकार के पास जमा की हुई अतिरिक्त जमानत।

Collection वसूली।

Bank Collection बैंक की वसूली।

Conditional Endorsement शर्त के साथ हुँडी का बेचान करना

Convertible विनिमय साध्य।

Convertible paper विनिमय-साध्य कागज़ी मुद्रा;

Convertible Securities विनिमय-साध्य सेक्युरिटी; विनिमय साध्य जामीनगिरी; व जामीनगिरियां जो आसानी से बेची जा सकें और जिनका नक्द पैसा प्राप्त करने में तकलीफ़ न हो।

Co-operative Bank सहकारी बैंक

Co-operative Societies सहकारी-समिति

Credit साख, उधार, जमा

Credit Bank उधार देने वाले बैंक

Credit Instruments साख-पत्र; मुद्रा या पदार्थों को छोड़ कर अदायगी के अन्य साधन; इनमें हुण्डी, बैंक नोट, चेक, गोदामी तमस्सुक, बिल्टी, शेअर सार्टिफिकेट आदि दूसरे कागज़ आजाते हैं।

Credit side जमा की बाजू

Credit Note जमा की चिट्ठी

Creditor ऋणदाता; कर्ज देने वाला साहूकार;

Fully Secured creditor पूर्ण सुरक्षित साहूकार

Cross a Bill हुण्डी रेखांकित करना; हुण्डी या चेक पर क्रॉस करना

Cross-Drawing सिफारिशी हुँडी लिखना

Crossed Cheque क्रॉस किया हुआ चेक, जिसमें सामने की तरफ आड़ी दो लकीरें खींची हों। इसका रुपया उसी आदमी को मिलेगा, जिसका बैंक में खाता होगा। अगर इस प्रकार का चेक किसी ऐसे आदमी का होगा जिसका बैंक में खाता नहीं है तो उसे उस चेक को किसी ऐसे आदमी के नाम बेचान करना पड़ता है जिसका बैंक में खाता और उसी के द्वारा वह रुपया प्राप्त कर सकता है।

Currency चलन मुद्रा; चलन; सिक्का चलन

Currency Bonds करंसी बॉंड्स; चलनी बंधक;वे बांड जिनकी भुगतान उस देश के सिक्कों में हो सके, जहां वे जारी किये गये हैं।

Currency by Tale गणन-ग्राह्य-करन्सी; वह सिक्का जो केवल गिने जाने से ही एक आदमी के हाथ से दूसरे आदमी के हाथ में जा सके, उसके तोलने या उसकी शुद्धता की जाँच करने की ज़रूरत न हो।

Currency Certificates करंसी प्रमाणपत्र; साहूकारों या अन्य व्यक्तियों के नाम जारी किये हुए संयुक्त राज्य के प्रमाण पत्र जो ट्रेज़री नोट या सरकारी नोट जमा करके जारी किये जाते हैं।

Currency Note करंसी नोट; भारत में आम तौर से चलने वाले नोट।

Currency of a Bill हुँडी भुगतान की अवधि।

Currency office करंसी ऑफिस

Currency Paper चलनी नोट; करन्सी कागज़;

Convertible Paper Currency विनमयशील कागज़ी सिक्का; वह कागज़ी सिक्का जो भुनाया जा सके।

Inconvertible Paper Currency; अविनिमय शील कागजी सिक्का; वह कागज़ी सिक्का जो न भुनाया जा सके।

Currency System चलन पद्धति।

Current Account चालू खाता।

Current Coin चालू सिक्का।

D

Date of Drawing हुँडी करने की मिती।
Dating Forward आगे की मिती लगाना।
Date of maturity हुँडी भुगतान की मिती।
Day of Discount हुँडी भुगतान की मिति।
Days of Grace रिआयत के दिन। हुँडी की भुगतान-मिति के बाद कुछ निश्चित दिन सिकारनेवाले की सुभीता के लिये दिये जाते हैं, उन्हें Days of Grace कहते हैं।
Dead Account मुक्त खाता।
Dead Capital निरूपयोगी पूँजी।
Dead Stock आकड़ माल।
Debasement of coinage सिक्कों का खोटापन; सरकार द्वारा ऐसे सिक्के जारी होना, जिनमें बहुमूल्य धातु की राशि निर्धारित परिमाण से कम हो।
Debit & credit नामे और जमा।
Debitable खर्च में लिखने योग्य।
Debit Balance नामे बाकी।
Debt कर्ज; ऋण।
  Liquidation of a debt ऋण परिशोध।
  National Debt राष्ट्रीय कर्ज़।
  Outstanding Debt शेष ऋण।
  Public Debt सरकारी ऋण।
  Recovery of a Debt कर्ज वसूली।
Debt-conversion ऋण-परिवर्तन।
Demonetisation निमुद्रीकरण; सरकार द्वारा किसी सिक्के का उपयोग बन्द करना।
Deposits जमा।
  Bank Deposits बैंक की जमा।
  Cash Deposit नक्द जमा।
  Current Deposit चालू जमा।
  Deposit Warrant अमानत पत्र।
  Fixed Deposit मुद्दती जमा; स्थायी जमा।
Depositor जमा करने वाला।
Depreciation अपकर्ष; गुणापकर्ष; घिसावट।
Depreciation of Value मूल्यापकर्ष; कीमत की घटी।
Depreciation Charge मूल्यापकर्षपूरक चार्ज; मूल्य की घटी को पूरा करने वाला चार्ज।
Depreciation Fund मूल्यापकर्ष पूरक कोष।
Depreciation of Currency चलनी सिक्के का मूल्यापकर्ष।
Depreciation of Money सिक्के का मूल्यापकर्ष।
Depression मंदी।
Director सञ्चालक।
  Board of Directors सञ्चालक मण्डल।
Discount बट्टा; दस्तूरी; कमीशन।
  At discount घटती पर।
  Rate of Bank Discount बैंक कमीशन की दर; हुण्डी भुनाने के कमीशन की दर।
Discounting a Bill बट्टे से हुँडी सिकराना; जब हुँडी रखने वाला हुँडी का रुपया उसकी सिकरने के मुद्दत के पहले ही लेना चाहे तो उसे थोड़े बट्टे के साथ उक्त हुँडी को बेचनी पड़ती है। इस तरह से बट्टे के साथ बेचने को Discounting a Bill कहते हैं।
Dishonour अस्वीकृत करना।
  To dishonour a bill हुँडी अस्वीकृत करना।
Domiciled Bill अन्यत्र सिकरने वाली हुण्डी।
Double Standard द्विधातु-चलन-पद्धति; अर्थशास्त्र में इसका अर्थ सोने चाँदी के सिक्कों के चलन से है।
Draft बैंक की हुण्डी; जब कोई बैंक अपनी किसी शाखा पर या किसी अन्य बैंक पर हुण्डी जारी करती है तो उसे Draft कहते हैं।
Draw a bill हुण्डी करना।
Drawee ऊपरवाला; वह आदमी जिस पर हुण्डी की गई हो।
Drawer हुण्डी या चेक लिखनेवाला।
Due Date भुगतान की मिति; वह ठीक समय जब कि हुण्डी का रुपया चुकना चाहिये।
Duplicate प्रतिलिपि।
Duplicate Bill पेठ; एक हुण्डी के खोजाने पर जो दूसरी हुण्डी लिखी जाती है, उसके लिये यह शब्द व्यवहृत होता है।

E

Endorsement हुण्डी का बेचान; हुण्डी, चेक, नोट या दूसरे काग़ज़ात की पीठ पर उनके बेचान करने के आशय के दस्तख़त करना।

Endorsement, Certified—प्रमाणित बेचान।

Endorsement in full—पूर्णदायित्वयुक्त बेचान।

Endorsement, Facultative—ऐच्छिक बेचान।

Endorsement, General—साधारण बेचान।

Endorsement, Partial—आँशिक बेचान।

Endorsement, Restrictive—प्रतिबन्धयुक्त बेचान।

Endorsement, Special—विशेष आदेशयुक्त बेचान।

Endorser हुण्डी बेचान करने वाला।

Endorsee वह आदमी जिसके नाम पर हुण्डी बेचान की गई है।

Entry नोंध; दाखला।

Entry Cash Book—रोकड़ बही की मद; रोकड़ बही का दाखला।

Entry, Credit—जमा का दाखला।

Entry, Debit—नामे का दाखला।

Entry, Double—दोहरा दाखला।

Entry, General—खसरे का दाखला।

Entry, Single—इकहरा दाखला।

Exchange विनिमय, बदला, अदल-बदल, व्यापारियों के एकत्रित होने का स्थान; साहुकारों की सभा। यह शब्द कई भिन्न-भिन्न अर्थों में प्रयुक्त होता है। यथा :—

(१) व्यापारिक वस्तुओं के बदला करने का तरीक़ा।

(२) एक वस्तु के बदले दूसरी वस्तु का लेना या देना।

(३) एक देश की हुण्डी या सिक्के का दूसरे देश की हुण्डी या सिक्के में बदलना।

(४) सौदागरों के व्यापार के स्थान के लिये भी यह शब्द काम में आता है।

Exchangeability विनिमयसाध्यता, अदल बदल हो सकने की योग्यता

Exchange Above Par हुण्डावन बढ़ती; विदेशों को रकम चुकाने में विनिमय Above Par तब कहा जाता है जब किसी कारणवश करंसी की कीमत उसके नियमित मूल्य से बढ़ जाती है।

Exchange at Par जब करंसी का निर्धारित दर उसके बाजार दर के बराबर रहता है तब उसे Exchange At Par कहते हैं।

Exchange Bank विनिमय बैंक; जो बैंक विदेशों में अपनी शाखाएं एजेन्सी या संवाददाता रखती है, विदेशों के व्यापार में पैसा लगाती है, तथा जो विभिन्न देशों के चलनी सिक्कों के लेन देन का व्यवसाय करती है, उसे Exchange Bank कहते हैं।

Exchange Below Par हुण्डावन घटती; जब करंसी का बाजार दर उसके निश्चित मूल्य से या स्वर्णदर से घट जाता है तब उसे हुण्डावन की घटती कहते हैं।

Exchange Draft विनिमय ड्राफ्ट।

Foreign Exchange विदेशी विनिमय।

Favourable Exchange अनुकूल विनिमय।

Rate of Exchange विनिमय की दर।

Unfavourable Exchange प्रतिकूल विनिमय।

Exchange Transaction विनिमय व्यवहार, विनिमय सम्बन्धी व्यवहार।

Exchequer राज्य भण्डार; सरकारी खज़ाना।

Exchequer Bills सरकारी खज़ाने की हुण्डियां; ये एक प्रकार के प्रामिसरी नोट हैं, जो पार्लमेंट की हुक्मत से जारी किये जाते हैं। ये १००, २००, ५०० और १००० पौण्ड के होते हैं। जिस दिन ये जारी किये जाते हैं उसी दिन से बाजार दर से इन पर ब्याज शुरू हो जाता है। एक वर्ष के बाद या तो इनका रुपया चुका दिया जाता है या सिर्फ चढ़ा हुआ ब्याज लेकर उन्हें फिर से जारी करवा लिया जाता है। अक्सर लोग साल भर का ब्याज लेकर इन्हें फिर से जारी करवाने में अपना हित समझते हैं; क्योंकि सरकार इन्हें मूल कीमत पर वापस जारी कर देती है। इनकी कीमत ले लेने से लोग उस प्रीमियम को खो देते हैं जो कि नाणा बाजार में इन पर मिलता है। जिन लोगों के पास धन है वे इन्हें रखना बहुत पसन्द करते हैं क्योंकि बाजार में इनका भाव कुछ बढ़ती (Premium) पर रहता है और जब चाहें तब इनका नक़द रुपया हो सकता है।

F

Face value मूल कीमत; अङ्कित मूल्य; नियत मूल्य; यह वह कीमत है जो नोट, बांड, शेअर, डिबेंचर आदि पर लिखी रहती है और वह उनकी उस मूल कीमत को सूचित करती है जिस पर ये जारी किये गये हैं। इस अङ्कित या मूल कीमत से बाजारू कीमत भिन्न होती है जो कि प्रीमियम या डिस्काउन्ट पर बढ़ती या घटती रहती है।

Fiduciary पूर्ण भरोसावाला; वह मनुष्य जिस पर पूर्ण भरोसा रखा जा सकता है। बगैर अमानत का।

Fiduciary Loan वह कर्ज जो लेनेवाले की प्रतिष्ठा और विश्वास पर दिया जाता है।

Fiduciary Paper Money विश्वासी कागज़ी सिक्का। वह कागज़ी सिक्का जो सरकारी ऋण और सिक्युरिटी के बदले निकाला जाता है। यह उस कागज़ी सिक्के से भिन्न है जो सोने के बदले में निकाला जाता है।

Finance Bills व्यवसायिक हुँडी; यह विदेशी हुँडी है जिसे साहूकार लोग विनिमय को स्थिर रखने तथा माल के बदले सिक्का भेजने की असुविधा को दूर करने के लिए जारी करते हैं। यह एक प्रकार की सिफारिशी हुण्डी है।

Financial Statement आर्थिक विवरण; माली कैफ़ियत; किसी फर्म, कम्पनी या संस्था का आर्थिक विवरण।

Financier पूँजी लगानेवाला; साहूकार; राजस्व-कुशल व्यक्ति; राजस्व-विज्ञानविद्।

Fine Paper नागे के बाजार में यह शब्द बिल्स, ड्राफ्ट, प्रॉमिसरी नोट, ट्रेजरी बिल आदि के काम में आता है।

Firm पेढी; दूकान; कोठी।

First Class Paper फर्स्टक्लास पेपर उन बिल, ड्राफ्ट, प्रामिसरी नोट या इसी तरह के कागज़ों को कहते हैं जिन पर प्रसिद्ध पेढियाँ या साहूकारों के नाम रहते हैं। एक्सचेकर बोण्ड ट्रेजरी बिल वगैरह भी इसी तरह के कागज़ों में शुमार किये जाते हैं।

First of Exchange हुण्डी की मूल प्रति।

Fiscal कोष सम्बन्धी; नाणा या राजस्व सम्बन्धी।

Fiscal Policy आर्थिक नीति, कोष-नीति, राजस्व-नीति।

Fiscal System राजकर-प्रणाली; राज-कर प्रणाली का अर्थ है किसी देश के राज-कर की वसूली और खर्च की प्रणाली तथा वहाँ के हिसाब किताब, सरकारी कर-निर्धारण आदि की प्रणाली।

Fittage कमिशन या दलाली।

Fluctuations उतार चढ़ाव; तेजी मन्दी; घट बढ़।

Foreign Bills विदेशी हुण्डी; वह हुण्डी जो एक मुल्क में लिखी जाकर दूसरे मुल्क में सिकरती है।

Foreign Exchange विदेशी विनिमय; विदेशी विनिमय के अन्दर वे सभी काम आ जाते हैं जिनका उद्देश्य एक देश से दूसरे देश में पूंजी भेजना है। दूसरे शब्दों में विदेशी विनिमय का सम्बन्ध दूसरे देशों के सिक्कों के खरीद बिक्री तथा एक देश का नाणा दूसरे देश के नाणों से बदलने की दर से है।

Foreign Investment विदेशी पूंजी। किसी देश के व्यापार या उद्योग धंधों में विदेशी जो पूँजी लगाते हैं उसे Foreign Investment कहते हैं।

Forward Exchange अग्रिम विनिमय। विदेशी विनिमय में अधिक घट-बढ़ के कारण नुकसान से बचने के लिए व्यापारियों ने अग्रिम विनिमय की प्रथा निकाली है। विदेश में माल भेजने वाला उस समय के विनिमय के दर के आधार पर विदेशी सिक्के में अपने माल की कीमत ठीक कर लेता है। मान लीजिये व्यापारी को माल भेज कर उसकी कीमत पाने में एक मास का अरसा लगता है, इस बीच में विनिमय में घट बढ़ होने की संभावना रहती है। इस घटबढ़ के डर से व्यापारी तुरन्त ही किसी बेंक में कीमत भरकर विदेशी सिक्का ले लेने का बंदोबस्त कर लेता है और इस तरह जोखिम से छुटकारा पा जाता है। इस प्रकार के विनिमय को अग्रिम विनिमय कहते हैं।

Fractional Currency रेजगारी, रेजगी।

Free Banking खुली तिजारत, अमेरिका में वह प्रणाली है कि कुछ निश्चित शर्तों पर चाहे जिसको बेंक चलाने का अधिकार दिया जा सकता है। इस तरह की बेंकों द्वारा जारी किये गये नोटों पर सरकार के पास

अमानत दाखिल करनी पड़ती है। इस प्रकार से सभी को बैंक खोलने का अधिकार होना ही Free Banking कहलाता है।

Free Coinage निःशुल्क मुद्रा-निर्माण। बिना किसी शुल्क के सिक्के की ढलाई। स्वतंत्र सिक्कासाज़ी। सोना या चांदी को या दोनों को टकसाल लेजाकर सिक्का ढलवाई का या मिक्कादर के धातु आदि का खर्च दिये बिना ही उनका सिक्का ढलवा लेना स्वतंत्र सिक्कासाज़ी कहलाता है।

G

Gilt-Edged Securities सर्वोत्कृष्ट जामिनगिरी; अव्वल दर्जे की जामिनगिरी; बहुत ऊंचे दर्जे की जामिनगिरी जिसका रुपया पाने में किसी तरह का अन्देशा नहीं है।

Gold Certificate स्वर्ण-प्रमाणपत्र, जो एक प्रकार का काग़ज़ी सिक्का होता है। इसके लिये सोना पहिले से सुरक्षित रख लिया जाता है क्योंकि उसकी भुगतान सोना द्वारा ही होती है।

Gold Coin स्वर्ण-मुद्रा; सोने का सिक्का।

Gold Exchange Standard स्वर्ण-विनिमय, करेंसी का एक तरीका जिसके अनुसार देश में सोने के सिक्के का चलन नहीं होता पर सरकार विदेशी ऋण चुकाने के लिए सोना काम में लाती है।

Gold Primium स्वर्ण-बढ़ती; जब कागजी सिक्के का मूल्य उस पर अङ्कित स्वर्ण दामों से कम हो जाता है तब कहा जाता है कि स्वर्ण बढ़ती पर है।

Gold Standard स्वर्ण-प्रमाण; सिक्कासाजी का एक तरीक़ा जिसके अनुसार मूल्य नापने की वस्तु सोना होता है।

Government Paper सरकारी कर्ज़पत्र।

Government Promisory Note सरकारी कर्ज़पत्र

Government Security सरकारी जामीनगिरी।

Gresham's Law ग्रेशम का नियम; सर टामस ग्रेशम ने यह सिद्धान्त निकाला था कि खराब सिक्के अच्छे सिक्कों को बाजार से निकाल देते हैं, पर अच्छे सिक्के खराब सिक्कों को नहीं निकाल सकते। जब बाजार में अच्छे और बुरे दोनों तरह के सिक्के चलते हैं, तब लोग अच्छे सिक्कों को गला लेते हैं या जमीन में गाड़ रखते हैं। इस अवस्था में केवल खराब सिक्के ही बाजार में चलते रहते हैं।

H

Half-Notes नोट के आधे टुकड़े।

Hard Cash नकद; रोकड़; अंग्रेजी में 'हार्डकेश' शब्द किसी धातु से बने सिक्कों के लिये बोला जाता है। इसके ठीक प्रतिकूल काग़ज़ी सिक्के के लिये Soft Money शब्द व्यवहार में आता है। तो भी 'हार्डकेश' शब्द बैंक नोट, चेक तथा असंदिग्ध मूल्य के अन्य काग़ज़ात के लिये काम में आने लगा है।

Holder हुंडी रखने वाला।

Holder in due course नियमानुसार हुंडी रखने वाला।

Holder of a Bill of Exchange हुंडी रखने वाला।

I

Imperial Bank इम्पीरियल बैंक; शाही बैंक; वह बैंक जिसके लेन देन के व्यवहार पर सरकार का नियन्त्रण रहता है।

Impersonal Account श्री खाता; अवैयक्तिक खाता; वस्तुगत खाता; वह खाता जिसका सम्बन्ध वस्तुओं से होता है, व्यक्तियों से नहीं। जैसे माल का हिसाब, पुस्तक खाता आदि।

In Clearing यह शब्द क्लीरिंग हाउस के सम्बन्ध में व्यवहृत होता है। जब एक बैंक दूसरे बैंक के साथ चेकों का परिवर्तन करता है तो जो चेक लिया जाता है उसके लिये 'इनक्लीरिंग' और जो दिया जाता है उसके लिये 'आउट क्लीरिंग, काम में लाया जाता है।

Inconvertible Paper अविनिमयसाध्य कागज़ी सिक्का; यह वह कागज़ी सिक्का है जो उस पर लिखी कीमत के अनुसार नहीं भुनाया जा सकता। यह अविनिमयसाध्य है और बाजार में अक्सर इसका भाव इसके अंकित मूल्य से कम रहता है।

Inflamation भरमार; सिक्कों की भरमार: व्यवहार के लिये जितने सिक्के चलाने की ज़रूरत होती है, उससे अधिक चल जाने के कारण चीजों की कीमत बढ़ जाती है और साथ-साथ सिक्कों का मूल्य घट जाता है। अपरिवर्तनशील कागज़ी सिक्कों के अधिक चल जाने से कीमत का बढ़ना Inflamation कहा जाता है।

Inland Bill of Exchange देशी हुंडी; एक ही देश के अन्दर जारी होने वाली और सिकरने वाली हुंडी।

Instrument हुंडी; पुर्जा; अधिकार-पत्र; यह शब्द चेक, हुंडी, दस्तावेज या दूसरे ऐसे कागज़ात के लिये व्यवहार किया जाता है जिनके जरिये कोई अधिकार या इकरार जाहिर किया जा सके।

Inter-Bours securities अन्तर्राष्ट्रीय जामिनगिरियाँ।

Interest Warrant सूद-पत्र।

International Bimetallism अन्तर्राष्ट्रीय द्विधातु मुद्राचलन; द्विधातु-मुद्रा-चलन का यह अभिप्राय है कि संसार के सभी देशों को विभिन्न धातुओं—खास कर सोना और चाँदी—के बीच विनिमय का केवल एक संबन्ध निश्चित कर लेना चाहिये जिससे किसी एक देश के चाँदी के सिक्के किसी दूसरे देश के सोने के सिक्के के साथ सदा एक सम्बन्ध रख सकें।

Issue जारी करना।

Issued capital जारी की हुई पूंजी।

J

Joint Account सम्मिलित हिसाब।

Joint Stock Company सम्मिलित पूंजी बैंक।

Jointure स्त्री-धन।

Journal रोजनामा।

K

Kite सिफ़ारिशी हुंडी।

L

Letter of Allotment हिस्सा स्वीकार-पत्र।

Letter of credit साख-पत्र।

Letter of Hyhotheoation बंधक-पत्र।

Light Coin हलका सिक्का।

..ds

Limited Legal Tender परिमित कानूनी सिक्का; परिमित चलता सिक्का; परिमित कानूनी सिक्का वह है जो निर्धारित मूल्य में स्वीकार किया जाता है, कम अधिक में नहीं।

Liquid Assets तुरन्त भंज सकने योग्य रकम।

Liquidation दिवाला; ऋण परिशोधन, कारोबार का बंद करना।

Loan कर्ज, ऋण।

Loan at short notice अल्पकालीन ऋण।

Loan Capital उधार पूंजी।

Loan, Public—सार्वजनिक ऋण, सरकारी ऋण।

Long Dated Bills लंबी मुद्दत की हुण्डियां; यह शब्द साधारणतया उन हुण्डियों के लिये बोला जाता है जिसकी मियाद तीन मास से अधिक की होती है।

Long Exchange मियादी विदेशी हुण्डी, यह शब्द उस विदेशी हुण्डी के लिये काम आता है, जिसकी मियाद साठ दिन, नब्बे दिन या इससे भी अधिक की होती है।

Long Rate मियादी हुण्डी की दर।

M

Management प्रबन्ध; किसी कारोबार के लिये प्रबन्ध एक बहुत बड़ी चीज़ है। कारोबार की सफलता या असफलता इस पर निर्भर करती है। सब सुन्दर साधनों के रहते हुए भी अगर प्रबन्ध अच्छा नहीं हुआ तो कारोबार का सफल होना कठिन है।

Managing Director प्रबन्ध संचालक; प्रबन्ध संचालक प्रायः अधिकांश कम्पनियों में मेनेजिंग डाइरेक्टर चुने जाते हैं जिनको कम्पनी की ओर से प्रबन्ध संचालन के लिये विशेषाधिकार दिये जाते हैं। कम्पनी के मुनाफ़े में भी इनका विशेष हिस्सा रहता है।

Marginal Letter of credit सीमान्तिक साख-पत्र; जब कोई बेंकर किसी हुण्डी के फार्म के किनारे पर किसी दूसरे व्यक्ति को यह लिख देता है कि इस हुण्डी को इतनी रकम के लिये इतनी मियाद पर जारी करो, वह समय पर इसका भुगतान कर देगा तो वह पत्र Marginal letter of credit कहलाता है।

Marked Cheque रेखांकित चेक।

Matured Date पकती मिती; जब किसी हुण्डी के भुगतान का समय पूरा हो जाता है तब यह शब्द काम में लाया जाता है।

Maturity of Bill हुण्डी की परिपक्वता; हुण्डी की पकती।

Medium of Exchange विनिमय का माध्यम; जब कोई व्यापारी अपना माल दूसरों को देकर उसके बदले कोई सिक्का, नोट या चेक वगैरह लेता है तो वह सिक्का या नोट विनिमय का माध्यम कहलाता है। विनिमय का माध्यम वस्तुओं के मूल्य के माप का भी काम करता है, जिसके शब्दों में उन वस्तुओं की कीमत बतलाई जाती है।

Medium of Association कम्पनी का मेमोरेन्डम; जब कोई ज्वॉइन्ट स्टाक कम्पनी एक्ट के अनुसार कायम होती है तो यह आवश्यक होता है कि खास खास बातें एक दस्तावेज पर लिखी जावें और उस पर कम से कम सात मेम्बरों के हस्ताक्षर रहें।

Mettalic Currency धातु का सिक्का; किसी देश के सरकारी टकसाल में ढला हुआ सोना, चाँदी, निक्ल, और ताँबा आदि धातुओं का सिक्का।

Mettalic Money धातु का सिक्का, धातु-मुद्रा; किसी धातु से बनी हुई मुद्रा को धातु-मुद्रा कहते हैं।

Mettalic Value धातु-मूल्य; वास्तविक मूल्य; कुछ अर्थशास्त्री इस शब्द को वास्तविक मूल्य के अर्थ में भी व्यवहार करते हैं। धात्विक मूल्य और कानूनी मूल्य में अन्तर है। धात्विक मूल्य का अर्थ है धातु के रूप में उसका मूल्य; और वास्तविक मूल्य और कानूनी मूल्य का अर्थ है वह मूल्य जो कानून द्वारा निर्धारित हो। सिक्के का विनिमय कानूनी मूल्य ही से होता है।

Mint Par of Exchange जब दो या अधिक देशों से एक ही तरह के और एक ही धातु के प्रामाणिक

सिक्के चलते हैं तो उन सबों में शुद्ध धातु का अंश कितना है, इसका पता लगा कर एक आधार कायम किया जाता है, जिसके अनुसार विनिमय का बाजार दर ठीक किया जाता है। यही आधार Mint Par of Exchange कहलाता है।

Mint Price of Bullion (१) सोना चांदी की टकसाली कीमत।

(२) सिक्के के रूप में किसी सोने या चाँदी के टुकड़े की कीमत।

(३) किसी निर्धारित तौल के सोने या चांदी के टुकड़े के लिये कितने सिक्के मिल सकते हैं अर्थात् उस टुकड़े की कीमत कितने सिक्के हो सकती है यह शब्द इस बात का द्योतक है।

Mixed Currency मिश्रित चलन-पद्धति। जब किसी देश में धातु और कागज़ के दोनों तरह के सिक्के चलते हैं और दोनों कानूनी सिक्के माने जाते हैं तो इस तरह की करेन्सी को मिश्रित करेन्सी कहते हैं।

Monetary Panic द्रव्य सम्बन्धी आतंक; नाणा विषयक आतंक; द्रव्य सम्बन्धी आतंक तभी उपस्थित होता है जब अधिकांश व्यापारियों और सौदागरों को यह अनुभव या डर होने लगता है कि वे अपने नफे नुकसान की भुगतान न कर सकेंगे।

Monetary Unit द्रव्य की इकाई। किसी देश में वस्तुओं के मूल्य के माप के लिये निर्धारित की हुई द्रव्य की एकाई। हिन्दुस्तान में द्रव्य की इकाई एक रुपया है।

Money पैसा, द्रव्य; नाणा।

Mortgage गिरवी; रहन, बन्धक।

Mortgage Banks गिरवी पर रुपया उधार देने वाला बेंक।

N

Navy Bills जल सेना संबन्धी बिल। ये दो तरह के होते हैं। एक तो वे जिन्हें जल-सेना विभाग जहाजी सामान के मूल्य के बदले में देता है और दूसरे वे जो जल-सेना के अफसरों या कर्मचारियों को उनकी तनख्वाह के बदले में दिये जाते हैं।

Negotiable Instrument विनिमय साध्य कागज़ या हुँडी; ये वे दस्तावेज़ हैं, जो नियमानुसार एक मनुष्य के पास से दूसरे मनुष्य के पास ट्रान्सफर होने से उनमें अंकित की हुई सम्पत्ति या जायदाद का वह मनुष्य कानूनन् अधिकारी होजाता है जिसके नाम पर ये ट्रान्सफर किये गये हैं। इनके अन्तर्गत हुँडी, प्रॉमिसरी नोट, डॉक वारन्ट, विदेशी सरकार के बॉन्ड और वे सब कागज़ात आजाते हैं जिनमें व्यापारिक कानून के अनुसार विनिमय-साध्यता का गुण हो और जिनका रखने वाला उनमें लिखी रकम या जायदाद पाने का कानूनी तौर पर हकदार हो।

Negotiable Paper इसका मतलब प्रायः वही है जो Negotiable Instrument का है।

Negotiable Securities विनिमय साध्य सेक्यूरिटी या जामिनगिरी; वे सेक्यूरिटियां जिनमें विनिमय साध्यता का गुण हो अर्थात् जो क्रय-विक्रय की जासकें और जिनका रखने वाला उनमें लिखी रकम या जायदाद पाने का कानूनन् तौर पर अधिकारी हो।

No-Account "हिसाब नहीं"; जब किसी व्यक्ति का बेंक में खाता व हिसाब न हो और वह बेंक पर चेक काटदे तो बेंकर उस चेक पर "No Account" लिख कर देता है।

No Advice "सूचना नहीं," "बे सूचना" जब कोई व्यक्ति किसी बेंकर के पास हुँडी सिकराने के लिये ले जाता है पर उस बेंकर को हुँडी लिखने वाले की ओर से इस सम्बन्ध की कोई सूचना पहिले न मिली हो तो वह उस पर No Advice लिख कर लौटा देता है।

No Funds जब किसी व्यक्ति की बेंक खाते में कोई रकम जमा न हो और वह बेंक पर चेक काट दे तो बेंकर उस पर No Funds लिख कर उस चेक को लौटा देता है। No Account और No Funds

में यह फर्क है कि No Account तो उस आदमी के चेक पर लिखा जाता है जिसका बैंक में हिसाब या खाता ही न हो, पर उसने उस पर चेक काट दिया हो। इसके विपरीत No Funds उस आदमी के चेक पर लिखा जायगा जिसका बैंक में खाता हो पर जमा न हो अर्थात् उसने अपने खाते की रकम उठा ली हो।

Nominal Par नामाङ्कित मूल्य; वह मूल्य जो किसी बॉन्ड, शेअर या सार्टिफिकेट पर लिखा रहता है। अगर इनकी बाजारू कीमत उन पर अङ्कित कीमत से ज्यादा हो तो उसे Above Par और कम हो तो Below Par कहा जायगा।

Non-Acceptance अस्वीकृति; नकारना।

Note नोट; कागजी सिक्का।

Bank Note बैंक नोट।

Fraudulent Note जाली नोट।

Government Promissory Note सरकारी प्रामिसरी नोट; सरकारी ऋणपत्र।

Promissory Note प्रामिसरी नोट।

O

Open Account खुला हिसाब, बहीखाते का वह हिसाब जो तय नहीं हुआ हो।

Open Cheque खुला चेक; वह चेक जिसे सब कोई भुना सके अर्थात् जिसका रुपया, उस चेक को रखने वाले किसी को या जिसके नाम पर वह बेचान किया गया हो दिया जा सके।

Open Credits खुली साख; खुली साख उसे कहते हैं जिस पर कोई बैंक या साहूकार बिना किसी वैयक्तिक गारंटी, रहन तथा अन्य किसी शर्त के किसी को कर्ज देता है।

Opening a Cheque or Crossing चेक खोलना, जब चेक का क्रासिंग हटा दिया जाता है और उस पर "Pay Cash" यह शब्द लिख दिया जाता है तो उस क्रिया को Opening a Cheque or Crossing कहते हैं।

Order Cheque शाहजोग हुण्डी; वह चेक जिसका रुपया उसी धनी को मिले जिसके नाम पर वह जारी किया गया है या उसे मिले जिसके नाम पर उसका बेचान किया गया है।

Out-Clearing जब एक बैंक दूसरे बैंक के पास चेक का परिवर्तन करता है तो दूसरे बैंक के पास भेजे जाने वाले चेक 'Out Clearing" और दूसरे बैंक से आने वाला चेक "In clearing" कहलाता है।

Over Draft जमा से अधिक निकालना; जितना रुपया बैंक के चालू खाते में जमा हो उससे अधिक निकाला हुआ रुपया Over Draft कहलाता है।

Over-Draw a Bill जमा से अधिक की हुण्डी करना।

Over-Drawn Bill जमा से अधिक की हुण्डी।

Overnight Money रात भर के लिए कर्ज; हुण्डी के दलालों द्वारा बैंक वालों से थोड़े समय के लिये अर्थात् दिन के तीसरे पहर से लेकर दूसरे दिक के सुबह तक के लिए उधार लिया हुआ रुपया।

P

Paid-up Capital प्राप्त हिस्सा पूँजी; चुकाई हुई पूँजी। चुकाई हुई पूँजी कंपनी की वह पूँजी है जो उसे हिस्से दारों से मिल चुकी है।

aper Currency कागज़ी सिक्का; कागज़ी चलन। सोने चाँदी के सिक्के के समान विनिमय का माध्यम बना कर चलाये हुए कागज़ के सिक्के को Paper Currency कहते हैं। कागज़ी सिक्के के अन्दर बैंक-नोट, करेंसी नोट, चेक और हुण्डी आदि का समावेश होता है।

Paper-Currency Reserve कागज़ी-मुद्रा-कोष; जब कागज़ी सिक्का चलाया जाता है तो उतने ही मूल्य के सोने चाँदी के सिक्के सरकारी खज़ाने में सुरक्षित रखे जाते हैं। इसी को Paper-Currency Reserve कहते हैं।

Paper Money कागज़ी सिक्का; कागजी नाणा; करेंसी बेंक-नोट को कागज़ी सिक्का कहते हैं। कभी-कभी चेक, बॉंड और इसी तरह के दूसरे कागज़ भी कागज़ी सिक्के की परिभाषा के अन्दर आजाते हैं।

Par सममूल्य। अंग्रेजी के Par शब्द का अर्थ बराबर होता है। जब शेअर, स्टॉक और बाँड आदि की कीमत बाजार में उनके अङ्कित मूल्य के अनुसार होती है, तब वे at Par कहलाते हैं। अगर अङ्कित मूल्य से इनकी कीमत अधिक हुई तो वे Above Par और कम हुई तो Below Par कहलाते हैं।

Par of Exchange विनिमय की समता। देशों के बीच विनिमय की समता तब कहलाती है जब एक देश के सिक्के का निश्चित परिमाण दूसरे देश के सिक्के के परिमाण के बराबर होता है। जैसे जब ग्रेट ब्रिटेन का एक स्टर्लिंग फ्रान्स के १२४-२१ फ्रान्क के बराबर होता है, तब कहा जाता है कि दोनों देशों का मुद्रा-चलन Par of Exchange पर है।

Parties to Bill of Exchange हुण्डी से सम्बन्धित पार्टियाँ; हुण्डी की पार्टी में खास तौर से निम्न-लिखित लोगों का समावेश होता है—(१) हुण्डी जारी करने वाले (२) हुण्डी सिकारने वाले (३) हुण्डी लेने वाले (४) हुण्डी पर सही करने वाले।

Paying Banker भुगतान करनेवाला बेंकर। वह बेंकर जिसके नाम चेक जारी किया गया हो या जिसके ऑफिस में हुण्डी सिकारी गई हो।

Payment for Honor प्रतिष्ठा रक्षणार्थ की हुई भुगतान; जब हुण्डी अस्वीकृत हो जाती है तब अगर कोई व्यक्ति हुण्डी लिखने वाले की प्रतिष्ठा की रक्षा के लिए उसका भुगतान कर देता है तो उसे Payment for Honor कहते हैं।

Perpetual Bond चिर-स्थायी बाँड; दमामी तमस्सुक; वह बाँड जो सदा के लिये खरीदा गया हो। इस तरह के बांड का मूलधन कभी लौटाया नहीं जाता। इसका केवल सूद मिलता रहता है। जिसके हाथ वह बाँड बेचा जाता है वह भी केवल सूद पाने का अधिकारी रहता है।

Perpetual Debenture चिरस्थायी व दवामी डिबेंचर; वह डिबेंचर जो सदा के लिये खरीद लिया जाता है। इसका मूलधन वापिस नहीं मिलता। इसका रखने वाला केवल ब्याज पाने का हक़दार रहता है। जब कंपनी का दिवाला निकल जाता है तब इस प्रकार के डिबेंचर का मालिक अपना रुपया पाने का भी हकदार हो जाता है।

Perpetual Loan चिर स्थायी व दवामी कर्ज़। वह कर्ज़ जो सदा के लिये लिया गया हो। ऐसे कर्ज़ के महाजन केवल सूद पाने का हक़दार रहता है; मूलधन पाने का नहीं।

Personal Capital व्यक्तिगत सम्पत्ति; वह शब्द मनुष्य के उन गुणों के लिये काम में आता है जिनके कारण वह धन-सम्पत्ति प्राप्त कर सके। मनुष्य की कला-प्रवीणता, उद्यमशीलता, नेतृत्व के गुण, संगठन शक्ति, विक्रय-प्रवीणता, व्यापारिक दूरदर्शिता आदि गुण उसकी वैयक्तिक सम्पत्ति है।

Petty Cash Book खुदरा रोकड़ बही। प्रत्येक व्यापार में दैनिक तार के, चिट्ठी के व इसी प्रकार के अन्य मुत्फर्रिक बहुत ही छोटे २ खर्च होते हैं, इनका रोकड़ बही में रोज उल्लेख करते रहना असुविधाजनक रहता है, अतएव इसके लिये एक पृथक् बही रखी जाती है, जिसमें इस प्रकार का खर्च लिखा जाता है। इसे Petty Cash Book कहते हैं। इसमें लिखे हुए खर्च की पन्द्रह दिन या एक मास में रोकड़ बही में नोंध करली जाती है।

Postal Order पोस्टल ऑर्डर,। पोस्ट ऑफिस द्वारा जारी किया हुआ ऑर्डर जिसके द्वारा छोटी-छोटी रकमें एक स्थान से दूसरे स्थान में भेजने में सुविधा होती है। जिस आदमी को कहीं रुपया भेजना होता है वह अपने स्थानीय पोस्ट ऑफिस से एक पोस्टल आर्डर खरीद लेता है और जिसे रुपया देना होता है उसके पास भेज देता है। वह आदमी आर्डर को पाकर अपने यहां के पोस्टआफिस में उसे भंजा लेता है। यह पद्धति विलायत की पोस्ट आफिस में है।

Protect जब कोई हुण्डी न सकारे जाने या न चुकाये जाने पर लौटा दी जाती है तो हुण्डी रखने वाला हुण्डी को Protect Public नामक आफिसर के सामने पेश करस कता है। इस अवस्था में Notary Public जो एक आफिशियल सार्टीफिकेट देता है, वही Protect कहलाता है।

Public Debt सरकारी कर्ज; राष्ट्रीय ऋण; सार्वजनिक कार्य, सार्वजनिक उद्योग-धन्धे तथा लड़ाई के लिए सरकार द्वारा लिया गया कर्ज़।

Q

Qualified Acceptance शर्त के साथ सकारना; हुण्डी पर लिखी हुई शर्त के अनुसार उसे स्वीकार करना।

R

Rate of Exchange विनिमय की दर।

Ratio of Exchange विनिमय का अनुपात; विनिमय निष्पत्ति। यह शब्द अर्थशास्त्र में उस अनुपात के लिए व्यवहृत होता है जिसमें एक वस्तु की तादाद दूसरी वस्तु की निर्धारित तादाद में बदली जा सके।

Real Exchange वास्तविक विनिमय। वास्तविक विनिमय को कभी कभी व्यावसायिक विनिमय भी कहते हैं और यह दो या अधिक देशों के बीच होने वाले व्यापार पर निर्भर करता है।

Redemption of Mortgage बन्धक छुड़ाना; गिरवी छुड़ाना। बन्धक अथवा गिरवी पर लिये गये ऋण को चुका कर उस चीज़ को अपने पास लौटा लेना।

Re-discount फिर छूट लेना।

Re-Draft हुण्डी की पेठ; दुबारा लिखी गई हुण्डी।

Referee in Case of Need ज़रूरत के वक्त का मध्यस्थ। हुण्डी न सिकारी जाने पर हुण्डी को रखने वाला जिस व्यक्ति के पास इस विषय की दरख्वास्त देता है, वह जरूरत के वक्त का रेफरी या मध्यस्थ कहलाता है। जरूरत के वक्त के मध्यस्थ के ऊपर कोई उत्तरदायित्व नहीं रहता जब तक कि वह उस हुण्डी को स्वीकार न करले।

Refer to Drawer जब कोई व्यक्ति ऐसी दशा में बेंक के पास चेक भेज देता है, जब कि उसका पर्याप्त रुपया बेंक में जमा नहीं होता है तो बेंकवाले चेक के ऊपर Refer to Drawer या उसका संक्षिप्त रूप R/D लिख देते हैं।

Registered Capital निर्धारित पूँजी; किसी कम्पनी की वह पूँजी जो उसके मेमोरेन्डम ऑफ एसोसिएशन द्वारा निर्धारित रहती है। इस पूँजी को अंग्रेजी में Nominal या Authorised Capital भी कहते हैं।

Renewal of a Bill हुण्डी की पुनरावृत्ति; हुण्डी को फिर से नया करना।

Reserve Bank रिज़र्व बेंक।

Reserve Capital सुरक्षित पूँजी।

Reserve Funds सुरक्षित कोष। प्रायः सभी जॉइन्ट-स्टाक कम्पनियाँ अपने लाभ का कुछ अंश सुरक्षित कोष के लिए रख छोड़ती हैं। यह सुरक्षित धन सेक्युरिटी खरीदने में, किसी दूसरी सहायक कम्पनी के कारोबार में या अपने ही किसी कारोबार में लगाया जाता है।

Re-Shipment पुनः निर्वासन; वह माल जो दूसरे देश से आया हो और फिर दूसरे देश को जहाज पर चढ़ा कर भेजा गया हो।

Run of a Bank बेंक पर टूट पड़ना। जब किसी

कारणवश किसी बेंक के फेल होजाने की आशंका हो जाती है तो जमापूँजी वाले लोगों के झुंड के झुंड अपना रुपया निकलवाने के लिए बेंक के द्वार पर इकट्ठे हो जाते हैं। इसे ही बेंक पर टूट पड़ना कहते हैं।

Rupee Paper काग़ज़ी रुपया। भारत सरकार के प्रॉमिसरी नोट या Enfaced Paper को काग़ज़ी रुपया कहते हैं।

S

Short Exchange अल्पकालीन विनिमय। एक दो दिन के अंदर भेजने वाले दर्शनी चेक या ड्राफ्टकी दर।

Short Loan अल्पकालीन ऋण; एक निश्चित सूद पर थोड़े समय के लिये दिया हुआ ऋण।

Sight Bills दर्शनी हुण्डी; ऐसी हुण्डी जिसका रुपया देखते ही चुका दिया जाने वाला हो।

Sighting a Bill दर्शनी हुण्डी पेश करना। जिसके नाम दर्शनी हुँडी की गई हो उसके सामने उस हुँडी को स्वीकृति के लिए पेश करने को अंगरेजी में Sighting a Bill कहते हैं।

Sight Rate दर्शनी दर; यह शब्द विदेशी विनिमय के सम्बन्ध में बोला जाता है और यह चेक रेट के बराबर होता है।

Soft Money कागजी सिक्का (नोट, हुण्डी आदि)-कागज़ी द्रव्य, काग़ज़ी सिक्के को अंग्रेजी में कभी कभी Soft money भी कहते हैं। इसके प्रतिकूल धातु के सिक्के को Hard Cash कहा जाता है।

Sovereign सावेरेन, गिन्नी; ब्रिटेन का प्रमाणिक सिक्का जिसका मूल्य एक पौण्ड होता है।

Special Crossing विशेष रेखाङ्कितकरण; बेंकर के नाम सहित रेखाङ्कित करना। जब चेक पर किसी बेंकर का नाम लिखकर या मोहर देकर लाइन खींच दी जाती है तो वह Special Crossing कहलाता है।

Stale Cheque पुराना चेक; जो चेक बेंक वाले के पास उचित समय के अन्दर पेश नहीं किया जाकर उसके बाद पेश किया जाता है उसे बेंक वाले Out of date अथात् 'पुराना' लिखकर लौटा देते हैं और उसका रुपया नहीं देते। ऐसे ही चेक Stale Cheque कहलाते हैं।

Standard Money प्रमाणिक द्रव्य; प्रामाणिक सिक्का व मुद्रा (१) वह द्रव्य वा सिक्का जिसका अंक-मूल्य उसके वास्तविक मूल्य या धातु-मूल्य के बराबर हो। (२) निर्धारित विशुद्धता और तौल का एक खास सिक्का जो मूल्य मापने की इकाई समझी जाती हो। यह प्रमाणिक सिक्का ही कानूनी सिक्का होता है। इसका प्रमाण कानून द्वारा निर्धारित रहता है।

Standard Value प्रमाणिक मूल्य।

Standing Committee स्थायी समिति; समय-समय पर उपस्थित होने वाले कामों को करने के लिए स्थायी रूप से कायम की हुई समिति।

Statement of Account हिसाब का पर्चा; ब्यौरा व विवरण।

Sweating of Coins मुद्रा-संघर्षण; किसी बोरे में सिक्कों के रहने से उनमें आपस में टक्कर लगने के कारण वे घिस जाते हैं और उनसे कुछ गर्दी निकलती है। यही Sweating of Coins कहलाती है।

T

Take up a Bill हुंडी चुकाना। यह शब्द बेंक के कारोबार में व्यवहृत होता है। इसका अर्थ है बेङ्कवाले या हुंडी रखने वाले को हुंडी की चुकती करना। अंग्रेजी का यह शब्द Retiring a Bill का पर्यायवाची शब्द है।

Telegraphic Draft (बेंक की) तार की हुण्डी।

Telegraphic Transfers तार द्वारा भुगतान। तार की हुण्डी। विदेशों में तार द्वारा रुपयों का भेजा जाना। अक्सर व्यापारी बैंक के द्वारा सामुद्रिक तार से अपने आढ़तिये या व्यापारी को तार द्वारा रुपये की भुगतान करवाते हैं। बैंक अपनी विदेश की शाखा को तार द्वारा भुगतान की सूचना दे देती है। जिसके कहने पर तार भेजा जाता है, उससे तार का खर्चा वसूल किया जाता है।

Term of a Bill हुण्डी की मियाद। हुण्डी जितने समय के लिये जारी होती है और जितने समय तक चलती रहती है उसको हुण्डी की मियाद या मुद्दत कहते हैं।

Terminal Loan मियादी कर्ज; मियादी कर्ज उस कर्ज को कहते हैं जो समय-समय पर थोड़ा थोड़ा कर चुकाये जाने पर एक निश्चित अवधि तक पूरा चुक जाय।

Third Bill of Exchange परपेठ।

Trade Bill व्यापारी हुण्डी। जब व्यापार में साधारण तौर पर किसी माल के भुगतान के लिये या किसी सेवा का प्रतिफल देने के लिए हुण्डी जारी की जाती है, और जब हुण्डी का मूल्य निर्धारित रहता है, तो उस हुण्डी को व्यापारी हुण्डी या ट्रेड बिल कहते हैं जिससे Accommodation Bill से उसकी पृथकता मालूम हो सके।

U

Un-Called Capital बेमाँगी हिस्सा पूंजी। किसी कम्पनी की बेमाँगी हिस्सा पूंजी।

Unclaimed Balances लावारिस जमा; बैंक की किताब में जमा की हुई वह रकम जिसके सम्बन्ध में जमा करनेवाले ने बहुत दिनों से कोई खोज पूछ न की हो।

Unfavourable Exchange प्रतिकूल विनिमय। प्रतिकूल विनिमय का अर्थ है विदेशी करेंसियों की तुलना में अपने देश की करेंसी के मूल्य का घटना। यह तभी होता है जब अपने देश का व्यापार प्रतिकूल होता है। उस समय अपने देश की अधिक करेंसियां विदेशों में भेजनी पड़ती है।

V

Valuation मूल्य निर्धारण; मूल्य निरूपण; मूल्य निर्देश; किसी वस्तु की कीमत ठीक करना। कर लगाने के उद्देश्य से मूल्य निरूपण करना या हिसाब लगाना।

W

Without Recourse बिना जिम्मेदारी के। जब कि हुँडी जारी करने वाला या हुँडी सही करने वाला अपने दस्तखत के साथ यह शब्द लिख देता है तो इसका अर्थ भी यह होता है कि हुँडी रखने वाले के लिये वह खुद उत्तरदायी न होगा।

THE

TWENTIETH CENTURY ENGLISH-HINDI

DICTIONARY

OF

Labour Terms

THE

TWENTIETH CENTURY ENGLISH-HINDI

DICTIONARY

OF

Labour Terms

A

Affiliation सम्बद्धता; शाखारूप होना या करना; एक संस्था का दूसरी बड़ी संस्था का भाग बन जाना और साथ ही में कुछ अपनापन भी बनाये रखना।

Agreement समझौता; करार।

Agreement, Trade व्यापारिक समझौता, व्यापारिक करार।

Allied Trades Council समकक्ष व्यवसायों की समिति।

Allowance अलौन्स।

Amalgamation एकीकरण; दो या अधिक स्थानीय, राष्ट्रीय या अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर संघों का एकीकरण।

American Federation of Labour अमेरिकन मजदूर संस्थाओं का संघ।

Anti-Union Shop संघ विरोधी पेढी (See Non-Union Shop)

Apprentice उम्मीदवार।

Arbitration पंचायत; मध्यस्थता।

Assistance Fund (हड़ताल) सहायक फंड।

Autonomy स्वायत्त-शासन।

Average Earnings औसत आमदनी।

Award पंच- फैसला।

B

Back Pay पिछला वेतन।

Bargaining सौदा।

Benefit सहायता; स्थानीय या राष्ट्रीय मजदूर संघ द्वारा दी हुई वह सहायता, जो वह अपने उस सदस्य को देता है जो किसी आकस्मिक दुर्घटना, बीमारी, बुढ़ापा या बेकारी के कारण कमा खाने के अयोग्य हो गया हो। सदस्य की विधवा या उत्तराधिकारियों को भी यह दी जाती है।

Black List काली सूची; ब्लेक लिस्ट; वह सूची; जिसमें ऐसे मजदूरों का नाम लिखा रहता है, जो अपनी किसी अनुचित शरारत के कारण मिल मालिकों की दृष्टि में बदनाम हो गये हों और जिनका काम पर लगाया जाना मालिक हानिकर समझते हों।

Board of Adjustment समझौता-समिति; समीकरण समिति; वह बोर्ड जिसे मजदूर संघ ने अपने आन्तरिक झगड़ों को निपटाने के लिये कायम किया हो। मिल मालिक और मजदूर अपना आपसी मतभेद दूर करने के लिये ही ऐसे बोर्डों की स्थापना करते हैं।

Bonus अतिरिक्त लाभ; बख्शिस; मजदूरों को अपने वेतन के अतिरिक्त, उनकी कारगुजारी पर, या कारखाने में अधिक लाभ होने पर मील संचालकों की ओर से जो पुरस्कार दिया जाता है, उसे Bonus कहते हैं। इसकी घोषणा पहले से हो जाती है।

Boring from within भीतर से खोखला करना; अन्दर ही अन्दर ज़हरीला प्रचार करना; मजदूरों के अन्दर ऐसे आदमी कायम कर देना जो पहले उनमें मिल जुल जावें और फिर वे विरुद्ध प्रचार (Hostile Propaganda) के द्वारा मज़दूरों को भड़का कर उन्हें मज़दूर संघ से अलग हो जाने का प्रोत्साहन इस उद्देश्य से देते रहें जिससे उस कारखाने से संबंध रखने वाले मजदूर संघ की नीति में परिवर्तन हो जाय

Boycott बहिष्कार।

Brotherhood बंधुत्व।

Business Agent व्यवसायी एजेन्ट।

C

Ca Canny (see Soldiering)

Capital पूंजी; मूलधन।

Central Labour-Union केन्द्रवर्ती मजदूर संघ; स्थानीय संघों का महासंघ।

Charter अधिकार-पत्र।

Classification of Workers मजदूरों का वर्गीकरण, कारखाने के मालिक, मजदूर संघ या मालिक और मजदूरों के आपसी समझौते से, मजदूरों का, उनके कार्य्य और कौशल की निगाह से जो वर्गीकरण किया जाता है, उसके लिये उक्त वाक्यांश व्यवहृत होता है। इस प्रकार के वर्गीकरण के पाये पर उनके वेतन निश्चित किये जाते हैं।

Clearance Card निकासी-पत्र।

Closed shop यह वाक्यांश उस कारखाने के लिये प्रयुक्त होता है, जिसके द्वारा सिवा स्थानीय मजदूर संघों के सदस्यों के और सबके लिये बंद रहते हैं अर्थात् इसमें सिर्फ मजदूर संघ के सदस्य ही काम पर लिये जाते हैं, अन्य नहीं।

Clothing Workers unious कपड़े बनाने वाले मजदूरों के संघ।

Collective Bargaining सामुहिक सौदा।

Company men कंपनी के आदमी; स्वामिभक्त मजदूर, वे मजदूर जिन्हें उनके बंधु-मजदूर शक की निगाह से देखते हैं और यह समझते हैं कि इन्हें मील मालिकों ने मजदूरों की गतिविधि पर दृष्टि रखने के लिये मुकर्रिर किया है।

Compulsory Adjudication बाधित समझौता; मजदूरों के झगड़े (Labour dispute) का वह फैसला जो अनिवार्य रूप से मनाया जावे। इस प्रकार का फैसला सरकार द्वारा नियुक्त पंच या कमेटी करती है और फिर उसके अनुसार आचरण करना मजदूरों के लिये कानूनन् बाध्य हो जाता है।

Compulsory Arbitration अनिवार्य पंचायती निर्णय. इसका मतलब भी वही है, जो Compulsory Adjudication का है।

Conciliation समाधान; सान्त्वना।

Conditions of labour मजदूरों की स्थिति; मजदूरों का वेतन, काम करने के घण्टे और अन्य इसी प्रकार की बातें—जैसे मजदूरों के आराम के साधन; सफाई, उनके निवास गृह, वैद्यकीय सहायता आदिका कई-बातों का इसमें समावेश होता है।

Continuity of Production सतत उत्पत्ति; कारखाने का निरंतर चलते रहना और माल पैदा करने के अर्थ में इस वाक्यांश का प्रयोग होता है।

Contract at Will मर्जी का सौदा; मालिक और मजदूरों के बीच का ऐसा समझौता जिसे चाहे जो पार्टी, मन चाहे तब, तोड़ सकती है।

Convention सम्मेलन; मजदूर संघ के सदस्यों के प्रतिनिधियों का सम्मेलन।

Convict labour मजदूर कैदी।

Craft शिल्प, कौशल।

Credit union सहकारी कर्जदाता संघ, इस प्रकार की

संस्थाएं सहकारिता (Co-operation) के सिद्धान्त पर कायम की जाती हैं। इनका उद्देश्य मजदूरों का आर्थिक और सामाजिक सुधार होता है। वे कम ब्याज पर और अधिक अनुकूल शर्तों पर मजदूरों को उधार देती है।

D

Day Labourer दिन का मज़दूर; वह मज़दूर जो केवल दिन ही में नियमित घन्टों तक काम करे।

Day Work दिन का काम; वह काम जो दिन के नियमित घन्टों में किया जाता है।

Defence Fund रक्षण-फण्ड; रक्षा-कोष।

Differential Piece Rate System कार्यानुसार विभिन्न श्रम-पद्धति; इसमें दो तरीके काम में लाये जाते हैं। जो मज़दूर साधारण स्टैन्डर्ड से कम काम करता है, उसे कम मज़दूरी और ज्यादा काम करता है उसे ज्यादा मजदूरी दी जाती है।

Dead Lock संकट; कार्य्यावरोध; खिंच।

Direct Action सीधा आन्दोलन; प्रत्यक्ष संघर्षात्मक कार्य्यवाही। हड़ताल जैसे आन्दोलन जिसे किसी स्थानीय मजदूर संघ ने बिना अपने बड़े संघ की अनुमति के शुरू कर दिया हो, उसके लिये यह वाक्यांश व्यवहृत होता है। कारखानों के मालिक इस शब्द का उपयोग हड़ताल और मजदूरों के बल-प्रयोग के लिये काम में लाते हैं।

Docking of Pay कटोतरा; वेतन का कटना।

Double Time द्विगुण वेतन; द्विगुण पारिश्रमिक; वह पद्धति विशेष जिसमें मज़दूरों को अतिरिक्त समय (overtime) के लिये समय के अनुपात से दूना पारिश्रमिक मिलता है।

Dual Unions परस्पर विरोधी संघ; प्रतिस्पर्धी संघ; एक ही उद्योग धन्धे में जो परस्पर विरोधी संघ कायम हो जाते हैं, उनके लिये यह वाक्यांश व्यवहृत होता है।

E

Earnings कमाई, आमदनी।

Eight-Hour Day आठ घन्टे का दिन।

Employee's Representation मज़दूरों का प्रतिनिधित्व।

Employers Association मिल मालिकों की समिति। मिल मालिकों का संगठन विशेष जो अपने और मज़दूरों के बीच के सम्बन्ध को ठीक करने के लिये बनाया जाता है। इनमें कुछ तो मज़दूर संघ के साथ बातचीत कर इस उद्देश्य की पूर्ति करते हैं और कुछ मजदूर संघों की उपेक्षा कर सीधे मज़दूरों से अपने मतभेदों या झगड़ों को निपटाने की कोशिश करते हैं।

Employment manager नियुक्तिकर्ता प्रबन्धक; वह प्रबन्धक जो मजदूरों की नियुक्ति तथा बरखास्तगी और मज़दूरी की शर्तों आदि का नियन्त्रण करता है।

Equal Pay for Equal Work समकार्य के लिये समवेतन; बिना जातिपांति या लिंगभेद (Sex) के विचार किये निष्पक्ष दृष्टि से किये हुए काम के अनुपात से योग्य वेतन दी जाने की पद्धति।

Executive Board of Labour-Union मजदूर संघ का कार्य्य-संचालक मण्डल।

Espionage खुफियागिरी।

F

Fatigue study मज़दूर की थकावट का अन्वेषण। काम के समय तथा अन्य परिस्थितियों का मज़दूर के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर क्या असर पड़ता है, इस बात के लिये जो अध्ययन किया जाता है उसके लिये उक्त वाक्यांश व्यवहृत होता है।

Federal Labour Union संघीय मजदूर-संघ। फेडरल लेबर यूनियन। वह मजदूर संघ जो अमेरिका फेडरेशन ऑफ लेबर नामक महान् मजदूर संस्था से संबंधित हो।

Federation मजदूर-महासंघ; एक केन्द्रवर्ती शासन के अन्तर्गत मज़दूरसंघों का एक संगठन विशेष। इस महासंघ (Federation) के साथ सम्बन्धित जितने मज़दूर संघ होंगे, उन्हें उक्त महासंघ की नीति के अनुसार चलना पड़ता है और साथ ही में वे कुछ अपनापन भी रखते हैं।

Floater अस्थिर श्रमिक; जल्दी-जल्दी एक स्थान से दूसरे स्थान में जानेवाला मज़दूर।

Full Capacity पूर्ण उत्पादन शक्ति।

Full Pay पूर्ण वेतन; पूरी तनख्वाह; मजदूर को पूरे समय का पारिश्रमिक देना, फिर चाहे उसने उतने समय तक काम न भी किया हो।

Full Time पूरा समय।

G

Gang दल, टोली, जमात, मजदूरों का दलविशेष जो किसी काम पर संयुक्तरूप से लगाये गये हों।

Garnishment of Wages वेतन की रोक; न्यायालय का कारखाने के मालिक के नाम निकाला हुआ आर्डर जिसमें उसे हिदायत दी गई हो कि वह अमुक-अमुक मज़दूर का वेतन तब तक रोक ले जब तक कि उस दावे का फैसला न हो जावे, जो कोर्ट में एक तीसरी पार्टी ने उक्त मज़दूर के खिलाफ़ दायर कर रखा है।

Grievance शिकायत, वेतन, कार्य्य का समय और अन्य किसी विषय में मज़दूर की शिकायत हो तो उक्त शब्द व्यवहृत होता है।

H

Helper सहायक।

Hours of Labour काम करने के घण्टे; कार्य्य-काल; श्रम-काल।

I

Incorporation of Labour unions मजदूर संघों का समवायीकरण।

Increase in Rate of Wages वेतन दर वृद्धि।

Individual Bargaining वैयक्तिक देनलेन का व्यवहार; वैयक्तिक सौदा।

Industrial council औद्योगिक समिति; राष्ट्रीय या

प्रान्तीय ऐसे संगठन जो मिल मालिक और मजदूर दोनों का प्रतिनिधित्व करते हों।

Industrial Union औद्योगिक संस्था; राष्ट्रीय या स्थानीय मजदूर संस्था विशेष जिसकी सदस्यता के द्वार हर किस्म के मजदूर के लिये खुले हों।

Industrial Workers of the World विश्व-श्रमिक; संसार के मज़दूर।

Injunction निषेधाज्ञा; मनाई का हुक्म।

International union अन्तर्राष्ट्रीय संघ।

Intimidation धमकी।

J

Job Ticket सूचना-पत्र; हिदायतनामा; वह सूचनापत्र जिसमें मज़दूरों को काम के सम्बन्ध में खास हिदायतें हों।

Job Work फुटकर काम।

Joint Committee संयुक्त समिति; संयुक्त कमेटी, वह कमेटी जिसमें मालिक और मज़दूर दोनों का प्रतिनिधित्व हो।

Joint conference Council संयुक्त परिषद् समिति।

Journey man दस्तकार; कुशल कारीगर; वह कारीगर जो अपने हुनर में पूरा उस्ताद हो।

Jurisdictional Dispute अधिकार-क्षेत्र सम्बन्धी विवाद; वह झगड़ा या विवाद जो दो या दो से अधिक मजदूर संघों में अपनी-अपनी अधिकार-सीमा के लिये चल रहा हो।

K

Knights of labour राष्ट्रीय मजदूर संघ विशेष, जिसकी स्थापना अमेरिका में ईस्वी सन् १८६९ में हुई थी।

L

Label लेबल

Label League लेबल संघ।

Labour मज़दूर; श्रमिक; श्रम, परिश्रम मज़दूरी।

Labour Exchange मज़दूर-समिति।

Labour Bureau श्रम-मण्डल।

Labour-Charges मज़दूरी; पारिश्रमिक; श्रमजीवियों को उनके उत्पादक श्रम पर दिया जाने वाला वेतन।

Labour Disputes श्रमजीवी सम्बन्धी झगड़े; वे झगड़े जो मजदूरों के अधिकार, वेतन, कार्य्य-काल आदि से सम्बन्ध रखते हैं।

Labour Exchange लेबर एक्सचेन्ज; मज़दूरों की एक संस्था विशेष, जिसका काम मज़दूरों को आवश्यकतानुसार काम के लिये विभिन्न स्थानों में भेजना और मज़दूरों के काम के सम्बन्ध में खबर रखना है।

Labour Monopoly श्रम का एकाधिकार।

Labour party मज़दूर दल।

Labour Turn-over मजदूरों का हेरफेर; जल्दी-जल्दी मज़दूरों को बदलना।

Labour-Union मजदूर-संघ; श्रमजीवी-संघ।

Lapsed member खारिजशुदा मज़दूर; मज़दूर संघ का सदस्य विशेष जो संघ की सदस्यता की फीस या अन्य देने न चुकाने के लिये संघ से अलग कर दिया गया हो।

Lay off अस्थायी बन्दीकरण; थोड़े समय के लिये मज़दूरों की भर्ती बन्द कर देना।

League संघ।

Learner सीखने वाला।

Limitation of out-put उत्पत्ति की परिमितता, उत्पादन-मर्य्यादा।

Living Wage जीवित वेतन; निर्वाह योग्य वेतन।

Local union स्थानीय संघ।

Lock-out द्वारावरोध; तालाबंदी; कारखाने के काम की बंदी; मजदूरों की मांगों को निष्क्रिय करने के लिये मिल मालिक कारखानों को अस्थायी रूप से बंद कर देते हैं, जिससे कि मजदूर तंग होकर समझौता करलें या मिल मालिकों की बातें मान लें।

M

Marginal Labour सीमान्तिक श्रम।

Mobility of Labour श्रम की गतिशीलता, वह सुविधा जिससे मज़दूर अधिक तरक्की पाने पर एक काम छोड़कर दूसरे काम पर जा सके।

Mediation बीच-बचाव; मध्यस्थता।

Minimum Wage न्यूनत्तम वेतन।

N

National or International union राष्ट्रीय या अन्तर्राष्ट्रीय संघ।

Night work रात का काम।

Non-unionist अश्रम संघी, बेयूनियन वाला, वह मजदूर जो मज़दूर संघ का सदस्य नहीं है।

Non-union-shop असंघीय कारखाना; (१) वह कारखाना जिसने अपने द्वार मजदूर संघ के सदस्य-मजदूरों के लिये बंद रखे हों। (२) वह कारखाना जिसके लिये मजदूर संघ ने अपने सदस्य-मजदूरों को जाने से मना कर दिया हो।

O

Old-Age Certificate बुढ़ापे का प्रमाण पत्र; बुढ़ापे का सार्टिफिकेट।

Open-shop खुला द्वार या मुक्तद्वार कारखाना; वह कारखाना जो मज़दूर संघ के सदस्यों और असदस्यों दोनों के लिये खुला हो।

Organization सङ्गठन।

Out-law Organization विद्रोही सङ्गठन; वह मज़दूर-संघ जो अपने केन्द्रवर्ती महासंघ से विद्रोही होकर अलग हो गया हो।

Out law Strike बेकानूनी हड़ताल; वह हड़ताल जो मज़दूर संघ की इच्छा के विरुद्ध की गई हो।

Over Production अत्युत्पत्ति; ज्यादा पैदावार।

Over-Time अतिरिक्त-समय; स्टेन्डर्ड समय के पहले और पीछे जितने समय तक काम किया जाता है उसके लिये उक्त शब्द व्यवहृत होता है।

P

Part Time आंशिक समय।
Pay off सारी तनख्वाह की चुकती या अदायगी।
Pay-roll वेतन-पत्र।
Pension विश्राम-वृत्ति।
Picketing धरना।
Piece Rate फुटकर काम की दर।
Plant Development work कारखाने की उन्नति का काम।
Policing of Industry उद्योग-रक्षा प्रबन्ध; कारखाने की रक्षा का प्रबन्ध करना; कारखाने के मालिक द्वारा कारखाने की रक्षा के लिये ऐसे गार्ड या इन्सपेक्टर मुकर्रर करना जो बाहर के आक्रमण से या भीतरी शरारत से कारखाने की रक्षा करें। इनका काम चोरी, आग और इसी प्रकार की अन्य खराबियों पर निगाह बानी रखकर कारखाने की रक्षा करना भी है।
Posting of Hours समय-निदर्शन-पत्र लगाना।
Preferential Shop वह कारखाना जिसमें इकरार के मुताबिक मज़दूर संघ के सदस्य-मज़दूरों को भर्ती करने में ज्यादा रिआयत दी जाती है।
Premium system किस्त की पद्धति।
Profit Sharing नफे का बटवारा; लाभ-वितरण।
Promotion तरक्की।
Protective Fund हड़ताल सहायक फंड; रक्षा-फंड।
Protocol इकरार-पत्र।

R

Rat साम्यवादी साहित्य में यह शब्द उस मज़दूर के लिये काम में लाया जाता है जो ट्रेड यूनियन द्वारा नियमित मज़दूरी से कम मज़दूरी पर काम करता है और हड़ताल के समय अपने सहयोगी मज़दूरों को छोड़कर उनके बदले में काम पर चला जाता है।
Rate Cutting दर कम करना; मज़दूरी का दर कम करना।
Rate of Wages पारिश्रमिक का दर।
Rate Settling दर कायम करना; वेतन का दर मुकर्रर करना।
Rating Scale वेतन-परिमाण।
Rattening प्रतिरोध पद्धति; यह शब्द भी साम्यवादी साहित्य में काम में लाया जाता है और इसका मतलब हड़तालियों की वह पद्धति है जिसे वे अपने सहयोगी श्रमजीवियों को काम करने से रोकने में काम में लाते हैं। इससे हड़ताली अपने श्रमजीवियों के औजार और कपड़े आदि छुपा देते हैं और इसी प्रकार अन्य प्रकार की बाधाऐं उपस्थित करते हैं जिससे वे काम चालू न कर सकें।
Red लाल, क्रान्तिकारक; यह शब्द आजकल बोलशेविक और बोलशेविक क्रान्ति के लिये काम में लाया जाता है।
Referendum vote संघ के समस्त निर्वाचक मण्डल का मत; सर्वमता
Representatives of their own choosing; अपने चुने हुए प्रतिनिधि।
Retirement Allowance विश्राम-वृत्ति।
Retiring Card विश्राम-पत्र।
Right of Individual Freedom of Action- वैयक्तिक क्रिया-स्वातन्त्र्य का अधिकार।
Right of Transfer परिवर्तनाधिकार; तबादला करने का हक़।
Right of Discharge मज़दूर या नौकर को अलग करने का अधिकार।

S

Sabotage गुप्त-विनाश।
Scab हड़ताल भंजक; हड़ताल तोड़ने वाला।
Scamping बेगार टालना; जान-बूझकर कम काम करना।
Schedule of Hours समय-पत्र।
Seniority ज्येष्ठाधिकार।
Service Work सेवा-कार्य।
Settlement निर्णय; समझौता; मील मालिकों और मजदूरों के बीच के झगड़ों के निर्णय या समझौते के लिये उक्त शब्द काम में आता है।
Shift पाली।
Shift, Day—दिनपाली।
Shift, Night—रातपाली, जब कारखाना नियमित रूप से रात को चलता है, तब उसके लिये उक्त वाक्यांश व्यवहृत होता है।
Shop-Card यूनियन कार्ड।
Shop-Collector मजदूर-संघ का सदस्य विशेष जो संघ की ओर से अपने सदस्यों का चंदा और पावना जमा करने के लिये मुकर्रर किया गया हो।
Shop Deputy मजदूर संघ का प्रतिनिधि; मजदूर संघ का सदस्य विशेष जो उक्त संघ की ओर से श्रम संबंधी किसी झगड़े को निपटाने के लिये भेजा गया हो।
Shop Steward इसका भी वही अर्थ है, जो Shop Deputy का है।
Skilled Labourer कुशल कारीगर।
Sliding Scale न्यूनाधिक क्रम; यह मज़दूरों को वेतन चुकाने की पद्धति है। इसके अनुसार मज़दूरों द्वारा तैयार की हुई वस्तुओं की कीमत जिस क्रम से बढ़ती है, उसी क्रम से मज़दूरी का दर भी बढ़ता है और जिस क्रम से कीमत घटती है, उसी क्रम से वेतन घटता है।
Soldiering कामचोरी; काम से जी चुराना; योग्यता और शक्ति होते हुए भी जान-बूझ कर काम से जी चुराने की प्रवृत्ति के लिये यह शब्द काम में लाया जाता है।
Speeding up गति देना।
Standard Production उत्पादन।
State Federation राज्य-संघ; जब यह शब्द श्रम-विज्ञान में काम आता है तब इसका अर्थ किसी राज्य में मज़दूर संघों के मण्डल विशेष है।
Straight Time साधारण सामयिक पारिश्रमिक; वह पद्धति जिसमें अतिरिक्त समय (Over-time) का पारिश्रमिक साधारण समय के हिसाब ही से मिलता है।
Strike breaker हड़ताल भंजक; हड़ताल तोड़ने वाला।
Strike committee हड़ताल-कमेटी; हड़ताल को योग्य रीति से चलाने के लिये जो कमेटी बनाई जाती है, उसके लिये यह शब्द व्यवहृत होता है।
Strike Fund हड़ताल फंड।
Strike Vote हड़ताल के लिये मत।
Sweating system शोषण पद्धति; मजदूरों को चूसने की प्रणाली; निम्न श्रेणी के मजदूरों को बहुत ही कम वेतन पर—इतना कम कि जीविका भी न चल सके—काम कराने की रीति।
Sympathetic Strike सहानुभूति सूचक हड़ताल; दूसरे कारखानों में काम करने वाले अपने बंधु-मजदूरों के साथ सहानुभूति दिखलाने के लिये हड़ताल में उनका अनुगामी होना अर्थात् उनके साथ-साथ हड़ताल करना।
Syndicalism मजदूर संघवाद; सिद्धांत विशेष जो यह प्रतिपादित करता है कि सामाजिक क्रांति मजदूर संघों के कार्य्यों ही से सम्भव है। यह साम्यवाद का एक भेद है, जो यह चाहता है कि सम्पत्ति की उत्पत्ति पूंजीपतियों के सञ्चालन में और पूंजीपतियों के लाभ के लिये न होकर मजदूरों के सञ्चालन में मजदूरों के लाभ के लिये हो।

T

Task काम ।

Task setter नमूनेदार कारीगिर, वह कारीगिर जिसका काम दूसरे मजदूरों के लिये स्टेण्डर्ड का काम दे ।

Teach-worker शिक्षक-मजदूर, शिक्षादाता-श्रमजीवी ।

Time-work समयानुसार पारिश्रमिक पद्धति; वह पद्धति जिसमें मजदूरी समय के सनुसार निश्चित की जाती है । जिस आदमी ने जितने समय तक काम किया हो, उतने समय की उसे मजदूरी मिलती है । यहां पारिश्रमिक या वेतन का पैमाना काम का परिमाण नहीं वरन् समय का परिमाण है ।

Tolling घूंस देना; रिश्वत देना; कारखाने के अफसर, फोरमेन या सुपरिंटेण्डेण्ट को काम प्राप्त करने के लिये या नौकरी के लिये घूंस देने के अर्थ में इस शब्द का प्रयोग होता है ।

Trade व्यवसाय ।

Trade Agreement व्यापारिक करार ।

Trade Autonomy व्यापारिक स्वराज्य ।

Trade union व्यवसाय-संघ ।

Transfer-card परिवर्तन-पत्र ।

Truck system मजदूरी के बदले में माल देने की पद्धति

U

Unemployment बेकारी, बेरोज़गारी ।

Unfair list मजदूर विरोधी मालिकों की सूचि; उन मालिकों की सूचि जो संगठित मजदूर-संस्थाओं के विरोधी घोषित हो चुके हैं ।

Union संघ ।

Union card संघ का कार्ड ।

Union Label यूनियन-लेबल ।

Unskilled Labourer अनिपुण श्रमजीवी; बेकारीगर मजदूर ।

V

Voluntary स्वेच्छा ।

Volunteer स्वयं सेवक

W

Wage पारिश्रमिक; मज़दूरी; मेहनताना; वेतन । तलब, तनख्वाह (१) किसी तरह के कार्य, परिश्रम व सेवा के लिये दी हुई रकम । असल में पूँजीपतियों या उनके एजेन्ट के आधीन किये गये काम के लिए कार्य-कर्ताओं को दी हुई रकम ही वेतन या तनख्वाह कहलाती है । (२) रुपये पैसे के रूप में दिए हुए वेतन को Wages कहते हैं । (३) किसी परिश्रम के लिये दिया हुआ वह पारितोषक जो रुपये पैसे के रूप में नहीं दिया जाय पर ऐसी वस्तुओं के रूप में दिया जाय जो कार्य-कर्ताओं के लिए आनन्द-प्रद हो । ऐसे वेतन को Wages कहते हैं । (४) जब किसी निश्चित काल के अन्दर किये गये काम के लिये

वेतन दिया जाय तो उसे Wages कहते हैं। यदि समय के परिमाण के हिसाब से वेतन दिया जाय तो उसे भी Wages कहते हैं।

Wage Bill वेतन-पत्र।

Wage Board वेतन-समिति।

Wage committee वेतन-कमेटी।

Wages Fund वेतन फन्ड, मजूरी कोष; यह शब्द इस सिद्धाँत के सम्बन्ध में व्यवहृत होता है कि वेतन के लिये एक निर्धारित रकम होती है। इसलिए यदि मज़दूरों में से एक विभाग के लोगों का वेतन बढ़ेगा तो दूसरे विभाग का वेतन अवश्य घटेगा।

Wages Fund Theory वेतन-फण्ड-सिद्धाँत। संक्षेप में यह सिद्धाँत इस प्रकार है :—किसी देश में मजदूरों को दी जाने वाली रकम एक निर्धारित रकम होती है। वेतन चुकाने के लिये पूंजी की जो रकम अलग की हुई रहती है वह देश की चल पूंजी होती है और वह वेतन फण्ड कहलाती है। वेतन श्रम की माँग और संग्रह पर निर्भर करता है। वेतन फण्ड को मजदूरों की संख्या से भाग देने से जो भागफल निकलता है वही औसत वेतन होता है। एक विभाग के मजदूरों का वेतन उसी हिसाब से घटेगा क्योंकि वेतन फण्ड एक निर्धारित फण्ड होता है।

Wage, group सामुदायिक मजूरी।

Wage, iron law of—मजूरी का लोह नियम।

Wage, living—जीविका योग्य मजूरी।

Wage, minimum—न्यूनतम मजूरी।

Wage, on sliding scale वृद्धिह्रासानुसार मजूरी।

Wage, Piece कार्यानुसार मजूरी।

Wage, progressive क्रमागत वर्द्धमान मजूरी।

Wage, real—वास्तविक मजूरी (उपभोग्य सामग्री के रूप में।

Wage, schedule वेतन दर पत्र।

Wage, theory of—वेतन-सिद्धांत।

Walking Delegate कार्यकर प्रतिनिधि, मजदूर संघ का प्रतिनिधि विशेष जिसका काम सदस्यों से फीस जमा करना, संघ के नियमों को पलवाने की व्यवस्था करना, नये सदस्य बनाना और संघ की शाखाओं को संगठित करना है।

Walk out उठ कर चला जाना, विरोध रूप में सभा से उठ चले जाने के लिये यह शब्द व्यवहृत होता है।

Weekly rest साप्ताहिक विश्राम।

Welfare Work कल्याण-कार्य्य, हितकारक कार्य्य, सेवा-कार्य्य; मील मालिक की ओर से मजदूरों के आराम, स्वास्थ्य रक्षा और मनोरंजन आदि के लिये जो व्यवस्था की जाती है, उसके लिये उक्त वाक्यांश व्यवहृत होता है।

Working week कार्य्यकर सप्ताह।

Workmen's compensation Act कार्य्यकरों का क्षति-पूर्ति-कानून।

THE

TWENTIETH CENTURY ENGLISH-HINDI

DICTIONARY

OF

Stock & Share Market Terms

THE

TWENTIETH CENTURY ENGLISH-HINDI

DICTIONARY

OF

Stock & Share Market Terms

A

Above par मूल कीमत से ऊपर; जब शेअरों का भाव अपनी मूल कीमत से बढ़ जाता है, तब उसके लिये यह वाक्यांश व्यवहृत होता है।

Account Days हिसाब की मिती; चलण के दिन, शेअर स्टॉकों के सौदे में जिन दिनों में हिसाब होकर नफ़ा नुकसान तय किया जाता है, उन्हें Account Days कहते हैं।

Allotment बटनी; बटवारा।

Allotment of Shares शेअरों की बटनी।

Allottee वह मनुष्य जिसके नाम पर शेअर चढ़ाये जाते हैं।

Amalgamation एकीकरण; जब दो या अधिक कंपनियां मिलकर एक हो जाती हैं, तब उनके इस एकीकरण के लिये यह शब्द व्यवहृत होता है।

Amortization ऋण-परिशोध; राजस्व-शास्त्र में इसका अर्थ है क़िस्तों द्वारा चुकाये जाने पर ऋण का धीरे-धीरे कम हो जाना।

Arbitrage खरीदफ़रोख्त; क्रयविक्रय; जब एक बाजार में शेअर खरीद कर दूसरे बाजार में बेचे जाते हैं, तब उक्त प्रकार के क्रयविक्रय के लिये यह शब्द काम में लाया जाता है।

Arbitration मध्यस्थता; पंचायत।

Arbitration Award पंचायती निर्णय; पंच फैसला।

Articles of Association कंपनी की नियमावली, संघनियम, गणनियम।

Assets माल, मिल्कियत; पूँजी; जायदाद; शेष धन; बची पूँजी।

Fixed Assets स्थावर जायदाद; अचल सम्पत्ति।

Floating Assets फैली हुई पूंजी

Liquid Assets नक्द माल; आसानी से वसूल होने योग्य पूँजी।

Assign दूसरे के नाम पर चढ़ाना; स्वत्वार्पण करना; स्वाधिकार परिवर्तन करना। मालमत्ता, बीमा पालिसी या अपने किसी स्वत्व को दूसरे के नाम पर चढ़ाना।

Assignment स्वत्व-समर्पण-पत्र; विक्रय-पत्र

At Call मंगनी पर

At Par मूल कीमत पर; जब शेअरों का भाव बाजार में वही होता है जो मूल में उनके जारी करने के समय था, तब कहा जाता है कि शेअर At Par हैं।

At Premium बढ़ती पर; अधिक मूल्य पर; जब शेअरों का भाव उनकी मूल कीमत से ऊपर चढ़ा जाता है, तब उसके लिये At Premium शब्द का उपयोग होता है।

Audit हिसाब की जांच; खाते की जांच।

Audited account जांच किया हुआ हिसाब।

Auditor हिसाब-परीक्षक

Authorised Capital अधिकारित पूँजी; कंपनी की वह पूँजी जिसे वह अपने नियमपत्र के अनुसार जारी रखने का अधिकार रखती है।

Averaging पड़तल मिलाना।

B

Backwardation हर्जाना; क्षतिपूर्ति; जब कोई व्यापारी किसी वायदे के सौदे में इतने शेअरों की बिक्री कर देता है, जितने उसके पास सिलक नहीं हैं और ऐसी दशा में जब वह माल की भुगतान ठीक मिती पर न कर किसी अगले मास में करता है तो उसे अपने सामनेवाले धनी को कुछ हर्जाने की रकम देना पड़ती है, बस उसे ही Backwardation कहते हैं।

Balance Sheet आंकड़ा।

Ballot निर्वाचन पत्र, मतगुटिका।

Bear मंदीवाला; मंदी रुख वाला; वह व्यापारी जिसकी मनोवृत्ति मंदी की ओर रहती है और जो ऊंचे भाव में शेअरों को बेच कर नीचा भाव हो जाने पर उन्हें वापस लेने का प्रयत्न करता है।

Below Par मूल कीमत से नीचे; जब शेअर या स्टाक का भाव अपनी मूल कीमत से नीचा रहता है, तब उसके लिये यह वाक्यांश व्यवहृत होता है।

Bonus अतिरिक्त लाभ; यह लाभ कंपनी के हिस्सेदारों को साधारण मुनाफे के अतिरिक्त मिलता है। यह उसी दशा में मिलता है, जब कंपनी को अच्छा लाभ होता है। कंपनी के नौकरों और मजदूरों को भी अच्छा लाभ होने पर यह मिलता है।

Bonus Shares अतिरिक्त लाभ के हिस्से; जब कंपनी को अनापशनाप लाभ होता है और जब वह सीमा से अधिक मुनाफा बांटना अपनी नीति के खिलाफ समझती है, तब वह अपने शेअर होल्डरों को उनकी पूंजी के अनुपात से अतिरिक्त मुनाफे के शेअर निकाल कर देती है। फिर शेअर होल्डरों को अपने मूल शेअरों के साथ इन अतिरिक्त मुनाफे के शेअरों पर भी कंपनी के प्राप्त लाभ के अनुपात से ब्याज या मुनाफा मिलता है।

Bourse स्टाक शेअर बाजार।

Broker दलाल।

Share-Broker शेअरों का दलाल।

Bull तेजीवाला; वह व्यापारी जिसकी मनोवृत्ति बाजार के तेज जाने की ओर रहती है और जो अधिकतर तेजी का व्यापार करता है।

Buying in अगर बेचने वाला अपने वायदे के बेचे हुए शेअरों की भुगतान ठीक मिती पर न कर सके और वैसी हालत में अगर खरीददार बाजार के चालू भाव से उन्हें खरीद ले तो इस व्यवहार में जो अतिरिक्त खर्च होगा उसका जिम्मेदार बेचने वाला होगा। इस प्रकार की खरीदी के लिये उक्त शब्द व्यवहृत होता है।

Buyers over खरीदनेवालों की धूम; जब बाजार में अधिकतर खरीदने ही खरीदने वाले होते हैं और बेचने वाले बाजार से प्रायः हट जाते हैं, तब खरीदनेवालों की उक्त धूम के लिये यह शब्द काम में आता है।

C

Call मंगनी; मांग; शेअरहोल्डरों से उनके शेअरों के शेष रुपया जमा करवाने की मांग।

Call-in-advance पेशगी मांग।

Call-in Arrears मंगनी के रुपयों का बकाया।

Call-letter मंगनी-पत्र।

Call-money मंगनी का रुपया।

Capital पूँजी; मूलधन।

Capital, Called-up मांगी हुई पूँजी।

Capital, Paid-up प्राप्त हिस्सा पूँजी।

Capital Stock स्टॉक पूँजी।

Carrying over भुगतान की मिती को आगे बढ़ाना।

Casting vote निर्णायक मत।

Chairman अध्यक्ष

Clear days माल निकासी के दिन।

Code word संकेत-शब्द।

Commerce व्यवसाय, व्यापार, वाणिज्य।

Chamber of Commerce व्यापार-मण्डल।

Commercial Crisis व्यापारिक संकट।

Commercial Depression व्यापारिक मंदी।
Commercial Syndicate व्यापारी-गुट।
Commission Agent कमीशन एजन्ट, आढ़तिया।
Company कंपनी।
Company Limited परिमित दायित्व कंपनी।
Consumption खपत।
Corner ख्याला करना; जब कोई व्यापारी किसी जाति के शेअरों की अन्धाधुन्ध खरीदी कर उन पर बाजार में अपना एकाधिपत्य कायम करने की कोशिश करता है, तब उसके इस काम के लिये उक्त शब्द व्यवहृत होता है।
Cornering of a market बाजार मुट्ठी में करना।
Corporation संघ; समिति।
Cum-Dividend मुनाफा सहित।
Cum-Interest ब्याज सहित।
Cum-New नये शेअर प्राप्ति का अधिकार।
Cumulative Shares वर्द्धमान शेअर।
Cumulative Preference Stock वर्द्धमान रिआयती स्टॉक।

D

Debenture ऋणपत्र।
Debenture Bonds कर्ज़ के दस्तावेज।
Deferred Bonds ये वे बान्ड हैं, जिन्हें सरकार या कम्पनी जारी करती है। इनके खरीददारों को उत्तरोत्तर अधिक सूद मिलता जाता है। जब यह सूद अपनी निर्दिष्ट चरम सीमा पर पहुँच जाता है, तब ये "नियत ब्याज" के बांड में परिवर्तित कर दिये जाते हैं।
Deferred Shares विलम्बित शेअर, इन पर उस समय तक मुनाफा नहीं मिलता, जब तक कि उनसे उच्च श्रेणी के शेअरों या स्टाक पर मुनाफा न मिल चुके।
Delivery भुगतान।
Forward delivery अगली भुगतान।
Immediate delivery नजदीक मिती का भुगतान।
Directors कंपनी के संचालक।
Dividend मुनाफा; लाभांश; स्टाक या शेअर होल्डरों में बटनेवाला मुनाफा।
Dividend, Announced घोषित लाभ।
Dividend Warrant लाभ-पत्र।

E

Efficient Demand पूरी मांग।
Election निर्वाचन।
Excess Profit Tax अतिरिक्त लाभ-कर।
Ex-All एक्स ऑल; जब लाभांश, बोनस पूँजी का प्रतिफल और नये स्टाक या शेअरों का हक़ सुरक्षित रखकर कोई शेअर बेचे जाते हैं तो ऐसी बिक्री को Ex-all कहते हैं।
Exchange विनिमय।
Ex-Right बिना अधिकार।

F

Face value मूल कीमत।
Finance आय-व्यय शास्त्र।
Fixed Capital स्थायी पूँजी।
Floating assets चलता माल।
Fluctuations उतार चढ़ाव।
Fluctuations of the market बाजार की घट-बढ़; बाजार का उतार-चढ़ाव।
Foreign Bill विदेशी हुँडी; वह हुँडी जो एक मुल्क में लिखी जाकर दूसरे मुल्क में सिकरती है।
Foreign Exchange विदेशी विनिमय।
Founder's Shares संस्थापक के हिस्से; कंपनी प्रबन्धक के हिस्से।

G

Gilt-Edged-Bill साहूकारी हुँडी; यह शब्द उस हुँडी के लिये काम में आता है, जो बहुत बड़ी साखवाले आदमी द्वारा जारी की गई हो और जिसके नाम जारी की गई हो वह भी बहुत मातबर आदमी हो। इस तरह की हुँडी का रुपया तुरन्त मिलने की सम्भावना रहती है।
Gilt-Edged Securities उत्कृष्ठ जामिनगिरी; अव्वल दर्जे की जामिनगिरी; बहुत ऊँचे दर्जे की जामिनगिरी जिसका रुपया पाने में किसी तरह का अन्देशा नहीं है।
Going Concern चालू कारोबार; कोई कारोबार जो पूरी तरह चल रहा हो।
Government Paper सरकारी कर्ज-पत्र।
Government Security सरकारी जामिनगिरी।
Guarantee Stock गैरंटीशुदा शेअर या स्टाक; वे स्टाक जिनके व्याज या व्याज सहित मूल धन की गैरंटी दी गई हो। गैरंटीशुदा स्टाक या शेअर वे हैं, जिनका व्याज अगर वह कंपनी देने में असमर्थ हो जाती है जिसने उन्हें जारी किया है तो उनका व्याज वह कंपनी देगी जिसने कुछ प्रीमियम लेकर उनके रखने वालों को गैरंटी दी है।

H

Half-Commission man आधा दलाल; वह आदमी जो शेअर स्टाक के दलालों को काम दिलाता है और इसके बदले में दलालों के कमीशन से कुछ हिस्सा ले लेता है।
Hedging दोहिरा व्यापार करना; परस्पर विरोधी व्यापार करने की द्वैध नीति। स्टाक ऐक्सचेंज में हेजिंग शब्द का अर्थ है;—एक तो स्टाक एक्सचेंज पर बिक्री करने का काम; दूसरा साधारण बाजार में खरीद करने का काम। इस प्रकार का काम कीमत की घटबढ़ से रक्षा पाने के लिये बहुत अच्छा साधन समझा जाता है।
Higgling of the market बाजार में सौदा करने का तरीका विशेष, जिसके अनुसार किसी व्यापारी वस्तु की कीमत या 'विनिमय साध्य मूल्य' इस प्रकार बैठाया जावे कि माँग संग्रह के बराबर हो जाय।
Holding Company संग्रहकर्त्ता कंपनी; दूसरी कंपनियों के शेअर खरीदने वाली कंपनी। जो कंपनी किसी एक या अधिक कंपनियों के सब या अधिकांश शेअर खरीद कर उसके नियन्त्रण में प्रधानता प्राप्त कर लेती हैं उसे Holding Company कहते हैं।

I

India Council Bill & Draft भारतमन्त्री द्वारा जारी की हुई हुण्डी।

Inscribed Stock दर्ज किया हुआ स्टाक; वह स्टाक जिसके अधिकारी को कोई सार्टिफिकेट न दिया गया हो पर स्टाक का प्रबन्ध रखने वाले बैंक के रजिस्टर में उनके नाम और स्टाक की तादाद दर्ज हो।

Inter-Bours Securities अन्तर्राष्ट्रीय जामिनगिरियां। इनकी खरीदी विनिमय की निश्चित दर पर होती हैं। फलतः वे करीब एक ही मूल्य पर भिन्न-भिन्न देशों में खरीदी और बेची जा सकती हैं।

Interest Warrant सूदपत्र; ब्याज-पत्र; यह डिबेंचर स्टॉक और इसी प्रकार की सिक्यूरिटी का सूद चुकाने का हुक्मनामा है। इसी प्रकार डिविडेन्ट वारन्ट वह हुक्मनामा है जो किसी कंपनी के नफे में से हिस्सेदारों को उनके हिस्सों के अनुसार लाभांश बांटने के लिये निकाला जाता है।

Interim Dividend मध्यवर्ती लाभांश; जब किसी जॉइन्ट स्टाक कम्पनी को लाभांश वितरण करना होता है तो पहले आम तौर पर साधारण सभा में इसकी स्वीकृति लेली जाती है। लेकिन अगर साधारण सभा के बाद के लाभ का अंश बांटना होता है तो डायरेक्टरगण अपने अधिकार में इसकी स्वीकृति देदेते हैं। साधारण सभा पीछे से इसे मंजूर कर लेती है। यही बीच के समय में वितरण किया हुआ लाभ Interim Dividend अर्थात मध्यवर्ती लाभांश कहलाता है।

Irredeemable Debenture न चुकाया जाने वाला डिबेंचर; यह वह डिबेंचर है जिसके मूलधन पाने का नियम नहीं रहता। इसमें केवल सूद दिया जाता है।

Irredeemable Stock न चुकाया जाने वाला स्टाक; यह वह स्टाक है जिसके लिये स्टाक जारी करने वाले को रुपये लौटाने का दायित्व नहीं रहता।

J

Jobber जॉबर; बाजार में अपने ही लिये स्टाक और शेअर आदि की खरीदी और बिक्री करनेवाला।

Jobber's Turn माध्यमिक लाभ; वह माध्यमिक लाभ जिसके लिये जाबर खरीदी और बिक्री करता है। जैसे वह कोई स्टाक ९८⅛ में खरीदता है और ९८⅜ में बेच देता है तो इस में जो उसे ¼ प्रति सैकड़ा मुनाफा हुआ, वही Turn कहलाता है।

Joint Stock Company जॉइन्ट स्टॉक कम्पनी; जॉइन्ट स्टाक कंपनी दो तरह की होती हैं। एक बेरजिस्टरीशुदा और दूसरी रजिस्टरीशुदा। बेरजिस्टरीशुदा कंपनी का इन दिनों कोई मूल्य नहीं है। रजिस्टरीशुदा जॉइन्टस्टाक कंपनी वह है जिसमें सात या उससे अधिक सदस्य हों, जिसमें कोई निश्चित पूँजी हो, जो हिस्सेदारों में बंटी हो और जिसके मेम्बर केवल उसके हिस्सेदार ही हो सकते हों।

L

Lame Duck दिवालिया; स्टाक एक्सचेन्ज में यह शब्द उस आदमी के लिये काम में लाया जाता है, जो बाजार में अपने नुकसान की भुगतान करने में असमर्थ होने के कारण स्टाक एक्सचेन्ज से अलग कर दिया जाता है।

Letter of Allotment हिस्सा स्वीकारपत्र; जब किसी

कंपनी के पास उसके शेअर, स्टॉक या बांड खरीदने के लिये दरख्वास्त आती है और कंपनी उस पर विचार कर प्रार्थी को जितने शेअर या स्टाक देने का स्वीकार-पत्र देती है, उसे Letter of Allotment कहते हैं।

Liquid Securities उत्कृष्ट सेक्यूरिटी, वे जामिनगिरियाँ जो आसानी से और तुरन्त नकद में भंज सके।

M

Making-up-day स्टाक एक्सचेन्ज में भुगतान का प्रथम दिन।

Making-up-Price भाव का कटना; यह स्टाक एक्सचेन्ज में काम आने वाला शब्द है। मास के आखिर में शेअर बाजार में शेअर आदि का जो भाव कटता है और जिसके आधार पर नफ़े नुकसान की भुगतान होती है उसे Making up Price कहते हैं।

Monopolise एकाधिकार में लाना।

N

Naked debenture बंधक रहित डिबेंचर।

Name Day स्टाक एक्सचेन्ज बाजार में सेट्लमेंट का दूसरा दिन। इसे टिकिट दिन भी कहते हैं।

Negotiable Instrument विनिमय साध्य कागज या हुंडी; यह वह दस्तावेज है, जो नियमानुसार एक मनुष्य के पास से दूसरे मनुष्य के पास ट्रान्सफर होने पर उसमें अङ्कित की हुई सम्पत्ति या जायदाद का वह मनुष्य कानूनन अधिकारी हो जाता है। इस प्रकार के दस्तावेजों में हुंडी, प्रोमिसरी नोट, डाक वारन्ट, विदेशी सरकार के बांड और वे सब कागज आ जाते हैं, जिनमें व्यापारिक कानून के अनुसार विनिमय साध्यता का गुण हों और जिनका रखने वाला उनमें लिखी रकम या जायदाद पाने का कानूनी तौर पर हकदार हो।

Negotiable Securities विनिमयसाध्य सेक्यूरिटी या जामिनगिरी; वे सेक्यूरिटियां जिनमें विनिमय साध्यता का गुण हो अर्थात् जो क्रय-विक्रय की जा सकें और जिनका रखने वाली उनमें लिखी रकम या जायदाद पाने का अधिकारी हो।

Nominal Par नामाङ्कित मूल्य; वह मूल्य जो किसी बांड, शेअर आदि पर लिखा रहता है।

Non-Cumulative Dividend अवर्द्धमान लाभ; जॉइन्ट स्टाक कंपनी के प्रिफरेन्स शेअरों पर बिना पिछले वर्ष के घाटे का खयाल किये हर वर्ष जो मुनाफा बांटा जाता है, उसके लिये उक्त वाक्यांश व्यवहृत होता है।

O

Ordinary shares साधारण शेअर।

P

Paid up-Capital प्राप्त हिस्सा पूँजी; कंपनी की वह पूंजी जो उसे शेअर होल्डरों से प्राप्त हो चुकी है।

Paid-up-share चुकाया हुआ हिस्सा; जॉइन्ट स्टाक कंपनी का वह हिस्सा जिसका सारा मूल्य भर दिया गया हो।

Panic आतङ्क; संकट उपस्थित हो जाने पर बाजार में जो आतंक छा जाता है, उसे Panic कहते हैं।

Par सम मूल्य; अंग्रेजी के Par शब्द का अर्थ "बराबर या सम" होता है। जब शेअर, स्टाक और बांड आदि की कीमत बाजार में उनके अंकित मूल्य के अनुसार होती है तब वे 'At Par' कहलाते हैं।

Preference shares रियायती हिस्से; इन्दौर आदि के शेअर बाजार में इनके लिये "ब्याज के शेअर" शब्द व्यवहृत होता है क्योंकि इन पर कंपनी की ओर से सिर्फ ब्याज ही मिलता है।

Promotion Money सञ्चालक पूंजी; वह पूंजी जो किसी कंपनी के प्रथम सञ्चालक मण्डल को कंपनी खड़ी करने और चलाने के लिये दी जाती है।

Proxy प्रतिनिधि

Public Company पब्लिक कम्पनी।

Put Option इसका मतलब है एक निश्चित कीमत और एक निश्चित मिती पर स्टाक, शेअर आदि बेचना।

Q

Quorum कोरम

Quota अंश; हिस्सा

Quotation भाव, निर्ख

R

Rate of Exchange विनिमय की दर

Registered stock रजिस्टर्ड स्टाक; रजिस्टर्ड स्टाक वह है जो उसके जारी करने वाली कंपनी या सरकार के रजिस्टर में दर्ज रहता है। रजिस्टर्ड स्टाक की क़ीमत केवल उसी को मिल सकती है, जिसके नाम पर वह दर्ज रहता है। यह विनिमय साध्य नहीं होता।

Rigging the market बाजार को ऊँचा उठाना; कृत्रिम रूप से बाज़ार बढ़ाना; जब सट्टेबाज कृत्रिम रूप से बाजार को बढ़ाता है, तब उसके कार्य के लिये उक्त वाक्यांश व्यवहृत होता है।

Risk जोखिम।

S

Sag मंदा होना; बाजार का धीरे-धीरे गिरना; मूल्यह्रास।

Sagging market गिरता हुआ बाजार।

Scrip कच्चा प्रमाण पत्र; यह सराफे का शब्द है। कोई नया सरकारी बांड, डिबेन्चर, या शेअर के जारी होने पर उसके खरीददार को जो थोड़े समय के लिये सार्टिफिकेट दिया जाता है और जो पीछे असली सार्टि-फिकेट में बदल दिया जाता है, उसे scrip कहते हैं।

Securities जामिनगिरी; इसके अन्तर्गत सरकारी या म्युनिसिपल स्टाक, एक्सचेकर बांड, रेल्वे शेअर, किसी कंपनी के डिबेंचर या शेअर आदि आ जाते हैं।

Mr. Sukhsampattirai Bhandari, Editor "Kisan", Indore City, has shown me a part of the manuscript of an Anglo-Hindi Dictionary. The work has been compiled on an elaborate scale and it is certainly much more complete than any dictionary from English into an Indian language which I have ever seen. The author has written in Hindi a History of Indian States which has been well spoken of and he is other-wise a writer of repute. Presuming that the renderings in Hindi of a very complete English dictionary are accurate, as they appear to be from a short inspection of a section of the book, I have no hesitation in saying that Mr. Bhandari's dictionary will form a valuable book of reference for students and writers who use the Hindi language.

Dr. Narayan Prasad Asthana M. A. LL. B., Ph. D.
Former Vice-Chancellor of the Agra University.

Mr Sukhsampttrirai Bhandari of Indore has been for sometime past engaged on a stupendous work of compiling the "Anglo Hindi Dictionary." which from the brief study I have made of the manuscript quite encyclopaedic in its nature. It is a unique work of its kind and will prove of inestimable assistance to all those interested in translating books on moral and physical sciences of Europe into Hindi. In my opinion it is an all India-venture which should receive due recognition and encouragement. Private and public libraries will be the richer for the book, students of English and Hindi in their higher stages will derive immense benefit from it, and scientific terminology will receive a great impetus. Hindi scholars will welcome the publication of such a useful work and the public at large will find in it a mine of information which would not be otherwise available. Mr. Bhandari has my entire sympathies in his new venture and a well-known writer and journalist as he has been, he is sure to succeed in his attempt.

PRESS REVIEWS.

BOMBAY SENTINAL
IN AN ILLUSTRATED ARTICLE WRITES:—
COLOSSAL AND UNIQUE
LEXICOGRAPHICAL COMPILATION.

"Mr. Sukhshampattirai Bhandari of Indore, a Scholar of considerable reputation and an author of several Hindi books is engaged in the compilation of a comprehensive Anglo Hindi Dictionary, the first volume of which will see the light of the day in the second week of May."

"The work is of a colossal character. The Dictionary will be the greatest existing lexicon from English into an Indian language. It has been compiled under Mr. Bhandari's supervision by a committee of leading scholars some of whom enjoy international reputation in their particular field of learning."

"This lexicon covers a wider field than most existing dictionaries in all the vernaculars, because it contains technical words of various branches of physical science, political science, economics, social science, mathematics, astronomy, botany, geology, medical science, philosophy, religion etc."

"Through literary experts thousands of Hindi synonyms of scientific words have been coined where the fund of Hindi words was found deficient in expression."

"Every attempt has been made to bring the shades of English words into their Hindi equivalents. English phrases and idioms have also been fully dealt with. Thousands of words which have been coined after the great war, have also been included in it."

"In doing this the editors had to consult practically all the latest English dictionaries. They have also taken help from the existing Anglo Bengali, Anglo-Marathi, Gujrathi and Urdu dictionaries. A work of this description was certainly found to grow to colossal proportions and so it has been completed in a voluminous manuscript of twenty thousand pages."

"The lexicon is very highly spoken of by scholars like Pandit Madan Mohan Malviya, Dr. Ganganath Jha, Vice-Chancellor of the Allahabad University, Dr. A C. Woolner, Vice-Chancellor of the Punjab University, Dr. Narayanprasad Asthana the former Vice-Chancellor of the Agra University, Dr. Radhakumud Mukerjee, Dr. Sir P. C. Roy, and others."

Pandit Madan Mohan Malaviya was extremely pleased with the work and holds a very high opinion for it, as is apparent from his letter of appreciation in which he observes—" I have been extremely pleased to see portions of your Anglo-Hindi Dictionary. You have earned the gratitude of the lovers of Hindi by having prepared this stupendous work. I wish you success in your high endeavour to publish such an Encyclopaedic Dictionary."

According to Dr. Ganganath Jha this encyclopaedic work will be a landmark in the history of Indian literature. Dr. Radhakund Mukerjee considers it to be unique work of its kind which will open up a vast store of information for students of Hindi. Dr. Sir P. C. Ray appeals to the Rajas, Maharajas, Raisas and also all lovers of Hindi literature to come forward with a generous help to complete the gigantic and highly laudable work.

Dr. Narayan Prasad Asthana, former vice-Chancelor of the Agra University, while styling the work as an All India venture, writes —"It is a unique work of its kind and will prove of inestimable assistance to all those interested in translating book on moral and physical sciences of Europe into Hindi. In my opinion it is an All-India venture which should receive due recognition and encouragement. Private and public libraries will be richer for the book,students of English and Hindi in their higher stages will derive immense benefit from it, and scientific terminology will receive a great impetus. Hindi scholars will welcome the publication of such a useful work & the public at large will find in it a mine of information which would not be otherwise available. Mr. Bhandari has my entire sympathies in his new venture and a well-known writer and journalist as he has been, he is sure to succeed in his attempt."

"The leading English dailies of India have all admitted it to be the first work of its kind in India. Besides these all the leading Hindi and Gujrati papers have published lengthy articles on the importance and utility of the work."

"The scientific terminology will be complete in three volumes, which will involve an expenditure of considerable outlay. The whole scheme will cost more than Rs. 75,000. The complete scientific terminology will be ready within 15 months. The first volume as stated above will be published in the second week of May."

"All those interested in the work should correspond with the author, in his present address, Dictionary Publishing House, Brahmapuri, Ajmer."

STAR

Dated 16th April 1937.

A Daily paper of Ahemadabad Writes;—

"AN EPOCH MAKING BOOK."

With increased facilities for printing and rapidly growing market books, good and bad, on every subject and of every variety, flood the bazzar. Most are of mush-rooms growth, sinking into oblivion after enjoying a precarious existence for a season. Some have a perennial interest or sound workmanship and hence last a generation or two. But only a few posseses intrinsic worth or permanent value, and of these, it is rare to find a book uniting skill, learning and utility, and directly helping nation-building.

And so we are glad to welcome the Anglo-Hindi Dictionary compiled by Mr. Sukhsampattirai Bhandari M.R.A.S. It is a costly work carried out with immense labour, patient research and systematic thoroughness. So comprehensive is its plan and so exhaustive the mass of materials that it is more like an encyclopaedia than a dictionary.

At any time a book like this would be commendable. But at a time when nationalities of the Great Indian continent are being welded into a homogeneous whole, this book has special and enhanced value. A common language-not a mere *Lingua franca*,-is the first essential of a complete fusion of various races. This has been correctly visualised and the Nation's workers have vigorously carried on the propagation of Hindi as the common language of the country.

A great advance would be possible if Hindi could supplant English in higher studies. But difficulties of technical terminology came in the way. These difficulties are now removed, and it would be now quite possible to have Hindi as an optional substitute for English.

Thus the book comes at a right moment and fulfils a vital need. We press the public to accord it a full patronage, and trust that the learned compiler will be recompensated for his creditable achievement.

TRIBUNE

Dated the 18th January, 1930.

Mr. Sukhsampattirai Bhandari who is a Hindi author with a very creditable record and great literary ambition, has recently completed his comprechensive Anglo-Hindi Dictionary. A cursory perusal of the *mss* gives one the impression that *it is much more complete and exhaustive than any other dictionary from English into an Indian language.* The compiler has given under each word its derivation and the different meanings. Justice has been done to scientific and technical terms medical, biological, phylosophical, political, astronomical, legal, etc. This work is highly spoken of by such eminent scholars as Dr. A. C. Woolner, Vice Chancellor Punjab University and others.

TO-DAY (Benares).

We have seen an advance copy of the Anglo-Hindi dictionary that Mr. Sukh Sampatti Rai Bhandari, the well known Hindi writer, intends very soon to bring out. Several scholars have expressed their appreciation of the work which is really very creditable to Bhandariji and his learned colleagues. It is an exhaustive dictionary containing besides words in daily use, technical terms connected with politics, philosophy and the various branches of Science. It will, we are sure, prove a very useful book, but we should very much like the learned editor to bring out a smaller edition as well. He has already spent 20,000/-over it and the publication will not cost less than another 50,000/. The complete work might thus become rather dear for the ordinary reader. We congratulate all those who have co-operated to prepare such an eminently serviceable book.

Prominent English Dailies like Indian Daily mail, Pioneer, and Bombay Chronicle, honoured the compiler by publishing his photograph with the following remarks of appreciation for his Anglo Hindi Dictionary.

THE INDIAN DAILY MAIL

Dated the 24th Nov., 1930.

Mr. Sukhsampatti Rai Bhandari of Indore who has recenty completed his Anglo-Hindi Dictionary, *the first of its kind in India.* Mr. Bhandari is a well-known Hindi scholar and journalist.

THE PIONEER

Dated the 22nd August 1931.

Mr. Sukhsampatti Rai Bhandari of Indore has recently completed a Comprehensive Anglo Hindi Dictionary which is described as a *land-mark in the history of Hindi literature.*

THE BOMBAY CHRONICLE

Dated 9th November, 1930.

Mr. Sukhsampatti Rai Bhândari a well-known Hindi author of Indore has just completed his Anglo Hindi Dictionary, the *biggest lexicon ever compiled from English into an Indian language.*

हिन्दी समाचार-पत्रों की कुछ सम्मतियां

प्रयाग का सुप्रसिद्ध अर्द्ध-साप्ताहिक पत्र "भारत" अपने २६ दिसम्बर के सम्पादकीय लेख में लिखता है—

हिन्दी-साहित्याकाश में थोड़े समय तक चमक कर छिप जाने वाले नक्षत्र अनेक हैं। परन्तु एक बार छिप कर दुबारा दर्शन देने वाले नक्षत्र बहुत थोड़े। इनमें भी उनकी संख्या तो और भी थोड़ी है जो दूसरी बार प्रकट होकर पहले से अधिक प्रकाशमान होते हैं। इन्हीं अल्पसंख्यक प्रकाशमान नक्षत्रों में हिन्दी के पुराने साहित्यसेवी, आदरणीय विद्वान् श्री सुखसम्पत्ति राय भंडारीजी भी हैं। जिन्होंने आपकी रचित इतिहास, राजनीति आदि विषयों की पुस्तकें पढ़ी हैं वे आपको एक गंभीर तत्वान्वेषक के रूप में अच्छी तरह जानते हैं। भंडारीजी हिन्दी भाषा-भाषी प्रान्त के निवासी न होते हुए भी जिस लगन और अध्यवसाय से हिन्दी की सेवा में लगे हुए हैं उसका प्रमाण उनकी बनाई दर्जनों पुस्तकें हैं। उसके लिए प्रत्येक हिन्दी भाषी को उनका कृतज्ञ होना चाहिये। अभी तो नहीं, पर निकट भविष्य में जब देश में शिक्षा की वृद्धि के साथ गंभीर विषयों के अध्ययन की प्रवृत्ति अधिकाधिक बढ़ेगी तब भंडारीजी की रचनाएँ प्रेम से पढ़ी जायेंगी। अभी तो नहीं पर निकट भविष्य में जब हिन्दी-साहित्य के इतिहास ग्रन्थ की रचना होगी तब भंडारीजी उन व्यक्तियों के स्थान के अधिकारी होंगे जो राजकीय कार्यों में संलग्न रहते हुए भी, अपने समय का सदुपयोग कर ज्ञान का क्षेत्र विस्तृत करने में लगे रहते हैं।

हमने इधर कई वर्षों से भंडारी की कोई नवीन कृति नहीं देखी थी, पर हमें यह जानकर बड़ी प्रसन्नता हुई कि आप बहुत दिनों से एक मूल्यवान पुस्तक लिखने में लगे हुए हैं। यह पुस्तक एक विशालकाय अंग्रेजी हिन्दी-कोष ग्रंथ है। यह ग्रंथ बड़े आकार के कोई पन्द्रह हज़ार पृष्ठों में समाप्त हुआ है। इसमें अंग्रेजी के प्रायः डेढ़ लाख शब्दों का अर्थ अंग्रेजी में और उनके पर्य्यायवाची शब्द हिन्दी में दिए गए हैं। जो यह जानते हैं कि अंग्रेजी का शब्द भंडार कितना बड़ा और हिन्दी का कितना छोटा है उन्हें यह समझने में देर न लगेगी कि भंडारी जी को हिन्दी में वैज्ञानिक; क़ानून सम्बन्धी, व्यापार विषयक, राजनीति आदि के हज़ारों शब्दों को ढूंढ़ने और आवश्यकता पड़ने पर उनकी रचना करने में कितनी कठिनाई पड़ी होगी और कितना परिश्रम पड़ा होगा। इस प्रकार की पुस्तक हमारे लिए कितने महत्व की और कितनी उपयोगी है यह बतलाने की बात नहीं। आधुनिक युग में हिन्दी में भिन्न-भिन्न विषयों की पुस्तकें लिखी जा रहीं हैं। बहुत से विषय हमारे लिए बिलकुल नए हैं और उनके उपयुक्त शब्द हमारी भाषा में अब तक व्यवहृत नहीं होते रहे। उपर्युक्त कोष ग्रन्थ हमारे इस कार्य में सहायता दे सकेगा।

परन्तु इस प्रकार की पुस्तक तो हमारे नित्य के काम की भी है। हम अपनी ही बात कहते हैं। हिन्दी के समाचार पत्रों को नित्यप्रति अंग्रेज़ी के अनुवाद करने पड़ते हैं। राजनीति सम्बन्धी कुछ संस्थाएँ और तत्सम्बन्धी अनेक शब्द हिन्दी में नहीं हैं। समवाची शब्द न होने के कारण कभी कभी हमें अंग्रेज़ी शब्द ही देना पड़ता है जो पाठकों की समझ में नहीं आता। कभी-कभी हमें एक अंग्रेज़ी शब्द का भाव प्रकट करने में हिन्दी में पूरा वाक्य ही बनाना पड़ता है। इस प्रकार हमें जो कठिनाई होती है, हम समझते हैं, अन्य क्षेत्रों में काम करने वाले वकीलों, डाक्टरों, वैज्ञानिकों आदि को भी होती होगी। इस कठिनाई को दूर करने में यह ग्रन्थ सहायक होगा।

परन्तु रोज़मर्रा के काम के लिए इतने बड़े आकार का ग्रन्थ सब नहीं रख सकेंगे। हमारी सम्मति है कि इस ग्रन्थ का एक संक्षिप्त संस्करण भी निकाला जाय जिससे वह अधिक लोकोपयोगी हो सके।

आदरणीय विद्वान डाक्टर गंगानाथ झा ने भण्डारी जी के इस ग्रन्थ को देखकर आश्चर्य प्रकट किया है कि यह एक संस्था का कार्य एक व्यक्ति ने कैसे कर दिखाया। निश्चय ही भंडारीजी का यह विशाल ग्रन्थ उनके चिर दिन के अथक अध्यवसाय का परिणाम है और इसके व्यवसाध्य प्रणयन में उन्होंने जो त्याग किया है आशा है हिन्दी-जनता उसका सम्मान करेगी।

कानपुर का सुप्रख्यात साप्ताहिक पत्र "प्रताप" अपने १६ नवम्बर सन् १६३१ के सचित्र सम्पादकीय लेख में लिखता है—

इन्दौर के प्रसिद्ध साहित्य-सेवी हमारे चिर परिचित श्रीयुत सुख सम्पत्ति राय भण्डारी के नाम से हिन्दी संसार खूब परिचित है। अनेक ग्रन्थों का प्रणयन करके भण्डारीजी ने हिन्दी साहित्य की वृद्धि की है। इधर आपने देशी राज्यों के इतिहास सम्बन्धी एक विशाल ग्रन्थ की रचना करके तत्सम्बन्धी एक बड़ी भारी कमी को पूरा किया है। लेकिन इससे भी अधिक महत्वपूर्ण कार्य, जिसे भण्डारीजी ने सम्पादित किया है, यह है कि आपने अपने पास से बीस हजार रुपया खर्च करके अनेक विद्वज्जनों की सहायता से, हिन्दी भाषा में एक विशाल अंग्रेजी-हिन्दी शब्द कोष की रचना की है। यह विशाल कोष शब्दार्णव फुलसकेप आकार के हस्तलिखित२०हजार पृष्ठों में समाप्त हुआ है। हमने इस ग्रन्थ की पाण्डु-लिपि देखी है। यत्र-तत्र हमने इसे पढ़ा भी है। हम निःसंकोच यह कह सकते हैं कि आज तक हिन्दी भाषा में ऐसे उपयुक्त, सुन्दर, सर्वाङ्ग पूर्ण एवं विशुद्ध एङ्गलो-हिन्दी शब्दकोष की रचना हुई ही नहीं। श्रीयुत सुख सम्पत्ति रायजी भण्डारी द्वारा निर्मित यह कोष इतना उपयोगी है कि इसके सम्बन्ध में विशेष प्रशंसा करने की आवश्यकता ही नहीं है। भण्डारीजी ने एक महान् कार्य्य सम्पादित किया है। इस कोष में राजनैतिक, आर्थिक, आयुर्वेदिक, वैज्ञानिक, रासायनिक भूगर्भशास्त्र विषयक, शरीर शास्त्र विषयक, ज्योतिष, कानून, धर्म्म, गणित आदि शास्त्र सम्बन्धी सब शब्दों का समावेश है और अकारादि क्रम से अंग्रेज़ी भाषा के सब शब्द तो इसमें हैं ही। केवल इतने ही विवरण से पाठक समझ सकते हैं कि यह विशाल ग्रन्थ कितना उत्तम और सर्वाङ्गपूर्ण होगा। स्वयं भण्डारीजी ने हमें यह बतलाने की कृपा की है कि इस शब्दकोश में लग भग डेढ़ लाख शब्दों का समावेश है। भण्डारीजी अनेक विद्वानों को यह ग्रन्थ दिखला चुके हैं। जिन-जिन महानुभावों ने इसे देखा है, वे मुक्त कण्ठ से इसकी प्रशंसा करते हैं। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के वाईस चान्सलर डाक्टर गंगानाथ झा ने इस कोष को विश्व-कोष नाम से पुकारा है। काशी के आचार्य्य श्री भगवानदासजाने भी इस ग्रंथ की बड़ी प्रशंसा की है। आचार्य श्री प्रफुल्लचंद्र राय ने यह ग्रंथ भारतवर्ष की समस्त आर्य्य भाषाओं के लिए उपयोगी बतलाया है। अनेक समाचार पत्र भी इस महद्ग्रंथ की प्रशंसा कर चुके हैं। इतने उपयोगी और भीमकाय ग्रंथ के निर्माण की कल्पना जिस व्यक्ति के मस्तिष्क में उपजी वह व्यक्ति हमारे शत-शत साधुवाद और हमारी कृतज्ञता का अधिकारी है। हम श्रीयुत सुख सम्पत्तिरायजी भण्डारी के प्रति. इतना बृहत्कोश निर्माण करने के लिए हिंदी भाषा-भाषी जन समूह की ओर से तथा अपनी ओर से कृतज्ञता प्रकट करते हैं। इतने बड़े कोष की छपाई में पर्याप्त धन राशि व्यय होगी। हम भारतवर्ष के हिंदी भाषा-भाषी राजा-महाराजाओं तथा सेठ साहूकारों से प्रार्थना करते हैं कि इस महान् कार्य में श्री भण्डारीजी की सहायता करके यश और गौरव के भागी बनें। एक बार फिर हम श्रीयुत सुख सम्पत्तिरायजी भण्डारीजी को, उनके इस प्रचण्ड सफल प्रयत्न के लिए, हृदय से साधुवाद देते हैं। भगवान् भण्डारीजी को चिरायु करें और उन्हें हिंदी भाषा की श्रीवृद्धि करने का सुअवसर प्रदान करते रहें।

स्वतन्त्र दीपावली विशेषांक १६८८ के अंक में लिखता है:—

हिन्दी-जगत् इन्दौर-निवासी श्री० सुखसम्पत्तिरायजी भण्डारी से भली प्रकार परिचित है। हिंदी भाषा में आप कोई तीन दर्जन छोटे-बड़े ग्रन्थ लिख चुके हैं। इनके द्वारा आपने स्वार्थ और परमार्थ दोनों की सिद्धि की है। राष्ट्रभाषा हिन्दी की सेवा द्वारा आपको यश भी मिला है और लक्ष्मी भी। देशी राज्यों के सम्बन्ध में लिखी गई पुस्तक से ही आपको कोई ३५ हजार की आमदनी हुई है। केवल इन्दौर राज्य से इसके लिए आपको १५ हजार प्राप्त हुआ है। आपकी पुस्तकों का अनुवाद गुजराती, उर्दू आदि भाषाओं में भी हुआ है। इन ग्रन्थों में सफलता प्राप्त करने के बाद आपने इन द्वारा प्राप्त धनराशि का सदुपयोग एक ऐसे स्तुत्य प्रयत्न में किया है, जिसका कि परिचय हम अपने सहृदय पाठकों से कराना

आवश्यक समझते हैं। वह स्तुत्य प्रयत्न है हिन्दी में एक बृहद शब्दकोष तयार करना। यद्यपि इसका अभी कोई स्थिर नामकरण नहीं हुआ है, किन्तु इसको 'विशाल अंग्रेज़ी-हिन्दी-शब्दकोष' कहा जा सकता है। हिन्दी-मराठी संस्कृत अंगरेजी आदि भाषाओं के प्रकाण्ड पण्डितों के एक मण्डल की व्यवस्था करके आपने सुदीर्घ प्रयत्न से इस शब्दकोष को तयार किया है। इसके कुछ हस्तलिखित पृष्ठों को देखने, पढ़ने और परीक्षा करने का हमको अवसर मिला है। फुल्सकेप साइज के कोई २० हजार हस्तलिखित पृष्ठों में यह महान् ग्रन्थ पूरा हुआ है। छपने के बाद यह ग्रन्थ संभवतः ७-८ हजार पृष्ठों में पूरा होगा। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें न केवल प्रतिदिन के व्यवहार के शब्दों का ही संग्रह किया गया है, किन्तु राजनीति, अर्थ-शास्त्र, तर्क (दर्शन) शास्त्र, मनोविज्ञान, भौतिक-विज्ञान, रसायन-शास्त्र, गणित, जीव-विज्ञान, वनस्पति शास्त्र, वैद्यक (डाक्टरी) शरीर-विज्ञान, ज्योतिर्विज्ञान, भूगर्भशास्त्र, धर्म शास्त्र कानून आदि के भी यथा सम्भव सब शब्दों का भी समावेश किया गया है। सब मिलाकर कोई डेढ़ लाख शब्दों का संग्रह होगया है। अब तक के हिंदी बङ्गाली, गुजराती, मराठी आदि भाषाओं में प्राप्त किसी शब्दकोष को नहीं छोड़ा गया है, जिसकी कि इसके सम्पादन में पूर्ण सहायता नहीं ली गई है। इसलिये यह शब्दकोष अब तक के समस्त भारतीय भाषाओं में प्राप्त शब्दकोषों में सबसे अधिक विशाल, सबसे अधिक सामयिक और सबसे अधिक पूर्ण है। अनेकों शब्द तो इसी शब्दकोष के लिये गढ़े गये हैं, जिससे कि इस शब्दकोष द्वारा हिन्दी भाषा की न्यूनता भी कई अंशों में पूरी हो सकेगी।

जिस किसी विद्वान् या पत्र सम्पादक ने इसको देखा है, उसी ने इसकी मुक्तकंठ से प्रशंसा की है। डाक्टर गङ्गानाथ झा ने इसको हिन्दी साहित्य का विशाल स्मारक कहा है। आचार्य (सर) राय ने इसको हिन्दी भाषा-भाषियों हो के लिए नहीं, किन्तु अन्य भाषा-भाषियों के लिये भी उपयोगी बताया है। पञ्जाब यूनीवर्सिटी के वाइस चांसलर डा० एस० सी० वुल्नर, इलाहाबाद के डा० बेनीप्रसाद और बङ्गाल के डा० सुनीतिकुमार चटर्जी आदि ने भी इस प्रयत्न की सराहना की है। बम्बई के 'डेली-मेल, की दृष्टि में यह ग्रन्थ भारतीय साहित्य में सबसे पहिला महान् यत्न है। बम्बई क्रानिकल' की राय में यह सबसे बड़ा कोष है। 'भारत' इसको एक मूल्यवान ग्रन्थ कहता है और सलाह देता है कि इसका एक संक्षिप्त संस्करण भी प्रकाशित किया जाना चाहिये। 'अभ्युदय' ने एक मुख्य लेख में इसकी 'प्रशंसनीय उद्योग' कहा है और लिखा है कि "हमें विश्वास है कि हिन्दी ही नहीं वरन् अन्य देशी-भाषा-भाषी संसार इस कोष का समुचित आदर करेगा" इन पत्रों के अतिरिक्त ट्रिब्यून, टू-डे, पायोनियर, अर्जुन, वीणा, राजस्थान-संदेश और हिन्दू संसार आदि ने भी इस प्रयत्न को स्तुत्य बताया है। जो कार्य किसी संस्था के करने का था, उसको अकेले भण्डारीजी ने कर दिया— इस पर डाक्टर गङ्गानाथ झा, महामना मालवीयजी ने भी महान् आश्चर्य प्रकट किया है। सचमुच यह आश्चर्य का विषय है और जब भण्डारीजी से यह मालूम होता है कि यह कार्य केवल २० हजार रुपये में सुसम्पन्न हुआ है तो और भी अधिक आश्चर्य होता है। इसकी छपाई के लिये ४०-५० हजार का खर्च कूंता गया। इतने महान् तथा स्तुत्य प्रयत्न के लिये हम भण्डारीजी की बार बार सराहना करते हैं और यह चाहते हैं कि इस सम्बन्ध में उनकी इच्छा पूर्ण हो और यह महान् ग्रन्थ पुस्तकाकार में शीघ्र ही हिन्दी साहित्य के गगन-मण्डल में दैदीप्यमान हो।

काशी का सुप्रसिद्ध दैनिक पत्र "आज" मिति सौर २६ कार्तिक सं० १६८८ की संपादकीय टिप्पणी में लिखता है—

अब तक कोई अच्छा अंग्रेजी हिन्दी कोष बना ही नहीं है। लड़कों के लिए डिक्शनेरियाँ बनी हैं, उनमें भी अच्छी एक भी नहीं है। ऐसी दशा में हमें यह लिखते बड़ी प्रसन्नता होती है कि इंदौर के श्री सुख सम्पत्तिराय भंडारी ने एक बहुत बड़ा अंग्रेजी-हिन्दी कोष सम्पादित किया है। दो साल पहले हमने इसका कुछ भाग इंदौर में देखा था और अभी भंडारीजी दो ढाई मन का पोथा यहां दिखा गये हैं। हम आपकी इस कृपा के लिये कृतज्ञ हैं। कोष का कुछ भाग

हमने देखा है और उससे कह सकते हैं कि परिश्रम सफल और प्रशंसनीय है। कहीं-कहीं अन्य भाषा भाषियों के परिश्रम का परिचय भी मिल जाता है, पर आशा है कि संशोधन के बाद यह गंध भी जाती रहेगी। इस कोष में दर्शन, रसायन, द्रव्यविज्ञान, द्रव्य-धर्म आदि भिन्न-भिन्न शास्त्रों के पारिभाषिक शब्दों के भी अर्थ दिये गये हैं और पर्यायवाची शब्द बनाने का भी यत्न किया गया है। वैज्ञानिक शब्दों के सम्बन्ध में हमारी सूचना यह है कि, भारत की सब भाषाओं में एक ही शब्द होने चाहिये। यूरोपियन भाषाओं में भी वैज्ञानिक शब्द एक होते हैं। इससे उन शास्त्रों के अध्ययन में बड़ी सहायता मिलती है। दूसरी बात यह है कि सर्वत्र नये शब्द न गढ़कर, जहां तक सम्भव हो संस्कृत साहित्य से पुराने समानार्थक शब्द ही लेने का यत्न करना चाहिये। जहां ऐसे शब्द न मिलें वहीं नये गढ़ने चाहिये। भंडारीजी ने अब तक जो काम किया है उनसे आपके अध्यवसाय और श्रमशीलता की प्रशंसा ही करनी पड़ती है। अर्द्ध फुलस्केप के कोई १०,००० पन्ने आपने लिखवा डाले हैं। अनुमान किया जाता है कि इस कोष में कोई डेढ़ लाख शब्द होंगे। आशा है यह कोष शीघ्र ही छपकर हिन्दी प्रेमियों के सामने मासिक रूप में आने लगेगा।

दैनिक हिन्दू-संसार १६ फरवरी १६३० के अंक में लिखता है—

हिन्दी-जगत् सुप्रसिद्ध लेखक श्री० सुखसम्पत्तिरायजी भण्डारी से भली भांति परिचित है। हिन्दी भाषा में अब तक आपने २०-२२ पुस्तकें लिख कर साहित्य की बड़ी सराहनीय सेवा की है। आपकी पुस्तकों का हिन्दी में अच्छा आदर है और भारत दर्शन, देशी राज्यों का इतिहास आदि कई पुस्तकें बहुत उत्तम हैं। आपकी कुछ पुस्तकों का अनुवाद उर्दू आदि में भी हुआ है। पिछले कुछ वर्षों से आप हिन्दी के एक बड़े कोष की रचना करने में लगे हुए थे। विद्वानों के एक मंडल की व्यवस्था करके आपने बड़े अध्यवसाय से यह कार्य किया और हिन्दी प्रेमियों को यह जान कर प्रसन्नता होगी कि यह कोष ग्रन्थ अब पूरा हो गया है। इस ग्रंथ में अंग्रेजी शब्दों का अनुवाद हिन्दी में किया गया है और साथ ही अंग्रेजी शब्द का उच्चारण भी हिन्दी भाषा में लिख दिया गया है। लाहौर कांग्रेस के लिए आने के समय लगभग १॥ मास पूर्व श्री० भण्डारीजी ने हमें इस कोष ग्रन्थ की हस्त लिखित प्रति दिखलाई थी, जिसे देख कर यह अनुभव होता है कि छपने पर वह बड़े आकार के ७००० पृष्ठों से कम में न पूरा होगा। श्री भण्डारीजी ने इस कोष की तैयारी में बहुत खर्च किया है और यह निर्विवाद रूप से कहा जा सकता है कि अब तक के इस तरह के जितने कोष ग्रन्थ प्रकाशित हुए हैं उनमें से यह सबसे अधिक पूर्ण होगा। इस कोष में दो बड़ी विशेषताएं हैं। पहली विशेषता इसकी व्यापकता है। साहित्य, दर्शन, मनोविज्ञान, रसायन, साधारण विज्ञान, विद्युत् शास्त्र, वैद्यक, भौतिक विज्ञान, ज्योतिष, अर्थ शास्त्र, गणित, भूगोल, कृषि, क़ानून, राजनीति, इञ्जीनियरिंग, जीव विज्ञान, आदि सभी विषयों के शब्दों का समावेश किया गया है। दूसरी विशेषता इसकी यह है कि अंग्रेजी शब्दों का उपयुक्त पारिभाषिक शब्द देने की पूरी चेष्टा की गयी है और इसमें श्री भण्डारीजी को सन्तोषजनक सफलता भी हुई है। हम इस स्तुत्य प्रयत्न के लिए श्री भण्डारीजी को बधाई देते हैं। इस उत्तम कोष ग्रन्थ के प्रकाशित होने के लिये श्री भण्डारीजी उद्योग कर रहे हैं। हमें आशा है कि हिन्दी-प्रेमी उनके इस शुभ उद्योग में सहायक होंगे और बड़ी उत्सुकता से इसकी प्रतीक्षा करेंगे।

दैनिक भारतमित्र १२-११-३१ के अंक में लिखता है:—

राष्ट्रभाषा हिन्दी के इस विकास युग में उसके सर्वाङ्गीण साहित्य को सुपुष्ट एवं समर्थ बनाने की जितनी बड़ी आवश्यकता है यह मातृ भाषा के शुभ चिन्तकों से अविदित नहीं है। यह सन्तोष का विषय है कि हिन्दी भाषा के विद्वानों और साहित्य सेवियों का ध्यान हमारे साहित्य के भिन्न-भिन्न अंगों की पूर्ति की ओर आकृष्ट हुआ है और वे अपने इस सद्प्रयत्न में पूरी तत्परता के साथ संलग्न हो रहे हैं। हम बहुत दिनों से एक साङ्गोपाङ्ग अंग्रेज-हिन्दी कोष की आवश्यकता का अनुभव कर रहे थे। वैज्ञानिक, दार्शनिक, राजनीतिक तथा अर्थ शास्त्र सम्बन्धी विषयों के अंग्रेजी ग्रन्थों का उल्था करने और इन विषयों पर स्वतंत्र ग्रन्थ लिखने के लिए हिन्दी में अब तक ऐसे कोष की कमी थी जिसमें पारिभाषिक शब्दों के अर्थ मिल सकें। हमें प्रसन्नता है कि इन्दौर के सुप्रसिद्ध ग्रन्थकार श्रीयुत सुख सम्पतिराय भण्डारी ने एक सुविशाल अंग्रेजी-हिन्दी कोष का सम्पादन कर इस कमी को पूरी करने की चेष्टा की है। हमने इस कोष का कुछ अंश देखा है और हम यह निस्संदेह रूप से कह सकते हैं कि यह विशाल ग्रन्थ हिंदी साहित्य का बहुमूल्य रत्न होगा। इसमें नित्य प्रति काम में आने वाले शब्दों के अतिरिक्त दर्शन शास्त्र, राजनीति शास्त्र, अर्थशास्त्र, भूगर्भ शास्त्र, भौतिक विज्ञान, ज्योतिर्विज्ञान, गणित आदि अनेक शास्त्रों के पारिभाषिक शब्द और उनके ठीक-ठीक पर्यायवाची अर्थ दिए गये हैं। विशेषज्ञों के द्वारा उक्त शास्त्रों के शब्दों के अर्थ निर्माण करवाये गये हैं। इस कोष में लगभग डेढ़ लाख शब्द रहेंगे। इस ग्रंथ की हस्तलिखित प्रति के २०००० पृष्ट हैं। इससे हमारे पाठक इस ग्रन्थ की विशालता और भण्डारीजी के साहित्यिक साहस का परिचय पा सकते हैं। प्रयाग विश्व-विद्यालय के वाइस चांसलर डाक्टर गंगानाथ झा, पंजाब विश्व-विद्यालय के वाइस चांसलर डाक्टर वुलनर, सर पी० सी० राय, डाक्टर सुनीति कुमार चटर्जी, डाक्टर बेनीप्रसाद, सर गोपीनाथजी पुरोहित सरीखे प्रकाण्ड विद्वानों ने इस ग्रंथ की मुक्त कण्ठ से प्रशंसा की है। बम्बई के 'इंडियन डेलीमेल' ने इस कोष को भारतीय साहित्य का सर्व प्रथम ग्रंथ कहा है। बाम्बे क्रानिकल, 'ट्रिब्यून' 'टुडे' आदि अंगरेजी पत्रों ने भी इस ग्रन्थ की और भण्डारीजी के साहस की बड़ी सराहना की है। हिंदी के कई प्रतिभाशाली पत्रों ने इसके गौरव को बढ़ाया है। वास्तव में यह ग्रंथ लिखकर श्री भण्डारीजी ने राष्ट्र भाषा हिन्दी की बहुमूल्य सेवा की है। हम अपने सहयोगियों के साथ इस बात में सहमत हैं कि एक संस्था का कार्य भण्डारीजी ने व्यक्तिगत रूप से कर दिखलाया है। हमारी हार्दिक कामना है कि यह ग्रंथ शीघ्र ही प्रकाशित हो कर राष्ट्र भाषा की एक बहुत बड़ी कमी की पूर्ति करे। हम हृदय से भण्डारीजी की सफलता चाहते हैं और हमें आशा है कि हिंदी संसार आपके इस महान् साहित्यिक प्रयत्न का समुचित आदर करेगा।

विजय (कलकत्ता) १५-११-३१ के अंक में लिखता है :—

इंदौर के सुप्रसिद्ध साहित्यसेवी श्रीयुत सुखसम्पतिरायजी भण्डारी ने अनेक अच्छी पुस्तकें लिखकर मातृ-भाषा की बड़ी सेवा की है, पर इस बार आप एक अमूल्य सेवा से हिंदी को शीघ्र ही ऐसा लाभ पहुंचाने वाले हैं जो चिरस्मरणीय रहेगी। आपने एक अंग्रेजी-हिन्दी कोष तैयार किया है। यह कोष बहुत बड़ा है। इसमें राजनीतिक, विज्ञान, ज्योतिष और दर्शन शास्त्रों के अतिरिक्त यंत्रशास्त्र, रसायन शास्त्र, भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, कृषि-शास्त्र, सृष्टि-शास्त्र आदि-आदि सभी शास्त्रों और विज्ञानों के ठीक-ठीक अर्थ दिये गये हैं। इस बृहद् कोष में डेढ़ लाख से भी अधिक शब्द होंगे। यह काम इतना बड़ा था कि वास्तव में यह किसी संस्था के करने लायक था। भण्डारीजी की कृपा से कोष स्वयं हमने देखा है। यह देखकर हमें हर्ष के साथ आश्चर्य भी हुआ कि वे अकेले इस काम को करने में कैसे समर्थ हुए। अवश्य ही उन्हें इस काम के लिए अनेक विद्वान् रखने पड़े, जिनके लिए उनके हजारों रुपये अबतक खर्च हो चुके हैं। यह कोष

उन्होंने महामना मालवीयजी, डा० गंगानाथ झा, सर पी० सी० राय तथा अन्य कितने ही विद्वानों को दिखाया है, जिन्होंने उनकी मुक्त कण्ठ से प्रशंसा की है। उसके छपवाने में भी प्रायः पचास हजार रुपये से कम खर्च न होंगे। उनके इस भागीरथ प्रयत्न की सराहना करते हुए हम अन्त में भण्डारीजीसे एक प्रार्थना अवश्य करेंगे, वह यह कि इस उपयोगी कोष का एक सस्ता संस्करण भी अवश्य छपवायें जिससे सभी लोग उसे खरीद सकें। नागरी प्रचारिणी पत्रिका का कोष चाहे जितना भी उपयोगी हो, पर उसका मूल्य अधिक होने से उसे हर एक आदमी नहीं खरीद सकता। हमें आशा है कि भण्डारीजी इसका भी ध्यान रखेंगे।

स्वाधीन भारत (बम्बई) १२–१–३४ के अंक में लिखता है:—

यह लिखते हुए प्रसन्नता होती है कि इन्दौर के सुप्रसिद्ध साहित्य सेवी तथा अनेक 'स्टेण्डर्ड' पुस्तकों के लेखक श्रीयुत् सुखसम्पतिरायजी भण्डारी ने हिन्दी भाषा में एक विशाल अंग्रेजी–हिन्दी-शब्द कोष तैयार किया है। यह विशाल शब्दार्णव फुलसकेप के आकर के हस्त लिखित २० हजार पृष्ठों में समाप्त हुआ है। इस कोष में राजनीतिक, आर्थिक आयुर्वेदिक, वैज्ञानिक, रासायनिक, भूगर्भशास्त्र विषयक, शरीर विज्ञान, गणित, जीव विज्ञान, धर्मशास्त्र, कानून आदि सम्बन्धीय शब्दों का समावेश किया गया है। इस प्रकार सब मिला कर कोई १॥ लाख शब्दों का संग्रह किया गया है। श्री भण्डारीजी ने इसे तैयार करने में अब तक कोई २० हजार रुपये व्यय किये हैं। अनेक भाषाओंके महान् विद्वानों की सहायता ले कर आप ने इसे पूर्ण किया है।

श्री भण्डारीजी का परिचय करानेकी आवश्यकता नहीं,आप स्वयं हिंदी संसार में परिचित हैं। आपने अब तक अनेक पुस्तकें लिख के हिन्दी की बड़ी सेवा की है। कुछ समय पहले की बात है, कि जब आपने देशी राज्यों के संबंध में एक विशाल इतिहास प्रकाशित किया था। इस ग्रन्थ की रचना करनेके बादही आपने कोषकी ओर अपना ध्यान आकृष्ट किया, आज वह भी लिख के तैयार होगया है। श्रीयुत् भण्डारीजी ने बड़े-बड़े विद्वानों को यह ग्रंथ दिखाया है और सभी सज्जनों ने इस के भूरि–भूरि प्रशंसा की है। सच ही भण्डारीजी ने अपने अथक परिश्रम और अर्थ-व्यय से एक बहुत बड़ी कमी की पूर्ति की है। यदि यह ग्रंथ छप कर तैयार हो जायगा, तो हम कह सकते हैं, कि जब तक हिन्दुस्थान रहेगा, हिंदी और हिंदी बोलने वाले रहेंगे, तब तक आपकी यह अमर कृति रहेगी और हमारी भावी संतान के लिये एक बहुमूल्य वस्तु होगी। अब छपने का प्रश्न सामने है। इसके प्रकाशित होने में कम से कम ५०) हजार रुपये का खर्च है। हम हिंदी भाषा-भाषी तथा हिंदी प्रेमी राजा महाराजाओं तथा सेठ साहूकारों से प्रार्थना करेंगे, कि वह भण्डारीजी की सहायता करें। यह प्रसन्नता की बात है, कि हमारे देशी नरेश अब हिंदी से प्रेम करने लगे हैं। यह कम गौरव की बात नहीं है कि बड़ौदा-नरेश ने आगामी १९३५ से अपने राज्य में सब कारबार, लिखा पढ़ी हिंदी भाषा में ही करने की घोषणा की है। हम बड़ौदा नरेश के इस संकल्प और स्वदेश–भाषा-प्रेम के लिये उन्हें हृदय से बधाई देते हैं। हम भंडारीजी को राय देंगें कि वह बड़ौदा नरेश से मिलें। हमें आशा और पूर्ण विश्वास है कि श्रीमान् महाराजा साहब उनके इस परिश्रम की दाद देंगे और शीघ्र ही इस कोष के प्रकाशित होने में पूर्ण सहायता करेंगे। हमारी प्रबल इच्छा है कि शीघ्र ही यह विशाल ग्रंथ प्रकाशित हो कर हिंदी साहित्य के विकास में पूर्ण उपयोगी बने। भंडारीजी की इसके लिये जितनी प्रशंसा की जाय थोड़ी है।

अर्जुन (तारीख १५ जुलाई सन् १९३७)

हिन्दी साहित्य में एक सर्वथा नया प्रयास

भन्डारी जी की 'ऐंग्लो-हिन्दी डिक्शनरी'

हिन्दी के प्रख्यात लेखक श्री सुखसम्पत्तिराय भण्डारी एम० आर० ए० एस०, कुछ वर्ष से एक सर्वथा नये प्रयास में संलग्न थे। अब उस प्रयास का परिणाम 'ट्वेन्टिएथ सेन्चरी ऐंग्लो-हिन्दी डिक्शनरी' के रूप में प्रकट हो गया है। पुस्तक का नाम सुन कर अनेक पाठकों को यह भ्रम होना सम्भव है कि यह भी अनेक डिक्शनरियों की भांति कोई ऐसी डिक्शनरी होगी जिसमें अंग्रेजी भाषा के शब्दों का अर्थ हिंदी में लिखा गया होगा। परंतु यह डिक्शनरी वस्तुतः साधारण डिक्शनरी न हो कर एक प्रकार की इनसाइक्लोपीडिया अथवा ज्ञान-कोश है, जिसमें विविध विषयों के प्रचलित और अप्रचलित अंग्रेजी शब्दों की हिन्दी में व्याख्या की गई है। यह बात सर्वथा अभूत पूर्व है। जो सज्जन अंग्रेजी भलि भांति जानते हैं उनके भी यह पुस्तक बड़े काम की है क्योंकि साधारण अंग्रेजी डिक्सनरियों में भी विविध विषयों के पारिभाषिक शब्दों की व्याख्या इस प्रकार नहीं की जाती।

वस्तुतः यह 'डिक्शनरी' अनेक 'डिक्शनरियों' का एकत्र संग्रह है। राजनीति, आयुर्वेद, व्यापार, अर्थशास्त्र, विज्ञान कानून आदि विविध विषयों के तमाम अंग्रेजी पारिभाषिक शब्दों का, अक्षरानुक्रम से संग्रह करके उस विषय के विभाग में उनकी हिन्दी भाषा में व्याख्या कर दी गई है, और इसी लिये इस पुस्तक को हमने कई 'डिक्शनरियों' का संग्रह कहा है।

ऐसा प्रयास केवल हिन्दी में ही नहीं, हमें जहाँ तक ज्ञात है, अन्य भी किसी भारतीय भाषा में अभी तक नहीं किया गया। और इस लिये यह 'डिक्शनरी' न केवल हिन्दी-भाषियों के, बल्कि भारतीय मात्र के काम की वस्तु हो गई है। गुजराती, मराठी, बंगला, तामिल, तेलगु आदि भाषाओं के बोलने वाले भी इस पुस्तक से उतना ही लाभ उठा सकते है, जितना कि हिन्दी-भाषी। हमें ज्ञात हुआ है कि इस पुस्तक का यह मूल्यवान उपयोग समझ कर ही गुजरात और महाराष्ट्र के सैंकड़ों पुस्तकालयों ने इस पुस्तक को मंगवाया है।

सर प्रफुल्लचन्द्र राय, डा० राधाकुमुद मुखरजी, पं० मदनमोहन मालवीय आदि विद्वान पुरुषों ने, और गुजराती मराठी, अंग्रेजी आदि भाषाओं के विविध पत्रों ने भी इस पुस्तक की प्रशंसा की है।

अभी तक इसकी एक ही जिल्द तैयार हो पाई है परन्तु वही लगभग १००० पृष्ठों की हो गई है। भंडारीजी का विचार इस पुस्तक को सर्वांगपूर्ण बनाने का है। इस लिये वह एक जिल्द तैयार हो जाने पर भी, उसको बाजार में अभी केवल इस कारण नहीं ला रहे हैं कि उनका विचार पुस्तक में एक ऐसा परिशिष्ट और जोड़ देने का है जिसमें मुख्य संग्रह से छूटे हुए शब्द सम्मिलित कर दिये जायं। हम भंडारीजी के प्रयत्न की हृदय से सफलता चाहते हैं। इस पुस्तक की एक विशेषता हम को यह भी लगी है कि इसके कारण राष्ट्र-भाषा हिंदी भारत की प्रांतिक भाषाओं के बीच अपना सिर गौरव से ऊँचा कर सकेगी। पुस्तक मिलने का पता—डिक्शनरी पब्लिशिंग हाउस, अजमेर और इन्दौर।

श्री वेंकटेश्वर समाचार (बम्बई)

भण्डारीजी की बहुमूल्य सेवा।

इंदौर के सुप्रख्यात साहित्यसेवी श्रीयुत सुख सम्पत्ति रायजी भंडारी ने यों तो कई सुंदर पुस्तकें लिख कर हिंदी माता की सेवा की है, पर इस बार वे जो रत्न उसके चरणों में चढ़ाने के लिये आगे बढ़े हैं वह एक अमूल्य और दुर्लभ वस्तु है। हम जिस ग्रंथ रत्न की ओर संकेत कर रहे हैं वह इंगलिश हिंदी कोष है। सच पूछिये तो इस समय हिंदी इस विषय में कई प्रांतीय भाषाओं से पीछे है। किंतु भंडारीजी का प्रयत्न इस कमी को ही पूरा नहीं कर देगा वरन हिंदी को इस विषय में भी सब से आगे ला खड़ा करेगा। इसके लिये आप कोई सन् १९१४ ई० के आस पास से श्रम उठा रहे हैं। बीच में कई अन्य कार्यों के आ जाने से शिथिलता अवश्य आ गई थी, किंतु भगवान के अनुग्रह से अब कार्य समाप्त हो चुका है। टाइम्स, ट्रिब्यून, टु-डे, पायोनियर, लीडर, बम्बई क्रानिकल आदि आदि अंगरेजी के प्रभावशाली पत्रों ने इस कार्य के लिये भूरिभूरि प्रशंसा की है और भंडारीजी के चित्र प्रकाशित किये हैं। हिंदी पत्रों में भी इन दिनों इस ग्रंथरत्न और उसके सम्पादक की काफ़ी चर्चा हो रही है। हाल में भंडारीजी कार्यवश यहाँ पधारे हुए हैं, और इसी लिये हमें भी उनसे मिलने और इस ग्रंथ के कई हज़ार पत्र देखने का सौभाग्य प्राप्त हो गया। जितनी प्रशंसा इस विषय में आपकी की जा रही है; इस सब के—बल्कि उससे भी अधिक प्रशंसा के—भंडारीजी सर्वथा अधिकारी हैं। यही कारण है कि प्रयाग विश्वविद्यालय के वायस चांसलर डॉक्टर गंगानाथजी झा एम० ए०; डी० एल० टी०; श्रीमान वायसराय, आचार्य सर प्रफुल्लचंद्रराय; डा० राधाकुमुद मुखर्जी एम० ए०, पी० आर एस०, पी० एच० डी० (लखनऊ विश्वविद्यालय); डा० वुलनर वायस चांसलर पंजाब विश्वविद्यालय इत्यादि प्रकाण्ड विद्वानों से भी आपने प्रशंसा पुष्पाञ्जलियां प्राप्त की हैं। इसका एक बड़ा कारण यह है कि आपने इस ग्रंथ को यशस्वी सुलेखकों की एक कमिटी की सहायता से सम्पादित किया है और साथ ही प्रत्येक शास्त्र के सर्वमान्य विशेषज्ञों से भी पूर्ण सहायता प्राप्त की है। रसायनशास्त्र में आज डा० प्रफुल्लचंद्र राय से अधिक कौन गति रखता है, और इस शास्त्र से सम्बंध रखने वाले शब्दों की खोज और रचना में आपने आचार्यराय से सहायता प्राप्त की है। इसी प्रकार प्रत्येक विषय के विशेषज्ञ की सहायता प्राप्त के लिये आपने प्रांतों की सीमाओं को कई बार उल्लंघन किया है। साथ ही उन सब कोषों का भी उपयोग इसके सम्पादन में किया गया है जो गुजराती, मराठी, बंगाली या उर्दू भाषाओं में विद्यमान हैं। इस कोष का मूल्य कोई ५०) रुपये होगा; इससे ही इसके विशाल आकार प्रकार का अनुमान हो सकता है। सम्भवतः ४। ५ बड़ी-बड़ी जिल्दों में यह ग्रंथ प्रकाशित होगा। इनमें शास्त्रीय वैज्ञानिक शब्द समूह समन्वित भाग ६ मास के भीतर प्रकाशित कर डालने का आपने प्रबंध कर लिया है। इसका मूल्य २०) रुपये होगा। हमें आशा है कि इस स्तुत्य प्रयत्न को हमारे देश के राजा रईस और आर्थिक धनी मानी महानुभावों की ओर से आश्रय और प्रोत्साहन मिलेगा। हमें यह देख कर कम हर्ष और आश्चर्य नहीं हुआ कि काठियावाड़ और गुजरात के नरेशों ने इस विषय में अतिशय उदारता प्रकट की है।

गुजराती-पत्रों की सम्मतियां

मुंबई समाचार तारीख २१ वीं अप्रेल सन् १९३७

देश की एक महत्वपूर्ण आवश्यकता की पूर्ति

राष्ट्र भाषा के शब्द कोष की कमी आज दूर हुई

समस्त हिन्दी के लिये अपूर्व और महान् प्रकाशन

२२ हजार पृष्ठों में सवालाख शब्दों का भण्डार

हिन्दी साहित्यवर्य श्री सुखसम्पतिराय भण्डारी का स्तुत्य कार्य्य

जब से हिन्दी भाषा को राष्ट्र भाषा का गौरव प्रदान किया गया तब ही से इसकी उन्नति पूरे जो शोर से हो रही है। सर्वत्र हिन्दी स्कूल खुल गये हैं और हर एक व्यक्ति ने हिन्दी पढ़ना शुरू किया है। इन सब की पूर्ति के लिये नये साहित्य की रचना हुई तथा हो रही है। परन्तु इन सब के लिये एक 'एंग्लो-हिन्दी शब्द कोष' की अत्यन्त आवश्यकता थी। बहुत से राष्ट्र प्रेमी सज्जनों व विद्वानों को इसकी कमी खटकती थी और इसके लिये पर्याप्त रूप में ऊहा पोह हो रही थी। परन्तु इसकी पूर्ति के लिये किसी ने बीड़ा नहीं उठाया।

अंत में इन्दौर के सुप्रसिद्ध हिन्दी लेखक श्रीयुत सुखसम्पतिरायजी भंडारी को इसकी कमी हृदय में खटकी और आप इस कार्य को सम्पन्न करने के लिये कटिबद्ध हो गये। आपने अपनी सम्पूर्ण शक्ति साहित्य सेवा के पीछे लगा दी है। आप सरल स्वभावी, मिलनसार व निरभिमानी हैं। आपने इस काम को केवल साहित्य सेवा के हेतु ही हाथ में लिया। इसके सिवाय आपका इसमें कोई उद्देश्य नहीं है। मुख्यतः बहुत से पारिभाषिक (टेकनीकल) शब्दों का अर्थ हिन्दी भाषा में लिखने के लिये आपको भी कई बार कठिनाईयों का सामना करना पड़ा था। अतः इन सब बातों को ध्यान में रख कर ही आपने इस काम की शुरूआत ईसवी सन् १९२६ ई० में की। काम के लिये कई पंडितों को रक्खा और बाद में भारत भूषण पं० मदनमोहन मालवीय, आचार्य सर प्रफुल्लचंद राय आदि साहित्य प्रेमियों की ओर से आप को उत्साह मिला।

इस महान् शब्द कोष का प्रथम भाग मई मास में प्रकाशित हो जायगा और बाकी के शेष दो भाग भी अब शीघ्र ही प्रकाशित हो जायेंगे।

एक लाख पचीस हज़ार शब्द

इस पुस्तक में एक लाख पचीस हजार से भी अधिक शब्द हैं। नये शब्द और उनके प्रयोग, मुहावरे तथा शब्दों की टीकाओं का भी इसमें समावेश है। इसके अतिरिक्त अर्थ शास्त्र, व्यापार शास्त्र, राजकीय, रसायन शास्त्र, मानस शास्त्र, न्याय शास्त्र, प्राणी शास्त्र, वनस्पति शास्त्र, खगोल शास्त्र, इतिहास, ज्योतिष शास्त्र, समाज शास्त्र, धर्म शास्त्र वगैरह की भिन्न २ सम्पूर्ण शाखाओं के पारिभाषिक (टेकनीकल) शब्दों के अर्थ भी इस पुस्तक में दिये गये हैं।

इन सम्पूर्ण बातों को देखते हुए कहना पड़ेगा कि विविध शब्दों का भरपूर भंडार इस पुस्तक में मौजूद है।

इस पुस्तक के तैयार करने में ७५ हजार रुपये खर्च होंगे जिसमें से २५ हजार रुपये तो श्रीयुत भंडारीजी ने खुद अपने पास से खर्च किये हैं।

महान् विग्रह के पश्चात् अंग्रेजी भाषा में आये हुये हजारों शब्द इस पुस्तक में लिखे गये हैं। इसी कारण से इस पुस्तक के १२ हजार पृष्ठ हो गये और इसी से आप इस पुस्तक की उपयोगिता व महानता को समझ सकते हैं।

पं० मदनमोहन मालवीय, इलाहाबाद यूनीवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ० गंगानाथ झा, पंजाब निवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ० एच० वुलनर, आगरा यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ० नारायणप्रसाद अस्थाना तथा डॉ० राधाकुमुद मुकरजी, डॉ० सर प्रफुल्लचन्द्र राय तथा अन्य सैकड़ों विद्वानों ने इस कोष की मुक्त कण्ठ से प्रशंसा की है। हिन्दी के वर्तमान पत्रों ने भी इसका एक आवाज से स्वागत किया है।

अंत में यह कहे बिना नहीं रहा जाता कि हिन्दी प्रकाशन के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में लिखे जाने योग्य प्रकाशन को तैयार करके श्री भंडारीजी ने राष्ट्र भाषा प्रेमी जनता पर ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण राष्ट्र पर महान् उपकार किया है। आपने साहित्य की कम सेवा नहीं की है। इस महान् कार्य के अतिरिक्त दूसरी सैकड़ों पुस्तकें भी लिखी हैं। आपने हिन्दी संसार में अच्छा नाम पैदा किया है और अंत में आपने हिन्दी के परम सेवक की पदवी प्राप्त की।

शब्द कोष कहां से मिल सकता है ?

श्री० सुखसम्पतिरायजी भंडारी हाल में ब्रह्मपुरी, अजमेर में रहते हैं, अतः उक्त पुस्तक वहां से मिल सकेगी।

जय भारत (बम्बई) ता० १६ मार्च १९३७

हिन्दी साहित्य में अपूर्व प्रकाशन

श्री सुखसम्पत्तिराय भण्डारी की अनुपम सेवा

हिन्दी भाषा ही में क्या बल्कि हिन्दुस्तान की किसी भाषा में आज से पहिले ऐसा ग्रन्थ प्रकाशित नहीं हुआ। इन्दौर निवासी हिन्दी साहित्य सेवक श्री सुखसम्पत्तिराय भंडारी द्वारा तैयार किया हुआ यह ग्रन्थ देखकर सब कोई यही अभिप्राय उच्चारण करते हैं। इस ग्रन्थ का नाम तो है अंग्रेजी हिन्दी डिक्शनरी पर बड़ी बड़ी से एनसाईक्लोपेडिया से भी इसकी उपयोगिता और कीमत अधिक है।

श्री सुख सम्पत्तिराय से मिलने का मान मुझे मिला है। इतने बड़े उपयोगी ग्रन्थ के लेखक और प्रकाशक होते हुए भी इनके दिल में अभिमान का लेश भी नहीं है। इस ग्रन्थ का प्रकाशन करने में साहित्य सेवा के अतिरिक्त उनका और कोई दूसरा उद्देश्य नहीं है। यह पुस्तक तैयार करने की प्रेरणा आपको कहाँ से हुई यह प्रश्न ज्योंही मैंने उनसे किया त्योंही उन्होंने बड़ी शान्ति से जवाब दिया — "मुझे अपने दूसरे ग्रन्थ लिखने में पारिभाषिक शब्दों की बड़ी अड़चन पड़ती थी। मुझे यह लगा कि दूसरे ग्रन्थकारों को भी ऐसी ही अड़चन पड़ती होंगी। इसी कठिनाई को दूर करने के लिये मैंने इस शब्द कोष की रचना का काम हाथ में लिया"।

"मैंने इस कार्य को तुरन्त शुरू कर दिया। वैसे तो मैंने ईसवी सन् १९१४ में इस कार्य का श्रीगणेश किया था पर इसका वास्तविक आरम्भ ईस्वी सन् १९२६ में हुआ। मुझे यह आनन्दपूर्वक स्वीकार करना चाहिये कि मेरे इस साहस में पं० मालवीयाजी और आचार्य प्रफुल्लचन्द्रराय आदि महान् आत्माओं ने बड़ा प्रोत्साहन दिया। राजस्थान और काठियावाड़ के कई राजाओं ने मुझे सहायता की।

श्री सुखसम्पत्तिराय के साथ विशेष बातचीत करते हुए यह भी मालूम हुआ कि इस कोष में लगभग १ लाख और २५ हजार शब्दों का समावेश किया गया है। इस सारे कार्य में लगभग ७५ हजार रुपये खर्च होंगे। इसमें २५ हजार रुपया श्री सुखसम्पत्तिराय अपने पास से खर्च कर चुके हैं। इस कोष का पहला भाग थोड़े ही समय में प्रकट होने वाला है और उसमें अर्थ शास्त्र, व्यापार, राजकारण, चिकित्सा शास्त्र, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, ज्योतिष शास्त्र, प्राणि शास्त्र, वनस्पति शास्त्र, गणित शास्त्र आदि टेकनीकल शब्दों की हिन्दी पर्यायवाची शब्दों के साथ साथ व्याख्याएँ भी दी गई हैं। इतना महान् ग्रन्थ तय्यार करने के उपलक्ष्य में श्री सुखसम्पत्तिराय भंडारी अभिनन्दन के पात्र हैं।

श्री सुखसम्पत्तिराय की साहित्य सेवा विपुल है। इस महान् कार्य के करने के उपरांत आपने और भी ग्रंथ प्रकट किये हैं। इनमें 'भारत दर्शन' और 'जगत् गुरु भारतवर्ष आदि' का नाम उल्लेखनीय है। आपके ग्रंथों का हिन्दी साहित्य में बड़ा आदर है। आप हिन्दी के परम सेवक की तरह प्रसिद्ध हैं।